अस्या विद्यायाः शाप इति त्रिपुरासारे । तदुद्धारो यथा—

देव्या शप्ता येन विद्येयमाद्या पूर्वं तेन प्राणहीनाऽभवत् सा ॥
शिवशक्तिबीजमतएव शम्भुना निहितं तयोरुपरि पूर्वबीजयोः ।
अकुलं कुलोपरि च मध्यमाधरे दहनं ततः प्रभृति सोर्जिताऽभवत् ॥ इति ।

पूर्ववदित्युक्तत्वात् । प्रथमबीजस्य वाग्भवमिति नाम । मध्यस्य कामबीजमिति । तृतीयस्य शक्तिरिति । एतत्प्रसिद्ध्यैव पूर्वमग्रेऽपि वाग्भवकामशब्देनोभयोर्व्यवहार इति ज्ञेयम् । अतएवांशतः अत्रोद्धारः । व्यस्ताव्यस्तजपध्यानादि पूर्वोक्तमत्राप्यनुसन्धेयम् । अन्त्यं सबिन्दु बीजं मध्यं शक्तिः । तदुक्तम्—

अमुष्य मन्त्रस्य रदान्तयुक्तं बीजं सदण्डं लकुलीशपूर्वम् ।
शक्तिस्तु साखण्डलकर्णपूर्वं सहार्द्धजैर्वा तृकमाननान्तम् ॥ इति ॥
अन्यैस्त्वेन्मध्यबीजस्य नित्यामन्त्रत्वमप्युक्तम् ।

यदाहुः— नित्या भूत्वा जपेत् कामबीजमिष्टार्थसिद्धये ।
पञ्चह्रस्वाद्यबीजेन विन्यसेन्मुखपञ्चके ॥
षड्दीर्घेण षडङ्गानि कृत्वा नित्यां निजेष्टदाम् ।
मदिराम्भोधिमध्यस्थरक्तपङ्कजमध्यगाम् ॥
सुरूपां कुङ्कुमप्रख्यामाकुञ्चितशिरोरुहाम् ।
चतुर्भुजां महादेवीं पाशाङ्कुशधरां शिवाम् ॥
वामेतरकरासक्तकपालापूरितासवाम् ।
वामहस्तसमासक्तकपालासवदायिनीम् ॥
आत्माभेदेन तां धात्वा मन्त्रं लक्षं शनैर्जपेत् ।
मधूकपुष्पैर्जुहुयाद्दशांशं मन्त्रसिद्धये ॥
नित्यत्किन्नोक्तमार्गेण पूजां कुर्यादतन्द्रितः ।
राजानं राजपत्नीं च वशीकर्त्तुं य इच्छति ॥
स तस्योरः समारुह्य मनसा तन्मयो जपेत् ।
यन्नामसहितं कृत्वा नित्यां विद्यां जपेन्नरः ॥

तामाकर्षयते नित्यं वशीकुर्याच्च भूपतिम् ।
अनया मातृकां देवीं ग्रथित्वा नियुतं जपेत् ॥
त्रैलोक्यमखिलं तस्य वशे तिष्ठति दासवत् ।
न्यस्तमत्राङ्गुली बद्धा क्षोभिणीं नाम पुष्कलाम् ॥
शयागतः स्मरेन्नित्यमिष्टामाकर्षकृज्जपेत् ॥ इति ।

क्षोभिणी मुष्टिः ॥ ७६-७७ ॥

बिन्दुमान् (बिन्दुयुक्त) अधर (ए) वर्ण—यह प्रथमबीज, ब्रह्मा (क), इन्द्र (ल), शशी (ईकार) युक्त—यह द्वितीय बीज, भृगु (स) उसे सर्गयुक्त (विसर्ग युक्त) वह भी मनु (औकार) युक्त—यह तृतीय बीज । इस प्रकार 'ऐं क्लीँ सौः' यह **बाला बीज का उद्धार** कहा गया । यह बाला समस्त जगत् को वश में करने वाली हैं । इस बाला बीज का जप तथा पूजा साधक को पूर्वोक्त रीति से करनी चाहिये ॥ ७६-७७ ॥

त्रिपुरभैरवीगायत्री

मान्मथं त्रिपुरादेवि विद्महे पदमीरयेत् ।
उक्त्वा कामेश्वरि पदं प्रवदेद्धीमही ततः ॥ ७८ ॥
तदन्ते प्रवदेद् भूयस्तन्त्रः क्लिन्ने प्रचोदयात् ।
गायत्र्येषा समाख्याता त्रैपुरी सर्वसिद्धिदा ॥ ७९ ॥

गायत्रीमुद्धरति मान्मथमिति । प्रसिद्धं मान्मथम् । अन्यत् स्वरूपम् ॥७८-७९॥

अब **त्रिपुरा गायत्री का उद्धार** कहते हैं—मन्मथ (ऐं), पश्चात् 'त्रिपुरादेवि विद्महे' यह पद, तदनन्तर पुनः 'कामेश्वरि धीमहि' पद, पुनः 'तन्त्रः क्लिन्ने प्रचोदयात्' यह पद कहे, इस प्रकार 'ऐं त्रिपुरा देवि विद्महे, कामेश्वरि धीमहि तन्त्रः क्लिन्ने प्रचोदयात्'—यह त्रिपुरा गायत्री का स्वरूप हुआ । यह गायत्री सब प्रकार की सिद्धि प्रदान करती है । (इसके बाद साधक भगवती से इस प्रकार स्तुति करे, 'हे त्रिपुरे मैं अपने अभीष्ट की प्राप्ति के लिये आपकी स्तुति करता हूँ जिसके करने से मनुष्य देवपूजित लक्ष्मी प्राप्त करता है) ॥ ७८-७९ ॥

त्रिपुरभैरवीस्तवः

स्तुत्याऽनया त्वां त्रिपुरे स्तोष्येऽभीष्टफलाप्तये ।
यया व्रजन्ति तां लक्ष्मीं मनुजाः सुरपूजिताम् ॥ ८० ॥
ब्रह्मादयः स्तुतिपदैरपि सूक्ष्मरूपां
जानन्ति नैव जगदादिमनादिमूर्त्तिम् ।
तस्माद्वयं कुचनतां नवकुङ्कुमाभां
स्थूलां स्तुमः सकलवाङ्मयमातृभूताम् ॥ ८१ ॥

त्रिपुरास्तुतिमारभते स्तुत्येति । यया स्तुत्या ॥ ८०-८१ ॥

हे मातः त्रिपुरे ! अब मैं अपने अभीष्ट फल की प्राप्ति के लिये आगे कही जाने वाली स्तुति से आपको प्रसन्न करूँगा, जिसके करने से मनुष्य देवताओं द्वारा सुपूजित महालक्ष्मी प्राप्त करते हैं ॥ ८० ॥

हे मातः ! आप जगत् की आदिभूता होकर भी अनादि रूपा हो यतः आपके सूक्ष्म रूप को ब्रह्मादि देवगण भी स्तुति द्वारा नहीं जान सके हैं, इसलिये मैं कुचभार से नम्र, नव कुङ्कुम के समान कान्ति वाली, संपूर्ण वाङ्मय की जननी उपं स्थूल मूर्त्ति स्वरूपा आपकी स्तुति कर रहा हूँ ॥ ८१ ॥

सद्यः समुद्यतसहस्त्रदिवाकराभां
विद्याक्षसूत्रवरदाभयचिन्हहस्ताम् ।
नेत्रोत्पलैस्त्रिभिरलङ्कृतपद्मवक्त्रां
त्वां तारहाररुचिरां त्रिपुरे भजामः॥ ८२ ॥

तार उज्ज्वलो यो हारस्तेन रुचिराम् । मुक्ता शुद्धौ च तारः स्यादित्यमरः ॥८२॥

हे मातः त्रिपुरे ! सद्यः उदीयमान सहस्रों सूर्यों के समान अरुण कान्ति वाली, हाथों में विद्या (पुस्तक), अक्षसूत्र (जपमाला), वर एवं अभय मुद्रा धारण करने वाली, कमल के समान विकसित तीन नेत्रों से सुशोभित कमल के समान मुख वाली तथा श्वेत हार धारण करने के कारण अत्यन्त मनोज्ञरूपा आपकी सेवा मैं कर रहा हूँ ॥ ८२ ॥

सिन्दूरपुञ्जरुचिरं कुचभारनम्रं
जन्मान्तरेषु कृतपुण्यफलैकगम्यम् ।
अन्योन्यभेदकलहाकुलमानभेदै-
र्जानन्ति किं जडधियस्तव रूपमम्ब ॥ ८३ ॥

हे अम्बे ! सिन्दूर पुञ्ज के समान रूचिर कान्ति वाले कुचभार से विनम्र, अनेक जन्म जन्मान्तरों के किये गये पुण्य से प्राप्त होने वाले आपके स्वरूप को भला जड़बुद्धि वाला मनुष्य किस प्रकार जान सकता है ? क्योंकि उसकी बुद्धि तो परस्पर भेद के कलह से नाना प्रकार के प्रमाणों से आकुल हैं ॥ ८३ ॥

स्थूलां वदन्ति मुनयः श्रुतयो गृणन्ति
सूक्ष्मां वदन्ति वचसामधिवासमन्ये ।
त्वां मूलमाहुरपरे जगतां भवानि
मन्यामहे वयमपारकृपाम्बुराशिम् ॥ ८४ ॥

हे मातः! मुनिगण आपको स्थूल बताते हैं । जबकि श्रुतियाँ आपकी सूक्ष्म रूप से स्तुति करती हैं, अन्य लोग आपको समस्त वाङ्मय स्वरूप होने के

कारण वर्णमातृका स्वरूप मानते हैं । हे भवानि! कुछ लोग आपको जगत् का मूल कारण मानते हैं किन्तु मैं तो आपको अपार करुणा का समुद्र मानता हूँ ॥ ८४ ॥

चन्द्रावतंसकलितां शरदिन्दुशुभ्रां
पञ्चाशदक्षरमयीं हृदि भावयन्ति ।
त्वां पुस्तकं जपवटीममृताढ्यकुम्भं
व्याख्यां च हस्तकमलैर्दधतीं त्रिनेत्राम् ॥ ८५ ॥

हे मातः! वे साधक धन्य हैं जो चन्द्रकला से विभूषित, शरदिन्दु के समान गौर वर्णाः, पञ्चाशत् वर्णमातृका स्वरूपा, हाथों में पुस्तक, अक्षमाला, अमृतपूर्ण कलश तथा व्याख्या मुद्रा को धारण करने वाली, त्रिनेत्रस्वरूपा आपके इस प्रकार के रूप का हृदय में ध्यान करते हैं ॥ ८५ ॥

शम्भुस्त्वमद्रितनयाकलितार्द्धभागो
विष्णुस्त्वमम्ब कमलापरिबद्धदेहः ।
पद्मोद्भवस्त्वमसि वागधिवासभूमिस्-
तेषां क्रियाश्च जगति त्रिपुरे त्वमेव ॥ ८६ ॥

अन्योन्यं परस्परं यो भेदकलहस्तेनाकुलानि यानि मानानि प्रमाणानि तद्भेदैस्तद्विशेषैः ॥ ८३ ॥

हे मातः! आप पर्वत राजपुत्रि स्वरूप से अर्द्धभाग स्वरूपा शम्भु हो, अर्ध भाग से कमलारूप धारण करने वाली विष्णु हो, किं बहुना आधे भाग में समस्त वाङ्मय की अधिष्ठात्री वाणी स्वरूपा ब्रह्मा भी आप ही हैं, इसी प्रकार हे त्रिपुरे ! संहार, पालन तथा पोषण रूप से उनकी क्रिया भी आप ही हैं ॥ ८६ ॥

आश्रित्य वाग्भवभवांश्चतुरः परादीन्
भावान् पदेषु विहितार्थमुदीरयन्तीम् ।
कण्ठादिभिश्च करणैः परदेवतां त्वां
संविन्मयीं हृदि कदापि न विस्मरामि ॥ ८७ ॥

वाग्भवबीजेनाकारसाम्यात् त्रिकोणमाधारमण्डलमुच्यते । तत्र भवान् तदुत्पन्नान् । तत्र यद्यपि पराया एवोत्पत्तिस्तथापि अन्यासामपि तत्स्थूलरूपत्वात्तथोक्तिः । यद्वा वाग्भवं कुण्डलिनी तद्भवांस्तदुत्पन्नान् ।

'शक्तिः कुण्डलिनीति या निगदिता आईमसंज्ञा' इत्युक्तेः ।

एवम्भूतांश्चतुरः परादीन् परापश्यन्तीमध्यमावैखरीरूपान् भावान् । पदेषु स्थानेषु आधारनाभिकण्ठमुखेषु क्रमादाश्रित्य कण्ठादिभिः करणैर्विहितार्थमीप्सितार्थम् उदीरयन्तीम् ॥ ८७ ॥

हे मातः ! त्रिकोण से आधारभूत, नाभि (एवं हृदय) का आश्रय लेकर कण्ठ, तालु, मुख आदि करणों के द्वारा परा, पश्यन्ती, मध्यमा एवं वैखरी वाणी से आप ही जगत् के समस्त अभीष्ट भावों को प्रगट करती हैं, परदेवता एवं मोक्ष स्वरूपा भी आप ही हैं अतः ऐसा वरदान दीजिए कि मैं आपको कभी विस्मृत न करूँ ॥ ८७ ॥

आकुंच्य वायुमवजित्य च वैरिषट्क-
मालोक्य निश्चलधिया निजनासिकाग्रम्।
ध्यायन्ति मूर्ध्निकलितेन्दुकलावतंसं
त्वद्रूपमम्ब कृतिनस्तरुणार्कबिम्बम्॥ ८८ ॥

वायुं प्राणापानरूपम् । वैरिषट्कं कामक्रोधलोभमोहमदमत्सररूपम् ॥ ८८ ॥

हे मातः ! पुण्यशाली लोग, वायु को संकुचित कर काम क्रोधादि षड् वैरियों को जीतकर, एकाग्रबुद्धि से अपनी नासिका के अग्रभाग में दृष्टि लगा कर मस्तक के सहस्रार चक्र में इन्द्रकला के भूषण से भूषित आपके स्वरूप का ध्यान करते हैं ॥ ८८ ॥

त्वं प्राप्य मन्मथरिपोर्वपुरर्द्धभागं
सृष्टिं करोषि जगतामिति वेदवादः।
सत्यं तदद्रितनये जगदेकमात-
र्नोचेदशेषजगतः स्थितिरेव न स्यात् ॥ ८९ ॥

मन्मथरिपोः पुरुषस्य ब्रह्मणो वाऽर्द्धभागं सन्निधिम् । तत् सत्यं वेदवादत्वात् । विपक्षे प्रतिकूलं तर्कमाह नोचेदिति । त्वदधिष्ठानाभावादिति भावः ॥ ८९ ॥

हे मातः ! वेदों का कहना है कि आप सदाशिव की अर्धाङ्गिनी बनकर इस सारे जगत् की सृष्टि करती हैं, हे अद्रितनये ! वेदवाद होने से यह सत्य ही है कि आप अकेले इस समस्त जगत् की जननी हैं, यदि ऐसा नहीं होता, तो इस जगत् को आधारत्वेन कौन आश्रय प्रदान करता ? ॥ ८९ ॥

पूजां विधाय कुसुमैः सुरपादपानां
पीठे तवाम्ब कनकाचलगह्वरेषु ।
गायन्ति सिद्धवनिताः सह किन्नरीभि-
रास्वादितासवरसारुणनेत्रपद्माः ॥ ९० ॥
विद्युद्विलासवपुषः श्रियमावहन्तीं
यान्तीं स्ववासभवनाच्छिवराजधानीम्।
सौषुम्णमार्गकमलानि विकाशयन्तीं
देवीं भजे हृदि परामृतसिक्तगात्रीम्॥ ९१ ॥

स्ववासभवनात् मूलाधारात् । शिवराजधानीं सहस्त्रदलकमलम् । सुषुम्णायां भवं सौषुम्णं तदेव मार्गं येषां तानि । क्वचित् सौषुम्णसद्मकमलानीति पाठः । कमलान्याधारादीनि सहस्त्रान्तानि ॥ ९०-९१ ॥

हे मातः ! आसव पान से जिनके नेत्र कमल रक्त हो रहे हैं ऐसी सिद्ध गणों की ललनायें सुवर्णमय सुमेरु पर्वत की गुफा में अष्टाक्षर स्वरूप पीठ पर कल्पवृक्षों के कुसुमों से आपकी पूजा कर किन्नरियों के साथ आपके यशों का गान करती हैं ॥ ९० ॥

हे मातः ! बिजली के समान देदीप्यमान कुण्डलिनी रूप से जब आप आधार स्थान से सहस्त्रदल कमल पर स्थित परब्रह्म की ओर सुषुम्णा मार्ग से चलती हैं उस समय उसमें रहने वाले समस्त कमल खिल उठते हैं और आपका समस्त शरीर परब्रह्म के रसास्वादन से अमृतमय हो जाता है । आपके इस प्रकार के स्वरूप का ध्यान कर मैं आपका भजन करता रहूँ ॥ ९१ ॥

आनन्दजन्मभवनं भवनं श्रुतीनां
चैतन्यमात्रतनुमम्ब समाश्रयामि ।
ब्रह्मेशविष्णुभिरभिष्टुतपादपद्मां
सौभाग्यजन्मवसतिं त्रिपुरे यथावत् ॥ ९२ ॥

आनन्दजन्मभवनं श्रुतीनां भवनमिति व्यस्तं रूपकद्वयम् ॥ ९२ ॥

हे त्रिपुरे ! समस्त आनन्दों की एवं समस्त श्रुतियों की एक मात्र जन्मभूमि चैतन्यात्मक आपके उस शरीर का जिसके पाद पद्मों की स्तुति ब्रह्मा, विष्णु एवं सदाशिव निरन्तर करते रहते हैं और जो समस्त सौभाग्यों का एक मात्र स्थान है, मैं आश्रय लेता हूँ ॥ ९२ ॥

शब्दार्थभावि भुवनं सृजतीन्दुरूपा
या तद्विभर्त्ति पुनरर्कतनुः स्वशक्त्या।
वह्नयात्मिकाहरति तत् सकलं युगान्ते
तां शारदां मनसि जातु न विस्मरामि ॥ ९३ ॥
नारायणीति नरकार्णवतारिणीति
गौरीति खेदशमनीति सरस्वतीति ।
ज्ञानप्रदेति नयनत्रयभूषितेति
त्वामद्रिराजतनये विबुधा वदन्ति ॥ ९४ ॥

शब्दार्थयोर्भावः सत्ता यत्र तत् । शारं कर्मफलं द्यति खण्डयतीति शारदा चिच्छक्तिः ॥ ९३-९४ ॥

हे मातः ! आप अपनी शक्ति से चन्द्रस्वरूप होकर शब्दार्थ रूप सत्ता वाले

इस जगत् की सृष्टि करती हैं, सूर्यरूप धारण कर उसका पोषण करती हैं, पुनः युगान्त काल में प्रलयाग्नि का स्वरूप होकर उसका संहार करती हैं, अतः आपके इस शारदा रूप को मैं कभी भी विस्मृत न करूँ ॥ ९३ ॥

हे अद्रिराजतनये ! आपको देवगण नारायणी, नरकार्णवतारिणी, गौरी, खेद-शमनी, सरस्वती, ज्ञानप्रदा एवं नयनत्रयविभूषिता आदि नामों से पुकारते हैं ॥९४

ये स्तुवन्ति जगन्मातः श्लोकैर्द्वादशभिः क्रमात्।
त्वामनुप्राप्य वाक्सिद्धिं प्राप्नुयुस्ते परां गतिम् ॥ ९५ ॥

द्वादशभिरिति सद्य इत्यादिभिः विस्मरामीत्यन्तैः । आद्यपद्यद्वयस्य मुखबन्ध-रूपत्वाच्छेषयोरपि स्वरूपफलनिर्देशात् । अथ च द्वादशभिरिति पदेन कोशभेदात् द्युमणिमालानामकः प्रबन्ध उक्तः । तल्लक्षणमुक्तं भामहेन—

अथ द्युमणिमाला स्यात् पद्यैर्द्वादशभिः समैः ।
प्रत्येकं नायकोत्कर्षप्रकाशनपरायणैः ॥
मुखबन्धे श्लोकयुग्मं तथा शेषे द्वयं मतम् ।
कृता द्युमणिमालेयं कीर्त्तिवृद्धिकरी नृणाम् ॥ इति ॥ ९५ ॥

हे मातः ! 'सद्यः' से (१२. ८०) आरम्भ कर 'न विस्मरामि' (१२. ९३) द्युमणि माला नामक इस प्रबन्ध स्तोत्र से जो आपकी स्तुति करते हैं वे आपको प्राप्त कर वाक्सिद्धि एवं मोक्ष दोनों ही प्राप्त करते हैं ॥ ९५ ॥

राजमातङ्गिनीमन्त्रः

वाङ्मायाकमलास्तारं नमोऽन्ते भगवत्यथ ।
श्रीमातङ्गीश्वरि वदेत् सर्वजनमनोहरि ॥ ९६ ॥
सर्वादि सुखराज्यन्ते सर्वादिमुखरञ्जिनि।
सर्वराजवशं पश्चात् करि सर्वपदं वदेत् ॥ ९७ ॥
स्त्रीपुरुषवशं ब्रह्मा नेत्रमग्न्यासनं पुनः ।
सर्वदुष्टमृगवशङ्करि सर्वभृगुस्त्वव ॥ ९८ ॥
शङ्करि स्यात् सर्वलोकममुकं शिवयुग्रविः ।
वशमानय जायाग्नेरष्टाशीत्यक्षरो मनुः ॥ ९९ ॥

राजमातङ्गिनीमन्त्रमुद्धरति वागिति । वाक् वाग्भवम् माया शक्तिबीजम् । कमला श्रीबीजम् तारः प्रणवः । नमोऽन्ते नम इत्यस्यान्ते । ब्रह्मा कः । नेत्रमिकारः अग्न्यासनं तेन रि । भृगुः सः त्त्व व स्वरूपम् । रविर्मकारः शिवयुगेकारयुक्तः तेन मे । दक्षिणमूर्त्तिः ऋषिः गायत्रीच्छन्दः माया बीजं स्वाहा शक्तिः ॥ ९६-९९ ॥

अब **राजमातङ्गिनी मन्त्र का उद्धार** कहते हैं—वाक् (वाग्भव), माया (शक्तिबीज), कमला (श्री बीज), तार (प्रणव) के पश्चात् ॐ नमो भगवति श्री मातङ्गीश्वरि सर्वजन मनोहारि सर्वसुखराजि सर्वमुखरञ्जिनि सर्वराजवशंकरि, सर्वस्त्री-

पुरुषवशं' इतना पद कह कर, ब्रह्मा (कः), नेत्र (इकारः), उससे युक्त अग्न्यासम (र), तदनन्तर 'सर्वदुष्टमृगवशंकरि' पद, सर्व पद भृगुः (स), तदनन्तर 'त्त्व व' स्वरूप, तदनन्तर 'शंकरि' यह पद, पुनः 'सर्वलोकममुकम्', शिव युग् (एकार), रवि (मकार), तदनन्तर 'वंशमानय' यह पद, पुनः अग्निजाया (स्वाहा)—यह ८८ अक्षरों का राजमातङ्गिनी मन्त्र का उद्धार कहा गया।

विमर्श—इसका **स्वरूप** इस प्रकार है—'ऐं ह्रीँ श्रीँ ॐ नमो भगवति श्रीमातङ्गीश्वरि सर्वजनमनोहारि सर्वमुखराजि सर्वमुखरञ्जिनि सर्वराजवशंकरि सर्वस्त्रीपुरुषवशंकरि सर्वदुष्टमृगवशंकरि सर्वसत्त्ववशंकरि सर्वलोकममुकं मे वशमानय स्वाहा' ॥ ९६-९९ ॥

न्यासक्रमः । पदविभागः

न्यासान्मन्त्री तनौ कुर्याद्वक्ष्यमाणान् यथाक्रमम् ।
शिरो ललाटभ्रूमध्ये तालुकण्ठगलोरसि ॥ १०० ॥
अनाहते भुजद्वन्द्वे जठरे नाभिमण्डले ।
स्वाधिष्ठाने गुह्यदेशे पादयोर्दक्षिणान्ययोः॥ १०१ ॥
मूलाधारे गुदे न्यस्येत् पदान्यष्टादश क्रमात् ।

कण्ठस्तन्मणिर्गलस्तदधोभागः । अनाहते हृदये । गुह्यदेशे लिङ्गे । दक्षिणान्ययोरिति सार्वत्रिकोऽपि क्रमः क्वचिद्वक्तव्य इत्यत्रोक्तः ॥ १००-१०२ ॥

गुणैकद्विचतुः षड्भिर्वसुषट्पर्वताष्टभिः ॥ १०२ ॥
दशपङ्क्त्यष्ट वेदाग्निचन्द्रयुग्मगुणाक्षिभिः ।
पदक्लृप्तिरियं प्रोक्ता मन्त्रवर्णैर्यथाक्रमम् ॥ १०३ ॥

पदविभागमाह गुणेति । गुणास्त्रयः पर्वताः सप्त पङ्क्तिर्दश वेदाश्चत्वारः अग्नयस्त्रयः चन्द्र एकः अक्षि द्वयम् ॥ १०२-१०३ ॥

इसके अनन्तर मन्त्रज्ञ साधक अपने शरीर के स्थानों में आगे कहे जाने वाले १८ न्यासों को यथाक्रम इस प्रकार करे—शिर, ललाट, भ्रूमध्य, तालु, कण्ठ, गला, हृदय, अनाहत चक्र स्थान दोनों भुजा, जठर, नाभिमण्डल, स्वाधिष्ठान, लिङ्ग, दाहिना एवं बायाँ पैर, मूलाधार और गुदा—इन अट्ठारह स्थानों में मन्त्र को १८ पदों में तीन, एक, दो, चार, छः, आठ, छः, सात, आठ, दश, दश, आठ, चार, तीन, एक, दो, तीन और दो इस प्रकार विभक्त कर न्यास करे ॥ १००-१०३ ॥

रत्याद्या मूलहृदयभ्रूमध्येषु विचक्षणः ।
वाक्शक्तिलक्ष्मीबीजाद्या मातङ्ग्यन्ताः प्रविन्यसेत् ॥ १०४ ॥

रत्याद्या इत्यादिशब्देन प्रीतिमनोभवे । बीजाद्या इति समुचितबीजाद्या

इत्युक्तम् । मातङ्ग्यन्ता इति प्रत्येकम् । ऐं ह्रीँ श्रीं रत्यै मातङ्ग्यै नम इत्यादि प्रयोगः । एवमग्रेऽपि ॥ १०४ ॥

पुनः बुद्धिमान् मन्त्रवेत्ता, वाक्माया और श्री से युक्त क्रमशः रति, प्रीति तथा मनोभवा में चतुर्थ्यन्त लगाकर अन्त में 'मातङ्ग्यै' नमः शब्द से युक्त कर मूल, हृदय तथा भ्रूमध्य में इस प्रकार न्यास करे ।

यथा—'ऐं ह्रीँ श्रीँ रत्यै मातंग्यै नमः' इति मूले, पुनः 'ऐं ह्रीँ श्रीँ प्रीत्यै मातङ्ग्यै नमः' इति हृदये इत्यादि ॥ १०४ ॥

शिरोवदनहृद्गुह्यपादेषु विधिवन् न्यसेत् ।
हृल्लेखां गगनां रक्तां भूयो मन्त्री करालिकाम् ॥ १०५ ॥
महोच्छुष्मां स्वनामादिवर्णबीजपुरःसराः ।
मातङ्ग्यन्ताः षडङ्गानि ततः कुर्वीत साधकः ॥ १०६ ॥
वर्णैश्चतुर्भिर्विंशत्या हृत् त्रयोदशभिः शिरः ।
शिखाऽष्टादशभिः प्रोक्ता वर्म तावद्भिरक्षरैः॥ १०७ ॥
स्यात् त्रयोदशभिर्नेत्रं द्वाभ्यामस्त्रं समीरितम् ।
विभक्तैर्मूलमन्त्रार्णैर्वाणन्यासमथाचरेत् ॥ १०८ ॥

विधिवदिति । पञ्चमुखेष्वपि न्यसेदित्युक्तम् । स्वनाम्नां ये आदिवर्णाः ते एव बीजानि । तत् पुरःसराः तदाद्या इति पूर्वोक्तबीजापवादः । मातङ्ग्यन्ता इत्यस्य पश्चात्तनेन सम्बन्धः । ततः साधकः विभक्तैर्मूलमन्त्रार्णैः षडङ्गानि कुर्वीतेति सम्बन्धः । साधक इत्यनेन ज्ञानैश्वर्यादियोगः सूचितः । विभागमाह वर्णैरिति ॥ १०५-१०८ ॥

इसके बाद मन्त्रज्ञ साधक, शिर, मुख, हृदय, गुह्य एवं पैरों में विधिपूर्वक हृल्लेखा गगना, रक्ता करालिका तथा महोच्छुष्मा नामक देवियों का नामाक्षर के आदि वर्ण के बीजाक्षरों से युक्त कर न्यास करे । यथा—हं हृल्लेखायै नमः इति शिरसि, गं गगनायै नमः मुखे इत्यादि । तदनन्तर साधक पूर्व में कहे गये ८८ अक्षरों को आगे कहीं जाने वाली विधि के अनुसार प्रविभक्त कर अन्त में मातङ्गी शब्द को चतुर्थ्यन्त जोड़कर षडङ्गन्यास करे ॥ १०५-१०६ ॥

चौबीस अक्षरों से हृदय, तेरह अक्षरों से शिर, अट्ठारह अक्षरों से शिखा, उतने ही अक्षरों से कवच, तेरह अक्षरों से नेत्र तथा दो अक्षरों से अस्त्र न्यास करे। पुनः मूल मन्त्र को पाँच भागों में विभक्त कर (नेत्र के १३ बीजाक्षरों को छोड़कर क्योंकि पञ्चाङ्ग न्यास में नेत्र न्यास नहीं किया जाता) पञ्चाङ्ग न्यास करे ॥ १०७-१०८ ॥

मूर्द्धपादास्यगुह्येषु हृदम्भोजे प्रविन्यसेत् ।
द्राविणीं क्षोभिणीं भूयो वर्द्धनीं मोहनीं पुनः॥ १०९ ॥

आकर्षणीं स्वनामादिबीजाद्या शुभलक्षणाः।

स्वनामेति । स्वनामादौ बीजाद्याः पूर्वोक्तद्रामादिबीजादिकाः मातङ्ग्यन्ता न्यसेदिति सम्बन्धः । शुभलक्षणा इत्यन्वर्थाभिधाना इत्यर्थः ॥ १०९-११० ॥

पुनः शिर, पैर, मुख, गुह्य प्रदेश एवं हृदय प्रदेश में शुभलक्षण द्राविणी, क्षोभिणी, वर्द्धनी, मोहनी एवं आकर्षिणी के नामों द्वारा प्रत्येक नाम के आद्य अक्षरों के बीज से युक्त कर, न्यास करे । यथा—द्रां द्राविण्यै नमः शिरसे, क्षों क्षोभिण्यै नमः पादयोः इत्यादि ॥ १०९ ॥

मातङ्ग्यन्तांस्ततो न्यस्येन्मन्मथान् वदनांसयोः॥ ११० ॥
पार्श्वकट्योर्नाभिदेशे कटिपार्श्वांसके पुनः ।
बीजत्रयादिकान्मन्त्री मन्मथं मकरध्वजम् ॥ १११ ॥
मदनं पुष्पधन्वानं पञ्चमं कुसुमायुधम् ।
षष्ठं कन्दर्पनामानं मनोभवरतिप्रियौ ॥ ११२ ॥

ततो मातङ्ग्यन्तान् मन्मथान् न्यसेदिति सम्बन्धः । वदनांसयोरिति वामांसादारभ्य न्यासः । बीजत्रयादिकानिति मन्त्राद्यबीजत्रयाद्यान् ॥ ११०-११२ ॥

तदनन्तर प्रत्येक मन्मथादि नामों के आदि में तीन बीजाक्षर एवं अन्त में 'मातंग्यै' लगा कर मुख, कन्धा, पार्श्व, कटि, नाभि, पुनः कटि एवं पार्श्वस्थानों में न्यास करे ॥ ११० ॥

अब मन्मथ के नामों को कहते हैं—मन्मथ, मकरध्वज, मदन, पुष्पधन्वा, पाँचवाँ, कुसुमायुध, छठा, कन्दर्प, सातवाँ, मनोभव, आठवाँ रतिप्रिय । यथा—ऐं ह्रीँ श्रीँ मन्मथाय मातङ्ग्यै नमः इति मुखे इत्यादि ? ॥ १११-११२ ॥

मातङ्ग्यन्तास्तनौ न्यस्येत् स्थानेष्वेतेषु मन्त्रवित्।
प्रथमाऽनङ्गकुसुमा भूयोऽन्याऽनङ्गमेखला॥ ११३ ॥
अनङ्गमदना तद्वदनङ्गमदनातुरा ।
अनङ्गमदनवेगा भूयश्चाऽनङ्गसंभवा ॥ ११४ ॥
सप्तम्यनङ्गभुवनपालिनी स्यादथाऽष्टमी ।
अनङ्गशशिरेखाऽन्या मातङ्ग्यन्ताः समीरिताः ॥ ११५ ॥

समीरिता एता मातङ्ग्यन्ताः ।
तनौ एतेषु पूर्वोक्तस्थानेषु न्यसेदिति सम्बन्धः ॥ ११३-११५ ॥

पुनः मन्त्रवेत्ता इन्हीं आठ स्थानों में अनङ्गकुसुमा, अनङ्गमेखला, अनङ्गमदना, अनङ्गमदनातुरा, अनङ्गमदनवेगा, अनङ्गसंभवा, अनङ्गभुवनपालिनी, अनङ्गशशिरेखा—इन आठ देवियों के नामों को मातङ्गी शब्द से युक्त कर न्यास करे । यथा—'अनङ्गकुसुमायै मातङ्ग्यै नमः' मुखे इत्यादि ॥ ११३-११५ ॥

विन्यस्तव्यास्तनौ मूलेऽधिष्ठाने मणिपूरके ।
हृत्कण्ठास्ये भ्रुवोर्मध्ये मस्तके मन्त्रिणा ततः ॥ ११६ ॥
आद्ये लक्ष्मीसरस्वत्यौ रतिः प्रीतिश्च कृत्तिका ।
शान्तिः पुष्टिस्तथा तुष्टिर्मातङ्गीपदशेखराः ॥ ११७ ॥
मूलमन्त्रं प्रविन्यस्येन्निजमूर्द्धनि मन्त्रवित् ।
आधारदेशेऽधिष्ठाने नाभौ पश्चादनाहते ॥ ११८ ॥
कण्ठे वक्त्रे भ्रुवोर्मध्ये मस्तके विन्यसेत् क्रमात् ।
ब्राह्म्याद्याः पूर्वमुद्दिष्टा मातङ्गीपदपश्चिमाः ॥ ११९ ॥

मूले मूलाधारे । अधिष्ठाने लिङ्गमूले । मणिपूरके नाभौ । मातङ्गीपदशेखरा मातङ्ग्यन्ता एता मन्त्रिणा तनौ विन्यस्तव्या इति सम्बन्धः । पूर्वमिति षष्ठे । मातङ्गीपदं पश्चिममन्तिमं यासां ताः ॥ ११६-११९ ॥

इसके अनन्तर शरीर के मूलाधार, अधिष्ठान, मणिपूरक, हृदय, कण्ठमुख, भ्रूमध्य एवं मस्तक इन आठ स्थानों में लक्ष्मी, सरस्वती, रति, प्रीति, कृत्तिका, शान्ति, पुष्टि एवं तुष्टि—इन देवियों के नामों के अन्त में मातङ्ग्यै नमः शब्द जोड़कर न्यास करे । तदनन्तर मूल मन्त्र का उच्चारण कर शिरः प्रदेश में न्यास करे ॥ ११६-११७ ॥

पुनः आधार, अधिष्ठान, नाभि, अनाहत, कण्ठ, मुख, भ्रूमध्य एवं मस्तक में पूर्व में कही गई ब्राह्मी आदि (द्र. ६. १७-१८) देवियों के नाम के अन्त में मातंग्यै नमः शब्द जोड़कर न्यास करे ॥ ११८-११९ ॥

एषु स्थानेषु विन्यस्येदसिताङ्गादिभैरवान् ।
मातङ्ग्यन्तान् न्यसेन्मन्त्री मूलमन्त्रं स्वमूर्द्धनि ॥ १२० ॥

एषु पूर्वोक्तस्थानेषु मातङ्ग्यन्तान् असिताङ्गादिभैरवान् नवमोक्तान् विन्यसेदिति सम्बन्धः ॥ १२० ॥

पुनः इन्हीं स्थानों में असिताङ्गादि भैरवों (द्र. ९. ७३-७४) के नाम के अन्त में 'मातंग्यै नमः' शब्द लगा कर मन्त्रज्ञ न्यास करे और मूल मन्त्र से मस्तक पर न्यास करे ॥ १२० ॥

आधारदेशेऽधिष्ठाने नाभौ पश्चादनाहते ।
कण्ठदेशे भ्रुवोर्मध्ये बिन्दौ भूयः कलापदे ॥ १२१ ॥
निरोधिकायामर्द्धेन्दौ नादनादान्तयोः पुनः ।
उन्मन्यां विष्णुवक्त्रे च ध्रुवमण्डलके शिवे ॥ १२२ ॥

भ्रुवोर्मध्य इत्यारभ्य शिवान्तमूर्द्धोर्द्धादिस्थानानि ज्ञातव्यानि ॥ १२१-१२२ ॥

मातङ्ग्यन्ताः प्रविन्यस्येद्वामां ज्येष्ठामतः परम् ।
रौद्रीं प्रशान्तिं श्रद्धाख्यां पुनर्माहेश्वरीमथ ॥ १२३ ॥
क्रियाशक्तिं सुलक्ष्मीं च सृष्टिसंज्ञां च मोहिनीम् ।
प्रमथां श्वासिनीं विद्युल्लतां चिच्छक्तिमप्यथ ॥ १२४ ॥
ततश्च सुन्दरानन्दां नन्दबुद्धिमिमाः क्रमात् ।

मातङ्ग्यन्ता इमाः प्रविन्यसेदिति सम्बन्धः । क्रियाशक्तिमित्येका सृष्टिसंज्ञामित्येका प्रमथामित्येका सुन्दरानन्दामित्येका ॥ १२३-१२५ ॥

तदनन्तर मूलाधार, अधिष्ठान, नाभि, अनाहत, कण्ठ, भ्रूमध्य, बिन्दु, कलापद, निरोधिका, अर्द्धेन्दु, नाद, नादान्त, उन्मनी, विष्णु, वक्त्र, ध्रुवमण्डल एवं शिव—इन १६ स्थानों में १. वामा, २. ज्येष्ठा, ३. रौद्री, ४. प्रशान्ति, ५. श्रद्धा, ६. माहेश्वरी, ७. क्रियाशक्ति, ८. सुलक्ष्मी, ९. सृष्टि, १०. मोहिनी, ११. प्रमथा, १२. श्वासिनी, १३. विद्युल्लता, १४. चिच्छक्ति, १५. सुन्दरानन्दा और १६. नन्दबुद्धि के नाम के अन्त में मातंग्यै नमः जोड़कर न्यास करना चाहिए ॥ १२१-१२४ ॥

शिरोभालहृदाधारेष्वेता बीजत्रयादिकाः ॥ १२५ ॥
मातङ्ग्यन्ताः प्रविन्यस्येद्यथावद्देशिकोत्तमः ।
मातङ्गीं महदाद्यां तां महालक्ष्मीपदादिकाम् ॥ १२६ ॥
सिद्धलक्ष्मीपदाद्यां तां मूलमाधारमण्डले ।
न्यस्य तेनैव कुर्वीत व्यापकं देशिकोत्तमः ।
एवं न्यस्तशरीरोऽसौ चिन्तयेदात्मदेवताम् ॥ १२७ ॥

एता वक्ष्यमाणाः । यथावद्देशिकोत्तम इत्यनेन बीजत्रयादिकान् मन्त्रीत्यादौ एता बीजत्रयादिका इत्यन्ते मध्ये च मन्त्रविन् मन्त्रिणा मन्त्रविन् मन्त्रीति चोक्तत्वात् मध्ये या देवतास्तासामपि बीजत्रयादित्वं ज्ञेयमित्युक्तम् ।

आदिशब्दार्थमाह मातङ्गीमिति ।

महदाद्यां तां महामातङ्गीम् । तेनैवेति मूलेन ॥ १२५-१२७ ॥

पुनः शिर, भाल, हृदय एवं मूलाधार में बीजत्रय को आदि में तथा मातङ्गी शब्द को अन्त में लगाकर, उत्तम साधक महामातङ्गी, महालक्ष्मी एवं सिद्धलक्ष्मी के नामों से तदनन्तर मूल मन्त्र से मूलाधार का न्यास तथा व्यापक न्यास करे ।

यथा—'ऐं ह्रीँ श्रीँ महामातङ्गी मातंग्यै नमः' इति शिरसि इत्यादि । इस प्रकार ऊपर कहे गये सभी न्यास करने के पश्चात् तदनन्तर अपने इष्टदेवता का ध्यान इस प्रकार करे ॥ १२५-१२७ ॥

मातङ्गीध्यानम् । पुरश्चरणादिकथनम्

ध्यायेयं रत्नपीठे शुककलपठितं शृण्वतीं श्यामलाङ्गीं
न्यस्तैकाङ्घ्रिं सरोजे शशिशकलधरां वल्लकीं वादयन्तीम् ।
कह्लाराबद्धमालां नियमितविलसच्चूलिकां रक्तवस्त्रां
मातङ्गीं शङ्खपत्रां मधुमदविवशां चित्रकोद्भासिभालाम् ॥१२८॥
अयुतं प्रजपेन्मन्त्री तद्दशांशं मधूकजैः ।
पुष्पैस्त्रिमधुरोपेतैर्जुहुयान्मन्त्रसिद्धये ॥ १२९ ॥

ध्यायेयमिति । चूलिका केशबन्धः । शङ्खपत्रं शङ्खगताटङ्कम् । चित्रकं तिलकम्। तथा च त्रिकाण्ड्याम् । 'तमालपत्रतिलकचित्रकाणि विशेषकम्' इति । अत्र ध्यानान्तरं वीणायोनिमुद्रे दर्शयेत् ॥ १२८-१२९ ॥

जो रत्न के सिंहासन पर बैठ कर पढ़ते हुये मुख से निकले हुये मनोहर शब्दों को सुन रही हैं जिनके शरीर का वर्ण श्यामल है, जो अपना एक पैर कमल पर रखी हुई हैं, चन्द्रमा के शकल के समान स्वच्छ वीणा बजा रही हैं, कह्लार की माला से विभूषित और अपने उत्तम केशबन्ध से सुशोभित हैं, रक्तवर्ण का वस्त्र धारण किये जिन भगवती के कामों में शङ्ख निर्मित आभूषण शोभित हो रहा है, ऐसी मद्य से मदमत्त, मनोहर तिलकों से युक्त भाल वाली मातङ्गी देवी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ १२८ ॥

मन्त्रज्ञ को उक्त गायत्री (द्र. १२. ७८-७९) का दश हजार संख्या में जप करना चाहिए तथा उसका दशांश त्रिमधुर मिश्रित मधूक पुष्पों से मन्त्रसिद्धि के लिये होम करना चाहिए ॥ १२९ ॥

त्रिकोणकर्णिकं पद्ममाष्टपत्रं प्रकल्पयेत् ।
अष्टपत्रावृतं बाह्ये वृत्तं षोडशभिर्दलैः ॥ १३० ॥
चतुरस्त्रसमायुक्तं कान्त्या दृष्टिमनोहरम् ।
एतस्मिन् पूजयेत् पीठे नव शक्तीः क्रमादिमाः ॥ १३१ ॥
विभूतिरुन्नतिः कान्तिः सृष्टिः कीर्त्तिश्च सन्नतिः ।
व्युष्टिरुत्कृष्टिर्ऋद्धिश्च मातङ्गीपदपश्चिमाः ॥ १३२ ॥
सर्वान्ते शक्तिकमलासनाय नम इत्यथ।
वाक्शक्तिलक्ष्मीबीजाद्यो मनुरासनसंज्ञकः ॥ १३३ ॥
मूलेन मूर्त्तिं सङ्कल्प्या तस्यामावाह्य देवताम् ।
अर्चयेद्विधिनाऽनेन वक्ष्यमाणेन मन्त्रवित् ॥ १३४ ॥

त्रिकोणकर्णिकमिति योनिकर्णिकम् ॥ १३० ॥

मातङ्गीपूजन यन्त्र—योनि (त्रिकोण) की कर्णिका से युक्त अष्टपत्र युक्त

कमल का निर्माण करे, उसके बाहर अष्टपत्र का कमल बनाकर उसे आवृत्त करे, पुनः उसके चारों ओर १६ दलों का वृत्त निर्माण करे । उसके चारों ओर चतुरस्त्र रेखा निर्माण करे जो देखने में मनोहर प्रतीत होता हो । इस प्रकार की पीठ पर क्रमशः इन नव शक्तियों की पूजा करे ॥ १३०-१३१ ॥

विभूति, उन्नति, कान्ति, सृष्टि, कीर्त्ति, सन्नति, व्यष्टि, उत्कृष्टि और ऋद्धि—ये नव शक्तियाँ हैं इनके प्रत्येक के नामों के अन्त में मातंग्यै नमः लगाकर पूजा करे ॥ १३२ ॥

इस प्रकार सब की पूजा कर लेने के अनन्तर, वाग्बीज, शक्तिबीज और लक्ष्मीबीज आदि में जोड़ कर 'सर्वशक्ति कमलासनाय नमः' देवी को से आसन प्रदान करे ॥ १३३ ॥

मूल मन्त्र से मूर्त्ति का संकल्प कर उस मूर्त्ति में देवता का आवाहन कर मन्त्रवेत्ता आगे कही जाने वाली विधि के अनुसार देवी की इस प्रकार पूजा करे ।

रत्याद्यास्त्रिषु कोणेषु पूजयेत् पूर्ववत् सुधीः ।
हृल्लेखाद्याः पञ्च पूज्या मध्ये दिक्षु च मन्त्रिणा ॥ १३५ ॥

पूर्ववदिति यथान्यस्ता वामकोणादि । एवमग्रेऽपि यथान्यासमेव पूजा । सा यथापूर्वमिति तुर्योक्त स्थानेषु ॥ १३५ ॥

पूर्व में जिस प्रकार न्यास कहा गया है, उसी प्रकार के क्रम से साधक तीन कोणो में रत्यादि की मध्य में और चारों दिशाओं में हृल्लेखा आदि पाँच देवियों की पूजा करे । (द्र. १२. १०४-१०६) ॥ १३५ ॥

पाशाङ्कुशाभयाभीष्टधारिण्यो भूतसप्रभाः ।
अङ्गानि पूजयेत्पश्चाद्यथापूर्वं विधानवित् ॥ १३६ ॥
बाणानभ्यर्चयेद्दिक्षु पञ्चमं पुरतो यजेत् ।
दलमध्येषु सम्पूज्या अनङ्गकुसुमादयः ॥ १३७ ॥
पाशाङ्कुशाभयाभीष्टधारिण्योऽरुणविग्रहाः ।

विधानविदिति कर्णिकायाम् । दिक्ष्विति दिक्केसरेषु । पुनरनन्तरम् । वल्लकी वीणा ॥ १३६-१३८ ॥

ये सभी देवियाँ पाश, अंकुश, वर एवं अभय मुद्रा धारण की हैं । इनके शरीर का वर्ण क्रमशः पञ्चभूतों (१. २१-२२) के वर्ण के समान है । इसके बाद विधानवेत्ता साधक पूर्वोक्त रीति से अङ्गों की पूजा करे ॥ १३६ ॥

चारों दिशाओं में चार काम बाणों की (द्रां द्रीं क्लीँ ब्लूं सः द्र. १२. १९) एवं पञ्चम बाण की अपने आगे पूजा करे । पुनः पत्र के मध्य में अनङ्ग-कुसुमादिकों (द्र. १२. ११३-११५) की पूजा करे ॥ १३७ ॥

ये सभी देवियाँ पाश, अंकुश, अभय एवं वर मुद्रा धारण की हैं । सभी रक्तवर्ण की हैं । इसके बाद पत्र के अग्रभाग में हाथ में वीणा लिये हुये लक्ष्मी आदि देवियों की (द्र. १२. ११७) पूजा करे ॥ १३८ ॥

पत्राग्रेषु पुनः पूज्या लक्ष्म्याद्या वल्लकीकराः ॥ १३८ ॥
बहिरष्टदलेष्वर्च्या मन्मथाद्या मदोद्धताः।
अपराङ्गनिषङ्गाढ्याः पुष्पास्त्रेक्षुधनुर्धराः ॥ १३९ ॥
पत्रस्थाः मातरः पूज्या ब्राह्म्याद्याः प्रोक्तलक्षणाः।
तदग्रेष्वर्चयेद्विद्वानसिताङ्गादिभैरवान् ॥ १४० ॥
पुनः षोडशपत्रेषु पूज्याः षोडश शक्तयः।
वामाद्याः कलवीणाभिर्गायन्त्यः श्यामविग्रहाः ॥ १४१ ॥
चतुरस्रचतुर्दिक्षु चतस्रः पूजयेत् पुनः।
मातङ्ग्याद्या मदोन्मत्ता वीणाललितपाणयः ॥ १४२ ॥

बहिरष्टदलेषु दलमूलेषु । अपराङ्गे पृष्ठभागे । निषङ्गस्तणीरः तेनाढ्याः । पुष्पास्त्रं पुष्पबाणः । प्रोक्तलक्षणाः षष्ठपटलोक्तध्यानाः ॥ १३८-१४२ ॥

इसके बाद बाहर के अष्टदल में महामदोद्धव मन्मथादि की (द्र. १२. १११-११२) पूजा करे । ये सभी पीठ पर तरकस लटकाये हुये हैं और हाथ में पुष्प का बाण तथा ऊख का धनुष धारण किये हुये हैं ॥ १३९ ॥

पत्रों में ऊपर कहे गये ब्राह्मी आदि देवियों की (द्र. ६. १७-१८) पूजा करे। पुनः पत्र के अग्रभाग में विद्वान् साधक असिताङ्ग आदि (द्र. ९. ७४,९३) भैरवों की पूजा करे ॥ १४० ॥

पुनः षोडश पत्रों पर वामा आदि षोडश शक्तियों (१२. १२३-१२५) की पूजा करे । इन सभी शक्तियों का शरीर श्यामवर्ण है और सभी वीणा से मनोहर गान करने वाली हैं ॥ १४१ ॥

इसके बाद चतुरस्र के चारों दिशाओं में मातङ्गी आदि (द्र. १२. १२६-१२७) चार देवियों की पूजा करे । ये सभी मद से उन्मत्त हैं तथा अपने हाथों को वीणा पर रखे हुये हैं ॥ १४२ ॥

आग्नेयकोणे विघ्नेशं दुर्गां नैशाचरे यजेत् ।
वायव्ये वटुकं पश्चादैशान्ये क्षेत्रपं यजेत् ॥ १४३ ॥
लोकपाला बहिः पूज्या वज्राद्यैरायुधैः सह ।
मन्त्रेऽस्मिन् साधिते मन्त्री साधयेदिष्टमात्मनः॥ १४४ ॥

आग्नेयकोण इति । इयं पूजा सर्वशक्तिमन्त्रसाधारणीति ज्ञेयम् । अतएव सर्वशक्तिमन्त्राणामन्ते उक्ता ॥ १४३-१४४ ॥

आग्नेयकोण में गणेश, नैर्ऋत्य कोण में दुर्गा, वायव्य में बटुक, तदनन्तर ईशान में क्षेत्रपाल की पूजा करे ॥ १४३ ॥

तदनन्तर वज्रादि आयुधों के सहित लोकपालों की बाहर पूजा करे । इस प्रकार जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब मन्त्रवेत्ता अपनी अभीष्ट सिद्धि के लिये अनुष्ठान करे ॥ १४४ ॥

मल्लिकाजातिपुन्नागैर्होमाद्भाग्यालयो भवेत् ।
फलैर्बिल्वसमुद्भूतैस्तत्पत्रैर्वा हुताद्भवेत् ॥ १४५ ॥
राजपुत्रस्य राज्याप्तिः पङ्कजैः श्रियमाप्नुयात् ।
उत्पलैर्वशयेद्विश्वं लक्ष्मीपुष्पैस्तथा नरः ॥ १४६ ॥

मल्लिकेति त्रितयै पुष्पैरिति ज्ञेयम् । फलैरित्यग्रे वक्ष्यमाणत्वात् ॥ १४५-१४६ ॥

मल्लिका जाति, पुन्नाग के होम से उत्कृष्ट भाग्यों वाला होता है, राजपुत्र यदि विल्वफलों से अथवा विल्व के पत्रों से होम करे तो राज्य की प्राप्ति होती है, कमल के होम से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है । उत्पल (लालकमल) अथवा वकुल के पुष्पों के होम से मनुष्य विश्व को वश में कर सकता है ॥ १४६ ॥

बन्धूकपुष्पैर्बकुलैर्जवोत्थैः किंशुकोद्भवैः ।
वश्याय जुहुयान्मन्त्री मधुना सर्वसिद्धये ॥ १४७ ॥
लवणैर्मधुरोपेतैर्हुत्वा कर्षति सुन्दरीम् ।
वंजुलस्य समिद्धोमो वृष्टिं वितनुतेऽचिरात् ॥ १४८ ॥
क्षीराक्तैरमृताखण्डैर्होमो नाशयति ज्वरम् ।
दूर्वाभिरायुराप्नोति कदम्बैर्वश्यमाप्नुयात् ॥ १४९ ॥
अन्नवानन्नहोमेन तण्डुलैर्धनवान् भवेत् ।
सर्वं त्रिमधुरोपेतं होमद्रव्यमुदाहृतम् ॥ १५० ॥
नन्द्यावर्त्तभवैः पुष्पैर्होमो वाक्सिद्धिदायकः।
निम्बप्रसूनैर्जुहुयादीप्सितां श्रियमश्नुते।
पलाशकुसुमैर्होमात्तेजस्वी जायते नरः ॥ १५१ ॥

बन्धूकपुष्पैरिति । पुष्पपदोपादानात् सान्निध्यात् बकुलादित्रयमपि पुष्पम् कदम्बैरित्यपि पुष्पैः । सर्वमिति । अन्यगुणानवरुद्धं पूर्वोक्तमग्रिमम् ॥ १४७-१५१ ॥

बन्धूक पुष्प, वकुल (उत्पल एवं पंकज) अथवा पलाश पुष्प का होम वशीकरण के लिये करे । सर्वसिद्धि के लिये मधु से होम करे ॥ १४७ ॥

त्रिमधुराक्त लवण के होम से सुन्दर स्त्री को अपनी ओर आकृष्ट करता है वञ्जुल (वेंत) के होम से शीघ्र ही वृष्टि होती है ॥ १४८ ॥

दूध में डुबोये गये अमृता (गुडूची) की समिधा के होम से ज्वर का विनाश होता है । दूर्वा के होम से आयु की प्राप्ति तथा कदम्ब पुष्प के होम से वशीकरण होता है ॥ १४९ ॥

अन्न के होम से अधिक अन्न की संप्राप्ति, तण्डुल होम से धनवान् होता है। यहाँ तक जितने भी होम के द्रव्य कहे गये हैं उन्हें त्रिमधुर (आज्य, दूध, मधु) से मिश्रित कर तदनन्तर होम करना चाहिए ॥ १५० ॥

नन्द्यावर्त्त के पुष्पों का होम वाक्सिद्धि प्रदान करता है, यदि निम्बपुष्प से होम करे तो अभिलषित लक्ष्मी की प्राप्ति होती है । पलाश कुसुम के होम से मनुष्य तेजस्वी होता है ॥ १५१ ॥

चन्दनागरुकर्पूररोचनाकुङ्कुमादिभिः ।
वश्याय जुहुयान्मन्त्री वशयेदखिलं जगत् ॥ १५२ ॥
एतानि जप्त्वा तिलकं कुर्याल्लोकप्रियो भवेत् ।
निर्गुण्डीमूलहोमेन निगडान्मुच्यते नरः ॥ १५३ ॥

चन्दनेति शक्तिगन्धाष्टकम् । तेन आदिशब्देन जटामांसीकचूररक्तचन्दनानि । वशयेदिति । अष्टद्रव्यहोमसमुदायफलम् । एतानीति कर्पूरकपिचौराणि समभागानीति पूर्वमन्त्रप्रयोगोक्तभागक्लृप्तानीत्यर्थः । तिलकमिति । कन्यया हिमोदकेन कृष्ण-चतुर्दश्यां निशि पिष्टेन एतन्मन्त्रजप्तेन कृतम् ॥ १५२-१५३ ॥

चन्दन, अगुरु, कर्पूर, गोरोचन तथा कंकुम आदि मिश्रित पदार्थों का होम वशीकरण के लिये करना चाहिए, इन पदार्थों के होम से सारे विश्व को वश में किया जा सकता है ॥ १५२ ॥

उपर्युक्त चन्दन कर्पूर आदि को समभाग ले उसे घिस कर उसके कर्दम को हाथ में लिये हुये जप करे तत्पश्चात् उसी से तिलक करे । ऐसा करने से वह सबका प्रिय बन जाता है । निर्गुण्डी के मूल के होम से मनुष्य जेल यातना से मुक्त हो जाता है ॥ १५३ ॥

निम्बतैलान्वितैर्लोणैर्होमः शत्रुविनाशनः ।
हरिद्राचूर्णसंमिश्रैर्लवणैः स्तम्भयेत्परान् ॥ १५४ ॥
रसवद्भिः फलैः पक्वैः पुष्पैः परिमलान्वितैः ।
हुत्वा सम्यगवाप्नोति साधकः सर्वमीप्सितम् ॥ १५५ ॥

निम्बतैलान्वितैरिति । तत्तैलाकृष्टिप्रकारो यथा—

बीजानि जलपिष्टानि कांस्यपात्रे खरातपे ।
स्थापयेत्तस्य तत्तैलं निःसरत्येव नाऽन्यथा ॥ इति ॥

परान् शत्रून् ॥ १५४-१५५ ॥

निम्ब तेल मिश्रित लवण के द्वारा किया गया होम शत्रु का विनाश करता है। हरदी के चूर्ण से मिश्रित लवण का होम शत्रु समूहों का स्तम्भन करता है ॥ १५४ ॥

रसयुक्त सुस्वादु फलों के एवं सुगन्ध युक्त पुष्पों का हवन कर साधक, अपना संपूर्ण अभिलषित मनोरथ पूर्ण कर लेता है ॥ १५५ ॥

राजमातङ्गिनीस्तुतिः

देवतां जगतामाद्यां मातङ्गीमिष्टदायिनीम् ।
अवाप्तुमिष्टतां वाचं भूषयेद्रत्नमालया ॥ १५६ ॥

मातङ्गीस्तुतिमारभते देवतामिति । रत्नमालेति प्रबन्धनाम । तद्योगात् स्तुतिनामापि । तल्लक्षणमुक्तं भामहेन—

नेतृप्रसिद्धनामाङ्कं श्लोकयुग्मं शुभावहम् ।
कुर्यादाद्यन्तयोस्तस्य शिखाबन्धं समाधिना ॥
सुभङ्गिः शोभना सा स्यात् रत्नमाला नवाधिका ।
मालायां नवरत्नादौ रचितायामिति क्रमात् ॥

भवन्त्येकादशा श्लोकाः पण्डितप्रमुदाकराः ॥ इति ॥ १५६ ॥

समस्त अभीष्ट प्रदान करने वाली जगत् की आदि कारणभूता मातङ्गी देवता से अपनी अभीष्ट वाक्सिद्धि प्राप्त करनी हो तो उन्हें नव रत्नों की माला अथवा नव पद्यात्मक प्रबन्ध रूप रत्नमाला द्वारा भूषित करे ॥ १५६ ॥

रत्नमालामातङ्गीस्तुतिः

आराध्य मातश्चरणाम्बुजं ते
ब्रह्मादयो विश्रुतकीर्त्तिमापुः ।
अन्ये परं वाग्विभवं मुनीन्द्राः
परां श्रियं भक्तिभरेण चान्ये ॥ १५७ ॥
नमामि देवीं नवचन्द्रमौले-
र्मातङ्गिनीं चन्द्रकलावतंसाम् ।
आम्नायवाग्भिः प्रतिपादितार्थं
प्रबोधयन्तीं शुकमादरेण ॥ १५८ ॥
विनम्रदेवासुरमौलिरत्नै-
र्नीराजितं ते चरणारविन्दम् ।
भजन्ति ये देवि महीपतीनां
व्रजन्ति ते सम्पदमादरेण ॥ १५९ ॥

नवचन्द्रमौलेर्देवीं पट्टराज्ञीमिति सम्बन्धः ॥ १५७-१५९ ॥

रत्नमाला मातङ्गी-स्तुति—हे मातः ! आपके चरण कमलों की उपासना कर ब्रह्मादि देवताओं ने विपुल यश अर्जित किया है । अन्य मुनीन्द्रों ने आपके चरण कमल की उपासना से वाणी का महान् ऐश्वर्य प्राप्त किया है एवं अन्यों ने आपकी पूर्ण भक्ति के प्रभाव से अनन्त श्री को प्राप्त किया है ॥ १५७ ॥

चन्द्रकला का शिरोभूषण धारण करने वाली सदाशिव की पट्टरानी श्री मातङ्गी को मैं नमस्कार करता हूँ । जो वेद के वाक्यों से प्रतिपादित अर्थों का आदरपूर्वक अपने शुक को सिखा रही हैं ॥ १५८ ॥

हे मातः ! आपके चरणारविन्द की आरती, चरण पर प्रणत देवता वृन्दों के मुकुट में जटित रत्नों के द्वारा हो रही है । इसी प्रकार जो पुरुष आपके चरण कमलों की सेवा करता है वह आदर पूर्वक राजाओं की जैसी संपत्ति प्राप्त करता है ॥ १५९ ॥

मातङ्गलीलागमने भवत्याः
शिञ्जानमञ्जीरमिषाद्भजन्ते ।
मातस्त्वदीयं चरणारविन्द-
मकृत्रिमाणां वचसां निगुम्फाः ॥ १६० ॥

अकृत्रिमाणां वचसां विगुम्फा वेदाः ॥ १६० ॥

हे मातः ! जब आप हाथी के समान मस्ती से भरी लीला पूर्वक गमन करती हैं, उस समय शब्दायमान मञ्जीर के शब्दों के बहाने मानो अकृत्रिम शब्दों के समूह वाले वेद उन चरणों को स्तुति कर रहे हैं ॥ १६० ॥

पदात्पदं शिञ्जितनुपुराभ्यां
कृतार्थयन्ती पदवीं पदाभ्याम् ।
आस्फालयन्ती कलवल्लकीं तां
मातङ्गिनीं मद्धृदयं धिनोतु ॥ १६१ ॥
नीलांशुकाबद्ध नितम्बबिम्बां
तालीदलेनाऽर्पितकर्णभूषाम् ।
माध्वीमदाघूर्णितनेत्रपद्मां
घनस्तनीं शम्भुवधूं नमामि ॥ १६२ ॥

पदात्पदं पदेपदे इत्यर्थः ।

कृतार्थयन्ती स्वगमनेनेति शेषः । धिनोतु प्रीणयतु ॥ १६१-१६२ ॥

हे मातः ! जब आप शब्दायमान नूपुर युक्त अपने पैरों से चलती हैं, तो

उस समय आपके प्रत्येक पद से पृथ्वी कृतार्थ होती जाती है । ऐसी मातंगिनी सर्वदा मनोहर वीणा बजाते हुये मेरे हृदय को प्रसन्न करती रहें ॥ १६१ ॥

जिनके नितम्ब प्रदेश में नीले रंग की साड़ी शोभा दे रही है और कान ताड़पत्र के आभूषण से भूषित हैं और नेत्र माध्वी मद से घूरते हुये लाल कमल जैसे रक्त वर्ण के हैं । ऐसी घनस्तन वाली शम्भु पत्नी को मैं नमस्कार करता हूँ ॥ १६२ ॥

तडिल्लताकान्तमनर्घ्यभूषं
चिरेण लक्ष्यं नवरोमराज्या ।
स्मरामि भक्त्या जगतामधीशे
बलित्रयाङ्कं तव मध्यविम्बम् ॥ १६३ ॥

कदाचिल्लक्ष्यं कदाचिदलक्ष्यमिति तडिल्लताकान्तम् । अनर्घ्यभूषं (अलब्ध-भूषं) निश्चित्य वपुषोऽकरणात् खञ्चेत् शरीरस्थितिः कथमित्याह चिरेणानुमेयं न प्रत्यक्षदृश्यमिति भावः ॥ १६३ ॥

अनर्घ्य काञ्ची रूप भूषण से भूषित, अतएव बिजली की लता के समान चमकता हुआ कभी दिखाई पड़ने वाला कभी नहीं दिखाई पड़ने वाला ऐसा त्रिवलीयुक्त आपका कटिप्रदेश जो शिव के अर्धभाग में स्थित है नव रोमराजी के द्वारा देर से पहचाना जाता है । ऐसी आपकी शोभा का मैं भक्तिपूर्वक स्मरण करता रहूँ ॥ १६३ ॥

नीलोत्पलानां श्रियमाहरन्तीं
कान्त्या कटाक्षैः कमलाकराणाम् ।
कदम्बमालाञ्चितकेशपाशां
मातङ्गकन्यां हृदि भावयामः ॥ १६४ ॥

कान्त्या देहकान्त्या नीलोत्पलानां श्रियमाहरन्तीं कटाक्षैः कमलाकराणां श्रियमाहरन्तीमिति सम्बन्धः । मातङ्गकन्यामिति । मातङ्गपुत्रीरूपामित्यर्थः ॥ १६४ ॥

हे मातः ! आप अपने शरीर की कान्ति से नील कमल की शोभा को एवं कटाक्षों के चितवन से कमल समूहों की शोभा को जीत लेती हैं—ऐसी कदम्ब माला (भ्रमर समूह) से भूषित केश वाली मतङ्गकन्या का मैं अपने हृदय में ध्यान करता हूँ ॥ १६४ ॥

ध्यायेयमारक्तकपोलकान्तं
विम्बाधरन्यस्तललामरम्यम् ।
आलोलनीलालकमायताक्षं
मन्दस्मितं ते वदनं महेशि ॥ १६५ ॥

स्तुत्याऽनया शङ्करधर्मपत्नीं
मातङ्गिनीं वागधिदेवतां ताम् ।
स्तुवन्ति ये भक्तियुता मनुष्याः
परां श्रियं नित्यमुपाश्रयन्ति ॥ १६६ ॥

॥ इति श्रीलक्ष्मणदेशिकेन्द्रविरचिते शारदातिलके
द्वादशः पटलः समाप्तः ॥ १२ ॥

विम्बाधर एव न्यस्तं ललामं भूषाविशेषः तेन रम्यम् ॥ १६५-१६६ ॥

॥ इति श्रीराघवभट्टविरचित-शारदातिलकटीकायां सत्सम्प्रदायकृतव्याख्यायां
पदार्थादर्शाभिख्यायां द्वादशः पटलः ॥ १२ ॥

हे महेश्वरि ! रक्त कपोलों से अत्यन्त मनोहर विम्ब के समान अधर पर न्यस्त आभूषण से रम्य, नीले नीले और चञ्चल अलकों से युक्त विशाल नेत्रों वाले मन्दस्मित से युक्त आपके मुख का मैं ध्यान करता हूँ ॥ १६५ ॥

जो लोग वाणी की अधिष्ठातृ देवता भगवान् शंकर की धर्म पत्नी भगवती मातंगिनी की भक्ति युक्त हो इस प्रकार से स्तुति करते हैं वे निरन्तर महाश्री को प्राप्त करते हैं ॥ १६६ ॥

॥ इस प्रकार शारदातिलक के बारहवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय
कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १२ ॥

अथ त्रयोदशः पटलः

अथ गणपतिप्रकरणम्

अथ वक्ष्ये गणपतेर्मन्त्रान् सर्वार्थसिद्धिदान् ।
यान् लब्ध्वा मानवा नित्यं साधयन्ति मनोरथान्॥ १ ॥

'मुख्ये पुष्पाञ्जलिं कृत्वा गणेशाभ्यर्चनं भवेत्' इत्युक्तेः शक्तिमन्त्रानुक्त्वा क्रमप्राप्तान् गणपतिमन्त्रान् वक्तुमुपक्रमते अथेति ।

सर्वार्थसिद्धिदानिति विनियोगोक्तिः ॥ १ ॥

अब संपूर्ण सिद्धिप्रदान करने वाले गणपति के मन्त्रों को कहता हूँ । जिसे प्राप्त कर मनुष्य अपना मनोरथ सिद्ध करते हैं ॥ १ ॥

गणपतिबीजम् । ऋष्यादिकथनम्

पञ्चान्तकं शशिधरं बीजं गणपतेर्विदुः ।
गणकः स्यान्मुनिश्छन्दो निवृद्विघ्नोऽस्य देवता॥ २ ॥

गणपतिबीजमुद्धरति पञ्चान्तकमिति । पञ्चान्तको गकारः शशी बिन्दुस्तद्युतम् तेन गं इति । अथ च शशी विसर्गस्तद्युतः गः इत्यपि भवति । 'सर्गः शक्तिर्निशाकरः' इत्युक्तेः । गोपनायैवमुद्धारः । इदं द्वयं उत्तरगार्ग्योक्तम् । पूजाप्रयोगादिकमुभयोः समानम् । केचन औकारयुतमाहुः । तदुक्तं प्रयोगसारे—

बीजमिन्दुमदौयुक्तं कतृतीयं तथैव च । इति ।

नारायणीये तु— खान्तं सान्तविषं सबिन्दुसकलं बिन्द्वौयुतं केवलम् ।
पञ्चैतानि पृथक् फलं विदधते बीजानि विघ्नेशितुः ॥ इति ॥

आचार्यैस्तु प्रणवादिरुद्धतः—

चतुरीयो विलोमेन तारादिर्बिन्दुसंयुतः ।
वैघ्नो मन्त्रो हृदन्तोऽर्चाविधौ होमे द्विठान्तकः ॥
गणकः स्यादृषिश्छन्दो निवृद्विघ्नोऽस्य देवता ।
बीजेन दीर्घयुक्तेन दण्डिनाऽङ्गक्रिया मता ॥ इति ॥

गकारो बीजं बिन्दुःशक्तिः । अन्यत्र सर्गः शक्तिः ॥ २ ॥

अब **गणपति के बीजमन्त्र का उद्धार** कहते हैं—पञ्चान्तक (गकार) उस पर शशिधर (अनुस्वार) लगाने पर गणपति का बीज मन्त्र हो जाता है । अथवा

शशि (विसर्ग) लगाने से भी गणपति का बीज होता है । इसलिये गं अथवा गः दोनों ही गणपति के बीज मन्त्र हैं । इस गणपति बीज के गणक ऋषि हैं, निवृत् छन्द है । इसके देवता विघ्नराज हैं ॥ २ ॥

षड्दीर्घभाजा बीजेन कुर्यादङ्गक्रियां मनोः ॥ ३ ॥

षडङ्गमाह षडिति । प्रयोगसारे पञ्चाङ्गमप्युक्तम्—

आदौ गणं जयायोक्त्वा स्वाहा हृदयमुच्यते ।
एकदंष्ट्राय सम्भाष्य हुँफड्विद्याच्छिरस्ततः ।
शिखाप्यचल-शब्दादिकर्णिनत्यन्ततो नमः ॥
कवचं गजवक्त्राय नमो नम इतीरितम् ।
महोदराय चण्डाय हुंफडित्यस्त्रमिष्यते ॥
एतान्यङ्गानि विन्यस्येत्पञ्चोक्तानि मनीषिभिः ।
सप्रांशुना वा बीजेन षडङ्गान्यपि योजयेत् ॥ इति ॥ ३ ॥

छः दीर्घ युक्त वर्णों से युक्त बीज मन्त्रों से षडङ्गन्यास करना चाहिए । यथा—गां नमः इति हृदये, गीं शिरसे स्वाहा इति शिरसि, गूँ शिखायै वषट् इत्यादि ॥ ३ ॥

गणपतिध्यानम्

सिन्दूराभां त्रिनेत्रं पृथुतरजठरं हस्तपद्मैर्दधानं
दन्तं पाशाङ्कुशेष्टान्युरुकरविलसद्बीजपूराभिरामम् ।
बालेन्दुद्योतिमौलिं करिपतिवदनं दानपूरार्द्रगण्ड
भोगीन्द्राबद्धभूषं भजत गणपतिं रक्तवस्त्राङ्गरागम् ॥ ४ ॥

आयुधध्यानं तु ऊर्ध्वस्थवामदक्षयोरङ्कुशपाशौ । अधःस्थयोः स्वदन्तवरदे । सर्वोऽपि गणपतिरेकदन्तो ध्येयः । सदन्तो दक्षिणपार्श्वे । द्वितीयस्य ध्यानं यथा—

ध्यायेत् स्वैक्येन देवं बृहदुदरतनुं
तं चतुर्बाहुमेकदन्तं पाशाङ्कुशाढ्यं
गजमुखमरुणं दन्तभक्ष्ये दधानम् ॥ इति ॥

पुष्करं च दक्षहस्तस्थितभक्ष्योपरि । औकारयुक्तबीजे तु ध्यानम्—

रक्ताक्षमालापरशुं च दन्तं भक्ष्यं च दोर्भिः परितो दधानम् ।
हेमाभकान्तिं त्रिदशं गजास्यं लम्बोदरं चैकरदं नमामि ॥ इति ।

अत्रापि पुष्करं पूर्ववज् ज्ञेयम् । इदमेव मायाबीजाद्यं यदा तदा ध्यानम्—

अमृताम्भोधिमध्ये तु वारिजे कुङ्कुमप्रभे ।
ऋतुसंख्यदलोपेते चिन्तयेद्गणनायकम् ॥
पाशाङ्कुशधरं देवं जवाकुसुमसन्निभम् ।
वामपार्श्वगतां देवीमालिङ्गन्तं सुलोचनम् ॥

सुवर्णचषकं शुभ्रं मधुना पूरितं सदा ।
पिबन्तीं वामहस्तेन योगिनीं मदमोहिताम् ॥
रक्तवर्णां महादेवीमालिङ्गन्तीं सुमध्यमाम् ।
बाहुनैकेन विघ्नेशं मत्तं रक्तविलोचनम् ॥
तद्रूपांश्चिन्तयेद्विद्वान् गणान् पूर्वादितः क्रमात् ॥ इति ।

अत्र ध्यानानन्तरमियं गणपतिमुद्रा प्रदर्शनीया—

मुखात्प्रलम्बितं हस्तं कृत्वा संकुचिताङ्गुलिम् ।
मध्या तर्जनिगताग्राङ्गुष्ठं चाधःस्थमध्यमम् ॥
कुर्यान् मुद्रा गणेशस्य प्रोक्तेयं सर्वसिद्धिदा ॥ इति ।

यद्वा—तर्जनीमध्यमासन्धिनिर्गताङ्गुष्ठमुष्टिका ।
अधोमुखी दीर्घरूपा मध्यमा विघ्नमुद्रिका ॥ इति ॥

यद्वा—कुञ्चिताग्रस्य हस्तस्य मूले नासानियोगतः ।
गणेश्वरी भवेन् मुद्रा । इति ।

इयं सर्वगणपतिमन्त्रसाधारणीति ज्ञेयम् ॥ ४ ॥

अब **गणपति का ध्यान** कहते हैं—जिनके शरीर की कान्ति सिन्दूर के समान रक्त वर्ण है, जो तीन नेत्रों से युक्त हैं, जिनका पेट तुन्दिल है, जिन्होंने अपने कर कमलों में दाँत, पाश, अंकुश और वर धारण किया है, शुण्डाग्र में बीजपूर धारण करने से जो अत्यन्त मनोहर प्रतीत हो रहे हैं । मस्तक पर द्वितीया का चन्द्र शोभित है, मुख हाथी के समान है एवं गण्डस्थल मदजल से परिपूर्ण है, जो नागराजों के भूषण से भूषित हैं । ऐसे रक्त वर्ण और रक्त अङ्गराज के लेपन से युक्त गणपति की सेवा करनी चाहिए ॥ ४ ॥

पुरश्चरणादिकथनम्

वेदलक्षं जपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयात्ततः ।
मोदकैः पृथुकैर्लाजैः सक्तुभिश्चेक्षुपर्वभिः ॥ ५ ॥
नारिकेलैस्तिलैः शुद्धैः सुपक्वैः कदलीफलैः ।
अष्ट द्रव्याणि विघ्नस्य कथितानि मनीषिभिः ॥ ६ ॥

वेदलक्षं चतुर्लक्षम् । दशांशमिति । तत्र होमोऽष्टभिर्द्रव्यैर्वक्ष्यमाणैः अर्द्धमर्द्धमयुतमेकैकेन द्रव्येण होतव्यम् । केचित्तु अष्टद्रव्यमेलनमाहुः । तत्र । आहुतिप्रमाणसन्देहापातात् । मूले च प्रत्येकं पृथक् क्रियान्वयाच्च । विशिष्टस्य द्रव्यान्तरत्वेनाऽष्टद्रव्यहोमकरणासम्भवाच्च । तदुक्तं भट्टाचार्यैः—

नैव व्रीहिभिरिष्टं स्याद्यवैर्न च यथाश्रुतैः । मिश्रैरिज्येत चेत् । इति ।

तथा मिश्राणां विध्यदर्शनादिति च । नन्वेवं त्रिमधुरमेलनमपि न कार्यमिति चेत् । मैवम् । 'सर्वं त्रिमधुरोपेतं होमद्रव्यमुदाहृतम्' इति वचनात् तन्मेलनस्य पशुपुरोडाशाद्यवदानानाम् उपस्तारप्रत्युपस्ताराज्यमेलनवत् अविरोधात् । तदुक्तं गणेश्वरविमर्शिन्याम्—

अष्टद्रव्यैस्त्रिमध्वक्तैर्जहुयाच्च पृथक् पृथक् । इति ।

पृथुकैश्चिपिटकैः । शुद्धैरित्यनेनाऽवकरं दूरीकृत्य प्रक्षाल्य शोषितैरित्युक्तम् । एषु मन्त्रेषु गायत्र्या प्रोक्षणादिकं कुर्यात् । गायत्री यथा—

एकदंष्ट्राय विद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि । तन्नो विघ्नः प्रचोदयात् । इति ॥ ५-६ ॥

उपर्युक्त बीजमन्त्र का चार लाख जप करना चाहिए, उसका दशांश हवन निम्नलिखित अष्ट द्रव्यों से अलग अलग करना चाहिए । मोदक, चिउड़ा, लावा, सत्तू, ऊख का टुकड़ा, नारिकेल, शुद्ध तिल (जो पछोंर-बीन कर धोया गया हो और सुखाया गया हो) और पका हुआ केले का फल विद्वानों ने ये आठ द्रव्य विघ्नेश्वर के नैवेद्य कहे हैं । इनका पृथक् पृथक् होम करना चाहिए । मिश्रित होने पर द्रव्यों की न्यूनाधिकता संभव है और वे मिश्रित पदार्थ अष्टद्रव्य की गणना में नहीं आते ॥ ५-६ ॥

तीव्रादिशक्तिभिर्युक्ते पीठे विघ्नेश्वरं यजेत् ।
तीव्राख्या ज्वालिनी नन्दा भोगदा कामरूपिणी ॥ ७ ॥
उग्रा तेजोवती सत्या नवमी विघ्ननाशिनी ।
सर्वादिशक्तिकमलासनाय हृदयावधिः ॥ ८ ॥

तीव्रेति । आसां ध्यानं यथा—

पाशाङ्कुशाञ्जलिकरा नवकुङ्कुमसन्निभाः ।
तीव्राद्याः पूजनीयाः स्युः शक्तयो मणिभूषणाः ॥ इति ॥ ७-८ ॥

होम के पश्चात् तीव्रादि शक्तियों से युक्त पीठ पर विघ्नेश्वर की पूजा करनी चाहिए । तीव्रा, ज्वालिनी, नन्दा, भोगदा, कामरूपिणी, उग्रा, तेजोवती, सत्या और नवीं विघ्ननाशिनी—ये नव पीठ की शक्तियाँ हैं । इनका पूजन कर पश्चात् 'सर्वादिशक्तिकमलासनाय नमः' इस मन्त्र को पढ़े ॥ ७-८ ॥

पीठमन्त्रः

पीठमन्त्रोऽयमेतेन प्रदद्यादासनं विभोः ।
मूलेन मूर्त्तिं सङ्कल्प्या तस्यां विघ्नेश्वरं यजेत् ॥ ९ ॥
कर्णिकायां चतुर्दिक्षु प्रथमं पूजयेदिमान् ।
गणाधिपं गणेशानं तृतीयं गणनायकम् ॥ १० ॥
गणक्रीडं पीतगौररक्तनीलरुचः क्रमात् ।
सर्वान्नागेन्द्रभूषाद्यान् भक्ष्यलक्षितपुष्करान् ॥ ११ ॥

विभोरिति । पीठमन्त्रादौ स्वबीजाद्यत्वमुक्तम् । प्रथमं पूजयेदिति । अत्र प्रथममित्यङ्गावृत्यपेक्षया प्राथम्यं यतश्चतुर्थपटले अङ्गादिलोकपालान्तं पूजयेदिति सामान्यत उक्तम् । तदपवादायाऽत्र प्रथममित्युक्तिः—यद्व्याख्यानावसरे अत एव मयोक्तं ग्रन्थकृता इदं वचनं सम्भवाभिप्रायेणोक्तमिति ॥ ९-११ ॥

मूल मन्त्र पढ़कर गणपति को आसन प्रदान करे तथा मूर्त्ति की कल्पना कर उसी में विघ्नेश्वर का आवाहन कर पूजन करे । सर्वप्रथम कर्णिका के चारों दिशाओं में गणाधिप, गणेशान, गणनायक और गजक्रीड़ा का पूजन करे । इनके शरीर की कान्ति क्रमशः पीत, गौर, रक्त तथा नीले वर्ण की है । सभी सर्पराज के भूषणों से भूषित दिव्य शरीर वाले हैं और अपने शुण्डाग्रभाग को भक्ष्य की ओर ले जाते हुये लक्षित हो रहे हैं ॥ १०-११ ॥

यथापूर्वं ततोऽभ्यर्च्य केसरेष्वङ्गदेवताः ।
पत्रमध्येषु विधिवद्वक्रतुण्डादिकान् यजेत् ॥
वक्रतुण्डमेकदंष्ट्रं महोदरगजाननौ ॥ १२ ॥
लम्बोदराख्यं विकटं विघ्नराजमनन्तरम् ।
धूम्रवर्णं दलाग्रेषु ब्राह्म्याद्याः पूजयेत्ततः ।
लोकपालांस्तदस्त्राणि देवमित्थं समर्चयेत् ॥ १३ ॥
सिद्धमन्त्रः प्रकुर्वीत प्रयोगान् कल्पचोदितान् ।
तर्पयेत्सलिलैः शुद्धैर्दिनशो गणनायकम् ॥ १४ ॥

यथापूर्वं चतुर्थपटलोक्तरीत्या । विधिवदिति गणपतिबीजादि । इत्थं समर्चयेदिति । मन्त्रत्रयस्य पूजा समानैव । तदुक्तमीशानशिवेन—

पञ्चान्तकं बिन्दुयुतं सनादं बीजं गणेशस्य वदन्त्यथान्ये ।
ऊकारबिन्द्वन्तमुदीरयन्ति तुल्यस्तयोः स्याद्विधिरेष उक्तः ॥ इति ।

मायाबीजादौ तु षड्दले आमोदादीन् पूजयेदिति विशेषः । तर्पणप्रयोगाश्च सर्वमन्त्राणां साधारणा एव । तर्पणे तु सर्वेषामयं विशेषः ।

क्रोडन् हेममयोदयाद्रिशिखरे स्थित्वाऽवतीर्णः क्षुधा
सोपानेषु समेत्य रुक्मकलितेष्वब्जादि भक्ष्यं बहु ।
भुक्त्वा प्रीतमना यथा पुरमसौ सम्पूजितो विघ्नराट्
कुर्यादित्युषसि स्मृतः स सकलान् कामांस्तथा तर्पितः ॥ इति ॥ १२-१४॥

इनका पूर्वोक्त क्रम से (द्र. ४. ८७-११०) अर्चन कर केशरों में अङ्गदेवता का पूजन करे । पत्र के मध्य में विधिवत् वक्रतुण्डादि की पूजा करे ॥ १२ ॥

वक्रतुण्ड, एकदंष्ट्र, महोदर, गजानन, लम्बोदर, विकट, विघ्नराज और धूम्रवर्ण—ये वक्रतुण्डादि हैं । इनकी पूजा कर दल के अग्रभाग में ब्राह्मी आदि देवियों की पूजा करे । (द्र. ६. १७-१८) ॥ १३ ॥

इसके बाद लोकपालों की तदनन्तर उनके अस्त्रों की पूजा करे, इस प्रकार गणेश की पूजा करने से साधक गणपति मन्त्र को सिद्ध करे, फिर गणपति कल्प में कहे गये प्रयोगों का अनुष्ठान करे । प्रतिदिन शुद्ध जल से गणपति का तर्पण करता रहे ॥ १४ ॥

चतुश्चत्वारिंशदाद्यं चतुःशतमतन्द्रितः ।
प्राप्नुयान् मण्डलादर्वागभीष्टमधिकं नरः ॥ १५ ॥

तर्पयेदिति । गं गणेशं तर्पयामीति प्रयोगः । क्रमाच्चतुःशतमिति । प्रतितिथि द्रव्यचतुष्टयेन तावान् होमः ॥ १५-१६ ॥

प्रतिदिन गणेश के निमित्त 'गं गणेशं तर्पयामि' इस मन्त्र से चार सौ चौवालीस तर्पण करता रहे और द्रव्य चतुष्टय से पृथक् पृथक् प्रतिदिन उतनी ही संख्या में होम भी करे । इस प्रकार करते रहने से ४९ दिन के भीतर ही साधक अपना अधिक से अधिक अभीष्ट प्राप्त कर लेता है ॥ १५ ॥

नारिकेलैः कृतो होमश्चतुर्थ्यां श्रीप्रदो भवेत् ।
शुक्लपक्षप्रतिपदमारभ्य दिनशः सुधीः ॥ १६ ॥
चतुर्थ्यन्तं नारिकेलसक्तुलाजतिलैः क्रमात् ।
चतुःशतं प्रजुहुयाद्वश्याः स्युः सर्वजन्तवः ॥ १७ ॥

वश्या इति । तत्र विशेषः प्रयोगसारनारायणीययोः ।

साध्यं पाशाङ्कुशाभ्यामिह विधिवदुपानीय तस्योपरिस्थो
वश्याकाङ्क्षी जपेत्तं सपदि विधिरयं हन्ति रुष्टस्य रोषम् ॥ इति ॥ १७ ॥

चतुर्थी के दिन नारिकेल का होम श्री प्रदान करता है । शुक्लपक्ष की प्रतिपदा से लेकर प्रतिदिन चतुर्थी पर्यन्त नारिकेल, सत्तू, लावा और तिल इनमें एक एक दिन के क्रम से एक एक द्रव्य का ४०० संख्या में किया गया होम सभी जन्तुओं को वश में करने वाला होता है ॥ १६-१७ ॥

सतिलैस्तण्डुलैर्होमो लक्ष्मीवश्यप्रदो भवेत् ।
लाजैस्त्रिमधुरोपेतैर्होमः कन्यां प्रयच्छति ॥ १८ ॥

सतिलैरिति । अत्रापि शुक्लप्रतिपदमारभ्य चतुर्थ्यन्तं चतुःशतहोमः । लाजैरिति । अत्रापि शुक्लप्रतिपदमारभ्य चतुर्थ्यन्तं चतुःशतहोमः । तमेव प्रतिपदमारभ्य सप्तमीपर्यन्तमिति विशेषः । तदुक्तम्—

मधुरत्रयसिक्ताभिर्लाजाभिः सप्तवासरम् । इति ॥ १८ ॥

शुद्ध तिल से युक्त तण्डुल का होम लक्ष्मी को वश में करने वाला होता है । त्रिमधुर (दूध, घी एवं मधु) से मिश्रित लावा का होम उत्तम कन्या प्रदान करता है ॥ १८ ॥

अनेन विधिना कन्या वरमाप्नोति वाञ्छितम् ।
आज्याक्तहविषा होमः साधयेदीप्सितं नृणाम् ॥ १९ ॥

अनेन विधिनेति । एतादृशेषु स्त्रीणामप्यधिकार इति सूचितम् ॥ १९ ॥

यदि कन्या त्रिमधुर मिश्रित लावा का होम गणपति मन्त्र से करे तो मनोभिलषित उत्तम पति प्राप्त करती है, घी में संमिश्रित हविष्य पदार्थ के होम से मनुष्य का अभीष्ट सिद्ध होता है ॥ १९ ॥

दध्ना विलोलितैर्लोणैर्होमो निशि चतुर्दिनम् ।
संवादं कुरुते तद्वद्वश्यं वितनुते सदा ॥ २० ॥

चतुर्दिनमिति । प्रतिपदमारभ्य चतुर्थीपर्यन्तम् । संवादः संवननम् ॥ २० ॥

यदि प्रतिपदा से लेकर चतुर्थी पर्यन्त मात्र चार दिन पर्यन्त रात्रि में लवण मिश्रित दधि का होम करे तो साधक जिसे वश में करना चाहता है वह वश में हो जाता है ॥ २० ॥

श्वेतार्कभवमूलेन रक्तचन्दनदारुणा ।
इभभग्नेन निम्बेन दन्तिदन्तेन वा कृतम् ॥ २१ ॥
विघ्नेश्वरं समभ्यर्च्च्य शीतांशुग्रहणे जपेत् ।
स्पृष्ट्वा मन्त्री निराहारस्तं शिखायां समुद्वहन् ॥ २२ ॥
युद्धेषु व्यवहारादौ विजयश्रियमाप्नुयात् ।

जपेदिति । ग्रहणादिमोक्षान्तम् ॥ २१-२३ ॥

सफेद मन्दार का मूल अथवा रक्त चन्दन की लकड़ी अथवा हाथी के द्वारा उखाड़े गये निम्ब की समिधा से अथवा हाथी के दाँत से चबाने से शेष समिधा को चन्द्रग्रहण काल में उसका स्पर्श कर गणेश की अर्चना कर उक्त मन्त्र का जप करे । पुनः उसे शिखा में बाँध लेवे तो युद्ध में या मुकदमे में साधक अवश्य ही विजय प्राप्त करता है ॥ २१-२३ ॥

मन्त्रेणाऽनेन संजप्ता रोचना मदसंयुता ॥ २३ ॥
तिलकक्रियया सर्वान् वशं नयति मानवान् ।

मदो गजमदः ॥ २३-२४ ॥

हाथी के मद जल से संस्पृष्ट गोरोचन को हाथ में ले कर इस मन्त्र का जप करे । तदनन्तर उससे तिलक करे तो सभी मनुष्यों को वश में कर लेता है ।

अनुलोमविलोमस्थबीजे नाम समालिखेत् ॥ २४ ॥
नवनीते समभ्यर्च्य स्पृष्ट्वा प्राणमनुं जपेत् ।
अष्टोत्तरशतं भूयो मूलमन्त्रं प्रजप्य तत् ॥ २५ ॥
भक्षयेन्मौनमास्थाय यामिन्यां सप्तवासरम् ।
स वश्यो जायते शीघ्रं साधकस्य न संशयः॥ २६ ॥

अनुलोमेति । बीजयोर्मध्ये साध्यसाधककर्मनामानि नवनीते लिखेत् । अनुलोमविलोमेत्यनेन बीजयोः पुटितत्त्वमात्रमुक्तम् । नवनीत इति नूतने । बीजवेष्टितमित्यपि ज्ञेयम् । तदुक्तमाचार्यैः—

नवनीते नवे लिख्यादनुलोमविलोमकम् ।
उदरस्थितसाध्याख्यं तद्बीजं तत्रवेष्टितम् । इति ॥

नवनीत इत्युपलक्षणमपूपादेरपि । 'कार्योऽयं विधिरपूपे च' इति नारायणीये उक्तेः । समभ्यर्च्येति । साध्यगणेशम् । भूयोऽनन्तरम् अष्टोत्तरशतमिति मूलमन्त्रं प्रजप्येत्यत्राऽन्वेति । तन्नवनीतं भक्षयेदिति सम्बन्धः । सप्तवासरमिति । प्रतिपदादि सप्तमीपर्यन्तमित्यर्थः । तन्त्रान्तरोक्तं यन्त्रत्रयमुच्यते ।

अष्टारं पद्ममालिख्य कर्णिकोपरि तस्य च ।
गौरीं बिन्दुसमायुक्तां नाम्ना सार्द्धं समालिखेत् ॥
प्रागादिदलमूलेषु मूर्त्तिबीजान्यथालिखेत् ।
कोणपत्रेषु चाग्नीशनिर्ऋत्यनिलसौम्यतः ॥
क्रमादङ्गाद्यवर्णांश्च ततः पत्राग्रकेषु च ।
मातृशक्त्यादिवर्णांश्च ततः पद्मस्य बाह्यतः ॥
स्वदिक्षु लोकपालानामाद्यर्णानि समालिखेत् ।
बहिः षोडशपत्राढ्यं तत्पत्रेषु स्वरान् लिखेत् ॥
शिष्टं मातृकयाऽऽवेष्ट्या पाशेनैवाऽङ्कुशेन च ।
तस्मिन्नावाह्य देवेशं विघ्नं यन्त्रे समर्चयेत् ॥
क्षौमादिसूत्रे सम्बद्ध्य गले यो मूर्ध्नि धारयेत् ।
तस्य हस्तगता लक्ष्मीर्वाणी जिह्वागता सदा ॥
मेधा मनोगता कीर्त्तिर्वर्द्धमाना सदा दिशि । इति ।

पद्ममित्यष्टदलम् । अष्टारमिति तदुपरि । कर्णिकोपरि कर्णिकामध्ये । गौरी गकारः । मूर्त्तिबीजानीति । क्षिप्रप्रसादनोक्ताष्टमूर्त्त्याद्यक्षराणि । अङ्गेति पञ्चाङ्गपक्षे पञ्चमं सौम्ये । मातर एव शक्तयस्तन्नामाद्यर्णान् । स्वदिक्ष्विति स्वस्वदिक्ष्वष्टारे । शिष्टं मातृकया ककारादिकया । तथा—

षट्कोणं प्रविलिख्य तस्य जठरे बिन्द्वाढ्यपञ्चान्तकं
नाम्ना भूर्जतरुत्वचि प्रविलिखेद्गोरोचनादूर्वया ।
एकारान्वितकालवर्णमथ युक् दन्तेन गान्तं ततः
शक्रार्णं शिरसा वहन्नपि विधिवद्दीर्घश्च पश्चाद्रसः ॥
माया वायुसखस्य मन्त्रवरमालिख्याऽथ कोणेषु तद्-
बाह्ये पाशमथाङ्कुशं प्रविलिखेद्भूमण्डलं बाह्यतः ।
यन्त्रं गन्धमनोहरैश्च कुसुमैरभ्यर्च्य विघ्नेश्वरं
यो धत्ते शिरसि क्षणेन विपुलां लक्ष्मीं लभेन् मानवः ॥ इति ।

मेघोल्काय स्वाहेति मन्त्रः । तथा—

बीजेन रंदहनयुग्मगबीजवीतं
कोणे गमालिख कलावसुकेसरेऽब्जे ।

गायत्रिवर्णदलकेऽप्यथ कादिवीतं
भूबीजयुक्क्षितिगृहेऽखिलदं हि यन्त्रम् ॥

इति ॥ २४-२६ ॥

नवनीत में गणेश के बीजाक्षरों के बीच साध्यनाम कर्म तथा साधक का नाम लिख कर, उसे स्पर्श करते हुये 'प्राणाय स्वाहा' इस प्राणमन्त्र का १०८ बार जप करे, फिर उतना ही गणेश के मूल मन्त्र का जप करे, यह क्रिया रात्रि में प्रतिपदा से सप्तमी पर्यन्त मौन हो संपादन करे और प्रतिदिन उस नवनीत को खाता रहे, तो सात दिन के भीतर वह साध्य को अपने वश में कर लेता है, इसमें संशय नहीं ॥ २४-२६ ॥

महागणपतिमन्त्रः

श्रीशक्तिस्मरभूविघ्नबीजानि प्रथमं वदेत्।
ङेऽन्तं गणपतिं पश्चाद्वरान्ते वरदं पठेत् ॥ २७ ॥
उक्त्वा सर्वजनमेतं वशमानय ठद्वयम्।
अष्टाविंशत्यक्षरोऽयं ताराद्यो मनुरीरितः ॥ २८ ॥

ऋष्यादिकथनम्

गणकः स्यादृषिश्छन्दो गायत्री निवृदन्विता ।
महागणपतिः प्रोक्तो देवता देववन्दिता ॥ २९ ॥

महागणपतिमन्त्रमुद्धरति श्रीति । भूबीजमग्रे वक्ष्यमाणम् । वरदमिति शब्द-कर्मणि द्वितीया मन्त्रे तु सम्बुद्धिः । सर्वजनमिति मन्त्रेऽपि द्वितीयान्तम् । अत्र केचन यकारं कीलकं मन्यमाना गणपतिपदं संबुद्ध्यन्तमाहुः । अन्ये श्रीमहागणपतिपदं संबुद्ध्यन्तं वशंपदद्वित्वमप्याहुः । इदं ग्रन्थकारस्यापि सम्मतमेव । यतो द्वात्रिंशद्भेद-गुणितेत्यत्र गणेशितुर्महामन्त्रमित्युक्तत्वात् । अन्ये विघ्नं चतुर्थ्या युतमित्याचार्यपद्ये विघ्नशब्दो महागणपतिपदोपलक्षक इत्याहुः । एवमिहापि गणपतिशब्दः । यथागुरू-पदेशं च निर्णयः । पद्मपादाचार्यैश्च । 'दीक्षितो मन्त्रीत्यनेन चतुर्थीं परित्यज्य संबुद्धि-स्वीकारः' इत्युक्तम् । मन्त्रदेव प्रकाशिकाकारादिभिरपि संबुद्ध्यन्तस्यैवोद्धृतत्त्वात् । गं बीजं स्वाहा शक्तिः । तदुक्तम् । षष्ठं बीजं द्विठः (बीजान्तजौ) शक्तिरिति ॥२७-२९॥

अब **महागणपति मन्त्र का उद्धार** कहते हैं—श्री (श्रीँ), शक्ति (ह्रीँ), स्मर (क्लीँ), भू (ग्लौँ द्र. १३. ६२), विघ्नबीज (गँ), इतने बीजाक्षरों के बाद चतुर्थ्यन्त गणपति शब्द, पुनः 'वरवरद' शब्द, तदनन्तर 'सर्वजनमेतं वशमानय स्वाहा' इस प्रकार २८ अट्ठाइस अक्षरात्मक मन्त्र को आदि में प्रणव से युक्त करे तो यह महागणपति के मन्त्र का उद्धार हो जाता है ।

इसका स्वरूप इस प्रकार है—'ॐ श्रीँ ह्रीँ क्लीँ ग्लौँ गं गणपतये वर वरद सर्वजनमेतं वशमानय स्वाहा' (२८) ॥ २७-२८ ॥

इस मन्त्र के गणक ऋषि हैं, निवृत् युक्त गायत्री छन्द है और देवगणों से वन्दित महागणपति इसके देवता है ॥ २९ ॥

षडङ्गन्यासः

षड्बीजस्थस्वबीजेन दीर्घभाजा प्रकल्पयेत् ।
षडङ्गानि मनोरस्य यथाविधि विधानवित् ॥ ३० ॥

षडङ्गमाह षड्बीजस्थेति । यथाविधीति । तत्तज्जातियुतानि शैवषडङ्गमुद्राभिरिति च । विधानविदित्यनेनायं प्रयोगः सूचितः । ॐ गां हृत् श्रीं गीं शिरः ह्रीँ गूं शिखा क्लीं गैं वर्म ग्लौं गौं नेत्रं गं गः अस्त्रम् । एष पक्षः साम्प्रदायिकः । केचित्तु प्रणवादिबीजपञ्चकमुच्चार्य गामित्यादिप्रयोगेण षडङ्गक्लृप्तिं वदन्ति । अपरे षड्बीजानां प्राक् गामादीन्याहुः ॥ ३० ॥

विधानवेत्ता, दीर्घयुक्त षड्बीजों के प्रत्येक बीजमन्त्र द्वारा षडङ्गन्यास करे । यथा—ॐ गां हृदये नमः इति हृदि, श्रीँ गीं शिरसे स्वाहा इति शिरसि, ह्रीँ गूं शिखायै वषट् इति शिखायाम्, क्लीँ गैं कवचाय हुँ इति बाह्वोः, ग्लौं गौं नेत्रद्वयाभ्यां वौषट्, गं गः इत्यस्त्राय फट् ॥ ३० ॥

गणपतिध्यानम्

नवरत्नमयं द्वीपं स्मरेदिक्षुरसाम्बुधौ ।
तद्वीचिधौतपर्यन्तं मन्दमारुतसेवितम् ॥ ३१ ॥
मन्दारपारिजातादि कल्पवृक्षलताकुलम् ।
तद्भूतरत्नच्छायाभिररुणीकृतभूतलम् ॥ ३२ ॥
उद्यद्दिनकरेन्दुभ्यामुद्भासितदिगन्तरम् ।
तस्य मध्ये पारिजातं नवरत्नमयं स्मरेत् ।
ऋतुभिः सेवितं षड्भिरनिशं प्रीतिवर्द्धनैः ॥ ३३ ॥

नवरत्नमयं द्वीपमित्यादेरयमर्थः । पृथिव्यनन्तरमिक्षुसमुद्रं नवरत्नमयं द्वीपं नवरत्नमयं पारिजातमिति न्यसेत् । शेषं समानम् । नवरत्नमयमिति । नवरत्नमय द्वीपादुत्पत्तेः पारिजातस्यापि नवरत्नमयत्वम् । अन्ये तु माणिक्यमूलं वैदूर्याङ्कुरं इन्द्रनीलशाखं प्रवालपल्लवं मरकतच्छदं गोमेदशृङ्गं मौक्तिककोरकं वज्रपुष्पं पद्मरागफलमित्याहुः । गणेश्वरविमर्शिन्यामपि—

मणिवज्रप्रवालाख्यफलप्रसवपल्लवैः । इत्यादि ॥ ३१-३३ ॥

इसके अनन्तर इक्षुरस के समुद्र के लहरों से जिसका किनारा निरन्तर धोया जा रहा है और जहाँ मन्द मन्द वायु चल रही है, ऐसे इक्षुरस के समुद्र के मध्य में नवरत्नमय द्वीप का स्मरण करना चाहिए ॥ ३१ ॥

मन्दार पारिजात, आदि एवं कल्पवृक्ष से व्याप्त एवं नव रत्न के समान उनकी छाया से जहां की भूमि अरुणवर्ण की हो गई है ॥ ३२ ॥

उस द्वीप के मध्य में उदीयमान सूर्य एवं चन्द्रमा की कान्ति के समान प्रकाश से दिग्-दिगन्त को भासित करने वाले नवरत्नमय एक पारिजात वृक्ष का स्मरण करना चाहिए जो हर्षित करने वाले छओं ऋतुओं से निरन्तर सेवित रहता है ॥ ३३ ॥

तस्याऽधस्तान्महापीठे रचिते मातृकाम्बुजे ।
षट्कोणान्तस्त्रिकोणस्थं महागणपतिं स्मरेत् ॥ ३४ ॥

पीठे रचित इति व्यधिकरणे सप्तम्यौ । षट्कोणान्तः त्रिकोणस्थमिति । अत्राधोमुखं त्रिकोणं ग्राह्यम् । इदं च मातृकापद्मकर्णिकायामिति ज्ञेयम् ॥ ३४ ॥

उस पारिजात के नीचे मातृकारूपी कमलों से बनाये गये महापीठ पर षट्कोण के मध्य में त्रिकोण स्थित महागणपति का इस प्रकार स्मरण करना चाहिए ॥ ३४ ॥

हस्तीन्द्राननमिन्दुचूडमरुणच्छायं त्रिनेत्रं रसा-
दाश्लिष्टं प्रियया सपद्मकरया स्वाङ्कस्थया सन्ततम्।
बीजापूरगदाधनुस्त्रिशिखयुक् चक्राब्जपाशोत्पल-
व्रीह्यग्रस्वविषाणरत्नकलशान् हस्तैर्वहन्तं भजे ॥ ३५॥
गण्डपालीगलद्दानपूरलालसमानसान् ।
द्विरेफान् कर्णतालाभ्यां वारयन्तं मुहुर्मुहुः॥ ३६ ॥
कराग्रधृतमाणिक्यकुम्भवक्त्रविनिःसृतैः ।
रत्नवर्षैः प्रीणयन्तं साधकान् मदविह्वलम्॥ ३७ ॥

पुरश्चरणादिकथनम्

माणिक्यमुकुटोपेतं रत्नाभरणभूषितम् ।
ध्यायन्मन्त्रं जपेन्मन्त्री चतुर्लक्षं समाहितः॥ ३८ ॥
चतुःसहस्रसंयुक्तं चत्वारिंशत्सहस्रकम्।
दशांशं जुहुयाद् द्रव्यैरष्टाभिर्मोदकादिभिः॥ ३९ ॥

हस्तीति । हस्तीन्द्रो गजश्रेष्ठः । सपद्मकरया वामहस्ते पद्मं दक्षेणालिङ्गनम् । धनुरिक्षुधनुः । त्रिशिखं त्रिशूलम् । वामाधस्ताद्दक्षिणाधः पर्यन्तमायुधध्यानम् । कनककलशस्तु शुण्डाग्रे । तदुक्तम्—

वामोर्ध्वादिक्रमेण ।
चक्रप्रासरसालकार्मुकगदासद्बीजपूरद्विज-
व्रीह्यग्रोत्पलपाशपङ्कजकरं शुण्डाग्रजाग्रद्घटम् ॥ इति ॥

महागणपतिस्तवेऽपि वामदक्षयोरूर्ध्वादिक्रमेण ।

चक्राब्जशूलपाशानिक्षूत्पललगुडकलशमञ्जरिका:
दाडिमरदमणिकुम्भानाबिभ्रतमाश्रये महागणपम् ॥ इति ।

द्राविडास्त्वन्यथा व्याचक्षते । अधोवामदक्षयोराद्ये । तदूर्द्धयोरपरे । तदूर्द्धयोर्मध्ये । तदूर्द्धयोरुपान्त्ये । तदूर्द्धयोरन्त्ये इति । उक्तं च गणेश्वरविमर्शिन्याम्—

दक्षाध:करमारभ्य वामाध: स्थकरान्तिकम् ।
गदाशूलाब्जकह्लारविषाणं दक्षिणै: करै: ॥
शाल्यग्रपाशचक्रेक्षुचापसद्बीजपूरकम् ।
वामैर्दधानं मञ्जीरविलसच्चरणाम्बुजम् ॥
लीलया रत्नकलशं पुष्कराग्रे निधाय च । इति ।

अन्ये तु प्रथमध्यान एव बीजपूरव्यत्ययमिच्छन्ति । अन्ये तु तद्रदयोरेव व्यत्यस्तत्त्वमिच्छन्ति । तेन वामदक्षयो रदबीजपूरौ प्रतिभात: । मन्त्रीति । दशांशं पुष्टिमन्त्रजप उक्त: । स गुरुमुखादवगन्तव्य: ॥ ३५-३९ ॥

गणपति का ध्यान—जिनका मुख श्रेष्ठ, सुलक्षण गज के मुख जैसा माङ्गलिक एवं मनोहर है, जिनके भाल प्रदेश में चन्द्रमा शोभित हो रहा है, जिनकी कान्ति अरुणवर्ण की हैं, जिनके तीन नेत्र हैं, जो अपने अंक में दाहिने हाथ में कमल धारण की हुई पुष्टि नामक प्रिया से बायें हाथ द्वारा सतत् आलिङ्गित हैं, जो अपने हाथों में विजौरा, गदा, बाणयुक्त धनुष, चक्र, कमल, पाश, उत्पल, व्रीहि का अग्रभाग और शुण्ड के अग्रभाग में रत्न का कलश धारण किये हुये हैं ऐसे गणपति का ध्यान करना चाहिए ॥ ३५ ॥

गण्डस्थल से चूते हुये मदजल पर आकृष्ट होने वाले भौंरों को अपने कर्णताल से बारम्बार हटा रहे हैं ऐसे गणेश का ध्यान करता हूँ ॥ ३६ ॥

जो अपने हाथों में धारण किये गये माणिक्यमय कुम्भ के मुख से निकले हुये रत्नों की वर्षा से अपने भक्तों को प्रसन्न कर रहे हैं और स्वयं मद से विह्वल हो रहे हैं ॥ ३७ ॥

पुरश्चरण—जो शिर पर माणिक्य जटित मुकुट एवं अन्य अङ्गों में धारण किये गये रत्नाभरण से भूषित हैं । इस प्रकार के गणपति का ध्यान करते हुये मन्त्रज्ञ उपर्युक्त चार लाख गणपति मन्त्र का जप करे और चौवालीस सहस्र मन्त्रों द्वारा मोदकादि अष्टद्रव्यों से (द्र. १३. ५,६) होम करे ॥ ३८-३९ ॥

तर्पयेद्दिनशो नित्यं प्रागुक्तेनैव वर्त्मना ।
प्रागुक्ते पूजयेत्पीठे विधिना गणनायकम् ॥ ४० ॥

प्रक्प्रोक्तेनेति । चतु:शतं चतुश्चत्वारिंशद्वारमित्यर्थ: । प्रागुक्ते पीठे इति । पूर्वमन्त्रोक्ता: पीठशक्तय: पीठमन्त्राश्चात्रापि ज्ञेया इत्यर्थ: । गणनायकं पूजयेदिति त्रिकोण इति शेष: । विधिनेति वक्ष्यमाणेन । यन्त्रं तु ध्यानावसर एवोक्तम् । सावरणमिति शेष: ॥ ४० ॥

साधक प्रतिदिन पूर्वोक्त कही गई विधि से (द्र. १३. १४-१५) महागणपति का तर्पण भी करता रहे । तदनन्तर पूर्वोक्त पीठ पर विधिपूर्वक गणपति की पूजा करनी चाहिए ॥ ४० ॥

पञ्चमिथुनपूजा

त्रिकोणबाह्ये पूर्वादि चतुर्दिक्षु समर्चयेत् ।
अग्रस्थबिल्ववृक्षाधः श्रियं श्रीपतिमर्चयेत् ॥ ४१ ॥
पद्मयुग्मधरा पद्मा शङ्खचक्रधरो हरिः ।
दक्षिणे वटवृक्षाधो गौरीं गौरीपतिं यजेत् ॥ ४२ ॥
पाशाङ्कुशधरा गौरी टङ्कशूलधरो हरः ।
पश्चिमे पिप्पलस्याऽधो रतिं रतिपतिं यजेत् ॥ ४३ ॥
रतिरुत्पलहस्ताढ्या कोदण्डास्त्रधरः स्मरः ।
सौम्ये प्रियङ्गुवृक्षाधो महीं पोत्रिणमर्चयेत् ॥ ४४ ॥
शुकव्रीह्यग्रहस्ता भूर्गदाचक्रधरः पतिः ।
देवाग्रे पूजयेल्लक्ष्मीसहितं गोपनायकम् ॥ ४५ ॥
षट्सु कोणेषु सम्पूज्या आमोदाद्याः प्रियान्विताः ।
आमोदं सिद्धिसहितमग्रकोणे समर्चयेत् ॥ ४६ ॥
समृद्ध्या युतमभ्यर्चेत् प्रमोदं वह्निकोणतः ।
सुमुखं कान्तिसंयुक्तमीशकोणे समर्चयेत् ॥ ४७ ॥
दुर्मुखं मदनावत्या यजेद्वरुणकोणके ।
विघ्नं मदद्रवायुक्तं कोणे नैशाचरे यजेत् ॥ ४८ ॥
वायव्ये विघ्नहर्त्तारं द्राविण्या सहितं यजेत् ।
पाशाङ्कुशाभयाभीष्टधारिणोऽरुणविग्रहाः ॥ ४९ ॥
गण्डभित्तिगलद्दानपूरधौतमुखाम्बुजाः ।
विघ्नास्तत्प्रमदाः सर्वा मदाघूर्णितलोचनाः ॥ ५० ॥
एकहस्तधृताम्भोजा इतरालिङ्गितप्रियाः ।
षट्कोणपार्श्वयोः पूज्यौ शङ्खपद्मनिधी क्रमात् ॥ ५१ ॥
निजप्रियाभ्यां सहितौ पूर्वोदीरितलक्षणौ ।
केसरेष्वङ्गपूजा स्याद् ब्राह्म्याद्याः पत्रमध्यगाः ॥ ५२ ॥
बहिर्लोकेश्वराः पूज्या वज्रादीनि ततः परम् ।
इत्थं जपादिभिः सिद्धः प्रयोगान् स्वमनीषितान् ॥ ५३ ॥
साधयेदष्टभिर्द्रव्यैरन्यैर्वा कल्पचोदितैः ।

पञ्चमिथुनपूजामाह त्रिकोणेति । टङ्कः परशुः । उत्पलयुक्तौ हस्तौ ताभ्यामाढ्या। अस्त्रं बाणः पोत्रिणं वराहम् । वह्निकोणतः इति । पुरःकल्पितपूर्वदिगपेक्षया यो वह्निकोणस्तत्रेत्यर्थः । एवमीशकोण इत्यत्रापि । एवं पश्चिमनैर्ऋतवायुकोणेष्वपि ज्ञेयम् । तदुक्तमाचार्यैः—

अग्रास्त्रावामोदः प्रमोदसुमुखौ च तमभितोऽस्त्रियुगे ।
पृष्ठे च दुर्मखाख्यस्त्वमुमभितो विघ्नविघ्नकर्त्तारौ ॥ इति ।

विघ्ना इति पूर्वेण सम्बध्यते । पूर्वोदीरितेत्यष्टमपटले । एतदन्तद्वितीयावृत्तिः ॥४१-५४।

इसके बाद त्रिकोण के बाहर पूर्वादि चारों दिशाओं में आगे कहे गये देवियों सहित देवताओं की इस प्रकार पूजा करे त्रिकोण के बाहर अग्रभाग में स्थित बिल्ववृक्ष के नीचे श्री सहित श्रीपति की पूजा करे ॥ ४१ ॥

लक्ष्मी अपने दोनों हाथों में दो कमल और विष्णु अपने हाथों में शङ्ख, चक्र धारण किये हुये हैं । त्रिकोण के बाहर दक्षिणभाग में स्थित विल्व वृक्ष के नीचे गौरी एवं गौरीपति की पूजा करे ॥ ४२ ॥

गौरी के हाथों में पाश और अंकुश हैं तथा शिव के हाथों में फरसा एवं त्रिशूल हैं । पश्चिम में पिप्पल वृक्ष के नीचे रति एवं रतिपति की पूजा करे ॥४३॥

रति के दोनों हाथों में उत्पल हैं एवं काम के हाथों में धनुष एवं बाण हैं । इसके बाद उत्तर दिशा में प्रियङ्गु वृक्ष के नीचे पृथ्वी सहित वाराह की अर्चना करनी चाहिए ॥ ४४ ॥

पृथ्वी के हाथ में तीक्ष्णाग्र भाग युक्त ब्रीहि है और वाराह के हाथ में गदा तथा चक्र है । इसके बाद गणपति के आगे लक्ष्मी सहित श्री कृष्ण की पूजा करनी चाहिए ॥ ४५ ॥

षट्कोण में प्रियाओं से युक्त आमोदादि विनायकों की इस प्रकार पूजा करे । आगे के कोण में सिद्धि सहित **आमोद** की पूजा करे ॥ ४६ ॥

तदनन्तर आग्नेयकोण में समृद्धि सहित **प्रमोद** की पूजा करे । ईशान कोण में कान्ति के सहित **सुमुख** की पूजा करे ॥ ४७ ॥

इसी प्रकार वरुणकोण में मदनावती सहित **दुर्मुख** की और नैर्ऋत्य कोण में मदद्रवायुक्त **विघ्न** की पूजा करे ॥ ४८ ॥

वायव्य कोण में द्राविणी सहित **विघ्नेश्वर** की पूजा करे । इन सभी देवी और देवताओं ने अपने हाथों में पाश, अंकुश, अभय तथा वर मुद्रा धारण किया है । सभी के शरीर की कान्ति अरुण वर्ण की है ॥ ४९ ॥

सभी के मुख, कमल गण्डस्थल से गिरते हुये मदजलों से धौत हैं । आमोद से लेकर विघ्न पर्यन्त सभी विनायक एवं उनकी स्त्रियाँ मद से मत्त होकर अपने नेत्रों द्वारा घूर रही हैं ॥ ५० ॥

वे एक हाथ में तो कमल धारण की हैं तथा दूसरे हाथ से अपने अपने प्रियतमों का आलिङ्गन कर रही हैं । षट्कोण के दोनों पार्श्वभाग में क्रमशः शङ्ख निधि एवं पद्मनिधि का प्रिया से युक्त पूर्व में कहे गये लक्षणों के अनुसार (द्र. ८. १४-१५) पूजन करना चाहिए । केशरों में अङ्गपूजा तथा पत्रों के मध्य में ब्राह्मी आदि की पूजा करनी चाहिए (द्र. ६. १७-१८) ॥ ५१-५२ ॥

बाहर लोकेश्वरों का उसके बाद उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करे । इस प्रकार की विधि से जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तब स्वाभिलषित सिद्धि के लिये इस मन्त्र का अनुष्ठान करना चाहिए ॥ ५३ ॥

अष्टद्रव्यों के होम से अथवा गणपति कल्प में कहे गये अन्य द्रव्यों से स्वाभीष्ट लाभ करना चाहिए ॥ ५४ ॥

पद्महोमेन भूपालांस्तत्पत्नीरुत्पलैः शुभैः ॥ ५४ ॥
मन्त्रिणः कुमुदैः फुल्लैर्विप्रान् पिप्पलसम्भवैः ।
समिद्वरैर्नरपतीनुदुम्बरसमुद्भवैः ॥ ५५ ॥
प्लक्षैर्वैश्यान् वटोद्भूतैः शूद्रान्मन्त्री वशं नयेत् ।
मधुना स्वर्णलाभः स्याद् गोदुग्धेन लभेत गाः ॥ ५६ ॥
आज्यहोमेन महतीं श्रियमाप्नोति मानवः ।
दध्ना सर्वसंमृद्धिः स्यादन्नैरन्नपतिर्भवेत् ॥ ५७ ॥

पद्महोमेन भूपालानित्यादेर्मन्त्री वशं नयेदित्यादिना सम्बन्धः । मन्त्रीत्यनेन सर्वपदस्थाने साध्यनामेत्युक्तम् । समिद्वरैरिति । अग्रेऽपि त्रिषु सम्बध्यते ॥ ५४-५७ ॥

पद्म के होम से राजाओं को तथा उत्पल (नीले कमल) के होम से राजपत्नी को वश में करना चाहिए । फूले हुये कुमुद पुष्प के होम से राजमंत्रियों को, पिप्पल की उत्तम समिधाओं के होम से ब्राह्मणों को, उदुम्बर समिधाओं के होम से क्षत्रियों को, पाकर की समिधा के होम से वैश्यों को और वट वृक्ष की जटा के होम से मन्त्रज्ञ शूद्रों को वश में कर लेता है । मधु के होम से सुवर्ण की प्राप्ति तथा गाय के दूध के होम से गायों का लाभ होता है ॥ ५४-५६ ॥

मनुष्य घृत के होम से बहुत बड़ी श्री, दधि होम से सब प्रकार की सम्मृद्धि तथा अन्न के होम से अन्नपति होता है ॥ ५७ ॥

वृष्टिकामः प्रजुहुयाद् वेतसानां समिद्वरैः ।
कुसुम्भकुसुमैर्हुत्वा वासांसि लभतेऽचिरात् ॥ ५८ ॥

वृष्टीति । अत्र स्वबीजानन्तरममृतबीजं ज्ञेयम् ॥ ५८ ॥

वर्षा होने के लिये साधक को वेंत की समिधा द्वारा होम करना चाहिए । कुसुम्भ के पुष्पों के द्वारा होम करने से शीघ्र ही नाना प्रकार के वस्त्रों की प्राप्ति होती है ॥ ५८ ॥

चतुरावृत्तितर्पणम्

प्रत्येकमादौ मूलेन चतुर्वारं प्रतर्पयेत् ।
श्रीशक्तिरतिभूलक्ष्मीः स्वबीजाद्याः प्रियान्विताः ॥ ५९ ॥

चतुरावृत्तितर्पणप्रकारमाह प्रत्येकमिति त्रिभिः । आदौ मूलेन चतुर्वारं प्रतर्पयेत् । प्रत्येकमित्यस्यायमर्थः । या या देवता तर्पणोया तत्र तत्रादौ मूलेन चतुर्वारं चतुर्वारं तर्पणं कर्त्तव्यम् । स्वबीजाद्या इति । स्वस्वबीजाद्याः प्रियान्विताः प्रत्येकं तर्पयेदिति सम्बन्धः ॥ ५९ ॥

जिस देवता का तर्पण करना हो, उस उस देवता के तर्पण के पहले मूल मन्त्र से चार चार बार तर्पण करे । इसके बाद श्री, शक्ति, रति भू, लक्ष्मी इन पाँचों की उनके पतियों के साथ, उनके बीज मन्त्रों से समस्त तथा व्यस्त क्रम से चार चार बार तर्पण करे ।

यथा—मूलमन्त्र 'महागणपति तर्पयामि' से चार बार महागणपति का तर्पण कर पश्चात् 'श्रीँ श्रीँ श्रीँ पतितर्पयामि' इस समस्त क्रम से चार बार पुनः श्रीँ श्रीपतिसहितां श्रियं तर्पयामि इस व्यस्त क्रम से भी चार बार तर्पण करे ॥ ५९ ॥

आमोदादीन् स्वबीजाद्यान् शक्तियुक्तांश्च तर्पयेत् ।
चतुश्चतुः पृथक्मन्त्री शङ्खपद्मनिधी तथा ॥ ६० ॥
नामादिबीजसहितौ तर्पयेत् स्वप्रियान्वितौ ।
तर्पणेनाऽमुना स्वीयमिष्टमाप्नोति मण्डलात् ॥ ६१ ॥

स्वबीजाद्यानिति गणपतिबीजाद्यान् । यथा चतुर्वारं स्वप्रियान्विताविति वसुधारावसुमतीसहितौ । तद्यथा । मूलमन्त्रेण महागणपतिं तर्पयामीति चतुर्वारं सन्तर्प्य श्रीं श्रीश्रीपती तर्पयामीति चतुर्वारं सन्तर्पयेत् । अत्र लक्ष्मीशब्देन पञ्चमक्रममिथुनं संगृहीतम् पूजाक्रमविवक्षया । तदुक्तमाचार्यैः स्तवे—

पञ्चकारणभेदेन यस्मान् मिथुनपञ्चकम् ।
करोति पञ्च कृत्यानि तदाद्यं मिथुनं भजेत् ॥ इति ।

अन्यत्रापि— प्रथमं पूजयेद्देवं ततो मिथुनपञ्चकम् ॥ इति ।

अन्यत्रापि न्यासावसारे—

शिरोवक्त्रहृदम्भोजगुह्यपत्स्वपि पञ्चकम् ।
मिथुनानां न्यसेत् स्वीयैर्बीजैः स्वैर्नामभिः पृथक् ॥ इति ॥

एवं त्रयोदश देवतानां तर्पणानि भवन्ति । त्रयोदशवारं मूलतर्पणानि । सर्वान्ते मूलेन चतुर्वारं तर्पणम् । एवमष्टोत्तरशतं तर्पणानि भवन्ति । अयं कनिष्ठः प्रकारः । पद्मपादाचार्यैः कनिष्ठप्रकारे चतुर्विंशत्यधिकैकशततर्पणान्युक्तानि । तद्यथा । मूलं ४ महागणपं ४ मूलं ४ पुष्टिं ४ पञ्चमिथुनानि ४० आमोदादि ६४ मूलं ४ एवमिति । मध्यमप्रकारस्तु प्रियान्विता इति व्यस्ततर्पणेन । तत्र व्यस्तत्वं मूले प्रियान्विताः

शक्तियुक्तानित्युक्तेर्लभ्यते । तद्यथा । मूलं चतुर्वारं सन्तर्प्य श्रीं श्रीपतिसहितां श्रियं तर्पयामीति चतुर्वारं पुनः श्रीं श्रीसहितं श्रीपतिं तर्पयमीति चतुर्वारं तर्पयेत् । एवं षड्विंशतिदेवतातर्पणानि षड्विंशतिवारं मूलतर्पणानि च अन्ते मूलेन चतुर्वारं तर्पणं सर्वादौ च मूलेन स्वतन्त्रतया चतुर्वारं तर्पणम् । एवं षोडशोत्तरा द्विशती तर्पणानां भवति । उत्तमप्रकारस्तु प्रत्येकमादौ वक्ष्यमाणतर्पणानामिति शेषः । चतुर्वारं तर्पयेदादावन्ते चेत्यर्थः । मूलेन प्रत्यर्णमित्यर्थः । मूलमन्त्रस्याक्षराणि प्रत्येकं तर्पयेत् । तद्यथा । आदौ मूलम् ४ प्रथमाक्षरम् ४ पुनर्मूलम् ४ एवमष्टाविंशति वर्णतर्पणानि अष्टाविंशतिवारं मूलतर्पणानि च अन्ते चतुर्वारं मूलेन । एवं द्विशती अष्टाविंशत्यधिका तर्पणानाम् । ततो मध्यमप्रकारवदेव द्विशती षोडशोत्तरा । एवं चतुश्चत्वारिंशदधिकं चतुःशतं तर्पणानि भवन्ति । तदुक्तं गणेश्वरविमर्शिन्याम्—

सर्वाभीष्टप्रदं वक्ष्ये चतुरावृत्तितर्पणम् ॥
एकान्ते विजने रम्ये सर्वोपद्रववर्जिते ॥
कृतस्नानादिको मन्त्री पूर्ववन्न्याससंयुतः ।
तडागमध्ये सञ्चिन्त्य पुष्पितं नलिनीवनम् ॥
तस्य मध्ये महापद्मं तरुणादित्यसन्निभम् ।
समुन्नतं सुगन्धाढ्यं रमणीयं मनोहरम् ॥
सद्योविकसितं ध्यायेन्मन्त्री पूर्वोक्तमन्त्रवित् ।
शुद्धरजतसोपानपङ्क्त्याभरविमण्डलात् ॥
विनिर्गत्याऽवरुह्याऽथ कर्णिकामध्यसंस्थितम् ।
इति ध्यात्वा सावरणं महागणपतिं सुधीः ॥
प्रवरैर्गन्धिकुसुमैः समभ्यर्च्याऽथ पूर्ववत् ।
निधाय पुष्करमुखं साधकेन्द्रस्य मूर्द्धनि ॥
वर्षन्तं रत्नधाराभिर्ध्यात्वा देवस्य मूर्द्धनि ।
चन्द्रचन्दनकाश्मीरकस्तूरीलोलितैर्जलैः ॥
प्रथमं मूलमन्त्रेण चतुर्वारं प्रतर्प्य च ।
मिथुनानि च षड्विघ्नान् शङ्खपद्मनिधी अपि ॥
स्वस्वबीजादिकैर्मन्त्री स्वाहान्तैश्च चतुश्चतुः ।
मूलमन्त्रं चतुर्वारपूर्वकं तर्पयेत् पृथक् ॥
सम्भूयाऽष्टोत्तरशतं कनिष्ठः स्यादयं क्रमः ।
अथवा मूलमन्त्राद्यैर्व्यस्तैरेतैश्च पूर्ववत् ॥
मन्त्रैर्वा तर्पयेद्विद्वानर्चनोक्तप्रकारतः ।
मध्यक्रमोऽयं सम्भूय द्विशतं षोडशोत्तरम् ॥
अथवा मूलमन्त्रेण चतुर्वारं प्रतर्प्य च ।
पूर्वमन्त्राक्षरैर्मन्त्रैः स्वाहान्तैश्च चतुश्चतुः ॥
मूलमन्त्रं चतुर्वारपूर्वकं सम्प्रतर्प्य च ।
मिथुनादींस्ततः पश्चात् पूर्ववत्सम्प्रतर्पयेत् ॥
भवेत् सम्भूय स चतुश्चत्वारिंशच्चतुःशतम् ।
एवं ज्येष्ठक्रमः प्रोक्तो बुधैरागमपारगैः ॥
एवं सन्तोष्य तत्पश्चात् पूर्ववत् सोपचारकैः ।

सर्वाभीष्टं च सम्प्रार्थ्य प्रणम्योद्वासयेत् सुधीः ॥
य एवं तर्पयेन्नित्यं मण्डलात् सकलं लभेत् ।
अनावृष्ट्यां भये घोरे राजचौराद्युपद्रवे ॥
महाज्वरे विवादे च महादारिद्र्यसङ्कटे ।
विवाहादिषु कार्येषु सर्वेषु च विशेषतः ॥
एवं वै तर्पणं कुर्यान् मानवेन्द्रः प्रसन्नधीः ।
महागणेश्वरः प्रीतो महासम्पत्करो भवेत् ॥ इति ॥

अन्ये तु लक्ष्मीशब्देन शक्तिमत्प्राधान्यमिति वदन्ति । मन्त्रोद्देशक्रमो विवक्षितः । तन्मते प्रथमं विंशतिवारं ततोऽष्टाविंशतिमन्त्राक्षरैः तावत्कृत्वो मूलेन एतदन्तं चतुर्वारं मूलेन ततश्चतुर्विंशतिदेवतातर्पणानि । तावत्कृत्वो मूलतर्पणानि तदन्ते मूलेन चतुर्वारम् । एवं चतुःशतचतुश्चत्वारिंशत्तर्पणानि भवन्ति । तदुक्तं रहस्यपटले मूलनारायणीये—

विंशत्संख्यं तर्पयित्वा तु पूर्वं मान्त्रैर्वर्णैर्वेदवारं द्विठान्तैः ।
मध्ये मध्ये तर्पयेद्विघ्नराजं लक्ष्म्यादीनां तर्पणं चैवमेव ॥ इति ॥

अन्यत्रापि—प्रथमं विंशतिवारं मिथुनानां विघ्नषट्शक्तीनाम् ।
प्रत्येकं निधिशक्त्योश्चतुरावृत्या च मूलेन ॥
मूलात्मकवर्णानामेवं सन्तर्पिते च निशितधिया ।
स चतुश्चत्वारिंशचतुःशतं संख्यया भवेदेवम् ॥ इति ॥

ये तु महागणपतिशब्दं सम्बुद्ध्यन्तमाहुः त एकोनत्रिंशदक्षरतर्पणं तावत्कृत्वो मूलेन षडविंशतिमिथुनतर्पणं तावत्कृत्वो मूलान्ते मूलेन चतुर्वारमिति संख्यापूर्त्तिमाहुः । ये तु गणपतिपदं सम्बुध्यन्तमाहुः ते मूलं ४ महागणपतिं ४ मूलं ४ पुष्टिं ४ ततोऽक्षरतर्पणं तावन्मूलेन पूर्ववन्मिथुनादितर्पणम् अन्ते मूलेनेति संख्यापूर्त्तिमाहुः । त्रिंशदक्षरे तु अक्षरमूलतर्पणानि अन्ते ४ मूले ४ मूलेनेति २४८ ततो मिथुनाष्टकेनाऽन्ते मूलेनेति ६८ तत आमोदादीनामन्ते मूलेनेति १३२ । एवं संख्यापूर्त्तिर्ज्ञेया । ये तु श्रीमहागणपतिशब्दं सम्बुध्यन्तं वशंशब्दस्य च द्वित्वमाहुः ते द्वात्रिंशदक्षरं तर्पणं तावत्कृत्वो मूलेन बीजपूराद्येकादशभिः ८८ मिथुनचतुष्टयषड्विघ्ननिधिद्वयेन कनिष्ठोक्तप्रकारेण तावत्कृत्वो मूलेनाऽन्ते च चतुर्वारं मूलेनेत्याहुः । बीजापूरादिमन्त्रास्तु—

बीजापूरं गदा चेक्षुकार्मुकं च त्रिशूलयुक् ।
चक्राब्जपाशोत्पलानि कलमाग्रं विषाणयुक् ॥
ङेन्ताश्च रत्नकलशो हृदन्ताः प्रणवादिकाः ।
गंबीजाद्यादिकाः पञ्च श्रीबीजाद्यादिकाः पुनः ॥
षड्बीजाद्योऽन्तिमश्चैते वक्ष्यमाणपदादिकाः ।
यथाक्रमं महाविघ्नायुधानां मनवः स्मृताः ॥

बीजपूरादयः पञ्च विलोमेन गंबीजाद्यानि गं ग्लौं क्लीं ह्रीँ श्रींबीजानि आदौ येषां तथा । पुनः रत्यादयः पञ्चक्रमेण श्रीबीजाद्याः श्रीमित्यादि पञ्चबीजादिकाः । अन्तिमो रत्नकलशः प्रणवादिषड्बीजाद्य इत्यर्थः ।

मन्त्रकला शक्तिसप्राणत्रिगुणः कालचक्रलयक्षयौ च ।
व्याप्तिरक्तिभूस्वरूपं विद्यात्रैलोक्यमात्मने युक्तम् ॥ इति ॥

पद्मपादाचार्यास्त्वन्यथा चतुरावृत्तितर्पणमाहुः । तद्यथा । दशधा भिन्नेन मूलमन्त्रेण बीजपूराद्येकादशभिर्महागणपतिक्षिप्रप्रसादनतदुक्तविघ्नाद्यष्टनामयुतेन गणपतय इत्यस्मात् पूर्वं मूलमन्त्रेण चतुर्विंशतिदेवताश्च एवं पञ्चपञ्चाशद्देवतातर्पणानि तावन्ति मूलेन अन्ते चतुर्वारं मूलेनेति चतुःशतं चतुश्चत्वारिंशत् ।

प्रयोगसारे तु—अष्टाविंशतिरक्षराणि दशभिर्युक्तं चतुर्भिः पदैः ।
पश्चात् पञ्चरमादिकांश्च गणपान् षट् द्वौ निधी तर्पयेत् ॥
प्रत्येकं मनुनाऽमुना च चतुरावृत्त्या विभोर्मस्तके
ध्यात्वा रत्नमयं महागणपतिं भक्तप्रसन्नं सुधीः ॥ इति ॥ ६०-६१ ॥

इसके बाद आमोदादि की भी उनके शक्तियों के साथ उनके नाम के आदि अक्षर के बीज से युक्त कर चार चार बार पृथक् पृथक् तर्पण करे ।

यथा—'सिं सिद्धिसहितमामोदं तर्पयामि' इस क्रम से चार बार, पुनः 'सिं आमोद सहितां सिद्धिं तर्पयामि' इस व्यस्त क्रम से भी चार बार प्रत्येक आमोदादि देवताओं का तर्पण करे ।

इस प्रकार के १३. १५ में कहे गये ४४४ तर्पण से साधक शीघ्र ही ४९ दिन के भीतर अपना अभीष्ट प्राप्त कर लेता है ॥ ६०-६१ ॥

विमर्श—संक्षेप में ४४४ तर्पण का प्रकार इस प्रकार उद्धृत किया जाता है—सर्वप्रथम मूल से चार बार तर्पण कर, १. श्री, २. श्रीपति, ३. गौरी, ४. गौरीपति, ५. रति, ६. रतिपति, ७. मही, ८. वराह, ९. लक्ष्मी, १०. कृष्ण, ११. आमोद, १२. सिद्धि, १३. समृद्धि, १४. प्रमोद, १५. सुमुख, १६. कान्ति, १७. दुर्मुख, १८. मदनावती, १९. विघ्न, २०. मदद्रवा, २१. विघ्नहर्त्ता, २२. द्राविणी, २३. शङ्खनिधि, २४. उनकी प्रियतमा, २५. पद्मनिधि एवं २६. उनकी प्रियतमा—इन २६ देवताओं का चार चार बार तर्पण करने से १०४ बार तर्पण होता है । इसी प्रकार मूल मन्त्र को भी २६ × ४ बार तर्पण करने से १०४ संख्या होती है । प्रथम मूल मन्त्र से चार तथा अन्त में मूल मन्त्र से चार बार तर्पण करने से कुल २१६ तर्पण संख्या हुई । यह मध्य क्रम कहा गया ।

अब २८ अक्षर के मूल मन्त्र को अक्षरों की संख्या के अनुसार तर्पण करने से जो संख्या आवेगी उसका निर्देश करते हैं । प्रथम मूल ४ तदनन्तर प्रथमाक्षर ४, पुनः मूल ४ इस प्रकार मूल मन्त्र के तर्पण की संख्या २८ × ४/११२ । पुनः मूल मन्त्र के से तर्पण की संख्या २८ × ४/११२ अन्त में चार बार और आदि में चार बार इस प्रकार मूल मन्त्र के अक्षरों की संख्या के अनुसार कुल २२८ बार तर्पण सिद्ध होता है । यह उत्तम प्रकार है । अब उपर्युक्त मध्य क्रम के २१६ संख्या को इसमें मिला देने से कुल तर्पण की संख्या ४४४ हुई । इसी का निर्देश १३. ५९-६१ में किया गया है ॥ ६०-६१ ॥

भूबीजम्

स्मृतिस्थं मांसमौबिन्दुयुक्तं भूबीजमीरितम् ॥ ६२ ॥

भूबीजमुद्धरति स्मृतीति । मांसं लकारः स्मृतिस्थं गकारस्थं औ स्वरूपं बिन्दुश्च एतद्युक्तः । तेन ग्लौं इति ॥ ६२ ॥

अब **भूबीज के उद्धार का प्रकार** कहते हैं—मांस (लकार) स्मृतिस्थ (गकार) उस पर बिन्दु सहित औ की मात्रा? यह भूबीज का उद्धार कहा गया । इस प्रकार इसका स्वरूप 'ग्लौं' होगा ॥ ६२ ॥

महागणपतियन्त्रम्

बीजं षट्कोणमध्ये स्फुरदनलपुरे तारगं दिक्षु लक्ष्मीं
मायाकन्दर्पभूमीस्तदनु रसपुटेष्वालिखेद्बीजषट्कम् ।
तत्सन्धिष्वङ्गमन्त्रान् वसुदलकमले मूलमन्त्रस्य वर्णान्
शिष्टान् पत्रेषु विद्वान् विलिखतु गुणशश्चाऽन्त्यमन्त्ये पलाशे ॥६३॥
आवीतं लिपिभिः क्रमोत्क्रमवशात् पाशाङ्कुशाभ्यामपि
क्ष्मागेहद्वितयेन वेष्टितमिदं यन्त्रं गणाधीशितुः ।
लाक्षाकुङ्कुमरोचनामृगमदैर्भूर्जे वरे हेम्नि वा
संलिख्याऽभिवहन् लभेत सकलैः संप्रार्थनीयां श्रियम् ॥ ६४ ॥
उक्तं महागणपतेर्विधानं सुरपूजितम् ।
सर्वसिद्धिकरं पुंसां समस्तपुरुषार्थदम् ॥ ६५ ॥

यन्त्रमाह बीजमिति । वसुदलकमले अष्टदलपद्मे षट्कोणमध्ये स्फुरदनलपुरे लसत्त्रिकोणे तारगं प्रणवस्थं बीजं गणपतिबीजं गमिति लिखेदित्यन्वयः । दिक्षु त्रिकोणाद्बहिः अग्रादीति ज्ञेयम् । रसपुटेषु । षट्सु कोणेषु । बीजषट्कं मन्त्राद्यम् । तस्य अग्रादि षट्कोणस्य सन्धिषु अङ्गमन्त्रान् महागणपतेः षडङ्गमन्त्रान् । पत्रेषु मन्त्रस्य द्वाविंशतिवर्णान् शिष्टान् गुणशस्त्रिशः अन्त्यं वर्णमष्टमे दल एकमेव लिखेत् । ततः क्रमोत्क्रमलिपिभिर्वेष्टयेत् । ततः पाशाङ्कुशाभ्यां वेष्टयेत् । पद्मपादाचार्यैस्तु 'अष्टपदान्यष्टपत्रे विलिख्य तद्बहिर्वृत्तत्रये मातृकापाशाङ्कुशार्णान् विलिख्य तद्बहिर्भूपुरद्वये पाशमायाबीजे लिखेत्' इत्युक्तम् । लाक्षा अलक्तकरसः । कुङ्कुमं काश्मीरजम् । रोचना गोरोचना । मृगमदः कस्तूरी ॥ ६३-६५ ॥

अब **यन्त्र का प्रकार** कहते हैं—अष्टदल कमल के मध्य में षट्कोण फिर उसके मध्य में त्रिकोण निर्माण करे, फिर त्रिकोण में प्रणव युक्त गणपति बीज (गम्) लिखे ॥ ६३ ॥

पुनः त्रिकोण के बाहर दिशाओं में आगे के क्रम से लक्ष्मीं बीज, माया बीज, कन्दर्पबीज और भूमि बीज लिखे । तदनन्तर षट्कोणों में गणपति के आद्य बीज, प्रणव, श्री, शक्ति, स्मर, भू और कामबीज के छः अक्षरों को अलग अलग

लिखे (बीजाक्षरों के लिये देखें १३. २७) पुनः उनकी सन्धियों में महागणपति के षडङ्गमन्त्रों को लिखे । पत्रों पर महागणपति के बीजाक्षरों से शेष बचे हुये २२ अक्षरों के तीन तीन वर्णों को सात पत्रों पर लिखे । शेष एक वर्ण अष्टम पत्र पर लिखे । तदनन्तर उसे क्रमानुसार एवं उत्क्रमानुसार मातृकावर्णों से लिख कर घेर देवे । भूपुर में पाश (आँ) और अंकुश (क्रोँ) लिख कर घेर देवे । इस प्रकार गणपति के यन्त्र का उद्धार कहा गया । यह यन्त्र अलक्तक के रस कुंकुम, गोरोचन और कस्तूरी के द्वारा भूर्जपत्र पर अथवा सुवर्णपत्र पर लिख कर धारण करे तो साधक अपनी समस्त कामनायें प्राप्त कर लेता है ॥ ६४ ॥

यहाँ तक देवताओं के द्वारा प्रशंसित गणपति का विधान कहा गया है, जो पुरुषों को समस्त सिद्धियाँ प्रदान करता है और समस्त पुरुषार्थो को भी प्रदान करता है ॥ ६५ ॥

विरिगणपतिमन्त्रः

माया विरिपदद्वन्द्वां ततो गणपतिं वदेत् ।
खड्गीशपावकौ पश्चाद्वरदान्ते वदेत् पुनः ॥ ६६ ॥
सर्वलोकं मे पदान्ते वशमानय ठद्वयम् ।
षड्विंशत्यक्षरो मन्त्रो भजतां सुरपादपः ॥ ६७ ॥

ऋष्यादिकथनम्

गणकः स्यादृषिश्छन्दो गायत्रं देवता मनोः ।

विरिगणपतिमन्त्रमाह मायेति । खड्गीशो वः पावको रेफः । हृल्लेखा बीजं स्वाहा शक्तिः । केचन वरेत्यादिपञ्चाक्षराणि लोकामिति च हित्वा एकोनविंशत्यक्षरमाहुः । अस्य निवृच्छन्दः । अन्यत् पूर्ववत् । केचन लोकपदे जनपदं पठन्ति । अन्ये विरीत्यादौ महागणपतिबीजषट्कं प्रयोजयन्ति ॥ ६६-६८ ॥

अब **विरिगणपति मन्त्र का उद्धार** कहते हैं—प्रथम माया (ह्रीँ), पुनः दो बार 'विरि विरि' पद, तदनन्तर 'गणपति' पद, इसके बाद खड्गीश (व), पुनः पावक (र), पश्चाद् 'वरद' पद, अन्त में 'सर्वलोकं मे वशमानय स्वाहा'—इस प्रकार यह २६ अक्षरों वाला महामन्त्र अपने सेवकों को कल्पवृक्ष के समान फल प्रदान करता है ।

इसका **स्वरूप**—'ह्रीँ विरि विरि गणपति वर वरद सर्वलोकं मे वशमानय स्वाहा' है । इसके ऋषि गणक हैं तथा गायत्री छन्द है ॥ ६६-६८ ॥

विरिविघ्नेश्वरः प्रोक्तो भजतां सर्वकामदः ॥ ६८ ॥
अन्तःकरणवेदेषु भूतपञ्चविलोचनैः ।
एवं विभक्तैर्मन्त्रार्णैर्मायाद्यैरङ्गकल्पना ।
महागणपतेः प्रोक्ते स्थाने मन्त्री विचिन्तयेत् ॥ ६९ ॥

षडङ्गमाहान्तरिति । अन्तःकरणानि चत्वारि वेदाश्चत्वार इषवः पञ्चभूतानि पञ्चलोचन द्वे । द्वितीयस्य षट्पदैः षडङ्गम् । तृतीयस्य महागणपति मन्त्रवत् ॥ ६८ ॥

इस मन्त्र के 'विरिविघ्नेश्वर' देवता हैं और यह अपने भजन करने वालों के लिये कल्पवृक्ष है ॥ ६८ ॥

चार अक्षर, फिर चार अक्षर, पुनः पाँच, पाँच, पाँच, तदनन्तर तीन—इस प्रकार से अक्षरों का विभाग कर षडङ्गन्यास करे ॥ ६९ ॥

विरिगणपतिध्यानम् । पुरश्चरणादिकथनम्

सिन्दूराभमिभाननं त्रिनयनं हस्तेषु पाशाङ्कुशौ
बिभ्राणां मधुमत्कपालमनिशं सार्द्धेन्दुमौलिं भजे ।
पुष्ट्याश्लिष्टतनुं ध्वजाग्रकरया पद्मोल्लसद्धस्तया
तद्योन्याहितपाणिमात्तवसुमत्पात्रोल्लसत् पुष्करम् ॥ ७० ॥
चतुर्लक्षं जपेन्मन्त्रं तद्दशांशं हुतक्रिया ।
प्राक्प्रोक्तैरष्टभिर्द्रव्यैस्त्रिमध्वक्तैः समीरिता ॥ ७१ ॥
पूर्वोक्ते पूजयेत् पीठे तीव्रादिनवशक्तिके ।
मूलेन मूर्त्तिं सङ्कल्प्या तत्रावाह्याऽर्चयेद्विभुम् ॥ ७२ ॥

पुष्करं करिहस्ताग्रम् । ध्याने तु दक्षे पाशः वामे अङ्कुशः अधोदक्षे मधुमत्कपालम् अधोवामः प्रियायोन्याहितः । तद्वत् पुष्टिरपि चतुर्भुजा । तत्र दक्ष-वामयोः पद्मे । पद्मोल्लसद्धस्तयेत्यत्र पद्माभ्यां उल्लसन्तौ हस्तौ यस्याः सा तथेति विग्रहः । अधोदक्षिणेन प्रियस्याश्लेषः अधोवामेन तद्ध्वजाग्रस्पृगिति सम्प्रदायविदः । कश्चित्तु पुष्टिं द्विहस्तामेवाह । एकहस्ते पद्मं द्वितीयहस्तो ध्वजाग्रस्पृगिति । तन्मते आश्लेषो नाम निकटत्वं न तु हस्तेनालिङ्गनमिति । द्वितीयमन्त्रेऽपि इदमेव ध्यानम् । तृतीयमन्त्रे तु—

बीजापूरगदे शरासनमरिं मालां च दक्षैः करै-
र्वामैर्बाणसपाशकोत्पलरदान् रत्नाढ्यकुम्भं दधत् ।
सिन्दूरारुणविग्रहस्त्रिनयनो योन्यस्तशुण्डो गणः
सल्लिङ्गाहितपाणिमम्बुजकरां पुष्टिं वहन् वोऽवतात् ॥

पूजादिकं त्रयाणां समानम् ॥ ७०-७२ ॥

अब विरिगणपति **ध्यान का प्रकार** कहते हैं—जिनका हाथी के समान मुख है, जो सिन्दूर के समान रक्त वर्ण वाले है, जिनके तीन नेत्र हैं, जो अपने हाथों में क्रमशः पाश, अंकुश और मधुमत्कपाल धारण किये हुये हैं और एक हाथ अपनी प्रियतमा पुष्टि की योनि में डालकर उसमें से निकलते हुये रत्नों को अपने पुष्कर पात्र में धारण कर रहे हैं । एक हाथ से ध्वजाग्र भाग (लिङ्गाग्र) का स्पर्श करती हुई, ऊपर दो हाथों में दो कमल धारण करती हुयी तथा शेष एक हाथ से

प्रियतमा पुष्टि जिनका आलिङ्गन कर रही हैं ऐसे इन्द्रमौलि महागणपति का मैं भजन करता हूँ ॥ ७० ॥

उपर्युक्त मन्त्र का चार लाख जप करे। उसके दशांश से आहुति दे। यह हवन पूर्व में कहे गये त्रिमधुमिश्रित अष्टद्रव्यों से करना चाहिए ॥ ७१ ॥

तदनन्तर तीव्रादि नवशक्तियों से युक्त पीठ पर मूल मन्त्र से मूर्ति की कल्पना कर उसमें गणपति का आवाहन कर पूजन करे ॥ ७२ ॥

मिथुनावृत्तिराद्या स्यादामोदाद्यैर्दिगम्बरैः।
द्वितीयाऽङ्गैस्तृतीया स्याच्चतुर्थी मातृभिः स्मृता ॥ ७३ ॥
पञ्चमी लोकपालैः स्यात् षष्ठी वज्रादिभिः स्मृता।
इति सिद्धमनुर्मन्त्री प्रफुल्लैः सरसीरुहैः॥ ७४ ॥
जुहुयाद्वशगाः सर्वे तण्डुलैस्तिलमिश्रितैः ।
हुत्वा श्रियमवाप्नोति मोदकैराज्यलोलितैः ।
हुत्वा विजयमाप्नोति पार्थिवो युद्धभूमिषु ॥ ७५ ॥

पूर्वोक्त इति महागणपतिपूजायन्त्रे । तीव्रादिनवशक्तिक इत्यनेन पीठमन्त्रस्य मायादित्वमुक्तम् ॥ ७३-७५ ॥

स्त्री सहित गणपति की प्रथमावरण में, दिगम्बर आमोदादि की द्वितीय अवारण में, अङ्गों की तृतीय आवरण में और मातृकाओं की चतुर्थ आवरण में पूजा करे ॥ ७३ ॥

लोकपालों की पूजा पञ्चम आवरण में और उनके वज्रादि आयुधों की पूजा षष्ठ आवरण में करे। इस प्रकार जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तो मन्त्रज्ञ साधक फूले हुये कमलों से दशांश होम करे। ऐसा करने से सभी लोग उसके वश में हो जाते हैं। तिल मिश्रित तण्डुल के होम से श्री की प्राप्ति होती है। घी विमिश्रित मोदक द्वारा होम से राजा युद्धभूमि में विजय प्राप्त करता है ॥ ७५ ॥

मधुत्रयेण हवनं वशं नयति पार्थिवान् ।
भक्ष्यभोज्यादिकं सर्वं हुत्वाऽभीष्टानि साधयेत् ॥ ७६ ॥

मधुत्रयेण पयोमधुघृतेन । भक्ष्यभोज्यादिकमिति । भक्ष्यं लड्डुकादि । भोज्यमन्नादि । आदिशब्देन लेह्यचोष्यादिकं गृह्यते । तत्र लेह्यं रसालादि । तल्लक्षणं सूपशास्त्रे—

अर्द्धाढकं सुचिरपर्युषितस्य दघ्नः खण्डस्य षोडश पलानि शशिप्रभस्य ।
सर्पिः पलं मधु पलं मरिचं द्विकर्षं शुण्ठीपलार्द्धमपि चार्द्धपलं चतुर्णाम् ॥
शक्लोपले ललनया मृदुपाणिघृष्टा कर्पूरपूरसुरभीकृतभाण्डसंस्था ।
एषा वृकोदरकृता सरसा रसाला या स्वादिता भगवता मधुसूदनेन ॥ इति ।

चतुर्णां त्वगेलापत्रकेसराणाम् अर्द्धपलमिति मिलित्वा । तन्त्रान्तरोक्तमस्य यन्त्रं लिख्यते ।

वक्ष्ये महासिद्धिकरं हि यन्त्रं भूर्जस्य पत्रे पशुरोचनाक्तैः ।
दूर्वाङ्कुरैर्भूगृहयुग्मशक्तौ संलिख्य साध्यं विरिसंपुटं च ॥
कोणेषु मन्त्रं श्रुतिशोऽवशिष्टं तेनापि नाम्नाऽप्यथ वेष्टयित्वा ।
संलिख्य यन्त्रं च गणाधिराजमावाह्य चाभ्यर्च्य च गन्धपुष्पैः ॥
संजप्य तद्धारणतश्च नित्यं वशं प्रयात्यस्य जगत् समस्तम् ॥ इति ।

प्रथममन्त्रे श्रुतिश इति त्रिशः । अन्त्यकोणे द्वयम् । द्वितीयमन्त्रे श्रुतिः कर्णस्तेन द्विश इत्यर्थः । तदुक्तम्—

वकाररेफावपि लोचनाढ्यौ पुनस्तथोद्धृत्य गणात्पतीति ।
सर्वं समुच्चार्य च मे वशः स्यात् मकारमायुक्तमतो नयेति ॥

शब्दाच्छिरः स्यात् । इति । तृतीयमन्त्रे श्रुतिशश्चतुर्द्धा । अत्र मध्यगतशक्तिस्तु मन्त्रबाह्या । अन्त्ये दले एकमक्षरं लिखेत् ॥ ७६ ॥

त्रिमधु का होम राजाओं को वश में करने वाला होता है । भक्ष्य भोज्यादि पदार्थों का हवन होता के समस्त संकल्प को पूरा करता है ॥ ७६ ॥

शक्तिगणपतिमन्त्रः

शक्तिरुद्धं निजं बीजं महागणपतिं वदेत् ।
ङेऽन्तमग्निवधूः प्रोक्तो मन्त्रोऽयं द्वादशाक्षरः ॥ ७७ ॥

ऋष्यादिकथनम्

गणकः स्यादृषिश्छन्दो गायत्री निवृदादिका ।
उदिता देवता तन्त्रे नाम्ना शक्तिगणाधिपः ।
व्यस्तैः समस्तैर्मन्त्रस्य पदैरङ्गानि कल्पयेत् ॥ ७८ ॥

शक्तिगणपतिमन्त्रमाह शक्तीति । निजं बीजं गं । ङेऽन्तमित्यस्य पश्चात्तनेन सम्बन्धः । ह्रीँ गं ह्रीँ महागणपतये स्वाहा । गं बीजं स्वाहा शक्तिः । व्यस्तैरिति । मन्त्रस्य पञ्चभिः पदैः पञ्चाङ्गानि सर्वेण षष्ठम् ॥ ७७-७८ ॥

अब **अन्य महागणपति मन्त्र का उद्धार** कहते हैं—शक्ति (ह्रीँ) संपुटित 'ग' बीज के बाद 'महागणपतये स्वाहा' लिखना चाहिए । यह १२ अक्षरों का गणपति का मन्त्र है । इस प्रकार 'ह्रीँ गं ह्रीँ महागणपतये स्वाहा' इस द्वादश अक्षर वाले मन्त्र का उद्धार कहा गया ॥ ७७ ॥

इस मन्त्र के ऋषि गणक हैं, निवृद युक्त गायत्री छन्द है, उदिता देवता हैं, जिन्हें तन्त्र शास्त्र में शक्तिगणाधिप नाम से कहा जाता है । मन्त्र को १. ह्रीँ, २. गं, ३. ह्रीँ, ४. महागणपतये तथा ५. स्वाहा—इस प्रकार पाँच भागों में विभक्त कर तदनन्तर समस्त मूल मन्त्र से षडङ्गन्यास करे ॥ ७८ ॥

शक्तिगणपतिध्यानम्

मुक्तागौरं मदगजमुखं चन्द्रचूडं त्रिनेत्रं
हस्तैः स्वीयैर्दधतमरविन्दाङ्कुशौ रत्नकुम्भम् ।
अङ्कस्थायाः सरसिजरुचः स्वध्वजालम्बिपाणे-
र्देव्या योनौ विनिहितकरं रत्नमौलिं भजामः ॥ ७९ ॥

पुरश्चरणादिकथनम्

लक्षमेकं जपेन्मन्त्रमपूपैस्तद्दशांशतः ।
जुहुयादर्चिते वह्नौ दिनशो देवमर्चयेत् ॥ ८० ॥
प्राक्प्रोक्ते पूजयेत्पीठे प्रागुक्तेनैव वर्त्मना ।
हुत्वेक्षुखण्डैर्मतिमान् राज्यश्रियमवाप्नुयात् ॥ ८१ ॥
नारिकेलफलैस्तद्वद्रम्भापक्वफलैस्ततः ।
वशयत्यखिलं लोकं पृथुकैः शर्करान्वितैः ॥ ८२ ॥
वशं नयति राजानं सक्तुभिर्ब्राह्मणान् शुभैः ।
घृतहोमेन धनवान् जायते नात्र संशयः ॥ ८३ ॥

ध्याने तु ऊर्द्धयोर्दक्षवामयोराद्ये । अधोदक्षे रत्नकुम्भः अधोवामो देवीयोनिस्थः। शुण्डादण्डस्तु रत्नकुम्भोपरीति सम्प्रदायः । सरसिजेन दक्षहस्तस्थितेन रुक्यस्याः सा तथा । तद्वामो ध्वजाग्रस्पृक् । प्रागुक्तेनेत्यव्यवहितेन ॥ ७९-८३ ॥

अब **शक्ति गणपति के ध्यान का प्रकार** कहते हैं—जो मोती के समान गौरवर्ण वाले हैं, जिनके हस्तिमुख से निरन्तर मद स्रावित हो रहा है, जो चन्द्रचूड एवं त्रिनेत्र हैं, जो अपने हाथों में अरविन्द, अंकुश और रत्नकुम्भ धारण किये हुये हैं, जो अपनी गोद में बैठी हुई, ध्वजाग्र का (लिङ्गाग्र) स्पर्श करती हुई, कमल के समान कान्ति वाली पुष्टि नामक भार्या की योनि में अपना एक हाथ डाले हुये हैं ऐसे रत्नमौलीश्वर महागणपति का हम भजन करते हैं ॥ ७९ ॥

उपर्युक्त द्वादशाक्षर मन्त्र का एक लाख जप कर, तदनन्तर अपूप से जलती हुई अग्नि में दशांश होम करे, प्रतिदिन गणपति का पूजन करे ॥ ८० ॥

ऊपर की कही गई विधि के अनुसार ऊपर कहे गये पीठ पर गणपति का पूजन करे और इक्षु खण्ड से प्रतिदिन होम करे तो उसे राज्य श्री की प्राप्ति होती है । नारिकेल के फलों का अथवा पके हुये कदली फलों का होम सभी को वश में करता है । शर्करायुक्त चिउड़ा द्वारा किया गया होम राजा को वश में करता है। उत्तम शुद्ध सत्तुओं का होम ब्राह्मणों को वश में करता है और घृत का होम धन धान्य से युक्त करता है इसमें संशय नहीं ॥ ८१-८३ ॥

मन्त्रान्तरम्

शक्त्या रुद्धं निजं बीजं वशमानय ठद्वयम् ।
ताराद्यो मनुराख्यातो रुद्रसंख्याक्षरान्वितः ॥ ८४ ॥

मन्त्रान्तरमाह शक्त्येति । रुद्रेत्येकादशः । ॐ ह्रीँ गं ह्रीँ वशमानय स्वाहा । गं बीजं स्वाहा शक्तिः ॥ ८४ ॥

शक्ति संपुटित 'गं' बीज, इसके बाद 'वशमानय स्वाहा' इतना पद एवं आदि में प्रणव जोडने पर एकादशाक्षरात्मक गणपति के मन्त्र का उद्धार होता है । इसका स्वरूप—'ॐ ह्रीँ गं ह्रीँ वशमानय स्वाहा' (११) हुआ ॥ ८४ ॥

ऋष्याद्याः पूर्वमुक्ताः स्युरङ्गं मन्त्रपदैर्भवेत् ।
एकेनादौ त्रिभिर्द्वाभ्यां त्रिभिर्द्वाभ्यामनन्तरम् ।
समस्तेनाऽस्त्रमाख्यातं अङ्गक्लृप्तिरियं मता ॥ ८५ ॥

पूर्वमित्यव्यवहितम् । पदान्येवाहं एकेनेति ॥ ८५ ॥

इस मन्त्र के ऋषि छन्द और देवता पूर्वोक्त हैं । मन्त्र का प्रथम भाग ॐ द्वितीय भाग ह्रीँ गं ह्रीँ, तृतीयभाग 'वशं' चौथा भाग 'आनय' पाचवाँभाग स्वाहा, तदनन्तर समस्त मन्त्र से व्यापक न्यास इस प्रकार षडङ्ग कहा गया है ॥ ८५ ॥

हस्तिमुखगणपतिध्यानम्

हस्तैर्बिभ्रतमिक्षुदण्डवरदौ पाशाङ्कुशौ पुष्कर-
स्पृष्टस्वप्रमदावराङ्गमनयाऽऽश्लिष्टं ध्वजाग्रस्पृशा ।
श्यामांग्या विधृताब्जया त्रिनयनं चन्द्रार्द्धचूडं जवा
रक्तं हस्तिमुखं स्मरामि सततं भोगातिलोलं विभुम् ॥ ८६ ॥
लक्षत्रयं जपेन्मन्त्रमिक्षुखण्डैर्दशांशतः ।
अपूपैराज्ययुक्तैर्वा जुहुयान्मन्त्रसिद्धये ॥ ८७ ॥
स्वगुरुं धनधान्याद्यैः प्रीणयेत् प्रीतमानसः ।
पूजा पूर्ववदादिष्टा ततः काम्यानि साधयेत् ॥ ८८ ॥
हुत्वाऽपूपैस्त्रिमध्वक्तैर्वशयेद् भुवि पार्थिवान् ।
चतुर्थ्यां नारिकेलेन महतीं श्रियमश्नुते ॥ ८९ ॥
लवणैर्मधुसंयुक्तैर्वशयेद्वनिताजनम् ।

ध्याने तु वामाधस्ताद्वामोर्ध्वपर्यन्तम् । देवीध्यानं विरिगणपतिध्यानोक्तं ज्ञेयम् । पूर्ववदिति विरिगणपतिवदित्यर्थः ॥ ८६-९० ॥

जो अपने दो हाथों में इक्षुदण्ड एवं वरमुद्रा धारण किये हुये हैं दो हाथों में पाश एवं अंकुश धारण किये हुये हैं । जो अपने पुष्कर (शुण्डाग्र भाग से) अपनी

स्त्री की योनि पकड़े हुये हैं । एक हाथ में कमल धारण करने वाली अन्य हाथ से ध्वज पकड़े हुये श्यामाङ्गी अपनी प्रियता से जो आश्लिष्ट है ऐसे तीन नेत्र वाले, चन्द्रार्ध को अपने मस्तक पर धारण करने वाले, जवा के समान रक्त वर्ण वाले, गजमुख गणपति का मैं स्मरण करता हूँ जो विभु होकर भी भोग के लिये निरन्तर लालायित रहते हैं ॥ ८६ ॥

महागणपति के उपर्युक्त एकादशाक्षर मन्त्र का तीन लाख जप करे । पुनः मन्त्र सिद्धि के लिये उसका दशांश ऊख के टुकड़ों अथवा आज्य युक्त अपूपों से हवन करे ॥ ८७ ॥

तदनन्तर प्रसन्नतापूर्वक अपने गुरु को धन धान्य से संतुष्ट करे, पूजा का प्रकार तो पहले कह आये हैं उसी प्रकार से पूजा करे, फिर अभिलषित कामनाओं की सिद्धि करे ॥ ८८ ॥

त्रिमधुमिश्रित अपूप के होम से साधक पृथ्वी में राजाओं को वश में कर सकता है । यदि चतुर्थी के दिन नारिकेल से होम करता है तो उसे महती श्री की प्राप्ति होती है । मधुसंयुक्त लवण के होम से स्त्रियें को वश में किया जा सकता है ॥ ८९-९० ॥

क्षिप्रप्रसादविघ्नेश्वरमन्त्रः

संवर्त्तको नेत्रयुतः पार्श्वो वहनयासनस्थितः ॥ ९० ॥
प्रसादनाय हृन्मन्त्रः स्वबीजाद्यो दशाक्षरः ।

ऋष्यादिकथनम्

गणको मुनिरस्य स्याद्विराट् छन्द उदाहृतम् ॥ ९१ ॥
क्षिप्रप्रसादनो विघ्नो देवताऽस्य समीरिता ।
दीर्घयुक्तेन बीजेन षडङ्गानि प्रकल्पयेत् ॥ ९२ ॥

क्षिप्रप्रसादमन्त्रमाह संवर्त्तक इति । संवर्त्तः क्षः नेत्रमिकारः तद्युतः । पार्श्वः पकारो वह्न्यासनो रेफासनः । स्वबीजाद्यो गमिति बीजाद्यः गं क्षिप्रप्रसादनाय नमः । श्रीबीजाद्य इति केचित् । गं बीजं आयेति शक्तिः । दीर्घयुक्तेन बीजेनेति आदि-बीजेन ॥ ९०-९२ ॥

अब **क्षिप्रप्रसाद मन्त्र** को कहते हैं—संवर्त्तक (क्ष), उसमें नेत्र (इकार) की मात्रा, पार्श्व (पकार), जो रेफ आसन पर स्थित हो, इसके बाद 'प्रसादनाय नमः' यह पद उच्चारण करे, पुनः सभी मन्त्रों के आदि में 'गं' इस बीज मन्त्र का उच्चारण करे ।

इसका **स्वरूप** निम्न प्रकार होगा—'गं क्षिप्रप्रसादनाय स्वाहा' यह दशाक्षर मन्त्र हुआ ॥ ९० ॥

इस मन्त्र के गणक ऋषि हैं, विराट् छन्द है, इसके देवता क्षिप्र प्रसाद वाले महाविघ्नेश्वर हैं । दीर्घयुक्त बीज से इसका षडङ्ग करना चाहिए ।

यथा—गां गं हृदयाय नमः, गीं गं शिरसे स्वाहा इत्यादि ॥ ९१-९२ ॥

गजमुखगणेशध्यानम्

पाशाङ्कुशौ कल्पलतां विषाणं
दधत् स्वशुण्डाहितबीजपूरः ।
रक्तस्त्रिनेत्रस्तरुणेन्दुमौलि-
र्हारोज्ज्वलो हस्तिमुखोऽवताद्वः ॥ ९३ ॥

पाशेति । विषाणं दन्तम् । आयुधध्यानं दक्षाद्यूर्ध्वयोराद्ये तदधस्थयोरन्त्ये वामोर्ध्वादि वामाधस्तनं यावत् । इत्येके ॥ ९३ ॥

अब **गजमुख गणेश मन्त्र के ध्यान का प्रकार** कहते है—पाश, अंकुश, कल्पलता और स्व विषाण धारण किये हुये शुण्डाग्रभाग में बीजपूर लिये रक्त वर्ण की कान्ति से युक्त शरीर वाले, तीन नेत्रों वाले, मस्तक पर पूर्णचन्द्र से विराजित हार से उज्वल गजमुख भगवान् गणेश आप सभी की रक्षा करें ॥ ९३ ॥

लक्षं जपेज्जपस्याऽन्ते जुहुयादयुतं तिलैः ।
समधुत्रितयैर्द्रव्यैरथवाऽष्टाभिरीरितैः ॥ ९४ ॥

समधुत्रितयैः पयोमधुघृतसहितैरिति तिलविशेषणम् ।

तदुक्तमाचार्यैः— अथ तिलैरयुतं त्रिमधुरसिक्तैर्जुहुयात् । इति ।

मधुरत्रितयैरिति पाठे मधुरस्य त्रितयं येष्विति बहुव्रीहिणा नेयम् ॥ ९४ ॥

उपर्युक्त मन्त्र का एक लाख जप करे । जप के अन्त में तिलों से दस हजार होम करे अथवा त्रिमधुर युक्त पूर्वोक्त अष्टद्रव्यों से होम करे ॥ ९४ ॥

एकाक्षरोदिते पीठे वक्ष्यमाणेन वर्त्मना ।
पूजयेद्गन्धपुष्पाद्यैर्धूपदीपैर्गजाननम् ॥ ९५ ॥
अङ्गानि पूर्वमभ्यर्च्य विघ्नानष्टौ यजेत्ततः ।
विघ्नं विनायकं वीरं शूरं वरदसंज्ञकम् ॥ ९६ ॥
इभवक्त्रं चैकदन्तं लम्बोदरमनन्तरम् ।
पत्राग्रेष्वर्चयेत्पश्चाद् ब्राह्म्याद्यास्तदनन्तरम् ॥ ९७ ॥
लोकपालांस्तदस्त्राणि विघ्नपूजा समीरिता ।
आज्यान्नैर्जुहुयान्नित्यमन्नवान् वत्सराद्भवेत् ॥ ९८ ॥
पायसान्नेन महतीं श्रियमाप्नोति मानवः ।
आज्यहोमेन वशयेत्प्राणिनः सकलान् सुधीः ॥ ९९ ॥

तदनन्तर एकाक्षर निर्मित पीठ पर आगे कही जाने वाली विधि के अनुसार गन्ध पुष्पादि एवं धूपदीप से गणपति की पूजा करे ॥ ९५ ॥

सर्वप्रथम अङ्गों की पूजा करे तदनन्तर आठ विघ्नेश्वरों की पूजा करे । वे आठ विघ्नेश्वर इस प्रकार हैं—विघ्न, विनायक, वीर, शूर, वरद, इभवक्त्र, एकदन्त और लम्बोदर । इसके बाद पत्र के अग्रभाग में ब्राह्मी आदिकों की (द्र. ६. १७-१८) पूजा करे । इसके बाद लोकपालों की एवं उनके अस्त्रों की पूजा करे । यहाँ तक विघ्न पूजा का वर्णन किया गया ।। ९६-९८ ।।

यदि साधक इस मन्त्र से आज्य मिश्रित अन्न द्वारा होम करे तो वह एक वर्ष के भीतर ही अन्नवान् हो जाता है ॥ ९८ ॥

मनुष्य इस मन्त्र से खीर का होम करे तो विपुल लक्ष्मी प्राप्त करता है । बहुत क्या कहना ? बुद्धिमान् पुरुष घी के होम से समस्त प्राणियों को वश में कर लेता है ॥ ९९ ॥

नारिकेलफलं पक्वं लोष्टचर्मसमन्वितम् ।
जुहुयात् प्रत्यहं मन्त्री मण्डलात् सिद्धिमाप्नुयात् ॥ १०० ॥

लोष्टशब्देन अन्तर्वर्त्तिनारिकेलोपरिभागः तदुपरिभागः त्वग्लक्षणः चर्मशब्दवाच्यः । अष्टधा नारिकेलमित्यस्यापवादः । विधिनाऽमुनेत्यष्टद्रव्यहोमेन ॥ १०० ॥

गूदा और त्वक् से संयुक्त पके हुये नारिकेल के फल से यदि प्रतिदिन हवन करे तो वह ४९ दिन के भीतर ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ १०० ॥

जुहुयादष्टभिर्द्रव्यैर्मधुरत्रयसंयुतैः ।
वशयेत्पार्थिवान् सर्वान् तत्पत्नीर्विधिनाऽमुना ॥ १०१ ॥
दिनादिषु चतुश्चत्वारिंशद्वारैः शुभोदकैः ।
तर्पयेद्विघ्नराजस्य मस्तके श्रीप्रसिद्धये ॥ १०२ ॥

शुभोदकैरिति अमृतरूपैर्जलैरित्यर्थः ॥ १०१-१०२ ॥

इस मन्त्र से त्रिमधुर युक्त अष्टद्रव्यों का हवन करे तो सभी राजाओं को वश में कर लेता है, इसी विधि से होम करने पर उसकी पत्नी को भी वश में किया जा सकता है ॥ १०१ ॥

श्री प्राप्ति के लिये इस मन्त्र के द्वारा प्रातः काल में अमृतजल से ४४ बार गणेश जी के मस्तक पर तर्पण करे ॥ १०२ ॥

तर्पणे ध्यानविशेषः

पाशाङ्कुशौ कल्पलतां स्वदन्तं
करैर्वहन्तं कनकाद्रिकान्तम् ।

सोपानपङ्क्त्या दिननाथविम्बा-
दायान्तमम्भोजगतं विचिन्त्य ॥ १०३ ॥
प्रागुक्तमन्त्रसम्प्रोक्तान् प्रयोगान् मनुनाऽमुना।
तैरस्मिन्नथवा प्रोक्तान् कुर्यान्मन्त्री विधानवित्॥ १०४ ॥

तर्पणे तु ध्यानविशेषमाह पाशेति । सोपानपङ्क्त्या राजतया । दिननाथविम्बात् सूर्यमण्डलात् । आयान्तं जले इति शेषः । अम्भोजगतं जलस्थकल्पिताम्भोजगतं गणपितं साध्यमूर्ध्नि पुष्करं दत्वा स्थितं विचिन्त्य । एवं ध्यानं कृत्वेत्यर्थः । विघ्नराजस्य मस्तके श्रीप्रसिद्धये शुभोदकैस्तर्पयेदिति सम्बन्धः ।

तदुक्तम्— विम्बादम्बुदवत् समेत्य सवितुः सोपानकै राजतैस्-
तोये तोयजविष्टरैर्धृतलतादन्तं सपाशाङ्कुशम् ।
नासां साध्यनृके निधाय सुधया तद्रन्ध्रनिर्यातया
सिञ्चन्तं पुनरन्वहं गणपतिं स्मृत्वाऽमृतैस्तर्पयेत् ॥ इति ॥

अथ यन्त्रद्वयम्—नामषट्कोणके बीजमध्ये लिखेद्वेष्टयित्वाऽमुनाऽथाङ्गमन्त्रैस्ततः ।
अष्टपत्रे स्वरान् केसरे युग्मशः क्ष्यादिवर्णान्विहीनान् लिखाद्यादिकैः ॥
अग्रतो लिख्य गायत्रिवर्णांस्त्रिशो बाह्यतः कादिभिर्वेष्टयित्वा बहिः ।
भूपुरद्वन्द्वके भूमिबीजं लिखेद्यन्त्रमेतन्मतं सिद्धिसंपत्प्रदम् ॥ इति ॥
अथातो महायन्त्रराजं प्रवक्ष्ये पशोः रोचनासिक्तदूर्वाङ्कुरेण ।
लिखेत् पञ्चपत्रे दशारं सरोजं गणेशस्य बीजं तु तारोदरे तु ॥
ततस्तस्य मध्ये तु रक्षेति नाम्ना दशैतेषु मन्त्रांश्च मन्त्रं लिखेच्च ।
ततो बाह्यतः पाशवर्णाङ्कुशार्णौ लिखित्वा बहिः शक्रविम्बद्वयं तत् ।
लिखित्वा तथा तं गणेशानमस्मिन् समभ्यर्च्य गन्धादिभिः पुष्पजातैः ॥
भुजे कण्ठदेशे वहेत् सर्वरक्षा ततो मङ्गलं नाऽन्यदस्तीह किञ्चित् ॥ इति ।

उक्तञ्च— क्षिप्रप्रसादनः पूर्वो महागणपतिः परम् ।
विघ्नो विनायको वीरः शूरो वरद एव च ॥
इभवक्त्रश्चैकदन्तस्तथा हस्तिमुखः स्मृतः ।
ङेऽन्ता नमोऽन्ता मन्त्राः स्युरेतैस्तर्पणहोमतः ॥
साधयेदीप्सितं मन्त्री । इति ।

तत्कल्पान्मन्त्रमिति मूलं युग्मशः पञ्चपत्रे ॥ १०३-१०४ ॥

जो अपने हाथों में पाश, अंकुश, कल्पलता एवं अपना दाँत पकड़े हुये हैं जिनके शरीर की कान्ति सुवर्णमय सुमेरु पर्वत के समान जगमगा रही है, जो सूर्यमण्डल से निकल कर सोपान पंक्तियों से जलस्थ कमलों में आ रहे हैं और साध्य के मस्तक पर अपना शुण्डाग्र भाग स्थापित कर रहे हैं इस प्रकार के गणपति का ध्यान करे ॥ १०३ ॥

पहले के कहे गये समस्त मन्त्रों के प्रयोग इस मन्त्र से भी करे, अथवा विधानवेत्ता साधक इसमें कहे गये प्रयोगों को उन मन्त्रों में भी करे ॥ १०४ ॥

हेरम्बमन्त्रोद्धारः । ऋष्यादिकथनम्

पञ्चान्तको बिन्दुयुतो वामकर्णविभूषितः।
तारादिहृदयान्तोऽयं हेरम्बमनुरीरितः॥ १०५ ॥
चतुर्वर्णात्मको नृणां चतुर्वर्गफलप्रदः।
षड्दीर्घभाजा बीजेन षडङ्गानि समाचरेत् ॥ १०६ ॥

हेरम्बमनुमाह पञ्चान्तक इति । पञ्चान्तको गः वामकर्ण ऊकारः । ॐ गूं नमः । गणक ऋषिर्गायत्री छन्दः हेरम्बगणपतिर्देवता । गकारो बीजं बिन्दुः शक्तिः । बीजेनेति । एतन्मन्त्रोक्तेन ॥ १०५-१०६ ॥

अब **हेरम्ब मन्त्र का उद्धार** कहते हैं—पञ्चान्तक (गकार), उसे बिन्दु और वामकर्ण (दीर्घ उकार) से युक्त करे, आदि में तार प्रणव लगावे और अन्त में 'नमः' शब्द का प्रयोग करे । इस प्रकार हेरम्ब मन्त्र का उद्धार कहा गया । इसका स्वरूप 'ॐ गूँ नमः' (४) हुआ ॥ १०५ ॥

यह चार अक्षर का मन्त्र है जो मनुष्यों को अपने प्रत्येक अक्षरों से चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष रूप फल प्रदान करता है ॥ १०६ ॥

हेरम्बध्यानम् । पुरश्चरणादिकथनम्

मुक्ताकाञ्चननीलकुन्दघुसृणच्छायैस्त्रिनेत्रान्वितै-
र्नागास्यैर्हरिवाहनं शशिधरं हेरम्बमर्कप्रभम् ।
दृप्तं दानमभीतिमोदकरदान् टङ्कं शिरोऽक्षात्मिकां
मालां मुद्गरमङ्कुशं त्रिशिखकं दोर्भिर्दधानं भजे॥ १०७ ॥

मुक्तेति । घुसृणं कुङ्कुमम् । ऊर्ध्वादिमुक्तादिवर्णाः । नागास्यैर्हस्तिमुखैरुपलक्षितम् । हरिः सिंहः । टङ्कं परशुम् । त्रिशिखं त्रिशूलम् । क्वचिदङ्कुशं च त्रिशिखमिति पाठः । तत्र ह्रेत्राष्टासंयुता व्यस्तेत्यनेन चकारस्य लघुता । अतीव्रप्रयत्नोच्चारणेन । तेन न छन्दोभङ्गः । आयुधध्यानं दक्षवामयोरधस्थयोः वराभये तदूर्ध्वोर्ध्वस्थयोरन्यानि एवमन्तम् । क्वचिद् दृप्तमित्यत्र कुम्भमिति पाठः । तदा कुम्भः शुण्डाग्रे । दृप्तमिति पाठे तु मोदकोपरि शुण्डादण्ड इति ज्ञेयम् । केचिन् मुद्गरमित्यत्र पन्नगमिति पठन्ति । तदुक्तम्—

वन्दे दोर्भिर्दधानं जपवलयभुजे साङ्कुशे मोदकाभी-
टङ्कानुद्यत्कपालं भुजगवररदान् स्वर्णकुम्भाढ्यशुण्डम् ।
सिंहस्थं पञ्चवक्त्रं त्रिनयनमरुणं दिव्यवस्त्रोरुभूषं
हेरम्बाख्यं महान्तं गणपतिमखिलस्वार्थदं प्रार्थयेऽहम् ॥इति॥१०७॥

अब हेरम्ब के **ध्यान का प्रकार** कहते हैं—मोती, सोना, नील, कुन्द एवं कुंकुम के समान कान्ति वाले तीन नेत्रों से युक्त अपने हाथी के मुखों से दिखाई पड़ने वाले सिंहवाहन पूर्ण चन्द्रमा को धारण करने वाले सूर्य के समान तेजस्वी

मोदक समूहों पर अपना शुण्डाग्र दण्ड धारण किये हुये हाथों में १. वर, २. अभय, ३. मोदक, ४. दन्त, ५. परशु, ६. शिर (कपाल), ७. अक्षमाला, ८. मुद्गर, ९. अंकुश और १०. त्रिशूल धारण करने वाले गणपति का मैं भजन करता हूँ ॥ १०७ ॥

लक्षत्रयं जपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयात्तिलैः ।
तीव्रादिपूजिते पीठे देवं हेरम्बमर्चयेत् ॥ १०८ ॥

तीव्रादिपूजित इत्यनेन पीठमन्त्रस्याऽन्यत्वं सूचयति ॥ १०८ ॥

साधक उपर्युक्त मन्त्र का तीन लाख जप करे । तिल से उसका दशांश हवन करे । तत्पश्चात् जिसमें तीव्रादि की पूजा हुई है ऐसे पीठ पर भगवान् हेरम्ब का पूजन करे ॥ १०८ ॥

आसनमन्त्रः

प्रणवः कवचद्वन्द्वं महासिंहाय गां ततः ।
हेरम्बेति पदं पश्चादासनाय हृदन्वितः ॥ १०९ ॥

तमेवाह प्रणव इति । कवचद्वन्द्वं हुं हुं । गामिति स्वरूपम् ॥ १०९ ॥

प्रणव (ॐकार), कवच द्वन्द्व (हुँ हुँ), तदनन्तर 'महासिंहाय गां हेरम्ब' इतना पद, पश्चात् 'आसनाय नमः' इतना कहे । इस प्रकार 'ॐ हुँ हुँ महासिंहाय गां हेरम्ब आसनाय नमः' यह आसनदान का मन्त्र होगा ॥ १०९ ॥

अयमासनमन्त्रः स्यात्प्रदद्यादमुनाऽऽसनम् ।
तारादिविघ्नबीजेन मूर्त्तिं तस्य प्रकल्पयेत् ।
आवाह्य पूजयेत् तस्यामङ्गावरणसंयुतम् ॥ ११० ॥
बाह्ये लोकेश्वराः पूज्या वज्रादीनि ततः परम् ।
एवमभ्यर्चयेन्नित्यं साधयेत् स्वमनीषितान् ॥ १११ ॥

तारादीति । नमो रहितेन मूलमन्त्रेणेत्यर्थः ॥ ११०-१११ ॥

अतः इसी मन्त्र से हेरम्ब को आसन प्रदान करे । फिर नमो रहित विघ्न बीज (ॐ गूँ) मन्त्र से मूर्त्ति की कल्पना करे । तदनन्तर उसी मूर्त्ति में अङ्गावरण युक्त देवी का आवाहन करे ॥ ११० ॥

आसन से बाहर लोकेश्वरों का, उसके पश्चात् उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करे । इस प्रकार साधक नित्य गणपति का पूजन करे तो वह अपनी कामनायें प्राप्त कर सकता है ॥ १११ ॥

मोदकैर्जुहुयात् षष्ठ्यामष्टम्यां कृशरैस्तथा ।
चतुर्दशीदिनेऽपूपैर्जुहुयाद्वाञ्छिताप्तये ॥ ११२ ॥

एभिर्द्रव्यैः प्रजुहुयान्मन्त्री पर्वदिनेष्वपि ।
साधयेत्सकलान् कामान् प्रयत्नेनैव साधकः॥ ११३ ॥

षष्ठ्यामित्युभयत्र पक्षे । एवमग्रेऽपि । कृशरैर्मिश्रैस्तिलतण्डुलैः । एभिर्मोदक-कृशरापूपैः । पर्वदिने पूर्णिमामावस्ययोः ॥ ११२-११३ ॥

अपनी कामना पूर्त्ति के लिये षष्ठी को मोदक द्वारा एवं अष्टमी को मिले हुये तिल तण्डुलों से हवन करे और चतुर्दशी को अपूप से होम करे ॥ ११२ ॥

मन्त्रज्ञ साधक यदि पर्व दिन (अर्थात् पूर्णिमा, अमावस्या) में भी इन्हीं मन्त्रों से होम करे तो इस प्रकार के प्रयत्न से वह अपने समस्त कामनाओं को पूर्ण कर लेता है ॥ ११३ ॥

धारणमन्त्रम् । मालामन्त्रः

अम्भोजं प्रथमं लिखेद्वसुदलं मध्ये स्वबीजान्तरे
साध्याख्यां बहिरङ्गमन्त्रविलसत्किञ्जल्कसंशोभितम् ।
पत्राणामुदरे विभज्य मुनिशो मालामनुं शेषितान्
षड्वर्णांश्चरमे दले परिवृतं शक्त्या शकारेण च ॥ ११४ ॥

धारणयन्त्रमाह अम्भोजमिति । मध्ये अष्टदलकर्णिकायाम् । स्वबीजान्तरे एतन्मन्त्रबीजमध्ये । साध्याख्यां साधककर्मसहितामिति ज्ञेयम् । बहिरिति कर्णिकायाः। अङ्गमन्त्रेति । पूजावदग्रे नेत्रम् । मुनिशः सप्तधा । मालामनुं वक्ष्यमाणम् । चरमे अष्टमे । शक्त्या शकारेण चेत्यावृत्तिद्वयम् ॥ ११४ ॥

अष्टदल का कमल निर्माण कर उसके मध्य में 'गं' इस बीज से संपुटित साध्यनाम एवं उसका कार्य लिखे, पुनः उसके बाहर अङ्ग मन्त्रों को लिखकर केशरों को सुशोभित करे । तदनन्तर अष्टपत्रों पर आगे (१३. ११६-११९) कहे जाने वाले ५५ अक्षरों के माला मन्त्र को सात भागों में विभक्त कर आदि के सात पत्रों पर सात सात अक्षर, किन्तु आठवें पत्र पर शेष ६ अक्षरों को लिखे, उन्हें शक्ति (ह्रीँ) तथा शकार से परिवेष्टित (संपुटित) कर देवे ॥ ११४ ॥

रोचनामदकाश्मीरैर्भूर्जपत्रे विलिख्य तत् ।
वेष्टितं श्वेतसूत्रेण लोहैस्त्रिभिरपि क्रमात् ।
धारयेद्बाहुना यन्त्रं सर्वान् कामानवाप्नुयात् ॥ ११५ ॥

मदो गजमदः । त्रिभिर्लोहैः । षष्ठपटलोक्तैः । क्रमादिति । ताम्ररजत-सुवर्णैः ॥ ११५ ॥

यह मन्त्र भोजपत्र पर गोरोचन, गजमद या केशर से लिखे, उसे सफेद सूत्र से परिवेष्टित करे । तदनन्तर त्रिलौह, सुवर्ण, रजत एवं ताम्र के बने हुये यन्त्र में रखकर बाहु में धारण करे तो सभी कामनायें पूर्ण होती हैं ॥ ११५ ॥

शक्त्यङ्कुशं ध्रुवान्ते स्यात् स्वबीजं हृदयं ततः ।
सर्वविघ्नाधिपायाऽन्ते ङेऽन्तं सर्वार्थसिद्धिदम् ॥ ११६ ॥
प्रवदेत् सर्वदुःखप्रशमनायपदं ततः ।
एह्येहि भगवन् सर्वा आपदः स्तम्भयद्वयम् ॥ ११७ ॥
भुवनेशीं स्वबीजं गां नतिः पावकवल्लभा ।
पुनरङ्कुशमायान्तं पञ्चपञ्चाशदक्षरः ॥ ११८ ॥
मालामन्त्रोऽयममुना प्रयोगान् साधयेत् सुधीः ।

मालामन्त्रमाह शक्तीति । स्वबीजं मन्त्रस्थबीजम् । भुवनेशीस्वबीजं भुवनेश्याः स्वस्य च बीजं ह्रीँ गूँ । गामिति स्वरूपम् । पञ्चपञ्चाशदक्षर इत्युक्तेः शमनाय एह्येहीति न सन्धिः । ॐ ह्रीँ क्रों गूं नमः सव्रविघ्नाधिपाय सर्वार्थसिद्धिदाय सव्रदुःखप्रशमनाय एह्येहि भगवन् सर्वा आपदः स्तम्भय सतम्भय ह्रीँ गूं गां नम् स्वाहा क्रों ह्रीँ । अमुना प्रयोगान् साधयेदित्यनेनास्य स्वातन्त्र्येण मन्त्रत्वमप्युक्तम् । तद्विधानं यथा । अस्य अमितं छन्दः हेरम्बगणपतिवत् सर्वं ज्ञेयम् ॥ ११६-११९ ॥

अब **माला मन्त्र का उद्धार** कहते हैं—शक्ति (ह्रीँ), अंकुश (क्रोँ), इसके आदि में ॐ, तदनन्तर स्वबीज (गूँ), पुनः नमः पद पश्चात् 'सर्वविघ्नाधिपाय सर्वार्थसिद्धिदाय सर्वदुःख प्रशमनाय एह्येहि भगवन्' इतना पद, तदनन्तर 'सर्वाः आपदः' यह पद, फिर 'स्तम्भय' पद को दो बार, इसके बाद भुवनेशी (ह्रीँ), फिर स्वबीज 'गूँ' तदनन्तर 'गां नमः स्वाहा', पुनः अंकुश (क्रोँ), पश्चात् माया (ह्रीँ)—इस प्रकार ५५ अक्षरों का यह माला मन्त्र उद्धृत किया गया ।

विमर्श—इसका स्वरूप निम्न प्रकार से होगा—'ॐ ह्रीँ क्लीँ गूं नमः सर्वविघ्नाधिपाय सर्वार्थसिद्धिदाय सर्वदुःखप्रशमनाय एह्येहि भगवन् सर्वा आपदः स्तम्भय ह्रीँ गूं गां नमः स्वाहा क्रों ह्रीँ' ॥ ११६-११८ ॥

ऊपर में कहा गया मन्त्र 'माला मन्त्र' है । बुद्धिमान् साधक इस माला मन्त्र से प्रयोग सिद्ध करे ॥ ११९ ॥

सुब्रह्मण्यमन्त्रः

तारं खड्गीश्वरः कूर्मो निःस्वरो णान्त ईरितः ॥ ११९ ॥
भुवे नतिः सप्तवर्णः सुब्रह्मण्यात्मको मनुः ।
वह्निबीजेन षड्दीर्घयुक्तेनाऽङ्गक्रिया मता ॥ १२० ॥

सुब्रह्मण्यमन्त्रमाह तारमिति । खड्गीशो वः कूर्मश्चकारः । निस्वरः स्वरहीनो व्यञ्जनमिति यावत् । णान्तः तः । भुवे स्वरूपम् । अत्र सन्धौ तकारे दकार इति ज्ञेयम् ।

तदुक्तं प्रयोगसारे— वचद्भुवे नमो मन्त्रः सुब्रह्मण्याधिदैवतः । इति ।

नारायणीये तु— तारं वचन्नाभिजले शिवयोनियुते नमः । इति ।

अग्निगायत्र्यौ ऋषिछन्दसी । प्रणवो बीजं वकारः शक्तिः । केचन प्रणवपुटितमाहुः । अन्ये तु मायाद्यमाहुः ।

तदुक्तं प्रयोगसारे— प्रशस्तः प्रणवाद्यन्तःशक्तिपूर्वं परे जगुः । इति ।

वह्निबीजेनेति रेफेण ॥ ११९-१२० ॥

अब **सुब्रह्मण्यात्मक मन्त्र** कहते हैं—तार (ॐ), खड्गीश्वर (वकार), कूर्म (चकार), बिना स्वर के (व्यञ्जनमात्र) णान्त (तकार), तदनन्तर 'भुवे नमः' यह पद इस प्रकार सात अक्षरों वाले सुब्रह्मण्यात्मक मन्त्र का उद्धार कहा गया ।

विमर्श—इसका स्वरूप 'ॐ वचद् भुवे नमः' हुआ । षड्दीर्घयुक्त वह्नि बीज (रेफ) से अङ्गन्यास करना चाहिए ।

यथा—'रां' हृदयाय नमः, 'रीं' शिरसे स्वाहा, इत्यादि ॥ १२० ॥

सुब्रह्मण्यध्यानम्

सिन्दूरारुणकान्तिमिन्दुवदनं केयूरहारादिभि-
र्दिव्यैराभरणैर्विभूषिततनुं स्वर्गस्य सौख्यप्रदम् ।
अम्भोजाभयशक्तिकुक्कुटधरं रक्ताङ्गरागांशुकं
सुब्रह्मण्यमुपास्महे प्रणमतां भीतिप्रणाशोद्यतम् ॥ १२१ ॥

पुरश्चरणादिकथनम्

लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं साज्येन हविषा ततः ।
दशांशं जुहुयादन्ते ब्राह्मणानपि भोजयेत् ॥ १२२ ॥

ध्यानं तु दक्षाद्यूर्ध्वयोराद्ये तदधस्थयोरन्त्ये । सुब्रह्मण्य इति कार्त्तिकेयनाम । तदुक्तं हयशीर्षपञ्चरात्रे—

अभयं वामहस्तेस्यादम्भोजं दक्षिणे करे ।
कुक्कुटं वामहस्ते तु शक्तिं दक्षिणतो न्यसेत् ॥

चतुर्भुजः समाख्यात एकवक्त्रोऽग्निजस्त्वयम् । इति ॥ १२१-१२२ ॥

सुब्रह्मण्य देव का ध्यान—जिनके शरीर की कान्ति सिन्दूर के समान रक्तवर्ण है, मुख पर चन्द्रमा एवं सर्वाङ्ग केयूरहार आदि दिव्याभरणों से भूषित हैं, जो प्रसन्न होने पर स्वर्ग के सुखों को देने वाले हैं, जिनके हाथों में कमल, अभय, शक्ति तथा कुक्कुट शोभित हो रहा है, जिनका वस्त्र तथा अङ्गराग दोनों ही रक्त हैं, ऐसे भक्तों के भय को विनाश करने में सतत तत्पर सुब्रह्मण्य देव की मैं उपासना करता हूँ ॥ १२१ ॥

इस मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए, फिर आज्य युक्त छवि से दशांश होम कर ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए ॥ १२२ ॥

धर्मादिकल्पिते पीठे वह्निमण्डलपश्चिमे ।
पूजयेद्विधिना देवमुपचारैर्यथोदितैः ॥ १२३ ॥

वह्निमण्डलपश्चिम इति । अनेन चतुर्थपटलोक्तवह्निमण्डलान्तमेव पूजा । पीठ-शक्तिपीठपूजा नास्ति । अन्यथा वह्निमण्डलपश्चिम इति न वदेत् । चतुर्थपटल एवोक्तत्वात् ॥ १२३ ॥

तदनन्तर वह्निमण्डल की पूजा के पश्चात् धर्मादि परिकल्पित पीठ पर विधि के अनुसार शास्त्रोक्त उपचारों द्वारा देवाधिदेव गणपति का पूजन करे ॥ १२३ ॥

केसरेष्वङ्गपूजा स्यात्पत्रमध्यगतानिमान् ।
जयन्ताख्यमग्निवेश्यं कृत्तिकापुत्रसंज्ञकम् ॥ १२४ ॥
अनन्तरं भूतपतिं सेनान्यं गुहसंज्ञकम् ।
हेमशूलं विशालाक्षं शक्तिवज्र(शूल)करान् यजेत् ॥१२५॥
दिग्दलाग्रेषु पूर्वादि देवसेनापतिं पुनः ।
विद्यां मेधां ततो वज्रं कोणस्थान् शक्तिकुक्कुटौ ॥ १२६॥
मयूरं द्वीपमभ्यर्चेद् बाह्ये लोकेश्वरान् पुनः ।
अस्त्राणि तेषामन्ते स्युः सुब्रह्मण्यार्चनेरिता ॥ १२७ ॥
स्वादुभिर्भक्ष्यभोज्याद्यैः षष्ठ्यां संप्रीणयेद्विभुम् ।
पूजयेद्देवताबुद्ध्या कुमारान् ब्रह्मचारिणः ॥ १२८ ॥
सन्तानं विजयं वीर्यं रक्षामायुः श्रियं यशः ।
प्रदद्यात् साधकस्याशु सुब्रह्मण्यः सुरार्चितः॥ १२९ ॥

विधिनेत्युक्तं विधिमाह केसरेष्विति ।

तस्य नैवेद्यांशदानं धूर्त्तसेनाय ॥ १२४-१२९ ॥

केशरों में अङ्गपूजा के पश्चात् अष्टपत्रों के मध्य में १. जयन्त, २. अग्निवेश्य, ३. कृत्तिकापुत्र, ४. भूतपति, ५. सेनापति, ६. ग्रह संज्ञक, ७. हेमशूल एवं ८. विशालाक्ष—इन आठों देवों की पूजा करे । जो अपने हाथों में शक्ति एवं वज्रधारण किये हुये हैं ॥ १२४-१२५ ॥

दिशाओं में रहने वाले दलों के पूर्वादि में देवसेनापति, विद्या, मेधा, तदनन्तर वज्र की पूजा करे । कोण में वहाँ रहने वाले शक्ति, कुक्कुट, मयूर एवं द्वीप की अर्चना करे । वाह्य में पुनः लोकपालों की उनके अन्त में लोकपालों के वज्रादि अस्त्रों की पूजा करे । यहाँ तक हमने सुब्रह्मण्य गणपति की पूजा का विधान कहा ॥ १२६-१२७ ॥

षष्ठी तिथि को स्वादिष्ट भक्ष्य भोज्यादि पदार्थों के नैवेद्य द्वारा सुब्रह्मण्य प्रभु को प्रसन्न करे । फिर कुमार (अविवाहित) ब्रह्मचारियों की पूजा उनमें देवता बुद्धि

करते हुये करनी चाहिए । यह सुब्रह्मण्य देव नामक गणपति देवताओं से भी अर्चित हैं । वे अपने सेवकों को सन्तान, विजय, वीर्य, रक्षा, आयु, महाश्री एवं यश प्रदान करते हैं ॥ १२८-१२९ ॥

जपतर्पणपूजादौ विघ्नेशं सर्वसिद्धिदम् ।
प्रीणयेदनया स्तुत्या प्राप्तये सर्वसम्पदाम् ॥ १३० ॥

गणेशस्तुतिः

ॐङ्कारमाद्यं प्रवदन्ति सन्तो
वाचः श्रुतीनामपि यं गृणन्ति ।
गजाननं देवगणानताङ्घ्रिं
भजेऽहमर्द्धेन्दुकृतावतंसम् ॥ १३१ ॥

गणेशस्तुतिमारभते ॐकारमिति । अपिर्भिन्नक्रमः । सन्तः यं श्रुतीनामाद्यं ॐकारं वाचोऽप्याद्यं गृणन्ति । शब्दब्रह्मस्वरूपमिति यावत् ॥ १३०-१३१ ॥

जप, तर्पण एवं पूजादि कार्यों में सर्वसिद्धि प्रदाता, विघ्नेश्वर को सभी प्रकार की संपत्ति की प्राप्ति के लिये नीचे कही गई (१३. १३१-१५१) स्तुतियों से प्रसन्न करना चाहिए ॥ १३० ॥

अब **गणपति की स्तुति** का आरम्भ करते हैं—सज्जन लोग जिन्हें श्रुतियों का आद्य एवं वाणी का आद्य ॐकार स्वरूप कहते हैं, जिनके पद् पद्मों में देवता लोग प्रणत रहते हैं ऐसे अर्द्धेन्दु के भूषण वाले गजानन देव का मैं भजन करता हूँ ॥ १३१ ॥

पादारविन्दार्चनतत्पराणां
संसारदावानलभङ्गदक्षम् ।
निरन्तरं निर्गतदानतोयैस् -
तं नौमि विघ्नेश्वरमम्बुदाभम् ॥ १३२ ॥
कृताङ्गरागं नवकुङ्कुमेन
मत्तालिमालां मदपङ्कलग्नाम् ।
निवारयन्तं निजकर्णतालैः
को विस्मरेत् पुत्रमनङ्गशत्रोः ॥ १३३ ॥
शम्भोर्जटाजूटनिवासिगङ्गा-
जलं समादाय कराम्बुजेन ।
लीलाभिराराच्छिवमर्चयन्तं
गजाननं भक्तियुता भजन्ति ॥ १३४ ॥

कराम्बुजेन शुण्डाग्रेण । आरात् समीपे । भक्तियुता भजन्ति इत्यत्र तं शरणं भजामि इत्यपि क्वचित् पाठः ॥ १३२-१३४ ॥

जो अपने पादारविन्द की सेवा में लगे हुये भक्तजनों के सांसारिक त्रिताप रूप दावानल के विनाश में अत्यन्त दक्ष हैं, ऐसे निरन्तर मदजल की वर्षा करने वाले विघ्नेश्वर रूप जलद को मैं नमस्कार करता हूँ ॥ १३२ ॥

जिन्होंने अपने शरीर में नवकुंकुम से विरचित अङ्गराग का अनुलेपन किया हुआ है तथा जो मदपंक में लगे रहने वाले मत्त भ्रमरों समूहों को अपने कर्ण तालों से दूर भगा रहे हैं ऐसे कामशत्रु सदाशिव के पुत्र को कौन विस्मृत कर सकता है ? ॥ १३३ ॥

सदाशिव के जटाजूट में रहने वाले गङ्गाजल को जो अपने कमल के समान शुण्डाग्र भाग में लेकर पुनः उन्हीं सदाशिव के चरणाम्बुजों में विकीर्ण कर पूजा कर रहे हैं । ऐसे गजानन को भक्ति से युक्त पुण्यशाली लोग भजन करते हैं ॥ १३४ ॥

कुमारभुक्तौ पुनरात्महेतोः
पयोधरौ पर्वतराजपुत्र्याः ।
प्रक्षालयन्तं करशीकरेण
मौग्ध्येन तं नागमुखं भजामि ॥ १३५ ॥

मौग्ध्येनेति । देवीस्तनौ सदानुच्छिष्टाविति भावः ॥ १३५ ॥

जो पर्वतराजपुत्री भगवती पार्वती के कार्त्तिकेय द्वारा पीये गये स्तनतटों को अपने पीने के लिये शुण्डाग्र से मूर्खतावश प्रक्षालित कर रहे है ऐसे गजानन का मैं भजन करता हूँ । (पार्वती के स्तनतट सर्वदा ही पावन हैं, उन्हें करशीकर द्वारा धोने का प्रयत्न गणेशजी की मूर्खता ही है) ॥ १३५ ॥

त्वया समुद्धृत्य गजास्य हस्तं
ये शीकराः पुष्कररन्ध्रमुक्ताः ।
व्योमाङ्गणे ते विचरन्ति ताराः
कालात्मना मौक्तिकतुल्यभासः ॥ १३६ ॥

भो गजास्य कालात्मना त्वया हस्तमुद्धृत्य ये शीकराः पुष्कररन्ध्रमुक्ताः । पुष्करं करिहस्ताग्र इति नामलिङ्गानुशासने । ते तारा विचरन्तीति गम्योत्प्रेक्षा शीकरा न भवन्ति । तारा इत्युत्प्रेक्षा इत्यर्थः ॥ १३६ ॥

हे गजानन ! आपने अपने शुण्डाग्र को ऊपर उठा कर अपने पुष्कर के छिद्रों से जो जलकण आकाशमण्डल में उछाल दिये वे अब आकाश मण्डल में काल की महिमा से मोती के समान प्रकाश करते हुये तारों के रूप में विचरण कर रहे हैं ॥ १३६ ॥

क्रीडारते वारिनिधी गजास्ये
वेलामतिक्रामति वारिपूरे ।
कल्पावसानं प्रविचिन्त्य देवाः
कैलासनाथं स्तुतिभिः स्तुवन्ति ॥ १३७ ॥

स्तुवन्तीति अन्यकृतः कल्पावसाने न्यस्य स्तुत्यसङ्गतिरित्यलङ्कारः । वस्तुतस्तु अनन्यनिवारणीयत्वेन तत्स्तुतिः ॥ १३७ ॥

जब गजानन समुद्र में क्रीडा करते हैं, उस समय वह अपने लहरों के द्वारा समस्त तटबन्धों की मर्यादा को नष्ट करने लगता है, देवगण यह देख कल्पान्त में प्रलय होने के भ्रम से भयाक्रान्त हो स्तुतियों के द्वारा कैलासपति सदाशिव की स्तुति करने लगते हैं ॥ १३७ ॥

नागानने नागकृतोत्तरीये
क्रीडारते देवकुमारसङ्घैः ।
त्वयि क्षणं कालगतिं विहाय
तौ प्रापतुः कन्दुकताभनेन्दू ॥ १३८ ॥

नागकृतोत्तरीये सर्पोत्तरीये त्वयि क्रीडारत इति सम्बन्धः । कालगतिं कालपारवश्यं त्यक्त्वा ॥ १३८ ॥

गजचर्म का उत्तरीय धारण कर जब गजानन देवकुमार समूहों के साथ कन्दुक क्रीडा में निरत होते हैं उस समय सूर्य एवं चन्द्रमा दोनों ही कालगति को भूलकर उनके कन्दुकता को प्राप्त हो जाते हैं ॥ १३८ ॥

मदोल्लसत्पञ्चमुखैरजस्र-
मध्यापयन्तं सकलागमार्थान् ।
देवानृषीन् भक्तजनैकमित्रं
हेरम्बमर्कारुणमाश्रयामि ॥ १३९ ॥
पादाम्बुजाभ्यामतिवामनाभ्यां
कृतार्थयन्तं कृपया धरित्रीम् ।
अकारणं कारणमाप्तवाचां
तं नागवक्त्रं न जहाति चेतः ॥ १४० ॥

वामनाभ्यां मुखछन्दाद्यपेक्षया ह्रस्वता । एतेनास्य ह्रस्वावेवाङ्घ्री ध्येयाविति सूचितम् । आप्तवाचां वेदानां कारणं प्रवर्त्तयितारम् ॥ १३९-१४० ॥

मद चूते हुये अपने पाँच मुखों से समस्त देवताओं और ऋषियों को संपूर्ण आगमों का अध्यापन करते हुये भक्त जनों के एकमात्र मित्र, रक्तवर्ण की कान्ति से युक्त हेरम्ब का मैं आश्रय ग्रहण करता हूँ ॥ १३९ ॥

जो गजानन अपने छोटे छोटे पादाम्बुजों से चलते हुये कृपापूर्वक धरित्री को कृतार्थ कर रहे हैं, जिनका कोई कारण नहीं है किन्तु जो समस्त श्रुतियों के एक मात्र कारण हैं ऐसे गजानन को एक क्षण के लिये भी मेरा चित्त नहीं छोड़ना चाहता ॥ १४० ॥

येनाऽर्पितं सत्यवतीसुताय
पुराणमालिख्य विषाणकोट्या।
तं चन्द्रमौलेस्तनयं तपोभि-
रवाप्यमानन्दघनं भजामि ॥ १४१ ॥
पदं स्तुतीनामपदं श्रुतीनां
लीलावतारं परमात्ममूर्त्तेः।
नागात्मको वा पुरुषात्मको वे-
त्यभेद्यमाद्यं भज विघ्नराजम् ॥ १४२ ॥

पुराणं भारताख्यम् । पदं स्थानम् । अपदमगोचरम् । क्वचित् स्तुतिश्रुतिपदयोः व्यत्ययः । परमात्ममूर्त्तेरित्यत्र परमष्टेति केचित पठन्ति ॥ १४१-१४२ ॥

जिन्होंने अपने विषाण के अग्रभाग से महाभारत लिखकर सत्यवती पुत्र श्री व्यास जी को समर्पित किया, उन सदाशिव के पुत्र आनन्दघन स्वरूप गणपति को तपों द्वारा प्राप्त कर मैं उनका भजन करता हूँ ॥ १४१ ॥

जो सर्वथा स्तुतियों के पद होते हुये भी श्रुतियों के द्वारा सर्वथा अगोचर हैं जो परमात्मा सदाशिव के लीलावतार हैं, ऐसे मुख से नागात्मक किन्तु अन्य शरीर से पुरुषात्मक अथवा इन दोनों से सर्वथा अभिन्न आद्य विघ्नराज का भजन करो ॥ १४२ ॥

पाशाङ्कुशौ भग्नरदं त्वभीष्टं
करैर्दधानं कररन्ध्रमुक्तैः।
मुक्ताफलाभैः पृथुसीकरौघैः
सिञ्चन्तमङ्गं शिवयोर्भजामि ॥ १४३ ॥

शिवयोः पित्रोः ॥ १४३ ॥

जो अपने हाथों में पाश, अंकुश, टूटा हुआ विषाण और वरमुद्रा धारण किये हुये हैं और अपने शुण्ड के छिद्रों से मुक्ताफल के समान मोटे-मोटे जल कणों से साम्ब सदाशिव के अङ्गों को प्रसिञ्चित कर रहे हैं मैं ऐसे गजानन का भजन करता हूँ ॥ १४३ ॥

अनेकमेकं गजमेकदन्तं
चैतन्यरूपं जगदादिबीजम् ।

ब्रह्मेति यं ब्रह्मविदो वदन्ति
तं शम्भुसूनुं शरणं भजामि॥ १४४ ॥
स्वाङ्कस्थिताया निजवल्लभाया
मुखाम्बुजालोकनलोलनेत्रम् ।
स्मेराननाब्जं मदवैभवेन
रुद्धं भजे विश्वविमोहनं तम्॥ १४५ ॥

अनेकमिच्छया। एकं तत्त्वतो ॥ १४४-१४५ ॥

जो तत्त्वतः एक होकर भी स्वेच्छया अनेक रूप हो जाया करते हैं, चैतन्यरूप एवं जगत् के आदि बीजरूप हैं, ब्रह्मवेत्ता जिन्हें ब्रह्म कहते हैं, मैं उन शम्भु पुत्र गजानन की शरण में जाता हूँ ॥ १४४ ॥

जिनके नेत्र स्वांक स्थित स्वप्रिया के मुख कमल के सौन्दर्यावलोकन के लिये अत्यन्त लालायित एवं चञ्चल हो रहे हैं, मुख कमल का विकास मदातिरेक के कारण पूर्ण रूप से खिल नहीं पाता ऐसे विश्व विमोहन गणपति का मैं भजन करता हूँ ॥ १४५ ॥

ये पूर्वमाराध्य गजाननं त्वां
शास्त्राणि सर्वाणि पठन्ति तेषाम् ।
त्वत्तो न चाऽन्यत् प्रतिपाद्यमेतैस्-
तदस्ति चेत् सर्वमसत्यकल्पम्॥ १४६ ॥

ये पठन्ति तेषां पुरुषाणां त्वत्तोऽन्यत् प्रतिपाद्यं ज्ञेयं नास्ति । चकारात्तेषां शास्त्राणामपि त्वत्तोऽन्यत् प्रतिपाद्यं नास्तीत्यर्थः । यतः सर्वेषु शास्त्रेष्वात्मनः प्रतिपादितत्वात् एतैः शास्त्रैस्त्वदन्यत्प्रतिपाद्यते चेत् तत् सर्वमसत्यकल्पम् । तानि शास्त्राण्येव न भवन्तीत्यर्थः । बौद्धशास्त्रादिवत् ॥ १४६ ॥

हे गजानन ! जो लोग प्रथम आपकी आराधना कर तदनन्तर सभी शास्त्रों का पठन करते हैं उन लोगों को आपके अतिरिक्त और कुछ भी ज्ञेय नहीं रह जाता, यदि कुछ ज्ञेय है तो वह सब असत्यपूर्ण है ॥ १४६ ॥

हिरण्यगर्भं जगदीशितारं
कविं पुराणं रविमण्डलस्थम् ।
गजाननं यं प्रविशन्ति सन्तस्-
तत्कालयोगैस्तमहं प्रपद्ये ॥ १४७ ॥

तत्कालयोगैरिति हिरण्यगर्भाद्यवतारो गणेश एवैको लीलया भवति । परमात्मरूपत्वादित्यर्थः ॥ १४७ ॥

जो हिरण्यगर्भ हैं, जगन्नियन्ता हैं, कवि, पुराण एवं रविमण्डल में स्थित हैं,

ऐसे गजानन में कालयोग से सभी सज्जन प्रविष्ट होते हैं । अत: मैं उन्हीं गजानन की शरण में जाता हूँ ॥ १४७ ॥

वेदान्तगीतं पुरुषं भजेऽहमात्मानमानन्दघनं हृदिस्थम् ।
गजाननं यन्महसा जनानां विघ्नान्धकारो विलयं प्रयाति ॥ १४८ ॥

तदेव रूपमाह वेदान्तगीतमिति ॥ १४८ ॥

वेदान्तों से प्रतिपाद्य उस गजानन स्वरूप परम पुरुष का मैं भजन करता हूँ जो परमात्म स्वरूप हैं आनन्दघन हैं सबके हृदय में साक्षिरूपतया विद्यमान हैं और जिनके तेज से मनुष्यों का समस्त विघ्नान्धकार प्रणष्ट हो जाता है ॥ १४८ ॥

शम्भोः समालोक्य जटाकलापे शशाङ्कखण्डं निजपुष्करेण ।
स्वभग्नदन्तं प्रविचिन्त्य मौग्ध्या-दाकृष्टुकामः श्रियमातनोतु ॥ १४९ ॥

मौग्ध्यादिति लीलया । तस्य कदाचिदपि ज्ञानभ्रंशाभावात् ॥ १४९ ॥

अपने टूटे हुये दाँत पर विचार करते हुये (पुनः उन्हें संस्थापनार्थ) जो लीलापूर्वक अपने शुण्डाग्र द्वारा सदाशिव के जटाकलापस्थित चन्द्रमा को देखकर उसे अपनी ओर खींचने की कामना करते हैं ऐसे गजानन हम सभी को श्री प्रदान करें ॥ १४९ ॥

विघ्नार्गलानां विनिपातनार्थं यं नारिकेलैः कदलीफलाद्यैः ।
प्रतारयन्तो मदवारणास्यं प्रापुर्नरोऽभीष्टमहं भजे तम् ॥ १५० ॥

यज्ञैरनेकैर्बहुभिस्तपोभि-राराध्यमाद्यं गजराजवक्त्रम् ।
स्तुत्याऽनया ये विधिना स्तुवन्ति ते सर्वलक्ष्मीनिधयो भवन्ति ॥ १५१ ॥

॥ इति श्रीलक्ष्मणदेशिकेन्द्रविरचिते शारदातिलके त्रयोदशः पटलः समाप्तः ॥ १३ ॥

विघ्नेत्यादिना भक्तवात्सल्यमुक्तम् । नर इति बहुवचनम् ॥ १५०-१५१ ॥

॥ इति श्रीराघवभट्टविरचित-शारदातिलकटीकायां सत्सम्प्रदायकृतव्याख्यायां पदार्थादर्शाभिख्यायां त्रयोदशः पटलः ॥ १३ ॥

विघ्न रूपी अर्गला को प्रणष्ट करने के लिये मनुष्य जिन गणपति को नारिकेल एवं कदलीफलों से प्रतारित करते हुये प्राप्त करते हैं ऐसे अभीष्टदाता गणपति का मैं भजन करता हूँ ॥ १५० ॥

जो आद्य गजानन अनेक यज्ञों एवं उग्रतपों के द्वारा सबके आराध्य हैं, मैं उनकी शरण में जाता हूँ । जो लोग विधिपूर्वक इस स्तुति से गणपति की स्तुति करते हैं वे लक्ष्मी के निधान हो जाते हैं ॥ १५१ ॥

॥ इस प्रकार शारदातिलक के तेरहवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १३ ॥

अथ चतुर्दशः पटलः

अथ सौरप्रकरणम्

अथोच्यते चन्द्रमसो मनुः सर्वसमृद्धिदः ।
खड्गीशस्थो भृगुर्बिन्दुर्मनुस्वरसमन्वितः ॥ १ ॥

सोमषडक्षरमन्त्रः

सोमाय हृदयान्तोऽयं मन्त्रः प्रोक्तः षडक्षरः ।

ऋष्यादिकथनम्

ऋषिरुक्तो भृगुः छन्दः पङ्क्तिः सोमोऽस्य देवता ॥ २ ॥
दीर्घभाजा स्वबीजेन मनोरङ्गक्रिया मता ॥ ३ ॥

अथ क्रमप्राप्तान् सौरमन्त्रान् वक्तुकामस्तस्य तेजस्त्रयात्मकत्वादाद्यन्तयोः सोमाग्न्योर्मन्त्रान् वदन् तन्मन्त्रान् वक्तुमुपक्रमते अथेति । सर्वसमृद्धिद इति विनियोगोक्तिः । मन्त्रमुद्धरति खड्गीशेति । खड्गीशो वः तत्स्थो भृगुः सः मनुस्वरः चतुर्दशस्वर औ बिन्दुश्च तद्युक्तः तेन स्वौं ।

प्रयोगसारे तु—सवौबिन्द्वादिसोमाय नमो मन्त्रः प्रकीर्त्तितः । इति ।

क्वचिद्बिन्दुमानो स्वर इति पाठः । नारायणीये च आचार्यैश्च स्वौमित्युद्धृतम् । अन्ये तु इदं मृत्युञ्जयबीजम् । एतदाद्यो ग्रन्थकृताऽनुद्धृत इति वदन्ति । स्वौं बीजं । आयेति शक्तिः । पद्मपादाचार्यैर्मेति शक्तिरुद्धृता । अन्यत्र तु—

ऋषिरत्रिर्विराट्छन्दो बीजमाद्यमुदाहृतम् । नमः शक्तिः । इति ।

प्रणवप्रासादसंपुट इति केचन । श्रीकामैः श्रीपुटः कार्य इत्यपरे । स्वबीजेनेति । मन्त्राद्यबीजेन स्व इति बीजेन वा ॥ १-३ ॥

अब क्रम प्राप्त सौरमन्त्र कहने की इच्छा से ग्रन्थकार सूर्य के तेज त्रयात्मक अर्थात् सोम, सूर्य और अग्न्यात्मक होने से सर्वप्रथम सोम के मन्त्रों को कहने का उपक्रम करते हैं—

अब मैं संपूर्ण समृद्धियों के देने वाले 'चन्द्रमा' के मन्त्र को कहता हूँ । खड्गीश (व) है युक्त जिससे ऐसा भृगु (सकार), उस पर अनुस्वार (औकार) जो बिन्दु युक्त हो इस प्रकार 'स्वौं' यह चन्द्रमा के मन्त्र का प्रथम अक्षर हुआ । इसके

बाद 'सोमाय नमः' यह पद कहे । इस प्रकार 'स्वौं सोमाय नमः' यह षडक्षर चन्द्रमा का मन्त्र हुआ । इस मन्त्र के भृगु ऋषि हैं, पङ्क्ति छन्द है और सोम इसके देवता हैं ॥ १-२ ॥

दीर्घयुक्त स्वबीज लगाकर उसी मन्त्र के द्वारा षडङ्गन्यास करे । यथा—'स्वां हृदयाय नमः', 'स्वीं शिरसे स्वाहा', 'स्वूं शिखायै वौषट्' इत्यादि ॥ ३ ॥

चन्द्रध्यानम्

कर्पूरस्फटिकावदातमनिशं पूर्णेन्दुविम्बाननं
मुक्तादामविभूषितेन वपुषा निर्मूलयन्तं तमः।
हस्ताभ्यां कुमुदं वरं च दधतं नीलालकोद्भासितं
स्वस्याऽङ्कस्थमृगाङ्कोदिताश्रयगुणं सोमं सुधाब्धिं भजे ॥ ४ ॥

ध्यानमाह कपूरिति । दक्षिणवामाभ्यां कुमुदवरे । क्वचिद्धनमिति पाठः । धनं निधिपात्रम् । अङ्कस्थमृगात् उदित उत्पन्नः आश्रयगुणो नीलिमा यत्र । तेनाङ्कोऽपि ध्येय इत्यर्थः ।

तदुक्तम्—भवतु भवदभीष्टद्योतिताङ्कः शशाङ्कः । इति । अथवा स्वस्याङ्कस्थ-मृगेणोदित आश्रयगुणः सेवनीयगुणो येन कलङ्कित्वापवादे सत्यप्यत्यागात् । सुधाब्धिं अमृतस्वरूपम् ॥ ४ ॥

अब **सोम का ध्यान** कहते हैं—जिनके शरीर का वर्ण कपूर एवं स्फटिक के समान स्वच्छ है और मुख पूर्णचन्द्र के विम्ब जैसा मनोहर है जो मोती की माला पहने हुये अपने धवल शरीर से सारे अन्धकार को दूर भगा रहे हैं, अपने दोनों हाथों में कुमुद तथा वर मुद्रा धारण किये हुये हैं, नीले और कुञ्चित केश से जो उद्भासित हो रहे हैं और अपने अंक में मृगरूप कलंक को धारण कर जो अपनी महत्ता के गुण का परिचय दे रहे हैं ऐसे अमृत स्वरूप चन्द्रमा का मैं भजन करता हूँ ॥ ४ ॥

पुरश्चरणादिकथनम्

रसलक्षं जपेन्मन्त्रं साधको विजितेन्द्रियः ।
षट्सहस्त्रं प्रजुहुयात्पायसेन ससर्पिषा ॥ ५ ॥

रसलक्षं षड्लक्षम् । साधकसत्तम इत्यनेन विद्यामन्त्रस्य दशांशजप उक्तः । प्रयोगेऽपि तज्जपः । तत्र धनलाभे श्रीयोगः कवित्वे वाग्भवयोगः सुखादौ प्रणवयोग इति पद्मपादाचार्याः ॥ ५ ॥

साधक इस प्रकार चन्द्र मन्त्र का इन्द्रियों को वश में रखते हुये छः लाख जप करे । पश्चात् घृतयुक्त पायस से छः हजार आहुति प्रदान करे ॥ ५ ॥

सोमान्तं पूजिते पीठे पूजयेद्रोहिणीपतिम् ।
अङ्गानि केसरेषु स्युस्तद्देव्यः पत्रमध्यगाः ॥ ६ ॥

रोहिणी कृत्तिका भूयो रेवती भरणी पुनः ।
रात्रिदार्द्रा ततो ज्योतिः कला हारसमप्रभाः ॥ ७ ॥
सितमाल्याम्बरधरा मुक्ताहारविभूषणाः ।
पयोधरभराक्रान्ता रचिताञ्जलयः शुभाः ॥ ८ ॥
वल्लभासक्तमनसो मदविभ्रममन्थराः ।
समभ्यर्च्याः सरोजाक्ष्यश्चन्द्रबिम्बनिभाननाः ॥ ९ ॥

सोमान्तमिति । चतुर्थपटले तस्मिन् सूर्येन्दुपावकानिति अनेन अग्निमण्डलान्ता पूजोक्ता । अत्र तु सूर्याग्निमण्डले सम्पूज्य अन्ते सोममण्डलं पूजनीयम् । कश्चित् सोमान्तमिति वह्निमण्डले पूजा न कर्त्तव्येत्याह । तन्न । असाम्प्रदायिकत्वात् । मन्त्रदेवप्रकाशिकादिबहुग्रन्थविरोधाच्च । पीठक्लृप्तौ तु सोमान्तमिति । प्रपञ्चसारपद्यव्याख्याने पद्मपादाचार्यैः पीठार्चने सूर्यवह्निमण्डलार्चनं कृत्वा ततः सोममण्डलमभ्यर्च्य तत्र भगवन्तमावाहयेदित्युक्तम् । पूजिते पीठ इति । पीठनवशक्तिपूजापूर्वकं पीठमन्त्रेणेति शेषः । ताश्च पीठमन्त्रा अपि तन्त्रान्तरोक्ता ज्ञेयाः। तद्यथा—

अमृता तारका ज्योत्स्ना विमला व्यापिनी तथा ।
चित्रा च कृत्तिका कान्तिः श्रवणा नव शक्तयः ॥
अमृतान्ते कलात्मने संवित्पीठाय ते नमः । इति ।

पद्मपादाचार्यैरन्याः पीठशक्तय उक्ताः ॥

राका कुमुद्वती नन्दा सुधा सञ्जीवनी क्षमा ।
आप्यायनी चन्द्रिका च ह्लादिनी नव शक्तयः ॥
पूर्वादिक्रमतो मन्त्री नत्यन्ताः पूजयेदिमाः ॥ इति ।

कलेति शक्तिनाम । 'कलामीशदलेषु' इत्युक्तेः । क्वचित्करालीति शक्तिनाम । 'कराली च क्रमादिमाः' इत्युक्तेः । हारसमप्रभाः श्वेता इत्यर्थः ॥ ६-९ ॥

सूर्य और अग्निमण्डल के पूजनोपरान्त अन्त में सोमपीठ पर रोहिणीपति की पूजा करे । केशरों पर अङ्गपूजा करे तथा पत्रों के मध्य में सोम की पत्नियों का पूजन करे ॥ ६ ॥

रोहणी, कृत्तिका रेवती, भरणी, रात्रिदा, आर्द्रा, ज्योति एवं कला—ये चन्द्रमा की शक्तियाँ हैं सभी हार के समान उज्ज्वल वर्ण वाली हैं ॥ ७ ॥

सभी श्वेत वर्ण की माला तथा श्वेत वर्ण का वस्त्र धारण की हुई हैं । सभी मोतियों के हार से युक्त पयोधर के भार से झुकी हैं । और अपने पति को प्रसन्न करने के लिये अञ्जलि बाँधे खड़ी हैं ॥ ८ ॥

सभी का मन अपने पति चन्द्रमा में लगा हुआ है । सभी मद के विभ्रम से अलसाई हुई हैं । चन्द्रबिम्ब के समान मनोहर मुखों वाली कमलनयनी इन सभी शक्तियों की पूजा करनी चाहिए ॥ ९ ॥

आदित्यादिग्रहध्यानम्

आदित्यमङ्गलबुधमन्दवाक्पतिराहवः ।
शुक्रकेतुयुताः पूज्या दलाग्रेषु ग्रहा इमे ॥ १० ॥
स्वस्ववर्णाम्बरोपेताः स्वनामाद्यर्णबीजकाः ।
रक्तारुणश्वेतनीलपीतधूम्रसितासिताः ॥ ११ ॥

आदित्येति । मङ्गलः अङ्गारकः । मन्दः शनैश्चरः । वाक्पतिर्बृहस्पतिः । तत्र चतुर्दिक्षु आदित्यादयः अग्निकोणादिषु भौमादयः पूज्या इति ज्ञेयम् । यदाहुः—

पूर्वदक्षिणपाश्चात्यसौम्यपत्राग्रके क्रमात् ।
रविश्चान्द्रिर्गुरुः शुक्रः सम्पूज्याः साधकैरमी ॥
आग्नेयादिषु कोणेषु भौममन्दाहिकेतवः । इति ।

स्वनाम्नाम् आद्यर्णाः आद्यक्षराणि सबिन्दूनि बीजानि येषां ते । एतेन ग्रहाणां मन्त्राः सूचिताः। ग्रहयज्ञाङ्गत्वेन तत्र सूर्यमन्त्रं वक्ष्यति। अन्येषां सप्तानाम् अं अङ्गारकाय नम इत्यादयो ज्ञेयाः । अत्राग्रे च पूजायामपि अयमेव प्रयोगोऽनुसन्धेयः ॥ १०-११ ॥

इसके बाद दल के अग्रभाग में आदित्य, मङ्गल, बुध, शनि, बृहस्पति राहु, शुक्र तथा केतु इन नवग्रहों की पूजा करनी चाहिए । उनमें आदित्य, बुध, बृहस्पति और शुक्र की चारों दिशाओं में तथा मङ्गलादि की अग्नि कोणादि में पूजा करनी चाहिए ॥ १० ॥

इन ग्रहों का जैसा वर्ण है उसी प्रकार का वस्त्र धारण किये हुये हैं, इनके नाम के आद्यक्षर ही इनके बीज मन्त्र हैं । इनमें आदित्य का वर्ण रक्त, मङ्गल का अरुण, बुध का श्वेत, शनि का नील, बृहस्पति का पीत, राहु का धूम्र, शुक्र का स्वच्छ तथा केतु का वर्ण काला है ॥ ११ ॥

वामोरुन्यस्ततद्धस्ता दक्षिणेन धृताभयाः ।
अम्बुजाढ्यकरो भानुर्दंष्ट्राभीममुखः शनिः ॥ १२ ॥
राहुर्विकृतवक्त्रः स्यात्केतुः स्याद्विहिताञ्जलिः ।
लोकपालास्ततः पूज्या वज्राद्यस्त्रैः सह क्रमात् ॥ १३ ॥

प्रयोगाः

एवं सिद्धमनुर्मन्त्री सम्पदां वसतिर्भवेत् ।
हृत्पुण्डरीकमध्यस्थं तारहारविभूषितम् ॥ १४ ॥
तारापतिं स्मरन्मन्त्री त्रिसहस्रं मनुं जपेत् ।
राज्यैश्वर्यं दरिद्रोऽपि प्राप्नुयाद्वत्सरान्तरे ॥ १५ ॥

वामोर्विति सूर्यकेतू हित्वा अन्येषां ध्यानम् । सूर्यस्तु पद्मकरः केतुस्तु विहिताञ्जलिरित्युक्तेः । तदुक्तं महाकपिलपञ्चरात्रे—

आदित्यो द्विभुजः प्रोक्तो युवा लक्षणलक्षितः ।
हस्तयोः पङ्कजे तस्य कार्ये स्कन्धमिते शुभे ॥
केतोस्तु— खड्गदीपधरं कृष्णमथवा विहिताञ्जलिम् । इति ।
प्रयोगसारेऽपि— पूर्वार्द्धकायः पिङ्गभ्रू रक्तनेत्रः कृताञ्जलिः । इति ।
तार उज्ज्वलो हारो मुक्ताहारः । तारापतिमिति नायिकासहितम् ॥ १२-१५ ॥

इन लोगों ने अपना बायाँ हाथ बायें ऊरू पर तथा दाहिने हाथ से अभयमुद्रा धारण किया है । सूर्य के हाथ में कमल है, किन्तु शनि अपने दाँतों से भयानक मुख वाले हैं ॥ १२ ॥

राहु का मुख टेढ़ा है, केतु हाथ जोड़े हुये हैं । इसके बाद वज्रादि अस्त्रों के सहित लोकपालों की पूजा करनी चाहिए ॥ १३ ॥

प्रयोग—यदि मन्त्रज्ञ साधक ऊपर कही गई विधि से सोम मन्त्र को सिद्ध कर ले तो वह संपत्तियों का पात्र बन जाता है । हृत्पुण्डरीक के मध्य में उज्ज्वल मोतियों की माला धारण किये हुये चन्द्रमा का ध्यान करके तीन सहस्र चन्द्र का मन्त्र जपने से दरिद्र भी एक संवत्सर के भीतर ही राज्य का ऐश्वर्य प्राप्त कर लेता है ॥ १४-१५ ॥

पूर्वोक्तसंख्यं प्रजपेत् शशिनं मूर्ध्नि चिन्तयन्।
रोगापमृत्युदुःखानि जित्वा वर्षशतं वसेत् ॥ १६ ॥
ब्रह्मचर्यरतः शुद्धश्चतुर्लक्षमिमं जपेत् ।
निधानं भूगतं सद्यः प्राप्नुयाद्यत्नवर्जितः ॥ १७ ॥
जितेन्द्रियो जपेन्मन्त्रं पौर्णमास्यां विशेषतः ।
भवेत्सौभाग्यनिलयः सम्पदामपरो निधिः ॥ १८ ॥
घोरान् ज्वरान् शिरोरोगानभिचारनुपद्रवान् ।
विषाणामपि सङ्घातं नाशयेन्मनुनाऽमुना ॥ १९ ॥
पौर्णमास्यां निराहारो दद्यादर्घं विधूदये ।
प्राक्प्रत्यगायतं कुर्याद् भूतले मण्डलत्रयम् ॥ २० ॥
निषण्णः पश्चिमे मन्त्री मण्डले विहितासने ।
मध्यस्थे स्थापयेत्पश्चात् पूजाद्रव्याण्यशेषतः ॥ २१ ॥

पूर्वोक्तसंख्यमिति त्रिसहस्रम् । शुद्ध इत्यनेन त्रिषवणस्नायी पयआहारश्चेत्युक्तम् ।
यत्प्रयोगसारे— कृत्वा त्रिषवणं स्नानं क्षीराहारो निरन्तरः ।
जपेच्चत्वारि लक्षाणि विधानं लभते ध्रुवम् ॥ इति ॥
मण्डलत्रयमिति । गोमयादिना ॥ १६-२१ ॥

यदि शिर प्रदेशस्थ सहस्रार चक्र में चन्द्र का ध्यान करते हुये उपर्युक्त मन्त्र का तीन सहस्र प्रतिदिन जप करे तो वह रोग, अपमृत्यु एवं सभी प्रकार के दुःखों को दूर कर सैकड़ों वर्ष पर्यन्त जीता है ॥ १६ ॥

ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हुये त्रिकाल स्नान एवं दुग्धाहार करते हुये शुद्ध बुद्धि से चार लाख इस चन्द्र मन्त्र का जप करे तो वह बिना प्रयत्न के पृथ्वी में गडे हुये खजाने को सद्यः प्राप्त कर लेता है ॥ १७ ॥

जितेन्द्रिय हो पौर्णमासी के दिन विशेष रूप से इस मन्त्र का जप करे तो वह सौभाग्यशाली तो हो ही जाता है, दूसरा कुबेर भी बन जाता है ॥ १८ ॥

साधक इस मन्त्र के जप के प्रभाव से घोर से घोर ज्वर, शिरोरोग, मारणादि उपद्रव तथा विषों के सङ्घात को शीघ्रनष्ट करने में समर्थ हो जाता है ॥ १९ ॥

पौर्णमासी को निराहार रह कर चन्द्रोदय होने पर अर्घ्यदान करे । इसकी विधि इस प्रकार है—पृथ्वी पर पूर्व से पश्चिम दिशा की ओर तीन मण्डल का निर्माण करे ॥ २० ॥

उसमें मन्त्रवेत्ता पश्चिम मण्डल पर रखे गये आसन पर बैठे तथा मध्य मण्डल में समस्त पूजा द्रव्यों को स्थापित करे ॥ २१ ॥

अन्यस्मिन्मण्डले सोममर्चयित्वाऽम्बुजान्विते ।
राजतं चषकं तत्र स्थापयेत् पुरतः सुधीः ॥ २२ ॥
गोदुग्धेन समापूर्य स्पृष्ट्वा तं प्रजपेन्मनुम् ।
अष्टोत्तरशतं पश्चाद्विद्यामन्त्रेण देशिकः ॥ २३ ॥
दद्यादर्घं शशाङ्काय सर्वकार्यार्थसिद्धये ।
अनेन विधिना कुर्यात्प्रतिमासम्मतन्द्रितः ॥ २४ ॥
षणमासाभ्यन्तरे सिद्धिं साधकेन्द्रः समश्नुते ।
श्रियमप्युर्जितान् पुत्रान् सौभाग्यं पुष्कलं यशः ॥ २५ ॥
कन्यामिष्टामवाप्नोति कन्याऽपि वरमाप्नुयात् ।

अन्यस्मिन् पौरस्त्ये । सोममर्चयित्वेति पीठादिन्यासं विधाय आत्मयागं कृत्वा बहिः पीठे पङ्कजान्विते अर्चयित्वेत्यर्थः । उक्तञ्च—

आसीनः पश्चिमे मध्यसंस्थे द्रव्याणि विन्यसेत् ।
आत्मानं सकलीकृत्याऽभ्यर्च्याचान्तः सुरेश्वरः ॥
पूर्वस्मिन् पङ्कजोपेते मण्डले सोममर्चयेत् ॥ इति ।

सुधीरित्यनेनैतदुक्तं भवति । विलोममन्त्रं जपन् पूरणं कर्पूरादीनां कुमुदादीनां च पुष्पाणां तत्र निक्षेप इति । यदाहुः—

संस्थाप्य राजतं तत्र चषकं परिपूरयेत् ।
विलोमं प्रजपन् मन्त्रं गव्येन पयसा सुधीः ॥

क्षिपेच्च तत्र कर्पूरशीतकाश्मीरकाक्षतान् ।
कुशग्रन्थियवांश्चैव पुष्पाण्येतानि चादरात् ॥
कुमुदेन्दीवरस्वर्णकेतकीनवमल्लिकाः ।
चम्पकानि यथालाभं शतपत्राणि च क्षिपेत् ॥
आवाहयेच्चन्द्रबिम्बात्रिजाद्या हृदयाद्विभुम् ।
एवं समावाह्य गन्धपुष्पाद्यैरर्चयेद्विधुम् ॥ इति ॥

निराहारोऽर्घ्यं दद्यादित्युक्तत्वादर्घ्यदानादनन्तरं रात्रौ भोजनमनिषिद्धम् । कन्या पीत्यनेनैवमादिषु स्त्रियां अप्यधिकार इत्युक्तं भवति ॥ २२-२६ ॥

तीसरे मण्डल पर कमलयुक्त आसन पर बैठे हुये चन्द्र देवता की पूजा कर वहीं उनके आगे रजत निर्मित पान पात्र स्थापित करे ॥ २२ ॥

उस पात्र में गाय का दूध भर देवे । फिर उसका स्पर्श करते हुये १०८ बार उक्त मन्त्र का जप करे तदनन्तर वक्ष्यमाण विद्या मन्त्र से चन्द्रमा को अर्घ्य प्रदान करे ॥ २३ ॥

सभी कार्यों की सिद्धि के लिये चन्द्रमा को अर्घ्य प्रदान करना चाहिए इस प्रकार विधि (द्र. १४. २०-२४) प्रत्येक मास की पूर्णिमा को सावधानी से एकाग्रचित्त हो करना चाहिए ॥ २४ ॥

ऐसा करने से साधकेन्द्र ६ महीने के भीतर ही अपना मनोभिलषित पूरा कर लेता है । बहुत क्या वह उत्कृष्ट लक्ष्मी पुत्र, सौभाग्य पुष्कल यश और मनोनुकूला कन्या प्राप्त करता है । कन्या भी ऐसा करने से अनुकूल वर प्राप्त करती है ॥ २५-२६ ॥

बहुना किमिहोक्तेन सर्वं दद्यान्निशापतिः ॥ २६ ॥

विद्यामन्त्रः

विद्ये विद्यामालिनि स्याच्चन्द्रिण्यन्ते ततो भवेत् ।
पुनश्चन्द्रमुखि स्वाहा विद्यामन्त्र उदाहृतः ॥ २७ ॥

विद्यामन्त्र उदाहृत इत्यनेनैतदुक्तम् । नवाक्षराद्य एष एव कन्याप्रदानसमर्थ इति। नवाक्षराणि तु । रक्षयुग्मं गजौ प्रोक्त्वा कर्णिनि स्यान्नवाक्षरम् । इति । नारायणीये नवाक्षरादिविद्यामन्त्रमुद्धृतम् ।

विलोमान्तरितं मन्त्रं पत्रे लिख्य तदासनः ।
जपेद् द्वादशसाहस्रमेतदेकदिनेन यः ॥
ज्येष्ठामाराध्य शुक्रर्क्षे कन्या तस्याशु दीयते । इति ।

अथ तन्त्रान्तरोक्तं यन्त्रमुच्यते—

चन्द्रं चन्द्रकलाभिरन्विते शशाङ्के नामतारोदरे ।
षट्पत्रे परितो विलिख्य च भृगुर्दन्तेन बिन्द्वञ्चितः ॥

सोमायेति पदं नमः पदयुतं चालिख्य तद्वाह्यतः ।
कादिक्षान्तगतं समर्च्य विधिना कव्यां गले मस्तके ॥
जप्तं बद्धमिदं क्षणेन गरलप्रध्वंसि तत्पुष्टिदम् । इति ॥ २६-२७॥

अब इससे अधिक क्या कहा जा सकता है कि चन्द्रमा प्रसन्न होकर अपने भक्त को सब कुछ प्रदान करते हैं । अब १३. २३ में कहे गये विद्या मन्त्र का प्रतिपादन करते हैं—'विद्ये विद्यामालिनि चन्द्रिणि चन्द्रमुखि स्वाहा' यह विद्या का मन्त्र है ॥ २६-२७ ॥

सूर्यमन्त्रः । ऋष्यादिकथनम्

तारो घृणिर्भृगुः पश्चाद्वामकर्णविभूषितः ।
वह्न्यासनो मरुच्छेषः सनेत्रोऽत्रित्यपश्चिमः ॥ २८ ॥
अष्टाक्षरो मनुः प्रोक्तो भानोरभिमतप्रदः ।
देवनागो[1] मुनिः प्रोक्तो गायत्री छन्द ईरितम् ॥ २९ ॥
आदित्यो देवता प्रोक्तो दृष्टादृष्टफलप्रदः ।
सत्याय हृदयं प्रोक्तं ब्रह्मणे द्विठ ईरितः ॥ ३० ॥
विष्णवे स्याच्छिखा वर्म रुद्राय परिकीर्त्तितम् ।
अग्नये नेत्रमाख्यातं शर्वायाऽस्त्रमुदीरितम् ॥ ३१ ॥
तेजोज्वालामणि हुँफट्स्वाहान्ताः पृथगीरिताः ।
अङ्गमन्त्रान् पुनर्न्यस्येत् पञ्चमूर्त्तीर्यथाक्रमम् ॥ ३२ ॥
आदित्यं विन्यसेन्मूर्ध्नि रविं मुखगतं न्यसेत् ।
हृदये भानुनामानं भास्करं गुह्यदेशतः ॥ ३३ ॥
सूर्यं चरणयोर्न्यस्येत् ह्रस्वैः सद्यादिपञ्चभिः ।
प्रधानमूर्त्तिप्रतिमाः सर्वाभरणभूषिताः ॥ ३४ ॥
मूर्द्धास्यकण्ठहृदयं कुक्षिनाभिध्वजाङ्घ्रिषु ।
मन्त्रवर्णान् न्यसेदष्टौ प्रत्येकं प्रणवादिकान् ।
एवं न्यस्तशरीरोऽसौ चिन्तयेत्तेजसां निधिम् ॥ ३५ ॥

सूर्यमन्त्रमाह तार इति । घृणिरिति स्वरूपम् । भृगुः सः वामकर्ण ऊ तेन विभूषितस्तेन सू । मरुद्यकारो वह्नेः रेफस्यासनः तेन र्यः । शेषः अनन्त आ अत्रिर्दः सनेत्र इकारयुक्तस्तेन दि । त्यपश्चिम इति मन्त्रविशेषणं त्य इत्यन्तमक्षरमित्यर्थः । पश्चिम इत्यनेन ओमन्तोऽपि भवतीति सूचितम् । अभिमतप्रद इत्यनेन विनियोगोक्तिः । अयं मन्त्रः साक्षाच्छ्रुतिपठित इति शूद्रादेरत्र नाधिकारः ।

तदुक्तं तैत्तिरीयशाखायां नारायणीयोपनिषदि—घृणिरिति द्वे अक्षरे सूर्य इति

१. भागो इति पाठः शाक्तप्रमोदे ।

त्रीणि आदित्य इति । त्रीणि एतद्वै सावित्रस्याष्टाक्षरं पदं श्रियाभिषिक्तं य एवं वेद श्रिया है वाभिषिच्यत इति ।

केचन श्रीमन्तमाहुः । अन्ये श्रीकामहृल्लेखापुटितं मह्यं लक्ष्मीं प्रयच्छेत्यनेन पल्लवितमाहुः । रं बीजं यं शक्तिः । केचन शक्तिबीजाद्यं श्रीमन्तमाहुः । तन्मते प्रणवो बीजं माया शक्तिः । तदुक्तम्—

श्रीबीजान्तः सम्प्रदाये मूलमन्त्रस्तु याजुषः(मानुषः)।
अयं श्रीकामहृल्लेखासंपुटोऽन्ते प्रयच्छ मे ॥
लक्ष्मीमित्थं पल्लवितः शङ्कराचार्यसम्मतः ।
हृल्लेखापूर्वकोऽन्त श्रीर्विश्वरूपमते स्थितः ॥ इति ।

द्विठः स्वाहा । ईरिता उक्ताः । सत्यायेत्यादयोऽङ्गमन्त्राः पृथक् प्रत्येकमेतदन्ता ज्ञेयाः । तत्र प्रयोगः । सत्याय तेजो ज्वालामणि हुँ फट् स्वाहा । हृदयाय नम इत्यादि । अन्ये तु सत्यायेत्यादिचतुर्थी अविवक्षितेत्याहुः । तेन सत्यतेजो ज्वालामणि हुँ फट् स्वाहा हृदयाय नम इत्यादि प्रयोगः । एष एव साम्प्रदायिकः । अपेक्षितार्थद्योतनिका-कारादिभिस्तथा लिखितत्वात् । अत एव प्रपञ्चसारटीकाकारैः ब्रह्मेत्यत्राकारश्रुति-श्चतुर्थीनिवारणायेति व्याख्यातम् । पुनरित्यनेनाऽष्टाङ्गोऽपि सूचितः । सूत्रमन्त्रषड-क्षराणि षडङ्गस्थानेषु षडङ्गवद्विन्यस्य उदरपृष्ठयोर्नमोऽन्तयोर्वर्णद्वयं न्यसेदित्यष्टाङ्गम् । सद्यादीति । ओकारादिविपरीतनपुंसकवर्जितपारिभाषिक पञ्चह्रस्वैः सह यथाक्रमं पञ्चमूर्त्तीर्न्यसेदिति सम्बन्धः । ॐ आदित्याय नमः एं रवये नमः उं भानवे नमः इं भास्कराय नमः अं भ सूर्याय नम इति प्रयोगः । यथाक्रमम् इत्यनेन ऊर्ध्वादिमुखेष्वपि न्यसेदित्युक्तम् । प्रत्येकमिति । तेन ॐ ॐ नमो मूर्ध्नीति प्रयोगः । एवं न्यस्तेत्यनेन नवग्रहन्यासोऽपि सूचितः । स उक्तो मया प्राक् ॥ २८-३५ ॥

अब **सूर्य का मन्त्र** कहते हैं—तार (प्रणव), तदनन्तर घृणि पद, इसके बाद भृगु (स), वह वामकर्ण (ऊ), से विभूषित पश्चात् इसके बाद रेफ के आसन से युक्त मसत् (यकार), फिर शेष (आकार) इसके बाद इकार युक्त 'द' पद, तदनन्तर सबसे अन्तिम 'त्य' पद, इस प्रकार आठ अक्षर वाले सूर्य मन्त्र का उद्धार कहा गया । इसका स्वरूप इस प्रकार है—'ॐ घृणि सूर्य आदित्य' यह सूर्य का अष्टाक्षर मन्त्र समस्त अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाला है । इस मन्त्र के देवनाग मुनि हैं और गायत्री छन्द है ॥ २८-२९ ॥

समस्त जगत् को दृष्टादृष्ट फल प्रदान करने वाले आदित्य इसके देवता हैं, तदनन्तर इस प्रकार अङ्गन्यास करे । सत्याय हृदि, ब्रह्मणे स्वाहा शिरसे, विष्णवे शिखायाम्, रुद्राय कवचम्, अग्नये नेत्रयो, शर्वाय अस्त्राय फट् । इस प्रकार अङ्गन्यास कर पुनः आगे कहे जाने वाले मन्त्र के आदि में इसे लगा कर इस प्रकार अङ्गन्यास करे ।

'सत्याय तेजोज्वालामणि हुँ फट्' हृदयाय नमः, 'ब्रह्मणे तेजोज्वालामणि हुँ फट् स्वाहा शिरसे', 'विष्णवे तेजोज्वालामणि हुँ फट् स्वाहा' कवचाय हुँ अग्नये,

'तेजो ज्वालामणि हुँ फट् स्वाहा' इति नेत्रयोः, 'शर्वाय तेजोज्वालामणि हुँ फट् स्वाहा' इत्यस्त्राय फट् ।

इस प्रकार इसका अङ्गन्यास कहा गया । तदनन्तर ह्रस्व वर्ण युक्त आदित्यादि पञ्चमूर्त्ति का भी इस प्रकार न्यास करे । ॐ आदित्याय नमः इति मूर्ध्नि, ऐं रवये नमः इति मुखे, उं भानवे नमः इति हृदये, इं भास्कराय नमः इति गुह्ये, ॐ अं सूर्याय नमः इति चरणयोः—ये सभी प्रधानमूर्त्तियाँ सभी आभरणों से भूषित हैं ॥ ३०-३४ ॥

इसके बाद मूर्धा, मुख, कण्ठ, हृदय, कुक्षि, नाभि, लिङ्ग और चरणों में ऊपर कहे गये सूर्य मन्त्र के ८ अक्षरों से (ॐ घृणि सूर्य आदित्य) न्यास करे । इस प्रकार जब साधक अपने शरीर का न्यास कर लेवे तब संपूर्ण तेजों के निधान भगवान् भास्कर का इस प्रकार ध्यान करे ॥ ३५ ॥

भास्करध्यानम्

रक्ताब्जयुग्माभयदानहस्तं
केयूरहाराङ्गदभूषणाढ्यम् ।
माणिक्यमौलिं दिननाथमीडे
बन्धूककान्तिं विलसत्त्रिनेत्रम् ॥ ३६ ॥

दानं वरम् । आयुधध्यानं वामाद्यूर्ध्वयो रक्ताब्जे तदधस्तनयोरन्ये । अत्र ध्यानानन्तरं कमलबिम्बमुद्रे प्रदर्शनीये । कमलाकृतिमुद्रा तु सौरमुद्रेयमीरिता । इत्युक्तेः ।

प्रयोगसारेऽपि— दर्शयेदग्रतस्त्वब्जबिम्बमुद्रे यथोदिते । इति ।
तत्रालमुद्रालक्षणं यथा—

करौ तु सम्मुखौ कृत्वा संहतावुन्नताङ्गुली ।
तलान्तमिलिताङ्गुष्ठौ कुर्यादिषाऽब्जमुद्रिका ॥ इति ॥

नारायणीये बिम्बमुद्रालक्षणम्—

पद्माकारौ करौ कृत्वा अविश्लिष्टे तु मध्यमे ।
अङ्गुल्यौ धारयेत्तस्मिन् बिम्बमुद्रेति सोच्यते ॥ इति ।

एते सर्वसौरमन्त्रसाधारणे इति ज्ञेयम् ॥ ३६ ॥

अब **भगवान् भास्कर का ध्यान** कहते हैं—जिन्होंने अपने चार हाथों में दो लाल कमल, अभय और वरमुद्रा धारण किया है, जो केयूर हार आदि भूषणों से विभूषित हैं, जिनके शिरः प्रदेश में माणिक्य जटित मुकुट शोभा दे रहा है, ऐसे बन्धूक पुष्प के समान कान्ति वाले त्रिनेत्र भगवान् सूर्य को मैं प्रसन्न करता हूँ ॥ ३६ ॥

पुरश्चरणादिकथनम्

वसुलक्षं जपेन्मन्त्रं समिद्भिः क्षीरशाखिनाम् ।
तत्सहस्रं प्रजुहुयात् क्षीराक्ताभिर्जितेन्द्रियः ॥ ३७ ॥

वसुलक्षमष्टलक्षम् । अत्र विशेषः प्रयोगसारे—

रक्ताम्बरधरो रक्तगन्धमाल्यविभूषितः ।
घृतक्षीरसमायुक्तगुडभक्ताशनो निशि ॥
भैक्षाहारोऽथवा वीतसङ्गः सन्तोषवान् सदा ।
मन्त्रमावर्त्तयेन्नित्यमाराधनपरायणः ॥ इति ।

अन्यः पुरश्चरणसामान्यविधिर्वक्ष्यमाण एवानुसन्धेयः । तत्सहस्रमष्टसहस्रम् ॥ ३७ ॥

पुरश्चरण—ऊपर कहे गये सूर्य के अष्टाक्षर मन्त्र का ब्रह्मचर्य धारण कर आठ लाख जप करे और क्षीरी वृक्षों की समिधा जो दूध से भिगोई गई हो उससे आठ हजार हवन करे ॥ ३७ ॥

पीठस्य क्लृप्तेः प्रथमं दिक्षु मध्ये च संयजेत् ।
प्रभूतं विमलं सारं समाराध्यमनन्तरम् ॥ ३८ ॥

पीठस्य क्लृप्तेः प्रथममिति । मण्डुकादिवेदिकान्तं सम्पूज्य धर्मादिः प्राक्परमसुखान्तान् सम्पूज्य पश्चाद्धर्मादिपूजेति केचन । अन्ये तु धर्मादिस्थाने प्रभूतादिकान् सम्पूज्य मध्ये फलकरूपेण परमसुखं पूजयेत् । धर्माधर्मादिपूजा नास्तीत्याहुः । एतदेव साम्प्रदायिकम् । उक्तञ्च नारायणीये—

पीठाङ्घ्रीन् कल्पयेदेतान् हृदा मध्ये विदिक्षु च । इति ।

एतत् सर्वसूर्यमन्त्रसाधारणम् । दिक्ष्विति सामान्यत उक्तेरत्राग्नेयादिकोणा एव गृह्यन्ते । विदिक् मध्येषु संयजेदिति पाठः । यदाहुराचार्याः—

प्रयजेदथ प्रभूतां विमलां साराह्वयां समाराध्याम् ।
परमसुखामग्न्यादिष्वस्त्रिषु मध्ये च पीठक्लृप्तेः प्राक् ॥ इति ॥

प्रयोगसारेऽपि— ईशानान्तं च विदिक्ष्वेतान् प्रपूजयेत् । इति ॥ ३८ ॥

परमादिसुखं पीठं स्वबिम्बान्तं प्रकल्पयेत् ।
दीप्ता सूक्ष्मा जया भद्रा विभूतिर्विमला पुनः ॥ ३९ ॥
अमोघा विद्युता सर्वतोमुखी पीठशक्तयः ।
दीप्तदीपशिखाकारा बीजान्यासां विदुः क्रमात् ॥ ४० ॥

स्वबिम्बान्तमिति । सोमग्निमण्डले सम्पूज्य सूर्यमण्डलं पूजनीयमित्यर्थः । दीप्तेत्यासां ध्यानम् । तदुक्तं प्रयोगसारे—

दीप्तदीपशिखाकारा ध्येयाः स्युर्नव शक्तयः । इति ॥ ३९-४० ॥

तदनन्तर धर्मादि से पूजित पीठ पर सर्वप्रथम दिशाओं में एवं मध्य में १. प्रभूत, २. विमल, ३. सार, ४. समाराध्य एवं ५. परमादि सुख की क्रमशः पूजा कर सोम एवं अग्निमण्डल की पूजा कर पश्चात् सूर्यमण्डल की पूजा करे । तदनन्तर दीप्ता, सूक्ष्मा, जया, भद्रा, विभूति, विमला, अमोघा, विद्युता, सर्वतोमुखी पीठरूपा नव शक्तियों की पूजा करे ॥ ३८-४० ॥

अब उन **शक्तियों का ध्यान** कहते हैं—ये दीप्तादि शक्तियाँ दीप्त ज्वाला के आकार की है ।

पीठमन्त्रः

अक्लीबह्रस्वत्रितयस्वरान् बिन्द्वग्निसंयुतान्।
वदेत्पदं चतुर्थ्यन्तं ब्रह्मविष्णुशिवात्मकम् ॥ ४१ ॥
सौराय योगपीठाय नमः पदमनन्तरम् ।
पीठमन्त्रोऽयमाख्यातो दिनेशस्य जगत्पतेः ॥ ४२ ॥

अक्लीबेति । ह्रस्वत्रितयं अइउ । अत्र क्लीबह्रस्वत्रितयपदाभ्यां नञा सह सम्बन्धः । अग्नी रेफः । रां रीं रूं रैं इत्यादि नवबीजानि । अन्ये तु ह्रस्वत्रयम् अइअं इत्याहुः । तदुक्तं महाकपिलपञ्चरात्रे—

आद्योपान्त्यं तृतीयं च त्यक्त्वा चैवं नपुंसकम् ।
भेदयेन्नवधा यान्तं स्वरैरेभिर्यथाक्रमम् ।
बिन्दुयुक्तानि बीजानि शक्तीनामुद्धृतानि वै ॥ इति ।
अन्यत्राकारेकारविसर्गान् हित्वा नव बीजानीति ।

तदुक्तं प्रयोगसारनारायणीययोः—

आद्यमन्त्यं तृतीयं च त्यक्त्वाऽपि च नपुंसकान् । इति ।

पीठमन्त्र इति । सर्वसूर्यमन्त्रसाधारण इति ज्ञेयम् ॥ ४१-४२ ॥

इनका बीज तीन क्लीव तथा हीन ह्रस्व स्वरों को छोड़कर शेष नव स्वरों से युक्त रेफ वर्ण है । इसका स्वरूप इस प्रकार है—'रां रीं रूं रें रैं रों रं रः' । इसके बाद ब्रह्मा-विष्णु-शिवात्मक पद में चतुर्थ्यन्त लगाकर 'सौराय योगपीठाय नमः' लगाकर पीठ मन्त्र की पूजा करे ।

यथा—'रां ब्रह्मा विष्णु शिवात्मकाय सौराय योगपीठाय नमः' । इसी प्रकार 'रीं' के आगे भी उक्त आसन का मन्त्र पढ़े । इस प्रकार जगत्पति भगवान् दिनेश के आसन का मन्त्र कहा गया है ॥ ४१-४२ ॥

मूर्त्तिकल्पनमन्त्रः

तारादि खं खखोल्काय मनुना मूर्त्तिकल्पना ।
साक्षिणं सर्वलोकानां तस्यामावाह्य पूजयेत् ॥ ४३ ॥

तारादीति । खखोल्कायेति स्वरूपम् । तदुक्तं महाकपिलपञ्चरात्रे—

याष्टमं बिन्दुना युक्तं कद्वितीयं तथैव च ।
तदेव केवलं भूय ओभिन्नं सविलोमकम् ॥
सविलोमाचतुर्थं तु यतृतीयोपरि स्थितम् ।
अक्षरं तद्द्वितीयेन स्वरेणैव प्रभेदितम् ॥
वानुलोमाच्चतुर्थं तु केवलं तदनन्तरम् ।
समासादुद्धृतो वत्स मूर्त्तिमन्त्रः षडक्षरः ॥ इति ।

अयमन्येषामपि सूर्यमन्त्राणां मूर्त्तिमन्त्र इति ज्ञेयम् । तत्राकाशबीजादिरुद्धृत इति विशेषः । अथवात्रैवं व्याख्येयम् । तारश्च आदिशब्देन प्रथमोत्पन्नत्वात् आकाशस्तस्य बिन्दुः सम्प्रदायादिति । अथवा खमिति तन्त्रेण द्वयमुपात्तम् एकेनाकाशबीजमन्येन स्वरूपम् । प्रयोगसारेऽपि—सूर्यकान्ताक्षरे प्रोक्ता बिन्दुभूषितमस्तके । इति ।

नारायणीये च— खकान्ती दण्डिनी चण्डो मज्जा दशनसंयुता ।
मांसं दीर्घा जवद्वायुरन्ते तस्यापि कृद्विदुः ॥
एतच्च साधयेत्कामानभिषेकजपादिना । इति ।

निर्बीजोऽपि तत्रैवोद्धृतः । अत्र लकारतकारौ वेदिकापीठभेदेनेति उभावपि साम्प्रदायिकौ । निर्बीजो मूर्त्तिकल्पनायां सबीजो जपादाविति ज्ञेयम् । अयं स्वतन्त्रोऽपि मन्त्रः । अस्यर्ष्यादि यथा—

ऋषिः सूक्ष्मक आख्यातो जगती छन्द ईरितम् ।
देवः सूर्यो बीजशक्ती कान्तमज्जास्थहृत्स्मृते ॥
सूक्ष्मरूपायाग्निवधूः स्वाहान्तः सूक्ष्मतेजसे ।
सूक्ष्मकरा (रुपा) याग्निवधूः सूक्ष्मबलाय ठद्वयम् ॥
सूक्ष्मकायाय सहुंफट्जातियुक्ताः समीरिताः ।
पञ्चाङ्गमन्त्रा मन्त्रार्णैः षडङ्गं वा प्रकल्पयेत् ॥
रक्तपद्मद्वयं हस्ते बिभ्राणां वरदाभये ।
बन्धूकाभं त्रिनेत्रं च रविं ध्यायेत् सुभूषितम् ॥
लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं क्षीराहारो जितेन्द्रियः ।
जुहुयात्तद्दशांशेन बिल्वाश्वत्थसमिद्वरैः ॥

सूर्यपीठेऽष्टाक्षरवत्पुजा । वक्ष्यमाणार्घ्यदानं च । खेचरीसिद्धिश्च फलं ज्ञेयम् ।

उक्तश्च नारायणीये—अनेन बहुभिः प्राप्ताः खेचरत्वादिसिद्धयः । इति ।

मूर्त्तिकल्पनेति । मूलमन्त्रमुचार्य पश्चादिममुचार्य मूर्त्तिकल्पनेति पद्मपादाचार्याः ॥ ४३॥

मूर्तिकल्पनमन्त्रोद्धार—इसके पश्चात् 'ॐ खं खखोल्काय' इस मन्त्र से मूर्त्ति की कल्पना करे । पुनः उसी मूर्त्ति में सर्वलोकैक साक्षी भगवान् सूर्य का आवाहन कर पूजा करे ॥ ४३ ॥

अङ्गानि पूजयेदादौ दिक्पत्रेष्वर्कमूर्त्तयः ।
आदित्याद्याश्चतस्रोऽर्च्याः शक्तयः कोणपत्रगाः॥ ४४ ॥

स्वस्वनामादिवर्णाः स्युस्तासां बीजान्यनुक्रमात् ।
उषा प्रज्ञा प्रभा सन्ध्या शक्तयः परिकीर्त्तिताः ॥ ४५ ॥
पत्राग्रसंस्था ब्राह्म्याद्याः पुरतोऽरुणमर्चयेत् ।

अङ्गानि पूजयेदिति कर्णिकायाम् । तदुक्तं नारायणीये—

वह्निरक्षोमारुतेशदिक्षु पूज्या हृदादयः ।
स्वमन्त्रैः कर्णिकान्तस्था दिक्ष्वस्त्रं पुरतश्च दिक् ॥ इति ।

आदावित्यनेन केसरेष्वष्टाङ्गपूजा सूचिता । आदित्याद्या इति न्यासोक्तबीजसहिताः । अत्र केचनादित्यादिमूर्त्तयश्चतस्त्र इति सामानाधिकरण्यं कृत्वा सूर्यं न पूजयन्ति। तदसत् । उद्दिष्टपञ्चकमध्ये एकत्यागे कारणाभावात् । मुख्यतया कर्णिकायां स पूजित इति चेत् । पञ्चसु कः पूजितः को नेति नियामकाभावात् । पूर्वत्र परत्र च यत्र यत्र पञ्चकमुक्तम् तत्र त्यागस्याऽदृष्टचरत्वाच्च । तेन पद्मपादाचार्योक्तरीत्या आदित्यं मध्ये सम्पूज्य रव्यादयो दिक्चतुष्के पूज्याः । चतस्त्र इति शक्तिविशेषणत्वेन योज्यम् । पुरतोऽरुणमर्चयेदित्युक्तेः । कल्पितदिगपेक्षया तदीशदलमपि सम्मुखदलमिति । तेन महालक्ष्मीस्थाने अरुणः पूज्यः । 'मातृभिररुणान्ताभिः' इत्याचार्योक्तेः । पद्मपादाचार्यास्तु मातृः सम्पूज्य पुरतोऽरुणमर्चयेदित्यूचुः । अतएव नारायणीये पूर्वपत्रे अरुणस्तथेत्युक्तम् ॥ ४४-४६ ॥

चन्द्रादीनर्चयेत् पश्चाद् ग्रहानष्टौ ततो बहिः ॥ ४६ ॥
इन्द्रादींश्च तदस्त्राणि यथापूर्वं समर्चयेत् ।
एवं सम्पूज्य विधिवद्भास्करं भक्तवत्सलम् ॥ ४७ ॥

चन्द्रादीनिति स्वबीजाद्यान् । चन्द्रः सोमः । तत्र पूर्वादिषु चन्द्रबुधगुरुशुक्रान् आग्नेयादिषु भौममन्दराहुकेतूनिति ज्ञेयम् । प्रयोगस्तु पूर्वोक्तोऽनुसन्धेयः ।

अतएव नारायणीये—पूर्वादिदिक्षु सम्पूज्याश्चन्द्रज्ञगुरुभार्गवाः ।
आग्नेयादिषु कोणेषु कुजमन्दाहिकेतवः ॥ इति ।

विधिवदित्यनेन सूर्यपरिषद्भ्यो नम इति बहिः पारिषदान् पूजयेदित्युक्तम् । 'ग्रहैः सुरैश्चापि सूर्यपरिषद्भिः' इत्युक्तेः ॥ ४६-४७ ॥

सूर्यार्घ्यदाननियमः

दद्यादर्घ्यं प्रतिदिनं वारे वा तस्य चोदिते ।
प्रभाते मण्डलं कृत्वा पूर्ववत्पीठमर्चयेत् ॥ ४८ ॥

प्रभाते अर्चयेदिति सम्बन्धः । मण्डलमिति वृत्तम् । कृत्वेति रक्तचन्दनेन । तदुक्तं प्रयोगसारे—रक्तचन्दनगन्धेन कृत्वा वृत्तं सुशोभनम् । मण्डलम् । इति ॥ ४८ ॥

सर्वप्रथम कर्णिकाओं में अङ्गपूजा करे । पश्चात् दिशाओं के पत्रों में आदित्यादि सूर्यमूर्त्तियों की (द्र. १४. ३३-३४) पूजा करे । इसके बाद आगे कही जाने वाली सूर्य की चार शक्तियों की इनके नाम के आदि के अक्षरों के

बीज से क्रमशः पूजा करे । उषा, प्रज्ञा, प्रभा और सन्ध्या उन शक्तियों के नाम हैं ॥ ४४-४५ ॥

इसके अनन्तर पत्राग्र भाग में ब्राह्मी आदि शक्तियों की पूजा करे, इसके पश्चात् आगे अरुण की अर्चना करे । इसके बाद उसके बाहर चन्द्रादि आठ ग्रहों की पूजा करे ॥ ४६ ॥

तदनन्तर इन्द्रादि लोकपालों की तथा उनके अस्त्रों की पूर्ववत् पूजा करे । इस प्रकार आवरण सहित भक्तवत्सल भगवान् भास्कर की पूजा कर प्रतिदिन अथवा उनके वार रविवार के दिन उन्हें इस प्रकार अर्घ्य प्रदान करे । प्रातःकाल में गोल मण्डल बनावे और पूर्ववत् पीठ की पूजा करे ॥ ४७-४८ ॥

पात्रं ताम्रमयं प्रस्थतोयग्राहि मनोहरम् ।
निधाय तत्र मनुना पूरयेत्तच्छुभोदकैः ॥ ४९ ॥

प्रस्थतोयग्राहीति । प्रस्थप्रमाणमुक्तं श्रीधराचार्यैः—

कुडवश्चतुःपलः स्यात्प्रस्थः कुडवैश्चतुर्भिः स्यात् । इति ।

मनुना विलोमपठितेनेति विशेषः । यदाहुः—

प्रजपन्मनुं प्रतिगतक्रमतः परिपूरयेत् सुविमलैः सलिलैः । इति ।

शुभोदकैरिति । आदित्यमण्डलान्निसरदमृतधारारूपत्वेन ध्यातैरित्यर्थः ॥ ४९॥

कुङ्कुमं रोचनाराजीरक्तचन्दनवैणवान् ।
करवीरजवाशालिङ्कुशश्यामाकतण्डुलान् ॥ ५० ॥

राजी आसुरी । रक्तं रक्तचन्दनम् । चन्दनं श्वेतचन्दनम् । वैणवं वेणुबीजानि । करवीरं रक्तकरवीरपुष्पमिति परमगुरवः । जवा रक्तजवा । कुशं कुशाग्रं तण्डुला अक्षताः ॥ ५० ॥

इसके बाद एक प्रस्थ जल जिसमें आ सके ऐसे मनोहर ताम्रपात्र को अपने आगे रख कर सूर्य का मन्त्र पढ़ते हुये विशुद्ध जल से उसे पूर्ण करे । पुनः उसमें कुंकुम, गोरोचन, राजी (राई), रक्त चन्दन, बाँस का बीज (वंशलोचन ?), करवीर, जवा, शाली कुशा, श्यामलक और अक्षत छोड़ देवे ॥ ४९-५० ॥

निक्षिपेत्सलिले तस्मिन्नैक्यं सञ्चिन्त्य भानुना ।
साङ्गमभ्यर्चयेत्तस्मिन् भास्करं प्रोक्तलक्षणम् ॥ ५१ ॥

निक्षिपेदिति । यथालाभं क्वचित्तिला अपि । तदुक्तमाचार्यैः—

गोरोचनास्रतिलवैणवराजिरक्त
शीताख्यशालिकरवीरजपाकुशाग्रान् ।
श्यामाकतण्डुलयुतांश्च यथाप्रलाभान्
संयोज्य भक्तिभरतोऽर्घविधिर्विधेयः ॥ इति ।

ऐक्यं सङ्कल्प्येति स्वात्मन इति शेषः । 'स्वैक्यं सम्भावयन् समाहितधीः इष्ट्वा दिनेशम्' इत्युक्तेः । तस्मिन् पात्रे । साङ्गमिति षडङ्गाष्टाङ्गसहितम् । अष्टाङ्गेनाऽभि-सम्पूज्येति प्रयोगसारे उक्तेः । तत्र मन्त्रषडक्षराणि षडङ्गस्थानेषु षडङ्गवद्विन्यस्य उदरपृष्ठयोर्वर्णद्वयं विन्यसेदिति । प्रोक्तलक्षणं पूर्वोक्तध्यानम् ॥ ५१ ॥

तदनन्तर आत्मा से अभिन्न सूर्य का ध्यान करते हुये उस जल में पूर्वाक्त लक्षण लक्षित षडङ्ग अथवा अष्टाङ्गविधि (द्र. १४. ३१-३५) से सूर्य भगवान् की पूजा करे ॥ ५१ ॥

गन्धपुष्पादिनैवेद्यैर्यथाविधि विधानवित् ।
तत् पिधाय जपेन्मन्त्रं सम्यगष्टोत्तरं शतम् ॥ ५२ ॥
पुनः सम्पूज्य गन्धाद्यैर्जानुभ्यामवनिं गतः ।
आमस्तकं तदुद्धृत्य व्योम्नि सावरणे रवौ ॥ ५३ ॥
दृष्टिं निधाय स्वैक्येन मूलमन्त्रं धिया जपन् ।
दद्यादर्घ्यं दिनेशाय प्रसन्नेनाऽन्तरात्मना ॥ ५४ ॥
कृत्वा पुष्पाञ्जलिं भूयो जपेदष्टोत्तरं शतम् ।
यावदर्घ्यामृतं भानुः समादत्ते निजैः करैः ॥ ५५ ॥
तेन तृप्तो दिनमणिर्दद्यादस्मै मनोरथान् ।
अर्घ्यदानमिदं पुंसामायुरारोग्यवर्द्धनम् ॥ ५६ ॥
धनधान्यपशुक्षेत्रपुत्रमित्रकलत्रदम् ।
तेजोवीर्यवशःकान्तिविद्याविभवभाग्यदम् ॥ ५७ ॥

आदिशब्दात् धूपदीपौ । यथाविधीत्यनेनैतदुक्तं भवति । सावरणमिति । व्योम्नि सूर्यमण्डलेऽपि स्थितमावरणसहितं देवं विलोक्य मनसा सम्पूज्येति च । उक्तञ्च—

इष्ट्वा दिनेशमथ पीठगतं तथैव व्योमस्थितं परिवृतावरणं विलोक्य । इति ।

विधानवित् तत् पिधायेति सम्बन्धः । विघानविदित्यनेनैतदुक्तं भवति । सोमात्मना भावितामृतवीजयुतेन वामोपष्टब्धेन स्वदक्षिणहस्तेनेति । सम्यगिति प्राणायामत्रयं षडङ्गन्यासं विधायेत्युक्तम् । पुनः सम्पूज्य । जलमिति शेषः । अर्घ्यं दद्यादिति । तत्र प्रकारः । मूलान्ते भगवते रवये अर्घ्यं कल्पयामि नम इत्युच्चार्येति । प्रसन्नेनान्तरात्मनेति भक्त्या दद्यादित्युक्तम् ॥ ५२-५७ ॥

इस प्रकार गन्ध पुष्पादि नैवेद्यों के द्वारा विधानवेत्ता यथाविधि सूर्य की पूजा संपादित करे । फिर उस पात्र को ढक कर सूर्य मन्त्र का एक सौ आठ बार जप करे ॥ ५२ ॥

फिर गन्धादि द्वारा उस पात्र में जल का पूजन कर दोनों घुटनों के बल मस्तक पर्यन्त पृथ्वी पर स्थित हो उस पात्र को ऊपर उठा कर और आकाश में सूर्य को आवरण में कर उनमें अपनी दृष्टि स्थापित करते हुये, सूर्य से अपने को

अभिन्न मानकर मूलमन्त्र पढ़ते हुये भक्तिपूर्वक प्रसन्नचित्त से सूर्य नारायण को अर्घ्य प्रदान करे ॥ ५३-५४ ॥

तदनन्तर हाथ में पुष्पाञ्जलि लेकर पुनः १०८ बार मूल मन्त्र का जप करे, यह जप क्रिया तब तक करे जब तक सूर्य अपनी किरणों से उस अर्घ्यामृत को ग्रहण नहीं कर लेते। तदनन्तर पुष्पाञ्जलि भगवान् सूर्य को समर्पित करे ॥ ५५ ॥

इस प्रकार की अर्घ्यदान क्रिया से प्रसन्न हुये दिनमणि अपने भक्त के सभी मनोरथों को पूर्ण करते हैं। सूर्य के उद्देश्य से किया गया अर्घ्यदान पुरुषों की आयु और आरोग्य की अभिवृद्धि करता है ॥ ५६ ॥

इतना ही नहीं धन, धान्य, पशु, क्षेत्र, पुत्र, मित्र, कलत्र, तेज, वीर्य, यश, कान्ति, विभव, विद्या एवं सौभाग्य प्रदान करता है ॥ ५७ ॥

प्रयोजनतिलकमन्त्रः

आकाशमग्निदीर्घेन्दु संयुक्तं भुवनेश्वरी ।
सर्गान्वितो भृगुर्भानोस्त्र्यक्षरो मनुरीरितः ॥ ५८ ॥
आधारादि पदाग्रान्तं कण्ठादाधारकावधि ।
मूर्द्धादि कण्ठपर्यन्तं क्रमाद्बीजत्रयं न्यसेत् ॥ ५९ ॥

प्रयोजनतिलकमन्त्रमाह आकाशेति । आकाशो हः अग्नी रेफः दीर्घ आ इन्दुर्बिन्दुः एतद्युतः तेन ह्रामिति । भुवनेश्वरी ह्रीँ । विसर्गान्वितो विसर्गयुक्तः । भृगुः सः । ह्रां ह्रीँ सः ।

ऋष्यादि यथा— मनोरस्य भवेद् ब्रह्मा मुनिरुक्तोऽथवा भृगुः ।
छन्दोऽपि खलु गायत्री देवता तीक्ष्णदीधितिः ॥ इति ।

आद्यं बीजं द्वितीयं शक्तिः । प्रणवादिरिति केचित् । प्रयोगविशेषे परमात्मादि-रजपादिर्वेति पद्मपादाचार्याः ॥ ५८-५९ ॥

अब **प्रयोजन तिलक नामक मन्त्र का उद्धार** कहते हैं—आकाश (ह), अग्नि (र), दीर्घ (आ) तथा इन्द्र (बिन्दु) इन सबको संयुक्त करे। फिर भुवनेश्वरी बीज, तदनन्तर विसर्गयुक्त भृगु (सकार) लगावे। यह उक्त मन्त्र का उद्धार कहा गया। इसका स्वरूप 'ह्रां ह्रीँ सः' (३) हुआ ॥ ५८ ॥

मूलाधार से पैर पर्यन्त, कण्ठ से आधार पर्यन्त और मूर्धा से कण्ठपर्यन्त क्रमशः इन तीनों बीजों का न्यास करे ॥ ५९ ॥

षड्दीर्घस्वरयुक्तेन मध्येनाऽङ्गानि कल्पयेत् ॥ ६० ॥

अङ्गानीति नेत्रान्तानीति ज्ञेयम् । अग्रे वक्ष्यमाणत्वादत्र नोक्तम् ।

तदुक्तं प्रयोगसारे— अङ्गुष्ठादिकनिष्ठान्तमङ्गुलीषु यथाक्रमात् ।
न्यस्त्वा विनेत्रमङ्गानि नेत्रं हस्ततले न्यसेत् ॥ इति ।

नारायणीयेऽपि— न्यस्याङ्गुलीषु पञ्चाङ्गं लोचनं तलयोर्न्यसेत् । इति ।

तथा— न्यस्त्वा नेत्रान्तमङ्गानि तथैवात्मनि संयतः ॥ इति ।

प्रयोगसारे नारायणीये चान्यान्यङ्गान्युक्तानि—

कतृतीयं विलोमेन बीजं हृदयमुच्यते ।
अर्कः शिरश्चतुर्थ्यन्तः कथ्यते भूर्भुवः स्वरोँ ॥
ज्वालिनीति शिखा गीता हुं वर्म समुदाहृतम् ।
द्वितीयस्वरसंभिन्नं शचतुर्थं सबिन्दुकम् ॥
नेत्रं स्वरान्तमारूढं यान्तमस्त्रमिति क्रमात् । इति

नारायणीये तु—प्रयोजनादितिलकः साक्ष्यङ्गान्तः स्मृतो मनुः । इति ।

न्यासे क्रमसंग्रहे विशेषः— हस्तयोस्तलपृष्ठे च न्यस्य मन्त्राक्षरत्रयम् ।
पदान्तराधिवक्त्रेषु तथा सप्तग्रहानपि ॥
मुखे बाहौ च पदयोरुदरे वक्षसि क्रमात् ।
मूर्द्धादिपञ्चस्थानेषु हृल्लेखाद्याश्च विन्यसेत् ॥ इति ।

मूर्त्तिपञ्चकमिति नवग्रहन्यासे इति पद्मपादाचार्याश्च ॥ ६० ॥

पुनः षड्दीर्घ (आ ई ऊ ऐ औ अं) युक्त मध्य बीज (ह्रीँ) से अङ्गन्यास करे । 'आं ह्रीँ हृदयाय नमः इत्यादि ॥ ६० ॥

भानुध्यानम् । पुरश्चरणादिकथनम्

रक्ताम्बुजासनमशेषगुणैकसिन्धुं
भानुं समस्तजगतामधिपं भजामि ।
पद्मद्वयाभयवरान् दधतं कराब्जै-
र्माणिक्यमौलिमरुणाङ्गरुचिं त्रिनेत्रम् ॥ ६१ ॥

आयुधध्यानं पूर्ववत् ॥ ६१ ॥

अब **इस मन्त्र का ध्यान** कहते हैं—जो लाल कमल के आसन पर बैठे हुये हैं, समस्त गुणों के समुद्र हैं, सारे जगत् के अधीश्वर हैं, ऐसे सूर्य नारायण का मैं भजन करता हूँ जो अपने चारों हाथों में दो पद्म, अभय एवं वरमुद्रा धारण किये हुये हैं । शिर पर माणिक्य जटित मुकुट धारण किये हुये हैं, जिनके शरीर की कान्ति अरुण वर्ण की है और जो त्रिनेत्र हैं ॥ ६१ ॥

भानुलक्षं जपेन्मन्त्रमन्नाज्येन दशांशतः ।
तिलैर्वा मधुरासिक्तैर्जुहुयाद्विजितेन्द्रियः ॥ ६२ ॥

भानुलक्षं द्वादशलक्षम् ॥ ६२ ॥

इस त्र्यक्षर मन्त्र का बारह लाख जप करे । और घृत मिश्रित अन्न से उसका दशांश होम करे अथवा त्रिमधुर मिश्रित तिलों से ब्रह्मचर्य व्रत को धारण करते हुये होम करे ॥ ६२ ॥

पूर्वोक्ते पूजयेत्पीठे विधानेनाऽमुना रविम् ।
प्रथमावृत्तिरङ्गैः स्यात् परा चन्द्रादिभिर्ग्रहैः ॥ ६३ ॥
तृतीया लोकपालैः स्याच्चतुर्थी स्यात्तदायुधैः ।
इति सम्पूज्य निर्माल्यं तेजश्चण्डाय दीयताम् ॥ ६४ ॥
अर्घ्यं प्रागीरितं दद्याद्भानवे संयतेन्द्रियः ।
सोऽपि रत्नं धनं धान्यं पुत्रपौत्रान् पशून् यशः ।
वस्त्राणि भूषणादीनि दद्यादस्मै न संशयः ॥ ६५ ॥

अङ्गैरितिं तत्राङ्गध्यानं यथा—

भास्वत्सरोजहस्तानि शान्तानि वरदान्यपि ।
अङ्गानि दिव्यरूपाणि ध्येयानि वलवन्ति च ॥
दंष्ट्राकरालमस्त्रं तु विद्युत्पुञ्जसमप्रभम् । इति ।

प्रयोगसारे नारायणीयेऽपि—

रक्ता हृदादयः सौम्या वरदाः पद्मधारिणः ।
विद्युत्पुञ्जनिभं त्वस्त्रमुग्रदंष्ट्रम्भयावहम् ॥ इति ॥

परा चन्द्रादिभिर्ग्रहैरिति । अत्र स्वस्वनामादिवर्णादित्वमनुसन्धेयम् । 'स्वनामाद्यक्षरैर्बिन्दुभूषितैरन्वितं यजेत्' इति प्रयोगसारे उक्तेः । तत्रायं विशेषः । प्रागादिस्थितैः चन्द्रबुधगुरुशुक्रैः आग्नेयादिस्थितैर्भौममन्दराहुकेतुभिः ।

तदुक्तमाचार्यैः— प्रागादि दिशासंस्थाः शशिबुधगुरुभार्गवाः क्रमेण स्युः ।
आग्नेयादिष्वस्त्रिषु धरणिजमन्दाहिकेतवः पूज्याः ॥ इति ।

प्रयोगसारेऽपि— सोममैन्द्रे बुधं याम्ये पश्चिमे तु वृहस्पतिम् ।
सौम्ये शुक्रं तथाग्नेयामङ्गारकमथाऽऽसुरे ॥
शनैश्चरं ततो राहुं वायव्यां केतुमीश्वरे । इति ।

तेजश्चण्डोऽर्कगणः । प्रयोगसारे प्रयोगविशेष उक्तः—

स्वजन्मदिननक्षत्रे ग्रहणे वा स्वजन्मभे ।
ग्रहाणामपि वैषम्ये भये वा प्रत्युपस्थिते ॥
इष्ट्वा दिवाकरं देवं ग्रहैः सार्द्धं यथोदितम् ।
मूलेन सवितुर्बीजैरन्येषां च पुरोदितैः ॥
प्रत्येकं जुहुयात्तेषां ग्रहाणां तद्दिशि क्रमात् ।
एकत्र वाऽथवा वह्निकार्यं कृत्वा विधानतः ॥
समित्सर्पिश्चरुघृतैः क्रमादष्टोत्तरं शतम् ।
प्रतिव्याहृतिसंयुक्तं प्रत्येकं स्मरणान्वितम् ॥
अर्कः पलाशापामार्गाविश्वत्थोदुम्बरौ यथा ।
खदिरश्च शमी दूर्वा दर्भाश्च समिधः क्रमात् ॥
पूर्णाहुतिं ततो दद्यात्तेषां प्रत्येकमर्णतः ।

कृतेनाऽनेन यज्ञेन ग्रहास्तुष्यन्ति भाविताः ॥
सर्वे रोगाः प्रणश्यन्ति संग्रामेषु जयं लभेत् ।
अभिचारादयो दोषाः शान्तिं यान्ति न संशयः ॥

इति ॥ ६३-६५ ॥

तदनन्तर पूर्वोक्त पीठ पर इस विधि से रवि की पूजा करे । प्रथमावरण में अङ्गों की पूजा करे, दूसरे आवरण में चन्द्रादि ग्रहों की पूजा करे ॥ ६३ ॥

तृतीय आवरण में लोकपालों की और चतुर्थ आवरण में उनके अस्त्रों की पूजा करे । इस प्रकार आवरण पूजा कर तेजश्चण्ड को निर्माल्य प्रदान करे । पुनः पूर्व में कही गयी सामग्री से युक्त अर्घ्य (द्र. १४. ४९-५०) एकाग्रचित्त हो सूर्य नारायण को प्रदान करे । इस प्रकार का विधान करने वाले साधक को निःसन्देह भगवान् सूर्य नारायण रत्न, धन, धान्य, पुत्र, पौत्र, पशु, यश, वस्त्र और आभूषण प्रदान करते हैं ॥ ६५ ॥

मार्त्तण्डभैरवीबीजम्

आकाशमग्निपवन सद्यान्तार्घीशबिन्दुमत् ।
मार्त्तण्डभैरवं नाम बीजमेतदुदाहृतम् ॥ ६६ ॥

बिम्बबीजम्

पुटितं विम्बबीजेन सर्वकामफलप्रदम् ।
टान्तं दहननेत्रेन्दुसहितं तदुदीरितम् ॥ ६७ ॥

मार्त्तण्डभैरवबीजमाह आकाशमिति । आकाशो हः अग्नी रेफः पवनो यः सद्यान्त औ अर्घीश उ बिन्दुः एतद्युक्तः । अत्र स्वरद्वयमपि गुरूपदेशतो यथा सम्प्रदाय-मुच्चारणीयम् । ब्रह्मा ऋषिर्निवृच्छन्दः । हं बीजं बिन्दुः शक्तिः । विम्बबीजमाह टान्तमिति । टान्तं ठः दहनो रेफः नेत्रमिः इन्दुर्बिन्दुः एतद्युक्तेन ठ्रिमिति । सर्वकामफलप्रदमित्यनेनैतत् संगृहीतम् । यदुक्तं नारायणीये—

आरोग्यमायुः श्रीर्विद्या कान्तिः पुष्टिर्धनं यशः ।
सौभाग्यं शक्तिरैश्वर्यं रक्षा मेधा वचो द्युतिः ।
सिध्यन्त्येवंविधाः कामा मन्त्रस्यास्य प्रभावतः ॥

इति ॥ ६६-६७ ॥

अब **मार्त्तण्ड भैरव बीज** कहते हैं—आकाश (ह), अग्नि (र), पवन (य), सद्यान्त (औं), पुनः अर्घीश उसे बिन्दु से युक्त करे । इस प्रकार 'ह्र्यौउँ' इसका स्वरूप हुआ । इस मन्त्र को मार्त्तण्ड भैरव बीज के नाम से कहा जाता है ॥ ६६॥

विम्ब बीज (द्र. १४.२८) से संपुटित करने पर यह समस्त कामनाओं का फल प्रदान करता है । अब **विम्ब बीज** कहते हैं—टान्त (ठ), दहन (र) उसे नेत्र (इ) और इन्द्र अनुस्वार से युक्त करे । इस प्रकार हमने विम्बबीज का उद्धार कहा इसका स्वरूप 'ठ्रिँ' हुआ ॥ ६७ ॥

पञ्चह्रस्वाद्यबीजेन पञ्चमूर्त्तीः प्रविन्यसेत् ।
मध्यमादिकनिष्ठान्तमङ्गुलीषु क्रमादिमाः ॥ ६८ ॥
सूर्याख्यो भास्करो भानुस्ततो रविदिवाकरौ ।
शिरोवदनहृद्गुह्यपाददेशे तु ताः पुनः ॥ ६९ ॥
दीर्घयुक्तेन बीजेन नेत्रान्ताङ्गानि विन्यसेत् ।
व्यापकं मूलबीजेन कुर्वीत तदनन्तरम् ॥ ७० ॥

पञ्चेति । सद्यान्तपञ्चह्रस्वाद्यमित्यर्थः। 'मूर्त्तीः सद्यावसानिकाः' इति नारायणीय उक्तेः । मध्यमादीति । मध्यमातर्जन्यङ्गुष्ठानामाकनिष्ठास्वित्यर्थः । 'मध्यमादिभुजान्ततः' इति नारायणीय उक्तेः । बीजेनेति मार्त्तण्डभैरवेण । पूर्वत्रापि दीर्घयुक्तेन षड्दीर्घयुक्तेन । नेत्रान्ताङ्गानीति । हृदयशिरःशिखाकवचानि विन्यस्याऽस्त्रमपि विन्यस्य पश्चान्नेत्रं विन्यसनीयमिति सम्प्रदायविदः । केचित्तु नेत्रान्तानीति पञ्चाङ्गान्येव नेत्रान्तानि न्यसनीयानि 'पञ्चाङ्गानि मनोर्यस्य नेत्रं तस्य न विद्यते' इति अस्याऽपवादमाहुः । तदसम्प्रदायिकम्—

अङ्गानि कुर्याद्दीर्घाढ्यरमाबीजेन मन्त्रवित् । इति श्रीपटले ।
मध्येन दीर्घयुक्तेन प्राक्पुटेन प्रकल्पयेत् ।
अङ्गानि जातियुक्तानि क्रमेण मनुवित्तमः ॥ इति भुवनेशीपटले ।

एवमन्यत्रापि यत्र यत्र दीर्घवचनं तत्र तत्र षण्णां दीर्घाणां ग्रहणात् अत्र सङ्कोचे कारणाभावात् नेत्रान्ताङ्गानीति वचनेन सङ्कोच इति चेत् तदपि न । साम्प्रदयिकव्याख्यानुसारेणाऽप्युपपत्तेः किञ्च नेत्रं तस्य विवर्जयेदिति साक्षान्निषिद्धस्य नेत्राङ्गस्य सामान्यभूतेनाऽन्यथाऽप्युपपद्यमानेन नेत्रान्ताङ्गानीति वचनेन बाधोऽपि न कर्त्तुं शक्यते । अन्यच्चाग्रे अङ्गपूजा यथा पूर्वमिति वचनात् दिक्ष्वस्त्रपूजोक्तैव । नेत्रमात्रे विशेष उक्तः । अग्रे पुरुषोत्तममन्त्रेऽपि नेत्रान्ताङ्गान्युक्तानि । तत्र च षडङ्गमन्त्रा नेत्रान्ता एवोद्धृताः।

षडङ्गमन्त्राः सन्दिष्टा नेत्रान्तास्तन्त्रवेदिभिः ।

इत्यनेन । पूर्वोक्तमन्त्रे लिखितप्रयोगसारवचनाच्च । अस्मिन् मन्त्रे नारायणीये च प्रांशवोऽङ्गानि षडिति तेन साम्प्रदायिकव्याख्यैव गरीयसीत्यलम् । अत्र नेत्राङ्गोत्कर्षे तन्मन्त्रोत्कर्षोऽपि ज्ञेयः । न्यायसिद्धत्वात् ॥ ६८-७० ॥

पञ्चह्रस्वों को मार्तण्ड भैरव बीज में लगाकर पञ्चमूर्त्ती न्यास मध्यमा, तर्जनी, अङ्गुष्ठा, अनामिका तथा कनिष्ठा अङ्गुलियों में क्रमशः करे । 'उँ ठ्रिं सूर्याय इति मध्यमाभ्यां नमः, एँ ठ्रिं भास्कराय तर्जनीभ्यां नमः इत्यादि । सूर्य, भास्कर, भानु, रवि और दिवाकर—ये पञ्चमूर्त्तियाँ हैं । पुनः शिर, वदन, हृदय, गुह्य एवं पाद देश में इसी प्रकार न्यास करे ॥ ६८-६९ ॥

तदनन्तर षड्दीर्घ युक्त मार्त्तण्ड भैरव बीज से हृदय, शिर, शिखा, कवच का न्यास कर तदनन्तर अस्त्र न्यास कर पश्चात् नेत्र का न्यास करे और अन्त में

मूल मन्त्र पढ़ कर व्यापक न्यास करे । इस प्रकार मार्त्तण्ड भैरव में षडङ्गन्यास का उद्धार कहा गया ॥ ७० ॥

मार्तण्डध्यानम्

हेमाम्भोजप्रवालप्रतिमनिजरुचिं चारुखट्वाङ्गपद्मौ
चक्रं शक्तिं सपाशं सृणिमतिरुचिरामक्षमालां कपालम् ।
हस्ताम्भोजैर्दधानं त्रिनयनविलसद् वेदवक्त्राभिरामं
मार्त्तण्डं वल्लभार्द्धं मणिमयमुकुटं हारदीप्तं भजामः ॥ ७१ ॥

पुरश्चरणादिकथनम्

लक्षत्रयं जपेन्मन्त्री बीजं बिम्बपुटीकृतम् ।
अब **उमा के सहित सदाशिव का ध्यान** कहते हैं—बन्धूक पुष्प के समान जिनके शरीर की कान्ति है, जो त्रिनेत्र हैं एवं चन्द्रमा की कला को धारण करने वाले हैं, स्मित पूर्ण जिनके मुख हैं, जो अपने हाथों में शूल, कपाल, वरद एवं अभय मुद्रा धारण किये हुये हैं, जो वाम ऊरु पर बैठी हुई, करतल में मनोहर पद्म धारण करने वाली मणिमय आभूषणों से विभूषित अपनी प्रिया पार्वती के दाहिने हाथ से जिनका शरीर आश्लिष्ट है—ऐसे उमा सहित सदाशिव को मैं प्रणाम करता हूँ ॥ ३४ ॥

पुरश्चरणादिकथनम्

मनुलक्षं जपेन्मन्त्रं तत्सहस्रं यथाविधि ।
जुहुयान्मधुरासिक्तैरारग्वधसमिद्वरैः ॥ ३५ ॥
प्राक्प्रोक्ते पूजयेत् पीठे गन्धपुष्पैरुमापतिम् ।
अङ्गावृतीर्बहिः पूज्या हृल्लेखाद्या यथा पुरा ॥ ३६ ॥

मनुलक्षं चतुर्दशलक्षम् । तत्सहस्रं चतुर्दशसहस्रम् । यथाविधीति तान्त्रिकाग्निमुखविधानेनेत्यर्थः । यथा पुरेति नवमपटलोक्तस्वस्वबीजाद्या इत्युक्तम् । विधानतः पूज्या इति सम्बन्धः ॥ ३५-३६ ॥

इस अष्टाक्षर मन्त्र का १४ लाख जप करे तथा उतने ही अर्थात् १४ सहस्र विधि के अनुसार होम करे । तदनन्तर त्रिमधुर मिश्रित आरग्वध की श्रेष्ठ समिधाओं से १४ सहस्र होम करे ॥ ३५ ॥

पूर्वोक्त (१८. १२-१९) पीठ पर गन्ध पुष्पादि द्वारा उमापति की पूजा करे। उसी प्रकार (द्र. १८. १९-२७) अङ्गावरण की पूजा करे । तदनन्तर बाहर हल्लेखादि (द्र. ९. ५-६) की पूर्वोक्त रीति से बीजाक्षर युक्त हों हें हुं हिं ह्रम् की पूजा करे ॥ ३६ ॥

मध्यप्राग्दक्षिणोदीच्यपश्चिमेषु विधानतः ।
हल्लेखा गगना रक्ता चतुर्थी तु करालिका ।
महोच्छुष्मा क्रमादेताः पञ्चभूतसमप्रभाः ॥ ३७ ॥
पाशाङ्कुशवराभीतिधारिण्योऽमितभूषणाः ।
यजेत् पूर्वादिपत्रेषु वृषभाद्याननुक्रमात् ॥ ३८ ॥

विधानमेवाह मध्येति । मध्यं कर्णिकामध्यम् । पश्चिमेषु दिग्भागेष्विति शेषः । पञ्चभूतेति पृथिव्यादि ॥ ३७-३८ ॥

कर्णिका के मध्य, पूर्व, दक्षिण, उत्तर और पश्चिम की दिशाओं में विधानपूर्वक क्रमशः हल्लेखा, गगना, रक्ता, करालिका और महोच्छुष्मा की पूजा करे । जिनके शरीर का वर्ण पृथ्वी आदि पञ्चाभूतों के सदृश है । हल्लेखा का पीत, गगना का स्वच्छ, रक्ता का रक्त तथा करालिका का कृष्ण और महोच्छुष्म का श्वेत वर्ण है ॥ ३७ ॥

ये सभी पाश अंकुश, वर, अभय धारण करने वाली तथा अमित भूषणों से संयुक्त है । इसके बाद पूर्व के पत्रादि में क्रमशः वृषभादि का पूजन करे ॥ ३८ ॥

वृषभध्यानम्

हिमालयाभं वृषभं तीक्ष्णशृङ्गं त्रिलोचनम्।
सर्वाभरणसन्दीप्तं साक्षाच्छन्दःस्वरूपिणम् ॥ ३९ ॥

क्षेत्रपालध्यानम्

कपालशूलविलसत्करं कालघनप्रभम् ।
क्षेत्रपालं त्रिनयनं दिगम्बरमथाऽर्चयेत् ॥ ४० ॥

चण्डेशध्यानम्

शूलटङ्काक्षवलयं कमण्डलुलसत्करम् ।
रक्ताकारं त्रिनयनं चण्डेशमथ पूजयेत् ॥ ४१ ॥

दुर्गाध्यानम्

चक्रशङ्खाभयाभीष्टकरां मरकतप्रभाम् ।

दुर्गां प्रपूजयेत् सौम्यां त्रिनेत्रां चारुभूषणाम् ॥ ४२ ॥

षण्मुखध्यानम्

कल्पशाखां रत्नघण्टां दधानं द्वादशेक्षणम् ।
बालार्काभं शिशुं कान्तं षण्मुखं पूजयेत् ततः ॥ ४३ ॥

नन्दिध्यानम्

नन्दिनं पूजयेत्सौम्यं रक्तभूषणमण्डितम् ।
परश्वेणवराभीतिधारिणं श्यामविग्रहम् ॥ ४४ ॥

विघ्ननायकध्यानम्

पाशाङ्कुशवराभीष्टधारिणं कुङ्कुमप्रभम्।
विघ्ननायकमभ्यर्चेच्चन्द्रार्धकृतशेखरम् ॥ ४५ ॥

सेनापतिध्यानम्

श्यामं रक्तोत्पलकरं वामाङ्कन्यस्ततत्करम् ।
त्रिनेत्रं रक्तवस्त्राढ्यं सेनापतिमथाऽर्चयेत् ॥ ४६ ॥

ध्यानपूर्वकमनुक्रममेवाह हिमालयेति । प्रतिश्लोकमेकैकध्यानसमाप्तिः । एणो मृगः । अयुधध्यानक्रमस्तु तत्तत्प्रकरणेऽनुसन्धेयः । तत इति पत्राग्रेषु ॥ ३९-४६ ॥

यह **वृषभ** हिमालय के समान ऊँचे हैं, इसके शृङ्ग तीक्ष्ण हैं तथा तीन नेत्र है । सम्पूर्ण आभरणों की प्रभा से प्रकाश युक्त हैं तथा साक्षात् वेद के स्वरूप हैं ॥ ३९ ॥

तत्पश्चात् हाथ में कपाल एवं शूल धारण करने वाले काले, मेघ के समान शरीर की छटा से युक्त, तीन नेत्र वाले दिगम्बर **क्षेत्रपाल** की पूजा करे ॥ ४० ॥

इनके बाद हाथ में त्रिशूल, परशु, अक्षमाला तथा कमण्डलु धारण किये हैं रक्त वर्ण की आकृति वाले त्रिनेत्र **चण्डेश्वर** की पूजा करे ॥ ४१ ॥

इसके अनन्तर चक्र, शङ्ख, अभय तथा वरदान मुद्रा हाथ में धारण करने वाली मरकत (हरे) वर्ण वाली, सौम्य स्वभाव वाली, त्रिनेत्र तथा मनोहर भूषणों से भूषित **दुर्गा देवी** की पूजा करे ॥ ४२ ॥

इसके बाद कल्पलता, रत्नघण्टा धारण करने वाले, द्वादश नेत्रों से युक्त उदीयमान सूर्य के समान कान्तिमान् महामनोहर शिशु स्वरूप **षण्मुख कार्त्तिकेय** की पूजा करे ॥ ४३ ॥

इसके बाद रक्तवर्ण के भूषणों से विभूषित सौम्य स्वभाव वाले **नन्दी** की पूजा करे, जो हाथ में परशु, मृग, वर तथा अभय धारण किये हुये हैं तथा शरीर से श्यामवर्ण वाले हैं ॥ ४४ ॥

इसके बाद पाश, अंकुश, वर एवं अभय धारण करने वाले, कुंकुम के समान कान्ति वाले विघ्ननायक गणेश की अर्चा करे जिनके ललाट प्रदेश में अर्धचन्द्र शोभित हैं ॥ ४५ ॥

इसके बाद श्यामवर्ण वाले एक हाथ में रक्त कमल तथा दूसरे को अपने बायें अंक में रखे हुये, त्रिनेत्र, रक्त वस्त्र युक्त सेनापति की अर्चा करे ॥ ४६ ॥

ततोऽष्टमातरः पूज्या ब्राह्म्याद्याः प्रोक्तलक्षणाः ।
इन्द्रादिकान् लोकपालान् स्वस्वदिक्षु समर्चयेत् ॥ ४७ ॥
वज्रादीनि तदस्त्राणि तद्बहिः क्रमशोऽर्चयेत् ।
एवं यो भजते मन्त्री देवेशं तमुमापतिम् ।
स भवेत् सर्वलोकानां प्रियः सौभाग्यसम्पदाम् ॥ ४८ ॥

प्रोक्तलक्षणा यथोक्तस्वरूपाः ॥ ४७-४८ ॥

इसके अनन्तर पत्र के अग्रभाग में ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकाओं की, जिनका स्वरूप पूर्व में कहा जा चुका है (६. १७-२७) उनकी पूजा करे । तदनन्तर इन्द्रादि लोकपालों की उन उन दिशाओं में पूजा करे ॥ ४७ ॥

इसके अनन्तर पत्र के बाहर इन्द्रादि के आयुधों की क्रमशः पूजा करे । जो मन्त्रज्ञ इस प्रकार उन देवाधिदेव उमापति की पूजा करता है वह सभी लोगों की अपेक्षा सौभाग्य तथा संपत्ति का प्रिय पात्र हो जाता है ॥ ४८ ॥

प्रासादमन्त्रः

सान्तः सद्यान्तसंयुक्तो बिन्दुभूषितमस्तकः ।
प्रासादाख्यो मनुः प्रोक्तो भजतां सर्वसिद्धिदः ॥ ४९ ॥

ऋष्यादिकथनम् । मूर्त्तिन्यासः

वामदेवो मुनिश्छन्दः पङ्क्तिर्देवः सदाशिवः ।
षड्दीर्घयुक्तबीजेन षडङ्गविधिरीरितः ॥ ५० ॥
ईशानादीर्न्यसेन् मूर्त्तीरङ्गुष्ठादिषु देशिकः ।
ईशानाख्यं तत्पुरुषमघोरं तदनन्तरम् ।
वामदेवाह्वयं सद्य आसां बीजं क्रमाद्विदुः ॥ ५१ ॥

प्रासादमन्त्रमाह सान्त इति । सान्तो हः सद्यान्त औ तेन हौ । अस्य नामव्युत्पत्तिरुक्ताऽऽचार्यैः—प्रसादनत्वान् मनसो यथावत् प्रासादसंज्ञाऽस्य मनोः प्रदिष्टा । इति ।

हल्लेखासम्पुटम् इति केचित् । हकारो बीजम् औमिति शक्तिः । तदुक्तम्—

सान्तोऽनुग्रहसंयुक्तो बिन्दुभूषितमस्तकः ।
प्रासादाख्यो मनुः प्रोक्तो बीजं हं शक्तिरौं स्मृता ॥ इति ॥

सर्वसिद्धिद इत्यनेन विनियोगोक्तिः । बीजेनेति मूलमन्त्रेण । वामदेव इत्यर्धं पठित्वा षड्दीर्घेत्यर्धं पठनीयम् । लेखकदोषवशात् व्यत्ययः ॥ ४९-५१ ॥

अब **प्रासाद मन्त्र** कहते हैं—सान्त (ह), सद्यान्त (औ) से संयुक्त तथा मस्तक पर बिन्दु युक्त (इस प्रकार हौँ) प्रासादमन्त्र कहा गया है, जो जप करने वालों को समस्त सौख्य प्रदान करता है ॥ ४९ ॥

इस मन्त्र के वामदेव ऋषि हैं पङ्क्ति छन्द है और सदाशिव देवता हैं । षड्दीर्घ युक्त बीज मन्त्र (हाँ ह्रीँ हूँ हेँ होँ हौँ) से इसका षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ५०॥

इसके बाद आचार्य, अङ्गुष्ठादि अङ्गुलियों में ईशानादि मूर्त्तियों का न्यास करे, ईशान, तत्पुरुष, अघोर, वामदेव तथा सद्योजात—ये ईशानादि मूर्त्तियाँ कही गई है । इन मूर्त्तियों का बीज क्रमशः इस प्रकार कहा गया है ॥ ५१ ॥

ओकाराद्यैः पञ्चह्रस्वैर्विलोमात् संयुतं वियत् ।
तत्तदङ्गुलिभिर्भूयस्तत्तद्बीजादिका न्यसेत् ॥ ५२ ॥
शिरोवदनहृद्गुह्यपाददेशे तथा क्रमात् ।
ऊर्ध्वप्राग्दक्षिणोदीच्यपश्चिमेषु मुखेषु ताः ॥ ५३ ॥

ओकाराद्यैरिति । ओ ए उ इ अ एतै। तत्तदिति । यस्यां यस्यां यो यो न्यस्तस्तया तया । तेन समुष्ट्यङ्गुष्ठेन शिरसि । साङ्गुष्ठतर्जन्या वदने । साङ्गुष्ठ- मध्यमा हृदि । साङ्गुष्ठानामया गुह्ये । साङ्गुष्ठकनिष्ठिकया पादयोः । एवं पञ्चस्वपि मुखेष्विति साम्प्रदायिकाः । तथेति । ऊर्ध्वमुखादीनां समुच्चयः । ता इति मूर्त्तीः । तत्तद्बीजादिकाः तत्तदङ्गुलीभिर्न्यसेदिति सम्बन्धः ॥ ५२-५३ ॥

(ओ ए उ इ अ द्र १२.१७) इन विलोम ह्रस्वों से संयुक्त हकार इनका बीज हैं (हों हें हुं हिं हं) । ऊपर जिस प्रकार अङ्गुष्ठ, तर्जनी, मध्यमा, अनामिका तथा कनिष्ठा अङ्गुलियों में ईशानादि मूर्तियों का न्यास कहा गया है, उसी क्रम से इन बीजाक्षरों को भी समझना चाहिए । अतः उन-उन अङ्गुलियों से उन-उन बीजाक्षरों का शिर, वदन, हृदय, गुह्य एवं पाद स्थान में न्यास करना चाहिए 'होँ' इति अङ्गुष्ठाभ्यां शिरसि, हैँ इति तर्जनीभ्याम् वदने इत्यादि । इसी प्रकार इन बीजों का ऊर्ध्व, प्राक् दक्षिण, उत्तर एवं पश्चिम मुखों में भी उन-उन अङ्गुलियों से न्यास करे ॥ ५२-५३ ॥

अष्टत्रिंशत्कलान्यासः

ततः प्रविन्यसेद्विद्वानष्टत्रिंशत्कलास्तनौ ।
ईशानाद्या ऋचः सम्यगङ्गुलीषु यथाक्रमम् ॥ ५४ ॥
अङ्गुष्ठादिकनिष्ठान्तं न्यसेद्देशिकसत्तमः ।
मूर्धास्यहृदयाम्भोजगुह्यपादेषु ताः पुनः ॥ ५५ ॥

अष्टत्रिंशत्कलान्यासं वक्तुमारभते तत इति । अयं न्यासो ग्रन्थकृता यद्यपि प्रासादमन्त्राङ्गत्वेनोक्तः तथापीदं पञ्चऋग्विधानं स्वतन्त्रं सर्वशैवमन्त्रसाधारणं चेति ज्ञेयम् । आचार्यैः स्वतन्त्रतयैवोक्तम् । अङ्गानि प्रकल्पयेदिति वदता तेनापि सूचितमेव स्वातन्त्र्यम् । तानि षडङ्गानि पञ्चर्चानामेव न तु प्रासाद मन्त्रस्य । तदुक्तम्—

वक्ष्यामि शैवागमसारमष्टत्रिंशत्कलान्यासविधिं यथावत् ।
सपञ्चभिर्ब्रह्मभिरीशपूर्वैः सर्ष्यादिकैः साङ्गविशेषकैश्च ॥ इति ॥

अतस्तन्त्रान्तरोक्तमृष्यादि लिख्यते ।

ईशोऽनुष्टुप् भूरिक्शेषास्तत्पुरुषसंज्ञे गायत्र्यापः ।
पुनरग्न्यनुष्टुबापो वामकृतिभगाहरहस्त्वनुष्टुप्भगयुक् ॥ इति ॥

न्यासक्रममेवाह ईशानाद्या इति । ता ऋचो यथा—

१. ईशानः सर्वविद्यानामीश्वरः । सर्वभूतानां ब्रह्माधिपतिर्ब्रह्मणोऽधिपतिर्ब्रह्मा शिवो मे अस्तु सदाशिवोम् ॥

२. तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात् ।

३. अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोरघोरतरेभ्यः सर्वतः सर्वशर्वेभ्यो नमस्ते अस्तु रुद्ररूपेभ्यः ॥

४. वामदेवाय नमो ज्येष्ठाय नमः श्रेष्ठाय नमो रुद्राय नमः कालाय नमः कलविकरणाय नमो बलविकरणाय नमो बलाय नमो बलप्रमथनाय नमः सर्वभूतदमनाय नमो मनोन्मनाय नमः ॥

५. सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमः भवेऽभवे नातिभवे भज (व) स्व मां भवोद्भवाय नमः ॥

सम्यगित्यनेनैतदुक्तं भवति। एतास्तैत्तिरीयशाखायां नारायणीयोपनिषदि द्राविड-पाठानुसारा ज्ञेयाः । आन्ध्रास्त्वन्यथा पठन्तीति । तत्पाठो नात्राऽभिप्रेत इति । देशिकासत्तम इत्यनेन अङ्गुष्ठाभ्यां नम इत्यादि योग उक्तः ॥ ५४-५५ ॥

अड़तालिस कलान्यास—इसके पश्चात् विद्वान् साधक अड़तीस कलाओं का अपने शरीर में न्यास करे । इसी क्रम से ईशानः सर्वविद्यानाम्, तत्पुरुषाय विद्महे, अघोरेभ्योऽथ, वामदेवाय नमो तथा सद्योजातम् इत्यादि पाँच ऋचाओं का अङ्गुष्ठ से कनिष्ठा पर्यन्त पाँचों अङ्गुलियों में न्यास करे ।

यथा—'ईशानः सर्वविद्यानामीश्वरः । सर्वभूतानां ब्रह्माधिपतिर्ब्रह्मणोधिपतिर्ब्रह्मा शिवो मे अस्तु सदाशिवोम्' अङ्गुष्ठाभ्यां नमः, इत्यादि । इसके पश्चात् इन्हीं ऋचाओं से क्रमशः शिर, मुख, हृदय, गुह्य तथा पाद स्थानों में उत्तम देशिक न्यास करे ॥ ५४-५५ ॥

वक्त्रेषूर्ध्वादि विन्यसेद्भूयोऽङ्गानि प्रकल्पयेत् ।
तारपञ्चकमुच्चार्य सर्वज्ञाय हृदीरितम् ॥ ५६ ॥

अमृततेजोमालिनितृप्तायेति पदं पुनः।
तदन्ते ब्रह्म शिरसे शिरोङ्ग ज्वलितं ततः ॥ ५७ ॥
शिखिशिखाय परतोऽनादिबोधाय तच्छिखा।
वज्रिणे वज्रहस्ताय स्वतन्त्राय तनुच्छदम् ॥ ५८ ॥
सौं वौं हौमिति संभाष्य पुरतो लुप्तशक्तये।
नेत्रमुक्तं श्लीं पशुं हुँ फडन्तोऽनन्तशक्तये।
अस्त्रमुक्तषडङ्गानि कुर्याद्देशिकसत्तमः ॥ ५९ ॥

अङ्गानि प्रकल्पयेदित्युक्तम्। तान्येवाह तारेति। तारपञ्चकमिति द्वादशे मूर्त्तिकल्पनायामुक्तम्। शिरोङ्गं शिर इत्यर्थः। ज्वलितमित्यग्रिमेण सम्बध्यते। तनुच्छदं कवचम्। एवमुक्तानि षडङ्गानि देशिकसत्तमः कुर्यादिति सम्बन्धः। अत्र देशिकसत्तम इत्यनेनैतदुक्तं भवति। शिरोऽङ्गे तृप्तायेत्यस्य पूर्वे नित्यपद प्रयोगः। अस्त्रे श्लीमित्यस्याऽनन्तरं शक्तिबीजप्रयोग इति ॥ ५६-५९ ॥

इसी प्रकार इन ऋचाओं द्वारा ऊर्ध्व, पूर्व, दक्षिण, पश्चिम तथा उत्तर की दिशाओं में रहने वाले ईशानादि मुखों में न्यास करे। तदनन्तर अङ्गन्यास की कल्पना इस प्रकार करे ॥ ५६ ॥

प्रथम तारपञ्चक युक्त (ऐं, क्लीँ, ब्लूँ, स्त्रीं, सः, द्र. १२-२५) 'सर्वज्ञाय' से हृदय में, अमृततेजोमालिनि नित्यतृप्ताय ब्रह्मशिरसे' से शिर में, पुनः 'ज्वलित शिखिशिखाय अनादि बोधाय से शिखा में, वज्रिणे वज्रहस्ताय स्वतन्त्राय' से कवच, सौँ, वौँ हौँ पुरतो लुप्तशक्तये से दोनों नेत्रों में, 'श्लीं पशुं हुँ फट् अनन्तशक्तये' से अस्त्र का इस प्रकार देशिकसत्तम षडङ्गन्यास करे ॥ ५६-५९ ॥

ईशमन्त्रकलान्यासः

पूर्वदक्षिणपाश्चात्यसौम्यमध्येषु पञ्चसु।
वक्त्रेषु पञ्च विन्यस्येदीशानस्य कलाः क्रमात् ॥ ६० ॥
ईशानः सर्वविद्यानां शशिनी प्रथमा कला।
ईश्वरः सर्वभूतानामङ्गदा तदनन्तरम् ॥ ६१ ॥
ब्रह्माधिपतिशब्दान्ते ब्रह्मणोऽधिपतिः पुनः।
ब्रह्मेष्टदा तृतीया स्याच्छिवो मेऽस्तु ततः परा ॥ ६२ ॥
मरीची कथिता तन्त्रे चतुर्थी च सदाशिवोम्।
अंशुमालिन्यथ परा प्रणवाद्या नमोऽन्विताः ॥ ६३ ॥

ईशमन्त्रकलान्यासक्रममाह पूर्वेति। इष्टदेति कलानाम्। सदाशिवोमित्यग्रिमेण सम्बध्यते। परा पञ्चमी। प्रणवाद्या इति। प्रणवशक्तिप्रासादाद्या इत्यर्थः। पद्म-पादाचार्याः पञ्चाक्षरीयोगमप्याहुः। नमोऽन्विता इति। पञ्चापि चतुर्थ्यन्ता इत्यपि।

चतुर्थ्यन्ताः कलाः सर्वा इति वक्ष्यमाणत्वात् । तेन ॐ ह्रीँ हौं नमः शिवाय । ईशानः सर्वविद्यानां शशिन्यै नम इत्यादि प्रयोगः ॥ ६०-६३ ॥

अब **पूर्व प्रतिज्ञात ईश मन्त्र का कलान्यास** कहते हैं—साधक पूर्व-दक्षिण-पश्चिम-उत्तर एवं मध्य इस प्रकार ५ मुखों में ईशान मन्त्र की कलान्यास इस प्रकार से करे ॥ ६० ॥

'ईशानः सर्वविद्यानाम्' यह शशिनी नाम की प्रथम कला है अतः 'ॐ ईशानः सर्वविद्यानाम् शशिन्यै नमः' से पूर्वमुख में, पुनः 'ईश्वरः सर्वभूतानाम्' यह अङ्गदा नाम की द्वितीय कला है, अतः 'ॐ ईश्वरः सर्वभूतानाम् अङ्गदायै नमः' से दक्षिणमुख में, 'ब्रह्माधिपतिर्ब्रह्मणोऽधिपतिः' यह ब्रह्मेष्टदा नाम की तृतीय कला है, अतः 'ॐ ब्रह्माधिपतिर्ब्रह्मणोऽधिपति ब्रह्मेष्टदायै नमः' से पश्चिम मुख में, पुनः 'शिवो मेऽस्तु' यह मरीचि नाम की चतुर्थ कला है, अतः 'ॐ शिवो मेऽस्तु मरीच्यै नमः' से उत्तर मुख में, पुनः 'ॐ सदाशिवोऽम् नमः' यह अंशुमालिनि नामक पञ्चम कला है, अतः ॐ सदाशिवोम् नमः अंशुमालिन्यै नमः—इससे मध्य मुख में न्यास करे । यहाँ तक प्रणवपूर्वक नमोऽन्त ईशान की पाँच कला से पाँच मुखों का न्यास कहा गया । अब तत्पुरुष की चार कलाओं से चार मुख का न्यास कहते हैं ॥ ६१-६३ ॥

पूर्वपश्चिमयाम्योदग्वक्त्रेषु तदनन्तरम् ।
चतस्त्रो विन्यसेन् मन्त्री पुरुषस्य कलाः क्रमात् ॥ ६४ ॥
आद्या तत्पुरुषायेति विद्महे शान्तिरीरिता ।
महादेवाय शब्दान्ते धीमहि स्यात् ततः परम् ॥ ६५ ॥
विद्या द्वितीया कथिता तन्नो रुद्रः पदं ततः ।
प्रतिष्ठा कथिता पश्चात् तृतीया स्यात् प्रचोदयात् ।
निवृत्तिस्तत्परा सर्वाः प्रणवाद्या नमोऽन्विताः ॥ ६६ ॥

पुरुषस्य तत्पुरुषस्य । प्रचोदयादित्यग्रिमेण सम्बध्यते । तत्परा चतुर्थी । सर्वा इति चतुर्थ्यन्ता इत्यपि ॥ ६४-६६ ॥

इसके अनन्तर साधक पूर्व, पश्चिम, दक्षिण तथा उत्तर के मुखों में तत्पुरुष मन्त्र की चार कलाओं से इस प्रकार न्यास करें ॥ ६४ ॥

'तत्पुरुषाय विद्महे' यह शान्ति नाम की प्रथम कला है अतः ॐ तत्पुरुषाय विद्महे शान्त्यै नमः' से पूर्वमुख में, 'महादेवाय धीमहि' यह विद्या नाम की द्वितीय कला है, अतः 'ॐ तत्पुरुषाय विद्महे विद्यायै नमः' से पश्चिम मुख में, 'तन्नो रुद्र' यह प्रतिष्ठा नाम की तृतीय कला है, अतः 'ॐ तन्नो रुद्रः प्रतिष्ठायै नमः' से दक्षिण मुख में, तदनन्तर 'प्रचोदयात्' यह निवृत्ति नाम की चतुर्थ कला है, अतः 'ॐ प्रचोदयात् निवृत्यै नमः' से चौथे उत्तर मुख में न्यास करे । सभी के आदि में प्रणव तथा अन्त में नमः लगाकर यह न्यास करना चाहिए ॥ ६५-६६ ॥

हृद्ग्रीवांसद्वये नाभौ कुक्षौ पुच्छे च वक्षसि ।
अघोरस्य कला न्यस्येदष्टौ मन्त्री यथाविधि ॥ ६७ ॥
अघोरेभ्यस्तथा पूर्वमरीरिता प्रथमा कला ।
अथ घोरेम्य इत्यन्ते मोहा स्यात्तदनन्तरम् ॥ ६८ ॥
घोरान्ते स्यात् क्षमा पश्चात् तृतीया परिकीर्त्तिता ।
घोरतरेभ्यो निद्रा स्यात् सर्वतः सर्वतत्परा ॥ ६९ ॥
व्याधिस्तु पञ्चमी प्रोक्ता शर्वेभ्यस्तदनन्तरम् ।
मृत्युर्निगदिता षष्ठी नमस्ते अस्तु तत्परम् ॥ ७० ॥
क्षुधा स्यात्सप्तमी रुद्ररूपेभ्यः कथिता तृषा ।
अष्टमी कथिता एता ध्रुवाद्या नमसाऽन्विताः ॥ ७१ ॥

यथाविधीति । वक्ष्यमाणोऽङ्गुलीभिर्न्यासः सूचितः । अथ घोरेभ्य एतावानृगंशः । एता इति । चतुर्थ्यन्ता इत्यपि ॥ ६७-७१ ॥

इसके बाद हृदय, ग्रीवा, दोनों कन्धे, नाभि, कुक्षि, पुच्छ तथा वक्षः स्थल में अघोर की आठ कलाओं द्वारा अङ्गुलियों से यथाविधि न्यास करे । बुद्धिमान् यथाविधि मन्त्र के आदि में ॐ तथा कला के अन्त में नमः लगा कर स्वयं अपनी बुद्धि से इन आठों स्थानों में क्रमशः न्यास कर लेवें ॥ ६७ ॥

इस प्रकार प्रकृति में आठ कलाओं का दिग्दर्शन करा देते हैं । 'अघोरेभ्यः' इस प्रथम कला का नाम **ईरिता** है । 'अथ घोरेभ्यः' इस द्वितीय कला का नाम **मोहा** है । 'घोर' इस तृतीय कला का नाम **क्षमा** है । 'घोरतरेभ्यः' इस चतुर्थी कला का नाम **निद्रा** है । 'सर्वतः सर्व' इस पञ्चमी कला का नाम **व्याधि** है । इसके बाद 'शर्वेभ्यः' इस छठवीं कला का नाम **मृत्यु** है । इसके बाद 'नमस्तेऽस्तु' इस सप्तमी कला का नाम **क्षुधा** है । 'रुद्ररूपेभ्यः' इस अष्टमी कला का नाम **तृषा** है । सभी के आदि में ॐ तथा अन्त में नमः लगाकर उक्त आठों स्थानों में न्यास करे ।

विमर्श—'ॐ अघोरेभ्यः ईरितायै नमः' इति हृदये, इसी प्रकार अन्य न्यासों को ऊह करके करना चाहिए ॥ ६८-७१ ॥

गुह्यमुष्कोरुयुग्मेषु जानुजङ्घायुगे स्फिचोः ।
कट्यां पार्श्वद्वये वामकला न्यस्येत् त्रयोदश ॥ ७२ ॥
प्रथमा वामदेवाय नमोऽन्ते स्याद्वज्रा[1] कला ।
स्याज्ज्येष्ठाय नमो रक्षा द्वितीया परिकीर्त्तिता ॥ ७३ ॥

१. 'वज्राय' इति पाठः, तुलनीय रुद्रयामल ४७. १६४ ।

स्याद्रुद्राय नमः पश्चात् तृतीया रतिरीरिता।
कालाय नम इत्यन्ते पालिनी परिकीर्त्तिता ॥ ७४ ॥
कलकामा पञ्चमी स्यात्ततो विकरणाय च ।
नमः संयमनी षष्ठी कथिता तदनन्तरम् ॥ ७५ ॥
बलक्रिया समादिष्टा बलविकरणाय च ।
नमो वृद्धिरष्टमी स्यादबलान्ते च स्थिरा कला ॥ ७६ ॥
पश्चात् प्रमथनायाऽन्ते नमो रात्रिरुदीरिता ।
सर्वभूतदमनाय नमोऽन्ते भ्रामणी कला ॥ ७७ ॥
नमोऽन्ते मोहिनी प्रोक्ता मन्त्रज्ञैर्द्वादशी कला।
उन्मनाय नमः पश्चाज्जरा प्रोक्ता त्रयोदशी।
प्रणवाद्याश्चतुर्थ्यन्ता नमोऽन्तास्ताः प्रकीर्तिताः ॥ ७८ ॥

मुष्कोऽण्डकोशः । वामकला वामदेवकलाः । कलकामेत्यत्र कलेति ऋगंशकामेति कला । विकरणाय नम इति ऋगंशः ।

बलेति ऋगंशः । क्रियेति कला । अत्रापि विकरणाय नम इति ऋगंशः ॥ ७२-७८ ॥

अब **वामदेव मन्त्र के कलान्यास का वर्णन** करते हैं—इस मन्त्र में १३ कलायें हैं—अतः उन कलाओं में प्रत्येक से १. गुह्य, २-३. दोनों अण्डकोश, ४-५. दोनों ऊरु, ६-७. दोनों जानु, ८-९. दोनों जङ्घा, १०. नितम्ब, ११. कटि और १२-१३. दोनों पार्श्व—इस प्रकार १३ स्थानो में इस प्रकार न्यास करे ॥ ७२ ॥

'वामदेवाय नमः' यह **वज्रा** नाम की प्रथम कला है । 'ज्येष्ठाय नमः' **रक्षा** नाम की द्वितीय कला है । 'रुद्राय नमः' यह **रति** नामक तृतीय कला है । 'कालाय नमः' यह **पालिनी** नाम की चतुर्थ कला है । 'कलाय नमः' **कामा** नाम की पञ्चमी कला है । 'विकरणाय नमः' यह **संयमिनी** नाम की षष्ठी कला है । 'वलाय नमः' **क्रिया** नाम की सप्तमी कला है । 'बलविकरणाय नमः' यह **वृद्धि** नाम की अष्टमी कला है । 'वलाय नमः' **स्थिरा** नाम की नवमी कला है । 'प्रमथनाय नमः' **रात्रि** नाम की दशमी कला है । 'सर्वभूतदमनाय नमः' **भ्रामणी** नाम की एकादश कला है । 'मनः' यह **मोहिनी** नाम की द्वादशी कला है । इसके बाद 'उन्मनाय नमः' यह **जरा** नाम की तेरहवीं कला है । इनमें भी आदि में प्रणव लगावें, पश्चात् कलाओं के नाम में चतुर्थ्यन्त लगा कर नमः पद का प्रयोग करे । पूर्वोक्त १३ स्थानों में न्यास करे ।

विमर्श—प्रयोग यथा—'ॐ वामदेवाय नमः ॐ वज्रायै नमः' इति गुह्ये, इत्यादि ॥ ७३-७८ ॥

पाददोस्तलनासासु मूर्ध्नि बाहुयुगे न्यसेत् ।
सद्योजातोद्भवाः सम्यगष्टौ मन्त्री कलाः क्रमात्॥ ७९ ॥
सद्योजातं प्रपद्यामि सिद्धिः स्यात्प्रथमा कला ।
सद्योजाताय वै भूयो नमः स्याद्वृद्धिरीरिता॥ ८० ॥
भवे द्युतिस्तृतीया स्यादभवे तदनन्तरम् ।
लक्ष्मीश्चतुर्थी कथिता ततो नातिभवे पदम् ॥ ८१ ॥
मेधा स्यात् पञ्चमी प्रोक्ता कला भूयो भज (व)स्व माम् ।
प्रज्ञा समीरिता षष्ठी भवान्ते स्यात् प्रभा कला ।
उद्भवाय नमः पश्चात् स्वधा स्यादष्टमी कला ॥ ८२ ॥
प्रणवाद्याश्चतुर्थ्यन्ताः कलाः सर्वा नमोऽन्विताः ।
अष्टत्रिंशत्कलाः प्रोक्ताः पञ्चब्रह्मपदान्तिकाः ॥ ८३ ॥
इति विन्यस्तदेहोऽसौ भवेद्गङ्गाधरः स्वयम् ।
ततः समाहितो भूत्वा ध्यायेद्देवं सदाशिवम् ॥ ८४ ॥

भूय इति पादपूरणे । भव इति ऋगंशः । पञ्चब्रह्मपदानि पञ्चानां ऋचां पदानि । अत्र पञ्चानामृचां पदानि कलासहितानि क्रमेण उक्त्वाऽङ्गुष्ठाद्यङ्गुलिभिर्विन्यसेत् । तेन प्रथमऋक्कलाः साङ्गुष्ठमुष्टिना द्वितीयऋक्कलास्तर्जन्यङ्गुष्ठाभ्यां तृतीयऋक्कला मध्यमाङ्गुष्ठाभ्यां चतुर्थऋक्कला अनामाङ्गुष्ठाभ्यां पञ्चमऋक्कलाः कनिष्ठाङ्गुष्ठाभ्यामिति । तदुक्तम्—इति विशदधीर्विन्यसेदङ्गुलीभिः । इति । अन्यत्रापि—

कनिष्ठाद्यङ्गुलीभिस्तु न्यसेत् सद्यादिकाः क्रमात् ।
साङ्गुष्ठाभिस्तथेशानं समुष्ट्यङ्गुष्ठकेन तु ॥ इति ॥

अस्य स्वतन्त्रत्वात् ध्यानावरणपूजादि वक्तव्यम् । तत्र ध्यानं प्रासादावरणपूजावसरे ग्रन्थकृदुक्तं ज्ञेयम् । आवरणपूजा तु आचार्योक्ता यथा—

न्यैस्यैवं पञ्चभिर्ब्रह्मभिरथ शिवमाराधयेदृग्भि-
राभिर्मध्यप्राग्याभ्यसौम्यापरदिशि पुनरङ्गैरनन्तादिभिश्च ।
अन्योमाद्यैर्दिशापैः पुनरपि कुलिशाद्यैर्यजेदेवमुक्तं
पाञ्चब्राह्मंविधानं सकलसुखयशोभुक्तिमुक्तिप्रदञ्च ॥ इति ॥ ७९-८४ ॥

इसके बाद **सद्योजात के कला न्यास का वर्णन** करते हैं—सद्योजात मन्त्र में वक्ष्यमाण आठ कलायें हैं । अत: उन आठ कलाओं से दोनों पैर के तलवे दोनों हाथ के तलवे नासिका दो शिर तथा दोनों बाहुओं में न्यास करें । अब उन आठ कलाओं का नाम कहते हैं ॥ ७९ ॥

'सद्योजातं प्रपद्यामि' यह सिद्धि नाम की प्रथम कला है । 'सद्योजाताय वै नम:' वृद्धि नाम की दूसरी कला है । 'भवे' यह द्युति नाम की तृतीया कला हैं । 'अभवे' यह लक्ष्मी नाम की चतुर्थी कला है । इसके बाद 'नातिभवे' यह मेधा नाम

की पञ्चम कला हैं । 'भजस्व माम्' यह प्रज्ञा नाम की षष्ठी कला है । 'भवः' यह प्रभा नाम की सप्तमी कला है । 'उद्भवाय नमः' यह स्वधा नाम की अष्टमी कला है । इन सभी मन्त्रों के आदि में ॐ तथा अन्त की कलाओं में चतुर्थ्यन्त नमः लगाकर उक्त आठ स्थानों में न्यास करे ।

विमर्श—प्रयोग यथा—'ॐ सद्यो जातं प्रपद्यामि सिद्ध्यै नमः' दक्षिणपादतले इत्यादि ॥ ८०-८३ ॥

इस प्रकार पञ्चब्रह्म के प्रत्येक पदों के अनुसार ३८ कलाओं का तत्तत्स्थानों में न्यास पूर्वक हमने वर्णन किया ॥ ८३ ॥

जो इस प्रकार पञ्चब्रह्म के ३८ कलाओं का न्यास करता है वह साक्षात् शिवस्वरूप हो जाता है । साधक इस प्रकार न्यास कर लेने के पश्चात् एकाग्रचित्त हो सदाशिव का इस प्रकार ध्यान करे ॥ ८४ ॥

विमर्शः—ऊपर कहे गये पाँचों ऋचाओं के पदों को क्रमशः इस प्रकार की अङ्गुलियों से न्यास करे—'ईशानः सर्वविद्यानाम्' इस समस्त ईशान मन्त्रों को अङ्गुष्ठ सहित मुष्टि से, द्वितीय तत्पुरुष कलाओं को तर्जनी और अङ्गुष्ठ से, तृतीय अघोर ऋचा की कलाओं को मध्यमा तथा अङ्गुष्ठ से सम्मिलित कर, चतुर्थ वामदेव नामक ऋचा की कलाओं को अनामिका तथा अङ्गुष्ठ को मिला कर तथा सद्योजात ऋचा की कलाओं को कनिष्ठा और अङ्गूठे को मिलाकर न्यास कर उन उन स्थानों में न्यास करे ॥ ८४ ॥

प्रासादध्यानम्

मुक्तापीत-पयोदमौक्तिकजवावर्णैर्मुखैः पञ्चभिः
त्र्यक्षैरञ्चितमीशमिन्दुमुकुटं पूर्णेन्दुकोटिप्रभम् ।
शूलं टङ्ककृपाणवज्रदहनान्नागेन्द्रघण्टाङ्कुशान्
पाशं भीतिहरं दधानममिताकल्पोज्ज्वलं चिन्तयेत् ॥ ८५ ॥

पुरश्चरणादिकथनम्

एवं ध्यात्वा जपेन्मन्त्रं पञ्चलक्षं मधुप्लुतैः ।
प्रसूनैः करवीरोत्थैर्जुहुयात्तद्दशांशकम् ॥ ८६ ॥

मुक्तेति । मुक्तावर्णमूर्ध्वमुखं पीतवर्णं पूर्वमुखं नीलवर्णं दक्षिणमुखं मुक्तावर्णं पश्चिममुखं विद्रुमवर्णमुत्तरमुखम् । पयो ददातीति व्युत्पत्त्या नीलमेघ एव विवक्षितः । तदुक्तं वायवीयसंहितायाम्—

अस्य पूर्वमुखं सौम्यं बालार्कसदृशप्रभम् ।
त्रिलोचनारविन्दाढ्यं बालेन्दुकृतशेखरम् ॥
दक्षिणं नीलजीमूतसमानं चन्द्रभूषितम् ।
वक्रभ्रूकुटिलं घोरं रक्तवृत्तत्रिलोचनम् ॥

उत्तरं विद्रुमप्रख्यं नीलालकविभूषितम् ।
सविलासं त्रिनयनं चन्द्राभरणशेखरम् ॥
पश्चिमं पूर्णचन्द्राभं लोचनत्रितयोज्ज्वलम् ।
चन्द्ररेखाधरं सौम्यं मन्दस्मितमनोहरम् ॥
पञ्चमं स्फटिकप्रख्यं चन्द्ररेखासमुज्ज्वलम् ।
अतीवसौम्यमुत्फुल्ललोचनत्रितयोज्ज्वलम् ॥ इति ॥

इन्दुमुकुटमिति प्रतिवक्त्रं ज्ञेयम् । टङ्कः परशुः । नागेशः सर्पेशः । भीतिहरम् अभयम् । आयुधध्यानं तु ऊर्ध्वादि दक्षे शूलाद्यग्न्यन्तानि वामे अन्त्यानि । तदुक्तं वायवीयसंहितायाम्—

दक्षिणे शूलपरशुवज्रखड्गानलोज्ज्वलम् ।
सव्ये च नागेशाभीतिघण्टापाशाङ्कुशोज्ज्वलम् ॥ इति ॥

अन्यत्र ऊर्ध्वदक्षवामयोराद्यम् एवमान्तमिति क्रमेणोक्तम्—शूलाही टङ्कघण्टासिसृणिकुलिशपाशाग्न्यभीतीर्दधानं दोर्भिः । इति । अन्यत्र व्यत्ययोऽप्युक्तः । यदाहुः— भुजङ्गघण्टाभयदाङ्कुशांश्च पाशं भुजैर्दक्षिणतो दधानम् ।
तथा त्रिशूलं परशुं च खड्गं वज्रं च वह्निं क्रमशो परैश्च ॥ इति ।

अन्यत्र एकवक्त्रं चतुर्भुजं च ध्यानमुक्तम् । अथवैकवक्त्रम् ।

दोर्भिश्चतुर्भिर्युतमिन्दुमौलिं धृताक्षमालात्रिशिखं क्रमात् तम् ।

यजेत् सखट्वाङ्गकपालहस्तम् । इति ।

अन्यत्र तु— देवं नमामि शिरसा परशुत्रिशूल ।
विद्याकपालपरिघमण्डितबाहुखण्डम् ॥ इति ॥ ८५-८६ ॥

अब **ध्यान का प्रकार** कहते हैं—मोती के समान ऊपर का मुख, पीतवर्ण का पूर्व मुख, नीलवर्ण का दक्षिण मुख, मुक्तावर्ण का पश्चिम मुख, विद्रुम के समान उत्तर मुख इस प्रकार पाँच मुख, तीन नेत्रों से युक्त, चन्द्रजटित मुकुट से मण्डित, करोड़ों पूर्णचन्द्र के समान प्रकाश वाले, हाथ में त्रिशूल, परशु, कृपाण, वज्र, अग्नि, सर्प, घण्टा तथा अंकुश पाश तथा अभय धारण करने वाले तथा उज्ज्वल कान्ति से युक्त सदाशिव का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ८५ ॥

इस प्रकार सदाशिव का ध्यान कर उक्त मन्त्र का पाँच लाख जप करे तथा त्रिमधु से परिप्लुत करवीर के पुष्पों से उसका दशांश होम करे ॥ ८६ ॥

अङ्गावृतिदेवता

पूर्वोक्ते प्रयजेत्पीठे मूर्त्तिं मूलेन कल्पयेत् ।
आवाह्य पूजयेत्तस्यां मूर्त्याद्यावरणैः सह ॥ ८७ ॥
शक्तिं डमरुकाभीतिवरान् सन्दधतं करैः ।
ईशानं त्रीक्षणं शुभ्रमैशान्यां दिशि पूजयेत् ॥ ८८ ॥

परश्वेणवराभीतिर्दधानं विद्युदुज्ज्वलम् ।
चतुर्मुखं तत्पुरुषं त्रिनेत्रं पूर्वतोऽर्चयेत् ॥ ८९ ॥
अक्षस्रजं मृगपाशौ सृणिं डमरुकं ततः।
खट्वाङ्गं निशितं शूलं कपालं बिभ्रतं करैः ॥ ९० ॥
अञ्जनाभं चतुर्वक्त्रं भीमदंष्ट्रं भयावहम् ।
अघोरं त्रीक्षणं याम्ये पूजयेन्मन्त्रवित्तमः ॥ ९१ ॥
कुङ्कुमाभं चतुर्वक्त्रं वामदेवं त्रिलोचनम् ।
वराभयाक्षवलयकुठारं दधतं करैः ॥ ९२ ॥
विलासिनं स्मेरवक्त्रं सौम्ये सम्यक् समर्चयेत् ।
कर्पूरेन्दुनिभं सौम्यं सद्योजातं त्रिलोचनम्॥ ९३ ॥
हरिणाक्षगुणाभीतिवरहस्तं चतुर्मुखम् ।
बालेन्दुशेखरोल्लासि मुकुटं पश्चिमे यजेत् ॥ ९४ ॥

मूर्त्तीति । आदिशब्देनाऽङ्गावृतिरुक्ता । मूर्त्यावरणं च अङ्गावरणं च आवरणानि अनन्तोमेन्द्रवज्रादीनि च तैः मूर्त्याद्यावरणैरित्येकशेषेण समासः कार्यः । तेन मूर्त्तिपञ्चकनिवृत्त्यादिपञ्चकेन प्रथमावरणं सम्पूज्य द्वितीयाङ्गैस्तृतीया विद्येश्वरादिभिरित्यर्थः। तदुक्तं प्रयोगसारे—'मूर्त्यङ्गावरणोपेतम्' इति । अन्यत्रापि मूर्त्तिपूजामुक्त्वा उक्तम्—

आग्नेयेशाननैर्ऋत्यवायुपत्रेष्वथो परः ।
संपूज्याऽङ्गानि चोक्तानि दिक्ष्वस्त्रमपि पूजयेत् ॥
स्वनामकलितैर्मन्त्रैरनन्तं सूक्ष्ममेव च । इत्यादिना ।

वायवीयसंहितायामपि—पूजयेत्परमेश्वरम् । ब्रह्मभिश्च षडङ्गैश्च । इति । पद्मपादाचार्यैरपि मूर्त्यावरणाद्बहिरङ्गावरणं द्रष्टव्यमित्युक्तम् । तेन यत् केचन मूर्त्यावरणात् पूर्वम् अङ्गावरणं वदन्ति तदयुक्तम् । नारायणीयेऽपि—मूर्त्याङ्गानि यजेद्यथाविधि । इति । पूर्वत इत्यादि दिग्ग्रहणं न्यक्कृता प्रसिद्धदिशामेव कृतमिति ज्ञेयम् । मन्त्रवित्तमः सम्यक् समर्चयेदित्यनेनेशादीनां न्यासोक्तबीजादित्वेन पूजयेदित्युक्तं भवति ॥ ८७-९४ ॥

तदनन्तर पूर्वोक्त पीठ (१८. १५-१९) पर मूल मन्त्र से मूर्ति की कल्पना करे । पश्चात् उसी में देवाधिदेव सदाशिव का आवाहन कर अङ्गावरण एवं मूर्ति के आवरणों के सहित उनकी पूजा करे ॥ ८७ ॥

हाथों में शक्ति, डमरू, अभय तथा वर धारण करने वाले तीन नेत्रों से युक्त **ईशान** देव की ईशानकोणस्थ दिशा में पूजा करे ॥ ८८ ॥

साधक हाथों में परशु, मृग, वर तथा अभय धारण करने वाले, बिजली के समान उज्ज्वल, चार मुखों एवं तीन नेत्रों से युक्त **तत्पुरुष** की पूर्व दिशा में पूजा करे ॥ ८९ ॥

हाथों में अक्षमाला, मृग, पाश, अंकुश, डमरू, खट्वाङ्ग, तीक्ष्ण शूल और कपाल धारण करने वाले, अञ्जन के समान काले, भयानक दाँतों वाले महाभयानक तीन नेत्रों वाले **अघोर** की दक्षिण दिशा में पूजा करे ॥ ९०-९१ ॥

कुंकुम के समान कान्ति वाले चतुर्वक्त्र तथा तीन नेत्रों से युक्त, हाथों में वर, अभय, जपमाला और कुठार धारण करने वाले, विलासी एवं मन्दस्मित **वामदेव** की उत्तर दिशा में पूजा करे ॥ ९२-९३ ॥

कर्पूर एवं इन्दु के समान श्वेत, तीन नेत्रों से युक्त, हाथों में हरिण, अक्षमाला, अभय तथा वर धारण करने वाले चतुर्मुख, बालेन्दु से जटित मुकुट धारण करने वाले **सद्योजात** की पश्चिम दिशा में पूजा करे ॥ ९३-९४ ॥

निवृत्त्याद्यास्ततः कोणे तेजोरूपाः कलाः क्रमात् ।
केसरेषु षडङ्गानि पूर्ववत् पूजयेत् सुधीः ॥ ९५ ॥
विद्येश्वराननन्ताद्यान् पत्रेषु परितो यजेत् ।
उमादिकास्ततो बाह्ये शक्राद्यानायुधैः सह ॥ ९६ ॥
इति सम्पूज्य देवेशं भक्त्या परमया युतः ।
प्रीणयेन्नृत्यगीताद्यैः स्तोत्रैर्मन्त्री मनोहरैः ॥ ९७ ॥

तेजोरूपा इति । एषां शरीराद्याकाराभावे कारणमुक्तमाचार्यैः—

भूतानां शक्तित्वाद्व्याप्तत्वाज्जगति वा निवृत्त्याद्याः ।
तेजोरूपाः करपदवर्णविहीना मनीषिभिः प्रोक्ताः ॥ इति ॥

तन्त्रान्तरे आकारोऽप्युक्तः ।

वज्राक्षमालामभयमम्बुजं बिभ्रती करैः ।
हेमाभा चारुसर्वाङ्गा निवृत्तिः सितभूषणा ॥
श्वेताकल्पाऽक्षमालाब्जपाशाभयकरा सिता ।
सर्वाभरणसन्दीप्ता प्रतिष्ठाऽतिमनोहरा ॥
शक्त्यक्षमालाब्जाभीतिहस्ता गुञ्जारुणोज्ज्वला ।
कपर्देन्दुस्त्रिकमुखी ध्येया विद्या कला त्रिदृक् ॥
चतुर्वक्त्रभुजा कृष्णा नीलवस्त्रा कपर्दिनी ।
ध्वजाक्षमालाब्जाभीतिहस्ता शान्तिकला त्रिदृक् ॥
स्फटिकाभा पञ्चवक्त्रा वेदाक्षस्रग्वराभयान् ।
दधती सकपर्देन्दुः शान्त्यतीताऽच्छभूषणा ॥ इति ।

कला इत्यनेन प्रथमपटलोक्तापञ्चीकृतभूतबीजाद्या इत्युक्तम् । क्रमादित्यनेनैतदुक्तम् । आग्नेयादिषु निवृत्त्यादि चतुष्कं संपूज्य ईशस्थाने शान्त्यतीतां पूर्वमेव पूजयेदिति । अन्ये तु ईशानशान्त्यतीते मध्ये पूजयेदित्याहुः । प्रपञ्चसारसम्मतमेतत् । पूर्वमूर्ध्वप्रागित्युक्त्वा पश्चात् पूर्वोक्तदिक्षु मूर्तीरित्युक्तेः । अन्ये त्वेवं तयोः पूजामाहुः । उमादिका इति पूर्ववदुत्तरादि यजेत् । अस्य तन्त्रान्तरस्थं यन्त्रद्वयमुच्यते—

षट्कोणमण्डलं बाह्ये रोचनाचन्दनाक्तया ।
दूर्वया विलिखेन्मन्त्री प्रासादं नामसंयुतम् ॥
बहिः षट्सु च कोणेषु प्रणवाद्यं षडक्षरम् ।
त्रयस्त्रिंशद्दलं बाह्ये त्रिस्त्रिंशद्वर्णमालिखेत् ॥
ईशानवर्णषट्कं च तत्पुरुषं तु सप्तकम् ।
अघोरवर्णषट्कं च वामदेवस्य सप्तकम् ॥
सद्योजातं तथा सप्त नमोऽन्तं वर्णमालिखेत् ।
मृत्युञ्जयेन संवेष्ट्य धारयेद्यन्त्रमुत्तमम् ॥ इति ।
षट्कोणान्तः साध्ययुक्तं प्रासादं मूलमस्त्रिषु ।
सन्धिष्वङ्गानि तद्बाह्ये पद्मं पञ्चदलं त्विह ॥
ईशानाद्याः पञ्चमूर्त्तीर्ङेकृदन्ता लिखेत्ततः ।
अष्टपत्रं मातृकाष्टवर्गयुक्तं लिखेद्बहिः ॥
संवेष्ट्याऽनुष्टुभा यन्त्रं जपहोमादिसाधितम् ।
आरोग्यायुः सुतैश्वर्य चतुर्वर्गफलप्रदम् ॥ इति ॥ ९५-९७ ॥

इसके अनन्तर तेज:स्वरूप धारिणी निवृत्ति, प्रतिष्ठा, विद्या तथा शान्तिरूप कलाओं की कोणों में पूजा करे । केशरों पर षडङ्ग की पूजा पूर्ववत् करे । (द्र. १८. २२) ॥ ९५ ॥

पुन: पत्रों पर अनन्तादि विद्येश्वरों की पूजा करे (द्र. १८. २३-२५) । इसके बाद पूर्व से लेकर उत्तर दिशा में उमादि की पूजा करे (द्र १८. २६-२७)। तदनन्तर बाहर इन्द्रादिकों की उनके आयुधों के साथ पूजा करे ॥ ९६ ॥

इस प्रकार परम भक्ति से पूजा करने के पश्चात् नृत्य गीतादि एवं मनोहर स्तोत्रों से सदाशिव को प्रसन्न करे ॥ ९७ ॥

अष्टाक्षरप्रासादमन्त्रः

**तारो माया वियद् बिन्दुमनुस्वरसमन्वितम् ।
पञ्चाक्षरसमायुक्तो वसुवर्णो मनुर्मतः॥ ९८ ॥**

अष्टाक्षरं प्रासादमन्त्रमाह तार इति । तारः प्रणवः । माया शक्तिबीजम् । वियत् हः बिन्दुमनुस्वरौ औं तद्युक् तेन हौं । पञ्चाक्षर इति शैवपञ्चाक्षरः । वसुवर्णोऽष्टाक्षरः पूर्वोक्ते ऋषिछन्दसी । उमापतिर्देवता ॥ ९८ ॥

तार (प्रणव), माया (ह्रीँ), वियत् (हकार) उसको बिन्दु तथा मनुस्वर (औ) से युक्तकर पञ्चाक्षर से युक्त करे । इस प्रकार 'ॐ ह्रीँ हौँ नमः शिवाय'—यह अष्टाक्षर मन्त्र का उद्धार कहा गया ॥ ९८ ॥

पञ्चाक्षरोक्तवत् कुर्यादङ्गन्यासादिकं बुधः ॥ ९९ ॥

पञ्चाक्षरोक्तवदिति । मायाषड्दीर्घाद्यबीजषडक्षरैः षडङ्गमिति संप्रदायविदः । आदिशब्देन मूर्त्तिपञ्चकन्यासः ॥ ९९ ॥

साधक को इसका अङ्गन्यास पञ्चाक्षर में कही गई विधि के अनुसार करना चाहिए (द्र. १८. ३) ॥ ९९ ॥

ध्यानम् । पुरश्चरणादिकथनम्

वन्दे सिन्दूरवर्णं मणिमुकुटलसच्चारुचन्द्रावतंसं
भालोद्यन्नेत्रमीशं स्मितमुखकमलं दिव्यभूषाङ्गरागम् ।
वामोरुन्यस्तपाणेररुणकुवलयं सन्दधत्याः प्रियाया
वृत्तोत्तुङ्गस्तनाग्रे निहितकरतलं वेदटङ्केष्टहस्तम् ॥१००॥
अष्टलक्षं जपेदेनं मनुं मनुविदां वरः ।
तत्सहस्रं प्रजुहुयात् पायसान्नैर्घृतप्लुतैः ॥ १०१ ॥
प्राक्पीठे मूलमन्त्रेण मूर्त्तिं सङ्कल्प्या पूजयेत् ।
अङ्गैरावरणं पूर्वमनन्ताद्यैरनन्तरम् ॥ १०२ ॥
उमादिभिः समुद्दिष्टं तृतीयं लोकनायकैः ।
चतुर्थं पञ्चमं तेषामायुधैः परिकीर्त्तितम् ॥ १०३ ॥
एवं प्रतिदिनं देवं पूजयेत्साधकोत्तमः ।
पुत्रमित्रादिसहितां श्रियं प्राप्य प्रमोदते ॥ १०४ ॥

वन्दे इति । वेदः पुस्तकं टङ्कः परशुः । वामोरुन्यस्तपाणेरिति दक्षपाणेः । अरुणकुवलयमिति । वामपाणौ । निहितकरतलमिति । वामाधस्तनम् । तदुक्तम्—

वामाङ्कन्यस्तवामेतरकरकमलायास्तथा वामबाहु
न्यस्तरक्तोत्पलायाः स्तनविधृतलसद्वामबाहुः प्रियायाः । इति ।

ऊर्ध्ववामे इष्टं वरमित्यर्थः । वेदटङ्के दक्षस्थे ।
उमादिभिरिति पूर्वोक्तैः ॥ १००-१०४ ॥

अब **अष्टाक्षर मन्त्र के ध्यान का प्रकार** कहते हैं—सिन्दूर के समान कान्ति वाले, मनोहर चन्द्रजटित मणिमय मुकुट धारण किये हुये, भालेक्षण, मन्द स्मित युक्त मुख कमलों वाले, दिव्य आभूषण तथा दिव्य अङ्गरागों से युक्त सदाशिव की मैं वन्दना करता हूँ । वाम ऊरु पर एक हाथ रखने वाली तथा दूसरे हाथ में अरुण कमल धारण करने वाली प्रिया पार्वती के स्तन पर जिनका एक हाथ निहित है तथा अन्य में पुस्तक, परशु और वर धारण किये हुये हैं, ऐसे सदाशिव का ध्यान करे ॥ १०० ॥

मन्त्रवेत्ता साधक ऊपरोक्त अष्टाक्षर मन्त्र का आठ लाख जप करे और घृत परिप्लुत खीर से उसका दशांश होम करे ॥ १०१ ॥

पुनः पूर्वोक्त पीठ पर मूर्त्ति की कल्पना कर उसमें आवाहन करे पश्चात् मूर्त्ति की पूजा करे । पूर्व में अङ्गावरण की पश्चात् अनन्तादिकों की पूजा करे ॥ १०२॥

तृतीय में उमादि की, चतुर्थ में इन्द्रादि लोकपालों की तथा पञ्चम में उनके आयुधों की पूजा करे ॥ १०३ ॥

इस प्रकार उत्तम साधक प्रतिदिन देवाधिदेव शिव का पूजन करे तो पुत्र, मित्रादि सहित श्री प्राप्त कर प्रसन्नता प्राप्त करता है ॥ १०४ ॥

मृत्युञ्जयमन्त्रः । ऋष्यादिकथनम्

तारं स्थिरा सकर्णेन्दुः भृगुः सर्गविभूषितः ।
त्र्यक्षरात्मा निगदितो मनुर्मृत्युञ्जयादिकः ॥ १०५ ॥
ऋषिः कहोलो देव्यादिगायत्री छन्द ईरितम् ।
मृत्युञ्जयो महादेवो देवताऽस्य समीरितः ॥ १०६ ॥

एवं पञ्चवक्त्रशिवस्य मन्त्रानभिधाय ऊर्ध्ववक्त्रप्रधानं मृत्युञ्जयमन्त्रमाह तारमिति । तारं प्रणवम् । स्थिरा जः । कर्णो वामकर्णः ऊ । अथवा कर्णशब्देन षट्संख्या तेन ऊ इन्दुर्बिन्दुः तेन जूं । भृगुः सकारः सर्गो विसर्गः तद्युक्तः । द्वन्द्वावयवसम्पाते पूर्वस्यादौ परिग्रहः । इति यद्यपि सामान्यपरिभाषा तथाप्यत्र विशेषवचनात्तद्बाधः पूर्वव्याख्याने । तदुक्तं प्रयोगसारे—

वेदादिः काष्टमः षष्ठस्वरार्धेन्द्वन्वितश्च सः ।
स्वरश्चतुर्थो बिन्द्वन्तौ जलौ (जसौ) बिन्द्वन्वितः शशी ॥
पञ्चाक्षरस्य मन्त्रस्य बीजान्युक्तानि यत्नतः ।
तस्यादितः क्रमाद्बीजैस्त्र्यक्षरः प्रोच्यते त्रिभिः ॥
बीजेनाऽन्त्येन तस्यैव स्यादेकाक्षर ईरितः ।
एते मृत्युञ्जया मन्त्राः क्रमात्प्रोक्ताः फलोत्तराः ॥ इति ।

नारायणीयेऽपि— सशिवं वामदोर्मध्यं बिन्दुमत्सकलो भृगुः । इति ।

तट्टीकायां सशिवं षष्ठस्वरयुक्तम् ।

शिवशब्देन षष्ठस्वरोऽत्र विवक्षितः इत्युक्तम् । प्रणवो बीजं स इति शक्तिः । जूं बीजमिति पद्मपादाचार्याः ॥ १०५-१०६ ॥

तारम् (प्रणव), स्थिरा (जं), सकर्णेन्दु (दीर्घ अकार युक्त अनुस्वार), भृगु (सकार) जिस पर सर्ग (विसर्ग) हो । इस प्रकार—'ॐ जूँ सः' यह त्र्यक्षर मन्त्र कहा गया । यह मृत्युञ्जय मन्त्र के आदि में लगाया जाता है ॥ १०५ ॥

इस त्र्यक्षर मन्त्र के कहोल ऋषि हैं । सभी देवियों की आदि गायत्री इसका छन्द है और महामृत्युञ्जय महादेव इसके देवता हैं ॥ १०६ ॥

भृगुणा दीर्घयुक्तेन षडङ्गानि समाचरेत् ॥ १०७ ॥

भृगुणा सकारेण । दीर्घयुक्तेन षड्दीर्घयुक्तेन समाचरेदिति । नाभिहृद्भ्रूमध्येऽप्यक्षरन्यासानन्तरमित्यर्थः ॥ १०७ ॥

दीर्घयुक्त भृगु (सकार) से इसका षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ १०७ ॥

महामृत्युञ्जयध्यानम्
पुरश्चरणादिकथनम्

चन्द्रार्काग्निविलोचनं स्मितमुखं पद्मद्वयान्तः स्थितं
मुद्रापाशमृगाक्षसूत्रविलसत्पाणिं हिमांशुप्रभम्।
कोटीरेन्दुगलत्सुधाप्लुततनुं हारादिभूषोज्ज्वलं
कान्त्या विश्वविमोहनं पशुपतिं मृत्युञ्जयं भावयेत्॥ १०८॥

पद्मद्वयान्तः स्थितमिति। एकमूर्ध्वमुखं तदुपर्युपविष्टं द्वितीयमधोमुखं शिरसि। मुद्रा ज्ञानमुद्रा। दक्षोर्ध्वात् दक्षाधस्तनं यावदायुधध्यानम्॥ १०८॥

जिनके सूर्य, चन्द्र और अग्निस्वरूप तीन नेत्र हैं, जिनका मुख मण्डल स्मित से युक्त है, जिनके शिरोभाग दो कमलों के मध्य (अर्थात् एक ऊर्ध्वमुख तथा उसके ऊपर विद्यमान दूसरा कमल अधोमुख रूपेण) स्थित है, जिन्होंने अपने हाथों में मुद्रा, पाश, मृग (मुद्रा) तथा अक्षमाला धारण किया है, जिनके मुख की कान्ति चन्द्रमा के समाज उज्ज्वल है, जिनका शरीर किरीट में जटित चन्द्रमण्डल से चूते हुये अमृत कणों से आप्लावित है और हारादि नाना प्रकार के भूषणों से उज्ज्वल है—ऐसे महामृत्युञ्जय पशुपति का ध्यान करना चाहिए, जो अपनी कान्ति से विश्व को मोहित कर रहे हैं॥ १०८॥

गुणलक्षं जपेन्मन्त्रं तद्दशांशं विशालधीः।
जुहुयादमृताखण्डैः शुद्धदुग्धाज्यलोलितैः॥ १०९॥
शैवे संपूजयेत्पीठे मूर्त्तिं मूलेन कल्पयेत्।
अङ्गावरणमाराध्य पश्चाल्लोकेश्वरान् यजेत्॥ ११०॥
तदस्त्राणि ततो बाह्ये पूजयेत् साधकोत्तमः।
जपपूजादिभिः सिद्धे मन्त्रेऽस्मिन् मनुना क्रमात्॥ १११॥
कुर्यात् प्रयोगान् कल्पोक्तानभीष्टफलसिद्धये।
दुग्धयुक्तैः सुधाखण्डैर्मन्त्री मासं सहस्रकम्॥ ११२॥
आराधितेऽग्नौ जुहुयाद्विधिवद्विजितेन्द्रियः।
सन्तुष्टः शङ्करस्तेन सुधाप्लावितविग्रहः॥ ११३॥
आयुरारोग्यसम्पत्तियशः पुत्रान् विवर्धयेत्।
सुधावटौ तिलो दूर्वा पयः सर्पिः पयोहविः॥ ११४॥
इत्युक्तैः सप्तभिर्द्रव्यैर्जुहुयात्सप्तवासरम्।
क्रमाद्दशांशतो नित्यमष्टोत्तरमतन्द्रितः॥ ११५॥
सप्ताधिकान् द्विजान्नित्यं भोजयेन्मधुरान्वितम्।
विकारानुगुणं मन्त्री वर्धयेद्धोमवासरान्॥ ११६॥

गुणलक्षं त्रिलक्षम् । विशालधीरित्यनेन शैवं पीठमभ्यर्च्येत्युक्तम् । अमृता गुडूची । शुद्धेति वस्त्रादिना गालितैः । सुधा गुडूची । मन्त्रीति । एकाक्षरबीजादित्वमुक्तम् । मासं जुहुयादिति सम्बन्धः । सहस्रकमिति प्रत्येकम् । विधिवदाराधित इत्यग्नौ शैवं पीठं सम्पूज्येत्यर्थः । पयोहविरिति पायसम् । विकारमिति । रोगानुसाराच्चतुर्दशैकविंशेत्यादि दिनवृद्धिः ॥ १०९-११६ ॥

विशाल बुद्धि वाला साधक तीन लाख इस मन्त्र का जप करे । तदनन्तर शुद्ध दूध तथा शुद्ध घृत से आप्लुत गुरुच की समिधाओं से उसका दशांश (तीस हजार) होम करे ॥ १०९ ॥

पुनः शैव पीठ पर मूल मन्त्र से मूर्ति की कल्पना करे । आवाहन पूर्वक पूजा करे । तदनन्तर अङ्गावरणों की पूजा कर लोकपालों की पूजा करे ॥ ११०॥

इसके बाद बाहर उनके वज्रादि आयुधों की पूजा करे । इस प्रकार जप पूजादि द्वारा जब मन्त्र सिद्ध हो जाय तो साधक क्रमशः इस मन्त्र के द्वारा अपनी अभीष्ट सिद्धि के लिये इस कल्प में आगे कहे गये प्रयोगों का अनुष्ठान करे ॥ १११-११२ ॥

दूध से परिषिञ्चित गुडूची की समिधा से एक मास पर्यन्त सहस्र संख्या में इन्द्रियों को वश में कर विशुद्ध सुसंस्कृत अग्नि में नित्य होम करे । उसके इस अनुष्ठान से अमृत प्रवाह से आप्लावित शरीर वाले शंकर संतुष्ट हो आयु, आरोग्य, संपत्ति यश और पुत्र की वृद्धि प्रदान करते हैं ॥ ११२-११४ ॥

गुडूची, वट, तिल, दूर्वा, दूध, घी एवं खीर—इन सात पदार्थों से अलग अलग निरन्तर सात दिन पर्यन्त दशांश १०८ बार होम करे तथा आठ ब्राह्मणों को नित्य मिष्ठान्न युक्त भोजन करावे । यदि भयानक पाप के कारण रोगादि विकार अत्यन्त प्रचण्ड हों तो उसके अनुसार इस अनुष्ठान के क्रम में सात-सात दिन और अर्थात चौदह अथवा २१ दिन अथवा इससे भी अधिक दिन संख्या बढ़ाता जाय ॥ ११४-११६ ॥

महामृत्युञ्जयध्यानप्रयोगः

होतृभ्यो दक्षिणां दद्यादरुणा गाः पयस्विनीः ।
गुरुं संप्रीणयेत्पश्चाद्धनाद्यैर्देवताधिया ॥ ११७ ॥
अनेन विधिना साध्यः कृत्याद्रोहज्वरादिभिः ।
विमुक्तः सुचिरं जीवेच्छरदां शतमञ्जसा ॥ ११८ ॥

पश्चात् होम के अनन्तर होता को लाल वर्ण की दूध देने वाली गाय दान करे तथा गुरु में देवता बुद्धि कर धनादि द्वारा उन्हें संतुष्ट करे । तो इस विधि से साधक कृत्या (अभिचार मारणादि) शत्रुद्रोह एवं ज्वरादि से मुक्त हो जाता है और सैकड़ों वर्ष तक नीरोग रह कर जीता है ॥ ११७-११८ ॥

अभिचारे ज्वरे तीव्रे घोरोन्मादे शिरोगदे ।
असाध्यरोगक्ष्वेडादौ महादाहे महाभये ॥ ११९ ॥
होमोऽयं शान्तिदः प्रोक्तः सर्वसम्पत् प्रदायकः ।
द्रव्यैरेतैः प्रजुहुयात् त्रिजन्मसु यथाविधि ॥ १२० ॥
भोजयेन्मधुरैर्भोज्यैर्ब्राह्मणान् वेदपारगान् ।
दीर्घमायुरवाप्नोति वाञ्छितां विन्दति श्रियम् ॥ १२१ ॥

द्रव्यैरेतैरिति । पूर्वोक्तैः सप्तभिः । त्रिजन्मस्विति प्रथमदशमएकोनविंशतिसंख्येषु नक्षत्रेषु । यथाविधीति । पूर्वोक्तप्रकारेण ॥ ११९-१२१ ॥

मारणादि अभिचार में तीव्र ज्वर में घोर से घोर उन्माद में, शिरः पीडा में असाध्य रोग में खेद में, (विष) महादाह में, महाभय में यह होम साधक को शान्ति प्रदान करता है तथा सब प्रकार की संपत्ति प्रदान करता है । साधक (त्रिजन्म) अपने जन्म नक्षत्र में या जन्म से दशवें नक्षत्र में अथवा जन्म से २१ वें नक्षत्र में ऊपर कही गई विधि के अनुसार होम करे और वैदिक ब्राह्मणों को मिष्ठान भोजन करावे । ऐसा करने से साधक को दीर्घ आयु प्राप्त होती है और मनोभिलषित श्री भी प्राप्ति होती है ॥ ११९-१२१ ॥

एकादशाहुतीर्नित्यं दूर्वाभिर्जुहुयाद् बुधः ।
अपमृत्युजिदेषः स्यादायुरारोग्यवर्धनः ॥ १२२ ॥
त्रिजन्मसु सुधावल्लीकाश्मरीबकुलोद्भवैः ।
समिद्वरैः कृतो होमः सर्वमृत्युगदापहः ॥ १२३ ॥

यदि बुद्धिमान् साधक दूर्वा के द्वारा नित्य ११ आहुती प्रदान करे तो वह अपमृत्यु को जीत लेता है और उसकी आयु तथा आरोग्य की अभिवृद्धि होती है । जन्म नक्षत्र के दिन, जन्म नक्षत्र से दशवें नक्षत्र के दिन अथवा इक्कीसवें नक्षत्र के दिन गुडूची, काश्मरी, अथवा वकुल के समिधा द्वारा होम करे तो सब प्रकार की मृत्यु एवं सब प्रकार के रोगों से छुटकारा हो जाता है ॥ १२२-१२३ ॥

सिद्धान्नैर्विहितो होमो महाज्वरविनाशनः ।
अपामार्गसमिद्धोमः सर्वामयविषूदनः ॥ १२४ ॥

इस मन्त्र के द्वारा खीर से किया गया होम संपूर्ण ज्वरों को विनष्ट कर देता है । अपामार्ग की समिधा द्वारा किया गया होम सभी प्रकार के ज्वरों को विनष्ट कर देता है ॥ १२४ ॥

महामृत्युञ्जय यन्त्रमाह

प्रणवरचितनालं मन्त्रमध्यार्णपत्रं
भृगुविलसितमध्यं पद्मयुग्मं तदन्तः ।

कृतवसतिमुमेशं वर्णनिर्यत्सुधार्द्रं
कलयतु हृदि नित्यं सर्वदुःखप्रशान्त्यै ॥ १२५ ॥

प्रणवेति । मन्त्रमध्याणों जूं स चाष्टावृत्त्या अष्टसु पत्रेषु । भृगुविलसितेति । सविसर्गसकारेण । पद्मयुग्मं कलयतु तदन्तः कृतवसतिमुमेशं कलयत्विति सम्बन्धः । एवं पद्मद्वयसम्पुटमध्ये उमेशं ध्यायेत् । वर्णः कर्णिकास्थः सकारः तस्मान्निर्यती या सुधा तया आर्द्रम् ॥ १२५ ॥

अब इस **मन्त्र के यन्त्र का प्रकार** कहते हैं—दो अष्टदल कमल निर्माण करे। दोनों के नाल पर प्रणव लिखे, दोनों अष्टपत्र के मूल में प्रत्येक पर मध्य वर्ण जूँ आठ आवृत्ति में लिखें तथा मध्य भाग में 'सः' इस अक्षर को लिखे। इस प्रकार दोनों मन्त्रों को संपुट कर मध्य में एकार वर्ण से निकलते हुये अमृत रस से सराबोर महेश्वर का हृदय में ध्यान कर एक को ऊर्ध्वमुख स्थापित कर देवे, दूसरे को अधोमुख स्थापित कर देवे तो इस प्रकार का यन्त्र सारे दुःखों को शान्त कर देता है ॥ १२५ ॥

अभिषेकविधिः

यन्त्राढ्ये कमले सौम्ये कलशं प्रोक्तवर्त्मना ।
नवरत्नसमायुक्तं दुकूलाभ्यामलङ्कृतम् ॥ १२६ ॥
आपूर्य सलिलैः शुद्धैस्तस्मिन् देवं प्रपूजयेत् ।
उपचारैः षोडशभिर्विधानेन विधानवित् ।
अभिषिञ्चेत् प्रियं साध्यं विनीतं दत्तदक्षिणम् ॥ १२७ ॥
आधिव्याधिमहारोगकृत्याद्रोहनिवारणः ।
अभिषेकोऽयमाख्यातः कीर्त्तिलक्ष्मीजयप्रदः ॥ १२८ ॥

अभिषेकमाह यन्त्रेति । यन्त्राढ्य इति वक्ष्यमाणयन्त्रयुक्ते । कमल इति भद्रकमण्डलस्थले । सौम्यं मनोहरम् । प्रोक्तवर्त्मनेति । षष्ठपटलोक्तरीत्या । विधानविद्विधानेनेत्यनेनैतदुक्तम् । तुर्योक्तागमश्लोकैरुपचारेषु तत्तद्द्रव्यविशेषस्तत्तन्मुद्राभिरिति ॥ १२६-१२८ ॥

आगे कहे जाने वाले मन्त्र युक्त सर्वतोभद्रमण्डल पर पहले कही गई विधि के अनुसार कलश स्थापित करे। उसमें नव रत्न छोड़े और दो वस्त्रों से उसे लपेट कर अच्छी तरह अलंकृत करे ॥ १२६ ॥

पुनः शुद्ध जल उसमें डालकर पूर्ण करे, तदनन्तर उस पर षोडशोपचार से सदाशिव का पूजन करे और कलश के जल से दक्षिणा से संतुष्ट करने वाले विनीत स्वभाव के यजमान को अभिषिक्त करे तो इस प्रकार का अभिषेक आधि, व्याधि, महारोग, अभिचार तथा शत्रुजन्य बाधा को दूर कर देता है। इस प्रकार यह अभिषेक कीर्त्ति, लक्ष्मी और जय प्रदान करने वाला है ॥ १२७-१२८ ॥

मृत्युञ्जययन्त्रम्

मध्ये साध्याक्षराढ्यं ध्रुवमभिविलिखेन्मध्यगं दिग्दलस्थं
कोणेष्वन्त्यं मनोस्तत्क्षितिभुवनमथो दिक्षु चन्द्रान्विदिक्षु ।
टान्तं यन्त्रं तदुक्तं सकलभयहरं क्ष्वेडभूतापमृत्यु-
व्याधिव्यामोहदुःखप्रशमनमुदितं श्रीप्रदं कीर्त्तिदायि ॥ १२९ ॥

॥ इति श्रीलक्ष्मणदेशिकेन्द्रविरचिते शारदातिलके
अष्टादशः पटलः समाप्तः ॥ १८ ॥

यन्त्रमाह मध्य इति । मध्ये कर्णिकायाम् । मध्यगं जूंकारम् । अन्त्यं सः । चन्द्रं ठकारम् । तदुक्तम्—

खड्गीशलाङ्गलिभ्यां तु दिग्विदिक्ष्वङ्कितं बहिः ।
भूपुरं विनिवेश्याऽस्मिन् कलशं समलङ्कृतम् ॥ इति ॥ १२९ ॥

॥ इति श्रीराघवभट्टविरचित-शारदातिलकटीकायां सत्सम्प्रदायकृतव्याख्यायां
पदार्थादर्शाभिख्यायामष्टादशः पटलः ॥ १८ ॥

अब १२०-१२६ में कहे गये **मन्त्र की विधि** कहते हैं—अष्टदल कमल की कर्णिका में साध्य के अक्षरों के साथ प्रणव लिखे, चारों दिशाओं के चार पत्रों पर मन्त्र के मध्य अक्षर (जूँ) वर्ण को लिखे । कोणों के चार पत्रों पर मन्त्र का अन्तिम अक्षर 'सः' लिखे । तदनन्तर भूपुर के चारों दिशाओं और चारों कोणों में चन्द्र बिन्दु युक्त ठकार लिखे । इस प्रकार का यन्त्र विष, भूत, अपमृत्यु, व्याधि, व्यामोह तथा दुःखो का प्रशमन कर देता है, श्री प्रदान करता है और कीर्त्तिकारक होता है ॥ १२९ ॥

॥ इस प्रकार शारदातिलक के अठारहवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय
कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १८ ॥

अथैकोनविंशः पटलः

अथ दक्षिणामूर्त्तिप्रकरणम्

अथ वक्ष्ये मन्त्ररत्नं समस्तपुरुषार्थदम् ।
अवापुर्येन जप्तेन दिव्यं ज्ञानं मुनीश्वराः ॥ १ ॥

एवमूर्ध्ववक्त्रप्रधानमन्त्रनिरूपणानन्तरं दक्षिणवक्त्रप्रधानं सौम्य (शैव) मन्त्रमाह । अथेति । समस्तपुरुषार्थदमित्यनेन विनियोग उक्तः ॥ १ ॥

१८ वें पटल में सदाशिव के ऊर्ध्व वक्त्र के प्रधान प्रधान मन्त्रों का निरूपण किया गया, अब दक्षिण वक्त्र प्रधान सौम्यात्मक सदाशिव के मन्त्रों का निरूपण करते हैं—

अब मैं समस्त पुरुषार्थों को प्रदान करने वाले मन्त्र रत्नों का निरूपण करता हूँ । जिसके जप मात्र से मुनीश्वरों ने दिव्य ज्ञान प्राप्त किया था ॥ १ ॥

मन्त्रः । ऋष्यादिकथनम्

दक्षिणामूर्त्तये पूर्वं तुभ्यं पदमनन्तरम् ।
वटमूलपदस्याऽन्ते पदं पश्चान्निवासिने ॥ २ ॥
ध्यानैकनिरताङ्गाय पश्चाद् ब्रूयान्नमः पदम् ।
रुद्राय शम्भवे तारशक्तिरुद्धोऽयमीरितः ॥ ३ ॥
षट्त्रिंशदक्षरो मन्त्रः सर्वकामफलप्रदः ।
मुनिः शुकः समुद्दिष्टश्छन्दोऽनुष्टुप्समीरितम् ॥ ४ ॥
दक्षिणामूर्त्तिनामाऽस्य देवता शम्भुरीरितः ।

अङ्गन्यासः । ध्यानम्

षड्भिर्वर्णैर्हृदाख्यातं द्वाभ्यां शिर उदीरितम् ॥ ५ ॥
शिखाऽष्टभिः समुद्दिष्टा वस्वर्णैः कवचं मतम् ।
पञ्चभिर्नेत्रमाख्यातं त्रिभिरस्त्रमुदाहृतम् ॥ ६ ॥
षडेते तारशक्त्याद्या ह्राङाद्यन्ताः सजातयः ।
अङ्गमन्त्राः समुद्दिष्टा यथावद्देशिकोत्तमैः ॥ ७ ॥

मन्त्रमुद्धरति दक्षिणेति । श्लोकरूपो मन्त्रः । तारशक्तिरुद्धोऽयमित्युभाभ्यां रुद्धः पुटितः तेनान्ते व्युत्क्रमः । प्रणवो बीजं माया शक्तिः ।

ह्राङादीति मकारे ङकारः । प्रयोगस्तु—ॐ ह्रीँ दक्षिणामूर्त्तये ह्रां हृदयाय नमः ॐ ह्रीँ शिरसे स्वाहा इत्यादि । यथावद्देशिकोत्तमैरित्यनेन शैवषडङ्गमुद्राभिः सह कर्त्तव्यतोक्ता ॥ २-७ ॥

अब **मन्त्र का उद्धार का क्रम** कहते हैं—प्रथम 'दक्षिणामूर्त्तये' पद, उसके बाद 'तुभ्यम्' पद, तदनन्तर 'वटमूलपदं', फिर 'निवासिने', तदनन्तर 'ध्यानैकनिरताङ्गाय', तदनन्तर 'नमः रुद्राय शम्भवे' कहे । मन्त्र के आदि तथा अन्त में प्रणव का उच्चारण करे । इस प्रकार—'ॐ दक्षिणामूर्त्तये तुभ्यं वटमूलपदं निवासिने ध्यानैकनिरताङ्गाय नमः रुद्राय शम्भवे ॐ' । यह ३६ अक्षरात्मक दक्षिणामूर्त्ति मन्त्र का उद्धार कहा गया ॥ २-३ ॥

३६ अक्षरों वाला दक्षिणामूर्त्ति का मन्त्र सभी कामनाओं का फल प्रदान करता है, इस मन्त्र के शुक ऋषि हैं और अनुष्टुप् छन्द है दक्षिणामूर्त्ति नाम वाले शम्भु इस मन्त्र के देवता हैं ॥ ४-५ ॥

अब इस मन्त्र से **अङ्गन्यास** का क्रम कहते हैं—छः अक्षरों से हृदय का, दो से शिर का, आठ से शिखा का, ८ अक्षर से कवच का, पाँच से नेत्र का और तीन अक्षर से अस्त्रन्यास करना चाहिए ॥ ५-६ ॥

इस षडङ्गन्यास के प्रत्येक न्यास के अक्षरों के आदि में माया बीज तथा अन्त में 'ह्राँ' लगाना चाहिए । जैसे—'ॐ ह्रीँ दक्षिणामूर्त्तये ह्राँ हृदयाय नमः' इति हृदये, 'ॐ ह्रीँ तुभ्यं ह्राँ शिरसे स्वाहा' इति शिरसि इत्यादि । आचार्यों ने इस प्रकार इस मन्त्र से अङ्गन्यास का प्रकार कहा है ॥ ७ ॥

मूर्ध्नि भाले दृशोः श्रोत्रे गण्डयुग्मेऽथ नासिके ।
आस्ये दोः सन्धिषु गलेस्तनहृन्नाभिमण्डले ॥ ८ ॥

दक्षिणामूर्त्तिध्यान । पुरश्चरणादिकथनम्

कट्यां गुह्ये पुनः पादसन्धिष्वर्णान्न्यसेत् क्रमात् ।
व्यापकं तारशक्तिभ्यां कुर्याद्देहे ततः परम् ॥ ९ ॥

मूर्ध्नीत्यादि चतुस्त्रिंशत्स्थानेषु चतुस्त्रिंशद्वर्णान् विन्यस्य शिष्टाभ्यां व्यापकं कुर्यादित्यर्थः । तदुक्तम्—एवं प्रणवहृल्लेखापूर्वाक्षरन्यासादिकं कृत्वा । इति । आचार्या अपि—पुनर्द्वाभ्यां मन्त्रविद्व्यापकं न्यसेत् । इति । केचित् तु नसोस्तनयो-रेकैकमक्षरं न्यसनीयमिति द्वाविंशदक्षरन्यासमेवाहुः । एष एव सांप्रदायिकः पक्षः ।

तदुक्तमाचार्यैः— कालिकश्रुतिदृग्गण्डद्वयनासास्यके दश । इत्यादिना ।

पूर्वलिखिताचार्यपद्यव्याख्याने पद्मपादाचार्यैर्द्वाभ्यां मन्त्रविदित्यनेन आद्यन्त-प्रणवशक्त्योरेकत्वं जानन्नित्यर्थ इति व्याख्यातम् । व्यापकं तारशक्तिभ्यामिति वदता

मूलकारेणापि सूचितमेव । तेन ॐ ह्रीँ दं नम इत्यादि प्रयोगः । 'कृतसंदीक्षो मन्त्री' इत्यनेन न्यासमन्त्रादौ प्रणवशक्तियोग उक्त इत्यादि पद्मपादाचार्याः ॥ ८-९ ॥

शिर, भाल, दोनों नेत्र, दोनों श्रोत्र, दोनों गण्डस्थल, दोनों नासिका, मुख, हाथ की सन्धियाँ, गला, दोनों स्तन, हृदय, नाभि, कटि, गुह्य तथा पैर के सन्धियों में—इस प्रकार ३४ स्थानों में मात्र ३४ अक्षरों के एक एक अक्षर के क्रम से न्यास करे । फिर 'ॐ ह्रीँ' लगा कर समस्त मन्त्रों द्वारा शरीर में व्यापक न्यास करे । यथा—'ॐ ह्रीँ दं नमः इति शिरसि', 'ॐ ह्रीँ क्षिं नमः इति भाले' इत्यादि ॥ ८-९ ॥

हेमाचलतटे रम्ये सिद्धकिन्नरसेविते ।
विविधद्रुमशाखाभिः सर्वतो वारितातपे ॥ १० ॥
सुपुष्पितैर्लताजालैराश्लिष्टकुसुमद्रुमैः ।
शिलाविवरनिर्गच्छन्निर्झरानिलसेविते ॥ ११ ॥
गायद्भृङ्गाङ्गनासङ्घे नृत्यद्बर्हिकदम्बके ।
कूजत्कोकिलसङ्घेन मुखरीकृतदिङ्मुखे ॥ १२ ॥
परस्परविनिर्मुक्तमात्सर्यमृगसेविते ।
आद्यैः शुकाद्यैर्मुनिभिरजस्रं समुपस्थिते ॥ १३ ॥
पुरन्दरमुखैर्देवैः सेवायातैर्विलोकितम् ।
वटवृक्षं महोच्छ्रायं पद्मरागफलोज्ज्वलम् ॥ १४ ॥
गारुत्मतमयैः पत्रैर्निविडैरुपशोभितम् ।
नवरत्नमयाकल्पैर्लम्बमानैरलङ्कृतम् ॥ १५ ॥
जलजैः स्थलजैः पुष्पैरामोदिभिरलङ्कृतम् ।
शृण्वद्भिर्वेदशास्त्राणि शुकवृन्दैर्निषेवितम् ॥ १६ ॥
संसारतामविच्छेदकुशलच्छायमद्भुतम् ।
विचिन्त्य तस्य मूलस्थे रत्नसिंहासने शुभे ॥ १७ ॥
आसीनममिताकल्पं शरच्चन्द्रनिभाननम् ।
स्तूयमानं मुनिगणैर्दिव्यज्ञानाभिलाषिभिः ।
संस्मरेज्जगतामाद्यं दक्षिणामूर्त्तिमव्ययम् ॥ १८ ॥

ध्यानमाह हेमेति । हेमाचलतटे वटवृक्षं सञ्चिन्त्येति सम्बधः । लम्बमानैरिति वटप्ररोहैः । लीबणी इति गौडभाषायाम् । अनेनैतदुक्तं भवति । मणिमण्डपानन्तरं हेमाचलतटे वटवृक्षं तदधो रत्नसिंहासनमिति पीठन्यासे विशेषः शेषं समानमिति ॥ १०-१८ ॥

अब **दक्षिणामूर्त्ति का ध्यान** कहते हैं—हेमाचल (सुवर्ण पर्वत) के मनोहर तट पर जहाँ सिद्ध किन्नरों का निवास है, नाना प्रकार के वृक्षों की शाखाओं की

छाया रहने के कारण जहाँ धूप का नामोनिशान नहीं, जहाँ फूली हुई लताओं के समूह से पुष्पित वृक्ष आलिंगित हो रहे हैं, शिला समूह के विवर से निकलते हुये झरनों के जल का स्पर्श कर जहाँ शीतल वायु का सञ्चार है, जहाँ भ्रमरियों का समूह कलगान कर रहा है तथा मयूर सङ्गनृत्य कर रहा है, कोकिलों की कूज से जहाँ दिशायें मुखरित हो रही हैं, जहाँ पर अरण्य जन्तु अपनी स्वाभाविक मत्सरता त्याग कर निवास करते हैं, जहाँ आद्य शुक्रादि मुनि नैरन्तर्येण निवास करते हैं। इस प्रकार सुरम्य तट पर श्री दक्षिणामूर्त्ति की सेवा के लिये आये हुये शुक्रादि देवगण जिसे बड़े ध्यान से देख रहे हैं। ऐसा एक महान् ऊँचा वट वृक्ष है, जिसमें पद्मराग के सदृश लाल लाल फल लगे हुये हैं, जो गारुत्मत मणि के समान लटकते हुये घने घने पत्तों से तथा नव रत्नमणियों के समान वट प्ररोहों से शोभित हो रहा है। जहाँ जल में तथा स्थल में उत्पन्न होने वाले पुष्प अपनी सुगन्धि विकीर्ण कर रहे हैं तथा वेदशास्त्र के सुनने वाले शुक समूहों का जहाँ निवास है। संसार के त्रिताप को शान्त करने वाली जिसकी अद्भुत छाया है, ऐसे वटवृक्ष के मूल में मणिमय मण्डप के मध्य में एक बहुत सुरम्य रत्न का सिंहासन है ॥ १०-१७ ॥

उस रत्नसिंहासन पर अनन्त भूषण से विभूषित, शरत् कालीन पूर्णचन्द्र के समान मनोहर मुख वाले, दिव्य ज्ञान की अभिलाषा रखने वाले, अनेक मुनिगणों से संस्तूयमान, जगत् के आदिकारण सर्वथा विकार रहित दक्षिणामूर्त्ति का ध्यान करे ॥ १८ ॥

कैलासाद्रिनिभं शशाङ्कशकलस्फूर्जज्जटामण्डितं
नसालोकनतत्परं त्रिनयनयनं वीरासनाध्यासितम् ।
मुद्राटङ्ककुरङ्गजानुविलसत्पाणिं प्रसन्नाननं
कक्षाबद्धभुजङ्गमं मुनिवृतं वन्दे महेशं परम् ॥ १९ ॥

ध्यानमाह कैलासेति । वीरासनमन्त्यपटले वक्ष्यति । मुद्रा ज्ञानमुद्रा । तदुक्तमाचार्यैः—मुद्रां भद्रार्थदात्रीम् । इति । टङ्कः परशुः । दक्षयोराद्ये वामयोरन्ये आयुधे ॥ १९ ॥

जो कैलास पर्वत के समान सर्वथा उज्ज्वल हैं, जिनकी जटा बाल चन्द्रमा की किरणों से चमक रही है, जो निरन्तर नासाग्र के अवलोकन में तत्पर हैं, तीन नेत्रों से युक्त हैं, वीरासन से बैठे हुये हैं (द्र. २५. १३)। जो अपने तीन हाथों में मुद्रा, परशु तथा हरिण धारण किये हुये हैं और एक हाथ जानु पर रखे हुये हैं, ऐसे प्रसन्न मुख वाले, कक्ष में सर्पराज को बाँधे हुये एवं मुनिगणों से आवृत परब्रह्मस्वरूप महेश्वर को नमस्कार करता हूँ ॥ १९ ॥

अयुतद्वयसंयुक्तं गुणलक्षं जपेन्मनुम् ।
तद्दशांशं तिलैः शुद्धैर्जुहुयात् क्षीरसंयुतैः ॥ २० ॥

पञ्चाक्षरोदिते पीठे विधानेन प्रपूजयेत् ।
उपचारै समुत्पन्नैः पाद्याद्यैः परमेश्वरम् ॥ २१ ॥
एवं कृतपुरश्चर्यः सिद्धमन्त्रो भवेत् सुधीः ।
भिक्षाहारो जपेन्मासं मनुमेनं जितेन्द्रियः॥ २२ ॥
नित्यं सहस्त्रमष्टार्धं परं विन्दति वाङ्मयम् ।
त्रिवारं जप्तमेतेन मनुना सलिलं पिबेत् ॥ २३ ॥
नित्यशो दक्षिणामूर्त्तिं ध्यायन् साधकसत्तमः ।
शास्त्रव्याख्यानसामर्थ्यं लभते वत्सरान्तरे ॥ २४ ॥

गुणलक्षं त्रिलक्षम् । समुत्पन्नैः समुक्तैः समुत्पादितैरिति वार्थः । तेनोक्तप्रकारेणैवोपचारान् कुर्यात् न जलादिनेत्युक्तं भवति ॥ २०-२४ ॥

उक्त मन्त्र का तीन लाख बीस हजार जप करे । उसका दशांश क्षीर मिश्रित शुद्ध तिलों से होम करे ॥ २० ॥

तदनन्तर पञ्चाक्षर मन्त्र में कहे गये विधान के अनुसार पाद्यादि यथोपलब्ध उपचारों से परमेश्वर का पूजन करे ॥ २१ ॥

इस प्रकार पुरश्चरण करने के बाद जब साधक सिद्धमन्त्र हो जाय तब जितेन्द्रिय हो भिक्षाटन से निर्वाह करते हुए एक महीने तक निरन्तर इस मन्त्र का १००८ बार जप करे तो उत्कृष्ट वाणी का ऐश्वर्य प्राप्त करता है ॥ २२-२३॥

नित्य दक्षिणामूर्त्ति का ध्यान करते हुये तीन बार इस मन्त्र से अभिमन्त्रित जल पीवे तो वह उत्तम साधक एक वर्ष के भीतर शास्त्रों की व्याख्या करने में समर्थ हो जाता है ॥ २४ ॥

पुरश्चरणादिकथनम्

ब्राह्मीसैन्धवसिद्धार्थवचाकुष्ठकणोत्पलैः ।
सुगन्धिसंयुतैः कल्कैः शृतं ब्राह्मीरसे घृतम्॥ २५ ॥
अब **पुरश्चरण** कहते हैं—साधक इस मन्त्र का एक लाख जप करे, पश्चात् उसका दशांश घृतसिक्त तिल से होम करे, जिससे साधक को मन्त्र सिद्ध हो जाता है ॥ १२ ॥

शैवे संपूजयेत्पीठे षट्कोणान्तस्थपङ्कजे ।
अङ्गपूजां केसरेषु कृत्वा पत्रेषु तत्परम् ॥ १३ ॥
परशुं डमरुं खड्गं खेटं बाणं च कार्मुकम् ।
शूलं कपालं प्रयजेदष्टास्त्राण्यस्य देशिकः ॥ १४ ॥
दलाग्रेषु ततः पूज्या ब्राह्म्याद्याः प्रोक्तलक्षणाः ।
लोकेशान् पूजयेत्पश्चादायुधैः स्वैः समन्वितान् ॥ १५ ॥

सम्पूजयेद्देवमिति शेषः । षट्कोणेति । अष्टदलं पद्मं कृत्वा तदुपरि षट्कोणं विधाय चतुरस्रं चतुर्द्वारं कुर्यात् । प्रोक्तलक्षणाः षष्ठपटलोक्तस्वरूपाः ॥ १३-१५॥

अब **यन्त्र निर्माण विधि** कहते हैं—शैवपीठ पर प्रथम अष्टदल कमल बनावे । उस पर षट्कोण, उसके बाद चार द्वारों वाला चतुरस्र निर्माण करे । इस प्रकार षट्कोण के मध्य में स्थित अष्टदल कमल पर साधक देवाधिदेव अघोर की पूजा करे ॥ १३ ॥

केशरों में अङ्गपूजा करे उसके बाद पत्रों पर परशु, डमरु, खड्ग, खेटक, बाण, धनुष, शूल और कपाल इन आठ अस्त्रों की पूजा करे । इसके बाद दल के अग्रभाग में पूर्वोक्त ब्राह्मी आदि (द्र. ६.१७-१९) देवियों की पूजा करे । इसके बाद वज्रादि अस्त्र धारण किये हुए इन्द्रादि दिक्पालों की पूजा करे ॥ १३-१५ ॥

इति पूजादिभिः सिद्धे मन्त्रेणाऽनेन साधकः ।
इष्टान् प्रयोगान् कुर्वीत सिध्यन्ते नात्र संशयः ॥ १६ ॥
क्रमात् सर्पिरपामार्गतिलसर्षपपायसैः ।
साज्यैः सहस्रं प्रत्येकं यामिन्यां जुहुयात् सुधीः ॥ १७ ॥
होमोऽयं नाशयेत् सद्यो भूतकृत्याद्युपद्रवान् ।
सितकिंशुकनिर्गुण्डीहेमापामार्गसम्भवैः ॥ १८ ॥
समिद्वरैः कृतो होमः पूर्ववद्भूतशान्तिदः ।
अपामार्गारग्वधयोः पञ्चगव्यसमुक्षिताः ॥ १९ ॥
समिधो जुहुयात् कृष्णपञ्चम्यां निशि संयतः ।
पृथक् सहस्रहोमेन भूतानां निग्रहो भवेत् ॥ २० ॥
क्रमात् सर्पिरपामार्गपञ्चगव्यहविर्घृतैः ।
हुत्वा सहस्रं प्रत्येकं पात्रे सम्पातयेत् सुधीः ।
सम्पातसर्पिषा साध्यं भोजयेद् भूतशान्तये ॥ २१ ॥

अपामार्गेति अपामार्गसमिधः । साज्यैरिति । षष्ठं द्रव्यमाज्यमित्यर्थः । हेम धत्तूरः । पूर्ववदिति । यामिन्यां प्रत्येकं सहस्रम् । पञ्चगव्यहविरिति । पञ्चगव्यसिद्ध-पायसमित्यर्थः । तदुक्तं क्रियाकालगुणोत्तरे तन्त्रे—

पञ्चगव्योद्भवं शुद्धं चरुं तद्वत् घृतं नवम् । इति ।

हुत्वा निशीति ज्ञेयम् ॥ १६-२१ ॥

इस प्रकार पूजा जपादि के द्वारा मन्त्र सिद्ध हो जाने के पश्चात् साधक अपना अभिलषित काम्य प्रयोग करे । ऐसा करने से उसके मनोरथों की सिद्धि होगी इसमें संशय नहीं ॥ १६ ॥

घी, अपामार्ग, तिल, सफेद सर्षप, पायस इनमें घी मिला कर एक एक के क्रम से रात्रि काल में बुद्धिमान् साधक एक एक सहस्र होम करे ॥ १७ ॥

इस प्रकार से किया गया होम तत्क्षण भूत एवं कृत्यादि उपद्रवों को नष्ट करता हैं, सित किंशुक, निर्गुण्डी, धतूरा, अपामार्ग की लकड़ी से इस मन्त्र द्वारा किया गया होम पूर्ववत् भूत बाधा को शान्त करता है । अपामार्ग एवं आरग्वध की समिधा जो पञ्चगव्य में प्रक्षालित की गई हो उससे कृष्णपक्ष की पञ्चमी तिथि की रात्रि में साधक संयमपूर्वक पृथक् पृथक् एक एक हजार होम करे तो भूतों का निग्रह हो जाता है ॥ १८-२० ॥

क्रमशः घी, अपामार्ग और पञ्चगव्य में पकाये गये पायस—इनमें घी मिला कर एक एक द्रव्य से पृथक् पृथक् सहस्र संख्या में होम करे और आहुति शेष घृत किसी पात्र में छोड़ता जाय, फिर उस संस्रव को भूत बाधा की शान्ति के लिये साध्य को पिलावे तो भूत बाधा शान्त हो जाती है ॥ २१ ॥

मध्ये शक्तिं ससाध्यां स्वरगणसहितां केसरेष्वष्टवर्गान्
पत्रान्तर्मन्त्रवर्णान् लिखतु गुणमितानग्रदेशेषु तद्वत् ।
वर्मास्त्रोल्लासिकोणे दहनपुरयुगे कल्पिते भूपुरस्थे
यन्त्रेऽस्मिन् प्राग्विधानात् कृतकलशविधिः सर्वदुःखापहारी ॥२२॥

यन्त्रमाह—मध्य इति । साध्येति । साधकादीनामुपलक्षणम् । अथवा साध्यते यत्तत् साध्यं तत्सहितम् । तेनाऽमुकस्याऽमुकं वशं कुरु कुरु । अयमर्थः साध्यशब्दसंगृहीतो भवति । अष्टदलं पद्मं कृत्वा तत्कर्णिकायां साध्यसाधककर्म-सहितं शक्तिबीजं स्वरावीतमालिखेत् ।

तदुक्तम्— हृल्लेखास्थितसाध्याक्षरविलसत्कर्णिकं कलावीतम् । इति ।

अष्टवर्गानिति । कचटतपयशलान् । गुणमितान् त्रिशः । मन्त्रवर्णान् स्फुराद्यान् चटचटान्तान् । अग्रदेशेषु पत्राग्रेषु । तद्वदिति त्रिशः । मन्त्रवर्णान् प्रचटाद्यान् घातयान्तान् । तद्बाह्ये परस्परव्यतिभिन्नं त्रिकोणद्वयं कृत्वा तत्कोणेषु वर्मास्त्रे लिखेत् । प्राग्विधानादिति षष्ठोक्तरीत्या । तदुक्तम्—

मन्त्राक्षरत्रयोद्यद्दलमध्यदलाग्रकं च तद्बाह्ये ।
वह्निपुटास्त्रिसमाश्रितकवचास्त्रम् ॥ इति ॥

केचित्तु वर्मास्त्रोल्लासिकोणे दहनपुरयुगे मध्ये शक्तिमिति विप्रकृष्टान्वयेनऽष्टदल कर्णिकायां षट्कोणमाहुः । तदसम्बद्धम् । लिखिताचार्यवचनविरोधात् ॥ २२ ॥

अब **मन्त्र लिखने की विधि** कहते हैं—अष्टदल कमल बनाकर उसकी कर्णिका में साध्य साधक, तथा कर्म के सहित शक्ति बीज लिख कर षोडश स्वरों से उन्हें आवृत करे, केशरों पर क वर्ग च वर्ग टवर्ग तवर्ग पवर्ग यवर्ग शवर्ग तथा ल इन आठ वर्गों को लिखे, अष्ट पत्र के मध्य में मन्त्र के स्फुर स्फुर से ले कर चट चट शब्द पर्यन्त २४ अक्षरों को तीन तीन अक्षर के क्रम से लिखे । इसके बाद पत्र के अग्रभाग में मन्त्र के शेष प्रचट प्रचट से लेकर घातय घातय पर्यन्त चौबीस अक्षरों को पुनः तीन तीन अक्षरों के क्रम से लिखें । पश्चात् उस अष्टदल कमल के चारों ओर परस्पर व्यतिभिन्न षट्कोण बना कर 'हुं फट्' लिखे । तदनन्तर उस पर भूपुर निर्माण करे । पुनः इस यन्त्र को पूर्ववत् (६. ९२-१०० के अनुसार) कलश पर स्थापित कर पूजादि करे तो यह सभी प्रकार के दुःखों को हरण करता है ॥ २२ ॥

यन्त्रान्तरकथनम्

खट्कोणे शक्तिरन्तः स्फुरयुगलवृता प्रस्फुरद्वन्द्वकोणे
शिष्टैर्मन्त्रस्य वर्णैः रसकरणचतुःषट्चतुर्वेदवेदैः।
षड्भिः क्लृप्ताष्टपत्रं दहनपुरयुगेनावृतं वर्मफड्भ्यां
राजत्कोणेन वीतं धरणिपुरयुगं यन्त्रमाघोरमेतत् ॥ २३ ॥
क्षुद्रचौरग्रहव्यालभूतापस्मारनाशनम् ।
यन्त्रमेतत् समाख्यातं सर्वसम्पत्प्रदायकम् ॥ २४ ॥

यन्त्रान्तरमाह षडिति । एकाक्षरक्रमेण प्रस्फुरद्वन्द्वकोणे षट्कोणे अन्तर्मध्ये स्फुरयुगलवृता यथावत् साध्यसाधककर्मसहिता शक्तिर्लेख्या । शिष्टैरिति । घोराद्यैर्घातयान्तैः । दहनपुरयुगेनावृतमिति । बाह्ये । सर्वसिद्धिप्रदायकमित्यनेनैतदुक्तं भवति । यदाहुः— अथ शत्रुजयं वाञ्छन् घातयप्रपुटं रिपोः ।
नाम कृत्वा चिताभूमौ नियुतं प्रजपेन्मनुम् ॥
लवणोषणधूमाग्निसूरणोन्मत्तवारिभिः ।
सिक्तैः कारस्करफलैर्जुहुयादयुतं सुधीः ॥
उच्चाटे प्रस्फुरपुटं मोहने कहसंयुतम् ।
मंस्तम्भने चटपुटं वियोगे प्रचटेन तु ॥
वमेत्युन्मादने भूयो बन्धयुग्मेन बन्धने ॥ इति ॥

अथ चतुस्त्रिंशदक्षराघोरस्य यन्त्रमुच्यते—

अथो सप्तपङ्क्त्यारयुक्तं सरोजं ततः कर्णिकामध्यतारस्य मध्ये ।
... ... त्रयीसार संभिन्नसाध्याह्वयं स्यात् ॥

मनुं द्वन्द्वशः पत्रमध्येषु लिप्या वृतं यन्त्रराजं समाबध्य सूत्रैः ।
करे वा गले मस्तके वाथ कट्यां वहन्यः समग्रश्रियो भाजनं स्यात् ॥

तथैवाणिमाद्यैरलं विस्तरेण । इति ।

सप्तपङ्क्त्यारयुतं सप्तदशदलम् । मन्त्रः प्रथमपटले मदुक्तोऽनुसन्धेयः । द्विषड्व- अक्षरद्भिः (?) षडक्षरैर्वर्मास्त्रद्विठान्तैरङ्गम् । अस्याऽन्यत् सर्वं पूर्वमन्त्रवत् ज्ञेयम् । एकचत्वारिंशदक्षरस्य तु—

वेदषड्वेददिङ्नागषड्वर्णैः शक्तिपूर्वकैः ।
हुं फडन्तैः षडङ्गं स्यात् अन्यत् पूर्ववदीरितम् ॥ इति ॥ २३-२४ ॥

अब **अघोर मन्त्र का अन्य मन्त्र** कहते हैं—षट्कोण के प्रत्येक कोणों पर प्रस्फुर शब्द के एक एक अक्षर को क्रमशः दो बार लिखें, पुनः उसके भीतर स्फुर से संपुटित साध्य साधन कर्म तथा साधक के सहित शक्ति मन्त्र (ह्रीँ) लिखें। पुनः उसके चारों ओर बनाये गये अष्टदल कमल पर शिष्ट मन्त्र वर्ण अर्थात् घोर से लेकर घातय पर्यन्त ३८ अक्षरों को छः, चार, चार, छः, चार, चार, छः और छः वर्णों के क्रम से आठ भागों में प्रविभक्त कर प्रत्येक पत्रों पर लिखें, उस अष्टदल कमल को चारों ओर षट्कोण से आवृत कर उसके प्रत्येक कोणों पर हुं फट् लिख कर आवृत करे । उसके षट्कोण के चारों ओर दो भूपुर बना दे तो अघोर यन्त्र बन जाता है ॥ २३ ॥

यह अघोर यन्त्र क्षुद्र रोग, चोर, ग्रह, व्याल, भूत तथा अपस्मारजन्य बाधाओं को दूर करता है, और सब प्रकार की संपत्ति से परिपूर्ण करता है ॥२४॥

पाशुपतास्त्रमन्त्रः

तारो वान्तो धरासंस्थो वामनेत्रेन्दुभूषितः।
पार्श्वो वकः कर्णयुतो वर्मास्त्रान्तः षडक्षरः॥ २५ ॥
मनुः पाशुपतास्त्राख्यो ग्रहक्षुद्रनिवारणः।
षड्भिर्वर्णैः षडङ्गानि हुं फडन्तैः सजातिभिः ॥ २६ ॥

पाशुपतास्त्रमाह—तार इति । तारः प्रणवः । वान्तः शः धरा लः तत्संस्थः तेन श्ल । वामनेत्रम् ई इन्दुः बिन्दुः तेन श्लीं । पार्श्वः पः वकः शः कर्णयुत उकारयुतः तेन शु । ब्रह्मा ऋषिः गायत्री छन्दः । श्रीं बीजं हुं शक्तिः । ग्रहेत्यादि विनियोगोक्तिः । षड्भिर्वर्णैर्मन्त्रस्थैः । हुं फडन्तैरिति । प्रत्येकम् । हृदयाय नम इत्यादि जातिसहितैः ॥ २५-२६ ॥

अब **पाशुपतास्त्र मन्त्र का उद्धार** कहते हैं—तारः (प्रणवः), वान्त (शः), वामनेत्र (ईकार), इन्दु भूषित (अनुस्वार युक्त), धरा (ल=श्लीं), पार्श्व (पकार),

वक्रः (शकार), कर्णयुतः (उकार से युक्त=शु), वर्मास्त्रान्त (हुं फट्)—यह पाशुपतास्त्र का उद्धार कहा गया ॥ २५ ॥

विमर्श—इस प्रकार 'ॐ श्लीँ पशुः हुं फट्' यह ६ अक्षर का मन्त्र है ॥ २५ ॥

पाशुपताख्य नामक यह मन्त्र ग्रह बाधा तथा क्षुद्र रोगों का निवारण करता है । इस प्रकार हुं फट् अन्त वाले इस छः अक्षर के मन्त्र से प्रत्येक अक्षर का षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ २६ ॥

ध्यानम् पुरश्चरणादिकथनम्

मध्याह्नार्कसमप्रभं शशिधरं भीमाट्टहासोज्ज्वलं
त्र्यक्षं पन्नगभूषणं शिखिशिखाश्मश्रूस्फुरन्मूर्धजम्।
हस्ताब्जैस्त्रिशिखं समुद्गरमसिं शक्तिं दधानं विभुं
दंष्ट्राभीमचतुर्मुखं पशुपतिं दिव्यास्त्ररूपं स्मरेत्॥ २७ ॥

आयुधध्यानं तु दक्षाद्यूर्ध्वयोराद्ये तदधस्थयोरन्त्ये ॥ २७ ॥

अब **पाशुपतास्त्र मन्त्र का ध्यान का प्रकार** कहते हैं—जो मध्याह्नकालीन सूर्य के समान कान्ति से युक्त हैं, चन्द्रमा को धारण किये हुये, जिनका भयङ्कर, अट्टहास अत्यन्त उज्ज्वल है, जिनके तीन नेत्र हैं तथा जिनके शरीर में सर्पो का आभूषण सुशोभित हो रहा है जिनके ललाटस्थ अग्नि की शिखा से श्मश्रु तथा केश देदीप्यमान हो रहे हैं जो अपने कर कमलों में त्रिशूल, मुद्गर, तलवार, तथा शक्ति धारण किये हुये हैं ऐसे दंष्ट्रा से भयानक चार मुख वाले दिव्य स्वरूपधारी सर्वव्यापक पशुपति का स्मरण करना चाहिए ॥ २७ ॥

वर्णलक्षं जपेन्मन्त्रं जुहुयात् तद्दशांशतः ।
गव्येन सर्पिषा मन्त्री संस्कृते हव्यवाहने ॥ २८ ॥
शैवे पीठे यजेद्देवं प्रागङ्गैरष्टमातृभिः ।
इन्द्रादिभिर्लोकपालैर्वज्राद्यैरायुधैस्ततः ॥ २९ ॥
अनेन मन्त्रितं तोयं ग्रस्तस्य वदने क्षिपेत् ।
सद्यस्तं मुञ्चति क्रन्दन् ग्रहो मन्त्रप्रभावतः ॥ ३० ॥
अमुना मन्त्रितान् बाणान् विसृजेद् युधि भूपतिः ।
जयेत् क्षणेन निखिलान् शत्रून् पार्थ इवापरः॥ ३१ ॥

वर्णलक्षं षड्लक्षम् । मुञ्चतीत्यत्र नृसिंहबीजादित्वम् । जपेदित्यत्र दुर्गाबीजादित्वमित्यादि ज्ञेयम् ॥ २८-३१ ॥

पुरश्चरण—उपर्युक्त मन्त्र का छः लाख जप करना चाहिए और उसका दशांश, गौ के घी से संस्कृत अग्नि में होम करना चाहिए ॥ २८ ॥

पूर्वोक्त शैव पीठ पर पशुपति का अर्चन करना चाहिए । इसके बाद अङ्गों की, पुन: अष्टमातृकाओं की और तत्पश्चात् वज्रादि आयुधों के सहित इन्द्रादि लोकपालों की पूजा करनी चाहिए ॥ २९ ॥

इस मन्त्र से अभिमन्त्रित जल द्वारा ग्रहग्रस्त व्यक्ति के मुख पर यदि छींटा दिया जाए तो ग्रह चिल्लाता हुआ पुरुष को छोड़कर भागता है, ऐसा है इस मन्त्र का प्रभाव है ॥ ३० ॥

राजा इस मन्त्र से अभिमन्त्रित वाण को युद्ध स्थल में छोड़े तो वह अपर पार्थ के समान समस्त शत्रुओं पर विजय प्राप्त करता है ॥ ३१ ॥

क्षेत्रपालमन्त्रः

वर्णान्त्यमौबिन्दुयुक्तं क्षेत्रपालाय हृन्मनुः।
ताराद्यो वसुवर्णोऽयं क्षेत्रपालस्य कीर्त्तितः॥ ३२ ॥

क्षेत्रपालमन्त्रमाह वर्णेति । वर्णान्त्यः क्षः । औ स्वरूपम् । हृन्नमःपदम् । वसुवर्णोऽयमिति । वसुवर्णत्वमनूद्य ताराद्यत्वं विधीयत इति ज्ञेयम् । ब्रह्मा ऋषिः गायत्री छन्दः । क्षौं बीजं आयेति शक्तिः । क्वचिदेकाक्षर एवोद्धृतः ।

तदुक्तं प्रयोगसारे—

औबिन्दुसंयुतं बीजं वर्णान्त्यं सर्वसिद्धिदम् । इति ।

अत्र विशेषः प्रयोगसारे—

भेदा एकोनपञ्चाशत् क्षेत्रपालस्य कीर्त्तिताः ।
मातृकाबीजभेदेन संभिन्ना नामभेदतः ॥
अजरश्चापकुम्भश्च इन्द्रसू (स्तु) तिस्ततः परः ।
ईडाचारश्चोल्कसंज्ञ ऊष्माद ऋषिसूदनः ॥
ऋमुक्तो लृप्तकेशश्च लृपकश्चैकदंष्ट्रकः ।
ऐरावतश्चौघबन्धुरौषधिघ्न (धीश)स्तथैव च ॥
अञ्जनश्चाऽस्त्रबाहु(वार)श्च कवलः खरुखानलः ।
गोमुखश्चैव घण्टादो ङणारश्चण्डचारणः ॥
छटाटोपो जटालाख्यो भङ्गारोऽथ ञङ्गश्वरः ।
टङ्कपाणिस्तथा चान्यष्ठाणबन्धुश्च डामरः ॥
ढक्कारवो णकर्णश्च तडिद्देहस्थिरस्तथा ।
दन्तुरो धनदश्चाऽथ नतिक्रान्तः प्रचण्डकः ॥
फट्कारो बीरसन्ध(ङ्घ)श्च भृङ्गाख्यो मेघभासुरः।
युगान्तो रौरवश्चाऽथ लम्बोष्ठो वसवस्तथा ॥
शुकनन्दः षडालाख्यः सुनामा हंध्र(म्रु)कस्तथा ।
एते भेदाः समाख्याता मातृकाक्षरयोनिजाः ॥
नाम यद्यस्य वर्णानां यो वर्णो मातृकान्तरे ।
दृश्यते प्रथमं तत्र तत्रायं क्षेत्रपालकः ॥

तत्र तत्र विशिष्टात्माभेदैरेतैर्व्यवस्थित: ।
ततो विशिष्टो यष्टव्य: क्षेत्रपालस्तु सर्वत: ॥
क्षेत्रपालमसम्पूज्य य: कर्म कुरुते क्वचित् ।
तस्य कर्मफलं हन्ति क्षेत्रपालो न संशय: ॥ इति ॥ ३२ ॥

अब **क्षेत्रपाल का मन्त्र** कहते हैं—वर्ण का अन्त्य (क्ष) उस पर औ की मात्रा तथा अनुस्वार उसके बाद 'क्षेत्रपालाय नम:' यह पद, पुन: मन्त्र के आदि में प्रणव यह क्षेत्रपाल मन्त्र का उद्धार कहा गया ।

विमर्श—इस प्रकार ॐ क्षौँ क्षेत्रपालाय नम:' यह प्रणव को छोड़कर आठ अक्षर का मन्त्र कहा गया ॥ ३२ ॥

षड्दीर्घभाजा बीजेन षडङ्गान्यस्य योजयेत् ।
ऋषिर्ब्रह्मा भवेदस्य गायत्रं छन्द ईरितम् ।
क्षेत्रपालो देवता पालयेति शक्तिरीरिता ॥ ३३ ॥

क्षेत्रपालध्यानम्

नीलाञ्जनाद्रिनिभमूर्ध्वपिशङ्गकेशं
वृत्तोग्रलोचनमुपात्तगदाकपालम् ।
आशाम्बरं भुजगभूषणमुग्रदंष्ट्रं
क्षेत्रेशमद्भुततनुं प्रणमामि देवम् ॥ ३४ ॥

बीजेनेति । मन्त्रद्वितीयेन ॥ ३३ ॥

नीलेति । नील: अत एवाऽञ्जनाद्रिनिभ: तम् । उपात्ते गृहीते हस्ताभ्यामिति शेष: । गदाकपाले । दक्षे गदा वामे कपालमित्यायुधध्यानम् । आशाम्बरं नग्नम् । 'कपालिनं गदापाणिम्' इति नारायणीये । 'करधृतोग्रगदाकपालम्' इति प्रयोगसारे । क्वचित् जटाकलापमिति पाठ: ॥ ३४-३५ ॥

षड्दीर्घ (आ ई ऊ ऐ औ अ:) युक्त बीज (क्षकार) से युक्त षडङ्गन्यास करना चाहिए । क्षा क्षीँ क्षूँ, क्षैं, क्षौं, क्ष: इनसे यथाक्रम षडङ्गन्यास करना चाहिए । इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं । गायत्री छन्द है । क्षेत्रपाल देवता हैं और 'पालय' यह शक्ति है ॥ ३३ ॥

विमर्श—यहाँ मूल में पालयेति के स्थान पर 'च लायेति' ठीक नहीं है । ३२ श्लोक की टीका में भी चिन्त्य आयेति है ।

अब **क्षेत्रपाल का ध्यान** कहते हैं—जो काले पहाड़ के सदृश हैं, जिनकी पीली पीली जटाएं ऊपर की ओर खड़ी हैं, जिनके गोल नेत्र अत्यन्त उग्र हैं, जिनके हाथ में गदा तथा कपाल है, जो सर्वथा वस्त्रहीन हैं और सर्पों का आभूषण धारण किये हुये हैं जिनके दाँत अत्यन्त भयानक हैं ऐसे अद्भुत शरीरधारी क्षेत्रपाल देवता को मैं प्रणाम करता हूँ ॥ ३४ ॥

पुरश्चरणकथनम्

लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं जुहुयात्तद्दशांशतः।
चरुणा घृतसिक्तेन ततः क्षेत्रेशमर्चयेत्॥ ३५ ॥
धर्मादिकल्पिते पीठे पूर्वमङ्गानि पूजयेत्।
अनलाख्यमग्निकेशं करालं तदनन्तरम्॥ ३६ ॥
घण्टारवं महाकोपं पिशिताशयसंज्ञकम्।
पिङ्गलाक्षमूर्ध्वकेशं पत्रेषु परितो यजेत्॥ ३७ ॥
प्रधानमूर्त्तिप्रतिमान्नानालङ्कारबन्धुरान्।
लोकपालांस्तदस्त्राणि यथापूर्वं प्रपूजयेत्॥ ३८ ॥

धर्मादिकल्पित इति चतुर्थोक्तप्रकारेण । न तु शक्तिपीठपूजा । महाकोपमिति महाक्रोधमिति ज्ञेयम् । प्रयोगसारनारायणीययोः तथोक्तेः । प्रधानमूर्त्तीत्यनलादीनां ध्यानम् ॥ ३५-३८ ॥

पुरश्चरण—उक्त क्षेत्रपाल मन्त्र का एक लाख जप करे, उसका दशांश घृत परिप्लुत पायस से होम करे । पश्चात् क्षेत्रपाल की पूजा करे ॥ ३५ ॥

पुनः धर्मादिकल्पित शिव पीठ पर सर्वप्रथम अङ्गों का अर्चन करे । उसके पाद पत्र के चारों दिशाओं एवं चारों कोणो में पूर्वादि क्रम से अनल, अग्निकेश, कराल, घण्टारव, महाकोप, पिशिताशय, पिङ्गलाक्ष तथा ऊर्ध्वकेश की पूजा करे ॥ ३६-३७ ॥

ये सभी प्रधानमूर्त्ति (क्षेत्रपाल) के समान शरीर वाले हैं और प्रधानमूर्त्ति के समान नाना अलङ्कारों से विभूषित हैं । इसके बाद लोकपालों की तथा उनके अस्त्रों की पूजा करे ॥ ३८ ॥

क्षेत्रपालबलिमन्त्रः

तस्मै सपरिवाराय बलिमेतेन निर्हरेत्।
पूर्वमेहिद्वयं पश्चाद्विदुषि स्यात् पुरुद्वयम्॥ ३९ ॥
भञ्जयद्वितयं भूयो नर्त्तयद्वितयं पुनः।
ततो विघ्नपदद्वन्द्वं महाभैरव तत्परम्॥ ४० ॥
क्षेत्रपाल बलिं गृहणद्वयं पावकसुन्दरी।
बलिमन्त्रोऽयमाख्यातः सर्वकामफलप्रदः॥ ४१ ॥

सपरिवारयेत्यङ्गादिसहिताय । सर्वकामफलप्रद इति सिद्धः सन् । सिद्धिश्च सहस्रवारजपादित्यपेक्षितार्थद्योतनिकाकारः ॥ ३९-४१ ॥

क्षेत्रपालबलिमन्त्र—तदनन्तर परिवार सहित उन क्षेत्रपाल को 'एहि एहि विदुषि पुरु पुरु भञ्जय भञ्जय नर्त्तय नर्त्तय विघ्न विघ्न महाभैरव क्षेत्रपाल बलिं गृह्ण

गृह्ण' इस मन्त्र से बलि प्रदान करे, यह क्षेत्रपाल को बलि देने का मन्त्र है । इस मन्त्र द्वारा बलि देने से संपूर्ण कामनाओं का फल प्राप्त होता है ॥ ३९-४१ ॥

सोपदंशं बृहत् पिण्डं कृत्वा रात्रिषु साधकः ।
स्मृत्वा यथोक्तं क्षेत्रेशं तस्य हस्ते बलिं हरेत् ॥ ४२ ॥
बलिनाऽनेन सन्तुष्टः क्षेत्रपालः प्रयच्छति ।
कान्तिं मेधां बलारोग्यतेजःपुष्टियशः श्रियः ॥ ४३ ॥

उपदंशं व्यञ्जनम् । रात्रिषु । प्रहरादूर्ध्वम् । यथोक्तं पूर्वोक्तध्यानम् । नीलसारमेयारूढम् । हस्ते इति वामहस्तगतकपाले इत्यर्थः । तदुक्तं नारायणीये—

सिद्धेनाऽनेन मन्त्रेण तत्कपाले बलिं हरेत् ।
वामदोष्ण्यष्टदिक्स्थानामन्येषां चानलादिभिः ॥ इति ॥

प्रयोगसारेऽपि—अथवा प्राङ्गणे ध्यात्वा क्षेत्रेशं प्रोक्तलक्षणम् ।
शितिश्वानसमारूढं तत्कपाले बलिं हरेत् ॥ इति ॥

तत्र प्रयोगः । रात्रौ प्रहरादूर्ध्वं प्राङ्गणे गोचर्ममात्रं विलिप्य रक्तगन्धपुष्पाक्षतादीन् तत्र संस्थाप्य कराङ्गन्यासं कृत्वा मूलं दशधा जप्त्वा पीठं संपूज्य तत्र क्षेत्रपालमावाह्य उपचारान् कृत्वा सावरणमभ्यर्च्य विजनो भूत्वा बलिमन्त्रेण वामहस्तेन तत्कपाले त्रिर्बलिमुदकं च दत्त्वा अनलाय स्वाहेत्यादि मूर्त्तिभ्योऽङ्गेभ्यश्च सकृद्दत्वा हस्तं प्रक्षाल्य स्वयं देवः सन्नष्टोत्तरशतं मूलमावर्त्तयेदिति ॥ ४२-४३ ॥

व्यञ्जन युक्त भोजन का एक बहुत बड़ा पिण्ड बनाकर साधक एक प्रहर रात्रि के पश्चात् पूर्वोक्त रीति से नीलसारमेयारूढ भगवान् क्षेत्रपाल का ध्यान करते हुये उनके वामहस्तस्थित कपाल में उस पिण्ड को समर्पित करने की भावना करते हुये पिण्ड किसी स्थान में गिरा देवें ॥ ४२ ॥

इस प्रकार की बलि से सन्तुष्ट हुये क्षेत्रपाल साधक को कान्ति, मेधा, बल, आरोग्य, तेज, पुष्टि, यश और महाश्री प्रदान करते हैं ॥ ४३ ॥

आपदुद्धरणमन्त्रः

उद्धरेद् वटुकं ङेऽन्तं आपदुद्धारणं तथा ।
कुरुद्वयं पुनर्ङेऽन्तं वटुकं तं समुद्धरेत् ॥ ४४ ॥
एकविंशत्यक्षरात्मा शक्तिरुद्धो महामनुः ।
अभीष्टफलसंसिध्यै कीर्त्तितः सुरपादपः ॥ ४५ ॥

ऋष्यादिकथनम् । मूर्त्तिन्यासादि

बृहदारण्यक ऋषिश्छन्दोऽनुष्टुबुदाहृतम् ।
आपदुद्धारणो देवो भैरवो देवता बुधैः ॥ ४६ ॥

आपदुद्धरणमन्त्रमाह—उद्धरेदिति । वटुकं ङेऽन्तं वटुकाय । तथेति ङेऽन्तम् ।

तेन आपदुद्धारणाय । शक्तिरुद्धः शक्तिबीजपुटितः । सुरपादपः साधकानां वाञ्छित-प्रदत्वात्कल्पतरुरित्यर्थः । भैरव ऋषिः गायत्री छन्दः । वं बीजं माया शक्तिः । वेष्टनीस्थोंऽशः क्वचिदधिकः ॥ ४४-४६ ॥

अब **आपदुद्धारक वटुक के मन्त्र का उद्धार** कहते हैं—

चतुर्थ्यन्त वटुक शब्द (वटुकाय) इसके बाद पुनः चतुर्थ्यन्त आपदुद्धारण शब्द (आपदुद्धारणाय) तदनन्तर कुरु शब्द दो बार (कुरु कुरु) पुनः चतुर्थ्यन्त वटुक शब्द (वटुकाय) पुनः उसे शक्ति मन्त्र से संपुटित करे । इस प्रकार ह्रीँ वटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु कुरु वटुकाय ह्रीँ) इक्कीस अक्षरों का वटुक मन्त्र उद्धृत किया गया । यह मनुष्यों की कामना पूर्ण करने के लिये कल्पवृक्ष के समान कहा गया है ॥ ४४-४५ ॥

इस मन्त्र के बृहदारण्यक ऋषि हैं तथा अनुष्टुप् छन्द कहा गया है । बुद्धिमानों ने समस्त आपत्तियों का उद्धार करने वाले श्री वटुक भैरव को इसका देवता कहा है ॥ ४६ ॥

अङ्गुलीदेहवक्त्रेषु मूर्त्तीर्न्यस्येद्यथा पुरा ।
सद्यादिपञ्चह्रस्वाढ्य शक्तिबीजपुरः सरम् ॥ ४७ ॥
वकारं पञ्चह्रस्वाढ्यमीशानादिषु योजयेत् ।
षड्दीर्घयुक्त्या शक्त्या वकारेण च तद्वता ॥ ४८ ॥
अङ्गानि जातियुक्तानि प्रणवाद्यानि कल्पयेत् ।
तस्य ध्यानं त्रिधा प्रोक्तं सात्त्विकादिविभेदतः ॥ ४९ ॥

अङ्गुलीति । अङ्गुष्ठाद्यङ्गुलीषु । देहेति । शिरोवदनहृद्गुह्यपादेषु । वक्त्रेष्विति । ऊर्ध्वप्राग्दक्षिणोदीच्यपश्चिमेषु । यथा पुरेति । ईशानाद्यानां देहे वक्त्रेषु च न्यासे तत्तदङ्गुलीभिर्न्यास इत्युक्तम् । सद्यादय ओकाराद्याः क्लीबवर्जिताः । ईशानादिष्विति । आदिशब्देन तत्पुरुषाघोरवामसद्याः । ह्रों वों ईशानाय नमः अङ्गुष्ठे इत्यादिप्रयोगः । तद्वता षड्दीर्घयुक्तेनेत्यर्थः । ॐ ह्रां वां हृदयाय नम इत्यादि प्रयोगः ॥ ४७-४९ ॥

इसके बाद पाँचों अङ्गुष्ठादि अङ्गुलियों में शिर, मुख, हृदय, गुह्य एवं पादादि शरीर में तथा ऊर्ध्व, पूर्व, दक्षिण, उत्तर एवं पश्चिम के मुखों में पूर्ववत् मूर्त्तिन्यास सद्य आदि पाँच ह्रस्व (ओ ए ऊ इ अ) से युक्त व बीज मन्त्र से जिसके आदि में शक्ति बीज लगा हो न्यास करे ॥ ४७-४८ ॥

विमर्श—प्रयोग विधि यथा—अङ्गुष्ठादि अङ्गुलियों में 'ह्रीँ वों ईशानाय नमः, अङ्गुष्ठे—इसी प्रकार तत्पुरुष, अघोर, वामदेव तथा सद्योजात पद का सन्निवेश कर तत्तद् अङ्गुलियों में न्यास करें । देह में मूर्त्तिन्यास का प्रकार यथा—ह्रोँ वों ईशानाय नमः इति शिरसि, इसी प्रकार तत्तन्मूर्त्तियों का नाम सन्निविष्ट कर

पाँचों शिर इत्यादि शरीरावयवों में न्यास करे । इसी प्रकार मुखादि में यथा—ह्रौं वों ईशानाय नमः इति ऊर्ध्वमुखे... इत्यादि ।

इन न्यासों को करने के पश्चात् छः दीर्घ वर्णों (आ ई ऊ ऐ औ अः) से युक्त बीज तथा व बीज द्वारा हृदयादि न्यास करे, आदि में प्रणव लगावे ॥ ४८-४९ ॥

विमर्श—यथा 'ॐ ह्रां, वाँ हृदयाय नमः', 'ॐ ह्रीं वीं शिरसे स्वाहा' इत्यादि । इन वटुक भैरव का ध्यान सात्त्विक राजस तथा तामस भेद से तीन प्रकार का कहा गया है ॥ ४७-४९ ॥

वटुकभैरवस्यसात्त्विकध्यानम्

वन्दे बालं स्फटिकसदृशं कुन्तलोल्लासिवक्त्रं
दिव्याकल्पैर्नवमणिमयैः किङ्किणीनूपुराद्यैः ।
दीप्ताकारं विशदवसनं सुप्रसन्नं त्रिनेत्रं
हस्ताब्जाभ्यां वटुकमनिशं शूलदण्डो दधानम् ॥ ५० ॥
सात्त्विकं ध्यानमाख्यातमपमृत्युनिवारणम् ।
आयुरारोग्यजननमपवर्गफलप्रदम् ॥ ५१ ॥

सात्त्विकध्याने शूलदण्डौ वामदक्षाभ्याम् । तदुक्तं विश्वसारोद्धारे—

वामहस्ते त्रिशूलं च सूक्ष्मदण्डं तु दक्षिणे । इति ॥ ५०-५१ ॥

अब **वटुक भैरव का सात्त्विक ध्यान** कहते हैं—स्फटिकमणि के सदृश स्वच्छ आकार वाले वटुक की मैं वन्दना करता हूँ, जिनका मुख कमल कुण्डल से देदीप्यमान हैं, जो नवीन मणिनिर्मित किङ्किणी और नूपुर आदि आभूषणों से भूषित हैं, जिनका आकार अत्यन्त तेजोमय हैं, जो दिव्य वसन धारण किये हुये तीन नेत्रों एवं प्रसन्न मुद्रा से युक्त हैं, जिन्होंने अपने दो हस्त कमलों में शूल और दण्ड धारण किया है ॥ ५० ॥

यह ऊपर कहा गया सात्त्विक ध्यान अपमृत्यु का निवारण करता है। आयु, आरोग्य तो प्रदान करता ही है, साथ में अपवर्ग का फल भी प्राप्त करता है ॥ ५१ ॥

वटुकभैरवस्यराजसध्यानम्

उद्यद्भास्करसन्निभं त्रिनयनं रक्ताङ्गरागस्त्रजं
स्मेरास्यं वरदं कपालमभयं शूलं दधानं करैः ।
नीलग्रीवमुदार भूषणशतं शीतांशुचूडोज्ज्वलं
बन्धूकारुणवाससं भयहरं देवं सदा भावये ॥ ५२ ॥

राजसध्याने वामयोराद्ये दक्षयोरन्त्ये । तदुक्तं विश्वसारोद्धारे—

दक्षे शूलाभयं वामे कपालं वरदं तथा । इति ॥ ५२ ॥

अब **राजस ध्यान** कहते हैं—उदीयमान सूर्य के समान जिनका तेजोमय शरीर हैं, जिनके तीन नेत्र हैं, जो रक्त वर्ण की माला एवं रक्त अङ्गराग से युक्त हैं, जो ईषत्स्मित युक्त है। जिन्होंने अपने हाथों में वरद कपाल, अभय, तथा त्रिशूल धारण किया है, जो नीलग्रीवा से युक्त, उदार स्वभाव वाले, सैकड़ों आभूषणों एवं शिरःस्थित चन्द्रमा की किरणों से उज्ज्वल हैं ऐसे बन्धूक के समान रक्त वस्त्र धारण करने वाले भयहारी बटुक देव का मैं सदा ध्यान करता हूँ ॥५२॥

बटुकभैरवस्यतामसध्यानम्

ध्यायेन्नीलाद्रिकान्तं शशिशकलधरं मुण्डमालं महेशं
दिग्वस्त्रं पिङ्गकेशं डमरुमथ सृणिं खड्गपाशाभयानि ।
नागं घण्टां कपालं करसरसिरुहैर्बिभ्रतं भीमदंष्ट्रं
सर्पाकल्पं त्रिनेत्रं मणिमयविलसत् किङ्किणीनूपुराढ्यम् ॥ ५३॥

पुरश्चरणादिकथनम्

राजसं ध्यानमाख्यातं धर्मकामार्थसिद्धिदम् ।
तामसं शत्रुशमनं कृत्याभूतग्रहापहम् ॥ ५४ ॥

तामसध्याने तु दक्षाद्यूर्ध्वयोराद्ये तदधस्थयोर्द्वितीये तदधस्थयोरुपान्त्ये तदधस्थयोरन्त्ये । अत्र ध्यानानन्तरं डमरुकमुद्रां दर्शयेत् । तल्लक्षणं तु—

मुष्टिं सुशिथिलां बध्वा ईषदुच्छ्रितमध्यमाम् ।
दक्षिणादूर्ध्वमुन्नम्य कर्णदेशे प्रचालयेत् ।
एषा मुद्रा डमरुका सर्वविघ्नविनाशिनी ॥ इति ॥ ५३-५४ ॥

अब **तामस ध्यान** कहते हैं—नीले पहाड़ के समान कान्ति वाले, चन्द्रकला से सुशोभित, गले में मुण्डमाला धारण किये हुये, नंगे, पीली पीली जटाओं से युक्त, डमरु, अंकुश, खड्ग, पाश, अभय, सर्प, घण्टा, तथा कपाल को कर कमलों में धारण किये उग्र दंष्ट्रा, से युक्त सर्वाभरण से विभूषित मणिमय किंकिणी तथा नूपुर से भूषित वटुक का ध्यान करना चाहिए, सात्त्विक ध्यान का फल ऊपर कहा जा चुका हैं (द्र, २०-५१) ॥ ५३ ॥

फल एवं पुरश्चरण—राजस ध्यान धर्म, अर्थ तथा काम को सिद्ध करने वाला है और तामस ध्यान, कृत्या, भूत तथा ग्रह बाधा को दूर करने वाला कहा गया है ॥ ५४ ॥

वर्णलक्षं जपेन्मन्त्रं हविष्याशी जितेन्द्रियः ।
तद्दशांशं प्रजुहुयात्तिलैर्मधुरसंयुतैः ॥ ५५ ॥

वर्णलक्षं एकविंशतिलक्षम् ॥ ५५ ॥

इस वटुक भैरव मन्त्र का हविष्यान्न भोजन करते हुये ब्रह्मचर्य एवं जितेन्द्रिय

रहकर २१ लाख जप करे और पय, मधु तथा शर्करा युक्त हव्य पदार्थों से उसका दशांश होम करे ॥ ५५ ॥

धर्माधर्मादिभिः क्लृप्ते पीठे पङ्कजशोभिते ।
षट्कोणान्तस्त्रिकोणस्थव्योमपङ्कजसंयुते ॥ ५६ ॥
वटुकं पूजयेद्देवं मूर्त्तिं मूलेन कल्पयेत् ।
मूलादिसद्योजातेन देवमावाहयेत्ततः ॥ ५७ ॥
वामदेवेन मन्त्रेण स्थापयेत्परमेश्वरम् ।
मूलमन्त्रेण कर्त्तव्यं सान्निध्यं तदनन्तरम् ॥ ५८ ॥
अघोरेण सुधीः कुर्यात् सन्निरोधमनन्तरम् ।
पुरुषाख्येन मनुना योनिमुद्रां प्रदर्शयेत् ॥ ५९ ॥
देवाय वन्दनं कुर्यादीशानेन समाहितः ।
एतत्सर्वं विधातव्यं तत्तन्मुद्राभिरादरात् ॥ ६० ॥

क्लृप्ते पीठे इति । चतुर्थोक्तप्रकारेण । नत्वत्र पीठशक्तयः । कीदृशे पीठे । षट्कोणान्तस्त्रिकोणस्थव्योमपङ्कजसंयुते । पुनः कीदृशे । पङ्कजशोभिते । तेन मातृकापद्मं कृत्वा तदुपरि त्रिकोणं तदुपरि षट्कोणं तदुपरि अष्टदलं पद्मं तदुपरि चतुरस्त्रं चतुर्द्वारमिति पूजायन्त्रम् । तदुक्तं विश्वसारोद्धारे—

चतुरस्रासने पद्ममष्टपत्रं सकर्णिकम् ।
तस्य मध्ये च षट्कोणं मण्डलं तु विधीयते ॥
तन्मध्ये च त्रिकोणं च तन्मध्ये व्योमपङ्कजम् ।

मध्ये वटुकमावाह्य । इति । व्योमपङ्कजन्तु मातृपटलोक्तवर्णाब्जम् । मूलादिसद्योजातेनेति । एवं पञ्चसु सम्बध्यते । तत्तन्मुद्राभिरिति । मुद्रास्त्रयोविंशे वक्ष्यन्ते । ललाटस्थोऽञ्जलिर्वन्दनमुद्रा ॥ ५६-६० ॥

बटुक भैरव यन्त्रनिर्माण—साधक अष्टदल कमल उसके भीतर षट्कोण उसके भीतर त्रिकोण उसके भीतर अष्ट मातृकामय कमल निर्माण करे । इन सभी के चारों ओर (पूर्व के अष्टदल कमल के बाहर) चतुरस्त्र भूपुर का निर्माण करे । इस प्रकार निर्मित यन्त्र में धर्माधर्म युक्त पीठ पर वटुक का इस प्रकार पूजन करे। मूल मन्त्र से मूर्त्ति की कल्पना कर 'सद्योजातं प्रपद्यामि' मन्त्र से उसमें वटुक देव का आवाहन करे ॥ ५६-५७ ॥

वामदेव मन्त्र से उसमें परमेश्वर को स्थापित करे । इसके बाद मूल मन्त्र पढ़ कर मूर्त्ति में सान्निध्य स्थापित करे ॥ ५८ ॥

इसके बाद बुद्धिमान् साधक अघोर मन्त्र से सन्निरोध करे । तदनन्तर तत्पुरुष मन्त्र से योनि मुद्रा प्रदर्शित करे ॥ ५९ ॥

पुनः एकाग्रचित्त से ईशान मन्त्र द्वारा वटुक देवता को नमस्कार समर्पित करे । यह सब साधक को श्रद्धापूर्वक तत्तन्मुद्राओं को प्रदर्शित करते हुये करना चाहिए ॥ ६० ॥

ईशानादीन् यजेद्देवान् न्यासमार्गेण देशिकः ।
सकलीकरणं कृत्वा यजेन्मूर्त्तीर्यथा पुरा ॥ ६१ ॥
व्योमपद्मदलेष्वर्चेदसिताङ्गादिभैरवान् ।
आसिताङ्ग रुरुं चण्डं क्रोधमुन्मत्तभैरवम् ॥ ६२ ॥
कपालिनं भीषणाख्यं संहारं च क्रमादमून् ।
षट्कोणेषु षडङ्गानि क्रमेणाऽभ्यर्चयेत् सुधीः ॥ ६३ ॥

न्यासमार्गेणेति । देवदेहे तत्तदङ्गुलीभिर्मूर्धादिषु पञ्चवक्त्रेष्वपि नत्वङ्गुलीषु । तदुक्तं नारायणीये—यथात्मनि तथा देवे न्यासः कार्यः करं विना । इति ।

ह्रीं वों ईशानाय नम इत्यादि पूजयेत् । तत्र देवदेहे प्रथमं विन्यस्य पश्चात् पूजनमिति ज्ञेयम् । सकलीकरणं कृत्वा यजेद्देवमिति शेषः । मूर्त्तीर्यथा पुरा यजेदिति अनुषज्यते । यथा पुरेत्यनेनावरणपूजायां पूर्वदक्षिणसौम्यपश्चिमे ईशे च मूर्त्ति-पूजेत्युक्तम् । विश्वसारोद्धारे तु विशेषः—'इन्द्राग्नियमसोमाप्सु पञ्च ब्रह्माणः अर्चयेत्' इति । अइउऋऌएओअं एतद्बीजपूर्वानित्युक्तम् ।

प्रयोगस्तु—अं असिताङ्गभैरवाय नम इत्यादि ।

भैरवपदं सर्वेषु योज्यम् । पुनर्भैरवोद्देशो मातृनिवृत्त्यर्थः । क्रमात् सुधीरित्यने-नाग्नेयादि पूजनमित्युक्तम् ॥ ६१-६३ ॥

इसके बाद न्यास क्रम के अनुसार देशिक साधक सकलीकरण कर ईशानादि मूर्त्तियों की पूर्ववत् पूजा करे ।

विमर्श—यथा ह्रीँ वों ईशानाय नमः, ह्रीँ वें तत्पुरुषाय नमः इत्यादि ॥ ६१ ॥

अष्टमातृकायुक्त पद्म पर असिताङ्ग आदि आठ भैरवों की पूजा करे । असिताङ्ग, रुरु, चण्ड, क्रोध, उन्मत्त भैरव, कपाली, भीषण और संहार ये उन आठ भैरवों के नाम हैं । तदनन्तर सुधी साधक षट्कोण में क्रमशः षडङ्गों की पूजा करे ॥ ६३ ॥

पूर्वादीशानपर्यन्तं तद्बहिः पूजयेदिमान् ।
डाकिनीपुत्रकान् पूर्वं राकिणीपुत्रकांस्ततः ॥ ६४ ॥
लाकिनीपुत्रकान् पश्चात्काकिनीपुत्रकांस्ततः ।
शाकिनीपुत्रकान् भूयो हाकिनीपुत्रकान् पुनः ॥ ६५ ॥
मालिनीपुत्रकान् पश्चाद्देवीपुत्रांस्ततः परम् ।
अथोमारुद्रमातृणां पुत्रान् दक्षिणतो यजेत् ॥ ६६ ॥

ऊर्ध्वमुख्याः सुतानूर्ध्वमधोमुख्याः सुतानधः।
इति संपूजयेन्मन्त्री पुत्रवर्गांस्त्रयोदश ॥ ६७ ॥
तद्बहिः पद्मपत्रेषु लोकेशवटुकान् यजेत् ।
ब्रह्माणीपुत्रकं पूर्वे माहेशीपुत्रमैश्वरे ॥ ६८ ॥
वैष्णवी पुत्रकं सौम्ये कौमारीपुत्रमानिले ।
इन्द्राणीपुत्रकं भूयः पूजयेत्पश्चिमे ततः ॥ ६९ ॥
महालक्ष्मीसुतं पश्चाद्रक्षोदिशि समर्चयेत् ।
वाराही पुत्रकं याम्ये चामुण्डासुतमानले ॥ ७० ॥

तद्बहिरिति । षट्कोणबाह्ये । अष्टपत्रान्तः पूर्वादीशानपर्यन्तमिमान् वक्ष्यमाणान् पूजयेदिति सम्बन्धः ॥ ६४-७० ॥

इसके बाद षट्कोण से बाहर अष्टकमल के भीतर पूर्व से ईशान पर्यन्त डाकिन्यादि पुत्रों की इस प्रकार पूजा करे । पूर्व में डाकिनीपुत्र, आग्नेय में राकिणीपुत्र, दक्षिण में लाकिनीपुत्र, नैर्ऋत्य में काकिनीपुत्र, पश्चिम में शाकिनी पुत्र वायव्य में हाकिनी पुत्र उत्तर में मालिनी पुत्र इसके बाद ईशान में देवीपुत्रों का पूजन करे । इस प्रकार आठ दिशाओं में आठ पुत्रों की पूजा कर दक्षिण दिशा में उमा पुत्र, रुद्रपुत्र तथा मातृका पुत्रों की पूजा करे । इस प्रकार कुल ११ पुत्रों की पूजा हुई ॥ ६४-६६ ॥

तदनन्तर ऊपर ऊर्ध्वमुखी के पुत्रों की, पश्चात् अधः अधोमुखी के पुत्रों की पूजा करे । इस प्रकार साधक तेरह पुत्र वर्गों की पूजा करे ॥ ६७ ॥

उसके बाद अष्टदल पद्म पर साधक को लोकेश्वर रूप वटुकों की पूजा इस प्रकार करना चाहिए—पूर्व पत्र में ब्रह्माणीपुत्र, ईशानकोण में माहेशी पुत्र, उत्तर में वैष्णवीपुत्र, आग्नेयकोण में कौमारीपुत्र, इसके बाद पश्चिम में इन्द्राग्नि पुत्र, नैर्ऋत्य में लक्ष्मीपुत्र, दक्षिण में वाराही पुत्र और वायव्य में चामुण्डा पुत्रों की पूजा करे ॥ ६८-७० ॥

वटुकान् दशदिक्ष्वर्चेद्धेनुकं त्रिपुरान्तकम्।
वेतालं वह्निजिह्वाख्यं कालान्ताख्यं करालकम् ॥ ७१ ॥
एकपादं भीमदंष्ट्रमचलं हाटकेश्वरम् ।
दिग्विदिक्ष्वन्तरालेषु श्रीकण्ठादीन् यजेत् पुनः ॥ ७२ ॥
क्रोधीश्वरादिभृग्वन्तांस्तद्वद्बाह्ये समर्चयेत् ।
ततस्त्रीन्नकुलीशाद्यान् दक्षिणे पूजयेत् सुधीः ॥ ७३ ॥

दिग्विदिक्ष्विति । दिशश्चतस्रः विदिशश्चतस्रस्तदन्तरालान्यष्टौ एवं षोडश । पुनस्तद्वदिति । दिग्विदिक्ष्वन्तरालेषु । तत्र दिशोऽष्टौ विदिशोऽष्टौ तदन्तरालानि षोडशेति द्वात्रिंशत् स्थानानि ज्ञेयानि ॥ ७१-७३ ॥

दश दिशाओं में १. धेनुक, २. त्रिपुरान्तक, ३. वेताल, ४. वह्निजिह्व, ५. कालान्त, ६. करालक, ७. एकपाद, ८. भीमदंष्ट्र, ९. अचल, एवं १०. हाटकेश्वर—इन दश वटुकों की पूजा करे । पश्चात् चारों दिशाओं में चारों विदिशाओं में तथा उन दोनों के आठ अन्तरालों में इस प्रकार १६ स्थानों में श्रीकण्ठादि (द्र. २.२९-३१) १६ देवताओं का पूजन करे । पुनः आठ दिशाओं में और आठ विदिशाओं में उन दोनों के षोडश अन्तरालों में कुल ३२ स्थानों में क्रोधीश्वर से भृगुपर्यन्त (द्र, २.३१-३५) पूजा करे । उसके दक्षिण में विद्वान् साधक नकुलीश (द्र. २.३५) आदि तीन की पूजा करे ॥ ७१-७३ ॥

दिव्यान्तरिक्षभूमिष्ठान् योगीशान् शक्तिसंयुतान् ।
योगिनीभिः सहाऽभ्यर्चेदीशाग्निनिर्ऋतिस्थितान् ॥ ७४ ॥
इति संपूजयेद्देवं वटुकं प्रोक्तवर्त्मना ।
धर्मार्थकाममोक्षाणां पतिर्भवति मानवः ॥ ७५ ॥

शक्तिसंयुतानिति सामान्येन विशेषणमात्रम् । ताः शक्तयः का इत्यपेक्षायां योगिनीभिः सहेति पदम् । तदुक्तं विश्वसारोद्धारे—

दिव्यान्तरिक्षभूमिष्ठान्योगीशान् पूजयेत्ततः ।
ईशाग्नेयाञ्च नैर्ऋत्यां योगिनीभिः समन्वितान् ॥ इति ॥ ७४-७५ ॥

इसके बाद स्वर्ग लोक, अन्तरिक्ष लोक तथा भूलोक स्थित योगेश्वरों की उनकी योगीश्वरी आदि शक्तियों के साथ पूजा करे । इस प्रकार ईशान कोण, अग्निकोण तथा नैर्ऋत्यकोण में निवास करने वाले योगेश्वरों की उनकी योगिनी शक्तियों के साथ पूजा करनी चाहिए । इस प्रकार कही गई विधि से जो साधक वटुक देवता की पूजा करता है वह धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष का अधिकारी हो जाता है ॥ ७४-७५ ॥

विघ्नं दुर्गां समाराध्य बलिं दत्त्वा विधानतः ।
काम्यानि साधयेन्मन्त्री यथोक्तां सिद्धिमाप्नुयात् ॥ ७६ ॥

काम्यमात्रे परिभाषामाह विघ्नमिति ॥ ७६ ॥

अन्त में काम्यकर्म के विघ्न (गणेश) और दुर्गा की पूजा कर विधानपूर्वक, उन्हें बलि प्रदान करे । साधक ऐसा कर अपनी कामनाओं में यथोक्त सिद्धि प्राप्त करता है ॥ ७६ ॥

शाल्यन्नं पललं सर्पिर्लाजाचूर्णानि शर्करा ।
गुडमिक्षुरसापूपैर्मध्वक्तैः परिमिश्रितैः ॥ ७७ ॥
कृत्वा कवलमाराध्य देवं प्रागुक्तवर्त्मना ।
रक्तचन्दनपुष्पाद्यैर्निशि तस्मै बलिं हरेत् ॥ ७८ ॥

ततः सिध्यन्ति कार्याणि बलिनाऽनेन मन्त्रिणः।
जुहुयात् सर्पिषा मन्त्री यथोक्तां सिद्धिमाप्नुयात्॥ ७९ ॥
वश्याय जुहुयादिदक्षु शकलैर्वशयेज्जनान्।
जुहुयात् पुत्रलाभाय प्रफुल्लैः कैरवैः सुधीः॥ ८० ॥
धनधान्यादिसम्पत्यै जुहुयात्तिलतण्डुलैः।
बिल्वप्रसूनैर्जुहुयान्महतीं विन्दति श्रियम्॥ ८१ ॥
लोणैर्मधुरसंमिश्रैर्वशयेद्वनिताजनान्।
वृष्टिकामेन होतव्यं वेतसानां समिद्वरैः॥ ८२ ॥
अन्नेन जुहुयान्नित्यं धनधान्यादिसम्पदे।
वश्याय जुहुयान्मन्त्री मधुना दिवसत्रयम्॥ ८३ ॥

तदेव बलिविधानमाह शाल्यन्नमिति । पललं मांसम् । एकीकृतं पिण्डरूपं कवलं ग्रासम् । रक्तचन्दनपुष्पाद्यैर्निशि देवमाराध्य प्रागुक्तवर्त्मना निशि बलिं हरेदिति सम्बन्धः । आद्यशब्देन धूपदीपनैवेद्यानि । प्रागुक्तेत्यनेन क्षेत्रपालोक्तबलिमन्त्रे क्षेत्रपालशब्दे वटुकेति पदं दत्त्वा देवहस्त इत्युक्तम् । यथोक्तामिति । स्वमनसि स्थिताम् ॥ ७७-८३ ॥

इनके **बलि विधान की प्रक्रिया** कहते हैं—चावल, मांस, घी, लावा एवं सत्तू, शर्करा, गुड़ इक्षुरस, अपूप इनमें मधु डालकर इनका एकीकरण करे और उसका ग्रास बनावे । फिर ऊपर कही गई (द्र. २०. ३९-४१) विधि के अनुसार केवल क्षेत्रपाल के स्थान पर वटुकपद का सन्निवेश कर, रात्रि में रक्तचन्दन तथा पुष्पादि से अर्चा कर बलि प्रदान करे ॥ ७७-७८ ॥

इस प्रकार की बलि देने से मन्त्रज्ञ के समस्त कार्य सिद्ध होते हैं, घी से होम करे तो भी उक्त प्रकार की सिद्धि प्राप्त हो जाती है । वशीकरण प्रयोग में उक्त ग्रासों से होम करे तो वशीकरण सिद्ध हो जाता है, पुत्र लाभ के लिये फूले हुये कैरव के पुष्पों का हवन करे ॥ ७९-८० ॥

धन-धान्यादि सम्पत्तियों की प्राप्ति के लिए तिल एवं चावल से होम करना चाहिए । बिल्व के फूलों से हवन से महती श्री की प्राप्ति होती है ॥ ८१ ॥

त्रिमधुर (आज्य, दूध, मधु) मिश्रित नमक से होम करे तो स्त्रियों को वश में करता है । वृष्टि चाहने वालों को बेंत की समिधा से होम करना चाहिए ॥८२॥

धन धान्यादि संपत्ति की प्राप्ति के लिये अन्न का होम करना चाहिए वशीकरण प्रयोग में मन्त्रज्ञ साधक मधु से मात्र तीन दिन तक होम करे ॥ ८३ ॥

रोगोक्तौषधहोमेन रोगा नश्यन्ति तत्क्षणात्।
कृत्याद्रोहे ग्रहद्रोहे भूतापस्मारसम्भवे ॥ ८४ ॥

व्याघ्राजिने समासीनो जुहुयादयुतं तिलैः ।
भूतादयः पलायन्ते नेक्षन्ते तां दिशं भयात् ॥ ८५ ॥

रोगोक्तेति—वैद्यकशास्त्रे यस्मिन् रोगे यदौषधमुक्तं तस्य होमादित्यर्थः ॥८४-८५॥

वैद्यकशास्त्र में जिस जिस रोग के लिये जिन जिन औषधियों का विधान है, उन उन औषधियों का इस मन्त्र से होम करे तो वे वे रोग तत्क्षण नष्ट हो जाते हैं । कृत्यादि अभिचार में, शत्रुद्रोह में, भूत बाधा तथा अपस्मार जैसे रोगों में बाघाम्बर पर बैठ कर इस मन्त्र से दस हजार १०००० तिलों का होम करे तो समस्त भूतादि भाग जाते हैं और भयग्रस्त हुए वे उस दिशा की ओर फिर कभी नहीं देखते ॥ ८४-८५ ॥

कृष्णाष्टमीं समारभ्य यावत् स्यात्तच्चतुर्दशी ।
तिलैस्तण्डुलसंमिश्रैर्मधुरत्रयलोलितैः ॥ ८६ ॥
त्रिसहस्रं प्रतिदिनं जुहुयात् संस्कृतेऽनले ।
वटुकेश्वरमभ्यर्च्य भक्ष्यभोज्यफलान्वितम् ॥ ८७ ॥
नित्यं निवेद्य नैवेद्यं मध्यरात्रे बलिं हरेत् ।
एवं जपित्वा प्रयतः सहस्राण्येकविंशति ॥ ८८ ॥
समाप्तिदिवसे रात्रावजं हत्वा बलिं हरेत् ।
ततः कारयिता राजा तोषयेत्साधकं धनैः ॥ ८९ ॥
विधिनाऽनेन सन्तुष्टो वटुकेशः प्रयच्छति ।
तेजो बलं यशः पुत्रान् कान्तिं लक्ष्मीमरोगताम् ॥ ९० ॥
नश्यन्ति शत्रवः सर्वे वर्धन्ते बन्धुबान्धवाः ।
अवग्रहो न जायेत विषये तस्य भूपतेः ॥ ९१ ॥
जुहुयात् केवलैर्लोणैरयुतं स्तम्भनेच्छया ।
निगडादिविमोक्षाय प्रयोगोऽयमुदाहृतः ॥ ९२ ॥

कृष्णेत्यादि भूपतेरित्यन्तमेकः प्रयोगः । अवग्रहो वृष्ट्यभावः । विषये देशे ॥ ८६-९२ ॥

कृष्णपक्ष की अष्टमी से कृष्णपक्ष की चतुर्दशी पर्यन्त त्रिमधुर युक्त तण्डुल मिश्रित तिलों का इस मन्त्र से प्रतिदिन सुसंस्कृत अग्नि में तीन सहस्र होम करे और भक्ष्य-भोज्य तथा फलादिकों का वटुकेश्वर को नैवेद्य अर्पण कर मध्य रात्रि में प्रतिदिन बलि देवे । पश्चात् नियमित रूप से २१ हजार वटुक मन्त्र का जप करे और समाप्ति के दिन रात्रि में बकरे की बलि देवे । तदनन्तर बलिदान कराने वाला राजा जिससे बलिदान करावे उसे धनादि देकर संतुष्ट करे तो इस विधि से प्रसन्न हुये वटुकेश्वर तेज, बल, यश, पुत्र, कान्ति, लक्ष्मी तथा नीरोगता प्रदान करते हैं ॥ ८६-९० ॥

उस राजा के समस्त शत्रुओं का नाश हो जाता है, भाई-बन्धु बढ़ते हैं। बहुत कहने से क्या लाभ ? उस राजा के राज्य में कभी अनावृष्टि का भय नहीं होता है ॥ ९१ ॥

स्तम्भन प्रयोग में केवल नमक का इस मन्त्र से दस हजार होम करे। कारागार की मुक्ति के लिये भी इस प्रकार का प्रयोग करना चाहिए ॥ ९२ ॥

वचाचूर्णपलं जप्तं गव्येनाज्येन लोलितम् ।
विभज्य भक्षयेद् बन्ध्या मण्डलात् पुत्रकाङ्क्षिणी ॥ ९३ ॥
विनीतं पुत्रमाप्नोति मेधारोग्यबलान्वितम् ।
आदावन्ते प्रयोगस्य वटुकाय बलिं हरेत् ॥ ९४ ॥

विभज्येति किञ्चिन्न्यूनसप्तसप्तगुञ्जामितम् । मण्डलमेकोनपञ्चाशद्दिनानि । विश्वसारोद्धारे तु विशेषः—

वचाचूर्णपलं देवि कुडवं पलसंयुतम् ।
पद्मपत्रे विनिक्षिप्य स्थापयेद्देवसन्निधौ ॥
सिद्धान् संपूज्य विधिवज्जपेत् स्पृष्ट्वा तदौषधम् ।
मन्त्रं सहस्त्रमावर्त्य सिद्धानभ्यर्च्य बुद्धिमान् ॥
ध्यात्वा देवीमृतुस्नातां प्राशयेत्तन्महौषधम् ॥ इति ॥ ९३-९४ ॥

गो घृत से मिले हुये एक पल वचा चूर्ण को इस मन्त्र से अभिमन्त्रित करे। पश्चात् प्रतिदिन ७ रत्ती से कुछ कम मात्रा में उस चूर्ण का वन्ध्या स्त्री पुत्र की कामना करती हुई भक्षण करे तो वह ४९ दिन (=मण्डलम्) के भीतर गर्भवती हो जाती है, और बुद्धिमान्, नीरोग, बलवान् तथा विनीत पुत्र को जन्म देती हैं। इस प्रयोग के आरम्भ में तथा अन्त में वटुकेश्वर के लिये बलिदान अवश्य करे ॥ ९३-९४॥

द्विविधो बलिराख्यातो राजसः सात्त्विको बुधैः ।
राजसो मांसरक्ताढ्यः पलत्रयसमन्वितः ॥ ९५ ॥
मुद्गपायससंयुक्तो मधुरत्रयलोलितः ।
सात्त्विको मांसरहितः शेषमन्यत् पुरोक्तवत् ॥ ९६ ॥
ब्राह्मणो नियतः शुद्धः सात्त्विकं बलिमाहरेत् ।
साधयेन्मनुनाऽनेन भस्म सर्वार्थसिद्धिदम् ॥ ९७ ॥

राजसो मांसरक्ताढ्य इति । तत्र किं मांसमित्यपेक्षायां पलत्रयसमन्वित इति । तत्र पलत्रयं भूचरखेचरजलचरजम् । तदुक्तं विश्वसारोद्धारे—

मेषकुक्कुटयोर्मांसं शाल्यन्नं घृतसंयुतम् ।
लाजाचूर्णमपूपं च गुडमिक्षुरसान्वितम् ।
मधुमत्स्यकपित्थादि बलिद्रव्यं समीरितम् ॥ इति ।

मरीचैर्जीरकैश्चैव गुडखण्डैस्तथैव च ।
शालितन्दुलसम्भक्तगोक्षीरेण समन्वितम् ।
सैन्धवं दग्धमीनेन पलत्रयसमन्वितम् ॥ इति ॥

तथाऽन्यत्रापि— पलत्रयं माषचूर्णं दधि क्षीरं घृतं तथा ।
गुडौदनेन संयुक्तं मिश्रीकृत्य विचक्षणः ॥ इति ॥

केचित् फलत्रयमिति पाठमपठन् । तच्चिन्त्यम् ॥ ९५-९७ ॥

बुद्धिमानों ने सात्त्विक तथा राजस भेद से दो प्रकार की बलि कही है । तीन पल अर्थात् भूचर, खेचर और जलचर जन्तुओं के मांस एवं रक्त मिश्रित अन्नादि की बलि **राजस बलि** हैं ॥ ९५ ॥

मूँग की बलि जो पायस तथा त्रिमधुर मिश्रित हो **सात्त्विक बलि** है इसमें मांस का प्रयोग नहीं होता और शेष पहले जैसा कह आये हैं वैसा ही (द्र. २०. ३९-४१) बलि प्रदान करे । केवल क्षेत्रपाल के स्थान में वटुक पद का सन्निवेश करे ॥ ९६ ॥

ब्राह्मण वटुक के प्रयोग में नियमतः सात्त्विक बलि देवे । इस मन्त्र से सिद्ध किया हुआ भस्म संपूर्ण प्रयोजनों की सिद्धि करता है ॥ ९७ ॥

उशीरं चन्दनं कुष्ठं घनसारं सकुङ्कुमम् ।
श्वेतार्कमूलं वाराहीं लक्ष्मीं क्षीरमहीरुहाम् ॥ ९८ ॥
त्वचो बिल्वतरोर्मूलं शोषयित्वा सुचूर्णयेत् ।
चूर्णं व्योम्नि गृहीतेन गोमयेन विमिश्रितम् ॥ ९९ ॥
कृत्वा पिण्डानि संशोष्य संस्कृते हव्यवाहने ।
मूलेन दग्ध्वा तद्भस्म शुद्धपात्रे विनिःक्षिपेत्॥ १०० ॥
केतकीमालतीपुष्पैर्वासयेद् भस्मशोधितम् ।
अयुतं प्रजपेन्मन्त्रं स्पृष्ट्वा भस्म सुपूजितम् ॥ १०१ ॥
एतदादाय दिनशः प्रातः पुण्ड्रं करोति यः ।
तस्य रोगाः प्रणश्यन्ति कृत्याद्रोहमहाग्रहाः ॥ १०२ ॥
रिपुचौरमृगादिभ्यो भयमस्य न जायते ।
वर्धन्ते सम्पदः सर्वाः पूज्यते सकलैर्जनैः ॥ १०३ ॥
राजा वश्यो भवेत्तस्य सामात्यः सपरिच्छदः ।
अभिषेकं प्रकुर्वीत राज्ञो विजयकाङ्क्षिणः ॥ १०४ ॥

भस्मसाधनमेवाह—उशीरमित्यादि । घनसारः कर्पूरः ।

वाराही शूकरी काछी मागधी गृष्टि कारिका ।

इति कैयटदेवनिघण्टौ वाराहीनाम्नी औषधी प्रसिद्धा ।

शमी लक्ष्मीः शिवा शीता माङ्गल्या केशहृत्फला ॥

इति कैयटदेवनिघण्टौ लक्ष्मीशब्देन शमी उक्ता । व्योम्नि गृहीतेनेति भूतला स्पृष्टेन । पुण्ड्रं त्रिपुण्ड्रन्तिर्यक्तिलकः । मृगो व्याघ्रः ।

अभिषेकं प्रकुर्वीतेति । सप्तभिः पञ्चभिर्वाऽहोभिरित्यर्थः । 'सप्ताहं वापि पञ्चाहम्' इत्युक्तेः । तत्र पूर्वमेव सप्तमं पञ्चमं वा शुभदिनमालोच्य प्रथमारम्भः कार्यः ॥ ९८-१०४ ॥

अब **भस्म की प्रक्रिया का वर्णन** करते हैं—उशीर, चन्दन, कुष्ठ, कपूर, कुंकुम, सफेद मन्दार की जड़, वाराही, लक्ष्मी, (शमी) दुधार वृक्षों का त्वक् और बिल्व की जड़—इन्हें सुखा कर चूर्ण कर लेवे । इसके बाद गाय का गोबर जो पृथ्वी पर न पड़े अर्थात् जो ऊपर ऊपर ग्रहण किया गया हो, उसी में उस चूर्ण को मिला देवे । तदनन्तर उसका पिण्ड बना कर घाम में सुखा लेवे । फिर शुद्ध की गई अग्नि में उन्हें डाल कर मूलमन्त्र पढ़ते हुये भस्म कर डाले । पश्चात् उसे शङ्ख पात्र में रखकर केतकी तथा मालती के पुष्पों से सुवासित करे । इस प्रकार के उस भस्म को हाथ से स्पर्श कर दस हजार मन्त्र का जप करे । पुनः सिद्ध किये गये उस भस्म से जो प्रातःकाल प्रतिदिन त्रिपुण्ड करता है उसके रोग तो शान्त हो ही जाते हैं, कृत्याद्रोह, महाग्रह की बाधा एवं शत्रु, चोर तथा व्याघ्रादि जन्तुओं का भय उसे नहीं होता । उस पुरुष की सारी संपत्ति की अभिवृद्धि होती है और वह सारे लोकों से नित्य पूजा जाता है ॥ ९८-१०३ ॥

अमात्य तथा परिकरों सहित राजा उसके वश में हो जाते हैं । इस मन्त्र से सात या पाँच दिन तक विजय की अपेक्षा रखने वाले राजा का इस प्रकार अभिषेक करना चाहिए ॥ १०४ ॥

पूर्वोक्तमण्डपे क्लृप्ते वितानध्वजशोभिते ।
सर्वतोभद्रमालिख्य कर्णिकां तस्य पूरयेत् ॥ १०५ ॥
अष्टद्रोणप्रमाणेन शालिभिः शोधितैः शुभैः ।
तदर्धांस्तण्डुलांस्तस्मिन् न्यस्य दूर्वाक्षतान्वितान् ॥ १०६ ॥
हेमादिविहितं कुम्भं नवरत्नसमन्वितम् ।
संस्थाप्य विमलैस्तोयैरापूर्याऽस्मिन्विनिःक्षिपेत् ॥ १०७ ॥
क्षीरद्रुमप्रबालानि लक्ष्मीं दूर्वां सहां पुनः ।
कर्पूरं चन्दनं बिल्वमुशीरं कुङ्कुमं पुनः ॥ १०८ ॥
कङ्कोलमगुरुं जातिं मल्लिकां चम्पकोत्पलैः ।
गोमेदं दाडिमं पश्चात्पट्टयुग्मेन वेष्टयेत् ॥ १०९ ॥

अभिषेकप्रकारमाह—पूर्वोक्तेति । तृतीयोक्ते इत्यर्थः । अष्टद्रोणेति । अर्द्ध-खारी । तदर्द्धमिति । खारीचतुर्थांशः । नवरत्नानि षष्ठोक्तानि । प्रबालानि पल्लवाः । सहा सहदेवी । गोमेदं पत्रजम्—

'गोमेदकं पीतमणौ कक्कोले पत्रजेऽपि च' इति विश्वः ॥ १०५-१०९ ॥

पूर्व में कही गई विधि के अनुसार वितान एवं ध्वज से शोभित मण्डप में सर्वतोभद्रमण्डल का निर्माण करे (द्र, ३. १९-२६, ३. १०३-१२७)। उसकी कर्णिका को आठ द्रोण प्रमाण के शुद्ध किये हुये चावलों से परिपूर्ण करे। इसके बाद उस पर बने अष्टदल कमल पर उसका आधा चावल रखकर, दूर्वाक्षत से युक्त हेमादि (रजत, ताम्र या मिट्टी) विरचित नवरत्न युक्त कलश स्थापित करे। उसे विशुद्ध जल से परिपूर्ण करे। पुनः उसमें क्षीरीवृक्षों के पत्ते, शमी, दूर्वा, सहदेवी, कर्पूर, चन्दन, विल्व, उशीर, कुंकुम, कंकोल, अगुरु, जाति, मल्लिका, चम्पक, कमल, गोमेद, दाडिम आदि डालकर उस कलश को दो वस्त्रों से लपेटकर अच्छी तरह बाँध देवे ॥ १०५-१०९ ॥

तस्मिन्नावाह्य वटुकं राजसं सम्प्रपूजयेत् ।
बहिरष्टसु कुम्भेषु भैरवानष्ट पूजयेत् ॥ ११० ॥
त्रयोदशसु कुम्भेषु त्रयोदश गणान् यजेत् ।
बाह्य दशसु कुम्भेषु लोकेशानर्चयेत् सुधीः ॥ १११ ॥
तद्बहिर्द्व्याष्टकुम्भेषु श्रीकण्ठादीन् सुरेश्वरान्।
पञ्चत्रिंशद्घटेष्वर्चेत् कादिवर्णेश्वरान् क्रमात् ॥ ११२ ॥
इति गन्धादिभिः सम्यक् पञ्चावरणमर्चयेत् ।
अयुतं प्रजपेत्स्पृष्ट्वा तान् घटान् देशिकोत्तमः ॥ ११३ ॥

राजसमिति राजसध्यानोक्तमूर्त्तिम् । लोकेशान् लोकेशवटुकान् । क्रमादित्यनेन परितो द्वात्रिंशत् दक्षिणे त्रीनित्युक्तम् । स्पृष्ट्वेत्युभयत्र । कूर्चादिना ॥ ११०-११३ ॥

उसमें राजस ध्यान में कहे गये वटुक की मूर्त्ति का आवाहन कर पूजा करे। उसके बाहर आठों कुम्भों पर आठों भैरवों का पूजन करे। इसके बाद तेरह कुम्भों में तेरह गणों (२०. ६४-६७) का पूजन करे। उसके बाद के दश कुम्भों पर विद्वान् साधक लोकेश्वरों का पूजन करे ॥ ११०-१११ ॥

उसके बाद के १६ कुम्भों पर श्रीकण्ठादि १६ स्वर देवताओं का पूजन करें, इसके बाद ३५ कलशों पर ३५ कादि से लेकर हकार पर्यन्त व्यञ्जन देवताओं का क्रमशः एक एक कर पूजन करे। इस प्रकार ऊपर कहे गये पञ्चावरणों की गन्धादि द्वारा पूजा करे। तदनन्तर कुशादि से उन घटों का स्पर्श कर देशिकोत्तम साधक इस मन्त्र का दश हजार जप करे ॥ ११२-११३ ॥

पायसैः सर्पिषा शुद्धैस्तिलैर्दशशतं पृथक् ।
जुहुयात्तान् घटान् स्पृष्ट्वा प्रत्यहं बलिमाहरेत्॥ ११४ ॥
राजसोक्तप्रकारेण रात्रौ देशिकसत्तमः।
सुदिने शोभने लग्ने वाचयित्वा द्विजन्मभिः॥ ११५ ॥
स्वस्तिमङ्गलवाक्यानि विशुद्धैर्वेदपारगैः।

नदत्सु पञ्चवाद्येषु प्रणम्य वटुकेश्वरम् ॥ ११६ ॥
जितेन्द्रियं शुद्धकायं राजानं ब्राह्मणप्रियम् ।
आस्तिकं सत्यवचनमभिषिञ्चेत् प्रसन्नधीः ॥ ११७ ॥
अभिषिक्तो नरपतिः प्रणिपत्य गुरुं परम् ।
भूयसीं दक्षिणां दद्यात् प्रसीदति तथा गुरुः ॥ ११८ ॥
राजाऽभिषिक्तो भवति साक्षाद् भूमिपुरन्दरः ।
परान् विजयते भूपान् स्तूयते सकलैर्जनैः ॥ ११९ ॥

पृथगिति । प्रत्येकम् । तेन सहस्रत्रयं होमः, प्रत्यहं सप्ताहं पञ्चाहं वा ॥ ११०-११९ ॥

खीर, घृत, तथा शुद्ध तिलों से पृथक् पृथक् कर एक सहस्र के क्रम से होम करे, इस प्रकार प्रतिदिन तीन सहस्र होम, उन घड़ों का स्पर्श करते हुये करे और नित्य राजस विधि के अनुसार विद्वान् साधक रात्रि में बलिदान देता रहे । (द्र. २०. ३९-४१) ॥ ११४-११५ ॥

इसके बाद किसी अच्छे दिन शुभ लग्न में वेदपारगामी ब्राह्मणों से स्वस्तिवाचन कराकर एवं आशीर्वाद प्राप्त कर पाँच प्रकार के बाजे बजवाते हुये वटुकेश्वर को प्रणाम कर जितेन्द्रिय, बाह्य एवं आभ्यन्तर शौच युक्त, ब्राह्मण्य, आस्तिक और सत्यवादी राजा का प्रसन्नतापूर्वक अभिषेक करे ॥ ११५-११७ ॥

इस प्रकार अभिषेक से युक्त राजा अपने गुरु तथा अन्य श्रेष्ठ जनों को प्रणाम कर गुरु को भूयसी दक्षिणा समर्पित करे, जिससे वे संतुष्ट हो जावें । इस प्रकार वह अभिषिक्त राजा इस पृथ्वी पर साक्षात् इन्द्र के तुल्य हो जाता है । वह अन्य सभी राजाओं को युद्ध में परास्त करता है, तथा समस्त जन उसकी स्तुति करते हैं ॥ ११८-११९ ॥

कृताभिषेकः षण्मासं प्रतिमासं महीपतिः ।
चतुरम्भोधिवलयां शास्ति सर्वां वसुन्धराम् ॥ १२० ॥

अस्यैवावृत्त्या फलविशेषमाह कृतेति । षण्मासं प्रतिमासमिति षडावृत्तयः ॥ १२० ॥

उपर्युक्त विधि से अभिषिक्त राजा प्रत्येक मास में छः मास पर्यन्त निरन्तर अपना छः बार अभिषेक करावे तो वह चतु:समुद्र पर्यन्त समस्त पृथ्वी का अकेले शासन करता है ॥ १२० ॥

गजाश्वादिशान्तिविधिः

गजाश्वशान्तिविधये तेषां शालासु साधकः ।
कुण्डं कृत्वा विधानेन होमं कुर्याद्यथाविधि ॥ १२१ ॥

पायसाज्यतिलैर्विद्वानयुतत्रितयावधि ।
ब्राह्मणान् भोजयेन्नित्यं भक्ष्यभोज्यफलादिभिः॥ १२२ ॥

गजेति । प्राक्प्रोक्तविधिना कुम्भान् स्थापयित्वा गन्धानुलेपैः पुष्पाद्यैरभ्यर्च्य विधानेन कुण्डं कृत्वा यथाविधि होमं कुर्यादिति सम्बन्धः। तत्र विधानेनेति त्रिकोणम्। यथाविधीति । वटुकमग्नावभ्यर्च्य वटुकं च तत्र पूजयित्वेत्यर्थः ॥ १२१-१२२॥

साधक गजशान्ति और अश्वशान्ति की विधि में गजशाला अथवा अश्वशाला में विधि-विधान से कुण्ड निर्माण कराकर यथाविधि इस मन्त्र से होम करे ।

विमर्श—यहाँ यथाविधि का तात्पर्य है—त्रिकोण कुण्ड में सुसंस्कृत अग्नि में श्री वटुकेश्वर का आवाहन एवं पूजन पूर्वक होम करना चाहिए ॥ १२१ ॥

उक्त होम खीर, घृत तथा तिलों के द्वारा तीस हजार की संख्या में होना चाहिए और नित्य भक्ष्य, भोज्य तथा फलादि द्वारा ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए ॥ १२२ ॥

प्राक्प्रोक्तविधिना कुम्भान् स्थापयित्वाऽत्र देशिकः।
अभ्यर्च्य गन्धपुष्पाद्यैस्तज्जलैः प्रोक्षयेद्गजान्॥ १२३ ॥
अश्वशालामनेनैव वर्धन्ते ते दिने दिने।
युद्धेषु महती शक्तिर्जायते पूर्वतोऽधिका ॥ १२४ ॥
सर्वरोगाः प्रणश्यन्ति कृत्याद्रोहाः परैः कृताः।
अस्मात्परतरा रक्षा नास्ति तेषां महीतले ॥ १२५ ॥

राजसबलिदानविधिः

अभिषिच्य महीपालं परेषां विजयोद्यतम्।
उक्तेन विधिना मन्त्री यामिन्यां बलिमाहरेत्॥ १२६ ॥

प्राक्प्रोक्तविधिना । चतुर्थोक्तविधिना । कुम्भानिति पञ्च । अत्र । पञ्चसु कुम्भेषु । अभ्यर्च्येति । मध्ये वटुकम् ईशानं चतुर्ष्वन्या मूर्त्तीरिति शेषः । उक्तञ्च—

पञ्चात्मानं पदं कृत्वा स्वालिप्ते शुद्धभूतले ।
कोष्ठेषु स्थापयेत् सृष्ट्या कलशान् पञ्च शोभनान् ॥
धूपादिवासितान् भूयो जलैरापूरयेत् पृथक् ।
माणिक्यं मौक्तिकं वज्रं नीलं मरकतं तथा ॥
प्रोक्तानि पञ्च रत्नानि निक्षिप्य तेषु पञ्चसु ।
तत्र देवं च मूर्त्तीश्च समभ्यर्च्य यथाविधि ॥ इति ॥

अन्यत्र तु—सुवर्णं रजतं मुक्ता राजावर्त्तं प्रवालकम् ।

रत्नपञ्चकमाख्यातम् । इति । गजान् अश्वान् शालाञ्च गजाश्वशालां प्रोक्षयेदिति सम्बन्धः । ते गजा अश्वाः । शक्तिर्जायत इति । तेषामित्यनुषज्यते ।

रोगाः प्रणश्यन्तीत्यत्रापि । अभिषिच्येति हरेदित्यन्तं पूर्वोक्ताभिषेकबल्योरनुवादः ॥ १२३-१२६ ॥

तदनन्तर पूर्वोक्त विधि से (२०. १०५-१०९) आचार्य (पञ्च) कलश-स्थापन करा कर गन्धपुष्पादि द्वारा तत्तद्देवताओं की पूजा कर (द्र. २०. ११०-११६) उन कलशों के जल से गजों को अभिषिक्त करे । इसी प्रकार अश्वशाला में अश्वों की शान्ति करावे तो वे नित्य निरन्तर दिन प्रतिदिन बढ़ते रहते हैं और युद्धों में पूर्वापेक्षया अधिकाधिक सुसम्पन्न एवं शक्तिमान् हो जाते हैं ॥ १२३-१२४ ॥

ऐसा अनुष्ठान कराने वाले राजा के भी सारे रोग शान्त हो जाते हैं । उस पर दूसरों के द्वारा किया गया मारणादि अभिचार शान्त हो जाता है । बहुत क्या ? इससे बढ़कर रक्षा के लिये अन्य कोई उपाय नहीं हैं ॥ १२५ ॥

शत्रुओं के विजय के लिये उद्यत राजा को इसी प्रकार अभिषिक्त कर आचार्य रात्रि में वटुकेश्वर के निमित्त इसी प्रकार बलिदान करे ॥ १२६ ॥

अन्यूनाङ्गमजं हत्वा राजसं प्रागुदाहृतम् ।
बलिप्रदानसमये रिपूणां सर्वसैन्यकम् ॥ १२७ ॥
निवेदयेद् बलित्वेन वटुकाय विशिष्टधीः ।
विदर्भयेच्छत्रुनाम्ना बलिमन्त्रं तथा सुधीः ॥ १२८ ॥

बलिदानमन्त्रः

शत्रुपक्षस्य रुधिरं पिशितं च दिने दिने ।
भक्षय स्वगणैः सार्द्धं सारमेयसमन्वितः ॥ १२९ ॥
बलिमन्त्रोऽयमाख्यातः सर्वेषां विजयप्रदः ।
अनेन बलिना हृष्टो वटुकः परसैन्यकम् ॥ १३० ॥
सर्वं गणेभ्यो विभजेदामिषं क्रुद्धमानसः ।
एवं कृते परबलं क्षीयते नाऽत्र संशयः ।
विजयश्रियमेतेन राजा प्राप्नोत्ययत्नतः ॥ १३१ ॥

तत्रैव विशेषमाह । अन्यूनेत्यादिना ॥ १२७-१३१ ॥

जैसा कि पहले कहा जा चुका है—राजा को राजस बलि देनी चाहिए । अतः (न्यूनाङ्ग तथा अधिका) बकरे की बलि न देकर सुलक्षण सर्वाङ्गवयव संयुक्त बकरे की बलि देवे । उसी के साथ साथ शत्रु के समस्त सैन्यों की भी बलि वटुकेश्वर देव को समर्पित करे तथा शत्रु के नाम के साथ बलि मन्त्र को विदर्भित करे । (द्र. २३. १३८) ।

विमर्श—दो दो मन्त्राक्षरों के बीच शत्रुनाम के एक एक अक्षर को लिखे—इसे विदर्भ कहते हैं ॥ १२७-१२८ ॥

अब **बलिदान की विधि** कहते हैं—संकल्प में

'शत्रुपक्षस्य रुधिरं पिशितं च दिने दिने
भक्षय स्वगणैः सार्द्धं सारमेयसमन्वितः'

यह बलिदान का मन्त्र है । इससे सब पर विजय प्राप्त होती है । इस प्रकार की बलिदान की विधि से वटुकेश्वर प्रसन्न होकर शत्रु सेना पर क्रोधित होकर अपने गणों के भोजन के रूप में उन्हें विभक्त कर देते हैं । शत्रु सेना निरन्तर क्षीण हो जाती है, इसमें संशय नहीं । ऐसा करने वाला राजा बिना यत्न के विजयश्री लाभ करता है ॥ १२९-१३१ ॥

आपदुद्धरणं यन्त्रम्

श्रीमायास्मरकूटमत्र विलिखेन्मध्ये दलेष्वष्टसु
द्विःप्रोक्तं वटुकायशब्दमपरान् मन्त्रस्य वर्णान् बहिः।
अष्टद्वन्द्वदलेषु तद्बहिरतस्तत्संख्यपत्रेष्वथ
द्वात्रिंशद्दलकादिसान्तसहितं यन्त्रं लिखेद् भूपुरे॥ १३२ ॥
आपदुद्धरणं यन्त्रमपमृत्युभयापहम् ।
सर्वसम्पत्प्रदं नित्यं सर्व सौभाग्यदायकम्॥ १३३ ॥
रक्षाकरं ग्रहार्त्तानां राज्ञां विजयवर्धनम् ।
आपदुद्धरणादस्मादापदुद्धरणक्षमः ॥ १३४ ॥
तन्त्रेषु नास्ति मन्त्रोऽन्य इत्याहुर्मन्त्रवेदिनः ।

यन्त्रमाह श्रीमायेति । श्री श्रीबीजम् । माया शक्तिबीजम् । स्मरः कामबीजं क्लीं । कूटं क्ष्रीं । मध्ये कर्णिकायाः । तदुक्तं विश्वसारोद्धारे—

तत्रादौ कर्णिकामध्ये लक्ष्मीबीजं न्यसेद् बुधः ।
मायाबीजं ततो न्यस्य कामबीजं ततः परम् ॥
कूटाक्षरं ततः पश्चादग्निमायासमन्वितम् ।
चतुर्बीजसमायुक्तं कर्णिकामन्त्रमुद्धरेत् ॥ इति ॥

एतेन केषाञ्चन स्मररूपमेव कूटं लिखेदिति व्याख्यानं निरस्तम् । अष्टदलेषु बटुकाय इत्येकाक्षरक्रमेण लिखनीयम् । मन्त्रस्य वर्णानिति । आपदित्यादि-मायान्तान्। प्रथमषोडशदले । तद्बहिः प्रथमषोडशदलाद्बहिः । तत्संख्यपत्रेषु षोडशसु । तदुपरि द्वितीयषोडशदले षोडशस्वरान् लिखेत् ॥ १३२-१३४ ॥

अब **बटुकेश्वर यन्त्र का प्रकार** कहते हैं—सर्वप्रथम अष्टदल कमल निर्माण करे । पुनः उसके ऊपर षोडश दल कमल निर्माण करे । पुनः उसके भी ऊपर षोडश दल का तीसरा वृत्त निर्माण करे । पुनः उसके ऊपर ३२ दलों का

एक वृत्त और बनावे । उसके बाद चतुरस्र कोण युक्त भूपुर निर्माण करे । भीतर के अष्टदल कमल की कर्णिका के मध्य में श्री बीज (श्रीँ) मायाबीज (ह्रीँ) स्मर बीज (क्लीँ) कूट (क्ष्रीँ) लिखे । इसके बाद अष्टदल कमल पर बटुकाय इस शब्द के एक एक अक्षर को क्रमशः दो बार लिखे । फिर प्रथम षोडश दल पर आपद् से लेकर मायान्त मन्त्रवर्णों के १६ अक्षरों को लिखे । पुनः इसके ऊपर वाले षोडश दल में षोडश स्वरों को लिखे । पुनः इसके ऊपर निर्मित ३२ दल वाले कमल पर क से आरम्भ कर स पर्यन्त ३२ व्यञ्जन अक्षरों के एक एक अक्षर लिखे । तदुपरान्त उसे चारों ओर चतुरस्र भूपुर से घेर देवे ॥ १३२ ॥

यह आपदुद्धारक नामक यन्त्र अपमृत्यु के भय को दूर करता है, सभी प्रकार की संपत्तियों को प्रदान करता हैं तथा सभी प्रकार का सौभाग्य भी देता है ॥ १३३ ॥

यह यन्त्र ग्रह ग्रहीतों की रक्षा करता है एवं राजाओं को विजयश्री प्रदान करता है । तन्त्रशास्त्र के ग्रन्थों में आपत्तियों से उद्धार करने में समर्थ इस आपदुद्धरण यन्त्र से बढ़कर अन्य कोई यन्त्र नहीं हैं—तन्त्र शास्त्र के मर्मज्ञों का ऐसा कहना है ॥ १३४-१३५ ॥

चण्डेश्वरमन्त्रोद्धारः

अर्घीशो वह्निशिखरो लान्तस्थो दान्त ईरितः ॥ १३५ ॥
फडन्तश्चण्डमन्त्रोऽयं त्रिवर्णात्मा समीरितः ।
अस्य त्रिको मुनिः प्रोक्तश्छन्दोऽनुष्टुबुदाहृतम् ॥ १३६ ॥
चण्डेशो देवता प्रोक्ता कुर्यादङ्गविधिं पुनः ।
हृदयं दीप्त फट् प्रोक्तं ज्वल फट् शिर ईरितम् ॥ १३७ ॥
शिखा ज्वालामालिनी फट् ज्ञेया फट् कवचं मतम् ।
हन फट् नेत्रमाख्यातं सर्वज्वालिनि फट् परम् ।
विन्यस्यैवं षडङ्गानि ततो देवं विचिन्तयेत् ॥ १३८ ॥

इन्द्रियोत्पन्ना इति । आद्यपदद्वयोत्थाः । इन्द्रियार्थोद्भवाः स्त्रियः अधस्तिर्यङ्मुखोपेता इति सम्बन्धः । इन्द्रियार्थोद्भवा इति । अन्त्यपादद्वयोत्थाः । सर्वासामुपसंहारः । ईरिता वर्णदेवता इति ॥ ६९-७३ ॥

ये अग्नि की सभी मूर्त्तियाँ प्रधान मूर्त्ति के समान शरीर वाली हैं और अपने अपने नामों के वर्णों के अनुसार कान्ति युक्ता हैं । सभी के केश एवं मुख जाज्वल्यमान हैं सभी के दाँत भयानक होने के कारण भय उत्पन्न करते हैं ॥६९॥

इन्द्रियों से उत्पन्न देवता (अर्थात् प्रथम एवं द्वितीय पादों से उत्पन्न) ऊर्ध्व दृष्टि वाले हैं। पञ्चमहाभूत रूप (तृतीय पाद से उत्पन्न) से उत्पन्न देवता तिर्यग् (तिरछे) मुख वाले हैं ॥ ७० ॥

धातुरूप चतुर्थपाद से उत्पन्न देवता ऊपर नीचे की ओर दो दो मुख वाले हैं । ऊर्मिरूप पञ्चम पाद से उत्पन्न देवता ऊर्ध्वमुख वाले हैं, षाट्कोशिक रूप षष्ठ पाद से उत्पन्न देवता तिर्यक् (तिरछे) मुख वाले हैं ॥ ७१ ॥

ये सभी देवता क्लीव (नपुंसक) स्वभाव वाले हैं । केवल आद्य के दो पादों वाले शब्दस्पर्शादि विषयों से और वचन आदि से उत्पन्न देवता स्त्री स्वरूप हैं और उनका मुख नीचे तथा तिरछे हैं । वर्णों के देवता तो पूर्व में (द्र. २१. ५०-५५) कह ही आये हैं ॥ ७२ ॥

ये देवता सौम्य कार्य में अभिमुख रहते हैं । परन्तु अन्य कर्म में ये देवता पराङ्मुख रहते हैं । इन देवताओं से प्रज्वलित मुख वाले अगणित देवता उत्पन्न हुये हैं ॥ ७३ ॥

याभिर्मन्त्री दहेच्छत्रो राज्यं सगिरिकाननम् ।
अस्त्रं मनुष्यनक्षत्रेष्वारभेत विचक्षणः ॥ ७४ ॥
आसुरेषु प्रयुञ्जीत देवतारासु संहरेत् ।
पूर्वोत्तरत्रयं पश्चाद्भरण्यार्द्राऽथ रोहिणी ।
इमानि मानुषाण्याहुर्नक्षत्राणि मनीषिणः ॥ ७५ ॥
ज्येष्ठा शतभिषा मूलधनिष्ठाश्लेषकृत्तिकाः ।
चित्रामघाविशाखाः स्युस्तारा राक्षसदेवताः ॥ ७६ ॥
अश्विनी रेवती पुष्यः स्वाती हस्ता पुनर्वसुः ।
अनुराधामृगशिरः श्रवणा देवतारकाः ॥ ७७ ॥

उपक्रमेत नन्दासु रिक्तास्वस्त्रं विसर्जयेत्।
भद्रास्वाहरणं कुर्याज्जयास्वत्यन्तमुत्तमम् ॥ ७८ ॥
उपक्रमो भौमवारे शनिवारे विसर्जनम्।
प्रतिसंहरणं वारे गुरोः शुक्रस्य वा भवेत्॥ ७९ ॥

नन्दास्विति। प्रतिपत्षष्ठ्येकादशीषु। रिक्तास्विति। चतुर्थीनवमीचतुर्दशीषु। भद्रास्विति। द्वितीयासप्तमीद्वादशीषु। जयास्विति। तृतीयाष्टमी त्रयोदशीषु। अत्यन्तमुत्तममाहरणमित्यनुषज्यते—

'भद्रासु संग्रहं कुर्याज्जयासु तु विशेषतः' इत्युक्तेः ॥ ७४-७९ ॥

मन्त्रज्ञ इन देवताओं को सिद्ध कर वन पर्वत सहित एवं छत्र युक्त राज्य नष्ट कर सकता है। बुद्धिमान् साधक आगे कहे जाने वाले मनुष्य नक्षत्र में आग्नेयास्त्र का प्रारम्भ करे ॥ ७४ ॥

आगे कहे जाने वाले आसुर नक्षत्रों में इसका प्रयोग करे तथा देवता नक्षत्रों में इसकी समाप्ति करे।

विमर्श—यहाँ प्रारम्भ प्रयोग तथा उपसंहार यह तीन क्रिया कही गई है, सामग्री संपादन पूर्वक संकल्प का नाम प्रारम्भ है और आहुति आदि का दान प्रयोग है तथा फल प्राप्त हो जाने पर विर्सजन उपसंहार है। तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा एवं भरणी, आर्द्रा तथा रोहिणी ये ९ मनुष्य नक्षत्र हैं ऐसा मनीषियों ने कहा है ॥ ७५ ॥

ज्येष्ठा, शतभिषा, मूल, धनिष्ठा, आश्लेषा, कृत्तिका, चित्रा, मघा, विशाखा ये ९ आसुर नक्षत्र हैं, क्योंकि इनके देवता राक्षस हैं ॥ ७६ ॥

अश्विनी, रेवती पुष्य, स्वाती, हस्त, पुनर्वसु, अनुराधा, मृगशिरा और श्रवण—ये ९ दैविक नक्षत्र हैं इनके देवगण देवता हैं ॥ ७७ ॥

इस आग्नेयास्त्र मन्त्र का उपक्रम नन्दा (= प्रतिपद् षष्ठी एवं एकादशी) तिथियों में करे। चतुर्थी, नवमी तथा चतुर्दशी इन रिक्ता तिथियों में विसर्जन करे, भद्रा (= द्वितीया, सप्तमी, द्वादशी) में आहरण करे। किन्तु जया (= तृतीया, अष्टमी और त्रयोदशी) तिथि में आहरण अत्यन्त श्रेष्ठ कहा गया है ॥ ७८ ॥

भौमवार के दिन आग्नेयास्त्र का आरम्भ, शनिवार के दिन विसर्जन और गुरुवार अथवा शुक्रवार को उपसंहार करे ॥ ७९ ॥

स्थिरेषु राशिष्वारम्भश्चरेषु स्याद्विसर्जनम्।
अस्त्रसंहरणं कुर्यादुभयेषु विचक्षणः॥ ८० ॥

स्थिरेष्विति। वृषसिंहवृश्चिककुम्भेषु। चरेष्विति। मेषकर्कटतुलामकरेषु। उभयेष्विति। द्विस्वभावेषु। मिथुनकन्याधनुर्मीनेषु ॥ ८० ॥

इसी प्रकार स्थिर राशि (= वृष, सिंह, वृश्चिक एवं कुम्भ) में आग्नेयास्त्र का आरम्भ करे । चर राशि (= मेष, कर्कट, तुला, मकर) में विसर्जन करें और द्विःस्वभाव मिथुन, कन्या, धन एवं मीन में भी आग्नेयास्त्र का संहरण किया जा सकता है ॥ ८० ॥

कृष्णपक्षेऽनलेनाऽस्त्रं विसृजेच्छशिना पुनः ।
शुक्लपक्षे क्रमादस्त्रं पुनरात्मनि संहरेत् ॥ ८१ ॥

अनलेन तु दक्षिणनासापुटसञ्चारन्मरुता । साम्प्रदायिकास्त्वेवं मन्यन्ते । अत्राऽनलशब्देनाऽग्निमण्डलम् । रमिति बीजम् । कृत्तिकादिनक्षत्रमप्युच्यते । तद्वच्छशिशब्देन चन्द्रमण्डलं चन्द्रबीजं सौम्यास्तिथयश्चोच्यन्ते । तेनायमर्थः- अग्निमण्डलं स्वबीजसंयुक्तं ध्यात्वा नक्षत्रप्रधानमेव विसर्जनकर्म कुर्यात् ॥ ८१ ॥

कृष्णपक्ष में जब कृत्तिका नक्षत्र हो तब अस्त्र मन्त्र का प्रारम्भ करे और शुक्ल पक्ष में जब सौम्य नक्षत्र हो तो उसका प्रयोग करे । पुनः जब अग्निमण्डल का कृत्तिकादि नक्षत्र आवे तब विसर्जन करे ॥ ८१ ॥

भानुना मोक्षसंहारौ कुर्यात्पक्षद्वये सुधीः ।
पश्चिमाभिमुखो भूत्वा कर्म सर्वत्र साधयेत् ॥ ८२ ॥

भानुनेति । आत्मनो भास्कररूपध्यानेन । एवमात्मनो भास्कररूपं विचिन्त्य पूर्वोक्तप्रकारेण पक्षद्वये मोक्षसंहारौ सुधीः कुर्यादित्यनुवादः । आत्मनो भास्कररूपत्वध्यानमात्रं विशेषः । तदुक्तमाचार्यैः—

नक्षत्रात्मा हुताशः स्यात्तिथ्यात्मेन्दुरुदाहृतः ।
ताभ्यां करोति दिनकृद्विसर्गादानकर्मणी ॥ इति ॥

सर्वत्रेति । आरम्भे प्रयोगे उपसंहारे च । सामग्रीसम्पादनपूर्वकं कर्मसङ्कल्प आरम्भः । हुतक्रियाऽस्त्रविमोचनम् । दृष्टफलानन्तरमुद्वासनं संहृतिः । अन्यत्र कालनियमं विना प्रारम्भोऽप्युक्तः—

परचक्रभयादौ च तीव्ररूपे महाभये ।
न कालनियमो गम्यः प्रयोगाणां कदाचन ॥ इति ॥ ८२ ॥

अपनी आत्मा में भास्कर के रूप का ध्यान कर, अथवा आत्मा को स्वयं भास्कर रूप समझ कर दोनों पक्षों में अस्त्र मन्त्र का प्रारम्भ तथा उपसंहार करे । अस्त्रकर्म की सिद्धि के लिए आरम्भ, प्रयोग और उपसंहार में भी पश्चिमाभिमुख हो कर करनी चाहिए ॥ ८२ ॥

नक्षत्रवृक्षशकलान् साध्याख्याकर्मसंयुतान् ।
तत्तन्मन्त्राक्षरोपेतान् मन्त्री मन्त्रार्णसंख्यया ॥ ८३ ॥
जुहुयादेधिते वह्नौ मारयेद् रिपुमात्मनः ।
कृष्णाष्टमीं समारभ्य यावत् कृष्णचतुर्दशी ॥ ८४ ॥

नक्षत्रवृक्षा द्वाविंशे वक्ष्यमाणाः । शकलानिति । प्रादेशमितान् । साध्याख्या-कर्मसंयुतान् तत्तन्मन्त्राक्षरोपेतानि । अनेन क्रमेण—

'अन्ते नाम्नो भवेन्मन्त्रः पल्लवो मारणे मतः' इति पल्लव उक्तः ॥८३-८४॥

धत्तूरविषवृक्षाक्षभूरुहोत्थान् समिद्वरान् ।
राजीतैलेन संलिप्तान् पृथक् सप्तसहस्रकम् ॥ ८५ ॥
जुहुयात् संयतो भूत्वा रिपुर्यमपुरं व्रजेत् ।
सप्तरात्रं प्रजुहुयात् सिद्धार्थस्नेहलोलितैः ॥ ८६ ॥

विषवृक्षः कारस्करः, अक्षो बिभीतकः, सिद्धार्थस्नेहं सर्षपतैलम् ॥८५-८६॥

साध्य के नक्षत्र (द्र. २२,१६०-१६३) वृक्ष की प्रादेश मात्र समिधा तथा साध्य के नाम एवं कर्म के साथ मन्त्र के एक एक अक्षरों के साथ पृथक् पृथक् जोड़कर जितनी मन्त्राक्षरों की संख्या हो उतनी संख्या में जाज्वल्यमान अग्नि में होम करे तो साधक अपने शत्रु को मार डालता है । कृष्णाष्टमी से आरम्भ कर कृष्ण पक्ष की चतुर्दशीपर्यन्त धूत्तूर, कुचिला, विभीतक वृक्षों की समिधाओं में राई के तेल को पोत कर सात हजार की संख्या में इस मन्त्र द्वारा ब्रह्मचर्य, एकाहार सत्यभाषण आदि संयम रखते हुये होम करे, तो शत्रु यमपुर चला जाता है ॥ ८३-८६ ॥

आर्द्रवस्त्रो विष्टिकालो मरीचैर्मनुनाऽमुना ।
निगृह्यते ज्वरेणाऽरिः प्रलयाग्निसमेन सः ॥ ८७ ॥
तालपत्रे समालिख्य शत्रुनाम यथाविधि ।
आग्नेयास्त्रेण संवेष्ट्य कुण्डमध्ये निधापयेत् ॥ ८८ ॥
जुहुयान्मरिचैः क्रुद्धो ज्वराक्रान्तः स जायते ।
तदादाय क्षिपेत्तोये शीतले स वशो भवेत् ॥ ८९ ॥

विष्टिकाल इति विष्टौ करणे । विषारिघातादि च तत्र सिध्येदित्युक्तेः ।

यथाविधीति—कर्मसहितम् । संवेष्ट्येतिपरितो लेखनम् । धत्तूररसेनेति परमगुरवः ॥ ८७-८९ ॥

सफेद सरसों के तेल में भिगोई हुई मरीचों से आर्द्रवस्त्र हो, विष्टि नामक करण में इस मन्त्र द्वारा सात रात पर्यन्त होम करे, तो शत्रु के ऊपर प्रलयाग्नि के समान घनघोर ज्वर चढ़ जाता है ॥ ८७ ॥

ताड़ के पत्ते पर शत्रु का नाम तथा उसका कर्म लिख कर आग्नेयास्त्र मन्त्र से उसे संवेष्टित करे, फिर उसे कुण्ड के मध्य में रख देवें और स्वयं क्रुद्ध हो मरीच से उस पर होम करे तो शत्रु ज्वराक्रान्त हो जाता है, पुनः उसे निकाल कर शीतल जल में रख दे तो शत्रु वश में हो जाता है ॥ ८८-८९ ॥

पिष्ट्वाऽपामार्ग बीजानि मरीचं मधुसंयुतम् ।
अत्युष्णे लवणे तोये निःक्षिप्य क्वाथयेत्ततः ॥ ९० ॥
ऋक्षवृक्षप्रतिकृतेर्हृदये वदने नसि ।
किञ्चितकिञ्चितक्षिपेत्तोयं दर्व्या कारस्करोत्थया ॥ ९१ ॥
आग्नेयमुच्चरन्मन्त्री सोऽचिराज्ज्वरितो भवेत् ।
क्वथितेऽम्भसि तां क्षिप्त्वा हन्याच्छत्रुमयत्नतः ॥ ९२ ॥

कारस्करेति । कुचिला ॥ ९०-९२ ॥

अपामार्ग के बीजों को पीस कर उसमें मात्रानुसार मधुसंयुक्त मरीच पीस कर मिला देवे । पश्चात् समुद्र के अत्यन्त गर्म जल में उसे डालकर उसका क्वाथ बनावे—फिर कुचिला की दर्वी द्वारा उस क्वाथ को शत्रु के वृक्ष की लकड़ी से बनाई गई प्रतिमा के हृदय, मुख, नासिका में इस मन्त्र को पढ़ते हुये थोड़ा थोड़ा उडेलता रहे तो साध्य शीघ्र ही ज्वराक्रान्त हो जाता है अथवा उस जलते हुये क्वाथ में उस प्रतिमा को डाल देवे तो शत्रु बिना यत्न किये ही मारा जा सकता है ॥ ९०-९२ ॥

तीक्ष्णस्नेहेन संलिप्तां शत्रुप्रतिकृतिं निशि ।
तापयेदेधिते वह्नौ प्रतिलोममनुं जपन् ॥ ९३ ॥
ज्वरेण बाध्यते सद्यो होमादस्य मृतिर्भवेत् ।

तीक्ष्णस्नेहेन सर्षपतैलेन । प्रतिलोममित्याग्नेयमस्त्रम् । होमादित्यर्थात् प्रतिकृतेः। अस्येति रिपोः ॥ ९३-९४ ॥

सर्षप के तेल से पोती हुई शत्रु की प्रतिकृति रात के समय जलती हुई अग्नि में तपावे और प्रतिलोम रूप से अस्त्र मन्त्र का जप करता रहे, तो शत्रु शीघ्र ही ज्वर से पीडित हो जाता है और पुतली का होम करे तो शत्रु मर भी जाता है ॥ ९३-९४ ॥

सामुद्रे सलिले हिङ्गुविषजीरकलोलिते ॥ ९४ ॥
क्वथिते पुत्तलिं साध्यनक्षत्रतरुनिर्मिताम् ।
अधोवक्त्र्यां विनिक्षिप्य यष्ट्या विषतरूत्थया ॥ ९५ ॥
तच्छिरस्ताडनं कुर्वन् जपेदस्त्रं विलोमतः ।
सप्ताहान्मरणं याति शत्रुर्ज्वरविमोहितः ॥ ९६ ॥

सामुद्रे सलिले । लवणोदके । विलोमत इति । जातभेदोऽभिप्रायेण । तेनाग्नेयास्त्रमित्यर्थः ॥ ९४-९६ ॥

साध्य के नक्षत्र के वृक्ष (२२,१६०-१६३) की लकड़ी की बनी हुई प्रतिमा को अधोमुख कर ऊपर कहे गये क्वाथ में छोड़ देवे । पुनः विषवृक्ष

(कुचिला) की छड़ी से उस पुतली के शिर पर इस मन्त्र को विलोम रूप से पढ़ते हुए ताड़न करे तो शत्रु ज्वर से मूर्च्छित हो एक सप्ताह के भीतर मृत्यु को प्राप्त करता है ॥ ९५-९६ ॥

आदित्यरथनागेन्द्रग्रस्ताङ्घ्रिं तद्विषाहतम् ।
नग्नं तैलेन लिप्ताङ्गं दग्धं भानुमरीचिभिः ॥ ९७ ॥
अधोमुखं निजरिपुं ध्यात्वा क्वथितवारिणा ।
तर्पयेद्भानुमालोक्य शत्रुर्मृत्युप्रियो भवेत् ॥ ९८ ॥

नागेन्द्रः सर्पः । तर्पयेदिति दुर्गाम् ॥ ९७-९८ ॥

अब ध्यान द्वारा शत्रु के मारण की प्रक्रिया कहते हैं—आदित्य के रथ के नीचे पड़े हुये, अथवा पैर में साँप से ग्रस्त, अथवा साँप के विष से मरे हुये, अथवा तेल से लिप्ताङ्ग नंगे, अथवा सूर्य की किरणों से जले हुये, अधोमुख, अपने शत्रु का ध्यान कर सूर्य की ओर देखते हुये गर्म जल से दुर्गा का तर्पण करे तो शत्रु मृत्यु का प्रिय पात्र बन जाता है ॥ ९७-९८ ॥

बिभ्रतीं मुशलं शूलं ध्यायन् कालघनप्रभाम् ।
कार्पासबीजैर्निम्बस्य पत्रैर्मेषीघृतप्लुतैः ॥ ९९ ॥
हुत्वा विद्वेषयेच्छत्रूनस्त्रेणाऽनेन देशिकः ।
बिभ्राणां तर्जनीं शूलं ध्यात्वा दुर्गां भयङ्करीम् ॥ १०० ॥
महिषीघृतसंसिक्तैः पल्लवैर्विषवृक्षजैः ।
हुत्वा रिपोः क्षणात् सेनामुच्चाटयति मन्त्रवित् ॥ १०१ ॥

तर्जनीमिति । तर्जनीमुद्राम् । तल्लक्षणमुक्तं दुर्गापटले ॥ ९९-१०१ ॥

काले बादल के समान कान्ति वाली, मुशल तथा शूल धारण किये हुये महाकाली का ध्यान कर, कार्पास बीज एवं निम्ब पत्रों को भेंड़ी के घृत में डुबो कर इस अस्त्र मन्त्र से होम करे तो शत्रुओं में आपस में ही फूट हो जाती है । शूल एवं तर्जनी मुद्रा धारण करने वाली भयङ्कर रूपवाली दुर्गा का ध्यान कर भैंस के घृत में डुबोई गई विषवृक्ष (कुचिला) की पत्तियों से होम करे तो शत्रु सेना में तत्क्षण उच्चाटन हो जाता है ॥ ९९-१०० ॥

ध्यात्वा देवीं पुरा प्रोक्तां चतुर्भिर्मरिचान्वितैः ।
अजारुधिरसंसिक्तैर्जुहुयाद्दिवसत्रयम् ॥ १०२ ॥
रिपोरुच्चाटनं कुर्यात् सेनाया नाऽत्र संशयः ।
अग्निशूलकरां दुर्गां ज्वलन्तीं प्रलयाग्निवत् ॥ १०३ ॥
ध्यात्वा सर्षपतैलाक्तैर्बीजैर्धत्तूरसम्भवैः ।
हुत्वा विमोहयेच्छत्रून् मरिचैर्वा ससर्षपैः ॥ १०४ ॥

सर्षपतैलाक्तैरित्युत्तरत्राप्यन्वेति ॥ १०२-१०४ ॥

पहले (२१. ९९-१००) कहे गये दुर्गा के स्वरूप का ध्यान कर बकरे के रक्त से संसिक्त चार चार मरीचों से युक्त हवि द्वारा तीन दिन तक निरन्तर होम करे तो शत्रु सेना में तत्क्षण उच्चाटन हो जाता है, इसमें संशय नहीं । अपने हाथों में अग्नि और त्रिशूल धारण की हुई प्रलयकालीन अग्नि के समान जाज्वल्यमान दुर्गा का ध्यान कर सरसों के तेल में डुबाये गये धत्तूर के बीजों का अस्त्र मन्त्र से होम करे, अथवा सरसों के सहित मरीच से होम करे तो शत्रु मूर्च्छित हो जाता है ॥ १०२-१०४ ॥

कालाञ्जननिभां दुर्गां शूलखड्गधरां स्मरन् ।
नक्षत्रवृक्षसम्भूतैर्व्रणकृत्स्नेहसंयुतैः ॥ १०५ ॥
समिद्वरैः प्रजुहुयाद्धन्यान्मासेन वैरिणम् ।
सिंहाधिरूढां धावन्तीं धावमानं रिपुं प्रति ॥ १०६ ॥
शरान् कार्मुकनिर्मुक्तान् वह्निज्वालामुखाकुलान्
मुञ्चन्तीं संस्मरन् दुर्गां तर्पयेदुष्णवारिणा ।
भानुबिम्बं समालोक्य रिपोरुच्चाटनं भवेत् ॥ १०७ ॥

व्रणकृद्भल्लातः ॥ १०५-१०७ ॥

काले अञ्जन के समान रूप वाली हाथों में शूल तथा खड्ग धारण किये हुये दुर्गा का समरण कर साध्य के नक्षत्र (द्र. २२. १६०-१६३) वृक्ष की समिधा का जो भल्लातक के तेल में डुबोई गई हो, इस मन्त्र से होम करे तो साधक एक महीने के भीतर ही अपने शत्रु का विनाश कर देता है । भागते हुये शत्रु के पीछे-पीछे सिंहाधिरूढ़ हो दौड़ती हुई और उस पर अग्नि के समान देदीप्यमान धनुष से मुक्त बाणों द्वारा प्रहार करती हुई श्रीदुर्गा का ध्यान कर गर्म गर्म जल से सूर्य बिम्ब की ओर दृष्टि रख कर इस मन्त्र द्वारा उनका तर्पण करे तो शत्रु का उच्चाटन हो जाता है ॥ १०५-१०७ ॥

अतिदुर्गामयोमुष्टिगदाहस्तां विचिन्तयेत् ।
विद्युद्दामसमानाभां महिषीघृतसंप्लुतैः ॥ १०८ ॥
पुलाकैर्जुहुयान्निम्बबिभीतकसमिद्वरैः ।
कोद्रवैरथ शत्रोश्च सेनायाः स्तम्भनं भवेत् ॥ १०९ ॥
आत्तपाशाङ्कुशां रक्तां गाणिदुर्गामनु स्मरेत् ।
लोणैः समधुरैः साध्यवृक्षकाष्ठैधितेऽनले ॥ ११० ॥
जुहुयान्निशि सप्ताहान्मन्त्रविद्वशयेन् नृपान् ।
पाशाङ्कुशधरां रक्तां विश्वदुर्गां विचिन्तयेत् ॥ १११ ॥

फलिनीकुसुमैः फुल्लैश्चन्दनाम्भः समुक्षितैः ।
जुहुयान्निशि यो मन्त्री तस्य विश्वं वशं भवेत् ॥ ११२ ॥
शरच्चन्द्रनिभां देवीं विगलत्परमामृताम् ।
पाशाङ्कुशधरां ध्यायन् सिन्धुदुर्गां समिद्वरैः ॥ ११३ ॥
वैतसैर्मधुरासिक्तैर्जुहुयात् वृष्टिसिद्धये ।
कपालं त्रिशिखं पाशमङ्कुशं बिभ्रतीं करैः ॥ ११४ ॥
जवाकुसुमसङ्काशामग्निदुर्गां विचिन्तयन् ।
हुत्वा लवणपुत्तल्या मधुरत्रययुक्तया ॥ ११५ ॥
आकर्षेद्वाञ्छितान् साध्यान्मन्त्रविन्नाऽत्र संशयः ।
अतिदुर्गेयमत्याद्या षदन्ता त्रिष्टुबीरिता ॥ ११६ ॥
दुर्वर्णान्ताऽथ गाण्याद्या गाणिदुर्गा समीरिता ।
विश्वाद्याण्यक्षरान्ता सा विश्वदुर्गा समीरिता ॥ ११७ ॥
सिन्ध्वाद्या सा वकारान्ता सिन्धुदुर्गा निगद्यते ।
त्यन्तामग्न्यादिकामेनामग्निदुर्गां विदुर्बुधाः ॥ ११८ ॥

अतिदुर्गादयः पञ्च जातवेदोमन्त्रभेदा एव वक्ष्यमाणाः । पुलाकैस्तुच्छधान्यैः । अतीति । अतिदुर्गाणि विश्वा इत्यारभ्य परिषदन्ता सर्वा ऋक् । एवमग्रेऽपि । गूढार्थदीपिकाकारस्तु । आतिषदिति । त्रिवर्णं मन्त्रं वदन् बभ्रामैव ॥१०८-११८॥

वज्र के समान मुष्टि ताने हुये एक हाथ में गदा लिये हुये बिजली के समान चमकती हुई **अतिदुर्गा** (द्र. २१. ११६) का ध्यान कर उस मन्त्र से भैंस के घी में डुबोए गए हल्के हल्के तुच्छ धान्यों का निम्ब एवं वहेडा की वृक्ष की समिधा से जलती हुई अग्नि में होम करे अथवा भैंस के घी में डुबोये गये कोदों से होम करे तो शत्रु का स्तम्भन हो जाता है ॥ १०८-१०९ ॥

पाश और अंकुश हाथों में लिये हुये रक्तवर्ण वाली गाणिदुर्गा (द्र. २१. ११७) का स्मरण कर उस मन्त्र से मधुरत्रय संयुक्त लवण द्वारा शत्रु के नक्षत्र वृक्ष की समिधा से जलती हुई अग्नि में रात्रि के समय होम करे तो सात दिन के भीतर राजाओं को अपने वश में कर लेता है ॥ ११०-१११ ॥

पाश, अंकुश धारण करने वाली रक्त वर्ण की विश्वदुर्गा (द्र. २१. ११७) का ध्यान कर चन्दन के जल से धोई गई फूलों फलिनी (प्रियङ्गु) के पुष्पों से रात्रि काल में **विश्वदुर्गा** के मन्त्र से होम करे तो सारा विश्व उसके वश में हो जाता है ॥ १११-११२ ॥

शरत्पूर्णिमा के समान परमामृतरस का क्षरण करती हुई पाश एवं अंकुश धारण करने वाली **सिन्धुदुर्गा** का ध्यान कर त्रिमधुर से संसिक्त वेंत की समिधा से जलती हुई अग्नि में इस मन्त्र से होम करे तो वृष्टि की सिद्धि होती है ॥ ११३ ॥

हाथों में कपाल, त्रिशूल, पाश और अंकुश धारण किये हुये । गुल दुपहरिया पुष्प के समान रक्त शरीर वाली **अग्नि दुर्गा** का समरण करते हुये मधुरत्रय से संयुक्त नमक की बनी हुई पुतली का इस मन्त्र से होम करे तो साध्य को अपने अनुकूल बना कर जैसा चाहे वैसा अभीष्ट सिद्ध कर लेता है इसमें संशय नहीं । अब ऊपर कहे गये (द्र. २१. १०८-११५ पर्यन्त) अतिदुर्गा, गाणिदुर्गा, विश्वदुर्गा, सिन्धुदुर्गा, अग्निदुर्गा, के पाँच मन्त्रों का उद्धार कहते हैं— ये मन्त्र ॐ जातवेदसे इस मन्त्र के भेद हैं । अति दुर्गाणि विश्वा से आरम्भ कर परिषद् पर्यन्त सभी त्रिष्टुप् ऋक् अतिदुर्गा के मन्त्र हैं ॥ ११४-११६ ॥

दुर्गाणि के 'गाणि' से आरम्भ कर दुर् पर्यन्त सभी ऋक् गाणिदुर्गा के मन्त्र हैं । विश्वा से लेकर दुर्गाणि के णि पर्यन्त सभी ऋक् विश्वदुर्गा के मन्त्र हैं ॥ ११७ ॥

सिन्धु से प्रारम्भ कर नावेव पर्यन्त सभी ऋक् सिन्धुदुर्गा के मन्त्र हैं । अग्नि से लेकर दुरितात्य के त्यपर्यन्त सभी ऋक् अग्निदुर्गा के मन्त्र हैं ऐसा बुद्धिमानों का कहना है ॥ ११८ ॥

अङ्गणे स्थण्डिलं कृत्वा सुगन्धिकुसुमादिभिः ।
देवीमभ्यर्चयेन्नित्यं प्रागुक्तेनैव वर्त्मना ॥ ११९ ॥
आहरेद्रात्रिषु बलिं चरुणा सर्वसिद्धिदम् ।
कृत्यारोगभयद्रोहभूतादीन्नाऽत्र संशयः ॥ १२० ॥

आँगन में चौकोर वेदी बना कर सुगन्धित पुष्पादि से पूर्वोक्त विधि से नित्य देवी का समर्चन करे ॥ ११९ ॥

पुनः रात्रिकाल में चरु की बलि देवें, तो सारे मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं । कृत्या, रोगबाधा, शत्रु आदि से भय, द्रोह और भूत बाधा आदि शान्त हो जाते हैं इसमें संशय नहीं ॥ १२० ॥

यथावदग्निमाराध्य गन्धैः पुष्पैर्मनोरमैः ।
स्थित्वा तस्याऽग्रतो मन्त्री जपेन्मन्त्रमनन्यधीः ॥ १२१ ॥
जपोऽयं सर्वसिद्ध्यै स्यान्नाऽत्र कार्या विचारणा ।
लवणैर्मधुरासिक्तैर्जुहुयात् पश्चिमामुखः ॥ १२२ ॥

तस्येत्यग्नेः ॥ १२१ ॥

गन्ध युक्त मनोहर पुष्पों द्वारा अग्नि की विधानतः पूजा कर उसके आगे खड़े हो एक चित्त से इस मन्त्र का जप करे तो यह जप सब प्रकार की सिद्धि कर देता है इसमें विचार की आवश्यकता नहीं है ॥ १२१-१२२ ॥

मन्त्रार्णसंख्यया मन्त्री रिपुमात्मवशं नयेत् ।
शालीन्प्रक्षाल्य संशोष्य शुद्धान्कुर्वीत तण्डुलान् ॥ १२३ ॥

जपित्वा पञ्चगव्येषु संस्कृते हव्यवाहने ।
चरुं पचेज्जपन्मन्त्रमवतार्य पुनः सुधीः ॥ १२४ ॥

त्रिमधुर मिश्रित लवण से पश्चिमाभिमुख हो मन्त्र के वर्णों की संख्या के अनुसार जप करने से साधक शत्रु को अपने वश में कर लेता है । चावल को धोकर धूप में सुखाकर विशुद्ध करे। पुनः जप कर शुद्ध सुसंस्कृत अग्नि में चरु निर्माण करे, फिर इस मन्त्र का जप करते हुये उस चरु को अग्नि से उतार लेवे ॥१२२-१२४॥

अर्चयित्वा विशदधीर्देवीमग्नौ यथा पुरा ।
जुहुयाच्चरुणाऽनेन साज्येनाऽष्टसहस्त्रकम् ॥ १२५ ॥
पात्रे सम्पातनं कुर्वन् साध्यं तत्प्राशयेत् सुधीः ।
शेषं तं निखनेद् वारिसम्पातं प्राङ्गणान्तरे ॥ १२६ ॥
कृत्या रोगा विनश्यन्ति सह भूतग्रहामयैः ।
परैरुत्पादिता कृत्या पुनस्तानेव भक्षयेत् ॥ १२७ ॥

फिर बुद्धिमान् साधक देवी की पूर्ववत् पूजा कर अग्नि में घी मिलाकर चरु का इस मन्त्र से आठ हजार होम करे और हुतशेष घृत किसी पात्र में डालता रहे, फिर उस संस्त्रव (हुतशेषघृत) को साध्य को पिला दे, कुछ शेष रखकर उसमें पानी मिला आँगन में गाड़ देवे तो भूत बाधा ग्रह बाधा के साथ ही कृत्या और रोग नष्ट हो जाते हैं । बहुत क्या कहें शत्रुओं के द्वारा प्रयुक्त की गई कृत्या उल्टे समस्त शत्रुगणों को ही खा जाती है ॥ १२५-१२७ ॥

व्रीहिभिर्हविषा क्षीरैः पयोवृक्षसमिद्वरैः ।
आज्यैर्मधुत्रयोपेतैरेतैर्दशशतं पृथक् ॥ १२८ ॥
जुहुयात् सम्पदां भूमिः साधको भवति ध्रुवम्।

व्रीहि हविष्य, दूध, क्षीरी वृक्षों की समिधा और आज्य इन्हें मधुरत्रय (पय आज्य मधु) से मिश्रित कर एक एक से पृथक् पृथक् एक एक हजार होम करे तो निश्चय ही साधक संपत्तियों का घर बन जाता है ।। १२८-१२९ ।।

सिकताप्रयोगमाह

भास्करे मेषराशिस्थे मन्त्रज्ञोऽनुगुणे दिने ॥ १२९ ॥
नद्यां सागरगामिन्यां सततं पुष्कलाम्भसि ।
उद्धृत्यादाय सिकताः संशोष्य परिशोधयेत्॥ १३० ॥
न्यस्य ताः पञ्चगव्येषु संस्कृते हव्यवाहने ।
भर्जयेन्मनुना सिद्ध्यै दर्व्या ब्रह्मरुहोत्थया ॥ १३१ ॥

सिकताप्रयोगमाह भास्कर इति । सागरगामिन्यामिति साक्षात् । पञ्चगव्येष्विति । आलोडनपर्याप्तेषु ॥ १२९-१३१ ॥

मेष राशि के सूर्य होने पर जब दिन नक्षत्र और मुहूर्त्त उत्तम हो,उस समय साधक पर्याप्त जल युक्त सागर गामिनी नदी के भीतर घुस कर सिकता ले लेवे, पुनः उसे घाम में सुखा कर अच्छी तरह शुद्ध कर ले । फिर उसे पर्याप्त पञ्चगव्य में रखकर, सुसंस्कृत अग्नि में सिकता को सिद्ध करने के लिये इस मन्त्र को पढ़ते हुये पलाश वृक्ष की दर्वी से उसे खूब भून डाले ॥ १२९-१३१॥

सिंहमेषधनुस्थेऽर्के कृष्णपक्षेऽष्टमीतिथौ ।
विशाखा कृत्तिकामूलहस्तौत्तर मघास्वथ ॥ १३२ ॥
रोहिण्यां श्रवणे वारौ मन्दवाक्पतिदैवतौ ।
विहायाऽन्येषु कुर्वीत सिकतास्थापनं सुधीः ॥ १३३ ॥
गृहग्रामादिराष्ट्राणां रक्षार्थं सिकताः शुभाः ।

गृहग्रामादीत्यादि शब्देन नगरम् ॥ १३२-१३४ ॥

फिर, सिंह, मेष तथा धनुष् के सूर्य होने पर कृष्णपक्ष में अष्टमी तिथि को विशाखा, कृत्तिका, मूल, हस्त तीनों उत्तरा, मघा, रोहिणी, श्रवण नक्षत्र होने पर शनि और बृहस्पतिवार दो वारों को छोड़कर शेष अन्य दिनों में सिकता का स्थापन करे। इस प्रकार की सिद्ध सिकता गृह ग्राम तथा राष्ट्र की रक्षा के लिये कल्याणकारिणी होती है ॥ १३२-१३४ ॥

प्रस्थाढकघटोन्माना मध्यादिष्ववटेष्विमाः ॥ १३४ ॥
नवसु प्रक्षिपेज्जप्तास्तेषु सम्पूजयेत् क्रमात् ।
मध्यादि देवीशस्त्राणि कपालान्तानि देशिकः ॥ १३५ ॥
चक्रं शङ्खमसिं खेटं बाणश्चापं त्रिशूलकम् ।
कपालं स्वस्वमन्त्रेण सम्पूज्याऽन्ते बलिं हरेत् ॥ १३६ ॥

प्रस्थेति । गृहे प्रस्थमिताः, ग्रामे नगरे आढकमिताः । राष्ट्रे घटोन्मिताः । अशीतिगुञ्जः कर्षः । चतुर्गुणः पलम् । चतुष्पलः कुडवः । चतुःकुडवः प्रस्थः । प्रस्थचतुष्कमाढकः । आढकचतुष्कं द्रोणः । द्रोणचतुष्कं घटः । दशाङ्गुलाधिकं चतुर्विंशत्यङ्गुलं केचिदाहुः ॥ १३४-१३५ ॥

स्वस्वमन्त्रेणेति—सप्तदशोक्तेन अन्ते बलिमिति । देव्याःचक्राद्यस्त्राणां च ॥ १३५-१३६ ॥

घर में प्रस्थ मात्रा, ग्राम, एवं नगर में आढ़क प्रमाण तथा राष्ट्र में घट प्रमाण सिकता का विधान है । मध्य में एक तथा उसके चारों दिशाओं में चार एवं चार कोनों में चार इस प्रकार कुल नव गड्ढा खोदकर उक्त प्रमाण, सिकता स्थापित करे । फिर मध्य के गड्ढे में चक्र, शङ्ख, असि, खेट, बाण, चाप, त्रिशूल और कपाल इन आठो देवी के शस्त्रों की समुदित रूप से तथा आठो दिशाओं के गड्ढे में एक एक के क्रम से तत्तन्मन्त्रों से पूजा करे और अन्त में बलि प्रदान करे । (शस्त्रों के पूजा का मन्त्र (द्र. १७. ४२-५०) ॥ १३४-१३६ ॥

नक्षत्रग्रहराशीनां लोकेशानां बलिं हरेत् ।
विहिता यत्र रक्षेयं वर्धन्ते तत्र सम्पदः ॥ १३७ ॥
क्षुद्रग्रहमहारोगसौरभूतसरीसृपाः ।
अमुना विलयं यान्ति विधिना नाऽत्र संशयः ॥ १३८ ॥

नक्षत्रेत्यधिपतीनामप्युपलक्षकम् । एषां बलिमन्त्राः। अश्विनीदेवताभ्यो दिवानक्तञ्चारिभ्यः सर्वेभ्यो भूतेभ्यो नमः । एवं भरणीकृत्तिकापाददेवताभ्यः कृत्तिकापादत्रयदेवताभ्य इत्याद्यूह्यम् । ततस्तदधिपतिभ्यः अश्विन्यधिपत्यश्विदेवताभ्यः । एवं यमादिषूह्यम् । ततो राशिबलिः । अश्विनीभरणी-कृत्तिकापादे मेषदेवताभ्यस्तदधिपतिभ्यः । एवं वृषादिषूह्यम् । ततो ग्रहबलिः । अश्विनीभरणीकृत्तिकापादमेषराश्यधिपत्यङ्गारकदेवताभ्यः । एवमन्येषामप्यूह्यम् । लोकेशबलिर्वास्तौ मदुक्तोऽनुसन्धेयः । बलिं हरेदिति परितः ॥ १३७-१३८ ॥

देवी के शस्त्रों की पूजा करने के अनन्तर नक्षत्र, नक्षत्र देवता, ग्रह राशियों एवं राशि के अधिपतियों एवं लोकेशों को बलि प्रदान करे । जहाँ इस प्रकार अपनी रक्षा के लिये प्रयत्न किये जाते हैं वहाँ संपत्तियों की अभिवृद्धि होती है ॥ १३७ ॥

क्षुद्ररोग, ग्रहबाधा, महारोग, अन्तरिक्ष लोक, भूतलोक के समस्त उपद्रव तथा सर्पादि जन्य उपद्रव विधिपूर्वक इस मन्त्र के प्रयोग से नष्ट हो जाते हैं इसमें संशय नहीं ॥ १३८ ॥

सिकतानां विशुद्धानां विकारकुडवं सुधीः ।
पञ्चगव्ययुते पात्रे ब्रह्मवृक्षेण निर्मिते ॥ १३९ ॥
निक्षिप्य विधिना यत्र स्थापयेत्तत्र सम्पदः ।
दिने दिने प्रवर्धन्ते कालवृद्ध्यादिभिः सह ॥ १४० ॥
महोत्पाता विनश्यन्ति कृत्याद्रोहमहाग्रहाः ।

विशुद्धानामिति । नद्यामित्याद्युक्तप्रकारेण । विकारकुडवं षोडशकुडवम् । प्रस्थं गोमूत्रादीनाम् ॥ १३९-१४१ ॥

बुद्धिमान् साधक समुद्रगामिनी नदियों का विशुद्ध १६ कुडव सिकता लेकर पलाश वृक्ष निर्मित एक प्रस्थ पञ्चगव्य से पूर्ण पात्र में डाल देवे तदनन्तर पूर्वोक्त विधि से उसमें अपनी संपत्ति गाड़ देवे तो जैसे जैसे समय बीतता जायगा, वैसे वैसे उसकी संपत्ति भी बढ़ती जायगी ॥ १३९-१४० ॥

इस मन्त्र के प्रयोग से दिव्य, अन्तरिक्ष तथा भौतिक उत्पात नष्ट हो जाते हैं कृत्या, शत्रुद्रोह तथा महाग्रह जन्य बाधायें भी प्रणष्ट हो जाती हैं ॥ १४१ ॥

चरुगव्याश्मनां कुर्यात् स्थापनं विधिनाऽमुना ॥ १४१ ॥
गोमूत्रं प्रस्थमानं स्याद् गोमयाम्भस्तदर्द्धकम् ।

आज्यात् सप्तगुणं क्षीरं गोमूत्रात् त्रिगुणं दधि ॥ १४२ ॥
गोमूत्रेण समं सर्पिः सर्वं वा सममुच्यते ।
गावः स्युः कपिलाश्वेतहिमधूम्रारुणप्रभाः ।
अभावे गदिताः सर्वाः सर्वधा कपिलोद्भवम् ॥ १४३ ॥

विधिनेति । पूर्वोक्तस्थापनप्रकारेण । चर्वश्मनोः । गव्ये तु विशेषो नारायणीये— गव्येषु शालीन् यवमुद्गमाषगोधूमबिल्वास्थितिलाब्जबीजम् ।
पद्मच्छदस्थं विनिधाय पात्रे क्षुद्रा निखन्यादभुवि नागयोगे ॥

नागयोगमाहान्यः—

सार्पे मुहूर्त्ते सर्पर्क्षकरणे सर्पसंज्ञिते ।
संयोगो नागयोगोऽयमथवा करणर्क्षयोः ॥ इति ॥
पृथक् शिरः पञ्च सरोजपत्रं
निश्छिद्रमेकीकृतबद्धनालम् ।
गव्ये प्रपूर्णे निखनेददूनां (नत्र)
स्मृत्या तदा क्षुद्रविनाशि गेहे ॥ इति ॥

तत्स्थापननक्षत्रादिकमपि तत्रैव—

पूषा पुष्यपुनर्वसू बसुहरी चित्रा शशी (तथा) रोहिणी
तारास्तास्तिथयोंऽशुमत्कणियमा दिक्पञ्चदश्यो हरिः ।
वारास्त्विन्दुसुतेन्दुशुक्रगुरवो युग्मं कुलीरो धनुः
कुम्भान्त्यावपि राशयो निगदिता गव्यप्रयोगाय ते ॥ इति ॥

सर्वं वेति । वाशब्देनान्यत् प्रकारद्वयमुपक्षिप्तम् । योजने तत्तन्मन्त्रेण योजनमित्यपि ज्ञेयम् । तदुक्तम्—

मूत्रं प्रस्थं गोमयं स्यात्पलार्द्धं क्षीरं प्रस्थं दध्यपि क्षीरतोऽर्द्धम् ।
आज्यं दध्नोऽप्यर्द्धमेवं प्रमाणं स्वीयैर्मन्त्रैर्योजयेत् पञ्चगव्यम् ॥
मूत्रं द्विभागं शकृदेकभागं पयोऽष्टभागं दधि तत्समानम् ।
क्षीरार्द्धकं वा चतुरंशमाज्यम् ॥ इति । मन्त्रास्त्वाचार्यैरुक्ताः । तद्यथा—

तारभवाभिरथगुर्भिः क्रमेण संयोजयेच्च गव्यानि । आत्माष्टाक्षरमन्त्रैरथवा योज्यानि पञ्चभिः पञ्च ॥ इति ॥ १४१-१४३ ॥

इसी विधि से चरु गव्य तथा पत्थर का भी राष्ट्र शान्ति के लिये स्थापन करना चाहिए ॥ १४१ ॥

अब **पञ्चगव्य का प्रमाण तथा प्रकार** कहते हैं—गोमूत्र की मात्रा एक प्रस्थ, गोबर और गोमूत्र की मात्रा उसकी आधी होनी चाहिए घी का सातगुना दूध तथा गोमूत्र से तिगुनी दही की मात्रा होनी चाहिए ॥ १४२ ॥

गोमूत्र के बराबर घृत होना चाहिए, अथवा सभी की मात्रा समान होनी चाहिए । इसमें कपिला गौ का गोमूत्र, श्वेत गौ का गोमय तथा दूध धूम्रवर्णा गौ

का दही तथा लाल वर्ण की गौ का घृत होना चाहिए । इनके अभाव में कपिला गौ का ही सर्वांशतया पञ्चगव्य का उपयोग करे ॥ १४३ ॥

एकोनपञ्चाशत्कोष्ठे फलके ब्रह्मशाखिनः ।
विहाय कोणकोष्ठानि शक्त्याद्यं जातवेदसम् ॥ १४४ ॥
लिखित्वा मध्यकोष्ठादि पूजयेत्तत्र देवताम् ।
कृत्वा होमं ससम्पातं निखनेत्तद्यथा पुरा ।
दद्याद् बलिं यथा पूर्वमस्य पूर्वोदितं फलम् ॥ १४५ ॥

एकोनपञ्चाशदिति । पूर्वापरायतदक्षिणोत्तरायताष्टाष्ट रेखाक्रमेण । तत्र मध्यकोष्ठे शक्तिबीजं लिखित्वा पूर्वाद्यावृत्तित्रयेण जातवेदोमन्त्रं लिखेत् । तत्र तृतीयावृत्तौ । बाह्ये कोणचतुष्टयपरित्यागः ॥ १४४-१४५ ॥

पूर्व से पश्चिम तथा दक्षिण से उत्तर परस्पर एक दूसरी को काटती हुई आठ आठ रेखा खीचे, इस प्रकार ४९ कोष्ठकों को निर्माण हो जायगा उसमें चारों कोनों के ४ कोष्ठों को छोड़ देवे इस प्रकार शेष ४५ कोष्ठकों में मध्य के कोष्ठ में शक्ति बीज (ह्रीँ) लिखे पुनः पूर्व दिशा से प्रारम्भ कर 'जातवेदसे' मन्त्र के ४४ अक्षरों को लिखे । पुनः मध्य कोष्ठ से आरम्भ कर जाग्रता तपनी से प्रारम्भ कर निःसपत्ना पर्यन्त ४४ देवताओं (द्र. २१. ५०-५५) का पूजन करे । फिर होम कर इसके हुतशेष संपात संस्राव को पूर्ववत् गाड़ देवे, फिर पूर्ववत् बलि देवें तो इसका फल पूर्ववत् (२१. १३८) होता है ॥ १४४-१४५ ॥

आग्नेयास्त्रयन्त्रमाह

मध्ये मायामष्टकोष्ठेषु पादा-
नष्टौ कृत्वा मातृकार्णैः प्रवीतम् ।
भूविम्बस्थं सर्वभूतामयघ्नं
रक्षायुःश्रीकीर्त्तिदं यन्त्रमेतत् ॥ १४६ ॥

यन्त्रमाह—मध्य इति । पूर्वापरायता दक्षिणोत्तरायताश्चतस्रो रेखाः कुर्यात् । तदा नवकोष्ठं भवति । मध्य इति । मध्यकोष्ठे ॥ १४६ ॥

आग्नेयास्त्रयन्त्रम्

	ह्रीँ	

पूर्व से पश्चिम तथा दक्षिण से उत्तर चार रेखायें परस्पर एक दूसरे को काटती हुई खींचना चाहिए । इस प्रकार कुल नव कोष्ठकों का निर्माण होगा । मध्य में माया (ह्रीँ) बीज लिखें । फिर आठ कोणों में अग्नि मन्त्र के आठ पादों (द्र. २१. ६४-६८) को लिखें । तत्पश्चात् मातृका वर्णों को लिख कर उसे घेर देवे, तदनन्तर उसके चारों ओर

भूपुर बनावे तो यह यन्त्र सभी प्रकार के रोगों को नष्ट तो करता ही हैं रक्षा, आयु, श्री तथा कीर्त्ति भी प्रदान करता है ॥ १४६ ॥

आग्नेयास्त्रस्य ज्ञानानि विसर्गादानकर्मणी ।
यः पुमान् गुरुणा शिष्टस्तस्याऽधीनं जगत्त्रयम् ॥ १४७ ॥

॥ इति श्रीलक्ष्मणदेशिकेन्द्रविरचिते शारदातिलके
एकविंशः पटलः समाप्तः ॥ २१ ॥

विसर्गादानकर्मणीति । विसर्गः संहारः । आदानं प्रयोगानन्तरं पुनर्मन्त्रस्वाकारः । यदाहुः—

विधिवन्मारणं कृत्वा सिद्धमन्त्रेण मन्त्रवित् ।
कर्मान्ते देवतापूजां सविशेषं प्रकल्पयेत् ॥
शक्त्या सन्तर्प्य विप्रांश्च मन्त्रमूर्त्तिं विसृज्य च ।
समुद्रगायां नद्यां तु कण्ठमात्रे जले स्थितः ॥
अहोरात्रं जपेन्मन्त्रमष्टाधिकसहस्रकम् ।

शुद्धं मनुं तं स्वीकुर्यात् । इति ॥ १४७ ॥

॥ इति श्रीराघवभट्टविरचित-शारदातिलकटीकायां सत्सम्प्रदायकृतव्याख्यायां पदार्थादर्शाभिख्यायामेकविंशः पटलः ॥ २१ ॥

इस आग्नेयास्त्र का ज्ञान, संहार तथा प्रयोग पूर्वक सिद्धि कर उसको ग्रहण करने की प्रक्रिया को जो गुरु द्वारा जान लेता है उसके वश में सारी त्रिलोकी हो जाती है ॥ १४७ ॥

॥ इस प्रकार शारदातिलक के इक्कीसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २१ ॥

अथ द्वाविंश पटलः

अथ दिनास्त्रकृत्यास्त्रप्रकरणम्

अथो दिनास्त्रं कृत्यास्त्रं वक्ष्ये शत्रुविमर्दनम्।
अतिदुर्गामनुं प्राहुर्दिनास्त्रं मन्त्रवित्तमाः ॥ १ ॥

अथो इति । अतिदुर्गामनुः पूर्वोक्तः ॥ १ ॥

अब इसके बाद शत्रुओं के विनाश करने वाले दिनास्त्र और कृत्यास्त्र के विषय में कहता हूँ । मन्त्रज्ञों ने अति दुर्गा मन्त्र को (द्र. २१. ११६) ही दिनास्त्र कहा है ॥ १ ॥

दिनास्त्रमन्त्रः

प्रतिलोममिमं मन्त्रं कृत्यास्त्रं परिचक्ष्यते ।
दिनास्त्रस्य षडङ्गादीन् प्रतिलोमोदितान् विदुः ॥ २ ॥

इममतिदुर्गामनुम् । षडङ्गादीनित्यादिशब्देनाऽक्षरपदन्यासावुभयत्र । अनुलोमोदितान् जातवेदसे इत्यत्रोक्तान् । जातवेदसे ह्राङाद्यन्तैरिति सम्प्रदायात् ।

तदुक्तम्— मनोराद्यपदेनैव षट्पदानि च पूर्ववत् ।
ह्राङाद्यन्तेन तानि स्युरतिदुर्गामनोरपि ॥ इति ॥

आचार्या अपि—अनुलोमजपेऽङ्गानामपि पाठोऽनुलोमकः । इति । पद्मपादाचार्यैर्व्याख्यातम् अपिशब्दात् पदाक्षरयोरपीति । प्रतिलोमोदितानित्याग्नेयास्त्रोक्तान् ।

तदुक्तम्— शैलाहिलोकाङ्गमुनिरससंख्याक्षरैः क्रमात् ।
मनोरन्तविलोमस्य षडङ्गान्यपि कल्पयेत् ॥ इति ॥

आचार्याश्च— प्रतिलोमानि तानि स्युः प्रतिलोमविधौ तथा । इति ।

अत्रापि तथेति पूर्ववत् पद्मपादाचार्यैर्व्याख्यातम् । अनयोर्ध्यानं यथा—

उद्यानमध्ये पूर्वोक्तसिंहस्कन्धोपरिस्थिताम् ।
कालमेघनिभामुग्रां सर्पभूषणभूषिताम् ॥
शूलं खड्गं कुठारं च खर्पखेटकतर्जनीः ।
दधानां दक्षिणान्यैः स्वैः करदण्डैरितस्ततः ।
अतिदुर्गामनोर्मूर्त्तिं धावमानां विचिन्तयेत् ॥ इति ॥

वरदारिदराभीति पाणिपद्मैर्विराजिताम् ।
तामन्तप्रतिलोमाख्यां सिंहस्थां चिन्तयेत् समाम् ॥ इति ।

पुरश्चरणं तु जातवेदोमन्त्रपुरश्चरणेनैव ज्ञेयम् ॥ २ ॥

इसी मन्त्र को प्रतिलोम कर देने पर कृत्यास्त्र हो जाता है । दिनास्त्र मन्त्र के षडङ्गन्यास, अक्षर न्यास तथा पदन्यास, आग्नेयास्त्र मन्त्र में कही गयी (द्र. २१. ५७,५८) प्रतिलोम पद्धति से करना चाहिए ॥ २ ॥

कृत्यास्त्रमन्त्रः

भानुविम्बगतं शत्रुमधोवक्त्रं विषाहतम् ।
मूलादुत्थितया ग्रस्तं कुण्डल्या भावयेत् सुधीः ॥ ३ ॥

विषाहतमिति । भानुरथगत-सर्पविषैराहतमित्यर्थः ॥ ३ ॥

दिनास्त्रमन्त्रप्रयोगः

मूलाधारे क्षिपेत्सद्यः प्रस्फुरत्कालपावके ।
दिनत्रयात् ज्वराक्रान्तो रिपुः प्राणान् विमुञ्चति ॥ ४ ॥

मूलाधारे गुदमेढ्रान्तरालदेशे । प्रस्फुरत्कालपावक इति ध्यानम् ॥ ४ ॥

साधक सूर्य रथ के पहिये के नीचे आ जाने वाले तथा उनके रथ स्थित सर्प के विष से ग्रस्त, अधोमुख शत्रु को मूलाधार से उठी हुई कुण्डलिनी द्वारा जाज्वल्यमान कालाग्निरूप मूलाधार में प्रक्षिप्त कर उसका ध्यान करते हुये, दिनास्त्र का जप करे तो शत्रु तीन दिन तक ज्वर से आक्रान्त हो, अपना प्राणत्याग कर देता है ॥ ३-४ ॥

दिनास्त्रेण प्रविद्धाङ्गं स्वाधिष्ठानगतं रिपुम् ।
पञ्चवायुसमिद्धेन वह्निना दग्धविग्रहम् ॥ ५ ॥
ध्यायन्मनुं जपेत् सद्यः स भवेद्यमवल्लभः ।

स्वाधिष्ठानं लिङ्गोपरिदेशः ॥ ५-६ ॥

दिनास्त्र मन्त्र से आहत शत्रु स्वाधिष्ठान में प्राप्त होकर पञ्चवायु से प्रदीप्त अग्नि से जल रहा है, इस रूप में ध्यान कर इस मन्त्र (दिनास्त्र) का जप करें तो शत्रु यमराज का प्रिय हो जाता है ॥ ५-६ ॥

मणिपूरगतं शत्रुमग्निना दीप्तविग्रहम् ॥ ६ ॥
ध्यायन् दिनास्त्रं प्रजपेत् स मृत्युवशतां व्रजेत् ।

मणिपूरकं नाभिस्थानम् ॥ ६-७ ॥

मणिपूर चक्र में प्राप्त हुआ शत्रु अग्नि की ज्वाला में जल रहा है इस रूप में ध्यान कर दिनास्त्र का जप करे तो शत्रु मृत्यु के वश में हो जाता है ॥ ६-७॥

अनाहताहितः शत्रुर्निर्दग्धो मन्त्रवह्निना ॥ ७ ॥
पाशेन बद्ध्वा शीघ्रेण नीयते यमकिङ्करैः ।

अनाहतं हृदयम् ॥ ७-८ ॥

अहितकारी हमारा शत्रु अनाहत चक्र में प्राप्त होकर दिनास्त्र मन्त्र की अग्नि में पड़कर भस्म हो रहा है, इस प्रकार ध्यान करते हुये मन्त्र का जप करे, तो यमराज के दूत उसे पाशों में बाँध कर शीघ्र ही यमपुरी ले जाते हैं ॥ ७-८ ॥

विशुद्धस्थानगो वैरी दिनबाणेन पीडितः ॥ ८ ॥
अधोमुखः स्मृतस्तूर्णं निरायुः स्याद्दिनत्रयात् ।

विशुद्धिः कण्ठः ॥ ८-९ ॥

विशुद्ध चक्र में प्राप्त शत्रु दिनास्त्र से पीड़ित हो कर अपना मुख नीचे किये हुये हैं इस रूप में ध्यान कर जप करे तो तीन दिन के भीतर ही वह गतायु हो जाता है ॥ ८-९ ॥

आज्ञायां निहितं शत्रुं दहेत् ज्ञानाग्निना धिया ॥ ९ ॥
पुत्रमित्रकलत्रादीन् हित्वा मृत्युमुपाश्रयेत् ।
नाभिमात्रोदके स्थित्वा ध्यायन् विम्बे दिनेशितुः ॥ १० ॥

दिनबाणेन दिनास्त्रेण । आज्ञा भ्रूमध्यम् । मन्त्रमिति ॥ ९-१० ॥

आज्ञाचक्र में प्राप्त हुआ शत्रु ज्ञानाग्नि से जल रहा है इस प्रकार बुद्धि में ध्यान करते हुये दिनास्त्र मन्त्र का जप करे तो शत्रु अपने पुत्र, मित्र, तथा कलत्र आदि यहीं छोड़कर मृत्यु के आश्रय में चला जाता है ॥ ९-१० ॥

विमर्श—यहाँ तक षट्चक्रों के द्वारा शत्रु मारण का प्रयोग कहा गया है । उन षट्चक्रों का स्थान इस प्रकार हैं—मूलाधार, गुदा और मेढ्र के अन्तराल में, स्वाधिष्ठान लिङ्ग के ऊपरी भाग में, मणिपूर नाभिस्थान में, अनाहत हृदयप्रदेश में, विशुद्ध कण्ठप्रदेश में, आज्ञा भ्रूमध्य में स्थित जानना चाहिए ॥ ९-१० ॥

वैरिणं दग्धसर्वाङ्गं मन्त्रमष्टोत्तरं शतम् ।
जपेत् सप्तदिनादर्वाग्यमलोकं स गच्छति ॥ ११ ॥

जपेदित्यनेन सम्बध्यते ॥ ११ ॥

नाभिमात्र जल में स्थित होकर सूर्य, विम्ब में पड़कर सर्वांग रूप से जलते हुये शत्रु का ध्यान कर एक सौ आठ बार जप करे तो शत्रु सात दिन के भीतर ही यमपुर चला जाता है ॥ ११ ॥

व्यारवारं समारभ्य सप्ताहं प्रजपेन्मनुम् ।
सूर्योदयं समारभ्य यावदस्तमयो भवेत् ॥ १२ ॥

सन्निपातज्वराविष्टो यमग्रस्तो भवेदरिः।

आरो भौमः। प्रजपेदिति ॥ १२-१३ ॥

भौमवार के दिन सूर्योदय से आरम्भ कर सूर्यास्त पर्यन्त एक सप्ताह पर्यन्त प्रतिदिन इस मन्त्र का जप करे तो शत्रु सन्निपात ज्वर से ग्रस्त हो जाता है और यमराज का ग्रास हो जाता है ॥ १२-१३ ॥

स्थित्वा दुर्गालये मन्त्री त्रिरात्रं वर्जिताशनः॥ १३ ॥
दिनबाणेन विद्धाङ्गं वैरिणं प्रविचिन्तयेत्।
जपेन्मनुमिमं शत्रुर्ज्वरितो मरणं व्रजेत् ॥ १४ ॥

पूर्ववदरिं ध्यायन् ॥ १३-१४ ॥

मन्त्रज्ञ दुर्गा के मन्दिर में रह कर तीन दिन पर्यन्त निराहार रह कर दिनास्त्र से विद्ध हुये शत्रु का ध्यान करे और इस मन्त्र का जप करें तो शत्रु ज्वर ग्रस्त हो मरण को प्राप्त हो जाता है ॥ १३-१४ ॥

स्पृष्ट्वा(स्मृत्वा) दुर्गां जपेन्मन्त्रमनश्नंस्त्रिदिनं स्मरन्।
शूलप्रोतं निजरिपुं दिनास्त्रेण प्रदीपितम् ॥ १५ ॥
ज्वरेण महताऽऽविष्टो जायतेऽसौ यमातिथिः।
रविमण्डलगं शत्रुं दष्टं तद्रथपन्नगैः ॥ १६ ॥
विषाग्निदग्धसर्वाङ्गं ध्यायन्नुष्णेन वारिणा।
तर्पयेद्दिनबाणेन स्यादसौ यमवल्लभः॥ १७ ॥
रविबिम्बादागतया ज्वालया ग्रस्तविग्रहम्।
रिपुं ध्यात्वा जपेन्मन्त्रं स क्रीडति यमान्तिके ॥ १८ ॥

विषाग्नीति। विषं तद्रथपन्नगसम्भूतमेव ॥ १५-१८ ॥

दुर्गा की मूर्त्ति का स्पर्श कर तीन दिन पर्यन्त बिना खाये पीये अस्त्र मन्त्र का जप करे और शूली पर चढाये गये शत्रु को दिनास्त्र से जलते हुये ध्यान करे तो शत्रु महान् ज्वर से पीड़ित हो यमराज का अतिथि बन जाता है ॥ १५-१६ ॥

सूर्यमण्डल में प्राप्त हुये शत्रु का सूर्य रथ स्थित पन्नगों से दष्ट होकर विष से सर्वाङ्ग में दग्ध होते हुये ध्यान कर गर्म गर्म जल से दिनास्त्र मन्त्र पढ़ते हुये अतिदुर्गा का तर्पण करे तो शत्रु यमराज का प्रिय हो जाता है ॥ १६-१७ ॥

यदि साधक सूर्यमण्डल से निकलती हुई आग की लपटों में जलते हुये शत्रु का ध्यान कर इस मन्त्र का जप करे तो वह शत्रु यमराज की पुरी में जा कर खेलता है ॥ १८ ॥

ग्रहयुक्तार्कबिम्बस्थं विद्धं मन्त्रमयैः शरैः।

प्रतिबध्य निजं शत्रुं जपेदयुतमस्त्रवित् ॥ १९ ॥
रिपुं नयति शीघ्रेण यमदूतो यमालयम् ।

ग्रहयुक्तो राहुग्रस्तः । प्रतिबध्य ध्यात्वेत्यर्थः ॥ १९-२० ॥

राहुग्रस्त सूर्यबिम्ब के भीतर पड़ कर दिनास्त्र के मन्त्रमय बाणों से बँधे हुये शत्रु का ध्यान कर साधक यदि दश हजार दिनास्त्र मन्त्र का जप करे तो यमराज के दूत शीघ्रातिशीघ्र उस शत्रु को यमराज के घर पहुँचा देते हैं ॥ १९-२० ॥

प्रलयानलसङ्काशां कालरात्रिमिवाऽपराम् ॥ २० ॥
शूलपाशधरां घोरां सिंहस्कन्धनिषेदुषीम् ।
सवितुर्मण्डलान्तःस्थां रक्तनेत्रत्रयोद्गतैः ॥ २१ ॥
विस्फुलिङ्गैर्निर्दहन्तीं रिपुमाकुलविग्रहम् ।
स्पष्टदंष्ट्राधरां नृत्यद्भृकुटीभीषणाननाम् ॥ २२ ॥
तर्जयन्तीं निजं शत्रुं तर्जन्या भीमरूपया ।
दंष्ट्रामयूखजालेन द्योतयन्तीं दिगन्त(म्ब)रम् ॥ २३ ॥
शूलेन वैरिणो वक्षो दारयन्तीं भयङ्करीम् ।
जपेद्दिनत्रयं मन्त्री मारयेद्रिपुमात्मनः ॥ २४ ॥
अस्त्रमन्त्रकृतन्यासः प्रलयाग्निसमप्रभाम् ।
रक्तवस्त्रधरां क्रुद्धां रक्तनेत्रत्रयान्विताम् ॥ २५ ॥
सिंहाधिरूढां धावन्तीं धावमानं रिपुं प्रति ।
खड्गेन तच्छिरश्छित्वा क्षणाद्व्योमस्थलीं गताम् ॥ २६ ॥
ध्यात्वा दुर्गां जपेन्मन्त्रं त्रिदिनं वर्जिताशनः ।
अनेनैव विधानेन रिपुर्मृत्युप्रियो भवेत् ॥ २७ ॥

प्रलयानलेत्यादि भयङ्करीमित्यन्तस्य ध्यात्वेति शेषः ॥ २०-२७ ॥

प्रलयाग्नि के समान भयङ्कर, कालरात्रि के समान दुःसह, शूल एवं पाश धारण किये हुए, घोर स्वरूपा सेना में शत्रुकपाल लेकर हाथ को ऊपर किये हुए, सिंह के कन्धे पर बैठी हुई, सवितृ मण्डल मध्यर्त्तिनी, अपने तीनों नेत्रों से क्रोधपूर्वक निकली हुई ज्वाला से शत्रु को मरणासन्न करती हुई, अट्टहास करने के कारण अपने भयानक दाँतों को प्रत्यक्ष दिखाती हुई, इतस्ततश्चलायमान, भृकुटी के कारण भयङ्कर मुख वाली, अपनी भयानक तर्जनी से शत्रुवर्ग को कम्पित करती हुई, दाँतों की कान्ति से सर्वत्र दिग् दिगन्तरों को प्रकाशित करती हुई और त्रिशूल से शत्रु का वक्षःस्थल चीरती हुई अतएव महाभयङ्कर स्वरूपा दुर्गा का ध्यान कर तीन दिन पर्यन्त इस दिनास्त्र मन्त्र का जप करे तो साधक अपने शत्रु को मार डालता है ॥ २०-२४ ॥

अस्त्र मन्त्र का न्यास कर साधक प्रलयाग्नि के समान भयङ्कर स्वरूप वाली, क्रोध से अपने तीनों नेत्रों को लाल लाल किये हुए रक्त वस्त्र से युक्त, सिंह पर सवार हो भागते हुये शत्रु का पीछा करती हुई, अपने तीखे खड्ग से शत्रु का शिर काट कर आकाश में खड़ी हैं इस प्रकार श्रीमहाकाली का ध्यान कर निराहार तीन दिन तक इस दिनास्त्र मन्त्र का इसी विधान से जप करे तो शत्रु मृत्यु का प्रिय पात्र हो जाता है ॥ २५-२७ ॥

कर्माण्येतानि कुर्वीत दिवसे न तु रात्रिषु ।
पश्चिमामुखलिङ्गस्य सजीवं महिषं पुरः ॥ २८ ॥
निखा(धा)य तस्य शिरसि कुण्डं कृत्वा त्रिकोणकम् ।
तस्मिन् समेधिते वह्नौ यथावद्देशिकोत्तमः ॥ २९ ॥
सत्रिकोणान् समन्त्रार्णान् साध्यनामसमन्वितान् ।
अजारक्तेन संसिक्तान् कारस्करसमिद्वरान् ॥ ३० ॥
सहस्रं जुहुयाद्देवीं ध्यात्वा सवितृमण्डले ।
प्रलयाग्निसमां घोरां द्वात्रिंशद् भुजशोभिताम् ॥ ३१ ॥
उद्यदायुधसन्दीप्तां नृत्यन्तीं सिंहमस्तके ।
महादंष्ट्रां महाभीमां ज्वलत्केशीं नदन्मुखीम् ॥ ३२ ॥
रक्तान्त्र(र्द्र)मांसवदनां घूर्णितोग्रत्रिलोचनाम् ।
अनेन विधिना शत्रुर्महाज्वरनिपीडितः ॥ ३३ ॥
विमुञ्चति निजं देहं पुत्रमित्रादिभिः सह ।

पश्चिमामुखेति । शिवालयद्वारस्य पश्चिममुखता । केचित् स्थावरलिङ्गस्य पश्चिमामुखतामाहुः । एष एव साम्प्रदायिकः पक्षः । सत्रिकोणानिति । लिखित-त्रिकोणान् । समन्त्रार्णानिति । पल्लवरीत्या ॥ २८-३३ ॥

ऊपर कहे गये मारण के ये समस्त प्रयोग दिन में करना चाहिए, रात में नहीं । जिस शिवमन्दिर का द्वार पश्चिम दिशा की ओर हो, ऐसे मन्दिर के सामने जीवित भैसा खड़ा कर उसके अग्रभाग में त्रिकोण कुण्ड निर्माण करे । फिर उस कुण्ड में अग्नि प्रज्वलित हो जाय तो जिसके पत्ते पर त्रिकोण मन्त्राक्षर एवं साध्य नाम लिखे गये हों ऐसे अजारक्त से संसिक्त कुचिले की समिधाओं से सवितृ मण्डल में निवास करने वाली, प्रलयाग्नि के समान भयङ्कर, घोर (शत्रुकपाल धारिणी), ३२ भुजाओं वाली, उद्यत शस्त्र से जाज्वल्यमान, सिंह के मस्तक पर नृत्य करती हुई, भयानक दाँतों वाली, महाभीमा, जाज्वल्यमान केशों वाली, अट्टहास युक्त मुखों वाली, मुख में रक्त तथा मांस धारण करने वाली, तीनों उग्र नेत्रों से शत्रु को घूरती हुई महादेवी का ध्यान कर इस मन्त्र का जप करे तो शत्रु महाज्वर से निपीडित हो अपने पुत्र मित्रादिकों के साथ अपना शरीर त्याग कर देता है ॥ २८-३४ ॥

ऊर्ध्वमुष्णाम्भसो मन्त्री लम्बयित्वा भुजङ्गमम् ॥ ३४ ॥
भानुविम्बगतां दुर्गां सहस्रादित्यसन्निभाम्।
सहस्रपाणिचरणां सहस्राक्षिशिरोमुखीम् ॥ ३५ ॥
सहस्रनागबद्धाङ्गीं त्रासयन्तीं जगत्त्रयम् ।
ध्यायन्ननेन सर्पास्ये तर्पयेदुष्णवारिणा ॥ ३६ ॥
संयतः कालपाशेन वैरी मुञ्चेत् स्वजीवितम्।
मध्याह्नार्कयुतप्रख्यां नदन्तीं नरसिंहवत् ॥ ३७ ॥
घोर सिंहसमासीनां महाभीषणदर्शनाम्।
शूलप्रोताहितां ध्यायन् जपन्मन्त्रमनन्यधीः ॥ ३८ ॥
तर्पयेदुष्णतोयेन सर्पवक्त्रे दिनत्रयम् ।
यमस्य भवनं गच्छेदरातिर्नात्र संशयः ॥ ३९ ॥

भुजङ्गममिति । जीवन्तं कृष्णम् । अधोमुखम् । अनेनास्त्रमन्त्रेण । तर्पयेदिति । कारस्करदर्व्या । अनन्यधीरित्यनेन तयैव तर्पणमित्युक्तम् ॥ ३४-३९ ॥

मन्त्रवेत्ता साधक गर्म जल के ऊपर जीते हुये काले नाग को अधोमुख लटका कर, सहस्रों सूर्य के समान प्रकाश वाली, सहस्रों हाथ, सहस्रों पैर, सहस्रों आँख, सहस्रों शिर तथा सहस्रों मुख वाली, अपने शरीर में सहस्रों नागों को धारण करने वाली, तीनों लोकों को संत्रस्त करती हुई महादुर्गा का सूर्यमण्डल में ध्यान कर इस मन्त्र से पूर्वोक्त अधोमुख लटकते हुये साँप के मुख में गर्म गर्म जल की कुचिला की दर्वी से तर्पण करे तो शत्रु काल पाश में जकड़ा जा कर अपना प्राण त्याग कर देता है ॥ ३४-३७ ॥

मध्याह्नकालीन सूर्य के समान प्रकाश वाली, नृसिंह के समान भयङ्कर अट्टहास करती हुई, भयङ्कर सिंह के स्कन्ध पर आसीन, महाभयङ्कर प्रतीत होने वाली, अपने त्रिशूल में शत्रु को ओत प्रोत करती हुई भगवती दुर्गा का ध्यान कर साधक एकाग्रचित्त होकर इस मन्त्र का तीन दिन जप करे और उतने ही दिन तक साँप के मुख में गर्म जल का तर्पण करता रहे तो शत्रु यमपुरी में चला जाता है इसमें कोई संशय नहीं है ॥ ३७-३९ ॥

ऋक्षवृक्ष प्रतिकृतिं प्रतिष्ठितसमीरणाम् ।
उष्णोदके विनिक्षिप्य विषाढ्ये विधिना ततः ॥ ४० ॥
अर्केन्द्वनलसङ्काशां खड्गखेटकधारिणीम् ।
नयनत्रयनिर्गच्छद्विस्फुलिङ्गशताकुलाम् ॥ ४१ ॥
सिंहस्थां सर्पभूषाढ्यां त्रैलोक्यभयदायिनीम्।
खड्गकृत्ताहितां ध्यायन् प्रजपेदयुतं मनुम् ॥ ४२ ॥

विधानेनाऽमुना शत्रुर्ग्रस्तो भवति मृत्युना ।

पुत्तलीप्रयोगः

प्रकल्प्या दुर्गायतने त्रिकोणं कुण्डमुत्तमम् ॥ ४३ ॥
तत्र संज्वलिते वह्नौ महिषीशकृता कृतीम् ।
पुत्तलीमजरक्ताक्तां प्रतिष्ठितसमीरणाम् ॥ ४४ ॥
छित्वा छित्वा प्रजुहुयादजरक्तान्वितां निशि ।
ध्यात्वा दुर्गां प्रनृत्यन्तीं महिषोरःस्थलान्तरे ॥ ४५ ॥
शूलेन महिषस्याऽङ्गं भिन्दन्तीं घोरदर्शनाम् ।
अट्टाहसैरजस्त्रोत्थैर्भीषितासुरसैनिकान् ॥ ४६ ॥
प्रलयानलसङ्काशां भ्रमन्नेत्रत्रयान्विताम् ।
सन्दष्टाधरसंभिन्नां दंष्ट्राभीममुखाम्बुजाम् ॥ ४७ ॥
खड्गखेटकयुक्ताभिः कन्यकाभिः समावृताम् ।
अनेन विधिना शत्रुः प्रयाति यमसन्निधिम् ॥ ४८ ॥
दिनास्त्रमेवं कथितं शत्रुनिग्रहकारकम् ।
कृत्यास्त्रदेशितान् कुर्यात् प्रयोगान् मन्त्रवित्तमः ॥ ४९ ॥

विधिना मनुं प्रजपेदित्यन्वयः । विधिः पल्लवेन नामयोगः । खड्गेन कृत्तः छिन्नः आहितः शत्रुर्थयेति ॥ ४०-४९ ॥

शत्रु के नक्षत्र वृक्ष की (द्र. २२, १६०-१६३) प्रतिमा बना कर उसमें शत्रु की प्राण प्रतिष्ठा करे । तदनन्तर विषमिश्रित गर्म जल में उसे इस मन्त्र को जपते हुये डुबो दे ॥ ४० ॥

पुनः सूर्य, चन्द्रमा तथा अग्नि के समान प्रकाशवाली, खड्ग एवं खेटक धारण किये क्रोध युक्त अपने नेत्रों से आग की सैकड़ों ज्वाला उगलती हुई, सिंह पर आरूढ़, सर्पों के भूषण से भूषित, त्रैलोक्य को भयभीत करती हुई तथा शत्रु का अपने तलवार से वध करती हुई श्री दुर्गा का ध्यान करते हुये इस मन्त्र का दश हजार जप करे तो इस विधान से शत्रु मृत्यु से ग्रस्त हो जाता है ॥४१-४३॥

दुर्गा के मन्दिर में त्रिकोण कुण्ड का निर्माण करे । उसमें स्थापित जलती हुई अग्नि में बकरे के रक्त से ओत प्रोत भैंसे का पुतला, जिसमें प्राण की प्रतिष्ठा की गई हों, बकरे का रक्त मिलाकर रात्रि के समय काट काटकर इस मन्त्र से होम करे और उस समय महिष की छाती पर नृत्य करती हुई, अपने त्रिशूल से महिषासुर के अङ्ग को छिन्न भिन्न करती हुई, महाभयानक स्वरूप धारण किये हुये, अट्टहास द्वारा असुर सैन्य समूहों को भय उत्पन्न करती हुई, प्रलयकालीन अग्नि के समान भयङ्कर, तीनों नेत्रों से इधर उधर देखती हुई, क्रोध से दाँतों को

पीसती एवं काटती हुई, भयानक दाँतों वाली तथा खड्ग एवं खेटक (=ढ़ाल) धारिणी कन्यकाओं से सेवित श्री अति दुर्गा का ध्यान भी करे तो इस विधि से शत्रु यमराज के पास पहुँच जाता है ॥ ४३-४८ ॥

शत्रुओं का दमन करने वाले इस दिनास्त्र के विषय में हमने इस प्रकार कहा । अब कृत्यास्त्र में आदिष्ट प्रयोगों को जिस प्रकार मन्त्रवेत्ता करे, उसे कहता हूँ ॥ ४९ ॥

कृत्यास्त्रमन्त्रप्रयोगः

आधारादुद्गतां देवीं कुण्डलीं सर्प(र्व) रूपिणीम् ।
तां ब्रह्मरन्ध्रमार्गेण यातां व्योमस्थलीं ततः ॥ ५० ॥
मुखेन शत्रुमादाय निवृत्तां स्वगृहं प्रति ।
ज्वलत्कालानलोद्दीप्तां विचिन्त्य प्रजपेन्मनुम् ॥ ५१ ॥
सप्तभिर्वासरैः शत्रुर्मृत्युं प्राप्नोति मोहितः ।
अङ्गारवारे चित्यग्नौ सर्षपस्नेहलोलितम् ॥ ५२ ॥
सिद्धार्थकुडवं जप्तं जुहुयात्पक्षमात्रतः ।
कृत्यास्त्रज्वालया दग्धो रिपुर्यमपुरं व्रजेत् ॥ ५३ ॥
चतुर्दश्यामर्द्धरात्रे चितास्थीन्यस्त्रसाधकः ।
व्रणतैलविलिप्तानि चिताग्नौ जुहुयात्ततः ॥ ५४ ॥
अनेन विधिना शत्रुर्मृत्युमेष्यति कातरः ।

चित्यग्नाविति । कुण्डस्थापिते यथोक्तसंस्कारसंस्कृते । व्रणतैलं भल्लात-तैलम् ॥ ५०-५५ ॥

आधार चक्र से सर्परूपिणी कुण्डलिनी देवी को ऊपर ब्रह्मरन्ध्रमार्ग से आकाश मण्डल की ओर जाती हुई, पुनः वहाँ से शत्रु को मुख में दबाकर अपने घर (आधार मार्ग) की ओर लौटती हुई, जलती हुई कालाग्नि के समान प्रकाशित रूप में ध्यान कर कृत्यास्त्र मन्त्र का जप करे (द्र. २१. १) तो शत्रु मूर्च्छित हो कर सात दिन के भीतर ही मर जाता है ॥ ५०-५२ ॥

भौमवार के दिन कुण्ड में स्थापित चिता की अग्नि को सुसंस्कृत कर उसमें (द्र. ५. १३-१९) सरसों के तेल में डुबोई गई कुडव परिमाण श्वेत सर्षप का एक पक्ष पर्यन्त होम करे तो शत्रु कृत्यास्त्र की ज्वाला से जल कर मर जाता है ॥ ५२-५३ ॥

कृत्यास्त्र को सिद्ध करने वाला चतुर्दशी के दिन आधी रात के समय चिता स्थान में स्थित हड्डियों को भल्लातक के तेल से विलिप्त कर चिताग्नि में इस मन्त्र से होम करे तो शत्रु अत्यन्त दीन होकर मर जाता है ॥ ५४-५५ ॥

तुषास्थिनिर्मितां शत्रोर्व्रणतैलपरिप्लुताम् ॥ ५५ ॥
प्रतिमां स्थापितप्राणां जुहुयान्निशि साधकः।
छित्वा छित्वाऽजरक्तेन सप्ताहान् म्रियते रिपुः ॥ ५६ ॥

तुषा धान्यस्य । अस्थीति मनुष्यास्थीनि ।
एतदुभयमेकीकृत्य प्रतिमां कुर्यात् ॥ ५५-५६ ॥

धान की भूसी को चितास्थित हड्डी में मिलाकर बनाई गई शत्रु की प्रतिमा को भिल्लातक के तेल में भिगो देवे, फिर उसमें शत्रु की प्राण प्रतिष्ठा कर रात्रि के समय उसे काटकर बकरे के खून में मिला कर इस मन्त्र से होम करे तो शत्रु एक सप्ताह के भीतर मर जाता है ॥ ५५-५६ ॥

श्मशानबालुकाः स्पृष्ट्वा साक्षता नियुतं जपेत् ।
विकिरेत्तास्तडागादौ कृत्यास्त्रक्वथितं जलम् ॥ ५७ ॥
तदीयं पीतमचिरान्निहन्ति सकलान् जनान् ।
कृष्णाङ्गारचतुर्दश्यां प्रजप्तैः प्रेतभस्मभिः ॥ ५८ ॥
महिषाज्येन लुलितास्तन्मन्त्राक्षरसंख्यया ।
निर्माय गुटिका एताः सम्यग्जप्तसमीरणाः ॥ ५९ ॥
चितिकाष्ठैधिते वह्नौ जुहुयाद्दृढमानसः ।
चतुर्दशीत्रयादर्वाक् शत्रुर्मृत्युवशो भवेत् ॥ ६० ॥

कृत्यास्त्रक्वथितमिति । तडागादौ सिकताप्रक्षेपेण ॥ ५७-६० ॥

श्मशान के बालू में अक्षत मिलाकर उसी का स्पर्श करते हुये जप करे, तदनन्तर उस बालुका को तडागादि में फेंक दे, पुनः सिकता प्रक्षिप्त उस जल को लेकर कृत्यास्त्र मन्त्र पढ़ते हुये, उसे गर्म कर क्वाथ बनावें । इस प्रकार का क्वाथ पीने वाले समस्त जनों को विनष्ट कर देता है ॥ ५७-५८ ॥

कृष्णपक्ष में अङ्गारक (=मङ्गलवार) चतुर्दशी के दिन इस मन्त्र से जप किये गये भस्म में भैंस का घृत मिलाकर मन्त्र के अक्षरों की संख्या के अनुसार जप कर उसकी बटी बना लेवे तदनन्तर उसमें शत्रु के नाम से प्राण प्रतिष्ठा करे ॥ ५८-५९ ॥

तदनन्तर चिता के काष्ठ से प्रज्वलित अग्नि में उसका दृढ़ता पूर्वक होम करे तो इस प्रकार प्रत्येक चतुर्दशी के होम करने से तीन चतुर्दशी के भीतर शत्रु मृत्यु के वश में हो जाता है ॥ ६० ॥

श्मशानभस्मसिद्धार्थान् पञ्चगव्ये विनिक्षिपेत् ।
माहिषे संस्मरेद्देवीं कालाग्निसदृशप्रभाम् ॥ ६१ ॥

भर्जयेत् प्रजपन्मन्त्रं विषकाष्ठैधितानले ।
दुर्गागारे प्रजुहुयादनेनाऽयुतमस्त्रवित् ॥ ६२ ॥
पुनरादाय तद्भस्म सेनायां वैरिणः क्षिपेत् ।
सा सेना बहुधा भिन्ना ज्वररोगविमोहिता ॥ ६३ ॥
आयुधानि परित्यज्य युद्धकाले पलायते ।
गेहग्रामादिषु क्षिप्तं कुर्यादुच्चाटनं क्षणात् ॥ ६४ ॥

माहिषे पञ्चगव्ये प्रयोग उपचारात् ॥ ६१-६४ ॥

श्मशान के भस्म में मिलाये गये श्वेत सर्षप को महिष के पञ्चगव्य में डुबो दे, पुनः उस महिष पञ्चगव्य युक्त श्वेत सर्षपों को कालाग्नि के सदृश जलती हुई देवी का ध्यान कर कृत्यास्त्र मन्त्र पढ़ते हुये अग्नि में भून कर सुखा देवे । तदनन्तर दुर्गा के मन्दिर में दस हजार संख्या में उसका होम करें ॥ ६१-६२ ॥

फिर उस भस्म को लेकर शत्रु की सेना में फेंक देवें तो वह सेना ज्वर रोग से पीड़ित हो कर बहुधा प्रणष्ट हो जाती है ॥ ६३ ॥

अथवा युद्धकाल में अपने समस्त आयुधों का परित्याग कर भाग जाती है और यदि वही भस्म घर या ग्रामादि में फेंक दिया जाय तो क्षण मात्र में उच्चाटन कर देता है ॥ ६४ ॥

सप्तवारेषु कुलिके दुर्गाविश्मसु शर्कराः ।
सप्त माहेन्द्रदिग्वर्जं गृहीत्वा प्रजपेन्मनुम् ॥ ६५ ॥
महिषीपञ्चगव्येन भर्जयेत्ता यथा पुरा ।
भूयो जपित्वा विकिरेद् गेहग्रामपुरेष्विमाः ॥ ६६ ॥
स देशो नश्यति क्षिप्रं दग्धो मन्त्रभवाग्निना ।

सप्तवारेष्विति । सप्तवाराणामपि कुलिका मया एकादशे उक्ताः । तत्र प्राचीवर्जं दुर्गालयाग्नेयादिसप्तस्थानशर्करासु एकैकां शर्करां क्रमात् प्रत्यहं रव्यादेः कुलिके गृहीत्वा सप्तमेऽहनि सर्वा एकीकृत्य स्पृष्ट्वा प्रजपेत् । यथा पुरेति । विषकाष्ठाग्नौ विषकाष्ठदर्व्या भर्जयेत् ॥ ६५-६७ ॥

दशम मुहूर्त्त का नाम कुलिक होता है, सात वारों के एक एक दिन के क्रम से कुलिक मुहूर्त्त (दशम मुहूर्त्त) में दुर्गा मन्दिर के पूर्व दिशा को छोड़कर शेष सात दिशाओं से शर्करा एकत्र कर (एक एक दिन एक एक दिशा से) उसे हाथ में लेकर इस मन्त्र का जप करे, फिर उसे भैंस के घी में पूर्ववत् भूने, तदनन्तर पुनः उस भूनी गई शर्करा को हाथ में लेकर इस मन्त्र का जप करे । ऐसी शर्करा को जिस घर, गाँव अथवा नगर में फेंके तो वह देश शीघ्र ही उस मन्त्र की अग्नि से जल कर भस्म हो जाता है ॥ ६५-६७ ॥

ब्रह्मदण्डीं मर्कटिकां करक्रोशनिकां त्रयम् ॥ ६७ ॥
भौमवारस्य कुलिके गृहीत्वा प्रजपेन्मनुम् ।
चतुर्दश्यां रिपोर्गेहे निखनेत् प्रजपन्मनुम् ॥ ६८ ॥
सार्द्धं पुत्रकलत्राद्यैरुत्सादो जायते रिपोः ।
एकैकं वा खनेन्मन्त्री मण्डलात् तत्फलं भवेत् ॥ ६९ ॥

मर्कटी कपिकच्छूः । करक्रोशनिकां वज्रदण्डः । उत्सादः पुनरप्यागमनं यथा न भवति तथा उच्चाटनम् ॥ ६७-६९ ॥

ब्रह्मदण्डी, मर्कटी (कपिकच्छ) करक्रोशनिका (वज्रदण्ड) इन तीनों को भौमवार के दिन कुलिक मुहूर्त में लेकर इस मन्त्र का जप करें, और इसी मन्त्र का जप करते हुये चतुर्दशी के दिन शत्रु के घर में गाड़ देवें ॥ ६७-६८ ॥

तो शत्रु अपने पुत्र कलत्रादि के साथ विनष्ट हो जाता है, अथवा एक एक को ही मन्त्र का जप कर शत्रु के घर में गाड़ देवे तो (४९ दिन के भीतर) उसे युक्त प्रकार का फल दिखाई पड़ता है ॥ ६९ ॥

पुत्तलीप्रयोगः

षड्बिन्दुषट्कं पुत्तल्यां निखनेदोदनान्वितम् ।
स्पृष्ट्वा तां प्रजपेदस्त्रं कृष्णाष्टम्यां निशार्द्धतः ॥ ७० ॥
शत्रुनामसमायुक्तं श्मशाने निखनेदिमाम् ।
प्रणश्येत् स रिपुः शीघ्रं सकुटुम्बः सबान्धवः ॥ ७१ ॥

षड्बिन्दुषट्कमिति । षड्बिन्दुः कीटविशेषः । स च प्रथमजलपाते उत्पद्यते । तस्य पञ्चकुष्ठ इति नामान्तरम् । तस्य पञ्च बिन्दवः श्वेता भवन्ति । एकबिन्दुः भिन्नवर्णः । तदुक्तं नीतिनिर्णीतादौपनिषदोः—

पञ्चकुष्ठस्य कीटस्य पञ्च स्युः श्वेतबिन्दवः ।
भिन्नवर्णस्तथा चैकः सुस्निग्धश्चैव वर्णतः ।
भवेत् स जलदारम्भे षड्बिन्दुरिति कीर्त्तितः ॥ इति ।

पुत्तल्यामिति । तज्जन्मर्क्षवृक्षोद्भवायाम् । शत्रोर्नामसंयुक्तम् अस्त्रमस्त्रमन्त्रं प्रजपेदित्यन्वयः । तत्र योगः पल्लवरीत्या । क्वचित् समायुक्तामिति पाठः । तदा पुत्तलीविशेषणम् ॥ ७०-७१ ॥

षड्बिन्दु (नाम का कीटविशेष जो प्रथम वर्षा काल में उत्पन्न होता है उसे पञ्चकुष्ठ भी कहते हैं । उसके पर सफेद होते हैं एक भिन्न वर्ण का होता है) को भात में मिलाकर शत्रु की प्रतिमा में गाड़ देवें । पुनः कृष्ण पक्ष की अष्टमी की अधीरात में उसे स्पर्श कर कृत्या मन्त्र का जप करें ॥ ७० ॥

फिर उस प्रतिमा को शत्रु के नाम से युक्त इस कृत्या मन्त्र का जप करते हुये श्मशान में गाड़ देवे तो वह शत्रु सकुटुम्ब सबान्धव नष्ट हो जाता है ॥ ७१॥

कपालशकलान् मन्त्री कृत्यास्त्राक्षरसंख्यकान्।
स्पृष्ट्वा तान् प्रजपेदस्त्रं प्राणस्थापनपूर्वकम् ॥ ७२ ॥
कृष्णाङ्गारचतुर्दश्यां श्मशाने विषवृक्षजे।
जुहुयादजरक्ताक्तान् कृत्यास्त्रज्वालया ततः॥ ७३ ॥
रिपुर्यमपुरं गच्छेन्महाज्वरविमोहितः।

कपालशकलान् अजरक्ताक्तान् श्मशाने जुहुयादिति सम्बन्धः । संस्पृश्येति । तानेव । विषवृक्षज इति । विषकाष्ठैधिते अग्नाविति शेषः ॥ ७२-७४ ॥

मन्त्रज्ञ प्राण प्रतिष्ठा से युक्त बकरे के रक्त से संपृक्त कपाल खण्डों का स्पर्श कर इस कृत्या मन्त्र में जितने अक्षर हैं उतनी संख्या में जप करे फिर कृष्ण पक्ष में मङ्गल के दिन जब चतुर्दशी हो तो श्मशान में विषवृक्ष से जलती हुई अग्नि में बकरे के रक्त से मिश्रित कर इस कृत्या मन्त्र से हवन करे तो शत्रु महाज्वर से मूर्च्छित हो यमपुर चला जाता है ॥ ७२-७४ ॥

अजरक्तेन संपूर्णे कलशे निक्षिपेदहिम् ॥ ७४ ॥
कपालेन पिधायैनं छादयेद्रक्तवाससा।
पूजयेद्रक्तपुष्पाद्यैः स्पृष्ट्वा तमयुतं जपेत् ॥ ७५ ॥
भौमवारे निशामध्ये कारस्करसमेधिते।
श्मशानवह्नौ जुहुयाद् गच्छेद्यमपुरं रिपुः॥ ७६ ॥

अहिमिति । जीवन्तं कृष्णम् । एनं घटम् । तं घटं शत्रुरूपम् ॥ ७४-७६ ॥

बकरे के रक्त से परिपूर्ण कलश में साँप को रख देवें । फिर उसे कपाल से बन्द कर रक्त वस्त्र से ढ़क देवे । तदनन्तर रक्त पुष्पादि से उस कलश की पूजा कर उसका स्पर्श करते हुये, दस हजार जप करे ॥ ७४-७५ ॥

मङ्गलवार के दिन आधी रात के समय कुचिले की लकड़ी से जलती हुई श्मशान की अग्नि में होम करे तो शत्रु यमपुर चला जाता है ॥ ७६ ॥

साध्यनक्षत्रवृक्षेण कृत्वा कुम्भं प्रपूरयेत्।
माहिषैः पञ्चगव्यैस्तं विडालं तत्र निक्षिपेत् ॥ ७७ ॥
जपपूजादिकं सर्वं यथापूर्वं समाचरेत्।
कारस्करभवे वह्नौ कृत्यास्त्रेण समेधिते॥ ७८ ॥
अयुतं व्रणतैलेन हुत्वाऽन्ते तं घटं पुनः।
आमस्तकं समुद्धृत्य जपेन्मन्त्रमनन्यधीः।
जुहुयाद्विधिनाऽनेन त्रिदिनैर्म्रियते रिपुः॥ ७९ ॥
सुन्दरं महिषीवत्समेकरात्रमुपोषितम्।

पाययन् महिषीसर्पिः प्रस्थं मन्त्रेण मन्त्रितम् ॥ ८० ॥
कुशैरावद्धसर्वाङ्गं स्थापितप्राणमञ्जसा ।
कारस्करैधिते वह्नौ व्रणतैलेन मन्त्रवित् ॥ ८१ ॥
होमं कृत्वाऽयुतं वत्सं जुहुयाद्यतमानसः ।
एकेन दिवसेनाऽरिर्गच्छेद्यमपुरं प्रति ॥ ८२ ॥

विडालं कृष्णम् । जपपूजादिकमिति आदिशब्देन कपालेन पिधानं रक्तवस्त्राच्छादनं च । कारस्करभवे कारस्करकाष्ठैधिते । वह्नौ श्मशानाग्नौ । व्रणतैलेन भल्लाततैलेन । अनन्यधीरित्यनेन पूर्वघटहोमेऽपि अयं होम इत्युक्तम् ॥ ७७-८२॥

साध्य के नक्षत्र वृक्ष से निर्मित कलश को माहिष के पञ्चगव्य से परिपूर्ण करे और उसमें कृष्ण वर्ण का जीवित विडाल डाल दें । उसकी जप पूजा भी पूर्ववत् कर देवें । तदनन्तर कुचिला की समिधा से जलती हुई श्मशान की अग्नि में भल्लातक के तेल से इस मन्त्र द्वारा दस हजार हवन करे । फिर घड़े को शिरो भाग से खोल कर एकाग्र चित्त हो कृत्यास्त्र का जप करे । पुनः उक्त विधान से हवन करे तो शत्रु तीन दिनों के भीतर मर जाता है ॥ ७७-७९ ॥

एक सुन्दर भैंस के बच्चे को जो एक रात तक कुछ भी न खाया हो, उसे इस मन्त्र से अभिमन्त्रित, एक प्रस्थ घी पिलावे । फिर प्राण-प्रतिष्ठा कर उसके सारे अङ्गों की कुशा से बाँध देवें । तदनन्तर मन्त्रवेत्ता भल्लातक के तेल से कुचिला की समिधा से जलती हुई श्मशानाग्नि में इस कृत्या मन्त्र द्वारा दस हजार होम करे । फिर उस बच्चे के मांस का भी उतनी संख्या में इस मन्त्र से होम करे तो शत्रु एक ही दिन में यमपुरी को प्राप्त हो जाता है ॥ ८०-८२ ॥

त्रिकोणकुण्डनिहिते वह्नौ मन्त्रेण दीपिते ।
आर्चिते गन्धपुष्पाद्यैरयुतं जुहुयात् क्रमात् ॥ ८३ ॥
राजिभल्लातकतिलतैलैः सप्तदिनं ततः ।
प्रसूतिसमयप्राप्तां महिषीं स्थापितानिलाम् ॥ ८४ ॥
पूजितां गन्धपुष्पाद्यैः स्पृशन् कूर्चेन तां जपेत् ।
मस्तकाद्योनिपर्यन्तं धिया वत्समनुस्मरन् ॥ ८५ ॥
आकृष्य हस्ते पतितं जुहुयादेधितेऽनले ।
एवं कृते समुत्पन्ना कृत्या दीप्ता हुताशनात् ॥ ८६ ॥
भक्षयेदचिराच्छत्रुमीश्वरेणाऽपि रक्षितम् ।
पुनरग्नौ विशत्येषा कर्तारमपि काङ्क्षिणी ॥ ८७ ॥
एवंविधानि कर्माणि यः कुर्यान्मन्त्रवित्तमः ।
स जपेदात्मरक्षार्थं मन्त्रान् मृत्युञ्जयादिकान् ॥ ८८ ॥

क्रमादिति प्रत्येकमयुतहोमः । तैलशब्दः प्रत्येकमभिसम्बध्यते । स्थापितानिलां प्रतिष्ठितप्राणाम् । हस्ते पतितमिति । भुवमस्पृष्टम् । जुहुयादिति । शत्रुबुद्ध्या । कर्त्तारमपि काङ्क्षिणीत्युक्तेस्तद्रक्षामाह स जपेदिति ॥ ८३-८८ ॥

त्रिकोण कुण्ड में स्थापित मन्त्र से प्रज्वलित तथा गन्ध पुष्पादि से अर्चित अग्नि में क्रमशः राई, भल्लातक के तेल और तिल के तेल से अलग अलग (प्रत्येक से) दश दश हजार की संख्या में प्रतिदिन के क्रम से सात दिन पर्यन्त होम करे । इसके बाद प्रसूतिकाल निकट है जिसकी ऐसी महिषी में प्राण प्रतिष्ठा कर गन्ध पुष्पादि से पूजित कर उसका कुशा से स्पर्श करते हुये कृत्या का जप करे और अपनी बुद्धि से मस्तक से योनि पर्यन्त भैंस के बच्चे को ध्यान कर उस बच्चे को गर्भ से खींच कर पृथ्वी पर गिरने के पहले हाथ में रोक कर प्रदीप्त अग्नि में हवन करे तो उस जलती हुई अग्नि से उत्पन्न हुई कृत्या शीघ्र ही शत्रु को खा जाती है चाहे उसकी रक्षा शंकर ही क्यों न करें । फिर वह प्रयोक्ता प्रयोक्ता को भी खाने के लिये आग में प्रवेश करती है ॥ ८३-८७ ॥

इसलिये इस प्रकार कृत्या का प्रयोग करने वाला साधक अपनी रक्षा के लिये मृत्युञ्जय आदि मन्त्रों का अवश्य जप करे ॥ ८८ ॥

लवणमन्त्रः

अथो लवणमन्त्रस्य विधानमभिधीयते ।
ऋगाद्या कथिता पूर्वं लवणाम्भसिपूर्विका ॥ ८९ ॥
लवणाम्भसि तीक्ष्णोऽसि उग्रोऽसि हृदयं तव ।
लवणस्य पृथ्वी माता मन्त्रस्य वरुणः पिता ॥ ९० ॥
लवणे हूयमाने तु कुतो निद्रा कुतो रतिः ।
लवणं दहति पचति पाचयति लवणं छिन्दति भिन्दति ॥९१ ॥
अमुकस्य दह गात्राणि दह मांसं दह त्वचम् ।
दह त्वगस्थिमज्जानि अस्थिभ्यो मज्जिकां दह ॥ ९२ ॥
यदि वसति योजनशते नदीनां वा शतान्तरे ।
नगरे लोहप्राकारे कृष्णसर्पशतार्गले ॥ ९३ ॥
तं दग्ध्वा नय मे शीघ्रमग्रे लोणस्य तेजसा ।
तत्रैवं वशमायातु लवणमन्त्रपराक्रमः ॥ ९४ ॥
या ते रात्रिः शल्यविद्धस्य शूलाग्रारोपितस्य च ।
या ते रात्रिर्महारात्रिः सा ते रात्रिर्महानिशा ॥ ९५ ॥
लवणादि द्वितीयाऽन्या दहाद्या परिकीर्त्तिता ।
तं दग्ध्वाऽन्या चतुर्थी स्याद्यातेपूर्वाऽथ पञ्चमी ॥ ९६ ॥

ऋष्यादिकथनम्

अङ्गिरा मुनिराख्यातश्छन्दोऽनुष्टुबुदाहृतम् ।
अग्नी रात्रिः पुनर्दुर्गा भद्रकाली च देवताः ॥ ९७ ॥

लवणमन्त्रविधानमाह अथो इति । लवणादिद्वितीयेत्यत्र आकारे परे एचोयवायाव इति आयिकृते यकारलोपे च छान्दसत्वात् सन्धिः कृतः । प्रातिपदिकमात्रस्य लवणशब्दस्य वा ग्रहणम् । तेन लवणे इत्याद्या द्वितीया । तदुक्तमाचार्यैः— 'द्वितीया लवणे' इति । अन्या तृतीया । एवमृक्पञ्चकं चिटिमन्त्रसहितमेका विद्या । प्रणवपाशादि त्र्यक्षरादित्वम् । वाग्विन्द्रामृतबीजादित्वं च सम्प्रदायात् ज्ञेयम् । पद्मपादाचार्योक्तो मन्त्रोद्धारो यथा—

पृथिवीमुदकं चोक्त्वा(लव)णाम्भसीति ततः परम् ।
तीक्ष्णोऽस्युग्रोऽसि हृदयं तवेति लवणस्य गीः ॥
पृथिवीति च माता लवणस्य वरुणः पिता ।
प्रथमेयं द्वितीयाया लवणे इत्युपक्रमः ॥
हूयमाने त्विति कुतो निद्रेति च कुतो रतिः ।
लवणं पचतीत्युक्त्वा तथा पाचयतीति च ॥
लवणं छिन्दतीत्युक्त्वा भिन्दतीति च भाष्यताम् ।
अमुकस्य दह गात्राणि दह मांसं दह त्वचम् ॥
दहेति च तृतीयाया भवेद्दच उपक्रमः ।
त्वगस्थिमज्जानीत्यस्थिभ्योशब्दं मज्जिकां दह ॥

(क्वचित्पुस्तके त्वगसृङ्मांसमेदोऽस्थिभ्यो शब्दमिति पाठः ।)

ततो यदीति सम्भाष्य वसतीति पदं वदेत् ।
योजनेति शते वर्णान्नदीनां वा शतान्तरे ॥
तं दग्ध्वेति चतुर्थ्यादौ नय मे शीघ्रमित्यतः ।
अग्ने इत्येतदन्ते स्याल्लवणस्येति तेजसा ॥
नगरे लोहवर्णाः स्युः प्राकारे कृष्णवर्णकाः।
सर्पेत्यन्ते कृतार्गेतिले अत्रैव वशाक्षराः ॥
माया त्विति स्याल्लवणमन्त्रवर्णाः पुरस्कृताः ।
या ते रात्रिः शल्यविद्धस्य शूलाग्रारोपितस्य च ॥
या ते रात्रिरिति प्रोक्त्वा महारात्रिरितीरयेत् ।
सा ते रात्रिर्महेत्युक्त्वा निशेत्येवं तु पञ्चमी ॥ इति ॥

टीकान्तरेऽपि— माता स्याल्लवणस्येतत् वरुणः स्यात्पिता तथा ।
द्वितीया लवणे प्रोक्ता । इति ।

तथा— प्रवदेदमुकस्याऽन्ते दह गात्राणि पञ्चकम् ।
दह मांसं दहेत्युक्त्वा त्वचमुक्त्वा समापयेत् ॥
तृतीयाऽथ दह प्रोक्त्वा त्वगिति प्रवदेदतः ।
स्थिमज्जानीत्यतोऽस्थिभ्यो मज्जिकां स्याद्दहेति च ॥ इति ॥

तथा— या ते रात्रिः स्वशूलान्ते भिन्नस्येत्यक्षरत्रयम् ।

शूलाग्रारोपितस्येति(स्यापि)चान्ते या ते इतीरयेत् ॥
रात्रिः स्याच्च महारात्रिर्या रात्रिरमुकं विना ।
इत्येवं पञ्चमी ऋक् स्यात् मन्त्रोऽयं प्रणवादिकः ॥ इति ॥

तथाऽत्राऽऽचार्यैः छन्दः कथनावसरे उक्तम्—अङ्गिराः स्यादृषिश्छन्दोऽनुष्टुप्त्रिष्टुप् । इति ॥

मन्त्रमुक्तावलीमन्त्रदेवप्रकाशिकाकारादीनामिदमेव सम्मतम् । पद्मपादाचार्यैः बीजशक्ती उक्ते—ह्रीं बीजं शक्तिरीरिता क्रोमित्येव च बीजं स्यादिति । तैरेव एतत्समफलं मन्त्रान्तरमुक्तम्—

चिटीति शब्दं संवीप्स्य चित्कालिपदमीरयेत् ।
महाचित्कालिशब्दान्ते ह्रीं सवौषट् द्विठान्तिकः ॥
मन्त्रान्तरमिति ज्ञेयं मतं तुल्यफलं शिवे ॥ इति ॥ ८९-९७ ॥

अब **लवण मन्त्र का विधान** कहता हूँ—इन मन्त्रों के ऋचा के पूर्व में लवणाम्भसि शब्द का प्रयोग किया जाता है । अब इसका उद्धार कहते हैं ॥ ८९॥

'लवणाम्भसि तीक्ष्णोऽसि उग्रोऽसि हृदयं तव ।
लवणस्य पृथिवी माता लवणस्य वरुणः पिता ॥
लवणे हूयमाने तु कुतो निद्रा कुतो रतिः ।
लवणं दहति पचति पाचयति लवणं छिन्दति भिन्दति ॥
अमुकस्य दह गात्राणि दह मांसं दह त्वचम् ।
दह त्वगस्थि मज्ञानि अस्थिभ्यो मज्जिकां दह ॥
यदि वसति योजनशते नदीनां वा शतान्तरे ।
नगरे लोहप्राकारे कृष्णसर्पशतार्गले ॥
तं दग्ध्वा नय मे शीघ्रमग्रे लोणस्य तेजसा ।
तत्रैवं वशमायातु लवणमन्त्रपराक्रमः ॥
या ते रात्रिः शल्यविद्धस्य शूलाग्रारोपितस्य च ।
या ते रात्रिर्महारात्रिः सा ते रात्रिर्महानिशा ॥'

अब इस लवण मन्त्र का पाँच विभाग करते हुये ग्रन्थकार कहते हैं—'लवणाम्भसि' से आरम्भ कर वरुणः पिता पर्यन्त प्रथम ऋचा है, पुनः 'लवणे हूयमाने से दह त्वचम् तक दूसरी ऋचा है फिर दह त्वगस्थि से शतार्गले पर्यन्त तृतीय ऋचा है, फिर दं दग्ध्वा से लवणमन्त्रपराक्रमः चतुर्थी है और या ते रात्रिः से महानिशा पर्यन्त पञ्चमी ऋचा है ॥ ९६ ॥

इस लवण मन्त्र के ऋषि अङ्गिरा हैं अनुष्टुप् छन्द है । अग्नि, रात्रि, दुर्गा और भद्रकाली देवता हैं ॥ ९७ ॥

षडङ्गन्यासादि

चिटिमन्त्राक्षरैः कुर्यात् षडङ्गानि समाहितः ।
पञ्चभिर्हृदयं प्रोक्तं त्रिभिर्वर्णैः शिरः स्मृतम् ॥ ९८ ॥

पञ्चवर्णैः शिखा प्रोक्ता कवचं करणाक्षरैः ।
पञ्चभिर्नेत्रमुदितं युगलेनाऽस्त्रमीरितम् ॥ ९९ ॥

षडङ्गमाह—चिटीति । समाहित इत्यनेन पञ्चग्भिः पञ्चाङ्गं वा कुर्यादित्युक्तम् । यदाहुराचार्याः— ऋग्भिराभिस्तु पञ्चाङ्गं पञ्चभिर्वा समीरितम् ।
विद्याक्षरैः षडङ्गं वा प्रणवाद्यैर्निगद्यते ॥ इति ॥ ९८-९९ ॥

इस मन्त्र का न्यास 'चिटी' इत्यादि वक्ष्यमाण (द्र. २२, १००-१०१) मन्त्र के अक्षरों से करना चाहिए । ये वक्ष्यमाण चिटि मन्त्र २४ अक्षरों के हैं इनमें पाँच से हृदय, तीन से शिर, पाँच से शिखा, चार से कवच, पाँच से नेत्र तथा दो से अस्त्रन्यास करना चाहिए ॥ ९८-९९ ॥

चिटिमन्त्रः

तारः चिटिद्वयं पश्चाच्चण्डालि तदनन्तरम् ।
महत्पदाद्यां तां ब्रूयादमुकं मे ततः परम् ॥ १०० ॥
वशमानय ठद्वन्द्वं चिटिमन्त्र उदाहृतः ।
चतुर्विंशत्यक्षरात्मा सर्वकामफलप्रदः ॥ १०१ ॥

चिटिमन्त्रमुद्धरति तार इति । महत्पदाद्यां तामिति महाचाण्डालि । अत्र आन्महत इत्यनेनाऽऽत्वम् । क्वच्चित्तु महापदाद्यामिति पाठः । तदुक्तम्—
चाण्डालीति महेत्युक्त्वा चाण्डालीत्यभिमन्त्रयेत् । इति ॥ १००-१०१ ॥

अब **चिटि मन्त्र का उद्धार** कहते हैं—प्रथम तार (प्रणव) तदनन्तर दो चिटि शब्द (चिटि चिटि) इसके पश्चात् 'चण्डालि' तत्पश्चात् 'महा चण्डाले' शब्द तदनन्तर अमुकं मे वशमानय स्वाहा' यह २४ अक्षर का मन्त्र हैं और समस्त कामनाओं को पूर्ण करता है ॥ १००-१०१ ॥

विमर्श—मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है—

'ॐ चिटि चिटि चण्डालि महाचण्डाले अमुकं मे वशमानय स्वाहा (२४)।'

अग्निध्यानम्

नवकुङ्कुमसंभिन्नं त्रिनेत्रं रुचिराकल्पशतं भजामि वह्निम् ।
स्रुवशक्तिवराभयानि दोर्भिर्दधतं रक्तसरोरुहे निषण्णम् ॥१०२॥

यामवतीध्यानम्

कालाम्बुवाहद्युतिमिन्दुवक्त्रां
हारावलीशोभिपयोधराढ्याम् ।
कपालपाशाङ्कुशशूलहस्तां
नीलाम्बरां यामवतीं नमामि ॥ १०३ ॥

दुर्गाध्यानम्

कालाम्बुदाभामरिशङ्खशूल-
खड्गाढ्यहस्तां तरुणेन्दुचूडाम् ।
भीमां त्रिनेत्रां जितशत्रुवर्गां
देवीं स्मरेत् दुर्गतिभङ्गहस्ताम् ॥ १०४ ॥

भद्रकालीध्यानम्

टङ्कं कपालं डमरुं त्रिशूलं
सम्बिभ्रती चन्द्रकलावतंसा ।
पिङ्गोर्ध्वकेशी सितभीमदंष्ट्रां
भूयाद्विभूत्यै मम भद्रकाली ॥ १०५ ॥

दक्षाद्यूर्ध्वयोराद्ये तदधस्तनयोरन्त्ये इत्यायुधध्यानम् अग्निध्याने । तदुत्तरं तु वामाधस्ताद्दक्षाधस्तनं यावत् । दुर्गाध्याने दक्षोर्ध्वाद्दक्षाधस्तनं यावदायुधध्यानम् । टङ्कः । परशुः । अन्त्ये दक्षाधस्ताद्दक्षोर्ध्वं यावत् ॥ १०२-१०५ ॥

पूर्वोक्त लवणमन्त्र के अग्नि, रात्रि, दुर्गा और भद्रकाली देवता कहे गए हैं (द्र. २२. ९७) । अब क्रमशः उनका ध्यान कहते हैं—प्रथम **अग्नि का ध्यान**—नवकुंकुम के समान लालवर्ण वाले, त्रिनेत्र, नाना प्रकार के मनोहर वेश एवं आभूषणों से युक्त, हाथों में स्त्रुव, शक्ति, वर एवं अभय मुद्रा, धारण करने वाले रक्त वर्ण के कमलासन पर विराजमान अग्नि देव का मैं भजन करता हूँ ॥ १०२॥

अब **यामवती (रात्रि) का ध्यान** कहते हैं—काले काले बादलों के समान कान्ति युक्ता, चन्द्रमुखी, नील परिधान धारण किये हुये मनोहर हारों के धारण करने से शोभित स्तन वाली, हाथों में कपाल, पाश, अंकुश एवं शूल धारण किये हुये यामवती (निशा) भगवती को मैं नमस्कार करता हूँ ॥ १०३ ॥

अब **दुर्गा का ध्यान** कहते हैं—काले बादल के समान कान्ति से युक्त चक्र, शङ्ख, शूल तथा खड्ग हाथों में लिये, पूर्णिमा के चन्द्रमा को शिर में धारण किये, भीमा, त्रिनेत्र, शत्रुवर्गों, को जीतने वाली, स्वयं अपने हाथों से भक्तों की दुर्गति (अभाग्य) नष्ट करने वाली दुर्गा देवी का स्मरण करना चाहिए ॥ १०४ ॥

अब **महाकाली का ध्यान** कहते है—परशु, कपाल, डमरु, त्रिशूल को धारण करने वाला मुकुट में चन्द्रकला का आभूषण बाँधे, पिङ्गवर्ण के केशों को धारण करने वाली, श्वेत किन्तु महाभयानक दाँतों वाली भगवती भद्रकाली हमें ऐश्वर्य प्रदान करें ॥ १०५ ॥

पुरश्चरणादिकथनम्

ऋक्पञ्चकं जपेत्सम्यगयुतं तद्दशांशतः ।
हविषा घृतसिक्तेन जुहुयादर्चितेऽनले ॥ १०६ ॥

सम्यगयुतमिति । चिटिमन्त्रसहितमृक्पञ्चकम् अयुतं जपेदित्यर्थः ।

तदुक्तमाचार्यैः— अयुतं नियतो मन्त्री मन्त्रमृक्पञ्चकान्वितम् ।
प्रजपेत् त्रिसहस्रं वा सम्यगेनं समाहितः ॥ इति ॥

तन्त्रान्तरे तु विशेषः—गङ्गादिमुख्यसरितां तीरदेशे समाश्रिते ।
स्वयमेव समुद्भूते दुर्गानिलयने वशी ॥
त्रिसहस्रं जपेदेतदथवाऽयुतसंख्यया ।
पूर्वोक्तं चिटिमन्त्रं तु जपेत्तस्य चतुर्गुणम् ॥ इति ॥ १०६ ॥

साधक चिटि मन्त्र के सहित ऊपर कहे गये ५ ऋचाओं से युक्त लवण मन्त्र का दस हजार जप करे और घृत मिश्रित हवि से सुसंस्कृत एवं सुपूजित अग्नि में उसका दशांश होम करे ॥ १०६ ॥

एवं कृतपुरश्चर्यः प्रयोगे कुशलो भवेत् ।
अग्निर्यामवती ध्येयौ वश्याकर्षणकर्मणोः ॥ १०७ ॥
स्मरेद् दुर्गां भद्रकालीं मन्त्री मारणकर्मणि ।
जानुप्रमाणे सलिले स्थित्वा निशि जपेन्मनुम् ॥ १०८ ॥
अनेन वाञ्छितः साध्यः किङ्करो जायते क्षणात् ।
नाभिमात्रोदके स्थित्वा जपेन्मन्त्रमिमं सुधीः ॥ १०९ ॥
अष्टोत्तरसहस्रं यस्तस्य साध्यो वशो भवेत् ।
ऋक्पञ्चकं जपेत्सम्यक्कण्ठमात्राम्भसि स्थितः॥ ११०॥
सप्तभिर्दिवसैर्भूपान् वशयेद्विधिनाऽमुना ।
विलिख्य तालपत्रे तं साध्यनाम्ना विदर्भितम् ॥ १११ ॥
निःक्षिप्य क्षीरसंमिश्रे जले तत् क्वाथयेन्निशि ।
वश्यो भवति साध्योऽस्य नात्र कार्या विचारणा॥ ११२ ॥
तालपत्रे लिखित्वैवं भद्रकाली गृहे खनेत् ।
वश्याय सर्वजन्तूनां प्रयोगोऽयमुदाहृतः ॥ ११३ ॥

एवं कृतपुरश्चर्य इत्यनेन नित्यपूजापि सूचिता । तया विना तस्याऽसम्पादनात्। सोक्ता रामकण्ठेन—

भीषणी बहुरूपा च तीक्ष्णदंष्ट्रा मदोत्कटा ।
मारणी मोहनी कान्ता कमण्डलुधरा अपि ॥
अभिचारकरी चेति लोणमन्त्रस्य शक्तयः ।
पाशाङ्कुशपुटा शक्तिः सर्वशक्तिपदंकरी ॥
लासनाय नमोऽन्तः स्यात्पीठमन्त्रो ध्रुवादिकः।
मूर्त्तावावाह्य गन्धाद्यैर्देवताः सम्प्रपूजयेत् ॥
अङ्गैरावरणं पूर्वं द्वितीयं वह्निमूर्त्तिभिः ।

तद्बहिः शूलहस्तादिशक्तिभिश्च समीरिता ॥
उत्कटाद्यैश्चतुर्थी तु पञ्चमावृतिरीरिता ।
लोकेशैर्लोणमन्त्रस्य विधानमिति कीर्त्तितम् ॥
शूलहस्ता विकेशी च दारुणा लवणप्रिया ।
वरा कराली चात्युग्रा तामस्यस्याऽष्टशक्तयः ॥
उत्कटो विकटाक्षश्च शूलहस्तो महाबलः ।
अग्निजिह्वः खड्गधरः कपाली तारणप्रियः ॥ इति ॥ १०७-११३ ॥

जो साधक उक्त प्रकार से इस मन्त्र का पुरश्चरण कर लेता है वही इसका अनुष्ठान सम्पन्न करने में समर्थ होता है । वश्य तथा आकर्षण कर्म में अग्नि एवं यामवती का ध्यान करना चाहिए ॥ १०७ ॥

मन्त्रज्ञ साधक मारण कर्म में दुर्गा और भद्रकाली का स्मरण करे और जानु प्रमाण जल में खड़े हो कर रात्रि के समय इस मन्त्र का जप करना चाहिए । ऐसा करने से जिस साध्य को चाहे उसे किंकर बना सकता है॥ १०८-१०९ ॥

नाभिमात्र जल में स्थित हो कर बुद्धिमान् साधक इस मन्त्र का १००८ बार जप करे तो साध्य उसके वश में हो जाता है ॥ १०९-११० ॥

यदि साधक कण्ठ मात्र जल में स्थित होकर लवण मन्त्र के पाँचों ऋचाओं का जप करे तो इस विधि से सात दिन के भीतर ही राजा को अपने वश में कर लेता है ॥ ११०-१११ ॥

ताड़ पत्र पर साध्य के नाम के साथ इस मन्त्र को विदर्भित कर (द्र. २३. १३८) दूध मिश्रित जल में उस यन्त्र को डाल देवे और रात्रि के समय उसका क्वाथ बनावे तो साध्य वश में हो जाता है, इस विषय में विचार की आवश्यकता नहीं ॥ १११-११२ ॥

इस मन्त्र को ताड़पत्र पर लिख कर भद्रकाली के मन्दिर में गाड़ देवे । यह प्रयोग सभी प्रागियों को वश में करने के लिये कहा गया है ॥ ११३ ॥

ताम्रपत्रे लिख्य मन्त्रं साध्यनामविदर्भितम् ।
तापयेत् खादिरे वह्नौ मासं वश्यो भवेन्नरः ॥ ११४ ॥
त्रिकोणं कुण्डमापाद्य सम्यक् शास्त्रोक्तलक्षणम् ।
तस्मिन् होमं प्रकुर्वीत संस्कृते हव्यवाहने ॥ ११५ ॥
प्रक्षाल्य गव्यदुग्धेन संशोष्य लवणं सुधीः ।
सुचूर्णितं प्रजुहुयात् सप्ताहाद्वशयेज्जनान् ॥ ११६ ॥
दधिमध्वाज्यसंसिक्तैः सैन्धवैर्जुहुयात्तथा ।
वशयेदखिलान्देवानचिरात् किमु पार्थिवान् ॥ ११७ ॥

एवमिति साध्यनाम्ना विदर्भितमित्यर्थः ॥ ११४-११७ ॥

ताम्रपट्ट पर साध्य के नाम से विदर्भित (द्र. २३. १३८) इस मन्त्र को लिखे और खैर की समिधा से जलती हुई अग्नि में उसे तपावे तो एक महीने के भीतर ही मनुष्य वश में हो जाता है ॥ ११४ ॥

शास्त्रोक्त रीति से विधिवत् त्रिकोण कुण्ड का निर्माण करे । फिर उसमें अग्नि स्थापित कर उसे सुसंस्कृत करे । पश्चात् उसमें गाय के दूध से धोये गये, घाम में सुखा कर चूर्ण किये गये नमक का होम करे तो सात दिन के भीतर ही वह अभीष्ट साध्य को अपने वश में कर लेता है ॥ ११५-११६ ॥

दही, मधु तथा घृत से मिश्रित सेंधा नमक का होम करे तो संपूर्ण देवताओं को वश में कर लेता है, फिर राजाओं की तो बात ही क्या है? ॥ ११७ ॥

विशुद्धं लवणप्रस्थं विभक्तं पञ्चधा पृथक् ।
एकैकया प्रजुहुयादृचा पञ्चाहमादरात् ॥ ११८ ॥
यस्य नाम्ना स वश्यः स्यादनेन विधिनाऽचिरात् ।
शुद्धं लवणमादाय जुहुयान्मधुरान्विताम् ॥ ११९ ॥
ऊनपञ्चाशदाहुत्या वशं नयति वाञ्छितम् ।
नित्यं शुद्धेन लोणेन हुत्वा शत्रून् वशं नयेत् ॥ १२० ॥
मधुरत्रय संयुक्तैर्लवणैः साधु चूर्णितैः ।
जुहुयाद्वशयेन्नारीर्नरान् नरपतीनपि ॥ १२१ ॥

विशुद्धमिति । प्रक्षालितं पूर्ववत् । लवणेति सैन्धवम् । एवमग्रेपि ॥ ११८-१२१ ॥

पूर्वोक्त विधि से शुद्ध किये गये (द्र. २२. ११६) प्रस्थ परिमाण नमक का पाँच भाग करे, तदनन्तर एक एक भाग का क्रमशः पाँच दिनों में श्रद्धापूर्वक होम करे ॥ ११८ ॥

जिस साध्य के नाम की मन्त्र में योजना कर हवन करे तो वह इस विधि से शीघ्र ही वश में हो जाता है । पूर्वोक्त विधि से (२२. ११६) शुद्ध किये गये लवण के चूर्ण को त्रिमधुर, (दूध घृत एवं मधु) में मिश्रित कर ४९ आहुति प्रतिदिन, सुसंस्कृत अग्नि में देवे तो अभीष्ट को वश में कर लेता है—नित्य शुद्ध नमक का होम करने से शत्रु को भी वश में किया जा सकता है ॥ ११९-१२०॥

यदि अच्छी तरह विशुद्ध किये गये नमक के चूर्ण को त्रिमधुर से मिश्रित कर साधक इस मन्त्र से हवन करे तो वह स्त्री पुरुष तो क्या राजा को भी वश में कर लेता है ॥ १२१ ॥

पञ्चपुत्तलीप्रयोगः

मन्त्रं कृष्णतृतीयादि प्रजपेद्यावदष्टमी ।
पुत्तलीः पञ्च कुर्वीत साङ्गोपाङ्गाः समाः शुभाः ॥ १२२ ॥

एका साध्यद्रुमेण स्यादन्या पिष्टमयी मता ।
चक्रिहस्तमृदाऽन्या स्यादन्या सिक्थमयी स्मृता ॥ १२३ ॥
लवणं पोतसम्भूतं चूर्णितं परिशोधितम् ।
कुडवं प्रोक्षयेत् क्षीरदध्याज्यमधुभिः क्रमात् ॥ १२४ ॥
गुडाज्यमधुभिः सम्यङ्मिश्रितेनाऽमुना ततः ।
कुर्वीत पुत्तलीं सौम्यां सर्वावयवशोभिताम् ॥ १२५ ॥

प्रयोगान्तरमाह—मन्त्रमित्यादिना । यावदष्टमीति कृष्णा । कुर्वीतेत्यष्टम्याम् । साङ्गोपाङ्गा इति । अङ्गानि तु—

त्वक्हस्तहृत्पार्श्वकटी पत्स्कन्धौ कन्धराभुजौ ।
पृष्ठं तथोदरं तूरूजङ्घे इत्यङ्गसंग्रहः ॥
उपाङ्गानि भ्रूपुटौ च तारागण्डौ च नासिका ।
ओष्ठौ तु दशना जिह्वा चिबुकास्यं सनाभि च ॥
जघनं योनिगुह्ये च जानुनी मणिबन्धकौ ।
पार्ष्णीगुल्फौ तथाऽङ्गुल्यः करयोः पादयोस्तले ॥ इति ।

साध्यद्रुमेणेति । साध्यनक्षत्रवृक्षेण । साध्यनक्षत्रवृक्षानस्मिन्नेव वक्ष्यति । पिष्टमयीति । तण्डुलपिष्टमयी । चक्री कुलालः । सिक्थं मधूच्छिष्टम् । पोतसम्भूतमिति सामुद्रम् । अमुना लवणेन । सौम्यां सुन्दरीम् । पञ्चाऽपि द्वादशाङ्गुलाः ॥ १२२-१२५ ॥

साधक कृष्णपक्ष की तृतीया से आरम्भ कर कृष्णपक्ष की अष्टमी यावत् इस मन्त्र का जप करे । फिर उसी अष्टमी के दिन साङ्गोपाङ्ग मनोहर और द्वादशाङ्गुल एवं तुल्य प्रमाण की पाँच पुतली इस प्रकार निर्माण करे—एक पुतली साध्य के नक्षत्र वृक्ष की लकडी की, दूसरी चावल के पिसान की, तीसरी कुम्हार के चाक की मिट्टी की, चौथी मधूच्छिष्ट की, पाँचवीं शोधित तथा चूर्ण की गई सामुद्रिक नमक की बनावे । इन पुत्तलियों का प्रमाण कुडव मात्रा तथा द्वादशाङ्गुल कहा गया है । तदनन्तर उन पुत्तलियों को दूध, दही, घृत तथा मधु मिलाकर लेप करे, पुत्तलियाँ सुन्दर तथा सर्वावयव से शोभित होनी चाहिए ॥ १२२-१२५ ॥

प्राणमन्त्रकृतं यन्त्रमासां हृदि विनिःक्षिपेत् ।
आसु प्राणान् प्रतिष्ठाप्य पूजयेत् कुसुमादिभिः ॥१२६॥
पश्चात् कृष्णाष्टमीरात्रौ याममात्रे गते सति ।
विधाय मातृकान्यासं मन्त्रन्यासमनन्तरम् ॥ १२७ ॥
चिटिमन्त्रसमुद्भूतान् चतुर्विंशतिसंख्यकान् ।
ताराद्यान्विन्यसेद्वर्णान् स्थानेष्वेषु समाहितः ॥ १२८ ॥

यन्त्रमित्यग्रिमपटले वक्ष्यमाणम् । प्राणानित्यग्रिमपटले वक्ष्यमाणेन प्रकारेण ।

आचार्यास्तु—तस्यां तु स्थापयेत् प्राणान् गुर्वदिशविधानतः ॥ इति ।

अत्र साम्प्रदायिका विशेषमाहुः । पुत्तलिकाया हृदयं स्पृशन् प्राणा इह प्राणा जीव इह स्थित इति इन्द्रियाणि स्पृशन् सर्वेन्द्रियाणि वाङ्मनश्चक्षुःश्रोत्रघ्राणेति सर्वाङ्गं स्पृशन् प्राणा इहायान्तु सुखं चिरं तिष्ठन्तु इति शिरः स्पृशन् स्वाहेति जपेत्। मन्त्रन्यासमिति । पञ्चग्भिः पञ्चाङ्गमित्यर्थः ॥ १२६-१२८ ॥

इसके बाद उन पुत्तलियों के हृदय में (द्र. २३. ७१-७६) में कहे गये प्राण प्रतिष्ठा मन्त्र को रख देना चाहिए । इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा कर पुष्पादि से उसकी पूजा करे । फिर कृष्णाष्टमी की रात्रि में जब एक प्रहर रात चली जाय तब मातृकान्यास करे । फिर उसके अनन्तर इस मन्त्र के पाँच ऋचाओं से पञ्चाङ्ग-न्यास करे । फिर चिटिमन्त्र के २४ अक्षरों का न्यास आदि में प्रणव उच्चारण करते हुये इन इन स्थानों में एकाग्रचित्त हो कर करे ॥ १२६-१२८ ॥

मूर्ध्नि भाले दृशोः श्रुत्योर्नासास्यचिबुकेष्वथ ।
कण्ठहृत्स्तनयुग्मेषु कुक्षौ नाभौ कटिद्वये ॥ १२९ ॥
मेढ्रे पाणौ प्रविन्यस्य शिष्टवर्णचतुष्टयम् ।
ऊरुद्वये जानुयुगे जङ्घायुग्मे पदद्वये ॥ १३० ॥
एवं विन्यस्तसर्वाङ्गो रक्तमाल्यानुलेपनः ।
रक्तवस्त्रधरः शुद्धः पुत्तलीं दारुणा कृताम् ॥ १३१ ॥
अधोमुखीं खनेत् कुण्डे पिष्टजामासनादधः ।
मृण्मयीं प्रतिमां पाददेशे न्यस्येत्तथात्मनः ॥ १३२ ॥
मधूच्छिष्टमयीं व्योम्नि कुण्डस्योर्ध्वं प्रलम्बयेत् ।
लवणेन कृतां पश्चात् पुत्तलीं संस्पृशन् जपेत् ॥ १३३ ॥
ऋक्पञ्चकं यथान्यायमष्टोत्तरसहस्रकम् ।
संहृत्य चिटिमन्त्रार्णान् पुनस्तस्यास्तनौ न्यसेत्॥ १३४ ॥

अथवान्यमेवाह चिटोति । दारुणेति । साध्यनक्षत्रवृक्षकाष्ठेन कृतां कुण्डे खनेन्निखनेदित्यर्थः । तत्र द्व्यङ्गुलाधोनिखननं ज्ञेयम् । अधोमुखीमिति मारण-कर्मविषयम् । वशीकरणकर्मणि उत्तानेति ज्ञेयम् ।

यदाहुः— कुण्डान्तर्द्व्यङ्गुलाधो निखनतु तरुजां मूर्त्तिमुत्तानरूपाम् ॥ इति ।

आचार्याश्च—उत्तानां दारवीं कुण्डे खनेन् मन्त्राभिमन्त्रिताम् ॥ इति ॥१२९-१३१॥

तथा न्यसेदिति । अधोमुखीं न्यसेदित्यर्थः । विषयव्यवस्था तु पूर्वोक्तैव ज्ञेया। एतयोरपि द्व्यङ्गुलाधो निखननमेव । प्रलम्बयेदित्यधोमुखीमित्येव ।

यदाहुः— धूमेन स्पृश्यमानामुपरि मदनजां लम्बयेदूर्ध्वपादाम् । इति ।

आचार्याश्च—लम्बयेदम्बरे सिक्थमयीमूर्ध्वामधोमुखीम् । इति ॥१३२-१३३॥

यथान्यायमिति । षडङ्गन्यासं स्वतनौ पुत्तल्यां च कृत्वा चिटिमन्त्रसहितम् ऋक्पञ्चकं जपेदित्यर्थः । तदुक्तम्—

अङ्गानि विन्यसेत् स्वाङ्गे तथा प्रतिकृतावपि इति ।

संहृत्येति विपरीतान् स्वाङ्गे प्रतिकृतावपि । तदुक्तम्—

न्यस्याऽङ्गान्यनुमप्यथ प्रतिकृतौ संहारयुक्त्या न्यसेत् ॥ इति ।

पुनरनन्तरमित्यनेनैतदुक्तम् । स्वदेहे न्यासं विधायात्मयागान्तं कृत्वा पश्चात् पुत्तल्यां न्यास इति । अतएव पश्चादासने देवतापूजा । तस्याः पुत्तलिकायाः ॥ १३४ ॥

अब न्यासों के स्थान कहते हैं—१. मस्तक, २. भाल, ३.४. दोनों नेत्र, ५.६. दोनों कान, ७. नासिका, ८. मुख, ९.१०. चिबुक, ११. कण्ठ, १२. हृदय, १३.१४. दोनों स्तन, १५. कुक्षि, १६. नाभि, १७.१८. दोनों कटिभाग, १९. लिङ्ग एवं २०. प्राण—इन स्थानों में न्यास कर शेष चार अक्षरों से दोनों ऊरू, दोनों जानु, दोनों जङ्घा तथा दोनों पैर में न्यास करें ॥ १२९-१३० ॥

इस प्रकार सर्वांग में न्यास कर रक्तमाला एवं रक्त अनुलेपन तथा रक्त वस्त्र धारण कर, शुचितापूर्वक साध्यनक्षत्र वृक्ष के लकड़ी की बनाई गई पुतली को कुण्ड में नीचे मुख कर गाड़ देवें । फिर चावल के चूर्ण की पुतली को अपने आसन के नीचे, मृण्मयी प्रतिमा को पैर के नीचे, मधूच्छिष्ट की प्रतिमा को कुण्ड के ऊपर रस्सी में बाँध कर आकाश में लटका देवें, फिर नमक की बनी हुई प्रतिमा का स्पर्श करते हुये जप करें ॥ १३१-१३३ ॥

इसके बाद पुतली में तथा स्वाङ्ग में षडङ्गन्यास कर चिटि मन्त्र के सहित लवण मन्त्र का १००८ जप करे । इस श्लोक में यथान्याय शब्द का यही अर्थ है । पुनः जप करने के पश्चात् चिटिमन्त्र से विपरीत क्रम द्वारा स्वाङ्ग में तथा पुतली में न्यास करे, श्लोक में आये संहृत्य पद का यह तात्पर्य है । अब चिटिमन्त्र के २४ अक्षरों से २४ न्यास स्थानों को कहते हैं— ॥ १३४ ॥

अङ्गुष्ठसन्धिप्रपदजानुजङ्घोरुपायुषु ।
लिङ्गदेशे पुनर्नाभौ जठरे हृदयाम्बुजे ॥ १३५ ॥
स्तनद्वये कन्धरायां चिबुके वदने पुनः ।
घ्राणयोः कर्णयोरक्ष्णो ललाटे मूर्ध्नि विन्यसेत् ॥ १३६ ॥

अङ्गुष्ठेति । ऊर्वन्तेषु षट्सु एकैकाक्षरन्यासः । अन्यत्र स्थानद्वये सर्वत्राऽक्षरद्वयम् । यदुक्तमाचार्यैः—

अधो गुह्यादभेदः स्यादूर्ध्वं भेदो द्विके सति । इति ॥ १३५-१३६ ॥

अङ्गुष्ठ सन्धियाँ प्रपद, जानु, जङ्घा और ऊरू इन ६ स्थानों में एक एक अक्षर, पुनः ७. पायु, ८. लिङ्ग, ९. नाभि, १०. जठर, ११. हृदय, १२.१३. दो स्तन, १४. कन्धरा, १५. चिबुक, १६. मुख, १७. १८. दोनों घ्राण, १९.

२०. दोनों कान, २२. दोनों आंख, २३. ललाट तथा २४. मूर्धा—इन स्थानों में २४ चिटि मन्त्राक्षरों का न्यास करे ॥ १३५-१३६ ॥

अग्निमादाय सन्दीप्य साध्यनक्षत्रदारुभिः।
तस्मिन्नभ्यर्च्य मन्त्रोक्तां देवतां रूप्यपात्रके ॥ १३७ ॥
कुशीतराजिपुष्पादिभिर्दत्त्वाऽर्घ्यं प्रणमेत् सुधीः।
मन्त्रैरेतैः प्रयोगादावन्ते संयतमानसः ॥ १३८ ॥

अग्निमन्त्रः

त्वमाननममित्रघ्न निशाया हव्यवाहन।
हविषा मन्त्रजप्तेन तृप्तो भव तया सह ॥ १३९ ॥
जातवेदो महादेव तप्तजाम्बूनदप्रभ।
स्वाहापते विश्वभक्ष लवणं दह शत्रुहन् ॥ १४० ॥

यामवतीमन्त्रः

ॐ ईशे शर्वरि शर्वाणि ग्रस्तं मुक्तं त्वया जगत्।
महादेवि नमस्तुभ्यं वरदे कामदा भव ॥ १४१ ॥
तमोमयि महादेवि महादेवस्य सुव्रते।
त्रियामे पुरुषं हुत्या वशमानय देवि(व्यु) मे ॥ १४२ ॥

दुर्गामन्त्रः

ॐ दुर्गे स(दु) र्गादिरहिते दुर्गसंरोधनार्गले।
चक्रशङ्खधरे देवि दुष्टशत्रु (सत्व) भयङ्करि ॥ १४३ ॥
नमस्ते दह शत्रून् मे वशमानय चण्डिके।
शाकम्भरि महादेवि शरणं मे भवाऽनघे ॥ १४४ ॥

भद्रकालीमन्त्रः

ॐ भद्रकालि भवाभीष्टे भद्रसिद्धिप्रदायिनि।
सपत्नान्मे हन हन दह शोषय तापय ॥ १४५ ॥
शूलासिशक्ति वज्राद्यैरुत्कृत्योत्कृत्य मारय।
महादेवि महाकालि रक्षाऽस्मानक्षतात्मिके ॥ १४६ ॥

तस्मिन्निति । तन्त्रान्तरोक्त आसन इत्यर्थः । अग्नौ देवतापूजा चतुर्थपटल एवोक्ता । तस्योक्तावत्र प्रयोजनाभावादग्रेऽर्घ्यदानमपि वक्ष्यति । यदाहुः—

कुण्डस्य पूर्वदिग्भागे चतुरस्रं समुन्नतम्।
हस्तमात्रायतं लाक्षारक्तपादादिकं नवम् ॥
चित्राङ्गं रुचिराकारं कुण्डोत्सेधसमुन्नतम्।

चतुरङ्गुलमानं वा अष्टाङ्गुलमथापि वा ॥
द्वादशाङ्गुलकं वापि कुण्डादुन्नतमासनम् ।
तस्मिन्सुविमलं वस्त्रं आस्तीर्यादौ सुशोभनम् ॥
सूक्ष्मं चतुर्गुणीकृत्य सप्तहस्तायतं नवम् ।
तस्योपरि परिस्तीर्य रक्तवस्त्रद्वयं पुनः ॥
विशालमतिसूक्ष्मं च पूर्ववद्गुणितं नवम् ॥ इति ॥

तन्त्रान्तरोक्तप्रकारेणासनं परिकल्प्य तत्र पूर्वोक्तं पीठं परिपूज्य देवतामावाह्य पूर्ववत् सावरणं सम्पूज्य रक्तचन्दनादिना वक्ष्यमाणद्रव्ययुक्तेन शुद्धजलेन रूप्यं चषकमापूर्य तेनार्घ्यं दद्यात् । ततो वक्ष्यमाणमन्त्रैर्देवतामुपतिष्ठेत् ।

कुशीतं रक्तचन्दनम् । राजिः राजिका । प्रयोगादाविति । एतन्मन्त्रप्रयोगादावन्ते च । अत्र वशीकृतौ यद्यपि एते एव देवते तथापि नतिप्रकरण प्रसङ्गादितरयोरपि मन्त्रावुक्तौ । तत्प्रयोजनमग्रे मारणकर्मणि भविष्यति ॥ १३७-१४६ ॥

पुन: अग्नि ले आ कर साध्य नक्षत्र के वृक्ष की लकड़ी से उसे प्रदीप्त करे, फिर उस अग्नि में मन्त्र के ४ देवताओं का आवाहन कर पूजन करे ॥ १३७ ॥

लाल चन्दन, राई का पुष्प तथा जल मिला कर उससे चषक पूर्ण करे और उन उन देवताओं के पूजन के आदि में तथा अन्त में एकाग्रचित्त हो अर्घ्य प्रदान कर विद्वान् साधक निम्न मन्त्र से उन्हें प्रणाम् करे ॥ १३८ ॥

प्रथम **अग्नि** के पूजन के आदि में तथा अन्त में उक्त रीति से अर्घ्य प्रदान का मन्त्र 'त्वमानन' से आरम्भ कर 'शत्रुहन्' पर्यन्त हैं । अर्थ इस प्रकार है—हे हव्यवाह, हे अमित्रघ्न अग्ने ! आप इस निशा के आनन हैं, इस दी गई हवि से तथा इस मन्त्र के जप के द्वारा आप निशा के सहित तृप्त होइए । आप सभी उत्पन्न प्राणियों को जानने वाले हैं, सब को ज्ञान देने वाले हैं, महादेव हैं, हे तप्त सुवर्ण की प्रभा वाले महादेव, हे स्वाहापते, हे विश्वभक्ष, आप इस लवण (शत्रु) को विनष्ट कीजिए ॥ १३९-१४० ॥

अब **यामवती** की पूजा के आदि में तथा अन्त में अर्घ्यदान का मन्त्र कहते हैं—यह ॐ ईशे से लेकर देविमे तक हैं । इसका अर्थ—हे ईशे, हे शर्वरि, हे शर्व की पट्टरानी, यह सारा जगत् आपसे ग्रस्त भी है और मुक्त भी । हे महादेवि, हे वरदे, आपको नमस्कार है आप मेरी कामना पूर्ण कीजिए । हे तमोमयि, हे महादेव की महादेवि, हे सुव्रते, हे त्रियामे, हे देवि ! आप इस होम से प्रसन्न होकर जिस पुरुष को मैं वश में करना चाहता हूँ, उसे मेरे वश में कीजिए ॥ १४१-१४२ ॥

अब **दुर्गा** की पूजा के आदि तथा अन्त में अर्घ्यदान का मन्त्र कहते हैं, यह मन्त्र दुर्गे से लेकर अनघे पर्यन्त है जिसका अर्थ इस प्रकार है—हे दुर्गे, हे अनादि मध्यान्तशीले, हे दुष्टों को रोकने के लिये अर्गला के समान, हे चक्र

शङ्खधरे, हे देवि ! दुष्ट प्राणियों के लिये भय उत्पन्न करने वाली, हे चण्डिके आपको नमस्कार है, आप मेरे शत्रुओं को जला दीजिए अथवा मेरे वश में कर दीजिए । हे शाकम्भरि, हे महादेवि आप मुझे शरण प्रदान कीजिए ॥ १४४ ॥

अब **भद्रकाली** के पूजा के आदि तथा अन्त में अर्घ्यदान का मन्त्र कहते हैं—यह मन्त्र भद्रकालि से लेकर अक्षतात्मिके पर्यन्त है, जिसका अर्थ इस प्रकार है—हे भद्राकालि, हे महादेव की प्रियतमे, हे कल्याण तथा सिद्धि प्रदान करने वाली ! आप हमारे शत्रु का वध कीजिए, वध कीजिए, उन्हें जलाइए, शोषण कीजिए, शोषण कीजिए, तपाइए, हमारे उन शत्रुओं को आप शूल, खड्ग, शक्ति, वज्रादि अपने अस्त्रों से इनके अङ्गों को काट काट कर वध कीजिए । हे महादेवि, हे महाकालि, हे अविनाशिनि आप मेरी रक्षा कीजिए ॥ १४५-१४६ ॥

साध्यं संस्मृत्य निर्भिद्य पुत्तलीं सप्तधा ततः ।
ऋक्पञ्चकं समुच्चार्य जुहुयादेधितेऽनले ॥ १४७ ॥
प्रथमो दक्षिणः पादस्तत्करस्तदनन्तरम् ।
शिरस्तृतीयमाख्यातं वामहस्तं ततः परम् ॥ १४८ ॥
मध्यादूर्ध्वं पञ्चमः स्यादधोऽंशः षष्ठ ईरितः ।
सप्तमो वामपादः स्यादेवं भागक्रमः स्मृतः ॥ १४९ ॥

पुत्तलीमिति । लवणमयीम् । निर्भिद्येत्युक्तम् । तमेव भेदमाह प्रथम इति । आचार्यैः प्रकारान्तरमप्युक्तम्—

दक्षिणं चरणं पूर्वं दक्षार्द्धन्तु द्वितीयकम् ।
दक्षहस्तं तृतीयं स्याद्गलादूर्ध्वं चतुर्थकम् ॥
पञ्चमं वामहस्तः स्यात् षष्ठं वामार्द्धमेव च ।
सप्तमं वामपादः स्यादन्यापि स्याद्धुतक्रिया ॥ इति ॥ १४७-१४९ ॥

इस प्रकार ऊपरोक्त चार देवताओं की पूजा तथा अर्घ्य दान के पश्चात् शत्रु का ध्यान कर पाँचो ऋचाओं का उच्चारण करते हुये पुत्तली को सात भागों में काट कर जलती हुई अग्नि में इस प्रकार होम करे ॥ १४७ ॥

पहले दाहिने पैर का होम करे, उसके बाद दूसरी बार में उसके हाथ का, तदनन्तर तीसरी बार में शिर का, फिर चौथी बार में बायें हाथ का, पाँचवीं बार में मध्य से ऊपरी भाग का, तदनन्तर छठी बार में नीचे के भाग का और सातवीं बार में बायें पैर का होम करे । इस प्रकार पुतली के सातों भागों के होम का प्रकार कहा गया ॥ १४८-१४९ ॥

सप्तसप्तविभागो वा प्रोक्तेष्वेषु यथाविधि ।
हुत्वैवमर्चयित्वाऽग्निं प्रणमेद्दण्डवत्ततः ॥ १५० ॥
यजमानो धनैर्धान्यैः प्रीणयेद् गुरुमात्मनः ।

अनेन विधिना मन्त्री वशयेदसुरान् सुरान् ॥ १५१ ॥
किं पुनर्मनुजान् भूपानमात्यान् नृप(वर) योषितः ।
मारणे पूर्वसप्रोक्तं पुत्तलीनां चतुष्टयम् ॥ १५२ ॥
निवेशयेद्यथापूर्वं साधकेन्द्रो विधानवित् ।
अपरां वक्ष्यमाणेन विधानेन प्रकल्पयेत् ॥ १५३ ॥

प्रोक्तेष्विति । सप्तावदानेषु प्रत्येकं सप्तसप्तविभागाः तेनैकोनपञ्चाशदाहुतयः। उक्तपुत्तलीषु सर्वत्रावदानक्रमोऽयमेव ज्ञेयः । अन्यत्र विशेषः—

सप्तसप्तविभागो वा क्रमादङ्गेषु सप्तसु ।
एकादशांशभिन्नैर्वा तदङ्गैः सप्तभिर्हुनेत् ॥ इति ॥

अन्यत्रापि—सप्तानामङ्गानामेकैकं सप्तमभागान्वा ।
रुद्रांशान्वा कृत्वा होतव्यं मन्त्रिवर्येण ॥ इति ॥

स्त्रीवशीकरणे वामपादादि ज्ञेयम् । 'योषितो वामपूर्वाम्' इत्युक्तेः । एवं स्त्रीमारणे दक्षपादाद्यवदानक्रमो ज्ञेयः । प्रणमेदिति । पूर्वोक्तमन्त्रैः । साधकेन्द्रो विधानविदित्यनेन पुत्तलीनां द्व्यङ्गुलाधःखननमुक्तम् ॥ १५०-१५३ ॥

अथवा इन सातों विभागों में प्रत्येक का सात सात भाग कर ४९ आहुति प्रदान करें और उक्त प्रकार से ही इन प्रविभागों की आहुति का क्रम भी १४८-१४९ श्लोकों में वर्णित विधि से करना चाहिए । हवन करने के पश्चात् अग्निदेव की पुनः अर्चना करे और प्रणाम करे ॥ १५० ॥

यजमान धन-धान्यादि द्वारा अपने गुरु को प्रसन्न करे । इस प्रकार के अनुष्ठान से मन्त्रज्ञ साधक देवता और असुरों को भी वश में कर सकता है, फिर मनुष्यों की, राजाओं की, मन्त्रियों की तथा रानियों की बात ही क्या? ॥ १५१-१५२ ॥

यहाँ तक उक्त मन्त्र से शत्रु के वश में करने की विधि बताई गई । अब **मारण के लिये प्रयोग** कहते हैं—मारणक्रिया में पूर्व में कही गई चार पुत्तलियो (सामुद्रिक नमक निर्मित पुतली के अतिरिक्त) का निर्माण करे और विधानवेत्त साधक उन्हें पूर्व की भाँति (द्र. २२. १३१-१३२) यथा स्थान सन्निविष्ट करें । इसके बाद वक्ष्यमाण विधान से एक और पाँचवीं मूर्त्ति का निर्माण करे, उसकी प्रक्रिया इस प्रकार है ॥ १५२-१५३ ॥

वराहपारावतविट्तिलत्र्यूषणरामङ्गैः ।
व्रणकृन्निम्बसिद्धार्थसाध्यवामाङ्घ्रिरेणुभिः ॥ १५४ ॥
महिषीमूत्रसंपिष्टैः पूर्वोक्तलवणान्वितैः ।
विधाय पुत्तलीं सम्यक् प्राणस्थापनमाचरेत् ॥ १५५ ॥
जप पूजादिकं सर्वं कुर्यात् प्रागुक्तवर्त्मना ।
ततः पूर्वोदिते कुण्डे रात्रौ प्रज्वलितेऽनले ॥ १५६ ॥

दुर्गां वा भद्रकालीं वा समाराध्य यथाविधि।
धारयन्निशितं शस्त्रं सव्यहस्तेन साधकः॥ १५७ ॥
वामपादं समारभ्य दक्षिणाङ् घ्र्यवसानकम् ।
छित्वा छित्वा प्रजुहुयान्निराहारो जितेन्द्रियः॥ १५८ ॥
कृष्णाष्टमीं समारभ्य यावत् कृष्णचतुर्द्दशी।
अनेनैव विधानेन होमं कुर्याद्विचक्षणः॥ १५९ ॥
त्रिसप्ताहप्रयोगेने मारयेद्रिपुमात्मनः।

त्र्यूषणं शुण्ठी पिप्पलि मरीचानि । रामङ्गं हिङ्गुः । व्रणकृद्भल्लातः । निम्बं निम्बबीजम् । अत्र तिलभल्लातनिम्बबीजसिद्धार्थानां तैलं ग्राह्यम् ।

तदुक्तमाचार्यैः—सनिम्बतिलसिद्धार्थव्रणकृत्तैलसंयुतैः । इति ।

पूर्वोक्तलवणं सामुद्रम् । सम्यक् पुत्तलीं विधायेत्यनेन तन्त्रान्तरोक्तो विशेषः सूचितः—

आयामः पादयोस्तस्या आकट्याश्चतुरङ्गुलः ।
पादोनद्व्यङ्गुला कुक्षिस्तावदेवाऽङ्गुलोदरम् ।
अङ्गुलद्वयमावक्त्रात् कण्ठदेशस्य मानकम् ॥
शिरसो वक्त्रमानं स्यात् सार्द्धद्वयमिहाऽङ्गुलैः ।
द्वादशाङ्गुलयः सर्वाः साध्यपुत्तलिकाः स्मृताः ॥ इति ॥

तन्त्रान्तरे तु विशेषः—

पञ्चांशेन मुखं कृत्वा तदर्द्धेन गलं पुनः ।
शिष्टेन सर्वाण्यङ्गानि पुत्तलीनां प्रकल्पयेत् ॥
मारणे दारुरूपां तां द्वादशाङ्गुलसम्मिताम् ।
षणवत्यङ्गुलां वापि कुर्यान्मात्राङ्गुलैः क्रमात् ॥
होमार्थं कल्पितायास्तु तस्याः प्रोक्तो विधिस्त्वयम् ।
वश्याकर्षणयोः प्रोक्तां तां कुर्याद् द्वादशाङ्गुलैः ॥ इति ॥
यथाविधीति । पूर्वोक्तप्रकारेण । कुर्याद्धोममिति प्रत्यहम् ॥

त्रिसप्ताहेति । एभिरेव सप्तभिः । तेन मासत्रयेण प्रयोगसिद्धिः । मारण-कर्मणि दक्षिणाविशेष उक्तस्तन्त्रान्तरे—

सस्वर्णां च समुक्तां गां शोणां दद्यात् सतर्णकाम् ।
दक्षिणां सप्तकर्षं तु दद्यान् मारणकर्मणि ॥ इति ॥

अन्यो विशेषः— श्मशाने निर्जने देशे विदध्यादाभिचारिकम् ।
यत्राऽभिचारहोमं तु करोति भुवि साधकः ॥
तत्राऽभितो भटै रक्षां कारयेदात्मसिद्धये ।
न चेदन्यः क्षितिपतिश्चारैर्ज्ञात्वा निहन्त्यमुम् ॥
स्वराष्ट्रसन्धौ कुर्वीत न कुर्वीत स्वमण्डले ।

यदि कुर्यात्प्रमादेन मान्त्रिकोऽज्ञानमोहितः ।
तद्राष्ट्रं पीडयन्त्येव शनकैर्वैरिभूभृतः ॥ इति ॥

अन्योऽपि विशेषस्तन्त्रान्तरे—

तस्यां रात्र्यामुपोष्याऽथ परेऽहनि तु साधकः।
प्राणायामादिभिरपि गायत्रीजपहोमकैः ।
विमुक्तपातको भूत्वा स पुनर्विहरेद्वशी ॥ इति ॥१५४-१६०॥

वाराह (=सूअर) पारावत (कबूतर) की विष्ठा, तिल, त्र्यूषण (सोंठ, पीपर और काली मिर्च) हिङ्गु, भल्लातक, निम्ब, श्वेतदूर्वा और साध के बायें पैर की मिट्टी इन सभी पदार्थों को भैंस के मूत्र में पीस कर पूर्वोक्त लक्षण लक्षित पुत्तली का निर्माण करें और उसमें प्राण प्रतिष्ठा करे ॥ १५४-१५५ ॥

कही हुई विधि के अनुसार पूर्ववत् जप पूजादि कार्य सम्पादन करे, फिर पूर्व में कही गई विधि के अनुसार निर्मित कुण्ड में रात्रि के समय जलती हुई अग्नि में, यथाविधि दुर्गा अथवा भद्रकाली की आराधना (पूजा) कर दाहिने हाथ से साधक तीक्ष्ण शस्त्र लेकर बायें पाद से लेकर दक्षिण पाद पर्यन्त सात खण्ड कर यथाविधि पूर्वोक्त प्रकार (द्र. २२,१४७-१५०) से ७ दिन तक एक एक अवयव का निराहार तथा जितेन्द्रिय रह कर होम करे ॥ १५६-१५८ ॥

यह क्रिया कृष्णाष्टमी से आरम्भ कर कृष्ण चतुर्दशीपर्यन्त (७ दिन) करे । इसी प्रकार तीन सप्ताह (तीन अष्टमी से तीन चतुर्दशी पर्यन्त) पर्यन्त अनुष्ठित करे तो साधक अपने शत्रु का नाश कर देता हैं ॥ १६० ॥

कारस्करोऽथ धात्री स्यादुदुम्बरतरुः पुनः ॥ १६० ॥
जम्बुः खदिरकृष्णाख्यौ वंशपिप्पलसंज्ञिकौ।
नागरोहिणनामानौ पलाशप्लक्षसंज्ञकौ ॥ १६१ ॥
अम्बष्ठबिल्वार्जुनाख्या विकङ्कतमहीरुहः ।
वकुलः सरलः सर्जो वञ्जुलः पनसार्ककौ ॥ १६२ ॥
शमीकदम्बनिम्बाम्रमधूका ऋक्षशाखिनः ।

नक्षत्रवृक्षानाह कारस्कर इति । कारस्करः कुचिला । धात्री आमलकी । मृगशिरसस्तु श्वेतसार एव खदिरः । आर्द्रायास्तु कृष्णसारः खदिरः । नागो नागकेसरः । रोहिणो वटः । प्लक्षः पर्कटी । अम्बष्ठः आम्रातः । अर्जुनः ककुभः। विकङ्कतः स्रुचां वृक्षः । सर्जः शालः । वञ्जुलोऽशोकः । एषां सामान्यतः फलमुक्तम्—आयुष्कामः स्वर्क्षवृक्षं छेदयेन्न कदाचन । इति ॥ १६०-१६३ ॥

अब २७ नक्षत्र के २७ वृक्षों का क्रमशः अश्विन्यादि नक्षत्र से निर्देश करते हैं—१. कारस्कर (कुचिला), २. आवला, ३. गूलर, ४. जामुन, ५. श्वेत खैर, ६. कृष्ण सार खदिर, ७. बॉस, ८. पीपल, ९. नागकेशर, १०. वट, ११.

पलाश, १२.पकड़ी, १३. आम्रातक, १४. बिल्व, १५. अर्जुन, १६. विकंकत, १७. बकुल, १८. सरल, १९. सर्ज (शाल), २०. वञ्जुल (अशोक), २१. पनस (कटहल), २२. अर्क (मन्दार), २३. शमी, २४. कदम्ब, २५. निम्ब, २६. आम, २७. महुआ—ये २७ नक्षत्रों के वृक्ष हैं ॥ १६०-१६३ ॥

आत्मरक्षादिकं सर्वं कुर्यान्मन्त्री यथा पुरा ॥ १६३ ॥
अमुना मनुना सम्यगभीष्टफलसाधने ।
सदृशो नास्ति मन्त्रोऽन्यः सत्यमेतन् न चान्यथा ॥ १६४ ॥

॥ इति श्रीलक्ष्मणदेशिकेन्द्रविरचिते शारदातिलके द्वाविंशः पटलः समाप्तः ॥ २२ ॥

यथा पुरेति । आग्नेयास्त्रप्रोक्तमार्गेण । एतच्चात्मरक्षणं मारणकर्मण्येवेति ज्ञेयम् ॥ १६३-१६४ ॥

॥ इति श्रीराघवभट्टविरचित-शारदातिलकटीकायां सत्सम्प्रदायकृतव्याख्यायां पदार्थादर्शाभिख्यायां द्वाविंशः पटलः ॥ २२ ॥

मन्त्रज्ञ यदि अपनी आयु चाहे तो अपने नक्षत्र के वृक्षों को न काटे । इस प्रकार अपनी रक्षा में सावधान रहे । अभीष्ट फल प्रदान करने के लिये इस मन्त्र के सदृश कोई अन्य मन्त्र नहीं है, यह बात सत्य हैं, कभी झूठी होने वाली नहीं ॥ १६३-१६४ ॥

॥ इस प्रकार शारदातिलक के बाईसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २२ ॥

अथ त्रयोविंशः पटलः

अथ त्र्यम्बकप्रकरणम्

अथ त्रैयम्बकं मन्त्रमभिधास्याम्यनुष्टुभम् ।
यं भजन्तं नरं कालः स्वयं वीक्षितुमक्षमः ॥ १ ॥
वशिष्ठोऽस्य मुनिः प्रोक्तश्छन्दोऽनुष्टुबुदाहृतम् ।
देवताऽस्य समुद्दिष्टस्त्र्यम्बकः पार्वतीपतिः ॥ २ ॥

अथेति । मन्त्रो यथा—

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्द्धनम् ।
उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् । इति ।

मृत्युञ्जयपुटित इति केचित्। साम्प्रदायिकास्तु प्रणवप्रासादमृत्युञ्जयव्याहृतिभिः सम्पुटमिच्छन्ति । श्रीं बीजं मायाशक्तिः । तदुक्तम्—

श्रीदेव्यौ प्रणवौ बीजशक्ती योगः शिवार्चने । इति ॥ १-२ ॥

अब मैं अनुष्टुप् छन्द वाले त्र्यम्बक मन्त्र को कहता हूँ, जिसके तप करने से साधक की ओर काल भी दृष्टि उठाकर कर नहीं देख सकता और की तो बात ही क्या है? 'त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। ऊर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्' यह त्र्यम्बक मन्त्र का स्वरूप है ॥ १ ॥

इस मन्त्र के ऋषि वशिष्ठ हैं, अनुष्टुप् छन्द है और पार्वतीपति त्र्यम्बक इसके देवता हैं (श्रीबीज और माया शक्ति है ।) ॥ २ ॥

विभक्तैर्मन्त्रवर्णैः स्यात् षडङ्गानां प्रकल्पना ।
हृदयं त्रिभिराख्यातं चतुर्भिः शिर ईरितम् ॥ ३ ॥
शिखाऽष्टभिः समुद्दिष्टा नवभिः कवचं मतम् ।
पञ्चभिर्नेत्रमाख्यातमस्त्रं त्रिभिरुदाहृतम् ॥ ४ ॥

विभागमेवाह हृदयमिति । येषां मते प्रणवादि सम्पुटः तन्मते तदादिभिरेभिर्वर्णैः षडङ्गम् । तदुक्तम्—

प्रासादमृत्युञ्जयभूर्भुवः स्वस्तदङ्गमन्त्रैः क्रमशः समेतम् इति ।

साम्प्रदायिकास्तु । प्रणवप्रासादमृत्युञ्जयव्याहृति मन्त्राक्षरनमो भगवते रुद्रायेत्युक्त्वा शूलपाणये स्वाहा हृत् । अमृतमूर्त्तये मां जीवय शिरः । चन्द्रशिरसे जटिले स्वाहा शिखा । त्रिपुरान्तकाय हां ह्रीं कवचम् । त्रिलोचनाय ऋग्यजुः-साममन्त्राय नेत्रम् । अग्नित्रयाय ज्वल ज्वल मां रक्ष अघोरास्त्राय अस्त्रम् इति षडङ्गमाहुः ॥ ३-४ ॥

इस मन्त्र को विभक्त कर षडङ्ग की कल्पना करनी चाहिए । तीन वर्ण से हृदय, चार अक्षर से शिर, आठ अक्षर से शिखा, नव वर्ण से कवच, पाँच वर्ण से नेत्र और तीन वर्ण से अस्त्र मन्त्र का न्यास करना चाहिए ॥ ३-४ ॥

पूर्वपश्चिमयाम्येन्दुवक्त्रेषु तदनन्तरम् ।
उरोगलास्येषु पुनर्नाभिहृत्पृष्ठकुक्षिषु ॥ ५ ॥
लिङ्गपायूरुमूलान्तजानुयुग्मेषु तत्परम् ।
तद्वृत्तयुग्मे स्तनयोः पार्श्वयोः पादयोः पुनः ॥ ६ ॥
पाण्योर्नासिकयोः शीर्षे मन्त्रवर्णान् न्यसेत् क्रमात् ।
पदान्येकादश न्यस्येच्छिरोभ्रूयुगलाक्षिषु ॥ ७ ॥
वक्त्रे गण्डयुगे भूयो हृदये जठरे पुनः ।
गुह्योरुजानुपादेषु न्यासमेवं समाचरेत् ॥ ८ ॥

वर्णन्यासमेवाह—पूर्वेति । उरःशब्देन हृदूर्ध्वभागो विस्तीर्ण इह गृह्यते । ऊरुमूलयोर्द्वौ । ऊर्वन्तयोर्द्वौ । तद्वृत्तयुग्मे जानूपरिस्थवृत्तयोः । सर्वस्थानद्वये वर्णद्वयन्यासः । साम्प्रदायिकाः प्रणवादिपुटितवर्णन्यासमाहुः । तन्त्रान्तरे स्थानान्तराण्युक्तानि—

चरणाग्रसन्धिगुह्याधारोदरहृदयकन्धरासु पुनः ।
बाह्वोः सन्ध्यग्रास्यौष्ठघ्राणसयदृक्श्रुतिभ्रूशीर्षेषु ॥ इति ॥

पदानीति । वह्न्यब्ध्यग्नीषुवेदद्वित्रिद्वित्र्येकत्रिवर्णैः ॥ ५-८ ॥

इसके बाद १. पूर्व, २. पश्चिम, ३. दक्षिण और ४. उत्तर के मुखों में हृदय का विस्तीर्ण ऊपरी भाग है जिसे वक्षःस्थल कहते हैं उसमें ५. गला, ६. मुख, ७. नाभि, ८. हृदय, ९. पीठ, १०. कुक्षि, ११. लिङ्ग, १२. गुदा, १३. १४. दोनों ऊरू के मूल, १५.१६. दोनों जानुओं का अन्तःभाग १७.१८. दोनों जानु, १९.२०. जानु के ऊपर स्थित वृत्त में, २१.२२. दोनों स्तन, २३.२४. दोनों पार्श्व, २५.२६. दोनों पैर, २७.२८. दोनों हाथ, २९.३०. दोनों नासिका, ३१. (मूर्धा) और ३२. शीर्ष भाग में मन्त्र के ३२ अक्षरों से न्यास करे ।

विमर्श—ऊपर कुल ३२ स्थान का निर्देश किया गया है जिसमें दो ऊरू के मूल, दो ऊरू का अन्तः, दो जानु, दो जानुवृत्त दो स्तन, दो पार्श्व दो पैर, दो हाथ तथा दो नासिका इनमें क्रम प्राप्त दो दो वर्णों से शेष १४ स्थानों में एक एक वर्ण से न्यास करे ॥ ५-७ ॥

इसके बाद १. शिर, २. दोनों भ्रू, ३. दोनों नेत्र, ४. मुख, ५. दोनों गण्डस्थल, ६. हृदय, ७. पेट, ८. गुह्य, ९. दोनों ऊरू, १०. दोनों जानु तथा ११. दोनों पाद—इन एकादश स्थानों में इस मन्त्र के ग्यारह पदों से क्रमशः न्यास करें ।

विमर्श—वे पद इस प्रकार हैं—१. त्र्यम्बकम्, २. यजामहे, ३. सुगन्धिम्, ४. पुष्टिवर्धनम्, ५. उर्वारूकम्, ६. इव, ७. बन्धनात्, ८. मृत्योर्, ९. मुक्षीय, १०. मा, ११. अमृतात् ॥ ७-८ ॥

मृत्युञ्जयध्यानम्

हस्ताभ्यां कलशद्वयामृतरसैराप्लावयन्तं शिरो
द्वाभ्यां तौ दधतं मृगाक्षवलये द्वाभ्यां वहन्तं परम् ।
अङ्कन्यस्तकरद्वयामृतघटं कैलासकान्तं शिवं
स्वच्छाम्भोजगतं नवेन्दुमुकुटं देवं त्रिनेत्रं भजे ॥ ९ ॥
जपेन्मन्त्रमिमं लक्षमेवं ध्यायन् जितेन्द्रियः ।
जुहुयाद्दशभिर्द्रव्यैरयुतं घृतसंप्लुतैः ॥ १० ॥

ताविति । घटौ । अत्र ध्यानानन्तरमेता मुद्राः प्रदर्शयेत् । यदाहुः—
लिङ्गपञ्चस्यमुष्ट्यम्बुजशक्तिमुद्राः प्रदर्शयेत् । इति ॥ ९-१० ॥

अब इस मन्त्र के देवता **महामृत्युञ्जय का ध्यान** कहते हैं—जो अपने दो हाथों से अमृतरस पूर्ण दो कलशों के द्वारा शिर पर अमृत रस का आप्लावन कर रहे हैं, दो कलशों को अपने हाथ में धारण किये हुये हैं, और दो हाथों में मृग तथा अक्षवलय धारण किये हुये हैं दो से परशु एवं अभय धारण किये हुये हैं और दो हाथों में धारण किये गये अमृत घट को अपनी गोद में स्थापित किये हुये हैं, ऐसे स्वच्छ कमल पर विराजमान द्वितीया के चन्द्रमा को मुकुट में बाँधे हुयें, कैलाशपति त्रिनेत्र सदाशिव का मैं भजन करता हूँ ॥ ९ ॥

इस प्रकार का ध्यान कर साधक जितेन्द्रिय होकर इस मन्त्र का एक लाख जप करे । पुनः घृत मिश्रित वक्ष्यमाण दश द्रव्यों के द्वारा इस मन्त्र से दश हजार होम करे ॥ १० ॥

बिल्वं पलाशं खदिरं वटं च तिलसर्षपौ ।
दौग्धं दुग्धं दधि पुनर्दूर्वान्तानि विदुर्बुधाः ॥ ११ ॥

बिल्वं फलम् । ततस्त्रयाणां समिधः । दौग्धमिति । पायसम् ॥ ११ ॥

विल्व, पलाश, खैर, बट, तिल, सर्षप, घृत, दूध, दही, और दूर्वा उन दश द्रव्यों के नाम बुद्धिमानों ने परिगणित कराया है ॥ ११ ॥

पञ्चाक्षरोदिते पीठे पूजयेद् वृषभध्वजम् ।
मूर्त्तिं मूलेन सङ्कल्प्या वक्ष्यमाणेन वर्त्मना ॥ १२ ॥

वक्ष्यमाणेन वर्त्मना पीठे वृषभध्वजं पूजयेदित्यन्वयः ॥ १२ ॥

पञ्चाक्षर में कहे गये पीठ (द्र. १८,१५-१९) पर महामृत्युञ्जय का पूजन इस प्रकार करें—मूल मन्त्र पढ़कर मूर्त्ति की कल्पना करे, पश्चात् आगे कही गई विधि के अनुसार पहले अङ्ग का पूजन करे ॥ १२ ॥

पूर्वमङ्गानि संपूज्य पश्चान्मूर्त्तीः प्रपूजयेत् ।
अर्केन्दुवसुधातोयवह्नीरवियदात्मनः ॥ १३ ॥
द्वितीयावरणे पूज्या मूर्त्तयोऽष्टौ क्रमादथ ।

संपूज्येति । कर्णिकायाम् । मूर्त्तीः पश्चात् द्वितीयावरणे पूजयेदित्यन्वयः । ता एवाह अर्केति । ईरो वायुः । आत्मा यजमानः । तथा च श्रुतिः—आत्मा वै यज्ञस्य यजमानोऽङ्गानि ऋत्विजः । इति ॥ १३ ॥

पश्चात् मूर्त्ति की पूजा करे । १. सूर्य, २. चन्द्रमा, ३. पृथ्वी, ४. जल, ५. अग्नि, ६. वायु, ७. आकाश तथा ८. आत्मा (यजमान)—इन शिव के आठ मूर्त्तियों की द्वितीयावरण में एक एक के क्रम से पूजा करे ॥ १३-१४ ॥

रामा राका प्रभा ज्योत्स्ना पूर्णोषा पूरणी सुधा ॥ १४ ॥
अष्टाविमाः क्रमात् पूज्यास्तृतीयावरणे ततः ।
विश्वा विद्या सिता प्रह्वा सारा सन्ध्या शिवा निशा ॥१५॥
चतुर्थावरणे पूज्याः शक्तयोऽष्टौ क्रमादिमाः ।
आर्या प्रज्ञा प्रभा मेधा शान्तिः कान्तिर्धृतिर्मतिः ॥ १६ ॥
पञ्चमावरणे पूज्याः क्रमादेतास्ततः परम् ।
धरा मायाऽवनी पद्मा शान्ताऽमोघा जयाऽमला ॥ १७ ॥
षष्ठावरणगाः पूज्या लोकपालास्ततः परम् ।
एवं कृते प्रयोगार्हो जायतेऽयं महामनुः ॥ १८ ॥

अष्टमूर्त्यादिपञ्चावरणानि पत्रेषु दलमूल उत्तरोत्तरत्र पूजनीयानि । धरोमा पावनीत्यपि पाठः । ततः परमिति । वज्रादिपूजेत्युक्तम् । यदाहुः—आनुष्टुभमित्यष्टावरणं प्रोक्तं विधानवरमेवम् । इति । कल्पान्तरे तु 'सप्तमी लोकपालैः स्यादष्टम्यर्कादिभिर्ग्रहैः' इत्युक्तेरेतदेव सूचयितुं लोकपालान्ता पूजा ग्रन्थकारेणोक्ता ॥ १४-१८ ॥

पश्चात् रामा, राका, प्रभा, ज्योत्स्ना, पूर्णा, उषा, पूरणी और सुंधा इन आठ शक्तियों की तृतीय आवरण में पूजा करे । तदनन्तर, विश्वा, विद्या, सिता, प्रह्वा, सारा, सन्ध्या, शिवा और निशा—इन ८ शक्तियों की चतुर्थ आवरण में पूजा

करे। पुनः आर्या, प्रज्ञा, प्रभा, मेधा, शान्ति, कान्ति, धृति और मति इन ८ देवियों की पञ्चम आवरण में पूजा करे। इसके बाद धरा, माया, अवनी, पद्मा, शान्ता, अमोघा, जया और अमला की षष्ठ आवरण में पूजा करे। इसके बाद लोकपालों की पूजा करे (पश्चात् वज्रादि आयुधों की ऐसा तन्त्रान्तरों में कहा गया है)। इस प्रकार अनुष्ठान संपन्न कर लेने पर साधक में इस महामन्त्र के प्रयोग की योग्यता आ जाती है ॥ १४-१८ ॥

अयुतं जुहुयाद् बिल्वसमिद्भिः सम्पदे सुधीः।
जुहुयाद् ब्रह्मवृक्षस्य समिद्भिर्ब्रह्मतेजसे ॥ १९ ॥
खादिरैरयुतं हुत्वा कान्तिपुष्टिमवाप्नुयात्।
वटवृक्षस्य समिधो जुहुयादयुतावधि ॥ २० ॥
धनधान्यसमृद्धः स्यादचिरेणैव साधकः।
तिलैस्तत्संख्यया हुत्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते॥ २१ ॥

खादिरैरिति। सप्तसमिद्वरैरिति शेषः ॥ २०-२१ ॥

अब **प्रयोग विधि** कहते हैं—

संपत्ति की कामना के लिये बुद्धिमान् साधक बिल्व की समिधा से दश हजार होम करे। ब्रह्मवर्चस्व के संप्राप्ति की इच्छा से पलाश वृक्ष की समिधा का होम करना चाहिए ॥ १९ ॥

खैर की समिधा का होम करने से कान्ति तथा पुष्टि प्राप्त होती है। वट की समिधा से दश हजार की संख्या में होम करे तो साधक शीघ्र ही धन धान्य से समृद्ध हो जाता है, दश हजार तिलों की आहुति दे कर समस्त पापों से मुक्त हो जाता है ॥ २०-२१ ॥

सिद्धार्थैरयुतं हुत्वा शत्रून् विजयते नृपः।
अनेनैव विधानेन नश्येन् मृत्युरकालजः॥ २२ ॥
पायसेन कृतो होमो रक्षाश्रीकीर्त्तिकान्तिदः।
पशुदुग्धेन सि(शु)द्धान्नं हुत्वा कृत्यां विनाशयेत् ॥ २३ ॥

पशुदुग्धेन गोदुग्धेन ॥ २३ ॥

राजा सफेद सरसों से दश हजार होम करे तो शत्रु पर विजय प्राप्त करता है। यदि इसी विधान से सफेद सरसों से होम करे तो अकाल जन्य मृत्यु विनष्ट हो जाती है ॥ २२ ॥

खीर का होम उतनी ही संख्या में करे तो रक्षा होती है और श्री, कीर्त्ति एवं कान्ति प्राप्त होती है। गाय के दूध से मिश्रित सिद्धान्न (खीर) का हवन करने से कृत्या विनष्ट हो जाती है ॥ २३ ॥

अयमेव मतो होमः शान्तिश्रीसम्पदावहः।
दधिहोमेन संवादं(पातं)कुर्याद्विद्वेषिणोर्मिथः॥ २४ ॥
प्रत्यहं जुहुयान्मन्त्री दूर्वामष्टोत्तरं शतम्।
आमयान्निखिलान् जित्वा दीर्घमायुरवाप्नुयात्॥ २५ ॥
जुहुयाज्जन्मदिवसे पायसान्नैर्घृतान्वितैः।
इच्छन्ननिन्दितां लक्ष्मीमारोग्यमतुलं यशः॥ २६ ॥
गव्यदुग्धघृताक्ताभिर्दूर्वाभिर्जुहुयाद्वशी ।
सविंशतिशतं सम्यक् स्वजन्मदिवसे सुधीः॥ २७ ॥
आमयैः सकलैर्मुक्तो जीवेद्वर्षशतं सुधीः।

यह होम शान्ति, श्री तथा संपदा प्रदान करता है और दधि होम से दो परस्पर मित्रों में विद्वेष उत्पन्न करता है ॥ २४ ॥

मन्त्रज्ञ साधक यदि इस मन्त्र से १०८ संख्या में दूर्वा का होम करे तो समस्त रोगों पर विजय प्राप्त कर पूर्ण आयु प्राप्त करता है ॥ २५ ॥

विशुद्ध लक्ष्मी, आरोग्य और अतुल यश चाहने वाला गाय के दूध एवं घृत से अभिषिक्त दूर्वा का अपने जन्म के दिन १२० बार होम करे तो वह समस्त व्याधियों से मुक्त होकर सौ वर्ष पर्यन्त जीता है ॥ २६-२८ ॥

काश्मरीसमिधस्तिस्त्रः पयोऽन्नं त्रिशतं पृथक्॥ २८ ॥
जुहुयाद् ब्राह्मणानन्ते भोजयेन्मधुरान्वितम्।
प्रीणयेद्धनधान्याद्यैरात्मनो गुरुमादरात्॥ २९ ॥
अनामयमवाप्नोति दीर्घमायुः श्रिया सह।
सघृतेन पयोऽन्नेन हुत्वा पर्वणि पर्वणि ॥ ३० ॥
राज्यश्रियमवाप्नोति षण्मासान्नाऽत्र संशयः।

पृथगिति । प्रत्येकम् ॥ २८ ॥
अनामयमारोग्यम् । 'अनामयं स्यादारोग्यम्' इत्यमरः ॥ २९-३० ॥

पृथक् पृथक् काश्मरी (श्रीपर्णी) की तीन तीन समिधा तथा खीर का तीन सौ होम करे और अन्त में ब्राह्मणों को मधुर पदार्थ का भोजन करावे और धन, धान्यादि से गुरु को श्रद्धा पूर्वक तृप्त करे तो नीरोग रह कर पूर्ण आयु प्राप्त करता है, लक्ष्मी से संपन्न रहता है ॥ २८-३० ॥

पर्व पर्व की तिथियों में घृत युक्त खीर का होम करे तो छः महीने के भीतर राज्य श्री प्राप्त करता है इसमें संशय नहीं ॥ ३०-३१ ॥

लाजैर्विशुद्धैर्जुहुयात्कन्याप्त्यै सा वराप्तये ॥ ३१ ॥

क्षीरद्रुमसमिद्धोमाद् ब्राह्मणादीन् वशं नयेत् ।
स्नात्वा सहस्त्रं प्रजपेदादित्याभिमुखो मनुम् ॥ ३२ ॥
आधिव्याधिविनिर्मुक्तो दीर्घमायुरवाप्नुयात् ।
अनेन मनुना सर्वं साधयेदिष्टमात्मनः ॥ ३३ ॥

सा कन्या वराप्तये जुहुयादित्यन्वयः । क्षीरद्रुमाः । अश्वत्थोदुम्बरप्लक्षवटाः। यथासंख्यं विप्रादिवशकारकाः । ब्राह्मणादिषु यथासंख्यं मधुरत्रययुक्तत्वमपि ज्ञेयम्। 'स्वाद्वक्तस्तनजं तु होमविधिना' इत्याचार्योक्तेः । तन्त्रान्तराद्यन्त्रमुच्यते—

विम्बद्वन्द्वे कृशानोर्विलिखतु मनुमैशं (मेनं) समायं तद-
त्रिष्वग्न्यादिव्यञ्जनाख्यान् मृतिहरणमथो सन्धिषट्के सतारम् ।
अष्टारं तारयुग्व्याहृतिकुपरिवृतं नारसिंहास्त्रि चानु
द्वात्रिंशत्पत्रगत्र्यम्बकमनु च जगज्जन्मभूम्याभिवीतम् ॥ इति ॥ ३१-३३ ॥

कन्या वर की प्राप्ति के लिये तथा वर उत्तम कन्या प्राप्त करने के लिये विशुद्ध लाजों से हवन करे । अश्वत्थ, उदुम्बर, प्लक्ष एवं वट इन क्षीरी द्रुमों की समिधा के होम से ब्राह्मणादि समस्त वर्णों को वश में कर लेता है ।। ३१-३२ ।।

यदि स्नान करके सूर्य के अभिमुख होकर इस मन्त्र का जाप करे तो साधक समस्त आधि, व्याधि से मुक्त होकर दीर्घायु प्राप्त करता है । इस प्रकार इस मन्त्र के द्वारा सारे इष्ट पदार्थों की सिद्धि हो जाती है ॥ ३१-३३ ॥

गायत्रीत्रिष्टुबनुष्टुब्वर्णैः प्रोक्तः शताक्षरः ।
पूर्वोक्ता एव मुन्याद्याः परं तेजोऽस्य देवता ॥ ३४ ॥

शताक्षरमन्त्रमाह—गायत्रीति । शताक्षर इति गायत्र्याश्चतुर्विंशतिवर्णत्वम् । त्रिष्टुभश्चतुश्चत्वारिंशद्वर्णत्वम् । अनुष्टुभो द्वात्रिंशद्वर्णत्वं चाभिप्रेत्योक्तम् । कश्चित्तु वैदिकत्वादस्य मन्त्रस्याद्यन्तयोः प्रणवदानात् शताक्षरतामाह स्म । तदसम्बद्धम् । यतः षडङ्गोक्तौ 'द्वाविंशत्या शिखा प्रोक्ता तावद्भिः कवचं मतम्' इत्यङ्गद्वयमुक्तम् । तदसङ्गतं स्यात् । पूर्वोक्ता इति मन्त्रत्रयस्यापि । तदुक्तम्—ऋष्याद्याः पूर्वोक्तास्त्रिविधाः स्युः । इति ॥ ३४ ॥

गायत्री (२४ अक्षर) त्रिष्टुप् (४४ अक्षर) अनुष्टुप् (३२ अक्षर का महामृत्युञ्जय) यह शताक्षरी मन्त्र कहा जाता है इसके ऋषि आदि पूर्व में कहे गये हैं । परं तेज इसके देवता हैं ॥ ३४ ॥

हृत् त्रयोदशभिः प्रोक्तं रुद्रार्णैः शिर ईरितम् ।
द्वाविंशत्या शिखा प्रोक्ता तावद्भिः कवचं मतम्॥ ३५ ॥
स्यात् पञ्चादशभिर्नेत्रमस्त्रं सप्तदशाक्षरैः ।
वर्णन्यासादिकं सर्वं कुर्यात् पूर्वोक्तवर्त्मना ॥ ३६ ॥

रुद्रार्णैरित्येकादशाक्षरैः । तावद्भिरिति । द्वाविंशत्यक्षरैः ॥ ३५-३६ ॥

तेरह अक्षर से हृदय न्यास, ११ अक्षर से शिरःन्यास, २२ अक्षर से शिखा, २२ अक्षर से कवच, १५ अक्षर से नेत्र तथा १७ अक्षरों से अस्त्रन्यास करना चाहिए । पूर्वोक्त कही गई विधि से इसका वर्णन्यास तथा पदन्यास करना चाहिए ।। ३५-३६ ।।

ध्यानम्

सत्यं मानविवर्जितं श्रुतिगिरामाद्यं जगत्कारणं
व्याप्तं स्थावरजङ्गमं मुनिवरैर्ध्यातं निरुद्धेन्द्रियैः ।
अर्काग्नीन्दुमयं शताक्षरवपुस्तारात्मकं सन्ततं
नित्यानन्दगुणालयं गुणपरं वन्दामहे तन्महः ॥ ३७ ॥

ध्यानमाह सत्यमिति । अरूपस्य ब्रह्मणो भावनरूपं ध्यानमेतत् । सत्यम् । असत्यव्यावृत्तिरूपम् । 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इति श्रुतेः । मानविवर्जितम् । प्रमाणागोचरीकृतम् । 'यतो वाचो निवर्त्तन्ते' इति श्रुतेः । श्रुतिगिरामाद्यम् । वेदप्रवक्तृ । 'शास्त्रयोनित्वात्' इति वादरायणिसूत्रणात् । जगत्कारणम् । 'जन्माद्यस्य' इति सूत्रणात् । व्याप्तस्थावरजङ्गमग । 'सहस्रशीर्षा' इत्यादि श्रुतेः । मुनिवरैर्नारदादिभिः। अर्काग्नीन्दुमयमिति गायत्र्यादि ताक्रमेण । यद्वा अर्को विष्णुः अग्नी रुद्र इन्दुर्ब्रह्मा तन्मयम् । तत उत्पन्नत्वात् । द्वा ॐकाररूपत्वं वक्ष्यति । एतेनाऽकारोकारमकारात्मकत्वेनाऽग्नीन्द्वर्करूपत्वम् । शताक्षरवपुरिति । शताक्षरैः परं महः प्रतिपाद्यते। प्रतिपाद्यप्रतिपादकयोरभेदात् शास्त्रयोनित्वेन कार्यकारणाभेदाद्वा शब्दब्रह्मरूपत्वाद्वा तथोक्तिः । यद्वा यतः अर्काग्नीन्दुरूपत्वम् अतएव शताक्षरवपुरिति हेतुहेतुमद्भावेन योजना । ॐकाररूपत्वमस्य ग्रन्थकृदेवाऽन्त्ये पटले वक्ष्यति । नित्यानन्दचित्त्वं तत् स्वरूपमेव । तदालयत्वं च भगवत उपचारात् । गुणेभ्यः सत्वरजस्तमोभ्यः परं तद्रहितम् । तद्वेदशिरसि प्रसिद्धम् । महः । नित्यं प्रकाशकत्वान् मह इव । एते च सर्वे शब्दास्तस्य वस्तुनो लक्षका एव न वाचकाः । एतेषां शब्दानामेकार्थत्वमपर्यायत्वेऽपि अतद्व्यावृत्त्यर्थतया न पौनरुक्त्यम् ।

यद्वा, महस्तेजोरूपा कुण्डलिनी उच्यते । सत्यं नित्यत्वात्तस्याः । 'नित्या शक्तिः परा देवी' इत्युक्तेः । मानमियत्ता तद्वर्जिता । 'सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरा विभुः' (१.५५) इत्युक्तेः । व्याप्तस्थावरजङ्गमा । 'सर्वगा विश्वरूपिणी (१.५१) दिक्कालाद्यनवच्छिन्ना' (१.५२) इत्युक्तेः । निरुद्धेन्द्रियैर्मुनिवरैर्ध्याता । 'योगिध्येया च सर्वदा' इत्युक्तेः । 'योगिनां हृदयाम्भोजे नृत्यन्ती नित्यमञ्जसा' (१.५३) इत्यपि । अर्काग्नीन्दुरूपा । 'त्रिधामजननी देवी' (१.५६) इत्युक्तेः । 'सोमसूर्याग्निरूपा च' इत्यपि । शताक्षरवपुः । 'विश्वात्मना प्रबुद्धा सा सूते मन्त्रमयं जगत्' (१.५७) इत्युक्तेः । तारात्मकम् । तन्मध्ये चिन्तयेद्देवीमृज्वाकारां तडित्प्रभाम् । ॐकाररूपिणीं ज्योत्स्नामात्मरूपां शुभोदयाम् । इत्युक्तेः ।

नित्यानन्दगुणालया । 'नित्यानन्दगुणोदया' (१.५१) इत्युक्तेः । गुणपरा । गुणरूपा परा च । 'शक्तिः कुण्डलिनी गुणत्रयवपुर्विद्युल्लतासन्निभा' इत्युक्तेः । (२५.६६) 'परापरविभागेन परशक्तिरियं मता' इत्युक्तेश्च ॥ ३७ ॥

अब **ध्यान** कहते हैं—अब निरूप ब्रह्मदेव का भावना रूप में ध्यान कहते हैं—जो त्रिकाल में बाधित न होने से सत्य है, प्रमाण से अगोचर है वेद वाणियों का एवं जगत् का मूल कारण है, जो स्थावर एवं जङ्गम में सर्वत्र व्याप्त है, नारदादि मुनि लोग अपनी इन्द्रियों को रोक कर जिसका ध्यान करते हैं जो सूर्य, चन्द्र एवं अग्नि स्वरूप हैं, जिसका परम तेजोमय स्वरूप इस शताक्षर मन्त्र के द्वारा तथा प्रणव के द्वारा प्रतिपादन किया जाता है, जो नित्य आनन्द और चित् रूप गुणों का आलय है एवं सत्त्व, रज तथा तम रूप गुणों से परे हैं ऐसे किसी अनिर्वचनीय तेजः स्वरूप का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ३७ ॥

पुरश्चरणादिकथनम्

लक्षमानं जपेदेनमयुतं पायसान्धसा ।
जुहुयात् घृतसिक्तेन मन्त्रविद्विजितेन्द्रियः ॥ ३८ ॥

पायसान्धसा पायसेन ॥ ३८ ॥

इस मन्त्र का एक लाख जप करे और इन्द्रियों को संयम में रखकर घृत से प्रसिक्त खीर से दश हजार होम करे ॥ ३८ ॥

सौरे पीठे यजेत्सम्यक् वक्ष्यमाणविधानतः ।
आद्यामावृतिमभ्यर्चेत् षडङ्गैर्देशिकोत्तमः ॥ ३९ ॥
गायत्रीशक्तिभिस्तिस्त्रः पूजयेदावृतीः क्रमात् ।
आवृतिः पञ्चमी प्रोक्ता त्रिष्टुबुद्भूतशक्तिभिः ॥ ४० ॥
अनुष्टप्शक्तिभिः प्रोक्तमावृतीनां चतुष्टयम् ।
इन्द्राद्यैर्दशमी प्रोक्ता वज्राद्यैस्तत्परा मता ॥ ४१ ॥
एवं सिद्धे मनौ मन्त्री भवेद्भास्करसन्निभः ।

अभ्यर्चेदिति । कर्णिकायाम् । देशिकोत्तमः क्रमादित्यनेन दलमूलमध्याग्रेष्वित्युक्तम् । तिस्त्र इति । अष्टाष्टदेवतात्मिकाः । त्रिष्टुबिति । जागताद्याभिः दिशि दिशि एकादशैकादशभिः । चतुष्टयमिति । अष्टाष्टशक्तिरूपत्वेन । अष्टदिक्षु पुनरिति ज्ञेयम् ॥ ३८-४२ ॥

सौर पीठ (द्र. १४-४२) पर आगे कही जाने वाली विधि के अनुसार इन शताक्षरी के देवता का जप करे । साधक प्रथमावरण में षडङ्ग की पूजा करे । पुनः गायत्री की आठ आठ शक्तियों की तीन आवृत्ति में पूजा करे (द्र. २१. २३-२५) (यहाँ तक चार आवृत्ति हुई) । तदनन्तर त्रिष्टुप् मन्त्र में कही गई जागतादि ग्यारह ग्यारह शक्तियों की (द्र. २१. ४९-५५) चारों दिशाओ में पञ्चम आवृत्ति में पूजा करें । फिर अनुष्टुप् में कही गई (द्र. २३. १३-१७) शक्तियों की ४ आवरण में पूजा करे । इस प्रकार कुल नव आवरण की पूजा कही गई । इसके बाद इन्द्रादि देवताओं की दशम आवरण में तथा उनके वज्रादि आयुधों की

एकादश आवरण में पूजा करे । इस प्रकार मन्त्र सिद्ध कर लेने पर मन्त्रज्ञ साधक सूर्य के समान तेजस्वी हो जाता है ॥ ३९-४२ ॥

सुधालतोद्भवैः खण्डैर्जुहुयात्क्षीरसंयुतैः ॥ ४२ ॥
दीर्घमायुरवाप्नोति निराधिर्व्याधिवर्जितः ।
दूर्वाभिर्घृतसिक्ताभिस्तदेव फलमाप्नुयात् ॥ ४३ ॥
मधुरत्रयसंसिक्तैर्जुहुयादरुणाम्बुजैः ।
महालक्ष्मीमवाप्नोति षड्भिर्मासैर्विधानवित् ॥ ४४ ॥
रक्तोत्पलैस्त्रिमध्वक्तैर्जुहुयात्सर्वसम्पदे ।
श्रीप्रसूनैः प्रजुहुयाद्रमाया वसतिर्भवेत् ॥ ४५ ॥
सहस्रं जुहुयान्नित्यं मासमेकं तिलैः शुभैः ।
भानुसंख्यान् द्विजान्नित्यं भोजयेन्मधुरान्वितैः ॥ ४६ ॥
सर्वपापैर्विनिर्मुक्तः सर्वरोगविवर्जितः ।
कृत्याद्रोहग्रहद्रोहान् जित्वा दीर्घं स जीवति ॥ ४७ ॥
प्रातः स्नानरतो मन्त्री जपेन्नित्यं शतं शतम् ।
भानुमालोकयन् सम्यक् स जीवेच्छरदां शतम् ॥ ४८ ॥

सुधालता गुडची । भानुसंख्यानिति द्वादश ॥ ४२-४८ ॥

तदनन्तर दूध मिश्रित गुडूची के टुकड़ों से होम करे । ऐसा करने से आधि तथा व्याधि से रहित होकर साधक दीर्घ आयु प्राप्त करता हैं, इसी प्रकार घृत मिश्रित दूर्वा से होम का भी यही फल होता है ॥ ४२-४३ ॥

मधुरत्रय (दूध घी मधु) से संयुक्त लाल कमल का होम करे, तो इस प्रकार विधान करने वाला छ: महीने में महालक्ष्मी प्राप्त कर लेता है ॥ ४४ ॥

सब प्रकार की संपत्ति की प्राप्ति के लिये त्रिमधुर मिश्रित रक्त कमल का होम करना चाहिए, यदि कुरवक के प्रसूनों का होम करे तो श्री का भण्डार हो जाता है ॥ ४५ ॥

उत्तम शुद्ध किये गये तिलों से एक महीने तक निरन्तर एक सहस्र प्रतिदिन होम करे और प्रतिदिन बारह ब्राह्मणों को मधुर भोजन करावें, तो साधक सब पापों से छूट जाता है, समस्त व्याधियों से रहित हो जाता है ॥ ४६-४७ ॥

कृत्या, द्रोह, ग्रह बाधा आदि पर विजय प्राप्त करता है और दीर्घकाल तक जीवित रहता हैं, ॥ ४७ ॥

मन्त्र में श्रद्धा रखने वाला साधक प्रात:काल स्नान कर सूर्य की ओर देखते हुये नित्य सौ सौ बार इस शताक्षरी मन्त्र का जप करे तो वह सौ वर्ष तक जीता है ॥ ४८ ॥

तारव्याहृतिसंरुद्धं जपेन्मन्त्रं शताक्षरम् ।
नित्यमष्टोत्तरशतं निःश्रेयसफलाप्तये ॥ ४९ ॥

संरुद्धमिति सम्पुटितम् । तदुक्तमाचार्यैः—

प्रणवव्याहृत्याद्या व्याहृतितारान्तिका च मन्त्रिवरैः ॥ इति ।

केचित्तु संरुद्धशब्देन संरोधनमाहुः । तच्च 'नान आद्यन्तमध्येषु मन्त्रः स्याद्रोधनं स्मृतम्' इति प्रकारेण प्रतिमन्त्रादौ तारव्याहृतीरिच्छन्ति । तदसाम्प्रदायिकं लिखितवचनविरोधात् ॥ ४९ ॥

प्रणव तथा व्याहतियों से संपुटित इस शताक्षरी मन्त्र का जप परलोक प्राप्ति के उद्देश्य से नित्य १०८ बार करना चाहिए ॥ ४९ ॥

गायत्र्याद्यं जपेन्मन्त्रं सर्वपापविमुक्तये ।
सर्वशत्रुविनाशाय त्रिष्टुबाद्यमिमं जपेत् ॥ ५० ॥
अनुष्टुबाद्यं प्रजपेदायुरारोग्यसिद्धये ।
शताक्षरो मनुः प्रोक्तः समस्तपुरुषार्थदः ॥ ५१ ॥

गायत्र्याद्यमिति । यथोक्तम् । त्रिष्टुबाद्यम् । त्रिष्टुबनुष्टुब्गायत्र्यः । अनुष्टुबाद्यमिति । अनुष्टुप् गायत्री त्रिष्टुप् ॥ ५०-५१ ॥

सभी पापों से छुटकारा पाने के लिये प्रथम गायत्री, तदनन्तर त्रिष्टुप्, तब अनुष्टुप मन्त्रों को संयुक्त कर जप करे । संपूर्ण शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने हेतु आदि में त्रिष्टुप् (ॐ जातवेदसे) मन्त्र, तदनन्तर अनुष्टुप्, फिर गायत्री मन्त्रों से युक्त कर जप करे। आयु तथा आरोग्य की प्राप्ति के लिये अनुष्टुप् (त्र्यम्बकमित्यादि) मन्त्र को आदि में तदनन्तर गायत्री को, फिर त्रिष्टुप् मन्त्र संयुक्त कर जप करे । यह शताक्षर मन्त्र संपूर्ण पुरुषार्थों को देने वाला है ॥ ५०-५१ ॥

अथ वरुणप्रकरणम्

ऋचो विधानं वारुण्या यथावदभिधीयते ।
ऋग्वेदे सा समुद्दिष्टा ध्रुवास्वाद्या मनीषिभिः ॥ ५२ ॥
वशिष्ठो मुनिराख्यातश्छन्दस्त्रिष्टुबुदाहृतम् ।
वरुणो देवता प्रोक्तस्तद्वर्णैरङ्गकल्पना ॥ ५३ ॥
अष्टभिर्हृदयं प्रोक्तं सप्तभिः शिर ईरितम् ।
शिखा षडर्णैराख्याता वस्वर्णैः कवचं मतम् ।
सप्तभिर्नेत्रमाख्यातमस्त्रं षड्भिरुदीरितम् ॥ ५४ ॥

ध्रुवास्वाद्येति । मन्त्रो यथा—

ध्रुवासु त्वासु क्षितिषु क्षियन्तो व्यस्मतत्पाशं वरुणो मुमोचत् ।

अवो वन्वाना अदितेरुपस्थाद्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥
इति ॥ ५२-५४ ॥

अब **वारुणी ऋचा का विधान** कहते हैं—इस ऋचा को मनीषियों ने ऋग्वेद में 'ध्रुवासु' इत्यादि शब्दों से कहा है ।

विमर्श—यथा—ध्रुवासु त्वासु क्षितिषु, क्षियन्तो व्यस्मत् पाशं वरुणो मुमोच्चत् । अवो वन्वाना अदितेरुपस्थाद्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ।। इति । पदविभाग । ध्रुवासु । त्वा । आसु । क्षितिषु । क्षियन्तः । वि । अस्मत् । पाशम् । वरुणः । मुमोचत् । अवः । वन्वाना । अदितेः । उपस्थात् । यूयं । पात । स्वस्तिभिः । सदा । नः ।

अर्थ—इस दृश्यमान पृथ्वी पर निवास करते हुये हम लोग वरुण देवता की स्तुति करते हैं, वे वरुण हमें पाप तापों अथवा अपने पाशों से छुटकारा प्रदान करें । वरुण देवता के द्वारा दत्त संरक्षण से हम इस अखण्ड पृथ्वी पर निवास करें। हे वरुण ! आप हमारा कल्याण करते हुये रक्षा कीजिए । इस मन्त्र के जप का फल ऋग्वेद भाष्य में इस प्रकार है—'ध्रुवासु त्वासु क्षितिषु जपन् बन्धात् प्रमुच्यते । तिष्ठन् रात्रौ जपेदेतां पिशाचस्तं न गच्छति ।।

अर्थ—'ध्रुवासु त्वासु क्षितिषु' इस मन्त्र का जप करने से कारागार से मुक्ति प्राप्त होती है । इस मन्त्र का रात्रि के समय खड़े हो कर जप करना चाहिए, इस मन्त्र का जप करने वाले के पास पिशाच नहीं जाता ॥ ५२ ॥

इस मन्त्र के वशिष्ठ ऋषि हैं, त्रिष्टुप् छन्द हैं और वरुण देवता कहे गये हैं, अब उस मन्त्र के अक्षरों द्वारा षडङ्ग कहते हैं ॥ ५३ ॥

आठ अक्षर से हृदय न्यास, सात अक्षर से शिर, छः वर्णों से शिखा, आठ वर्णों से कवच न्यास, सात वर्णों से नेत्र न्यास तथा छः अक्षरों से अस्त्रन्यास करना चाहिए ॥ ५४ ॥

साग्रेषु सन्धिषु पदोर्गुदान्ध्वाधारनाभिषु ।
कुक्षौ पृष्ठे हृदि कुचे गले बाहवग्रसन्धिषु ॥ ५५ ॥
वक्त्रे कपोलनासाक्षिकर्णभ्रूमध्यमस्तके ।
शिरः सर्वाङ्गयोर्न्यस्येन्मन्त्रवर्णान् यथाविधि ॥ ५६ ॥

वर्णन्यासमेवाह साग्रेष्विति । पदोः साग्रेषु सन्धिषु दशवर्णाः । गलान्तेषु नववर्णाः । बाह्वग्रसन्धिषु दशवर्णाः । शिष्टेषु त्रयोदश । मस्तकं केशललाटसन्धिः । शिरो ब्रह्मरन्ध्रम् ॥ ५५-५६ ॥

अब **अक्षर न्यास** कहते हैं—दोनों पैरों की अग्रभाग की दश सन्धियों में दश वर्णों का, पुनः गुदा, लिङ्ग, आधार, नाभि कुक्षि, पृष्ठ, हृदय, कुच और गला में एक एक अक्षर के क्रम से नव वर्णों का, इसके बाद दोनों बाहुओं की

दश सन्धियों में दश वर्णों का, फिर मुख, दो कपोल, दो नासिका, दो नेत्र, दो कान, भ्रूमध्य, मस्तक, शिर और सर्वाङ्ग इन तेरह स्थानों में शेष तेरह वर्णों का न्यास करे ॥ ५५-५६ ॥

वरुणदेवताध्यानम्

चन्द्रप्रभं पङ्कजसन्निषण्णं पाशाङ्कुशाभीतिवरं दधानम् ।
मुक्ताविभूषाञ्चितसर्वगात्रं ध्यायेत् प्रसन्नं वरुणं त्रिभूत्यै ॥ ५७ ॥

ध्यानमाह चन्द्रेति । आयुधध्यानं दक्षाद्यूर्ध्वयोराद्ये तदधस्तनयोरन्त्ये ॥ ५७ ॥

अब **वरुण देवता का ध्यान** कहते हैं—जिनके शरीर की कान्ति चन्द्रमा के समान है, जो पंकज पर आसीन हैं, जो अपने हाथों में पाश, अंकुश, अभय तथा वर मुद्रा धारण किये हुये हैं, जिनका समस्त शरीर मोतियों के आभूषणों से भूषित है ऐसे प्रसन्नमुख श्री वरुण देवता का ऐश्वर्य प्राप्ति के लिये ध्यान करना चाहिए ॥ ५७ ॥

पुरश्चरणादिकथनम्

लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं पायसेन दशांशतः ।
सर्पिः सिक्तेन जुहुयान्मन्त्री मन्त्रस्य सिद्धये ॥ ५८ ॥
धर्मादिकल्पिते पीठे वरुणं सम्यगर्चयेत् ।
कृत्वाऽङ्गपूजनं शेषं वासुकिं तक्षकं पुनः ॥ ५९ ॥
कर्कोटकं ततः पद्मं महापद्ममनन्तरम् ।
शङ्खपालाख्यकुलिकौ सम्यक् पत्रेषु पूजयेत् ॥ ६० ॥
इन्द्राद्यानायुधान्येषामर्चयेत्तदनन्तरम् ।

धर्मादीति । पीठशक्तिपूजा रहिते । सम्यगित्यनेन पीठशक्तयस्तन्त्रान्तरोक्ताः पूजनीया इत्युक्तम् । ता यथा—

सुधा कुमुदिनी पूर्णा वारुणी विश्वतोमुखी ।
तरङ्गिणी च सुरसा सुशीताप्यायनी तथा ॥ इति ॥

कृत्वाऽङ्गपूजनमिति। केसरेष्वित्यर्थः। सम्यक् पत्रेषु पूजयेदिति । सम्यगित्यनेन शेषादीनां ध्यानं कर्त्तव्यमित्युक्तम् । तत् त्वरितापटले मदुक्तमनुसन्धेयम् ॥५८-६१॥

इस वरुण मन्त्र का मन्त्रज्ञ को मन्त्र सिद्धि के लिये एक लाख जप करना चाहिए और उसका दशांश घी मिश्रित पायस से होम करना चाहिए ॥ ५८ ॥

धर्मादि से कल्पित पीठ पर वरुण देवता का पूजन करना चाहिए, तदनन्तर केशर पर अङ्ग का पूजन कर शेष, वासुकि, तक्षक, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शङ्खपाल तथा कुलिक की पूजा पत्रों पर करनी चाहिए ॥ ५९-६० ॥

इसके बाद इन्द्रादि दिक्पालों की, तदनन्तर उनके आयुधों की पूजा करना चाहिए ॥ ६१ ॥

विमर्श—शेष आदि अष्ट नागों का ध्यान भी करना चाहिए । यह ध्यान त्वरिता (१३) पटल में कहा गया है । अत: पुन: यहाँ नहीं दे रहे हैं ।

ऋणमुक्त्यै जपेन्मन्त्रं प्रत्यहं साष्टकं शतम् ॥ ६१ ॥
जपेनाऽनेन लभते महतीमव्ययां श्रियम् ।
सितेक्षुशकलैर्मन्त्री जुहुयाद् घृतसंप्लुतैः ॥ ६२ ॥
चतुर्दिनं दशशतमृणमुक्त्यै महाश्रिये ।
समिद्भिर्वेतसोत्थाभिः क्षीराक्ताभिर्दिनत्रयम् ॥ ६३ ॥
जुहुयाद् वृष्टिसंसिद्ध्यै मन्त्रविद्विजितेन्द्रियः ।
अनेन विधिना मन्त्री सूर्ये शतभिषं गते ॥ ६४ ॥
चतुःशतं घृतयुतं पायसं जुहुयाद्वशी ।
ऋणनाशाय सम्पत्यै वश्यारोग्याभिवृद्धये ॥ ६५ ॥
भृगुवारे कृतो होमः पायसेन ससर्पिषा ।
महतीं सम्पदं कुर्यान्नाशयेत् सकलापदः ॥ ६६ ॥
शालिभिर्घृतसंसिक्तैः सरिदन्तरितः सुधीः ।
त्र्यहं चतुःशतं हुत्वा स्तम्भयेत्परसैन्यकम् ॥ ६७ ॥

ऋणमुक्त्यै इति। अत्र पाशमित्यस्य पूर्वं ऋणशब्दमधिकमुच्चार्य जपेदित्यर्थः। सितेक्षुशकलैः पवण्डा इति प्रसिद्धैः । सरिदन्तरितः द्वीपस्थः ॥ ६१-६७ ॥

ऋण से मुक्ति पाने के लिये इस वारुण मन्त्र का एक सौ आठ बार प्रतिदिन जप करना चाहिए ॥ ६१ ॥

इस जप के प्रभाव से महती एवं कभी नष्ट न होने वाली लक्ष्मी की प्राप्ति होती है, मन्त्रज्ञ ऋण से मुक्ति के लिये तथा महती श्री की संप्राप्ति के लिये चार दिन तक लगातार एक एक हजार श्वेत वर्ण के ईख (पवढ़ा) के टुकड़ों को घी में डुबो कर होम करे ॥ ६२-६३ ॥

मन्त्रवेत्ता जितेन्द्रिय हो कर वृष्टि होने के लिये दूध में डुबोई गई वेंत की लकड़ी से तीन दिन तक होम करे तो वृष्टि हो जाती है । इसी प्रकार जब सूर्य शतभिषा नक्षत्र पर हों घी से युक्त खीर का होम चार सौ संख्या में करे तो ऋण का नाश, संपत्ति, वशीकरण तथा आरोग्य की प्राप्ति एवं अभिवृद्धि होती है ॥ ६४-६५ ॥

घी से मिश्रित पायस द्वारा भृगुवार (शुक्रवार) के दिन किया गया होम बहुत बड़ी संपत्ति प्रदान करता है तथा समस्त आपत्तियों को नष्ट कर देता है ॥ ६६ ॥

घी से मिश्रित शालि धान्य से द्वीप में स्थित हो कर तीन दिन पर्यन्त प्रतिदिन चार चार सौ आहुति के क्रम से होम करे तो शत्रु सेना स्तम्भित हो जाती है ॥ ६७ ॥

सायं प्रत्यङ्मुखो वह्निमाराध्य प्रजपेन्मनुम् ।
चतुःशतं विमुच्येत मन्त्री सर्वैरुपद्रवैः ॥ ६८ ॥
मन्त्री प्रत्यङ्मुखो भूत्वा तर्पयेद्विमलैर्जलैः ।
सर्वोपद्रवनाशाय समस्ताभ्युदयाप्तये ॥ ६९ ॥
बहुना किमिहोक्तेन मन्त्रेणाऽनेन साधकः ।
साधयेत् सकलान् कामान् जपहोमादितत्परः ॥ ७० ॥

सायंकाल पश्चिमाभिमुख हो अग्नि की पूजा कर इस मन्त्र का ४०० संख्या में जप करे तो साधक सभी प्रकार के उपद्रवों से मुक्त हो जाता है ॥ ६८ ॥

मन्त्रज्ञ साधक सभी प्रकार के उपद्रवों के विनाश के लिये तथा समस्त अभ्युदयों की प्राप्ति के लिये पश्चिमाभिमुख होकर शुद्ध जल द्वारा इस मन्त्र से तर्पण करे ॥ ६९ ॥

इस विषय में बहुत कहने से क्या लाभ ? साधक इस मन्त्र से जप होम आदि में तत्पर होकर अपनी सभी कामनाओं को पूर्ण करे ॥ ७० ॥

अथ प्राणप्रतिष्ठाप्रकरणम्

प्राणप्रतिष्ठामन्त्रस्य विधानमभिधीयते ।
येन प्रागीरिता मन्त्राः प्राणवन्तो भवन्ति ते ॥ ७१ ॥

येनेति । मन्त्राणां यद्यपि प्राणप्रतिष्ठा नास्ति तेषां स्वत एव समर्थत्वात् तथापि यन्त्रादौ लिखितानां प्रतिष्ठा क्रियत इति तद्द्वारा प्राणवन्त इत्युक्तिः । प्राणप्रतिष्ठया पूर्वोक्तसमस्तमन्त्रविहितयन्त्रप्रयोगपुत्तल्यादि सर्वं प्रतिष्ठितप्राणं क्रियत इति । अवश्यं ज्ञेयोऽयं सर्वसारभूतो मन्त्र इति तत्स्तुतिः । तदुक्तम्—

तस्मादृतेऽमी कथिताः प्रयोगा व्यर्था भवेयुर्गतजीवकल्पाः । इति ॥ ७१ ॥

अब प्राण प्रतिष्ठा मन्त्र का विधान कहता हूँ—इस प्राण प्रतिष्ठा के कारण ही पूर्वोक्त सभी मन्त्र प्राणवान् (जाग्रत्) होते हैं । इसके बिना सभी मन्त्र यन्त्र मरे हुये और समार्थ्य हीन रहते हैं । अतः प्राणप्रतिष्ठा मन्त्रों में और यन्त्रों में अवश्य करनी चाहिए ॥ ७१ ॥

प्राणप्रतिष्ठामन्त्रोद्धारः

पाशाङ्कुशपुटा शक्तिर्वालि बिन्दुविभूषितः ।
याद्याः सप्त सकारान्ता व्योमसद्येन्दुसंयुतम् ॥ ७२ ॥
तदन्ते हंसमन्त्रः स्यात् ततोऽमुष्यपदं वदेत् ।
प्राणा इति वदेत्पश्चादिह प्राणास्ततः परम् ॥ ७३ ॥
अमुष्य जीव इह च स्थितोऽमुष्यपदं वदेत् ।
सर्वेन्द्रियाण्यमुष्यान्ते वाङ्मनश्चक्षुरन्ततः ॥ ७४ ॥

श्रोत्रघ्राणपादप्राणा इहागत्य सुखं चिरम्।
तिष्ठन्त्वग्निवधूरन्ते प्राणमन्त्रोऽयमीरितः ॥ ७५ ॥

मन्त्रोद्धारमाह—पाशेति। प्रथमं पाशबीजं ततः शक्तिबीजं ततोऽङ्कुशबीजम्। वाली यः बिन्दुभूषितः यं । याद्या इति उद्धृतयकारानुवादेन । अतद्गुणसंविज्ञान-बहुव्रीहिणा वा सप्त न तु तद्यमिति बीजं भिन्नम् । पूर्वं पृथगुद्धारस्तु सप्तानामपि सबिन्दुताख्यापनाय अग्रे न्यासावसरे ग्रन्थकृताऽस्य बीजस्य न्यासो नोक्तः । तेनास्य पृथगुद्धारः । तदुक्तमाचार्यैः—

पाशाङ्कुशान्तरितशक्तिमनोः परस्ता
दुच्चार्य यादिवसुवर्णगणं सहंसम् ॥ इति।

अन्यत्रापि—अङ्कुशवाय्वनलावनिवरुणबीजानि । इति ।

व्योम हः सद्य ओ इन्दुः बिन्दुः तेन हौं । प्रपञ्चसारपद्येऽपि गण ओ तेन होमित्येव पद्मपादाचार्यैर्व्याख्यातम् । समन्ते हंसमन्त्र इत्यपपाठः । इह चेति । चकारो न मन्त्रमध्ये । क्वचिदिहत इति पाठः । तदा इहशब्दादित्यर्थः । स्थितोऽमुष्येति । छन्दोऽनुरोधात् सन्धिः । मन्त्रे तु न सन्धिः । सर्वेन्द्रियाणि अमुष्वेत्यत्रापि तथैव । षडधिकषष्ट्यक्षरो मन्त्रः । अमुष्येपदार्थश्चतुर्थे उक्तः । अत्र मन्त्रे इहागत्येत्यत्र इहैवागत्येति एव शब्दो ज्ञेयः । तथा चाचार्याः—सैवेहागमथो त्ययुक् सुखं चिरं तिष्ठन्तु ठद्वन्द्वयुक् । इति । पद्मपादाचार्यैरप्येवमेव पठितम् । आं बीजं क्रीं शक्तिः ॥ ७२-७५ ॥

पाश (आँ) शक्ति बीज (ह्रीँ), तदनन्तर अंकुश बीज (क्रौं) इसके बाद वाली (यः), उसे बिन्दु से विभूषित (इस प्रकार यँ) उसे लेकर सात अक्षर जो बिन्दु युक्त हैं । इस प्रकार (यं रं लं वं शं षं सं) इसके बाद व्योम (हकार) उस को सद्य (औ) तथा बिन्दु से संयुक्त करे इस प्रकार (हौं) इसके बाद हंस मन्त्र (सोऽहम्) तदनन्तर 'अमुष्य' पद, पश्चात् 'प्राणाः' पुनः 'ईह प्राणाः' पद, तदनन्तर 'अमुष्य जीव इह च स्थितः', इसके बाद पुनः 'अमुष्य' पद, तदनन्तर 'सर्वेन्द्रियाणि' के बाद 'वाङ्मनश्चक्षुः' पद, तदनन्तर 'श्रोत्र प्राण प्राणपादप्राणाः' पद, तदनन्तर 'इहागत्य सुखं चिरम् तिष्ठन्तु स्वाहा' पद, यही प्राण प्रतिष्ठा का मन्त्र है ॥

विमर्श—इसका **स्वरूप** इस प्रकार है—आँ ह्रीँ, क्रौं यं रं लं वं शं षं सं हौं सोऽहँ, अमुष्य प्राणा इह प्राणाः अमुष्य जीव इह च स्थितः अमुष्य सर्वेन्द्रियाणि वाङ्मनश्चक्षुः श्रोत्रघ्राणपादप्राणाः इहौगत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा' यह ६६ अक्षर का प्राणप्रतिष्ठा हैं । यहाँ इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जहाँ 'अमुष्य' पद आया हुआ है वहाँ षष्ठ्यन्त साध्य नाम की योजना करे ॥ ७२-७५ ॥

प्रत्यमुष्यपदं पूर्वं पाशादीनि प्रयोजयेत् ।
प्रयोगेषु समाख्यातः प्राणमन्त्रो मनीषिभिः ॥ ७६ ॥

ब्रह्मविष्णुशिवाः प्रोक्ता मुनयस्तन्त्रवेदिभिः।
उक्तमृग्यजुषोः साम्नश्छन्दश्छन्दोविशारदैः॥ ७७ ॥
चैतन्यरूपा प्राणात्मा देवता शक्तिरीरिता।

प्रयोगकाले विशेषमाह—प्रतीति । पद्मपादाचार्यास्तु । एवं सति प्रयोगमन्त्रो भवतीति यादीनां त्रिरावृत्तिरभिहिता । प्राणजीवसर्वेन्द्रियाकर्षणार्थम् । केचिद्यादीनां चतुरावृत्तिं वर्णयन्ति । प्राणजीवेन्द्रियसामान्य तद्विशेषाणामाकर्षणार्थम् । केचित् पञ्चावृत्तिम् । प्राणसामान्यजीवसामान्येन्द्रियसामान्येन्द्रियविशेषाणामाकर्षणार्थम् । केचिन् नवावृत्तिम् । मन्त्रोक्तानां सर्वेषां प्रत्येकमाकर्षणार्थमित्याहुः । मनीषिभिरित्यनेन हंसमन्त्रादौ ॐ क्षं सं हं सः ह्रीं ॐ स्वाहान्ते च ॐ क्षं सं हं सः ह्रीं ॐ इत्युच्चारणीयमिति सूचितम् । पद्मपादाचार्यैः 'मन्त्रोऽयमित्थमुदितो ग्रहसंख्ययैव' इत्यस्य व्याख्याने ग्रहाः सप्त तत्संख्याक्षरैः युक्तमिति व्याख्यातम् । तेनात्मनि यन्त्रे पुत्तल्यादावपि प्राणप्रतिष्ठासमये प्रत्यमुष्यपदं पाशाद्यानि प्रयोज्याऽमुष्यपदस्थाने षष्ठ्यन्तं साध्यनाम प्रयुज्य मन्त्रमुच्चरेदिति ज्ञेयम् ॥ ७६-७८ ॥

मनीषियों ने इस मन्त्र के प्रयोग काल में प्राणप्रतिष्ठा के समय प्रथम अमुष्य पद के पूर्व पाश, शक्ति तथा अंकुश पद का प्रयोग करना चाहिए तब प्राण मन्त्र होता है—ऐसा कहा है ॥ ७६ ॥

मन्त्रशास्त्र के तत्त्ववेत्ताओं ने इस प्राणप्रतिष्ठा मन्त्र का ब्रह्मा, विष्णु तथा शिव ऋषि कहा है, वेद विशारदों ने ऋग्यजु तथा साम इसका छन्द कहा है। चैतन्य स्वरूप प्राण इसके देवता हैं, आत्मा शक्ति हैं ॥ ७७-७८ ॥

कवर्गेण वियत्पूर्वभूतैर्हृदयमीरितम् ॥ ७८ ॥
शिरश्चवर्गशब्दाद्यैरीरितं तदनन्तरम्।
ज्ञानेन्द्रियैष्टवर्गाद्यैस्तच्छिखा परिकीर्त्तिता ॥ ७९ ॥
कर्मेन्द्रियैस्तवर्गाद्यैः कवचं परिकीर्त्तितम्।
वचनाद्यैः पवर्गाद्यैर्विलोचनमुदीरितम् ॥ ८० ॥
बुद्ध्याद्यैर्यादि संयुक्तैरस्त्रमस्य समीरितम्।
आत्मनेऽन्ताः समाख्याता अङ्गमन्त्राः सजातयः॥ ८१ ॥
नाभेश्चरणपर्यन्तं पाशबीजं प्रविन्यसेत्।
हृदयान्नाभिपर्यन्तं शक्तिबीजं ततः परम् ॥ ८२ ॥
मूर्धादि हृदयं यावदङ्कुशं विन्यसेत्ततः।
हृदये धातुषु न्यस्येद्यादीन् सप्त यथाक्रमम् ॥ ८३ ॥

षडङ्गमाह कवर्गेणेति । अत्र वियत्पूर्वभूतैरित्युक्तेः प्रथमपटलोक्तसृष्टिक्रमो विवक्षितः । तेनाऽक्षराणां तथा व्यत्यास इति ज्ञेयम् । तदुक्तम्—प्रत्येकं कादिवर्गैः प्रतिगतलिपिभिः बिन्दुयुक्तैः । इति ।

अग्र आत्मनेऽन्ताः सजातय इत्युक्तत्वात् प्रयोगो यथा । ङं कं खं घं गं आकाशवायुवह्निसलिलभूम्यात्मने हृत् । ञं चं छं झं जं शब्दस्पर्शरूपरसगन्धात्मने शिरः । णं टं ठं ढं डं श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणात्मने शिखा । नं तं थं धं दं वाक्पाणिपादपायूपस्थात्मने वर्म । मं पं फं भं बं वचनादानविहरणविसर्गानन्दात्मने नेत्रम् । शं यं रं वं लं हं षं क्षं सं लं बुद्धिमनोऽहङ्कारचित्तज्ञानात्मने अस्त्रम् । पद्मपादाचार्यैर्वर्णानां स्वरपुटितत्वं विपरीतत्वमप्युक्तम् । यथाक्रममिति । होमित्यस्य ओजसि न्यास इत्युक्तम् ॥ ७८-८३ ॥

अब इसका **षडङ्गन्यास** कहते हैं—कवर्ग से सृष्टिन्यास द्वारा, आकाश पूर्वक पञ्चमहाभूतों में चतुर्थी लगाकर हृदय (नमः) पद का प्रयोग करे । यथा—ङं कं खं घं गं आकाशवायुवह्निसलिलभूम्यात्मने नमः हृत्, ञं चं छं झं जं शब्दस्पर्श रूपरसगन्धात्मने नमः शिरः, णं टं ठं ढं डं श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणात्मने नमः शिखा । नं तं थं धं दं वाक्पाणिपादपायूपस्थात्मने नमः वर्म, मं पं फं भं बं वचनादानविहरणविसर्गानन्दात्मने नमः नेत्रम् । शं यं रं वं लं हं षं क्षं सं लं बुद्धिमनोऽहंकार चित्त ज्ञानात्मने अस्त्रम् ॥ ७८-८१ ॥

नाभि से चरण पर्यन्त पाशबीज, हृदय से नाभि पर्यन्त शक्तिबीज उसके बाद मूर्धा से हृदय पर्यन्त स्थान में अंकुशबीज से न्यास करना चाहिए । हृदय तथा धातु में यकारादि सात अक्षरों से एक एक अक्षर के क्रम से न्यास करना चाहिए ॥ ८२-८३ ॥

प्राणे जीवे ततो न्यस्येद्धसवर्णद्वयं पृथक् ।
कुर्याद्व्यापकमेतेन समस्तेन विधानवित् ।
ततो विचिन्तयेद्देवीं जीवभूतां जगन्मयीम् ॥ ८४ ॥

प्राण इति । हृदय इत्यनुषज्यते । तेन प्राणजीवयोरपि हृदय एव न्यासः । पृथगिति । प्रत्येकम् । एतेन समस्तेनेति । मूलेनेत्यर्थः । विधानविदित्यनेन मूर्धादि-पादान्तमित्युक्तम् ।

तदुक्तम्—'न्यसेन्मूलं व्यापकं मस्तकादि' इति ॥ ८४ ॥

इसी प्रकार प्राण और जीव का हृदय में न्यास कर प्राण तथा जीव में हंस मन्त्र का न्यास करे । तदनन्तर विधान वेत्ता इस समस्त प्राण प्रतिष्ठा के मन्त्राक्षरों से व्यापक करे । इसके बाद जगन्मयी जीवभूता महादेवीं का ध्यान करे ॥ ८४ ॥

ध्यानम्

रक्ताब्धिपोतारुण मध्यसंस्थां
पाशाङ्कुशाविक्षुशरासबाणान् ।
शूलं कपालं दधतीं कराब्जै
रक्तां त्रिनेत्रां प्रणमामि देवीम् ॥ ८५ ॥

रक्ताब्धीति । रक्तेति पीतविशेषणम् । आयुधध्यानं तु वामाद्यूर्ध्वयोराद्ये । तदधस्तनयोर्मध्ये । तदधस्तनयोः कपालशूले इति ॥ ८५ ॥

लाल वर्ण के समुद्र में रक्त वर्ण के पोत में संनिवास करने वाली हाथों में पाश, अंकुश, इक्षु का धनुष, बाण, शूल एवं कपाल धारण किये हुये, रक्त वर्ण वाली तीन नेत्रों से विभूषित जीवभूता महादेवी को मैं प्रणाम करता हूँ ॥ ८५ ॥

पुरश्चरणादिकथनम्

एवं ध्यात्वा जगद्धात्रीं लक्षमेनं जपेन्मनुम् ।
जुहुयात्तद्दशांशेन चरुभिर्घृतसंयुतैः ॥ ८६ ॥

तद्दशांशेनेत्यस्यायमर्थः । ॐ आं स्वाहा ॐ ह्रीं स्वाहा ॐ क्रीं स्वाहा ॐ यं मृतायै स्वाहा । एवं राद्यक्षरयुताभिः वैवस्वताद्याभिः सकृत् सकृत् हुत्वा ॐ क्षं सं हं सः ह्रीं ॐ इत्यक्षरैरपि तथा हुत्वा मूलेनोक्तसंख्यां जुहुयादिति । अयमर्थः पद्मपादाचार्याणां सम्मतः ॥ ८६ ॥

देवी का इस प्रकार ध्यान कर इस मन्त्र का एक लाख जप करे । तदनन्तर घृत मिश्रित खीर के द्वारा उसका दशांश होम करें ॥ ८६ ॥

षट्कोणाढ्ये शक्तिपीठे विधिनाऽनेन पूजयेत् ।
अर्चयेत् षट्सु कोणेषु ब्रह्माणं विष्णुमीश्वरम् ॥ ८७ ॥
वाणीं लक्ष्मीमुमां पश्चात् षडङ्गानि प्रपूजयेत् ।
दलेषु मातरः पूज्यास्तद्बाह्ये लोकपालकाः ॥ ८८ ॥
एवं प्रपूजयेद्देवीं सुगन्धिकुसुमादिभिः ।
इति संसाधितो मन्त्रः षट्कर्मफलदो भवेत् ॥ ८९ ॥

शक्तिपीठ इत्यनेन नवमोक्ताः पीठशक्तयोऽत्र पूज्या इत्युक्तम् । पूजयेदिति । जगद्धात्रीमिति पश्चात्तनेन सम्बध्यते । अनेन वक्ष्यमाणेन । तमेव विधिमाह अर्चयेदिति । तत्र प्रकारः । प्राङ्निर्ऋतिवायुकोणस्थाः ब्रह्मविष्णवीशाः आग्नेय-वारुणेशेषु वाण्याद्या इति परमगुरवः । प्रागुक्तं ब्रह्मादीनां शक्तीनां च बीजमनुसन्धेयम् । प्रपूजयेदिति केसरेषु ॥ ८७-८९ ॥

षट्कोण से युक्त शक्ति पीठ (द्र. ९, १६-१७) में इस प्रकार की विधि से देवी का पूजन करे । षट्कोणों में ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर, वाणी (सरस्वती), लक्ष्मी और उमा की पूजा करे, (पूर्व, नैर्ऋत्य और वायुकोण में क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु और महेश्वर की, आग्नेय, पश्चिम तथा ईशान मे वाणी आदि देवियों की) अष्टदलों में मातृकागणों की और उसके बाहर लोकपालों की पूजा करे । इसके बाद केशरों पर सुगन्धित पुष्पादि के द्वारा देवी की पूजा करे । जब इस प्रकार मन्त्र सिद्ध कर लिया जाता है तब उसके द्वारा किये गये षट्कर्म (द्र. २३. १२१-१२३) फलदायी होते हैं ॥ ८७-८९ ॥

स्थापयेन्मनुनाऽनेन प्राणान् सर्वत्र देशिकः ।
बीजान्तेऽमुष्यशब्दानामादौ दूतीः प्रयोजयेत् ॥ ९० ॥
मृता वैवस्वता भूयो जीवहा प्राणहा ततः ।
आकृष्या ग्रथनी पश्चात् प्रमादा विस्फुलिङ्गिनी ॥ ९१ ॥
क्षेत्रज्ञप्रतिहार्येताः प्राणदूत्यो नव स्मृताः ।

सर्वत्रेति आत्मयन्त्रपुत्तल्यादौ । दूतीमन्त्रानुद्धरति बीजेति । बीजान्ते पाशादि-हंसमन्त्रान्ते । केचन बीजान्त इति बीजत्रयान्त इत्याहुः । तदसम्बद्धम् । आचार्य-वचनविरोधात् । अमुष्यशब्दानामादाविति चासम्बद्धं स्यात् । अमुष्यशब्दानामादाविति। साध्यनाम्न आदौ ।

तदुक्तम्—अथ यादीन् दूतीश्चोक्त्वा साध्यनामाऽथ मन्त्री । इति ।

आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं ह्रीं ॐ क्षं सं हं सः ह्रीं ॐ यं मृते अमुष्य मृतात्मकान् प्राणानिहाहर प्राणा इह प्राणा इति वा इहैवेत्याद्योमन्तमुक्त्वा पुनरामादि ओमन्तमुक्त्वा यं मृते अमुष्य मृतात्मकं जीवमिहाहर जीव इह स्थित इति वा इहैवेत्याद्योमन्तमुक्त्वा पुनरामादि ओमन्तमुक्त्वा यं मृते अमुष्य मृतात्मकानि सर्वेन्द्रियाणि इहाहर सर्वेन्द्रियाणि इह वा पुनरिहेत्यादि ओमन्तमुक्त्वा यं मृते अमुष्य मृतात्मकान् वाङ्मनश्चक्षुःश्रोत्रघ्राणप्राणान् इहाहर वाङ्मनश्चक्षुःश्रोत्रघ्राणप्राणा इह वा । इहैवेत्यादि ओमन्तं वदेत् । एवं वैवस्वतादिमन्त्रा ऊहनीयाः ॥ ९०-९२ ॥

आचार्य इस प्रकार प्राण प्रतिष्ठा मन्त्र से मूर्त्ति में सर्वत्र प्राण प्रतिष्ठा करे । जहाँ मन्त्र में अमुष्य शब्द आया है वहाँ आत्मा में, यन्त्र में और पुतली में प्राण प्रतिष्ठा के समय आदि में बीज मन्त्र का उच्चारण कर दूती मन्त्र का प्रयोग कर तदनन्तर प्राण प्रतिष्ठा करे ।

अब **दूती मन्त्र का उद्धार** कहते हैं—१. मृता, २. वैवस्वता, ३. जीवहा, ४. प्राणहा, ५. आकृष्या, ६. ग्रथनी, ७. प्रमादा, ८. विस्फुलिङ्गिनी और ९. क्षेत्रज्ञ प्रतिहारी—ये नव प्राणदूतियाँ कही गई हैं ॥ ९०-९२ ॥

विमर्श—इसके प्रयोग का स्वरूप राघवभट्ट कृत पदार्थादर्श की टीका में देखिये ॥ ९०-९२ ॥

पाशेन बद्धचेष्टस्य शक्त्या स्वीकृतचेतसः ॥ ९२ ॥
अङ्कुशेनाहृतस्याभिः साध्यस्याऽसून् समाहरेत् ।
द्वादशाङ्गुलमानेन कृत्वा साध्यस्य पुत्तलीम् ॥ ९३ ॥
तस्यां प्राणात्मकं यन्त्रं सकीटं हृदये न्यसेत् ।
निशीथसमये साध्ये सुप्ते तस्य हृदम्बुजे ॥ ९४ ॥

युगपद्वा प्राणप्रतिष्ठाप्रकारमाह पाशेनेत्यादिना सर्वेषु कर्मस्वित्यन्तेन । आभिर्दूतीभिः । प्राणात्मकं यन्त्रं वक्ष्यमाणं सकीटम् । तत्र प्राणप्रतिष्ठारम्भात्

प्रागेव साध्यप्रतिकृतेः हृदये यन्त्रं सजीवं कीटं च निक्षिप्याच्छाद्य प्रयोगमारभेतेत्यर्थः । प्राणप्रतिष्ठायां कर्त्तव्यमाह निशीथेति । पद्मपादाचार्यास्तु कालदण्डेन सन्ताड्य बोधनमाहुः । अन्यथा प्राणप्रतिष्ठायोगादिति ।

बद्धा तं च निपीडमेव सहसा कालस्य यष्ट्या शिर ।
स्याताड्य क्षुभिताखिलेन्द्रियगणं साध्यं स्मरेत् साधकः ॥

इत्युक्तेः ॥ ९२-९४ ॥

ये दूतियाँ शत्रु को पाश में बाँधकर उसकी समस्त चेष्टायें बन्द कर देती हैं, शक्ति के द्वारा उसकी सारी चेतना लुप्त कर देती है और अंकुश के द्वारा उसके प्राणों का अपहरण कर लेती है । इस प्रकार अपने साध्य शत्रु के प्राणों को अपहरण करने की भावना करे, अथवा १२ अङ्गुल की साध्य शत्रु की प्रतिमा बनावें । प्राण प्रतिष्ठा के पहले उसके हृदय में वक्ष्यमाण भृङ्गी नाम के कीट के सहित उक्त प्राणात्मक यन्त्र स्थापित करे । फिर प्रयोग आरम्भ करे ॥ ९२-९४ ॥

आधी रात के समय जब शत्रु सो जावें, उस समय अपने हृदय में, साध्य हृदय में तथा पुत्तली के हृदय में भृङ्गाकार तत्तद् देवताओं का इस प्रकार से ध्यान करे । पूर्वोक्त मृता आदि (द्र. २३. ९१) दूतियों का पुत्तली के हृत् कमल रूप आठ दलों में भृङ्गाकार रूप से, यं रं लं वं शं षं सं हौं रूप (मृतादि दूतियों) का साध्य के हृदय की कर्णिका में भृङ्गाकार रूप से, तथा स्वहृदय कमल में भृङ्गी स्वरूप में ध्यान करे ॥ ९४ ॥

दलेषु वायुवह्नीन्द्रवरुणानामतः परम् ।
ईशराक्षसशीतांशुयमानां कर्णिकान्तरे ॥ ९५ ॥
यादीन् हंससमायुक्तान् भृङ्गाकाराननुस्मरेत् ।
शिरोबिन्दुसमुद्भूत तन्तुसम्बद्धविग्रहान् ॥ ९६ ॥
एवमात्महृदम्भोजे भृङ्गीरूपान् धिया स्मरेत् ।
आत्महृत्पद्मगा भृङ्गीः प्रस्थाप्य श्वासवर्त्मना ॥ ९७ ॥
एकैकात् साध्यहृत्पद्माद् भृङ्गमेकैकमानयेत् ।
पुत्तल्यां स्थापयेन्मन्त्री स्वचित्ते वा विधानवित् ॥ ९८ ॥
तन्तुच्छेदं प्रकुर्वीत वह्निबीजेन संयतः ।
आकृष्टान् साध्यहृद्भृङ्गान् भुवा संस्तम्भयेत्ततः ॥ ९९ ॥
एवमेकादशावृत्तीः कुर्यात् सर्वेषु कर्मसु ।
वश्याकर्षणयोर्यादीनरुणान् संस्मरेत् सुधीः॥ १०० ॥
मोहविद्वेषयोर्धूम्रान् कृष्णान्मारणकर्मणि ।
पीतां संस्तम्भने ध्यायेत् प्राणाकर्षणकर्मणि ॥ १०१ ॥

आकृष्टान् साध्यहृत्प्राणान् स्थापयेदात्मनो हृदि।
क्रूरकर्मसु पुत्तल्यां तेषां स्थापनमीरितम् ॥ १०२ ॥
प्राणान् साध्यस्य मण्डूकानात्मनस्तु भुजङ्गमान्।
संस्मरेत्तत्र निपुणः सदा क्रूरेषु कर्मसु ॥ १०३ ॥

स्वहृदये साध्यहृदये पुत्तलीहृदये च मृतादिदूतीनां स्थानमाह दलेष्विति । भृङ्गाकाराननुस्मरेदिति। याद्यक्षररूपमृतादीन् साध्यहृत्पद्मपत्रेषु कर्णिकायां भृङ्गरूपान् स्वहृदयपद्मे भृङ्गीरूपान् ध्यायेदित्यर्थः । शिर इति । यकारादिबीजानां शिरसि ये बिन्दवः तत्समुद्भूता ये तन्तवः तैः सम्बद्धविग्रहानिति । तदुक्तमाचार्यैः–'स्वीय-बिन्दुप्रबद्धान्' इति । पुत्तल्यामिति । क्रूरकर्मणि । स्वचित्ते इति वश्यादौ । विधानविदिति । स्ववहन्नाड्या प्रवेशनिर्गमनंकुश इत्युक्तम् । वह्निबीजेन रमित्यनेन । संयतः अस्मिन्नस्मिन् दले मृतादिस्थानमिति सावधान इत्यर्थः । भुवा ग्लौमिति बीजेन ।

तत्र प्रकारः—साध्यस्य शक्तिं पाशशक्तितेजोऽङ्कुशमहाभ्रमरकाल-दण्डरूपेण पञ्चधा निःसार्य पाशबीजमुच्चरन् साध्यं पाशेन गले बद्ध्वा शक्तिबीज-तेजसा तं स्ववशे कृत्वाऽङ्कुशेनाकृष्याऽग्रतः संस्थाप्य याद्यष्टकमुच्चरन् साध्यस्य त्वगादीन् व्याप्यापक्रम्य महाभृङ्गेण साध्यं कवलीकृत्य कालदण्डताडनेन सुप्तं तं सम्बोध्य क्षमिति सपरिवारमुन्मूलीकृत्य समिति स्वप्राणशक्तिरूपमहाभ्रमरेण मेलयित्वा हंस इति स्वैक्यं सम्भाव्य ह्रीमीमिति वश्यादौ जीवनाय प्लावनं कृत्वा यं मृते इत्यादिना स्वमृतां सम्बोध्य अमुष्य मृतात्मकाः इह प्राणा इत्यादिना स्वमृता-प्राणानितरप्राणैः संयोज्य रमिति साध्यमृतातन्तुच्छेदं विधाय सकीटहृदयायां पुत्तल्यामात्मनि वा साध्यमृताप्राणान् संस्थाप्य ग्लौमिति संस्तभ्य तस्य मृताजी-वादिकमप्येवमानयेत् । युगपदेव वा मृताप्राणादीन् स्थापयेत् । ततः स्वहृदि चेत्—आं ह्रीमित्यादि मयि प्राणा इह प्राणा मयि जीव इह स्थित इत्यादिरूपम् । पुत्तल्यां चेत्—पुत्तल्यां प्राणा इह प्राणा पुत्तल्यां जीव इह स्थित इति जपेत् । इत्थं मृताप्रतिष्ठाक्रमः । एवं वैवस्वतादिप्राणा अपि स्थापनीयाः । ततो यादीन् होमन्ता-नुक्त्वा साध्यस्य धातून् जीवं च सपरिकरं पुनः स्वमण्डले सङ्कोचितं कवलीकृत्य यादीन् दूतींश्च स्वस्य सम्बुद्ध्यन्तान् साध्यस्य चामुष्य प्राणानिहाहर अमुष्य प्राणा इह प्राणा इति चोक्त्वा पुनरपि अमुष्य धातूनिहाहरेत्यादि वदेत् । एवं जीवेऽपि । अयमेव प्रकारः पुत्तल्यामपि । तदुक्तम्—

आकृष्टानां साध्यदेशादसूनां पुत्तल्यादावप्ययं स्यात् प्रकारः ॥ इति ।

एवमिति । पूर्वोक्तं कर्म एकादशावृत्तिं कुर्यात् । अयं च पूर्वावधिः । इत ऊर्ध्वं यदृच्छया कुर्यात् ।

तदुक्तम्—प्राणप्रतिष्ठाकर्मेदं विधायैकादशावरम् । इति ॥ ९५-१०३ ॥

अब अपने हृदय, साध्य के हृदय और पुत्तली के हृदय में मृता आदि दूतियों का स्थान कहते हैं—उसके हृत्कमल के पत्तों पर वायु, अग्नि, इन्द्र तथा

वरुण देवताओं का, इसके बाद ईश्वर, राक्षस, चन्द्रमा तथा यम को हंस मन्त्र (सोऽहम्) से युक्तकर हृतकमल की कर्णिका में और यादि वर्ण, (य र ल व श ष स ह होम्) के रूप में तथा भृङ्ग के आकार रूप में ध्यान करे । इसी प्रकार अपने हृदय में यकारादि बीज मन्त्रों के शिर में रहने वाले जो बिन्दु उस बिन्दु से बने हुये तन्तुओं से बँधे शरीर वाले भृङ्ग का ध्यान करे । तदनन्तर अपने हृदय कमल में रहने वाले भृङ्गी को एक एक के क्रम से श्वास मार्ग से बाहर निकाल कर शत्रु के हृदय पद्म में रहने वाले भृङ्गी को बाहर ला कर पुत्तली में स्थापित करे अथवा अपने चित्त में स्थापित करें । इसके बाद वह्नि बीज (रँ) को पढ़कर तन्तु को जला देवें और साध्य के हृदय से निकाले गये भृङ्गियों को पृथ्वी बीज (ग्लौं) इस मन्त्र से स्तम्भित करे, (इसकी विधि पदार्थादर्श में द्रष्टव्य हैं) इस प्रकार भृङ्गादि विधि का प्रयोग ग्यारह बार सभी कर्मों में करे ॥ ९५-१०० ॥

बुद्धिमान् वश्य तथा आकर्षण कर्म में उपर्युक्त यकारादि वर्णों का अरुण वर्ण स्मरण करे । मोहन और विद्वेष कर्म में धूम्रवर्ण, मारण कर्म में कृष्ण वर्ण तथा स्तम्भन कार्य में पीत वर्ण का ध्यान करे । साध्य के प्राणाकर्षण कर्म करते समय उसके हृदय स्थल से निकाले गये प्राणों को अपने हृदय प्रदेश में स्थापित करे तथा क्रूर कर्म (मारण) करते समय उसके प्राणों को पुत्तली में स्थापित करे— ऐसा कहा गया है ॥ १००-१०२ ॥

क्रूर कर्म में कुशल तन्त्रवेत्ता साध्य के प्राण को मण्डूक रूप में तथा अपने को साँप के रूप में सदा ध्यान करे ॥ १०३ ॥

प्राणप्रतिष्ठायन्त्रम्

वाय्वग्निशक्रवरुणेश्वरराक्षसेन्दु-
प्रेतेशपत्रलिखितैरथ यादिवर्णैः ।
बिन्द्वन्तिकैः क्षगतहंससमेतसाध्यं
प्राणात्मयन्त्रमथ वर्णवृतं धरास्थम् ॥ १०४ ॥
इत्थं प्रयोगकुशलो मनुनाऽनेन मन्त्रवित् ।
वशयेत्सकलान्देवान् किं पुनः पार्थिवान् जनान् ॥ १०५ ॥

यन्त्रमाह वाय्विति । यादिवर्णैरिति होमन्तैः । धरास्थमिति । बाह्ये भूगृहावृतमित्यर्थः ।

पद्मपादाचार्यास्त्वन्यथा यन्त्रमाहुः । तद्यथा—अष्टदलमध्यगतशक्तौ साध्यादिकमालिख्य पाशाङ्कुशाभ्यां तां संवेष्ट्य याद्यष्टकमष्टदलेषु लिखित्वा अवशिष्टेन बहिः संवेष्ट्य भूपुरद्वये पाशाङ्कुशौ लिखेदिति यन्त्र विधिरिति ॥ १०४-१०५ ॥

अब **प्राणात्म यन्त्र के निर्माण का प्रकार** कहते हैं—अष्टदल कमल निर्माण करे उसके पत्रों पर, बिन्दु युक्तयकारादि वर्णों (यकार से हौं वर्ण पर्यन्त यं

रं लं वं शं षं सं हौं) से युक्त क्रमशः वायु, अग्नि, शक्र वरुण, ईश्वर, राक्षस, चन्द्रमा तथा यम लिखे, मध्य में क्ष वर्ण तथा हंस मन्त्र (सोहम्) से युक्त साध्य का नाम लिखे । पश्चात् भूपुर से उसे घेर देवे । यही प्राणात्मयन्त्र की रचनाविधि है ॥ १०४ ॥

इस प्रकार इस मन्त्र का कुशल प्रयोक्ता इस मन्त्र के अनुष्ठान से सभी देवताओं को वश करने में समर्थ हो जाता है फिर पार्थिव जनों की बात ही क्या ? ॥ १०५ ॥

अथ मुद्राप्रकरणम्

आवाहन्यादिका मुद्राः प्रवक्ष्यामि यथाक्रमम् ।
याभिर्विरचिताभिस्तु मोदन्ते सर्वदेवताः॥ १०६ ॥
सम्यक् संपूरितः पुष्पैः कराभ्यां कल्पितोऽञ्जलिः।
आवाहनी समाख्याता मुद्रा देशिकसत्तमैः ॥ १०७ ॥
अधोमुखी कृता सैव प्रोक्ता स्थापनकर्मणि ।
आश्लिष्टमुष्टियुगला प्रोन्नताङ्गुष्ठयुग्मका ॥ १०८ ॥
सन्निधाने समुद्दिष्टा मुद्रेयं तन्त्रवेदिभिः ।
अङ्गुष्ठगर्भिणी सैव सन्निरोधे समीरिता ॥ १०९ ॥
उत्तानौ द्वौ कृतौ मुष्टी सम्मुखीकरणौ स्मृता ।
देवताङ्गे षडङ्गानां न्यासः स्यात् सकलीकृतिः॥ ११० ॥

मुद्रा आह आवाहनीति । रा दाने । मुदं राति ददाति मुद्रेति निर्वचनम् । इदमेव मोदन्ते सर्वदेवता इत्यनेन सूचितम् । अतएव तद्दर्शनेन देवताहर्षोत्पत्तिः । स्वाङ्गुल्यो हि पञ्चभूतात्मिकाऽङ्गुष्ठाद्याः आकाशवाय्वग्निसलिलभूरूपाः । तासां मिथः संयोगरूपसङ्केतात् कोऽपि देवताप्रगुणीभावपूर्वको मोदः सान्निध्यकरो भवति । तदुक्तम्—

पृथिव्यादीनि भूतानि कनिष्ठाद्याः क्रमान् मताः ।
तेषामन्योन्यसंभेदप्रकारैस्तत्प्रपञ्चता ॥
अर्चने जपकाले तु ध्याने काम्ये च कर्मणि ।
तत्तन्मुद्राः प्रयोक्तव्या देवतासन्निधापिकाः ॥ इति ॥

अन्यत्रापि—मुदं रातीतिमुद्रा स्याद्येनैका मुष्टिरेव तु ।
स्वल्पभेदात् कोपहर्षौ प्राणिनां जनयत्यतः ॥
तेनैव सर्वदेवानां मुद्रा हर्षप्रदा मता ।
पूजाकाले दर्शनीया मुद्रास्ताः सर्वदा शिवे ॥ इति ॥

तथा—खादिमार्गक्रमाद् भूतान्यङ्गुष्ठाद्यङ्गुलिक्रमात् ।
कापि मुत्तन्मिथोयोगात् सान्निध्यप्रह्वताकरी ॥ इति ॥

अनयाहूतो भवेदिति प्रार्थनपूर्वकमावाहनी कार्या ।

तन्त्रान्तरे तु विशेषः—

हस्ताभ्यामञ्जलिं कृत्वाऽनामिकामूलपर्वणोः ।
अङ्गुष्ठौ निक्षिपेत् सेयं मुद्रा त्वावाहनी स्मृता ॥ इति ।

एष एव साम्प्रदायिकः पक्षः ॥ १०६-११० ॥

मुद्राओं के लक्षण—अब मैं क्रमानुसार आवाहनादि मुद्रा का वर्णन करता हूँ, जिन मुद्राओं के करने से सभी देवता प्रसन्न हो जाते हैं ॥ १०६ ॥

विमर्श—मुद्रा शब्द दानार्थक रा धातु से निष्पन्न है । मुदं = प्रसन्नता, राति = देती है वह **मुद्रा** कही जाती है ॥ १०६ ॥

दोनों हाथों में अच्छी तरह पुष्प भर कर अञ्जलि बना लेवे तो आचार्यों ने इसे **आवाहनी मुद्रा** कहा है ॥ १०७ ॥

यदि उस अञ्जलि को स्थापन कर्म में अधोमुखी बना लें तो वह **स्थापनी मुद्रा** कही जाती है ॥ १०८ ॥

दोनों अंगूठों को ऊपर उठा कर दोनों मुट्ठियों को एक में सटा दें तो तत्त्ववेदियों ने इस मुद्रा को **सन्निधान मुद्रा** के नाम से कहा है, दोनों अंगूठों को मुट्ठी के भीतर रखकर दोनों मुट्ठी एक में सटा लेने से **सन्निरोधिनी मुद्रा** हो जाती है ॥ १०९ ॥

दोनों मुट्ठी को ऊपर उठाये रखना **सम्मुखीकरणी मुद्रा** होती हैं देवता के अङ्गों में षडङ्गन्यास करने का नाम **सकलीकरण** होता है ॥ ११० ॥

सव्यहस्तकृता मुष्टिर्दीर्घाधोमुखतर्जनी ।
अवगुण्ठनमुद्रेयमभितो भ्रामिता सती ॥ १११ ॥

भ्रामितेति वामावर्त्तक्रमेण । साम्प्रदायिका हस्तद्वयेनेमां मुद्रामाहुः । तदुक्तम्—वर्मणा समवगुण्ठ्य दोर्युजा । इति ॥ १११ ॥

दाहिने हाथ की मुट्ठी बाँध कर अंगूठा तथा तर्जनी को नीचे की ओर कर ले और उसे देवता के चारों ओर वमावर्त्त क्रम से घुमा देवे तो **अवगुण्ठन मुद्रा** कही जाती है ॥ १११ ॥

अन्योन्याभिमुखाश्लिष्टा कनिष्ठानामिका पुनः ।
तथा च तर्जनीमध्या धेनुमुद्रा समीरिता ॥ ११२ ॥
अमृतीकरणं कुर्यात्तया देशिकसत्तमः ।

धेनुमुद्रामाह अन्योन्येति । कनिष्ठाऽनामिका अन्योन्याभिमुखाश्लिष्टा तर्जनी मध्या तथैवान्योन्याभिमुखाश्लिष्टेत्यर्थः । हस्तद्वयाङ्गुल्यः अन्योन्यान्तरालप्रदेशेन

पूर्वमध्यतः कृतदक्षकनिष्ठाव्यतिषक्ताः कार्याः । तत्र दक्षकनिष्ठा दक्षानामापृष्ठमुल्लङ्घ्य तद्वामभागमागता वामानामिकया योज्या । वामा कनिष्ठिका तु यथास्थितैव दक्षानामया । एवं वामतर्जनी वाममध्यमापृष्ठमुल्लङ्घ्य तद्दक्षभागागतदक्षमध्यमया योज्या । दक्षतर्जनी यथास्थितैव वाममध्यमया योज्या ।

तदुक्तम्— वामाङ्गुलीर्दक्षिणानामङ्गुलीनां च सन्धिषु ।
प्रवेश्य मध्यमाभ्यां तु तर्ज्जन्यौ द्वौ प्रयोजयेत् ।
कनिष्ठे द्वेऽनामिकाभ्यां युज्यात् सा धेनुमुद्रिका ॥

इति ॥ ११२-११३ ॥

दोनों हाथ की कनिष्ठा और अनामिका अङ्गुलियों के अग्रभाग को परस्पर एक दूसरे से मिला देवें, पुन: तर्जनी और मध्यमा को भी इसी प्रकार परस्पर एक दूसरे में मिला देवे तो वह **धेनुमुद्रा** हो जाती है । आचार्य इसी धेनुमुद्रा से अमृतीकरण करे ॥ ११२-११३ ॥

अन्योन्यग्रथिताङ्गुष्ठा प्रसारितकराङ्गुली ॥ ११३ ॥
महामुद्रेयमुदिता परमीकरणे बुधैः ।
प्रयोजयेदिमां मुद्रां देवतायागकर्मणि ॥ ११४ ॥

महामुद्रामाह—अन्योन्येति । पाण्योरङ्गुष्ठौ परस्परग्रन्थनेन ग्रन्थिरूपौ शेषाः सरलाः । एता मुद्रास्तत्तन्मन्त्रे च मदुक्तविशेषमुद्राश्च न कस्यचिद्दर्शयेत् ।

तदुक्तं महासंहितायाम्—

न जातु दर्शयेन् मुद्रा महाजनसमागमे ।
गुह्यमेतन् मुनिश्रेष्ठ तस्माद्रहसि योजयेत् ॥
नाऽदीक्षितस्य मुद्राणां लक्षणानि प्रकाशयेत् ।
क्षुभ्यन्ति देवतास्तस्य विफलं च भवेदिति ॥

अन्यत्राऽपि— अक्षमालां च मुद्रां च गुरोरपि न दर्शयेत् । इति ॥

अथ चैताः सर्वा रहस्येव कुर्यात् । मोक्षार्थिना मनसैव दर्शयितव्याः ।

तदाहुः— मानसरूपसंकल्पा मुद्रा मोक्षार्थिनां विदुः ।
इतरेषां तु सर्वेषां हस्ताभ्यां शस्यते बुधैः ॥

इति ॥ ११३-११४ ॥

दोनों हाथ के दोनों अगूठों को एक दूसरे में ग्रथित कर मिला दें और शेष अङ्गुलियों को फैलाये रखे, तो इसे महामुद्रा कहते हैं, इस मुद्रा का प्रयोग परमीकरण क्रिया में करना चाहिए । देवता याग कर्म में इस मुद्रा का प्रयोग करना चाहिए ॥ ११३-११४ ॥

अथ मालाप्रकरणम्

आदिक्षान्तार्ण योगित्वादक्षमालेति कीर्त्तिता।
तद्वर्णसंख्यैर्मणिभिर्जपमालां प्रकल्पयेत् ॥ ११५ ॥

अक्षमालामाह—आदीति । अकारादिक्षकारान्तानां वर्णानां माला अक्षमालेत्यर्थः । अत्रैकोऽधिकः क्षः स एव मेरुः । एतेन पञ्चाशद्गुलिकाभिरक्षमाला कार्येत्यपि सूचितम् ।

तदुक्तम्— ब्रह्मनाडीगतानादिक्षान्तवर्णान् विभाव्य च ।
अर्णं बिन्दुयुतं कृत्वा श्रेष्ठं मन्त्रं जपेत् पुनः ॥
अकारादिषु संयोज्य तथा कादिषु च क्रमात् ।
क्षार्णं मेरुमथो तत्र कल्पयेज्जगदीश्वरि ॥
तदा लिपिर्भवेदक्षमालार्द्धशतसंख्यया ।
अनया सर्वमन्त्राणां जपः सर्वार्थसाधकः ॥ इति ॥

अत्राऽक्षमालापदप्रयोगो गौण इति ज्ञेयम् । अनेनैतादृश्यक्षमाला पुरश्चरणविषयेत्यपि उक्तम् । किञ्चाऽनेनाऽष्टोत्तरशतसंख्याकमणिभिर्नित्यजपेऽपि माला कार्या इत्यपि उक्तं भवति । अकारादि लकारान्तं सञ्जप्य विलोमेन लकारादि अकारान्तं च सञ्जप्य अष्टवर्गैरष्टवारं जप्त्वा क्षकारं मेरुं कुर्यादिति ।

यदाहुः— अकारादि लकारान्तं पञ्चाशन्मणिसूत्रकम् ।
क्षकारं मेरुसंस्थाने लकारादि विलोमतः ॥
वर्गाष्टकविभेदेन शतमष्टोत्तरं भवेत् ।
एकैकान्तरितं मन्त्रं जपादेवं फलप्रदम् ॥ इति ॥

तन्त्रान्तरे तु विशेषः—पञ्चविंशतिभिर्मोक्षस्त्रिंशद्भिर्धनसिद्धयः ।
सर्वार्थाः सप्तविंशत्या पञ्चदश्याभिचारिकम् ॥
पञ्चाशद्भिः काम्यकर्मसिद्धिः स्याच्चतुरुत्तरैः ।
अष्टोत्तरशतैः सर्वसिद्धिरक्षैः कृतस्त्रजा ॥ इति ।

तेन सप्तविंशत्या चतुःपञ्चशता अष्टोत्तरशतेन च सर्वेषां सर्वकार्यसिद्ध्यर्थं नित्यजपार्थं च मालां कुर्यादित्युक्तम् । यदाहुः—

अष्टोत्तरशतैर्माला पञ्चाशच्चतुरन्वितैः ।
सप्तविंशतिभिश्चाऽक्षैः सर्वसाधारणो जपः ॥ इति ॥ ११५ ॥

अकार से लेकर क्षकारान्त वर्ण के योग के कारण अक्षमाला कहा जाता है, माला का अर्थ समूह है, इसलिये जितनी वर्णों की संख्या है, उतनी ही संख्या के दानों की जपमाला का निर्माण करना चाहिए ॥ ११५ ॥

मालाभेदे फलभेदः

रुद्राक्षमालिका सूते जपेन स्वमनोरथान् ।
पद्माक्षैर्विहिता माला शत्रूणां नाशिनी मता ॥ ११६ ॥

कुशग्रन्थिमयी माला सर्वपापविनाशिनी ।
पुत्रजीवफलैः क्लृप्ता कुरुते पुत्रसम्पदम् ॥ ११७ ॥
निर्मिता रौप्यमणिभिर्जपमालेप्सितप्रदा ।
हिरण्मयैर्विरचिता माला कामान् प्रयच्छति ॥ ११८ ॥
प्रवालैर्विहिता माला प्रयच्छेत् पुष्कलं धनम् ।
सौभाग्यं स्फाटिकी माला मौक्तिकैर्विहिता श्रियम्॥११९॥
निर्मिता शङ्खमणिभिः कुरुते कीर्त्तिमव्ययाम् ।
सर्वैरेतैर्विरचिता माला स्यान्मुक्तये नृणाम् ॥ १२० ॥

मणिविशेषे फलविशेषमाह रुद्राक्षेति । सर्वैरेतैरित्येकैकस्य पञ्च पञ्च मणयः। पिङ्गलामते तु विशेषः—

स्फटिकप्रवालमुक्ताचामीकरपुत्रजीवकृतमणिभिः।
अष्टोत्तरशतसंख्यैः कुर्याज्जपमालिकां मन्त्री ॥
मोक्षाभिचारशान्तिकवश्याकर्षेषु योजयेत् क्रमशः।
अङ्गुष्ठाद्यङ्गुलिकामणयोऽङ्गुष्ठेन चाल्यन्ते ॥ इति ॥

अक्षमालाकरणप्रकारस्तु तन्त्रान्तरोक्तो यथा—

समासेनाऽक्षसूत्रस्य विधानमभिधीयते ।
यथालाभं यथाबुद्धि अक्षाण्यानीय यत्नतः ॥
अन्योन्यसमरूपाणि नातिस्थूलकृशानि च ।
जन्तुभिर्न विशीर्णानि न जीर्णानि नवानि च ॥
गव्यैस्तु पञ्चभिस्तानि सम्प्रक्षाल्य पृथक् पृथक् ।
ततो द्विजेन्द्रपुण्यस्त्रीनिर्मितं ग्रन्थिवर्जितम् ॥
त्रिगुणं त्रिगुणीकृत्य सूत्रं प्रक्षाल्य पूर्ववत् ।
अश्वत्थपत्रनवकैः पद्माकारेण कल्पयेत् ॥
सूत्रं मणींश्च गन्धाद्भिः क्षालितांस्तत्र निक्षिपेत् ।
तारं शक्तिं मातृकां च सूत्रे चैव मणिष्वथ ॥
विन्यस्य पूजयेदाज्यैर्जुहुयाच्चैव शक्तितः ।
मणिमेकैकमादाय सूत्रे तत्र तु योजयेत् ॥
मुखे मुखं तु संयोज्य पृष्ठे पृष्ठं तु योजयेत् ।
प्रोक्तसंख्यातमेवाऽक्षं मेरुत्वेनाऽग्रतो न्यसेत् ॥
एकैकमालामध्ये तु ग्रन्थिबन्धं प्रकल्पयेत् ।
सम्यक् प्रतिष्ठितप्राणामुपचारैः प्रपूजयेत् ॥
एवं कृताक्षमालायां जपेन् मातृकया ततः ।
गुरुं संपूज्य तद्धस्तात् गृहणीयात् सर्वसिद्धये ॥ इति ।

अन्यत्रापि— समानवर्णवनितानिर्मितं सूत्रमानयेत् ।
सूत्रं मणींश्च त्रिदिनं पञ्चगव्ये विनिक्षिपेत् ॥
सम्यक् चतुर्थदिवसे अस्त्रेण क्षालयेत्ततः ।

हृदा तां ग्रन्थयेन्मन्त्री गोपुच्छाकारसन्निभाम् ॥
मणिमध्ये नागपाशं ब्रह्मग्रन्थिमथाऽर्पयेत् ।
हुं मन्त्रेण ततो मेरुं प्रणवेनैव बन्धयेत् ॥
पूर्वोक्तं मण्डलं कृत्वा सम्पूज्याऽत्रेष्टदेवताम् ।
मनुं त्वष्टसहस्रं तु सञ्जपेन्नियतः सुधीः ॥
तद्दशांशं हुनेदाज्यैस्तन्मन्त्रोक्तैर्यथा पुरा ॥ इति ।

शैवागमे तु—गोपुच्छसदृशी कार्या एकास्त्रा वा(सर्पाकारा)समेरुका ।
प्रोतव्या सितवर्णाद्यैस्तत्तत्कर्मप्रसिद्धये ॥
जपमालां विधायेत्थं ततः संस्कारमारभेत् ।
क्षालयेत् पञ्चगव्यैस्तां सद्योजातेन सज्जलैः ॥
चन्दनागुरुगन्धाद्यैर्वामदेवेन घर्षयेत् ।
धूपयेत्तामघोरेण लिम्पेत् तत्पुरुषेण तु ॥
मन्त्रयेत् पञ्चमेनैव प्रत्येकन्तु शतं शतम् ।
मेरुञ्च पञ्चमेनैव यथा मन्त्रेण मन्त्रयेत् ॥ इति ।

अक्षमालायां जपप्रकारोऽपि तत्रैवोक्तः—

मध्यमायां न्यसेन् मालां ज्येष्ठेनावर्त्तयेत् क्रमात् ।
भुक्तिमुक्तिप्रदः सोऽयं मातृकागणनक्रमः ॥
अङ्गुष्ठानामिकाभ्यां तु कुर्यादुत्तमकर्मणि ।
अङ्गुष्ठमध्यमाभ्यां तु जपेदाकृष्टिकर्मणि ॥
तर्जन्यङ्गुष्ठयोगाद्धि विद्वेषोच्चाटने जपः ।
कनिष्ठाङ्गुष्ठकाभ्यां तु जपेन्मारणकर्मणि ।
जपान्यकाले तं मालां पूजयित्वा च गोपयेत् ।
जीर्णे सूत्रे पुनः सूत्रं ग्रन्थयित्वा शतं जपेत् ॥
जपेन्निषिद्धसंस्पर्शे क्षालयित्वा यथोचितम् ॥
कासे क्षुते च जृम्भायामेकमावर्त्तकं त्यजेत् ॥
प्रमादात्तर्ज्जनीस्पर्शो भवेदावर्त्तकं त्यजेत् ।
यदा सन्त्रुट्यते माला ग्रन्थयित्वाऽथ पूर्ववत् ॥
प्रतिष्ठितायां तस्यां तु मन्त्रं जप्यादनन्यधीः ।
एवं प्रतिष्ठितायां तु अन्यं नैव जपेन्मनुम् ॥ इति ॥

अन्यत्रापि—येन प्रतिष्ठिता माला तमेव तु मनुं जपेत् ।
अन्यमन्त्रजपा विद्या न कार्या कर्हिचिद्बुधैः ॥
तर्जन्या न स्पृशेत् सूत्रं कम्पयेन्नो विधूनयेत् ।
न स्पृशेद्वामहस्तेन करभ्रष्टां न कारयेत् ॥
अक्षाणां चालनेऽङ्गुष्ठेनाऽन्यमक्षं न संस्पृशेत् ।
जपकाले सदा विद्वान् मेरुं नैव विलङ्घयेत् ॥
परिवर्त्तनकाले च सङ्घट्टं नैव कारयेत् ।
एवं सर्वं परिज्ञाय मालायां जपमारभेत् ॥ इति ॥

आचार्या अपि— तन्मानसस्तर्जनिवर्जिताभिः अक्षस्रजा वाऽङ्गुलिभिर्जपेत । इति।

अन्यत्रापि— अङ्गुल्यग्रेण यज्जप्तं यज्जप्तं मेरुलङ्घने ।
असंख्यातेन यज्जप्तं तज्जप्तं निष्फलं भवेत् ॥ इति ॥

अन्यत्र विशेषः— अक्षमालां गुरोर्लब्धां तदभावे स्वनिर्मिताम् ।
गोपयेत् सर्वकर्मान्तं यदीच्छेत् सिद्धिमुत्तमाम् ॥
स्वमन्त्रमक्षसूत्रं च गुरोरपि न दर्शयेत् ।
जपकाले च गोप्तव्यमक्षसूत्रं च षण्मुख ॥
परदृष्टिगतं सूत्रं सर्वथा निष्फलं भवेत् ।
तस्मात् सर्वत्र यत्नेन गोपनीयं सदा बुधैः ॥ इति ॥

मन्त्रतन्त्रप्रकाशे अङ्गुलिभिरङ्गुलिपर्वभिरपि जप उक्तः । तद्यथा—

अङ्गुलीजपसंख्याप्तं फलमेकगुणं स्मृतम् ।
रेखास्वष्टगुणं विद्यादक्षैश्च शतसंगुणम् ॥
तत्राङ्गुलिजपं कुर्वन् साङ्गुष्ठाङ्गुलिभिर्जपेत् ।
अङ्गुष्ठेन विना कर्म कृतं तदफलं भवेत् ॥
अङ्गुलीपर्वभिर्मन्त्रजपं नित्यं प्रकल्पयेत् ।
मध्यमानामिकामध्यपर्वद्वितयकल्पितम् ॥
मेरुं प्रदक्षिणीकुर्वन्ननामामूलपर्वणि ।
आरभ्य मध्यमामूलपर्वान्तं गणयेत् क्रमात् ॥
मध्यापर्वयुगेन प्रकल्प्य मेरुं त्वनामिकामध्यात् ।
तर्जनिकामूलान्तं गणयेदेतत् प्र.(अ)कारतो वाथ ॥
अङ्गुलीर्न वियुञ्जीत किञ्चिदाकुञ्चिते तले ।
अङ्गुलीनां वियोगे तु छिद्रेषु स्रवते जपः ॥
गणनाविधिमुल्लङ्घ्य यो जपेत्तं जपं यतः ।
गृहणन्ति राक्षसास्तेन गणयेत् सर्वथा बुधः ॥

इति ॥ ११६-१२० ॥

रुद्राक्ष माला पर जप करनें से मनोरथ की सिद्धि होती हैं कमलगट्टा के दानों से गूँथी गई माला पर जप करने से शत्रु का नाश होता है ॥ ११६ ॥

कुशो के गाँठ से युक्त माला पर जप करने से संपूर्ण पापों का विनाश होता है । पुत्रजीव के फलों की बनाई गई माला पर जप करने से पुत्र रूप संपत्ति प्राप्त होती है ॥ ११७ ॥

चाँदी तथा मणि की मनियों से गूँथी गई माला पर जप करने से अभीष्ट वस्तु की प्राप्ति होती है । सुवर्णमयी माला पर जप करने से कामनायें पूर्ण होती हैं। प्रवाल (मूँगे) की माला पुष्कल धन प्रदान करती है, स्फटिक की माला सौभाग्य प्रदान करती हैं और मोती से निर्मित श्री प्रदान करती है ॥११८-११९॥

शङ्ख की मनियों से बनी हुई माला सर्वथा निन्दा से रहित कीर्त्ति देती है, बहुत क्या इन सभी वस्तुओं से निर्मित माला पर जप करने से मनुष्य को मुक्ति प्राप्त होती है ॥ १२० ॥

अथ षट्कर्मप्रकरणम्

अथाऽभिधास्ये तन्त्रेऽस्मिन् सम्यक् षट्कर्मलक्षणम् ।
सर्वतन्त्रानुसारेण प्रयोगफलसिद्धिदम् ॥ १२१ ॥
शान्तिवश्यस्तम्भनानि विद्वेषोच्चाटने ततः ।
मारणान्तानि शंसन्ति षट्कर्माणि मनीषिणः ॥ १२२ ॥
रोगकृत्याग्रहादीनां निरासः शान्तिरीरिता ।
वश्यं जनानां सर्वेषां विधेयत्वमुदीरितम् ॥ १२३ ॥
प्रवृत्तिरोधः सर्वेषां स्तम्भनं समुदाहृतम् ।
स्निग्धानां द्वेषजननं मिथो विद्वेषणं मतम् ॥ १२४ ॥
उच्चाटनं स्वदेशादेर्भ्रंशनं परिकीर्त्तितम् ।
प्राणिनां प्राणहरणं मारणं समुदाहृतम् ॥ १२५ ॥

षट्कर्माण्याह अथेति । विधेयत्वं वचनकारित्वम् । सर्वेषां स्तम्भनमिति । जनजलशुक्रखड्गधारासैन्यप्रतिवादिवचनमरुदादीनाम् । स्वदेशादेरित्यादिशब्देन गृह-ग्रामनगरादयो गृह्यन्ते ॥ १२१-१२५ ॥

अब मैं इस तन्त्र ग्रन्थ में षट्कर्म का लक्षण कहता हूँ, यह लक्षण सर्वत्र तन्त्र के ग्रन्थों के अनुसार ही कहा जा रहा है, इसलिये इसके प्रयोग से फल प्राप्ति अवश्यम्भावी है ॥ १२१ ॥

शान्ति, वश्य, स्तम्भन, विद्वेष, उच्चाटन और मरण इन्हीं छः को मनीषियों ने षट्कर्म कहा है ॥ १२२ ॥

अब **षट्कर्मों के लक्षण** कहते हैं—रोग या कृत्या तथा ग्रहों का जिस क्रिया से विनाश हो उसे शान्ति कही जाती है, सभी प्रकार के मनुष्य हमारी आज्ञा का पालन करें इस प्रकार की शक्ति जिस क्रिया से प्राप्त हो उसे **वश्य** कहते हैं । सभी प्रकार की प्रवृत्तियों का जिससे निरोध हो उसे **स्तम्भन** कहते हैं, परस्पर स्नेह करने वालों में आपस में जिस क्रिया से फूट (विद्वेष) पड़ जावे उसे **विद्वेषण** कहते हैं ॥ १२३-१२४ ॥

अपने देश आदि को जिस क्रिया से छोड़कर बाहर जाना पड़े उसे **उच्चाटन** क्रिया कहते हैं । जिसके करने से प्राणियों के प्राण का अपहरण हो जाता है उसे **मारण** कहते हैं ॥ १२५ ॥

स्वदेवतादिकालादीन् ज्ञात्वा कर्माणि साधयेत् ।
रतिर्वाणी रमा ज्येष्ठा दुर्गा काली यथाक्रमम् ॥ १२६ ॥
षट्कर्मदेवताः प्रोक्ताः कर्मादौ ताः प्रपूजयेत् ।
ईशचन्द्रेन्द्रनिर्ऋतिवाय्वग्नीनां दिशो मताः ॥ १२७ ॥

स्वदेवतेति । अत्रादिशब्देन आसनमुद्राभूतोदयमण्डलाक्षरग्रथनादि-प्रकारवर्ण-लेखन-द्रव्यलेखनीकुण्डस्रुक्स्रुव-समिज्जप-मालिकादीनि । प्रपूजयेदिति । तत्र पुष्प-विशेषः पिङ्गलामते—

स्तम्भाकृष्टिवशोच्चाटशान्तिमारे यथाक्रमम् ।
पीतनीलारुणं धूम्रं श्वेतं कृष्णं प्रसूनकम् ॥ इति ॥

दिश आह ईशेति । अन्यत्र विशेषः—

पूर्वामुखे भवेद्वश्यं दक्षिणे त्वाभिचारिकम् ।
पश्चिमे बन्धनं विद्यादुत्तरे शान्तिकं स्मृतम् ॥
आकर्षणमथाग्नेये नैर्ऋते मारणं तथा ।
उच्चाटनं च वायव्ये ऐशाने मोक्षदायकम् ॥

इति ॥ १२६-१२७ ॥

मन्त्र के देवता, तथा काल (मूहूर्त्त तिथि नक्षत्र एवं वार) का भली प्रकार ज्ञान कर तदनन्तर कार्य का आरम्भ करना चाहिए । शान्ति की देवता रति, वश्य की देवता वाण, स्तम्भन की देवता रमा, विद्वेष की देवता ज्येष्ठा, उच्चाटन की दुर्गा, और मारण की देवता महाकाली हैं—ऐसा समझना चाहिए ॥ १२६ ॥

इस तन्त्र के छः देवताओं का पूजन कर्म के प्रारम्भ के पहले कर लेना चाहिए । इन षट्कर्मों की ईशान, उत्तर, पूर्व, निर्ऋति, वायव्य तथा आग्नेय दिशायें कही गई हैं ॥ १२७ ॥

सूर्योदयं समारभ्य घटिकादशकं क्रमात् ।
ऋतवः स्युर्वसन्ताद्या अहोरात्रं दिने दिने ॥ १२८ ॥
वसन्तग्रीष्मवर्षाख्यशरद्धेमन्तशैशिराः ।
हेमन्तः शान्तिके प्रोक्तो वसन्तो वश्यकर्मणि ॥ १२९ ॥
शिशिरः स्तम्भने ज्ञेयो विद्वेषे ग्रीष्म ईरितः ।
प्रावृडुच्चाटने ज्ञेयो शरन् मारणकर्मणि ॥ १३० ॥

सूर्येति । दिने दिने प्रतिदिनम् । अहोरात्रमध्ये सूर्योदयमारभ्य घटिकादशकं क्रमात् वसन्ताद्या ऋतवः स्युरित्यन्वयः । अत्र मुख्यो ऋतुर्मासद्वयात्मक एव । शीघ्रकार्यापेक्षस्त्वयमिति ज्ञेयम् । तदभिप्रायेणाऽन्यत्राऽप्युक्तम्—

शुक्लपक्षे द्वितीया च तृतीया पञ्चमी तथा ।
बुधदेवगुरूपेता शान्तिके वाऽथ सप्तमी ॥
षष्ठी त्रयोदशी चैव चतुर्थी नवमी तथा ।
सोमदेवगुरूपेता पौष्टिके शंसिता बुधैः ॥
अष्टमी नवमी चैव दशम्येकादशी तथा ।
शुक्रभानुसुतोपेता शस्ता विद्वेषकर्मणि ॥
अथो चतुर्दशी कृष्णा शनिवारे तथाऽष्टमी ।

उच्चाटनेऽथ शस्तोऽत्र जपः शङ्करभाषितः ॥
अमावस्याऽष्टमी कृष्णा तादृगेव चतुर्दशी ।
भानुना तत्सुतोपेता भूसुतेनाऽपि संयुता ।
मारणे स्तम्भने चैव मोहे द्रोहे प्रशस्यते ॥ इति ॥

तथा वशिष्ठसंहितायामपि—

प्रसिद्धा ऋतवो ग्राह्याः षट्कर्मादिकसाधने ।
यस्मिन् कस्मिन्नृतौ कार्यं मन्त्राणां वाथ साधनम् ॥

पूर्वाह्णे वश्यपुष्ट्यर्थम् । इत्यादिना । पिङ्गलामते—

पुष्ट्याकृष्टिशुभोच्चाटशान्तिस्तम्भनरोधनम् ।
गुरौ कुजे रवौ शुक्रे सोमे मन्दे बुधे क्रमात् ॥ इति ॥

अन्यो विशेषः पिङ्गलामते—

हेमन्तो धवलो वृद्धो वसन्तो लोहितो युवा ।
आरक्तधवलो बालः शिशिरः संप्रकीर्त्तितः ॥
ग्रीष्मो धूम्रशरीरस्तु श्यामाङ्गो जलदागमः ।
शरत्कालः कृष्णवर्णः शान्त्यादावृतवस्त्विमे ॥ इति ॥

विशेषान्तरं महाकपिलपञ्चरात्रे—

शान्तिके मानसो जाप उपांशुः पौष्टिके स्मृतः ।
सशब्दस्त्वाभिचारे स्यात् प्रागुदग्दक्षिणामुखः ॥ इति ॥

हे मातः! आविर्भूत हुये तुषार कण के समान शीतल, उत्कट गन्ध से युक्त, पुष्प पर भ्रमण करते हुये भौरों के समान काले काले आपके केश पाशों का जो चित्त से स्मरण करते हैं, हे देवि ! उनका अविद्या रूप पाश स्वयं गलित हो जाता है ॥ ११० ॥

श्रुतिसुचरितपाकं धीमतां स्तोत्रमेतत्
पठति य इह मर्त्योर्नित्यमार्द्रान्तरात्मा ।
स भवति पदमुच्चैः सम्पदां पादनम्र-
क्षितिपमुकुटलक्ष्मीलक्षणानां चिराय ॥ १११ ॥

॥ इति श्रीलक्ष्मणदेशिकेन्द्रविरचिते शारदातिलके
चतुर्विंशः पटलः समाप्तः ॥ २४ ॥

धीमतां श्रुत्योः कर्णयोः सुचरितपाकम् ॥ १११ ॥

॥ इति श्रीराघवभट्टविरचित-शारदातिलकटीकायां सत्सम्प्रदायकृतव्याख्यायां
पदार्थादर्शाभिख्यायां चतुर्विंशः पटलः ॥ २४ ॥

यह स्तोत्र श्रुतियों के सुचरित्र का पाकरूप है और विद्वानों के द्वारा स्तुत है। जो इसका पाठ श्रद्धापूर्वक नित्य करते हैं, वे उस महान् सम्पदा के पात्र तो हो ही जाते हैं जिस संपदा के पैरों में बहुत काल पर्यन्त राजाओं के मुकुट की लक्ष्मी भी झुक जाती है ॥ १११ ॥

॥ इस प्रकार शारदातिलक के चौबीसवें पटल की डॉ० सुधाकर मालवीय
कृत हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २४ ॥

अथ पञ्चविंशः पटलः

अथ योगप्रकरणम्

अथ योगं प्रवक्ष्यामि साङ्गं संवित्प्रदायकम् ।
ऐक्यं जीवात्मनोराहुर्योगं योगविशारदाः ॥ १ ॥

लैङ्गीक्रियामन्त्रवतीस्ववेध ज्ञानाह्वयाः पञ्च भवन्ति दीक्षाः ।
चतुर्विधास्ताः समयाभिधान सामान्यनिर्वाणविशेषदीक्षाः ॥

एवं दीक्षासु सर्वासु गुरुः शिष्यं प्रबोधयेत् ।
बोधितोऽबोधितश्चेत् स्यान्नाऽन्यथा दीक्षितो भवेत् ॥

इत्युक्तेः योगं विना दीक्षाया अनिर्वाहात् सूर्यमन्त्रादौ च प्रयोगविषये अनेके योगप्रकारा उक्ताः । तेषां च ज्ञानाय योगं वक्तुं प्रतिजानीते अथेति । साङ्गं यमनियमादियुक्तम् । संवित्प्रदायकं नित्यानन्दानुभवरूपमोक्षदायकमित्यर्थः । एतेन आत्मविशेषगुणोच्छेदो मोक्ष एतन्मतम् निरस्तम् । सुखाभावस्य पुरुषार्थत्वाभावात् ।

वेदान्तपक्षमाश्रित्याह ऐक्यमिति । तच्च 'तत्त्वमसि' इत्यादि श्रुतिसिद्धम् ।

यत् प्रयोगसारे— निष्कलस्याऽप्रमेयस्य देवस्य परमात्मनः ।
सन्धानं योगमित्याहुः संसारोच्छित्तिसाधनम् ॥ इति ॥ १ ॥

अब ग्रन्थकार योग का प्रतिपादन करने के लिये इस पटल में योग का वर्णन करते हैं—अब नित्यानन्दानुभव रूप मोक्ष को देने वाले साङ्ग योग का वर्णन करता हूँ । योगशास्त्र के विशारद विद्वज्जन जीव और आत्मा के एक हो जाने का नाम योग है, ऐसा मानते हैं ॥ १ ॥

शिवात्मनोरभेदेन प्रतिपत्तिः परे विदुः ।
शिवशक्त्यात्मकं ज्ञानं जगुरागमवेदिनः ॥ २ ॥

शिवप्रोक्तसूत्रमतप्रवृत्तप्रत्यभिज्ञादिग्रन्थमतमाह—शिवेति । प्रतिपत्तिर्ज्ञानम् । परे शैवाः । तदुक्तं शिवसूत्रवृत्तौ—

धीः स्वात्त्विकी विमर्शेन जायते नियतात्मनः ।
चंक्रमन्ती शिवं प्राप्य लीयते चेन्द्रियैः सह ॥ इति ।

त्रिकभेदेऽपि— सत्त्वस्थश्च तमःस्थो गुणभेदकः ।
एवं पर्यटते देही स्थानात् स्थानान्तरं व्रजन् ॥

तन्मात्रोदयरूपेण मनोऽहंबुद्धिवर्त्मना ।
पूर्यष्टकेन संरुद्धो दुःखं तत्प्रत्ययोद्भवम् ॥
भुङ्क्ते परवशो भोगं तत्रस्थं संहरेच्छिवः ॥ इति ।

स्वच्छन्दभैरवेऽपि—अणुमात्रं शिवानन्दस्फुरणं सर्वदोषहृत् ।
मलत्रयविनाशाच्च माया गच्छेत् समूलतः ॥ इति ।

आनन्दभैरवेऽपि—प्राणादिभावनं त्यक्त्वा तथा तद्दृश्यसम्पदः ।
स्वात्मभावेन चित्तेन विशेच्छिवपदं शनैः ॥ इति ।

उत्तराम्नायमतमाह—शिवेति । शिवशक्त्यात्मकं ज्ञानं शिवशक्तोरभेदज्ञानमित्यर्थः । यदाहुः—एषा बोधमयी शक्तिः परमानन्दरूपिणी ।
सत्त्वादिगुणसंबद्धा स्वमायान्तर्गता विभुः ॥
समस्ततत्त्वजातानामिह सृष्टेरनन्तरम् ।
सर्वैः शरीरैस्तत्संस्थैरपि मर्त्यैः परस्परम् ॥
अनाद्यध्यासम्बद्ध विस्मृत्यात्मस्वरूपिणी ।
शिवा (विश्वा)त्मिका भवेदेषा देवी सर्वात्मना शिवे ॥ इति ॥ २ ॥

अन्य लोग शिव एवं आत्मा की जिससे अभेदेन प्रतिपत्ति (ज्ञान) हो उसे योग कहते हैं और आगम शास्त्र के विद्वान् शिवशक्त्यात्मक ज्ञान को योग कहते हैं ॥ २ ॥

पुराणपुरुषस्याऽन्ये ज्ञानमाहुर्विशारदाः ।
जित्वाऽऽदावात्मनः शत्रून् कामादीन् योगमभ्यसेत् ॥ ३ ॥

भेदवादिवैष्णवादिमतमाह पुराणेति । पुरुषोत्तमः । पुरुषः सांख्यमते । ईश्वरो न्यायमते । नारायणो वैष्णवमते । तत्परिचयो योगः । तत्र पूज्यत्वात् प्रथमोपन्यस्तत्वाच्च प्रथमं मतं ग्रन्थकृत्सम्मतमिति गम्यते ॥ ३ ॥

कामक्रोधौ लोभमोहौ तत्परं मदमत्सरौ ।
वदन्ति दुःखदानेतानरिषड्वर्गमात्मनः ॥ ४ ॥

कामेति । स्त्रीभोगाद्यभिलाषः कामः । सत्त्वादिजिघांसा क्रोधः । धनादितृष्णा लोभः । तत्त्वाज्ञानं मोहः । अहं सुखी धनी विद्यावानिति गर्वः मदः । अन्यशुभद्वेषो मत्सरः इति । दुःखदानेतान् आत्मनः अरिषड्वर्गमाहुरित्यन्वयः । आत्मस्वरूपचिन्तनव्यापारतिरोधानेन तेषां शत्रुत्वम् ॥ ४ ॥

अन्य विद्वान् लोग जिससे पुराण पुरुष (पुरुषोत्तम, पुरुष, ईश्वर एवं नारायण) का ज्ञान हो उसे योग कहते हैं । अब योग के अधिकारी पात्र का वर्णन करते हैं—काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर इन ६ शत्रुओं को जीतकर तब योग का अभ्यास करना चाहिए ।

विमर्श—स्त्री योगादि में अभिलाषा का नाम काम हैं । इच्छा के प्रतिघात होने पर सत्वगुण का विनाश क्रोध हैं । धनादि की तृष्णा का नाम लोभ है, तत्त्व

का अज्ञान मोह है । 'मैं ही सब कुछ हूँ, इस प्रकार का अभिमान मद है और अन्य जन में रहने वाले शुभ गुणों से डाह करना मत्सर है । ये ६ ऐसे शत्रु हैं, जो आत्मा को निरन्तर दुःख देते रहते हैं ॥ ३-४ ॥

योगाष्टाङ्गानि

योगाष्टाङ्गैरिमान् जित्वा योगिनो योगमाप्नुयुः ।
यमनियमावासनप्राणायामौ ततः परम् ॥ ५ ॥
प्रत्याहारं धारणाख्यं ध्यानं सार्द्धं समाधिना ।
अष्टाङ्गान्याहुरेतानि योगिनो योगसाधने ॥ ६ ॥

एतज्जयोपायमाह योगेति । तान्याह यमेति ॥ ५-६ ॥

योगी जन योग के अष्टाङ्गों के अभ्यास से इन कामादि विकारों को जीत कर योग की प्राप्ति करते हैं । (अब योग के अष्टाङ्गों को कहते हैं)— १. यम, २. नियम, ३. आसन, ४. प्राणायाम, ५. प्रत्याहार, ६. धारणा, ७. ध्यान तथा ८. समाधि को योग का आठ अङ्ग कहा गया है । ये अष्टाङ्ग योग सिद्धि के साधन हैं ॥ ५-६ ॥

अहिंसादि दश यमाः

अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यं कृपार्जवम् ।
क्षमा धृतिर्मिताहारः शौचं चेति यमा दश ॥ ७ ॥

क्रमादेषां स्वरूपमाह—अहिंसेति । न कञ्चन हन्मि इत्यभ्यासप्रवणता अहिंसा । असत्यं न वच्मि इत्यभ्यासप्रवणचित्तता सत्यम् । चौर्यनिवृत्तिः अस्तेयम् । स्त्रीभोगेच्छानिवृत्तिः ब्रह्मचर्यम् । प्राणिषु क्रूरबुद्धिनिवृत्तिः कृपा । चित्तकौटिल्य-निवृत्तिः आर्जवम् । अभिभावकं प्रति अक्रोधप्रवणचित्तता क्षमा । इष्टवस्त्वाद्यला-भतश्चिन्ताभावो धृतिः । क्रमेण आहारापकर्षणात् यावच्छरीरस्थितिमात्रभोजनं मिताहारः । चित्तनैर्मल्यार्थं यथोक्तशौचशीलता शौचम् यमा इति 'यमु' उपरमे कामादेर्निवृत्तिरूपा इत्यर्थः । तत्र धृतिः सर्वत्राऽनुषक्ता । अहिंसाब्रह्मचर्याभ्यां कामस्य जयः । कृपाक्षमाभ्यां क्रोधस्य । अस्तेयसत्यार्जवेभ्यो लोभस्य । मिताहार-शौचाभ्यां मोहस्य । क्षमार्जवाभ्यां मदस्य । अहिंसाकृपार्जवक्षमाभ्यो मत्सरस्य । इत्यन्यदपि यथायथमूह्यम् । तदुक्तं संहितायाम्—

सर्वेषामपि जन्तूनामक्लेशजननं मुने ।
वाङ्मनः कर्मभिर्न्यूनमहिंसेत्यभिधीयते ॥
यथादृष्टश्रुतार्थानां स्वरूपकथनं पुनः ।
सत्यमित्युच्यते ॥ इति ।
तृणादेरप्यनादानं परस्वस्य तपोधन ॥
अस्तेयम् ॥ इति ।
अवस्थास्वपि सर्वासु कर्मणा मनसा गिरा ।

स्त्रीसङ्गतिपरित्यागो ब्रह्मचर्यं प्रचक्षते ॥
परेषां दुःखमालोक्य स्वस्यैवालोक्य तस्य तु ।
उत्सादनानुसन्धानं दया ॥ इति ।
व्यवहारेषु सर्वेषु मनोवाक्कायकर्मभिः ।
सर्वेषामपि कौटिल्यराहित्यमार्जवं भवेत् ॥ इति ।
सर्वात्मना सर्वदाऽपि सर्वत्राऽस्याऽपकारिषु ।
बन्धुष्विव समाचारः क्षमा स्यात् ॥ इति ।
इच्छाप्रयत्नराहित्यं जातेषु विषयेष्वपि ।
लोभवत्सु धृतिः ॥ इति ।
भोज्यस्यैव चतुर्थांशभोजनं स्वच्छचेतसः ।
हितं मेध्यं सुतीक्ष्णेन मिताहारं प्रचक्षते ॥
निर्गतं रोमकूपेभ्यो नवरन्ध्रेभ्य एव च ।
मलं वदन्ति द्वाराणां (तोयैस्तत्) क्षालनं शौचमुच्यते ॥
मृज्जलाभ्यां बहिः सम्यगान्तरं त्वथवा पुनः ।
पूर्वोक्तभूतशुद्ध्यन्तं शौचमाचक्षते बुधाः ॥ इति ॥ ७ ॥

१. **यम**—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, कृपा, आर्जव, क्षमा, धैर्य, परिमित आहार और शौच ये दश यम कहे गये हैं ।

विमर्श—इनका लक्षण इस प्रकार है—१. किसी को किसी प्रकार का कष्ट नहीं दूँगा इस प्रकार के संकल्प का नाम **अहिंसा** है । २. 'मैं कभी झूठ न बोलूँगा' इस प्रकार के संकल्प का नाम सत्य है अथवा यथा दृष्टश्रुतार्थ के कथन का नाम **सत्य** है अथवा जिससे प्राणियों का हित हो, अहित न हो उसका नाम सत्य है । ३. किसी की तृण जैसी लघु वस्तु बिना पूछे नहीं लूँगा इस प्रकार की वृत्ति का नाम **अस्तेय** है । ४. स्त्री भोगेच्छा से मनसा, वचसा, कर्मणा निवृत्ति का नाम **ब्रह्मचर्य** है । ५. प्राणियों में के अनिष्ट न करने का संकल्प करना और उनका हित करते रहना यह **कृपा** है । ६. किसी के प्रति अपने चित्त में कुटिलता न रखना इस प्रकार का भाव **आर्जव** है । ७. जो अपना अनिष्ट कर रहा है उसके प्रति भी किसी प्रकार का अनिष्ट न करने के संकल्प का नाम **क्षमा** है । ८. महान् विपत्ति आने पर अथवा इष्ट प्राप्ति के लिये किये जाने वाले प्रयासों के व्यर्थ होने पर सिद्धान्त से विचलित न होने का नाम **धैर्य** है । ९. शरीर स्थितिमात्र स्वल्प सात्त्विक आहार जो हितकारी एवं लघु हो, उसको ग्रहण करते रहना **मिताहार** है । १०. चित्त की निर्मलता संपादन हेतु शास्त्र में कहे गये शौच के नियमों का पालन **शौच** है । इसके अर्थ—शौच एवं स्त्रीशौचादि अनेक प्रकार के भेद शास्त्रों में कहे गये हैं ॥ ७ ॥

तपआदि दशनियमः

तपः सन्तोष आस्तिक्यं दानं देवस्य पूजनम् ।
सिद्धान्तश्रवणं चैव ह्रीर्मतिश्च जपो हुतम् ॥ ८ ॥

दशैते नियमाः प्रोक्ताः योगशास्त्रविशारदैः ।

तप इति । कृच्छ्रादिव्रतचर्या तपः । बह्विष्टतरानभिलाषाः सन्तोषः । अस्ति परलोक इति मतिर्यस्य स आस्तिकः । तस्य भाव आस्तिक्यम् । परलोकबुद्ध्या धर्माद्याचरणमिति यावत् । यथाविभवं देवपितृमनुष्योद्देशेन वितरणं दानम् । देवस्य पूजनम् उक्तरीत्याऽनुष्ठानादेव मोक्षोपायप्रवृत्तस्य विघ्नाभावाय भवति । सिद्धान्त उपनिषन्मोक्षोपायोपदेशपरिमलादिशास्त्रम् तस्य श्रवणम् । कुत्सिताचारात् स्वत उद्वेगो ह्रीः । तथा सति चित्तमालिन्येन ज्ञानानुदयात् । मतिर्मननम् ।

तथा च स्मृतिः—श्रोतव्यः श्रुतिवाक्येभ्यो मन्तव्यश्चोपपत्तिभिः । इति ।

जप इत्युक्तप्रकारेण । 'जपतो नास्ति पातकम्' इत्युक्तेः । चित्तशुद्धावुपयोगात् । हुतमग्निहोत्रादिहोमः । यदकरणे प्रत्यवायात् चित्तमालिन्येन ज्ञानानुदयात् । यद्वा हुतं मन्त्रजपस्य दशांशहोमः । यथा चोक्तम्—

नाऽजपात् सिध्यते मन्त्रो नाऽहुताच फलप्रदः ।
अनर्चितो हरेत् कामान् तस्मात् त्रितयमाचरेत् ॥ इति ।

नियमा इति । अवश्यकर्त्तव्यतया नियमत्वमेषाम् । अतः कदाचिदालस्यादिना त्यागो न कार्यः । तदुक्तं संहितायाम्—

तपस्त्वनशनं नाम विधिपूर्वकमिष्यते ।
अनायासोपवासेन तृप्त्यर्थं भैक्ष्यसेवनम् ॥
तुष्टिरेषा । इति ।
श्रुत्याद्युक्तेषु विश्वास आस्तिक्यं संप्रचक्षते ।
यदिष्टदेवतां ध्यात्वा तदर्पणाधियाऽन्वहम् ॥
सत्पात्रे दीयतेऽन्नादि तद्दानमभिधीयते ।
इष्टदेवार्चनं सम्यक् विधिपूर्वकमन्वहम् ॥
त्रिसन्ध्यमेकदा वा तु भवत्येव तदर्चनम् ।
वैष्णवागमसिद्धान्तश्रवणं श्रावणं (स्मरणं) तथा ॥
श्रुत्यादिभिर्लौकिकैश्च यदत्यन्तविनिन्दितम् ।
तत्राऽप्रवर्त्तनं लज्जा । इति ।
तर्कैर्यदनुसन्धानं सम्यक् शब्दस्थितैरपि ।
शास्त्रोक्तयोर्मतिरियम् ॥ इति ।
गुरोर्लब्धस्य मन्त्रस्य शश्वदावर्त्तनं जपः ।
द्रव्यैः कल्पोदितैर्होमो हुतम् ॥ इति ॥ ८-९ ॥

२. **नियम**—तप, संतोष, आस्तिक्य, दान, देवपूजन, सिद्धान्त श्रवण, ह्रीं (लज्जा), मति, जप एवं होम—ये दश योग शास्त्र विशारदों के द्वारा **नियम** कहे गए हैं ।

विमर्श—१. कृच्छ्र, चान्द्रायण एवं सान्तपन आदि व्रतों के द्वारा शरीर को शोषण करने का नाम **तप** है । शरीर के निर्वाह से अधिक न चाहने का नाम **संतोष** है । ईश्वर परलोक देवता, गुरु एवं शास्त्र वचनों में विश्वास का नाम

आस्तिक्य है। विभवानुसार देश-काल तथा पात्र का विचार कर परलोक देव पितर एवं मनुष्य के उद्देश्य से वितरण करने का नाम **दान** है । कल्याण, परलोक अथवा मुक्ति प्राप्ति में बाधा न आवे इस उद्देश्य से देव पूजा में प्रवृत्त होने का नाम **देवपूजन** है । मोक्षोपाय के साधनभूत उपनिषद् वचनों को सतत् श्रवण करने का नाम **सिद्धान्तश्रवण** है । कुत्सित आचारों से उद्विग्न होकर उनसे दूर रहने का नाम ह्री (लज्जा) है । क्योंकि कुत्सित आचार के परिपालन से बुद्धि मलिन हो जाती है और ज्ञान नहीं हो पाता । शास्त्र के सिद्धान्तों का मनन ही **मति है** । इष्ट देवता मन्त्र अथवा गुरु परम्परा से प्राप्त दीक्षा मन्त्र का त्रिकाल अथवा एक काल पर्यन्त जप करते रहना इसका नाम **जप** है । 'जपः' पौनः पुन्येन आवृत्तिः जपतो नास्ति पातकम्' यह जप का लक्षण एवं फल है । हविमन्त्र, देशकाल, वैध आधार, अग्नि, एवं आचार्य के संयोग का नाम **होम** है। इन्हें नियम इसलिये कहा जाता है कि इन कर्त्तव्यों का पालन अशौच से अतिरिक्त सभी काल में आवश्यक है । इनके पालन में कभी किसी प्रकार का प्रमाद नहीं करना चाहिए । अन्यथा संस्कार लुप्त होने की संभावना हो जाती है ॥ ८ ॥

आसनपञ्चकम्

पद्मासनं स्वस्तिकाख्यं वज्रं भद्रासनं तथा ॥ ९ ॥
वीरासनमिति प्रोक्तं क्रमादासनपञ्चकम् ।
ऊर्वोरुपरि विन्यस्य सम्यक् पादतले उभे ॥ १० ॥
अङ्गुष्ठौ च निबध्नीयाद्धस्ताभ्यां व्युत्क्रमात्ततः ।
पद्मासनमिति प्रोक्तं योगिनां हृदयङ्गमम् ॥ ११ ॥

आसनपञ्चकमिति । स्थितं श्रमः तल्पादौ दण्डवत् पतितं तु निद्राऽभिभवति इति उपविष्टस्यैव ज्ञानाभ्यासाधिकारः । तत्र यथाकथञ्चिदुपवेशने रोगः कुण्डल्यानुगण्याभावश्च । तस्मात् पद्मासनाद्युक्तिः । तदुक्तं वशिष्ठसंहितायाम्—

आसनेन रुजो हन्ति प्राणायामेन पातकम् ।
विकारं मानसं योगी प्रत्याहारेण सर्वदा ॥
धारणाभिर्मनोधैर्यं ज्ञानादैश्वर्यमुत्तमम् ।
समाधौ मोक्षमाप्नोति त्यक्तकर्मशुभाशुभः ॥ इति ।

ऊर्वोरिति । ऊर्वोरुपरि परस्परस्योर्वोरुपरि । व्युत्क्रमात् इत्यस्य अत्रापि सम्बन्धात् । निबध्नीयादित्यत्र व्युत्क्रमादिति पृष्ठभागे हस्तमात्रव्युत्क्रमः । अङ्गुष्ठबन्धने तु तत्तद्धस्तेनैव तत्तदङ्गुष्ठबन्धनम् ॥ ९-११ ॥

अब ग्रन्थकार स्थिति श्रम की अवस्था में शयन पर पड़ जाने से निद्रा आ जाती है, अथवा योग में अनुचित रूप में अवस्थान की स्थिति से रोग होते हैं । इसके अतिरिक्त बैठकर ही योग करना चाहिए, ऐसा नियम भी है । इसलिये (अष्टाङ्ग योग में प्रथम) आसन का वर्णन करते हैं—

३. **आसन**—पद्मासन, स्वास्तिकासन, वज्रासन, भद्रासन एवं वीरासन क्रमशः ये पाँच (मुख्य) आसन हैं। दोनों ऊरु के ऊपर दोनों पादतल को स्थापित कर व्युत्क्रम (हाथों को उलट कर) पूर्वक दोनों हाथों से दोनों हाथ के अंगूठे को बाँध लेने का नाम पद्मासन कहा गया है, यह आसन योगियों को अत्यन्त प्रिय है ॥ ९-११ ॥

जानूर्वोरन्तरे सम्यक् कृत्वा पादतले उभे ।
ऋजुकायो विशेद्योगी स्वस्तिकं तत् प्रचक्षते ॥ १२ ॥

जान्विति । अन्तरे इति दक्षिणे वामपादं वामे दक्षिणम् । पूर्वासने अङ्गुष्ठ-बन्धेनैव ऋजुकायता सिद्धा । अत्र तु तथाऽभावात् ऋजुकाय इति उक्तम् ॥ १२ ॥

पैर के दोनों जानु और दोनों ऊरू के बीच दोनों पादतल को अर्थात् दक्षिण पाद के जानु और ऊरू के मध्य वाम पादतल एवं वामपाद के जानु और ऊरू के मध्य दक्षिण पादतल को स्थापित करे। इस प्रकार शरीर को सीधे कर बैठने का नाम स्वस्तिकासन है ॥ १२ ॥

भद्रासनलक्षणम्

सीवन्याः पार्श्वयोर्न्यस्येद् गुल्फयुग्मं सुनिश्चलम्।
वृषणाधः पार्ष्णिपादौ पाणिभ्यां परिबन्धयेत्॥ १३ ॥
भद्रासनं समुद्दिष्टं योगिभिः पूजितं परम् ।

वज्रासनलक्षणम्

ऊर्वोः पादौ क्रमान्न्यस्येज्जान्वोः प्रत्यङ्मुखाङ्गुली ॥१४॥
करौ निदध्यादाख्यातं वज्रासनमनुत्तमम् ।

वीरासनलक्षणम्

एकं पादमधः कृत्वा विन्यस्योरौ तथेतरम्॥ १५ ॥
ऋजुकायो विशेद्योगी वीरासनमितीरितम् ।

सीवन्या इति । गुदमेढ्रान्तरालोर्ध्वरेखा सीवनी । तस्याः पार्श्वयोः । वाम-पार्श्वे दक्षिणपादगुल्फम् । अन्यस्मिन् अन्यम् । वृषणाधः अण्डकोषाधः पादपार्ष्णी व्यत्यासेन भवत इति शेषः । 'तद्ग्रन्थी घुटिके गुल्फौ पुमान् पार्ष्णिस्तयोरधः' इति कोशः । पाणिभ्यां परिबन्धयेत् पूर्ववत् अङ्गुष्ठाविति शेषः । अङ्गुष्ठबन्धनेन ऋजुकायत्वं सिद्धम् । तदुक्तं योगसारे—

सीवन्या आत्मनः पार्श्वे गुल्फौ निक्षिप्य पादयोः ।
सव्ये दक्षिणगुल्फञ्च दक्षिणे दक्षिणेतरम् ॥
दक्षे सव्यकरं न्यस्य सव्ये न्यस्येतरं करम् ।
अङ्गुष्ठौ च निबध्नीयाद्धस्ताभ्यां व्युत्क्रमेण तु ॥ इति ।

ऊर्वोरिति । स्वस्योरुमूले क्रमात् पादद्वयं कुर्यात् । प्रत्यङ्मुखाङ्गुली स्वसम्मुखाङ्गुली । प्रत्यङ्मुखाङ्गुली करौ जान्वोरुपरि निदध्यादित्यन्वयः । अत्र ऋजुकायत्वं जानुहस्तदानादेव सिद्धम् ।

एकमिति । अध इति अपरस्फिचः ॥ १३-१६ ॥

भद्रासन—सीवनी (गुदा और लिङ्ग के बीचोबीच ऊपर जाने वाली रेखा एक जैसी पतली नाडी का नाम सीवन है) के दोनों तरफ दोनों पैर के गुल्फों को अर्थात् वामपार्श्व में दक्षिणपाद के गुल्फ एवं दक्षिण पार्श्व में वाम पाद के गुल्फ को निश्चल रूप से स्थापित कर वृषण (अण्डकोश) के नीचे दोनों पैर की घुट्टी, अर्थात् वृषण के नीचे दाहिनी ओर वाम पाद की घुट्टी तथा बाईं ओर दक्षिण पाद की घुट्टी स्थापित कर पूर्ववत् दोनों हाथों से दोनों अङ्गुष्ठ को बाँध लेने से भद्रासन हो जाता हैं योगी जन इसकी बहुत प्रशंसा करते हैं ॥ १३ ॥

वज्रासन—पैर के परस्पर जानु प्रदेश पर एक दूसरे पैर को स्थापित करे तथा हाथ की अङ्गुलियों को सीधे ऊपर की ओर उठाये रखे तो इस प्रकार के आसन को वज्रासन कहते हैं, यह बड़ा श्रेष्ठ आसन हैं ॥ १४ ॥

वीरासन—एक पैर को दूसरे पैर के नितम्ब के नीचे स्थापित करे, तथा दूसरे पादतल को नितम्ब के नीचे स्थापित किये गये पैर के ऊरू पर रखे तथा शरीर को सीधे रखे तो वह वीरासन कहा जाता है ॥ १५-१६ ॥

प्राणायमः

इडयाऽऽकर्षयेद्वायुं बाह्यं षोडशमात्रया ॥ १६ ॥
धारयेत् पूरितं योगी चतुःषष्ट्या तु मात्रया ।
सुषुम्णामध्यगं सम्यक् द्वात्रिंशन्मात्रया शनैः ॥ १७ ॥
नाड्या पिङ्गलया चैनं रेचयेद्योगवित्तमः ।
प्राणायाममिमं प्राहुर्योगशास्त्रविशारदाः ॥ १८ ॥
भूयो भूयः क्रमात्तस्य व्यत्यासेन समाचरेत् ।
मात्रावृद्धिक्रमेणैव सम्यग्द्वादश षोडश ॥ १९ ॥
प्राणायामो हि द्विविधः सगर्भोऽगर्भ एव च ।
जपध्यानादिभिर्युक्तं सगर्भं तं विदुर्बुधाः ॥ २० ॥
तदपेतं विगर्भं च प्राणायामं परे विदुः ।
क्रमादभ्यसतः पुंसो देहे स्वेदोद्गमोऽधमः ॥ २१ ॥
मध्यमः कम्पसंयुक्तो भूमित्यागः परो मतः ।
उत्तमस्य गुणावाप्तिर्यावच्छीलनमिष्यते ॥ २२ ॥

षोडशमात्रयेति । मात्रालक्षणमुक्तं तन्त्रान्तरे—

कालेन यावता स्वीयो हस्तः स्वं जानुमण्डलम् ।
पर्येति मात्रा सा तुल्या स्वीयैकश्वासमात्रया ॥ इति ।

अन्ये अन्यथा मात्रालक्षणमाहुः—

स्वजानुमण्डलं पूर्वं त्रिः परामृश्य पाणिना ।
प्रपद्य छोटिकामेकां मात्रा सा स्याल्लघीयसी ॥ इति ।

अन्यत्र तु— सोऽङ्गुलिस्फोटतुल्यश्च मात्राष्टाभिश्च तैः स्मृता ॥ इति ।

वायवीयसंहितायां तु—जानु प्रदक्षिणीकृत्य न द्रुतं न विलम्बितम् ।
अङ्गुलिस्फोटनं कुर्यात् सा मात्रेति प्रकीर्त्तिता ॥ इति ।

आकर्षयेदिति पूरकः । पूरितं धारयेदिति कुम्भकः । सुषुम्णामध्यगं सम्यगिति पूर्वेण सम्बध्यते । रेचयेदिति रेचकः । केचन रेचकादिकुम्भकान्तं मन्यन्ते। एवं क्रमाद् भूयोभूयः पौनःपुन्येन क्रमेण एकैकवृद्ध्या द्वित्रिवृद्ध्यादिक्रमेण तस्य व्यत्यासेन उक्तवैपरीत्येन द्वादश षोडश वा प्राणायामान् समाचरेदित्यन्वयः ।

तदुक्तम्— शुचिः प्राणायामान् प्रणवसहितान् षोडश वशी
प्रभाते सायं च प्रतिदिवसमेवं वितनुते ।
द्विजो यस्तु भ्रूणप्रहणनकृतांहोऽभिकलितं
पुनन्त्येते मासादपि दुरिततूलौघदहनाः ॥ इति ।

परमतमाह श्लोकेन जपेति । परे बुधा विदुरित्यन्वयः । अयं च प्राणायामः पूजाविषय इति ज्ञेयम् । तदुक्तम्—

अयं प्राणायामः सकलदुरितध्वंसनकरो
विगर्भः प्रोक्तोऽसौ शतगुणफलो गर्भकलितः ।
जपध्यानोपेतः स तु निगदितो गर्भरहितः
सगर्भस्तद्युक्तो मुनिपरिवृढैर्यागनिरतैः ॥ इति ।

शीलनं प्राणायामस्येति शेषः ॥ १६-२२ ॥

४. अब **प्राणायाम का प्रकार** कहते हैं—योगी सर्वप्रथम इडा नाडी से १६ मात्रा काल पर्यन्त बाहरी वायु को भीतर की ओर खींचे तो वह **पूरक प्राणायाम** कहा जाता हैं पुनः उस खींचे गये वायु को सुषुम्णा के मध्य में ६४ मात्रा काल पर्यन्त धारण करे तो वह **कुम्भक** कहा जाता है, फिर उस धारण किये गये वायु को ३२ मात्रात्मक काल में बाहर निकाल देवे तो **रेचक प्राणायाम** कहा जाता है । इसी को योगशास्त्र **विशारद प्राणायाम** कहते हैं (अपने हाथ को जानु मण्डल के चारों ओर घुमाने में जितना समय लगता हैं उसी कांल को मात्रा कहते हैं अथवा इसी को एक श्वास कहते हैं) ॥ १६-१८ ॥

इस प्रकार ऊपर कहा गया प्राणायाम एक एक मात्रा की वृद्धि के क्रम से ६४ मात्रा पर्यन्त, पुनः उसके व्यत्यस्त क्रम (एक एक घटा कर) प्रतिदिन द्वादश अथवा षोडश बार प्राणायाम करना चाहिए ॥ १९ ॥

प्राणायाम सगर्भ एवं अगर्भ भेद से दो प्रकार का कहा गया है । बुद्धिमान् लोग जप और ध्यान पूर्वक किये गये प्राणायाम को सगर्भ प्राणायाम कहते हैं । किन्तु जो प्राणायाम जप ध्यान से रहित किया जाता है उसे दूसरा अगर्भ प्राणायाम कहते हैं । क्रमशः प्राणायाम का अभ्यास करते हुये जब स्वेद निकलने लगे तो उसे अधम प्राणायाम कहा जाता है ॥ २०-२१ ॥

प्राणायाम के अभ्यास से जब शरीर में कम्प होने लगे तो वह मध्यम प्राणायाम कहा जाता है और जब शरीर भूमि से ऊपर की ओर उठने लगे तो उत्तम प्राणायाम कहा जाता है इन तीन प्राणायामों की प्रक्रिया में ज्यों ज्यों उत्तम प्रकार के प्राणायाम का अभ्यास बढ़ने लगता है तब उसमें अधिकाधिक गुण प्रगट होने लगते हैं ॥ २२ ॥

इन्द्रियाणां विचरतां विषयेषु निरर्गलम् ।
बलादाहरणं तेभ्यः प्रत्याहारोऽभिधीयते ॥ २३ ॥
अङ्गुष्ठगुल्फजानूरुसीवनीलिङ्गनाभिषु ।
हृद्ग्रीवाकण्ठदेशेषु लम्बिकायां ततो नसि ॥ २४ ॥
भ्रूमध्ये मस्तके मूर्ध्नि द्वादशान्ते यथाविधि ।
धारणं प्राणमरुतो धारणेति निगद्यते ॥ २५ ॥

इन्द्रियाणामित्यादिना मनस एव एकत्र स्थितिः कार्येत्युक्तं भवति । यतो मनः सहायानामेव एतेषां स्वस्वविषयग्रहणशक्तिः अतस्तन्निरोधेनैव निरोधादिति भावः । लम्बिका तालुमूलम् । मस्तकं ललाटकेशसन्धिः । मूर्ध्नीति तदुपरिभागः । द्वादशान्ते ब्रह्मरन्ध्रे । यथाविधि इति गुरूक्तक्रमेण ।

वशिष्ठसंहितायांपञ्च धारणा उक्ता—

भूतानां मानसञ्चैकं धारणा च पृथक् पृथक् ।
मनसो निश्चलत्वे तु धारणा च विधीयते ॥
या पृथ्वी हरितालहेमरुचिरा तत्त्वं कलालान्वितं
संयुक्ता कमलासनेन च चतुष्कोणा हृदि स्थायिनी ।
प्राणांस्तत्र विलीय पञ्चघटिका चित्तान्वितं धारये-
देषा स्तम्भकरी सदा क्षितिपरा ख्याता क्षमाधारणा ॥ १ ॥
अर्द्धेन्दुप्रतिमं च कुन्दधवलं कण्ठे च तत्त्वान्वितं
तत् पीयूषवकारबीजसहितं युक्तं सदा विष्णुना ।
प्राणांस्तत्र विलीय पञ्चघटिका चित्तान्वितं धारये-
देषा दुःसहकालकूटजरणा स्याद् वारुणीधारणा ॥ २ ॥
तत्त्वस्थं शिवमिन्द्रगोपसदृशं तत्र त्रिकोणेऽनलं
तेजोऽनेकमयं प्रवालरुचिरं रुद्रेण तत् सङ्गतम् ।
प्राणांस्तत्र विलीय पञ्चघटिका चित्तान्वितं धारये-
देषा वह्निसमं वपुर्विदधती वैश्वानरीधारणा ॥ ३ ॥

यन्मूलं कमलं प्रपञ्चसहितं दृष्टं भ्रुवोरन्तरे
तद्वत् सत्त्वमयं यकारसहितं तत्रेश्वरो देवता ।
प्राणांस्तत्र विलीय पञ्चघटिका चित्तान्वितं धारये-
देषा खे गमनं करोति नियतं वायोः सदाधारणा ॥ ४ ॥
आकाशं सुविशुद्धवारिसदृशं यद्ब्रह्मरन्ध्रस्थितं
तन्नाथेन सदाशिवेन सहितं युक्तं हकाराक्षरैः ।
प्राणांस्तत्र विलीय पञ्चघटिका चित्तान्वितं धारये-
देषा मोक्षकपाटभेदनपटुः प्रोक्ता नभोधारणा ॥ ५ ॥
कर्मणां साधकाः सर्वा धारणाः पञ्च दुर्लभाः ।
तासां विज्ञानतो योगो सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥ इति ॥ २१-२५ ॥

५. प्रत्याहार—ये इन्द्रियाँ विषयों में बे रोक-टोक दौड़ते रहने से निरन्तर चञ्चल रहती हैं, अतः उन विषयों से इन्द्रियों को निरुद्ध कर मन को स्थिर करने का नाम प्रत्याहार है ॥ २३ ॥

६. धारणा—अङ्गुष्ठ, गुंल्फ, जानु, ऊरू, सीवनी (गुदा और लिङ्ग कें मध्य में ऊपर की ओर उठी हुई रेखा के सदृश) लिङ्ग नाभि, हृदय, ग्रीवा, कण्ठ, लम्बिका (तालु का मूलभाग) नासिका, भ्रूमध्य, मंस्तक, शिर और ब्रह्मरन्ध्र इन स्थानों में प्राणवायु के धारण का नाम **धारणा** है ॥ २४-२५ ॥

ध्यानलक्षणम्

समाहितेन मनसा चैतन्यान्तरवर्तिना ।
आत्मन्य(नो)ऽभीष्टदेवानां ध्यानं ध्यानमिहोच्यते ॥ २६ ॥
समत्वभावना नित्यं जीवात्मपरमात्मनोः ।
समाधिमाहुर्मुनयः प्रोक्तमष्टाङ्गलक्षणम् ॥ २७ ॥

अभीष्टदेवानामिति सगर्भं ध्यानमुक्तम् । विगर्भमपि ध्यानमुक्तं तन्त्रान्तरे । यदाहुः—

यत्तत्त्वे निश्चलं चित्तं तद्ध्यानं परमं मतम् ।
भवति तद्ध्यानं सगुणं निर्गुणं तथा ॥
सगुणं वर्णभेदेन निर्गुणं केवलं तथा ।
अश्वमेधसहस्राणि वाजपेयशतानि च ॥
एकस्य ध्यानयोगस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ।
अन्तश्चेतो बहिश्चक्षुरधः स्थाप्य सुखासनः ॥
समत्वञ्च शरीराणां ध्यानमाहुश्च सिद्धिदम् ।
नासाग्रे दृष्टिमादाय ध्यात्वा मुञ्चति बन्धनात् ॥ इत्यादिना ॥
गुदे मेढ्रे च नाभौ च हृदये कण्ठदेशके ।
घण्टिकालम्बिकास्थाने भ्रूमध्ये परमेश्वरम् ॥
निर्गुणं गगनाकारं मरीचिजलसन्निभम् ।
शून्ये सर्वमयं ध्यात्वा योगी योगमवाप्नुयात् ॥

इत्यन्तेन ॥ २६-२७ ॥

८. **ध्यान**—भीतर रहने वाले चैतन्ययुक्त चित्त को मन के साथ समाहित कर अपनी आत्मा में अपने अभीष्ट देवता का ध्यान करना **ध्यान** कहलाता है ॥ २६॥

९. **समाधि**—जीवात्मा एवं परमात्मा में निरन्तर समत्व की भावना ही मुनियों ने **समाधि** कही है। यहाँ तक हमने अष्टाङ्ग लक्षण युक्त योग का वर्णन किया ॥ २७ ॥

शरीरप्रमाणम्

षण्णवत्यङ्गुलायामं शरीरमुभयात्मकम् ।
गुदध्वजान्तरे कन्दमुत्सेधाद् द्वयङ्गुलं विदुः ॥ २८ ॥

शरीरस्थ नाडीनिर्णयः

तस्मात् द्विगुणविस्तारं वृत्तरूपेण शोभितम् ।
नाड्यस्तत्र समुद्भूता मुख्यास्तिस्त्रः प्रकीर्त्तिताः ॥ २९ ॥
इडा वामे स्थिता नाडी पिङ्गला दक्षिणे मता ।
तयोर्मध्यगता नाडी सुषुम्णा वंशमाश्रिता ॥ ३० ॥
पादाङ्गुष्ठद्वये याता शिफाभ्यां शिरसा पुनः ।
ब्रह्मस्थानं समापन्ना सोमसूर्याग्निरूपिणी ॥ ३१ ॥
तस्या मध्यगता नाडी चित्राख्या योगिवल्लभा ।
ब्रह्मरन्ध्रं विदुस्तस्यां पद्मसूत्रनिभं परम् ॥ ३२ ॥

योगसिद्ध्यर्थं शरीराभ्यन्तरे मूलाधारमारभ्य तत्तन्नाडीस्थाने वायुसञ्चारं वक्तुं शरीरप्रमाणमाह षडिति । उभयात्मकं शिवशक्त्यात्मकम् । अग्नीषोमात्मकं वा शुक्रशोणितात्मकं वा इति प्रथमपटलोक्तानुवादः । तस्मादित्युत्सेधात् । वंशं पृष्ठवंशम् आश्रिता तदन्तर्गता । यदाहुः—या मुण्डाधारदण्डान्तरविवरगता । इति शिफाभ्यां मूलाभ्याम् ॥ २८-३२ ॥

यह उभयात्मक अर्थात् शिवशक्त्यात्मक अथवा अग्नीषोमात्मक अथवा शुक्रशोणितात्मक शरीर (द्र. १, ३९) छानबे ९६ अङ्गुल लम्बा है । गुदा एवं लिङ्ग के मध्य में एक कन्द है, जो दो अङ्गुल ऊँचा है और वह उससे द्विगुणित विस्तार युक्त एक वृत्त के रूप में स्थित है, उसी कन्द से समस्त नाडियों की उत्पत्ति हुई है जिसमें मुख्य रूप से तीन नाडियाँ प्रधान हैं ॥ २८-२९ ॥

इसी कन्द के बायें भाग से इडा, तथा दक्षिण भाग से पिङ्गला नाडियाँ निकली हैं । इनके मध्य भाग से होकर सुषुम्णा नाडी निकली है । ये तीनों नाड़ियाँ पीठ की रीढ़ के भीतर स्थित हैं ॥ ३० ॥

सुषुम्ना नाडी मूलाधार से हो कर दोनों पैर के अंगूठों तक जाती है पुनः वही शिरः प्रदेश में होती हुई ब्रह्मस्थान तक जाती हैं । यह सोम, सूर्य एवं अग्निस्वरूपा हैं ॥ ३१ ॥

इसके बीच में चित्रा नाम की एक नाड़ी हैं, जो योगियों को अत्यन्त प्रिय हैं इसी चित्रा नाम की नाड़ी में पद्मसूत्र के समान अत्यन्त पतला ब्रह्मरन्ध्र हैं ॥३२॥

आधारांश्च विदुस्तत्र मतभेदादनेकधा ।
दिव्यमार्गमिदं प्राहुरमृतानन्दकारणम् ॥ ३३ ॥
इडायां सञ्चरेच्चन्द्रः पिङ्गलायां दिवाकरः ।
ज्ञातौ योगनिदानज्ञैः सुषुम्णायां तु तावुभौ ॥ ३४ ॥

आधारान् इति केचन द्वादश अन्ये षोडश आहुः । परे बहूनि च । यदाहुः—

ततस्तु ब्रह्मकंकाले ध्यायेच्चक्रक्रमं सुधीः ।
आधारचक्रं प्रथमं कुलदीपमनन्तरम् ॥
वज्र (यज्ञ) चक्रं ततः प्रोक्तं स्वाधिष्ठानात्मकं परम् ।
रौद्रं करालचक्रं च गह्वरात्मकमेव च ॥
विद्याप (प्र)दं च त्रिमुखं त्रिपदं कालदण्डकम् ।
सा (उ) कारचक्रं च ततः कालोदारं करङ्क(बन्ध)कम् ॥
दीपकं क्षोभजनकमानन्दकलिला (ललिता)त्मकम् ।
मणिपूरकसंज्ञञ्च लाङ्गलं का (कु) लभेदनम् ॥
मदोत्साहञ्च परमं माद (र्ग)कं पदमुच्यते ।
कल्पजालं ततश्चिन्त्यं घोषकल्लोलनं ततः ॥
नादावर्त्तपदं प्रोक्तं त्रिपुटञ्च तदुत्तरम् ।
कङ्कालकं तम(मन)श्चक्रं विख्यातं पुटभेदनम् ॥
महाग्रन्थिविकाशं च बन्धोज्ज्वलनसंज्ञितम् ।
अनाहतं पद्मपुटं व्योमचक्रं तथा भवेत् ॥
बोधनं ध्रुवसंज्ञञ्च काल (कला) कन्दलकं ततः ।
क्रौञ्चं भेरण्डविभवं डामरं कुलपीठकम् ॥
कुलकोलाहलं हालाहलावर्त्तं महद्रथम्(द्धयम्) ।
घोरभैरवसंज्ञञ्च विशुद्धिः कण्ठमुत्तमम् ॥
घूर्णकंपदमाख्यातमाज्ञाकाकपुटं तथा ।
शृङ्गाटं कामरूपाख्यं पूर्णगिर्यात्मकं परम् ।
महाव्योमात्मकं चक्रं शक्तिरूपमनुस्मरेत् ॥ इति ॥ ३३-३४ ॥

इसमें कोई विद्वान् बारह, कोई सोलह तथा कोई अनेक आधार चक्र बताते हैं । यही दिव्यमार्ग है और अमृतानन्द की प्राप्ति में हेतु है ॥ ३३ ॥

इडा में चन्द्रमा, पिङ्गला में सूर्य रहते है, किन्तु योगनिदानज्ञों ने सुषुम्णा में सूर्य और चन्द्र दोनों की स्थिति ज्ञात की है ॥ ३४ ॥

आधारकन्दमध्यस्थं त्रिकोणमतिसुन्दरम् ।
ज्योतिषां निलयं दिव्यं प्राहुरागमवेदिनः ॥ ३५ ॥
तत्र विद्युल्लताकारा कुण्डली परदेवता ।

परिस्फुरति सर्वात्मा सुप्ताहिसदृशाकृतिः ॥ ३६ ॥
बिभर्ति कुण्डलीशक्तिरात्मानं हंसमाश्रिता ।
हंसः प्राणाश्रयो नित्यं प्राणो नाडीसमाश्रयः ॥ ३७ ॥

कुण्डलीस्थानमाह आधारेति । कुण्डलीशक्तिः आत्मानं परमात्मानं बिभर्त्ति तद्योगभागिनी भवतीत्यर्थः । कीदृक् । हंसं जीवात्मानम् आश्रिता जीवाधिष्ठाना सतीत्यर्थः । हंसः प्राणाश्रयः प्राणवायुसमाश्रय इत्यर्थः । प्राणो नाडीसमाश्रयः ॥ ३५-३७ ॥

आधारकन्द (द्र. २५, २८) के मध्य में एक त्रिकोण है जो अत्यन्त मनोहर है । आगम वेत्ता लोग उसी को संपूर्ण प्रकाशों का स्थान बताते हैं ॥ ३५ ॥

उसी त्रिकोण में विद्युल्लता के आकार वाली परदेवता स्वरूपा कुण्डली जिसकी आकृति सोती हुई सर्पिणी के समान है और निरन्तर परिस्फुरित होती रहती है । वह कुण्डली शक्ति जीव की अधिष्ठानभूता है और परमात्मा को धारण करने वाली है । जीव का आश्रय प्राणवायु है और प्राणवायु की आश्रिता नाडियाँ हैं। नाडी में निरन्तर प्रयाण करते रहने के कारण वायु को **प्राण** कहा जाता है ॥ ३६-३७ ॥

प्राणशब्दव्युत्पत्तिः

आधारादुद्गतो वायुर्यथावत् सर्वदेहिनाम् ।
देहं व्याप्य स्वनाडीभिः प्रयाणं कुरुते बहिः ॥ ३८ ॥
द्वादशाङ्गुलमानेन तस्मात् प्राण इतीरितः ।

कथं तस्य नाडीसमाश्रयत्वमित्यत आह आधारादिति । प्रयाणं कुरुते अतएव प्राण इति प्राणशब्दव्युत्पत्तिः दर्शिता । द्वादशाङ्गुलमानेनेति वामदक्षिणयोरिति ज्ञेयम् । एतत्फलमुक्तं तन्त्रान्तरे—

भोजनं मैथुनं युद्धं फलपुष्पग्रहं तथा ।
कुर्यात् क्रूराणि कर्माणि वायौ दक्षिणसंश्रिते ॥
यात्राविवाहकर्माणि शुभकर्माणि यानि च ।
तानि सर्वाणि कुर्वीत वामे वायौ तु संस्थिते ॥

तथा— व्यायामं शयनं क्रूरं षट्कर्मादिकसाधनम् ।
तानि सिध्यन्ति सूर्येण नात्र कार्या विचारणा ॥ इति ।

अन्यत्र— देवदक्षिणभागगेऽथ पुरुषे रोगातुरे दक्षिणे
स्थित्वा पृच्छति पृच्छकः स पुरुषो जीवत्यरोगश्चिरम् ।
वामायां तु रुजाऽऽकुलीकृततनौ वामाश्रिते चेश्वरे
वामे पृच्छति चेत् स्थिता गतगदा वामा चिरं जीवति ॥ इति ।

देवे गते पृच्छति वामभागं स्थित्वा नरो दक्षिणतो यदीह ।
व्यत्यासतोऽस्मादपि कृच्छ्रसाध्यं वदन्ति सन्तः खलु रोगजातम् ॥ इति ।

अथवा आधारात् उद्गतः बहिः प्रयाणं कुरुत इत्यनेन उत्पत्तिलये सन्ध्ये अहोरात्रमित्यादि सर्वमुक्तम् । यदाहुः—

जानीयादुदयं बुधः स्वजङ्गरे देवस्य कन्दे नृणां
घ्राणास्मिकराङ्गुले खलु लयं सन्ध्ये च पूर्वापरे ।
उत्पत्तिं च लयं च सन्ततमधोवृत्तिं निशां वासरं
ऊर्ध्वां वृत्तिमधस्तथा हिमकरं चोर्ध्वां दिनेशं गतिम् ॥

इति ॥ ३८-३९ ॥

यह वायु आधार स्थान से ऊपर उठकर सभी प्राणियों के शरीर में नाड़ियों द्वारा व्याप्त हो कर बाहर की ओर प्रयाण करता है । इसका आयाम नासिका में वायीं ओर एवं दाहिनी ओर द्वादश अङ्गुल है । नाडियों में प्रयाण के कारण ही इसकी प्राण संज्ञा है ।। ३८-३९ ।।

विमर्श—नाडियों में प्रवाहित वायु (=प्राण) का ही प्राणायाम द्वारा नियमन (Control) किया जाता है । दक्षिण नासिका से बहने वाली वायु तीक्ष्णता उत्पन्न करती है । अत: भोजन, मैथुन एवं युद्ध, फूल एवं पुष्प का ग्रहण और अन्य क्रूर कर्मों को दक्षिण नासिकागत वायु के समय करना चाहिए । यात्रा तथा विवाह आदि शुभ कर्मों को वामनासिकागत प्राणवायु के समय करना चाहिए । व्यायाम, शयन, क्रूर आदि षट्कर्म सूर्यगत प्राणवायु से सिद्ध होते हैं । वामनासिकागत वायु जिस पुरुष में होती है वह निरोग एवं चिरञ्जीवी होता है ।

रम्ये मृद्वासने शुद्धे पटाजिनकुशोत्तरे ॥ ३९ ॥

भूतोदयज्ञानकथनम्

बद्ध्वैकमासनं योगी योगमार्गपरो भवेत् ।
ज्ञात्वा भूतोदयं देहे विधिवत् प्राणवायुना ॥ ४० ॥
तत्तद्भूतं जपेद्देहदृढत्वाप्तये सुधीः ।
दण्डाकारा गतिर्भूमेः पुटयोरुभयोरधः ॥ ४१ ॥
तोयस्य पावकस्योर्द्ध्वङ्गतिस्तिर्यङ् नभस्वतः ।
गतिर्व्योम्नो भवेन्मध्ये भूतानामुदयः स्मृतः ॥ ४२ ॥

योगप्रकारमाह—रम्य इति । रम्य एकान्ते इत्यर्थः । अन्यथा चित्तविक्षेपः स्यादिति । काठिन्ये सति देहपीडाया तत्रैव मनो गमिष्यतीति मृद्वासन इत्युक्तम् । भूतपरिचर्यार्थमाह दण्डेति ॥ ३९-४२ ॥

अब **योगाभ्यास का प्रकार** कहते हैं—योगी पहले कुशा, उसके ऊपर मृगचर्म, और उसके ऊपर कपड़ा बिछाये गये सुरम्य मृदु आसन पर (पद्मासन या भद्रासन आदि) एक आसन बाँध कर योगमार्ग का साधन करे (अन्यथा कड़े आसन पर देह पीडा होने से मन चञ्चल हो सकता है) ॥ ३९-४० ॥

बुद्धिमान् साधक प्राणवायु के द्वारा क्रमशः पञ्चभूतों के उदय का विधिवत् ज्ञान कर अर्थात् योगारम्भ काल में जिस भूत का उदय हो, उस उस भूत का जप करे जिससे शरीर में दृढ़ता बनी रहे। दोनों नासा पुटों में भूमि की गति दण्डाकार एवं अधोगामिनी होती है, अतः जब ऐसे लक्षण प्रतीत हों तो भूमि रूप भूत का उदय समझना चाहिए ॥ ४१ ॥

जल एवं पावक की गति ऊर्ध्व की ओर होती है, और पवन की गति तिरछी होती है आकाश तत्त्व के उदय काल में मध्य गति होती है- इस प्रकार नासापुटों में चलने वाले वायु से भूतों के उदय का लक्षण जानना चाहिए ॥ ४२॥

धरणेरुदये कुर्यात् स्तम्भनं वश्यमात्मवित्।
शान्तिकं पौष्टिकं कर्म तोयस्य समये वसोः॥ ४३ ॥
मारणादीनि मरुतो विपक्षोच्चाटनादिकम्।
क्षुद्रा(क्ष्वेडा)दिनाशनं शस्तमुदये च विहायसः॥ ४४ ॥

प्रसङ्गतस्तत्तद्भूतोदयमाह धरणेरिति। वसोरग्नेः ॥ ४३-४४ ॥

मन्त्रवेत्ता पुरुष, भूमितत्त्व के उदय में स्तम्भन तथा वश्य कार्य करे। जल तत्त्व के उदय में शान्तिक पौष्टिक कर्म करे। अग्नितत्त्व के उदय में मारणादि क्रिया करे ॥ ४३ ॥

वायु तत्त्व के उदय काल में शत्रु के उच्चाटन की क्रिया करे तथा आकाश तत्त्व के उदय होने पर क्षुद्रा (?) आदि के विनाश की क्रिया करे ॥ ४४ ॥

अङ्गुलीभिर्दृढं बध्वा करणानि समाहितः।
अङ्गुष्ठाभ्यामुभे श्रोत्रे तर्जनीभ्यां विलोचने॥ ४५ ॥
नासारन्ध्रे मध्यमाभ्यामन्याभिर्वदनं दृढम्।
बद्धात्मप्राणमनसामेकत्वं समनुस्मरन् ॥ ४६ ॥
धारयेन्मरुतं सम्यग्योगोऽयं योगिवल्लभः।
नादः सञ्जायते तस्य क्रमादभ्यसतः शनैः ॥ ४७ ॥

दशविधनादोत्पत्तिः

मत्तभृङ्गाङ्गनागीतसदृशः प्रथमो ध्वनिः।
वंशिकस्याऽनिलापूर्णवंशध्वनिनिभोऽपरः ॥ ४८ ॥
घण्टारवसमः पश्चात् घनमेघस्वनोपमः।
एवमभ्यसतः पुंसः संसारध्वान्तनाशनम् ॥ ४९ ॥
ज्ञानमुत्पद्यते पूर्वं हंसलक्षणमव्ययम्।

बद्धेति। अन्यथा यदि इन्द्रियमार्गेण हठात् वायुः निर्गच्छेत् तदुपघातः स्यात्। करणानि इन्द्रियाणि। उभे इति त्रिषु अन्वेति। घनो निविडो मेघस्वनवत्

स्वनो यस्य इति मध्यपदलोपी समासः । एवमित्यनेनाऽन्वेति । ध्वनिदशकमाहुः—चिणीति प्रथमः शब्दश्चिञ्चिणीति द्वितीयकः ।

चिचिचाकी तृतीयस्तु चतुर्थो घर्घरः स्वरः ॥
पञ्चमस्तु मनागुच्चः षष्ठो मदकलध्वनिः ।
सप्तमः सूक्ष्मनादः स्यादष्टमो वेणुवर्द्धनः ॥
नवमो मधुरध्वानो दशमो दुन्दुभिस्वनः ॥ इति ।

हंसोपनिषद्यपि—अथ दशकोषो नादमनुभवति । हंसवशात् नादो दशविधो जायते । चिणीति प्रथमः । चिणिचिणीति द्वितीयकः । घण्टानादस्तृतीयकः । शङ्खनादस्तुर्यः । पञ्चमस्तन्त्रीनादः । षष्ठस्तालनादः । सप्तमो वेणुनादः । अष्टमो भेरीनादः । नवमो मृदङ्गनादः । दशमो मेघनादः । नवमं परित्यज्य दशममभ्यसेत् । अस्मात् मनो विलीयते । विलीने मनसि गते सङ्कल्पविकल्पे दग्धे पुण्यपापे सदाशिवोमिति । सदाशिवः शक्त्यात्मा सर्वत्रावस्थिता स्वयं ज्योतिः शुद्धो बुद्धो नित्यो निरञ्जनः शान्तः प्रकाशत इति । हंसलक्षणं शिवशक्त्यात्मकं जीवात्मकं वा ।

प्रयोगसारे तु— कम्परोमोद्गमानन्दं वैमल्यस्थैर्यलाघवम् ।
प्रकाशज्ञानवैदूष्यं भावोऽद्वैतात्मसञ्चयः ॥
सम्भवन्ति दशाऽवस्था योगिनः सिद्धिसूचकाः ।
ततस्त्रैकाल्यविज्ञानं महाप्रज्ञा मनोज्ञता ॥
छन्दतः प्राणसंरोधो नाडीनां क्रमणं तथा ।
वाचां सिद्धिश्चिरायुष्यमिन्द्रजालानुवर्त्तनम् ॥
देहाद्देहान्तरप्राप्तिरात्मज्योतिः प्रकाशनम् ।
प्रत्यया दश दृश्यते प्राप्तयोगस्य योगिनः ॥ इति ॥ ४५-५० ॥

योगारम्भ के समय साधक समस्त ज्ञानेन्द्रियों को इस प्रकार बाँधे—दोनों अंगूठों से दोनों कान बन्द करे । दोनों तर्जनी से दोनों नेत्र बन्द करे ॥ ४५ ॥

दोनों मध्यमा से दोनों नासा छिद्रों को, तथा शेष अन्य अङ्गुलियों से मुख को अच्छी प्रकार बन्द कर लेवे । इस प्रकार समस्त ज्ञानेन्द्रियों को बाँधकर आत्मा प्राण एवं मन में एकत्व की भावना का स्मरण करते हुये, वायु को भीतर रोक रखे । यह योग योगियों को अत्यन्त प्रिय है । इस प्रकार के योग का क्रमशः अभ्यास करते रहने से नाद का श्रवण होने लगता है ॥ ४६-४७ ॥

मतवाली भ्रमरी के गीत के समान प्रथम ध्वनि, बाँस के छिद्रों में वायु के भर जाने पर जिस प्रकार बाँस से ध्वनि निकलती है उस प्रकार की ध्वनि दूसरी प्रकार की ध्वनि है जो योगी को सुनाई देती है ॥ ४८ ॥

इसके बाद घण्टा के समान तीसरी ध्वनि, पश्चात् मेघ शब्द के समान चौथी ध्वनि सुनाई पड़ती हैं । जब अभ्यास करते करते इस प्रकार के शब्द सुनाई पड़ने लगें तो समझना चाहिए कि अब सांसारिक अँधेरा क्रमशः विनष्ट हो रहा है । सांसारिक अज्ञान के नष्ट हो जाने पर निर्विकार हंस लक्षण ज्ञान उत्पन्न होता है ॥ ४९-५० ॥

विमर्श—हंस लक्षण अर्थात् शिवशक्त्यात्मक या जीवात्मक ज्ञान । हंसोपनिषद् में नाद के दस प्रकार के नाम इस प्रकार आए हैं—१. चिणि, २. चिणिचिणि, ३. घण्टानाद, ४. शङ्खनाद, ५. तन्त्रीनाद, ६. तालनाद, ७. वेणुनाद, ८. भेरीनाद, ९. मृदङ्गनाद, १०. मेघनाद । प्रयोगसार में योगियों की सिद्धिसूचक ये दस अवस्थाएँ बताई गई हैं—कम्प, रोमोदगम, आनन्द, विमलत्व, स्थिरता, लाघव, प्रकाश, ज्ञान, वैदुष्य और अद्वैतात्मसञ्चय का भाव ।

प्रणवोत्पत्तिः

पुंप्रकृत्यात्मकौ प्रोक्तौ बिन्दुसर्गौ मनीषिभिः ॥ ५० ॥
ताभ्यां क्रमात्समुद्भूतौ बिन्दुसर्गावसानकौ ।
हंसौ तौ पुंप्रकृत्याख्यौ हं पुमान् प्रकृतिस्तु सः ॥ ५१ ॥
अजपा कथिता ताभ्यां जीवोऽयमुपतिष्ठति ।
पुरुषं स्वाश्रयं मत्वा प्रकृतिर्नित्यमास्थिता ॥ ५२ ॥
यदा तद्भावमाप्नोति तदा सोऽहमयं भवेत् ।
सकारार्णं हकारार्णं लोपयित्वा ततः परम् ।
सन्धिं कुर्यात् पूर्वरूपस्तदाऽसौ प्रणवो भवेत् ॥ ५३ ॥

प्रणवोत्पत्तिमाह—पुमिति । क्रमादिति बिन्दोः हं विसर्गात् सः । पुं प्रकृत्याख्यौ इति नाम काल्पनिकम् । तत्त्वतः बिन्दुविसर्गाविव । हं पुमानिति । अतएव अत्र आदौ अकारे निपाते योजिते अहमिति लोकप्रसिद्ध आत्माभिनयः । उपतिष्ठति आराधयति । पुरुषं स्वाश्रयं मत्वा नित्यं तमेव अस्थिता प्रकृतिरिति सम्बन्धः । यदा तु प्रकृतेर्नित्यमात्मन इति पाठः तदा आत्मनः प्रकृतेरिति समानाधिकरणे षष्ठ्यौ । प्रकृतिरविद्या सा ब्रह्माभिन्नत्वेन जीवकल्पकत्वात् तदभिन्नेव स्वाश्रयं सदाश्रयं गत्वा इयं यदा तद्भावमाप्नोतीति सम्बन्धः । तद्भावमिति । प्रकृतिपुरुषयोरभेदात् परमात्मैवाऽहम् इति जीवब्रह्मणोरैक्यम् । अस्यार्थः । अजपाभ्यासाच्चैवमैक्यमुदेतीति व्यक्तीकृतम् । लोपयित्वेति । व्यञ्जनयोः कल्पितत्वादेव लोपः। पूर्वरूपं 'एङः पदान्तादति' इत्यनेन ॥ ५०-५३ ॥

अब जिस प्रकार यह ज्ञान उत्पन्न होता है उसे कहते हैं—मनीषियों ने बिन्दु (अनुस्वार) तथा विसर्ग को पुरुष प्रकृत्यात्मक कहा है ॥ ५० ॥

उनसे क्रमशः बिन्दु (अनुस्वारात्मक हं) तथा विसर्गान्तात्मक (सः) इस प्रकार हंसौ दो पुरुष प्रकृत्यात्मक वर्ण उत्पन्न हुये, जिसमें हँ पुरुष है, और सः प्रकृति है ॥ ५१ ॥

इन्हीं दोनों को अजपा कहते हैं, जिसे जीव नित्य जपता रहता है । प्रकृति पुरुष को अपना आश्रय मानकर निरन्तर उसी के आश्रित रहा करती है । जब प्रकृति पुरुष में अभिन्न होकर एक में मिल जाती है तब जीव और ब्रह्म का ऐक्यभाव हो जाता है और फिर जीव को 'सोऽहम्' की प्रतीति होने लगती है ॥ ५२-५३ ॥

अब **'सोऽहम्' रूप प्रणव की उत्पत्ति** कहते है—'हँ' पुरुष के पहले अकार का निपातन कर देने से 'अहम्' होता है जब सः रूप प्रकृति उससे मिलने (सन्धि करने) जाती है तब दोनों (सः और अहम्) के बीच अकार एङः पदान्तादति से पूर्वरूप होकर लुप्त हो जाता है इस प्रकार सोऽहम् रूप प्रणव की उत्पत्ति होती है ॥ ५३ ॥

परानन्दमयं नित्यञ्चैतन्यैकगुणात्मकम् ।
आत्माभेदस्थितं योगी प्रणवं भावयेत्सदा ॥ ५४ ॥

परानन्दमयमिति । 'आनन्दं ब्रह्मणो रूपं तच्च मोक्षे प्रतिष्ठितम्' इति श्रुतेः । नित्यं वक्ष्यमाणश्रुतेरेव । चैतन्यं ज्ञानं स चासावेको गुणश्च तदात्मकम् । 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इति श्रुतेः । यद्वा चैतन्यं ज्ञानरूपमेकम् । 'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म' इति श्रुतेः । संसारोत्पत्तिकर्तृत्वात् कल्पितसत्त्वरजस्तमोगुणरूपम् । आत्माभेदस्थितं सोऽहंशब्दोत्थतया तस्य च तदर्थकत्वात् ॥ ५४ ॥

यह प्रणव परानन्दमय है, नित्य ज्ञान स्वरूप है, अविक्रिय एवं एकरस हैं और आत्मा से अभिन्न होकर स्थित रहता है । अतः योगी जन इस (सोऽहम्) का सर्वदा ध्यान कीजिए ॥ ५४ ॥

आम्नायवाचामतिदूरमाद्यं वेद्यं स्वसंवेद्यगुणेन सन्तः ।
आत्मानमानन्दरसैकसिन्धुं पश्यन्ति तारात्मकमात्मनिष्ठाः ॥ ५५ ॥

आम्नायेति । 'यतो वाचो निवर्त्तन्ते' इति श्रुतेः । आद्यम् । शास्त्रयोनित्वात् । स्वसंवेद्यगुणेन वेद्यं स्वप्रकाशमित्यर्थः । आनन्दमिति । 'आनन्दं ब्रह्मणो रूपम्' इति श्रुतेः । तारात्मकमुक्तरीत्या । आत्मनिष्ठा आदरनैरन्तर्यदीर्घकालाभ्यासैस्तच्चिन्तनपरा योगिनः ॥ ५५ ॥

यह आम्नाय रूप वाणी से नहीं जाना जा सकता, समस्त शास्त्रों का कारण होने से आद्य है तथा स्वयं अपने ही प्रकाश से प्रकाशित है । आदरपूर्वक निरन्तर दीर्घकाल पर्यन्त अभ्यास में लगे हुये योगी जन आत्मस्वरूप आनन्द रस के एक मात्र समुद्र इस प्रणवात्मक का दर्शन करते हैं ॥ ५५ ॥

सत्यं हेतुविवर्जितं श्रुतिगिरामाद्यं जगत्कारणं
व्याप्तस्थावर जङ्गमं निरुपमं चैतन्यमन्तर्गतम् ।
आत्मानं रविवह्निचन्द्रवपुषं तारात्मकं सन्ततं
नित्यानन्दगुणालयं सुकृतिनः पश्यन्ति रुद्धेन्द्रियाः ॥ ५६ ॥

सत्यम् । 'सत्यं ज्ञानम्' इति श्रुतेः । हेतुविवर्जितम् । नित्यत्वात् अनुत्पाद्यम् । यद्वा ये हेतवो दुस्तर्कास्तद्विवर्जितम् । श्रुतिगिरामाद्यम् । 'शास्त्रयोनित्वात्' इति सूत्रे वेदकर्तृत्वोक्तेः । प्रणवात्मकत्वाद्वा । जगत्कारणम् । 'आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते' इति श्रुतेः । व्याप्तेति । तद्विवर्त्तरूपत्वात् जगतः । निरूपममिति ।

अद्वितीयत्वेन । चैतन्यमन्तर्गतम् । प्रत्यक्चैतन्यम् आत्मरूपचैतन्यमित्यर्थः । रविचन्द्रवह्निवपुरिव वपुर्यस्य । प्रकाशरूपमित्यर्थः । न तु तद्वदाकारग्राहित्वे अयं दृष्टान्तः । तस्य निराकारत्वात् प्रणवरूपत्वात् वा तद्वदुक्तिः ॥ ५६ ॥

यह सत्य हैं नित्य होने से इसका कोई कारण नहीं है, यह श्रुति का भी आदि हैं, इसी से संसार उत्पन्न होता है, स्थावर एवं जङ्गम में सर्वत्र व्याप्त है, इसकी किसी से उपमा नहीं दी जा सकती, अत: अद्वितीय है । आत्मरूप चैतन्य से अन्त:करण में स्थित है, सूर्य चन्द्र एवं अग्नि के समान स्वयं प्रकाशित हैं यह तारात्मक एवं शाश्वत है, नित्यानन्द स्वरूप है गुण का आलय है, इन्द्रियों को वश में करने वाले पुण्यात्मा योगीन्द्रगण ही इसका दर्शन करते हैं ॥ ५६ ॥

तारस्य सप्तविभवैः परिचीयमानं
मानैरगम्यमनिशं श्रुतिमौलिमृग्यम् ।
संवित्समस्तगमनश्वरमच्युतं तत्
तेजः परं भजत सान्द्रसुधाम्बुराशिम् ॥ ५७ ॥

तारस्येति । अकारोकारमकारबिन्दुनादशक्तिशान्ताख्यैः परिचीयमानं तद्वुच्यमानम् । तदेवाह मानैरगम्यमिति । श्रुतिमौलिरुपनिषत् तन्मृग्यम् । सत्तात्मकमस्ति इति भानात् । संवित् प्रकाशम् । 'सद्धीदं सर्वं सत् सत्' इति 'चिद्धीदं सर्वं प्रकाशते' इति श्रुतेः । समस्तगं व्यापकम् । अनश्वरम् अविश्वंसि । अच्युतमेकरूपत्वात् । वाक्यान्तरोपदेशात् श्लोकत्रयस्थानां पदानां परस्परं न पौनरुक्त्यम् ॥ ५७ ॥

प्रणव के अकार उकार मकार, बिन्दु, नाद, शक्ति एवं शान्त इन सात भेदों से इसका संकेत प्राप्त होता है, यह किसी भी प्रकार के प्रमाण से परे है, निरन्तर उपनिषदों के अभ्यास से यह मृग्य है संवित् (प्रकाश) स्वरूप है, सब में व्याप्त है, अविनाशी हैं और अच्युत है । अत: हे योगिजनों आप इस प्रकार घने अमृत समुद्र स्वरूप, इस परतेज का भजन कीजिए ॥ ५७ ॥

हिरणमयं दीप्तमनेकवर्णं
त्रिमूर्त्तिमूलं निगमादिबीजम् ।
अङ्गुष्ठमात्रं पुरुषं भजन्ते
चैतन्यमात्रं रविमण्डलस्थम् ॥ ५८ ॥

सगुणब्रह्मोपास्तिरपि सगुणब्रह्म (हिरण्यगर्भ) लोकप्राप्तिद्वारा मुक्तेः क्रमात् कारणमिति शास्त्रोक्तेः निर्गुणब्रह्मोपास्तौ असमर्थानां सगुणब्रह्मोपास्तिमाह— हिरणमयमिति । त्रिमूर्त्तिमूलमित्यनेन अस्याऽभ्यसनीयानि नामानि सूचितानि ।

यदाहुः—ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च ॐकारः प्रलयस्तथा । सर्वव्यापी ह्यनन्तश्च तारः सूक्ष्मश्च शुक्लकः ॥ वैद्युतश्च परं ब्रह्म एकश्चाऽप्येकरुद्रकः । ईशानो भगवांश्चैव ततः स्यात्तु महेश्वरः ॥ महादेवः सदापूर्वः शिवः सर्वादयस्त्रयः । रक्षिताव-

गतश्चैव तथा प्रियतमः स्मृतः ॥ नित्यतृप्तश्च सर्वाद्या षोडशान्तः प्रकीर्त्तिताः । आद्यश्चावगमः कान्त प्रदिष्टश्रोतृस्वामिनौ ॥ समर्थो यावकश्चैव क्रियेच्छादीप्त एव च । अवाप्तालिङ्गितौ चैव हिंसको दाहकस्तथा ॥ भाववृद्धौ गुणं बीजं ध्रुवो वेदादिरादियुक् । उमध्यो मपरश्चैव त्रिमात्रो योनिरेव च ॥ देहाश्रयश्च संवादात्मानौ सर्वादिकास्त्रयः ॥ इति ॥ ५८ ॥

अब निर्गुण ब्रह्म स्वरूप की प्राप्ति में असमर्थ लोगों के लिये इसके सगुण स्वरूप का वर्णन करते हैं—यह हिरण्मय है स्वयं प्रकाशित है इसके अनेक वर्ण हैं, यह त्रिमूर्त्ति (ब्रह्मा, विष्णु एवं शिव इन तीन मूर्त्तियों) का मूल कारण है-निगम का बीज है, अङ्गुष्ठ मात्र पुरुष स्वरूप है, सूर्यमण्डल में रहने वाले चैतन्य स्वरूप उस परमात्मा का योगी जन ध्यान करते हैं ॥ ५८ ॥

ध्यायन्ति दुग्धाब्धिभुजङ्गभोगे
शयानमाद्यं कमलासहायम् ।
प्रफुल्लनेत्राम्बुजमञ्जनाभं
चतुर्मुखेनाश्रि(श्रि)तनाभिपद्मम् ॥ ५९ ॥
आम्नायगं द्विवरणं घननीलमुद्य-
च्छ्रीवत्सकौस्तुभगदाम्बुजशङ्खचक्रम् ।
हृत्पुण्डरीकनिलयं जगदेकमूल-
मालोकयन्ति कृतिनः पुरुषं पुराणम् ॥ ६० ॥

क्रममुक्त्यर्थमन्यां साकारोपास्तिमाह—ध्यायन्तीति श्लोकद्वयेन । आम्नाया वेदास्तद्ग्रथितस्त्रष्टं (सुष्ठु ?) वचनं यस्य ॥ ५९-६० ॥

क्षीर समुद्र में शेष शय्या पर सोये हुये, आद्य, कमला से सुसेवित फूले हुये कमलों के समान नेत्र वाले, अञ्जन के समान शरीर की कान्ति से युक्त, एवं नाभिनिर्गत पद्म से ब्रह्म देव को उत्पन्न करने वाले ऐसे परमात्मा का योगी जन ध्यान करते हैं ॥ ५९ ॥

श्रुतियों में व्याप्त, पृथ्वी तथा लक्ष्मी से आवृत, घन के समान नीले, श्रीवत्स, कौस्तुभ, गदा, पद्म, शङ्ख तथा चक्र धारण करने वाले, हृदय रूपी पुण्डरीक में निवास करने वाले तथा संसार के मूलभूत ऐसे पुराण पुरुष का सुकृती लोग दर्शन करते हैं ॥ ६० ॥

बिन्दोर्नादसमुद्भवः समुदिते नादे जगत्कारणं
तारं तत्त्वमुखाम्बुजं परिवृतं वर्णात्मकैर्भूतजैः ।
आम्नायाङ्घ्रिचतुष्टयं(मुखं)पुररिपोरानन्दमूलं वपुः
पायाद् वो मुकुटेन्दुखण्डविगलद्दिव्यामृतौघप्लुतम् ॥ ६१॥

क्रममुक्त्यर्थमन्यसाकारध्यानयोगमाह—बिन्दोरिति । बिन्दुः शिवात्मा ॐकारस्य शिरोरूपः । तत्त्वमुखाम्बुजं चतुर्विंशतितत्त्वमयमुखकमलम् ॥ ६१ ॥

अब अन्य साकार रूप का वर्णन करते हैं—बिन्दुरूप शिवात्मा से नाद उत्पन्न हुआ, पुनः नाद के उत्पन्न होने पर जगत के कारण भूत शिव हुये प्रणव जिसका शिर है: २५ तत्त्व जिनके मुख हैं, जो पञ्चमहाभूत जन्य वर्णों से परिवृत हैं, चारों वेद जिनके अङ्घ्रिचतुष्टय है, जिनका शरीर मुकुट में रहने वाले इन्द्र खण्ड से गिरते हुये अमृत समूह से परिप्लुत है ऐसे सदाशिव का आनन्दमूल भूत शरीर आप योगी लोगों की रक्षा करे ॥ ६१ ॥

पिण्डं भवेत् कुण्डलिनी शिवात्मा
पदं तु हंसः सकलान्तरात्मा ।
रूपं भवेद्बिन्दुरनन्त(मन्द) कान्ति
रतीतरूपं शिवसामरस्यम् ॥ ६२ ॥

सबीजयोगमाह—पिण्डमिति । अकारोकारमकारात्मकत्वात् पिण्डं प्रणवः । कुण्डलिनी तद्रूपा सैव शिवात्मा सकलान्तरात्मा हंसः । तस्याः पदं स्थानम् । अनयोरनन्तकान्तिः बिन्दुरूपम् । परमार्थतस्तु शिवयोः सामरस्यमतीतरूपं नीरूपमेव। यद्वा अतीतेति अतिपूर्वस्येणो लोट्मध्यमपुरुषबहुवचनम् । हे लोकाः यूयं सर्वं जगदतिक्रम्यैवं ध्यानात् शिवसामरस्यरूपमतीत आतियात गच्छतेत्यर्थः ॥ ६२ ॥

अकार, उकार तथा मकार रूप होने से पिण्ड अर्थात् (प्रणव) सकलान्तरात्मा कुण्डलिनी हैं । शिवात्मा, सकलान्तरात्मा शिव उसके स्थान हैं, उन दोनों का मिला हुआ स्वरूप बिन्दु है जो अनन्त कान्ति संपन्न हैं अतः हे योगियों आप लोग शिव शक्त्यात्मक उस बिन्दु रूप को प्राप्त कीजिए ॥ ६२ ॥

पिण्डादियोगं शिवसामरस्यात्
सबीजयोगं प्रवदन्ति सन्तः ।
शिवे लयं नित्यगुणाभियुक्ते
निर्बीजयोगं फलनिर्व्यपेक्षम् ॥ ६३ ॥

अनेन सायुज्यमुक्तिर्भवतीत्याह—पिण्डादीति । सारूप्यमुक्तिमाह—शिव इति ॥६३॥

शिव के सामरस्य से पिण्डादियोग को सन्त लोग सबीज योग कहते हैं । इस प्रकार सगुण शिव में लीन होने से सायुज्य मुक्ति प्राप्त होती है । निर्बीज योग का फल निराकार शिव में लीन होना कहा गया है, जो सब प्रकार के अपेक्षाओं से रहित है ॥ ६३ ॥

कुण्डलिनीध्यानम्

मूलोन्निद्रभुजङ्गराज महिषीं यान्तीं सुषुम्णान्तरं
भित्वाऽऽधारसमूहमाशु विलसत्सौदामिनी सन्निभाम् ।

व्योमाम्भोजगतेन्दु मण्डलगलद्दिव्यामृतौघप्लुतं(घैः पतिं)
सम्भाव्य स्वगृहं गतां पुनरिमां सञ्चिन्तयेत् कुण्डलीम् ॥ ६४ ॥

सम्प्रति आत्मानुभवैकगम्यकुण्डलिनीचिन्तनरूपं राजयोगादिप्रकारमाह मूलेति। मूलात् मूलाधारात् । उन्निद्रा जाग्रद्रूपा । कुण्डल्या सर्पाकारत्वात् भुजङ्गराजमहिषी-व्यपदेशः । सुषुम्णान्तरमाशु यान्तीम् । आधारसमूहं स्वाधिष्ठानमणिपूरकानाहतवि-शुद्धाज्ञारूपम् । व्योमाम्भोजेति । सहस्रदलपतिं शिवम् । स्वगृहं मूलाधारम् ॥ ६४ ॥

मूलाधार से उठी हुई जाग्रत्स्वरूपा जो कुण्डलिनी चमकती हुई बिजली के समान सुषुम्णा के भीतर से जाती हुई समस्त षट्चक्र रूप आधारों का भेदन कर ब्रह्मरन्ध्र में रहने वाले चन्द्रमण्डल से गिरते हुये अमृत समूहों से शिवस्वरूप पति की पूजा कर पुनः अपने स्थान को लौटी आ रही हैं इस प्रकार के कुण्डलिनी का योगी लोग चिन्तन करें ॥ ६४ ॥

हंसं नित्यमनन्तमव्ययगुणं स्वाधारतो निर्गता
शक्तिः कुण्डलिनी समस्तजननी हस्ते गृहीत्वा च तम् ।
याता शम्भुनिकेतनं परसुखं तेनाऽनुभूय स्वयं
यान्ती स्वाश्रयमर्ककोटिरुचिरा ध्येया जगन्मोहिनी ॥ ६५ ॥

तं जीवं जप्यमानं हंसं हस्ते गृहीत्वेति सम्बन्धः । यथा च जीवो जपति तथा हंसमन्त्रप्रस्ताव एव उक्तम् । स्वाश्रयं मूलाधारम् । पूर्वश्लोकाद्धंसं गृहीत्वा यातेति विशेषः ॥ ६५ ॥

समस्त जगज्जननी स्वरूपा जो कुण्डलिनी अपने मूल आधार से निकल कर हंस का जप करते हुये जीव को अपने हाथ में लेकर शम्भुनिकेतन (परब्रह्म शिव जो सहस्रार कमल में स्थित है वहाँ) तक जाती है । पुनः उनके साथ परमानन्द का अनुभव कर स्वाश्रय मूलाधार में प्रविष्ट हो जाती है, ऐसी जगन्मोहिनी, करोड़ों सूर्यो के समान भास्वती भगवती कुण्डलिनी का ध्यान योगिजनों को करना चाहिए ॥ ६५ ॥

अव्यक्तं परबिन्दुमञ्चितरुचिं नीत्वा शिवस्यालयं
शक्तिः कुण्डलिनी गुणत्रयवपुर्विद्युल्लतासन्निभा ।
आनन्दामृतमध्यगं पुरमिदं चन्द्रार्ककोटिप्रभं
संवीक्ष्य स्वपुरं गता भगवती ध्येया न वेद्या गुणैः॥ ६६ ॥

अव्यक्तं परबिन्दुं नीत्वेति । पूर्वतो विशेषः । स्वपुरं मूलाधारम् ॥ ६६ ॥

सुन्दर कान्ति वाले अव्यक्त पर बिन्दु को साथ लेकर त्रिगुणात्मक शरीर वाली बिजली के समान जगमगाती हुई जो कुण्डलिनी शक्ति, शिव के निवासभूत, आनन्दामृत के मध्य में रहने वाले पुर को, जो करोड़ों चन्द्रमा के समान भासित हो रहा है, उसे देखकर पुनः अपने पुर को लौट आती है योगिजन ऐसी भगवती का ध्यान करें जो गुणों से वेद्य नहीं है ॥ ६६ ॥

मध्ये वर्त्म समीरणद्वयमिथः सङ्घट्टसंक्षोभजं
शब्दस्तोममतीत्य तेजसि तडित्कोटिप्रभाभासुरे ।
उद्यन्तीं समुपास्महे नवजवासिन्दूरसन्ध्यारुणां
सान्द्रानन्दसुधामयीं परशिवं प्राप्तां परां देवताम् ॥ ६७ ॥

समीरणद्वयेति । अपानवायुनिरोधात् प्राणवायुनिरोधाच्चोर्ध्वाधोगतयोस्तयोमिथः सङ्घट्ट इत्यर्थः । अत्र प्राणापानसङ्घट्टजशब्दातिक्रमणमेव विशेषः, आरक्तध्यानञ्च । तदुक्तम्—श्वेतध्याने वाग्विलास आरक्ते वश्यता भवेत् । इति ।

अन्यत्रापि— ध्यायेद्वश्याकर्षणे तां जपाभां श्वेतां शान्तौ स्तम्भने पीतवर्णाम् ।
श्यामां मुक्तौ मारणे कृष्णवर्णां धूम्राभासां द्वेषणोच्चाटने च ॥

इत्याद्यानुषङ्गिकं फलमपि ज्ञेयम् ॥ ६७ ॥

जो अपने बीच मार्ग में प्राण एवं अपान वायु के सङ्घर्षण से उत्पन्न शब्द समूहों को लाँघकर करोडों बिजली की कान्ति के समान प्रकाश समूह में उदय हो रही हैं ऐसी नवीन खिले हुये जपाकुसुम के समान (रक्त) वर्ण वाली अथवा सिन्दूर के समान अथवा सन्ध्या के समान वर्ण वाली भगवती कुण्डलिनी की मैं उपासना करता हूँ, जो घने आनन्द रूप सुधा स्वरूपा है और पर शिव को प्राप्त करने वाली पर देवता हैं ॥ ६७ ॥

गमनागमनेषु जा(ला)ङ्घिकी सा
तनुयाद्योगफलानि कुण्डली ।
मुदिता कुलकामधेनुरेषा
भजतां काङ्क्षितकल्पवल्लरी ॥ ६८ ॥

गमनेति । अत्र गमनागमनेषु जाङ्घिकीति विशेषः ॥ ६८ ॥

जो गमन एवं आगमन में अत्यन्त त्वरित गति से चलने के कारण बलवान् जङ्घों वाली हैं ऐसी यह कुण्डलिनी योगिजनों को योग फल प्रदान करें । जो प्रसन्न होने पर कौल मार्ग वालों को कामधेनु के समान फल देती हैं और भजन करने वालों के लिये तो साक्षात् कल्पलता ही हैं ॥ ६८ ॥

आधारस्थितशक्तिबिन्दुनिलयां नीवारशूकोपमां
नित्यानन्दमयीं गलत्परसुधावर्षैः प्रबोधप्रदैः ।
सिक्त्वा षट् सरसीरुहाणि विधिवत् कोदण्डमध्योदितां
ध्यायेद्भास्वर बन्धुजीवरुचिरां संचि(वि)न्मयीं देवताम् ॥६९॥

आधारेति । आधारो मूलाधारचक्रम् । तत्र स्थिता या शक्तिः त्रिकोणं तस्या मध्यस्थानं बिन्दुः तन्निलयाम् । यद्वा आधारस्थिता या शक्तिः त्रिकोणं अथ च तत्रस्थं कामबीजं तदपि शक्तिबीजमेव । तस्य शिरसि यो बिन्दुः तन्निलयामित्यर्थः ।

यदाहुः—तडित्कोटिप्रख्यं स्वरुचिजितकालानलरुचिं

सहस्रादित्यांशुप्रकरसदृशोद्योतकलितम् ।
स्फुरन्तं योन्यन्तः स्फुटदरुणबन्धूककुसुम
प्रभं कामं ध्यायेद्रुचिरशशभृत्कोटिशिरसम् ॥
तस्योर्ध्वेऽग्निशिखा चिरद्युतिलतापुञ्जप्रभाभासुरा
सूक्ष्मा ब्रह्मपथान्तराम्बरगता चैतन्यमात्रा कला ॥ इति ।

कोदण्डमध्यं भ्रूमध्यम् आज्ञाचक्रम् । तत्रोदिता । अत्रायमेव विशेषः ॥ ६९॥

